अतिशीतत्व (वि०) अधिक शीतलता, विशेष शैत्य, प्रचुर सर्दी। (जयो० वृ० १२/२०)

अतिशेषः (पुं०) अवशिष्ट भाग, अवशेष अंश, बचा हुआ हिस्सा।

अतिश्रेय (वि०) अतिकल्याणकारी, विशेष उपकारी।

अतिश्रेयसिः (श्रेयसीमतिक्रान्तः) श्रेष्ठता युक्त पुरुष।

अतिसक्तः (पुं०) [अति+षंज्+क्त] आसक्त, तल्लीन, प्रेम, अतिस्नेह। (जयो० १/८४) स वैनतेयः पुरुषोत्तमोऽतिसक्तो न।

अतिसक्तिः (स्त्री०) भारी आसक्ति, प्रगाढ़ संपर्क।

अतिसंधानं (नपुं०) [अति+स+धा+ल्युट्] छल करना, धोखा देना, चालाकी, जालसाजी।

अतिसङ्कटः (पुं०) अतिक्रम, जनबाहुल्य का संकट। (सातिसङ्कटतया नरराजां) (जयो० ५/१५)

अतिसङ्कटता (वि०) विकट समस्या वाला।

अतिसरः (पुं०) [अति+सृ+अच्] आगे बढ़ने वाला, नेता, नायक।

अतिसरः (पुं०) अतिसार, दस्त। (सुद० ९१) ज्वरिणः पयसि दधिनि अतिसरतो द्रवयोऽपि क्षुधितस्य।

अतिसर्गः [अति+सृञ्+घञ्] स्वीकार करना, अनुमति देना, पृथक् करना।

अतिसर्जनं (नपुं०) [अति+सृज्+ल्युट्] देना, स्वीकार, उदारता, वियोग।

अतिसर्व (वि०) सर्वोत्तम, सर्वश्रेष्ठ।

अतिसारः (पुं०) [अति+सृ+णिच्+अच्] अतिसार रोग, पेचिश, मरोड़ युक्त दस्त। (जयो० २८/३०)

अतिसारिन् (पुं०) अतिसार नामक रोग से पीड़ित।

अतिसुन्दरः (पुं०) अतिमनोज्ञ (जयो० ५।५१) ०सर्वाङ्गः सुन्दर

अतिसुन्दरगात्री (वि०) अतिसुन्दरशरीरा, मनोज्ञ देह वाली (जयो० ५।२५१) अतिसुन्दरं गात्रं शरीरं यस्याः सा।

अतिसुन्दरी (स्त्री०) सुभगा, सुन्दर रूपा, मनोज्ञा। (जयो० ३/५८) सुभगाऽतिसुन्दरी कृता।

अतिस्नेहः (पुं०) अधिक अनुराग, परमप्रीति।

अतिस्पर्शः (पुं०) परम स्पर्श, विशेष स्पर्श।

अतिहितं (नपुं०) अनुरूप, अपने अनुकूल। भाति चातिहितं तेन। (जयो० ३/६७) अतिशयेन हितरूपमुत्तममाभाति। (जयो० वृ० ३/६७)

अतीत् (सक्) [अति+इत्] त्याग करना, छोड़ना, उपेक्षा करना। (जयो० ४।६७, सुद० १/२७) व्रजति वेदमतीत्य पुनर्वचः।

अतीत्य-त्यक्त्वाऽन्यत्व एव क्वचिन्मौनतो व्रजति, शास्त्रमतीत्य समुपेक्ष्यान्यत् एव व्रजति। (जयो० वृ० ४/६७)

अतीत (वि०) [अति+इ+क्त] रहित, मृत, व्यतीत, बीता हुआ, भूतकालिक, प्राचीन। (सुद० २/२, पृ० ७०) बाह्याडम्बरतोऽतीतास्ते। (सुद० पृ० १२७)

अतीतगुणं (नपुं०) अपरिमितगुण। द्विजिह्वातीतगुणोऽप्यहीनः। (सुद० २/२/) * दुर्गुणहीन, सद्गुणयुक्त। (सुद० २/२)

अतीतवती (वि०) विरहित। (जयो० २६/) व्यतीत करती हुई। (वीरो० ५/४२) तासां गर्भक्षणं निजमतीतवती मुदा सा। (वीरो० ५।४२) हर्ष से अपने गर्भकाल को बिता रही थी; हर्षेणातीतवती व्यतीयाय। (वीरो० वृ० ५/४२)

अतीतिः (स्त्री०) आगामी काल। (जयो० २७/६६) ०भविष्यत् काल।

अतीन्द्रिय (वि०) इन्द्रिय द्वारा अगम्य, इन्द्रियों से परे। (जयो० ४/३४, ८४)

अतीन्द्रिय-ज्ञानं (नपुं०) प्रच्छन्न ज्ञान। (वीरो० पृ० ३१६) प्रच्छन्न/गुप्त ज्ञान भी लोगों को होता हुआ देखा जाता है। देखो-प्रास्कायिक/अङ्ग निरीक्षक एक्स रे यन्त्र के द्वारा शरीर के भीतर छिपी हुई वस्तु को देख लेता है और सौगान्धिक मनुष्य पृथ्वी के भीतर छिपे हुए/दबे हुए पदार्थों को जान लेता है, फिर यदि अतीन्द्रज्ञान का धारक

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

यतीश्वर देश, काल और भूमि आदि से प्रच्छन्न सूक्ष्म, अन्तरित और दूरवर्ती पदार्थों को जान लेता है तो इसमें विस्मय की क्या बात है?

अतीव (अव्य०) [अति+इव] अधिक, बहुत, बड़ा। अस्मन्मनसोऽयमतीवानन्ददायी लगति। (दयो० पृ० ५८)

अतुच्छ (वि०) अनल्प, विपुल। (जयो० ८/२६)

अतुच्छरसं (नपुं०) नव रसों की विपुलता। (जयो० १/४)

अतुल (वि०) ०अनुपम, असाधारण, ०अनन्य ०अद्वितीय, ०बेजोड़, अपूर्व। (जयो० ६/१५) सम्भूयभूयादतुलः प्रकाशः। (वीरो० १४/२३) जयो० १२/१२

अतुल-कौतुकवती (वि०) अपूर्व आनन्ददायी, विशेष प्रशंसनीय। (सुद० पृ० ८२) अतुलकौतुकवती वा या वृततिरकलङ्कसद-धीतिः। (सुद० पृ० ८२)

अतुलप्रभा (स्त्री०) अपूर्वकान्ति। अतुला प्रभा कान्तिर्यस्य। (जयो० वृ० ६/१५)

अतुल्य देखो नीचे।

अतुल्या (वि०) ०अनुपम, अद्वितीय, ०अपूर्व, ०विशिष्ट। (जयो० ११/१) न विद्यते तुला यस्याः सा तामनन्य सदृशीम्। (जयो० वृ० ११/१)

अतुषार (वि०) शीतलता रहित।

अतेजस् (वि०) कान्तिहीन, प्रभाविहीन, धुंधला, निरर्थक।

अतोष (वि०) अप्रसन्न, संतुष्टि रहित, गरीयसी स्वस्य गुणेऽप्यतोषः। (समु० १/१८)

अत्ता (स्त्री०) माता, मां। [अत्+तक्+टाप्] सास, बड़ी बहिन।

अत्नः [अतति सततं गच्छति-अत्+न] १. हवा, २. सूर्य।

अत्थु (अव्य) है, अत्थु शब्दः पादपूरणार्थः। (जयो० १९/७६) णमोत्थु आमोसहिपत्ताणं।

अत्य (वि०) व्यतीत करना, बिताना। दिनादि अत्येति तटस्थ। (सुद० १११)

अत्यज् (सक०) अत्याग करना, ग्रहण करना। (जयो० वृ० १/२०) स्वामिनः सङ्गमत्यजन्ती।

अत्यक्त (वि०) अपरित्यक्त, बिना छोड़े। अत्यक्तदारैक-समाश्रयैः कृती। (वीरो० ९/६)

अत्यग्नि (वि०) पाचन शक्ति की अधिकता।

अत्यग्निष्टोमः (पुं०) यज्ञ का भाग, ज्योतिर्भाग।

अत्यंकुश (वि०) निरंकुश, उच्छृंखल।

अत्यन्त (वि०) [अतिक्रान्तः अन्तम्सीमाम्] अत्यधिक बहुत, नितांत, अनंत, बड़ा, तीव्र। (जयो० वृ० १/१५)

अत्यन्तं (अव्य०) अत्यधिक, बहुत, अधिक।

अत्यन्ताभावः (पुं०) एक दार्शनिक कथन, एक द्रव्य का दूसरे द्रव्य रूप नहीं होना। पटस्य वस्त्रस्यार्थी जनो घटं न प्रयाति, न स्वीकरोति ततस्तत्त्वं वस्तु तदनुभानुपाति। (जयो० वृ० २६।८७)

अत्यन्तिक (वि०) [अत्यन्त+ठन्] बहुत अधिक, तीव्रतर, तीव्रतर गामी।

अत्यय (वि०) [अति+इ+अच्] ०जाना, ०बीत जाना, ०व्यतीत होना, ०समाप्ति, ०उपसंहार, ०अतिक्रमण, ०अपराध, ०दोष, दुःख अवसान, ०अनुपस्थिति, ०अन्तर्धान, नाश, ०भय, हानि। (जयो० २/१५४)

अत्ययकर (वि०) हानिकर। प्रत्ययमत्ययकरं विद्धि यदि विद्धि नरं त्वम्। प्रत्ययं विश्वासमत्ययकरं (जयो० २/१५४) हानिकारक।

अत्ययित (वि०) [अत्यग्र+इतच्] बढ़ा हुआ, आगे निकला, उल्लंघन किया गया।

अत्ययिन् (वि०) [अति+इ+णिनि] बढ़ने वाला, आगे निकलने वाला, उड़ाई गई। (जयो० ५/३) वात्ययाऽत्ययिनि तूलकलापे। (जयो० ५/३) वात्या तयाऽत्ययिनि अत्ययभृति वातप्रेरिते। (जयो० वृ० ५/३)

अत्यर्थ (वि०) अत्यधिक, बहुत भारी।

अत्यर्थ (क्रि०वि०) अत्यन्त, अधिक। (सम्य १००)

अत्याचार (वि०) [आचारमतिक्रान्तः] आचार उपेक्षक, व्यभिचार, दुराचार।

अत्याचारः (पुं०) धर्म विहीन आचरण।

अत्यादित्य (वि०) तीव्र तेजस्वी, अधिक कान्तिवाला।

अत्याय (वि०) अतिक्रमण, उल्लंघन।

अत्यारूढः (वि०) अधिक बढ़ा हुआ।

अत्यारूढः (पुं०) अभ्युदय, उच्च।

अत्यारूढं (नपुं०) उच्च, अभ्युदय।

अत्यारूढिः (स्त्री०) उच्चासीन।

अत्याहित (वि०) [अति+आ+धा+क्त] ०अधिक दुःखित, ०व्याकुल, ०अधिक पीड़ित, ०दुर्भाग्य, ०विपत्ति, भय।

अत्युक्तिः (स्त्री०) [अति+वच्+क्तिन्] अतिशयोक्ति, अधिक बढ़ा चढ़ाकर कहना।

अत्युदार (वि०) निर्दोष, अत्यन्त उदार। (जयो० १/१३, सुद० २/१६) तैरत्युदारैः निर्दोषैः। पारोऽतलस्पर्शितयाऽत्युदारः। (सुद० २/१६)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अत्युन्नत (वि०) प्रांशुतर, उत्तम, उच्च। प्रांशुतरमत्युन्नतं। (जयो० वृ० १३/७)

अत्यूहः (पुं०) प्रवल चिन्तन, उत्कृष्ट विचार।

अत्र (अव्य०) [इदम्+त्रल्=प्रकृतेः अशभावश्च] यहां, इस स्थान पर इस विषय में। जातु नात्र हितकारि। (जयो० २/६६) जो शास्त्र यहां लौकिक कार्यों में हितकर न हो। वस्तु पुनरत्र पवित्रमा। (जयो० २/६७)

अत्र (अव्य०) इस जगह, उस स्थान, इसमें। अनीतिममत्यत्र जनः सुनीतिः। (सुद० १/२३)

अत्र (अव्य०) दृष्टान्त या उदाहरण के लिए भी 'अत्र' का प्रयोग है।
समोदनस्यात्र भवादृशस्य। (जयो० ३/७२) तुम जैसे मोद-सम्पन्न महापुरुष के प्रयोग के लिए उपमा देने का अवसर प्राप्त कर लिया।

अत्र (अव्य०) अन्तराल/प्रदेश/भाग में। गङ्गापगासिन्धुनदान्तरत्र पवित्रमेकं प्रतिभाति तत्र। (सुद० १/१४) गङ्गा और सिन्धु नदियों के अन्तराल में अवस्थित हैं।

अत्रंतरे (क्रि०वि०) इसी बीच में।

अत्र च (अव्य०) और यहां पर। सम्पादयत्यत्र च कौतुकं नः। (सुद० २/२१)

अत्रत्य (वि०) [आत्रभव-अत्र+त्यप्] इस स्थान का, यहां उत्पन्न।

अत्रप (वि०) निर्लज्ज, अविनीत, अशिष्ट।

अत्रिः (पुं०) ऋषि।

अथ (अव्य०) [अर्थ्+ड-पृषो० रलोपः] प्रयोजनभूत, इस तरह, इस प्रकार, अब। सुखलताऽयमथ च पुनः। (सुद० पृ० ८४ जयो० १/४)

अथ (अव्य०) शुभसंवादे अथेत्यव्ययं। (जयो० वृ० १/३) प्रकरण पुरा प्राचीनकाले पुराणेषु। (जयो० वृ० १/२) अथाभवत्तद्दिशि सम्मुखीन। (जयो० १/७९) अथ प्रकरणे सम्यगुत्थानं सूत्थानम्। **और अर्थ में**–वाविन्दुरेति खलु शुक्तिषु मौक्तिकत्वं लोहोऽथ। (सुद० ४/३०) बिन्दु सीप के भीतर मोती और पारस पाषाण का योग पाकर लोहा भी सोना बन जाता है। **पश्चात् अर्थ में**–अथ प्रभावे कृतमङ्गला सा। (सुद० २/१२०) **मानो कि के लिए**–मिथोऽथ तत्प्रेमसमिच्छकंषु। (सुद० २/२६)
उक्तिविशेषे–जहावहो मञ्जुदृशोऽथ तावत्। (वीरो० ६/६) नाभि ने मानो अपने गम्भीरपने को छोड़ दिया हो। अथेत्युक्तिविशेषे। (वीरो० वृ० ६/६)
शुभ-सम्भाषणे–अथ भो भव्या भवेन्मुदे। (जयो० २२/१) सर्वर्तुमयामोदथायात्। (जयो० वृ० २२/२)
क्रमार्थे–इतीव पादाग्रमितोऽथ यस्या। (वीरो० ३/२०) अथ शब्दः क्रमेणावयवर्णनार्थमिति। (वीरो० वृ० ३/२०)
शुभसंवाद-करणे–रचितानि पदानि रामयथातदातिथ्य-कृतेऽभिरामया। इस पर में अथेति शुभसंवाद-करणे। तथा (२/९४), प्रकरणारम्भे, (जयो० वृ० १०/६६), (जयो० ११/७) अनन्तरे सुद० (जयो० १०/५८) इत्यादि अथ अव्यय के कई अर्थ हैं। यह प्रश्न पूछने, संवाद करने आदि में भी प्रयुक्त होता है।
'अथाथो च शुभे प्रश्ने सकल्यारम्भ-संशये' इति विश्वलोचनः। (जयो० ८ वर्ग)

अथ किल (अव्य०) इसके अनन्तर निश्चय ही। इसके बाद, निश्चय से। (भक्ति सं० १८)

अथ किम् (अव्य०) और क्या? ठीक ऐसा ही।

अथ च (अव्य०) और भी, फिर भी, तथापि। (सुद० वृ० ८४)

अथर्वन् (पुं०) [अथ+ऋ+वनिप्] उपासक, पुरोहित। प्रचराथर्वण तद्धि कार्मणम्। (जयो० २७/३१)

अथर्वण-काव्यं (नपुं०) ऋग्वेद, वैदिक ग्रन्थ, वेदग्रन्थ। (दयो० २८)

अथर्वणिः (पुं०) अथर्ववेद में निपुण।

अथर्वाणः (पुं०) [अथर्वन्+अच्] अथर्ववेद की पद्धति।

अथर्ववेदः (पुं०) अथर्ववेद, वेद ग्रन्थ। (दयो० २२)

अथवा (अव्य) या, और, अधिकतर, क्यों, कदाचित्। धर्मपात्रम-धमर्षकर्मणे कार्यपात्रमथवाऽत्रशर्मणे। (जयो० २/९४) यहां 'अथवा' शब्द का प्रयोग और अर्थ में हुआ है।
अथवेत्युक्त्यन्तरे-मानो कि–समुप भान्ति लवा अथवागसः। (जयो० १/१२) अथवा/या (जयो० वृ० १/२)
वर्णनान्तरार्थम्-समङ्कितं यद्वरणेऽथवा भीः। (वीरो० २/२९)
पादपूरणार्थे–आम्रं नारङ्गं पनसं वा फलमथवा रम्भायाः। (सुद० पृ० २/२)

अथवा तु (अव्य०) या तो, फिर भी, तो भी। अथवा तु न पक्षपातः शमनस्य जातु। (सुद० पृ० १२१)

अथात्र (अव्य०) ०इसके अनन्तर ०यहां, ०इसके पश्चात् यहां/इस समय में। अथात्र नाम्ना विमलस्यं वाहनं। (सुद० पृ० ११४)

अथात्र (अव्य०) तदनन्तर, इसके पश्चात्। अथात्र विद्या विशदा नियोगिनीः। (जयो० २२४/१)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथान्यदा (अव्य०) कदापि, कदाचित्, तो भी। अथान्यदा स्वैरितया चरन्तौ। (जयो० २३/७१)

अथापकृष् (वि०) अपकर्षण। (सुद० १०२)

अथैकदा (अव्य०) इसी प्रकार, इसी तरह। अथैकदा भूमिरुहोपरिष्टात्। (समु० ३/३७) अथैकदा दान्त हिरण्य सम्मती। (समु० ४/१६) इस पंक्ति में **'अथैकदा'** का अर्थ है-अब कुछ दिन बाद।

अथेति (अव्य०) इसके अनन्तर भी। (जयो० वृ० १/२)

अद् (सक्) खाना, निगलना। (सुद० ११२) गौस्तृणानि समादरणेऽत्ति। (जयो० ४/२१) बिना आदर के गाय भी तृण/घास नहीं खाती है।

अद (वि०) [अद्+क्विप्, अच् वा] खाने वाला, निगलने वाला। (सुद० १२१३)

अद (वि०) भव, सम्पूर्ण संसार (जयो० २/३)

अद्भुत (वि०) अपूर्व, अनुपम, अद्वितीय। (जयो० ३/१६, सुद० ३/९) यौवनेनाद्भुतं तस्याः। (जयो० ३/४३) अद्भुतम भूतपूर्वमेव। (जयो० वृ० ३/४३)

अद्भुतच्छटा (स्त्री०) अपूर्वाछटा, अपूर्व कान्ति, अनुपम प्रभा। (जयो० ३/१६)

अद्भुत-बोधदीपः (पुं०) असाधारण ज्ञानदीप। अद्भुतोऽन्यजनेभ्योऽसाधारणश्चासौ बोधो ज्ञानमेव दीपः, स्व-परप्रकाशकत्वात्,। (जयो० १/८५)

अदंष्ट्र (वि०) दन्तहीन, जिसके दांत निकाल दिए हों ऐसा सर्प।

अदक्षिण (वि०) वाया, दक्षिणा बिना।

अदण्ड्य (वि०) दण्डमुक्त। ०अपराध रहित।

अदत् (वि०) दन्त रहित, दन्तविहीन।

अदत्त (वि०) न दिया हुआ, अनुचित रूप से संग्रहीत, चुराया गया, अपहृत। (सुद० ४/४२)

अदत्तादानं (नपुं०) चोरी, स्तेय।

अदत्तभाग (वि०) चौर्य रहित।

अदन्त (वि०) १. दन्त रहित, २. वह शब्द जिसने अन्त में 'अत्' या 'अ' हो।

अदन्तः (पुं०) जोक।

अदन्त्य (वि०) दांतों के लिए हानिकारक।

अदभ्र (वि०) अनल्प, प्रचुर, पुष्कल, बहुत।

अदम्भ (वि०) विशाल, उन्नत, रमणीय। हीरवीरचिताः स्तम्भा अदम्भास्तत्र मण्डपे। (जयो० १०/८८) अदम्भा विशालाः स्तम्भास्ते। (जयो० वृ० १०/८८)

अदम्य (वि०) पर पराभवरहित। (वीरो० २/१०)

अदय (वि०) दयाहीन। (जयो० १८/३७)

अदर्शन (नपुं०) अनावलोकन, अनुपस्थित, अदृष्ट, लुप्त, लोप अभाव।

अदर्शिन् (वि०) अदृष्ट, लोप युक्त, अदर्शनता अभावता, लोपता। (सुद० ९८) दस्याऽदर्शि सुदर्शनो मुनिरिवं (सुद० पृ० ९८)

अद० (अव्य०) उधर, निम्नलिखित। (सुद० ९४) गदितं च वचोऽदः। (जयो० ४/५०) अदो निम्नलिखितं वचः। (जयो० वृ० ४/५०)

अदस् (सर्व०) [पु० स्त्री-असौ] (जयो० १/१४) नपुं०-अदः यह, असौ कुमुद-बन्धुश्चेद्हितैषी। (जयो० ३/५१०) काशिका ययुरमी धिषणाभिः (जयो० ४/१६) 'अमी' शब्द प्रथमा बहुवचन। दरिणो हरिणा बलादमी। (जयो० १३/४७) अस्याः क आस्तां प्रिय एवमर्थः। (सुद० २२)

अदातृ (वि०) कृपण, नहीं देने वाला।

अदादि (वि०) 'अद्' से आरम्भ होने वाली धातु, दूसरे गण की धातुओं का समूह

अदाय (वि०) [नास्ति दायो यस्य] अदान, अप्रदाता, हिस्से से विमुख।

अदायाद (वि०) उत्तराधिकारी से विमुक्त।

अदायिक (वि०) उत्तराधिकारी न हों।

अदितिः (स्त्री०) [दातुं छेत्तुं अयोग्या दो+क्तिन्] पृथिवी, भूमि, भू। कालः किलायं सुरभीतिनामाऽदितिः समन्तान्मधुविद्धधामा। (वीरो० ६/१२)

अदिग्ध (वि०) देवमय (जयो० १४/६८)

अदीन (वि०) दैन्य रहित। (जयो० १७/२१), उत्तम, श्रेष्ठ (जयो० ४/१०)

अदुर्ग (वि०) जो दुर्गम न हो, सुगम, पहुंचने में सरल।

दुष्ट (वि०) पुण्यवान्। (जयो० ३/२६)

अदून (वि०) अहीन, ०पूर्ण, ०कम नहीं, निर्दोष, ०कुलीन। (जयो० १/८१) व्रताश्रितिं वागतवान दूनाम्। (जयो० १/८१)

अदूना (स्त्री०) न्यूना, अहीना, पूर्णा। (जयो० ५/७३)

अदूर (वि०) समीप, निकट, पास। (जयो० १९/१५)

अदूरवर्तिम् (वि०) निकटवर्ती, समीपस्थ, सन्निकटस्थ। (जयो० ५/७३)

अदृश् (वि०) [नास्ति दृग् अक्षि यस्य) दृष्टिहीन, अन्धा।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अदृष्ट (वि०) [नञ्+दृश्+क्त] अदर्शनीय, अनदेखा, अनवलोकित। (सुद० २/२१) वार्ताऽप्यदृष्टश्रुतपूर्विका। (सुद० २/२१) बात भी अदृष्ट है।

अदृष्ट-पार (वि०) अपार से पार, अगाध से उस पार। (सुद० १/२) हेतुरदृष्टपारे कविताभरे तु। (सुद० १/२)

अदृष्टफलं (नपुं०) शुभाशुभ कर्म वाला फल।

अदृष्टिः (स्त्री०) कुदृष्टि, मिथ्यादृष्टि, द्वेषपूर्ण दृष्टि।

अदृश्य (वि०) देव कर्म की अदृश्य विधि दृष्टुमयोग्या। (वीरो० ३/१७) (सम्य० २४) देखने में असमर्थ।

अदृश्यरूपं (नपुं०) अदर्शन स्वरूप। (जयो० ३/८८)

अदेय (वि०) जो दिया न जाए, अप्रदत्त।

अदेव (वि०) देवविहीन, अपवित्र।

अदेशः (पुं०) कुदेश, खोटा स्थान

अदेशस्थ (वि०) अनुपयुक्त स्थान, अनुचित स्थान।

अदैव (वि०) भाग्यहीन, अभागा।

अदोष (वि०) दोषमुक्त, निर्दोष। (वीरो० २८/३५) काव्य साहित्य में प्रयुक्त अदोषविधि।

अदोषभावः (पुं०) निर्दोषभाव (वीरो० २२/३५)

अद्धः (पुं०) मार्ग। (सुद० ३/४०)

अद्धा (अव्य०) सचमुच, वास्तव, अवश्य, बिलकुल, निःसन्देह।

अद्य (वि०) [अद्+यत्] खाने योग्य, भोज्य।

अद्य (अव्य०) आज, अभी, इस दिन, अब।

अद्यकालः (पुं०) सुद० १३४, जयो० २७/५६ सम्प्रत्यय (जयो० १२२११८) आज।

अद्यतन (वि०) [अद्य+ष्ट्यु, तुट् च] वर्तमान काल, प्रत्युपन्न, इस समय, आज से सम्बन्धित।

अद्यतनीय (वि०) आज का, आधुनिक।

अद्यवा (अव्य०) आज ही। (सुद० ३/३७)

अद्याध (अव्य०) आज, इस प्रकार। (वीरो० ६/४३)

अद्यावधि (अव्य०) इस समय, इस काल। (भक्ति सं० १, जयो० वृ० २३/८, आज तक (वीरो० १८/५५)

अद्यापि (अव्य०) आज भी। (जय०वृ० १/८९)

अद्रव्यं (नपुं०) द्रव्य हीन, तुच्छ वस्तु, निर्धन, अकर्मण्य।

अद्रिः (पुं०) [अद्+क्रिन्] पर्वत, गिरि। (सुद० १२१)

अद्रिः (पुं०) वृक्ष विशेष। (वीर जयो० १४/४५)

अद्रिः (पुं०) सूर्य, रवि। (जयो० १४/४६)

अद्रिईशः (पुं०) पर्वतराज।

अद्रिनाथः (पुं०) गिरिपति, शिव, ऋषभ।

अद्रिमतिः (पुं०) शिव, ऋषभ।

अद्रिराजक (पुं०) सम्मेदाचल, (जयो० १४/४६) अद्रिः शैले द्रुमे सूर्ये इति विश्वलोचन। उपमधुवनमद्रि राजकं च। (जयो० १४/४६) अद्रिभिर्नानावृक्षराजकं शोभितम्। अद्रिराजकं सम्मेदाचलमाराधयन्न। (जयो० वृ० १४/४६)

अद्रि-शासिना (वि०) पर्वत शासित। (वीरो० ७/२)

अद्रि संगुप्त (वि०) पर्वताक्षिदित, गिरि संरक्षित। पर्वतों से घिरा हुआ। (सुद० ७७) दुर्गम उच्च स्तनों से संरक्षणीय।

अद्रिसुता (स्त्री०) पार्वती, गौरी।

अद्रिसानुः (स्त्री०) पर्वत कूट।

अद्रिसारः (पुं०) पर्वतसार, गिरि सत्त्व।

अद्रोहः (पुं०) मृदुता, सरलता।

अद्वय (वि०) [नास्ति द्वयं यस्य] अद्वितीय, ०अनुपम, ०परम, ०उत्कृष्ट, ०एकमात्र।

अद्वितीय (वि०) अपूर्व, ०अनुपम, ०एकमात्र, ०असाधारण, ०अनन्य। (वीरो० २/१६, जयो० १/१०, भक्ति सं० १, जयो० ११/४

अद्वैत (वि०) द्वैत हीन, एक स्वरूप, ०एक स्वभाव, ०समभाव, ०अपरिवर्तनशील। ०अनन्य सदृशी वाग्वाणी। (जयो० वृ० ११/५५) ०एकमात्र, ०अनुपम, ०अनन्य। (जयो० ११/५५)

अद्वैतः (पुं०) अद्वैतवाद। (जयो० ११/५५)

अद्वैतवाक् (नपुं०) अद्वैतवाद। अद्वैतस्येकं ब्रह्मः द्वितीयो नास्तीत्यादि इत्यादिसम्प्रदायस्य वाग्यस्य। (जयो० वृ० ११/५५)

अद्वैतवादः (पुं०) एक ब्रह्मवाद सिद्धान्त। नान्यद् इति वादोऽद्वैतवादः। (जयो० वृ० २७/८६)

अद्वैतसम्वादः (पुं०) एकाकिन प्रसङ्ग, एकान्त का प्रसङ्ग। (जयो० १६/२२) अद्वैतस्येकाकिनः सम्वादं प्रसङ्गमुपेत्य। (जयो० वृ० १६/२२)

अधस् (अव्य०) [अधर+असि, अधरशब्दस्य स्थाने अधादेशः] नीचे, निम्न भाग पर, निम्न प्रदेश में। अधः स्थितायाः कमलेक्षणायाः। (जयो० १३/८६)

अधः देखो ऊपर।

अधकरं (नपुं०) हाथ का निचला भाग।

अधःस्थ (वि०) नीचे की ओर (जयो० १४/३३)

अधम (वि०) [अब+अम्-वस्य स्थानेधादेश) निम्नतम, जघन्यतम।

अधरः (पुं०) ओष्ठ, ओंठ (सुद० १/३०, जयो० १/७२) होंठ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अधर (विपुं०) नीच प्रकृति, निम्नभाव। नीचप्रकृतिरपि। (जयो० वृ० १/७२)

अधर (वि०) ऊपर, ऊपर की ओर। अधरमिन्द्रपुरं विवरं। (सुद० १/३७) इन्द्र का नगर स्वर्ग तो अधर है।

अधर (वि०) बीचों बीच, मध्य में। स्वतोऽधरं पूर्णमिदं सुयोगैः। (सुद० १/३०)

अधरदलं (नपुं०) रदच्छद, (जयो० २/१५५)

अधरशोणि (वि०) ०दन्तच्छदलोहित, ०अधरोष्ठ की लालिमा, ०राग युक्त ओष्ठ। (जयो० १८/१०२) दन्तावलीमधर-शोणिमसंभृदङ्काम्। अधरोष्ठ की लालिमा से चिह्नित दन्तपंक्ति।

अधरबिम्बं (नपुं०) ओष्ठमंडल। (जयो० ३/५२) अधरभाग। बहुस्य वृत्तितावाऽधरबिम्बस्य दृश्ताम्। साध्व्या यतोऽधरं बिम्बनामकं च फलं परम्।।

अधरलता (स्त्री०) ओष्ठतति, ओष्ठपंक्ति। (जयो० ३/६०)

अधरीकृ (अक०) [अधर+च्वि+कृ] आगे बढ़ जाना, पराजित करना। (जयो० २२/६७)

अधरीकृत (वि०) अधरौष्ठ परिणत, निरादर भाव। (जयो० २२/६७)

अधरीण (वि०) [अधर+ख] तिरस्कृत, निंदित।

अधरेद्यु (अव्य०) [अधर+एद्युस्] पहले दिन, परसों।

अधरोष्ठः (पुं०) दन्तवास, दन्तच्छद।

अधर्मः (पुं०) ०तामसभाव, ०बुरा, ०अन्याय, ०धृष्टता। (सुद० ४/१२)

अधर्मः (पुं०) अधर्मद्रव्य, षट्द्रव्यों में चतुर्थ द्रव्य। यह जीव और पुद्‌गलों के ठहरने में सहायक निमित्त कारण है। यह एक है, और असंख्यात प्रदेशी तथा सम्पूर्ण लोकाकाश में फैला है (सम्य० १९) (वीरो० १९/३६७) (सम०२२)

अधर्मद्रव्यम् (नपुं०) अधर्मद्रव्य (वीरो० १९/३७)

अधस्तन (वि०) [अधस्+ट्युः, तुट् च] निचला, निम्नकर्म, नीचकार्य। (जयो० २४/४७)

अधस्तन कृष्टिः (स्त्री०) निम्नकर्म।

अधस्तनद्रव्यं (नपुं०) निम्न द्रव्य।

अधस्तनद्वीपः (पुं०) अधो द्वीप।

अधार (वि०) आधार भूत।

अधारिन् (वि०) धारण नहीं करने योग्य। (सुद० २/३)

अधि (वि०) [आ+धा+कि] ऊर्ध्व, ऊपर।

अधि (अव्य०) मुख्य, प्रधान, प्रमुख।

अधि+उष् (अक०) बैठना, स्थित होना। अध्युषित नृपतिमलिना-नानानुलिङ्गः। (जयो० ६/१००) अध्युषिता उपविष्टा। (जयो० वृ० ६/१००)

अधि+एत् (सक०) पाना, प्राप्त करना। शाश्वत राज्यमध्येतुं प्रयते पूर्णरूपतः। (वीरो० ८/४५)

अधिक (वि०) [अधि+क] ०बहुत, ०अतिरिक्त, ०बृहत्तर, ०अधिक से अधिक। (सम्य० १००/६६)

अधिक (वि०) हेतूदाहरणाधिकमधिकम्। हेतु और उदाहरण के अधिक होने से अधिक नामक निग्रहस्थान है।

अधिकर्तृ (वि०) अधिकारिणी। (जयो० ३/७३)

अधिकरणं (नपुं०) [अधि+कृ+ल्युट्] ०सम्बंध, ०उल्लेख, ०अन्वय, ०कारक चिह्न। तस्याधिकरणमधिकारस्तम्मात्। (जयो० वृ० १/४)

अधिकरणं (नपुं०) दार्शनिकशैली, जिस धर्मी में जो धर्म रहता है, उस धर्मी को उस धर्म का अधिकरण कहते हैं। 'घटत्व' धर्म का अधिकरण 'घट' है। यह अधिकरण, जीवाजीव रूप होता है। जीवाधिकरण समरम्भ, समारम्भ और आरम्भ रूप है, यह कृत, कारित और अनुमत रूप भी है। अजीवाधिकरण निर्वर्त्तना, निक्षेप, संयोग और विसर्ग रूप है। (सम्य० १५)

अधिकरणिकः (पुं०) [अधिकरण+ठन्] न्यायधीश, दण्डाधिकारी।

अधिकर्मन् (नपुं०) उच्चकार्य।

अधिकर्मिकः (पुं०) [अधि+कर्मन्+ठ] अध्यवेक्षक, कर अधीक्षक।

अधिका (वि०) सुशोभित शोभनीया, (जयो० २०/४७) सा रसाधिका प्रभूतजलवती किं वा सारपक्षिभिरधिका शोभनीया। (जयो० वृ० २०/४७)

अधिकाधिक (वि०) उत्तरोत्तर, अधिक से अधिक, बृहत्तर। क्षणसादधिकाधिकं जजृम्भे। (जयो० १२/६९)

अधिकाम (वि०) [अधिकः कामो यस्य] अधिक अभिलाषी, कामातुर, कर्त्तव्येच्छुक।

अधिकारः (पुं०) [अधिक+कृ+घञ्] अनुग्रह, अधीक्षण, निरीक्षक, नियो० ७ (जयो० १/४) तस्याधिकरण-मधिकारस्तस्मात् कृत्वा, आरात् समी पादेव कथं न पुनातु पवित्रयत्वेव। (जयो० वृ० १/४) नवरसों के विपुल अनुग्रह द्वारा शीघ्र ही क्यों न पवित्र करेगी अर्थात् अवश्य करेगी। ''नियोगादधिकारादेव भुवः पृथिव्याः स्त्रियाः करं शुक्लं जग्राह। (जयो० १/२१) यत्नः कर्त्तव्योऽत्यधिकारे। (सुद० ७/४)

अधिकारः (पुं०) प्रभुसत्ता, शासन। अस्या धराया भवतोऽधिकारः (वीरो० १७/१) स्वामित्व, प्रकरण, अनुच्छेद, अनुभाग।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अधिकारक: (पुं०) स्वामी, नायक, पालक। (जयो० १०/५६) गुणकृष्ट इवाधिकारक:। (जयो० १०/५६)

अधिकारिन् (वि०) [अधिकार+णिनि] शक्ति सम्पन्न, सत्ता युक्त, स्वामित्व संयुक्त।

अधिकारिणी (स्त्री०) मालकिन्, स्वामिनी। 'मञ्जुवृत्त विभवाधिकारिणी' (जयो० ३/११) मञ्जुवृत्तस्य मनोहराचरणस्वरूपस्य आख्यानादेर्विभवस्याधिकारिणी। (जयो० वृ० ३/११) **कामिनी**-मञ्जुलस्य सुन्दरस्य मनमोहकस्य वृत्तस्याचरणस्य यो विभवस्तस्याधिकारिणी। (जयो० वृ० ३/११) **कविता**–मञ्जुनां निर्दोषाणां वृत्तानां छन्दसां विभवस्य आनन्दस्य अधिकारिणी भवत्येव। (जयो० वृ० ३/११)

अधिकारिणी (वि०) गणनाकर्त्री, गणिनी। (जयो० वृ० २२/७०)

अधिकारिणी (वि०) अधिकारी। (सुद० २१/३२)
शाटीव समभूदेषा गुणानामधिकारिणी।
सदारम्भादनारम्भादघादप्यतिवर्तिनी।।

अधिकारित्व (वि०) अधिकार वाली। (हित०सं० १४)

अधिकर्तृत्व (वि०) अधिकारी (वीरो० १८/४९) अधिकार्य की अधिकारी (वीरो० १७/४)

अधि+कृ (सक्) भरना, ग्रहण करना। कञ्चन-कलशे निर्मलजलमधिकृत्य। (सुद० वृ० ७१) निर्मल जल को स्वर्ण घट में भरकर लाऊ। अधिकुर्वते-धारण करना। (जयो० २४/४६)

अधिकृत (वि०) [अधि+कृ+क्त] अधिकार प्राप्त, नियुक्त। अधिकृत्ये ति अधियोगे सप्तमी। (जयो० वृ० ९/५२)

अधिकृत: (पुं०) राजपुरुष, पदाधिकारी।

अधिकृति: (स्त्री०) [अधि+कृ+क्तिन्] स्वामित्व, प्राधिकार।

अधिकृत्य (अव्य०) [अधि+कृ+ल्यप्] उल्लेख करके।

अधिक्रम: (पुं०) [अधि+क्रम्+घञ्] आक्रमण, धावा, हमला।

अतिक्रमणं (नपुं०) आक्रमण, हमला।

अधिक्षेप: (पुं०) [अधि+क्षिप्+घञ्] ०अपमान, ०गाली, ०अनादर, ०दोषारोपण। ०आधात, ०प्रहार।

अधिगत (वि०) [अधि+गम्+क्त] ०प्राप्त, ०अर्जित, ०उपार्जित, ०संगृहीत। अधिगतस्तदलङ्करणे। (समु० ७/११)

अधिगत (वि०) अधीत, सीखा गया।

अधि+गम् (सक०) [अधि+गम्] पहुंचना, आना, जाना, प्राप्त करना। (अधिगच्छते, अधिगच्छति, अधिगन्तुम्) (जयो० १/५५) चन्द्रोऽधिगन्तुं मुहुरेव भाष्यम् (जयो० १/५५) चन्द्रमा बार-बार पहुंचने के लिए तत्पर रहता था। अधिगच्छेत्तदा तदास्य तुल्यता। (जयो० वृ० १/५५) तन्निर्जरत्वमधिगन्तुमपीत: (जयो० ४/५२) निर्जरपन प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील है। अधिगन्तुं स्वीकर्तुमपि। (जयो० वृ० ४/५८) 'जयोदय' के चौथे सर्ग के ५८वें श्लोक में 'अधिगम्' का अर्थ स्वीकार करना भी है। 'परिकृत: परितोऽत्यधिगच्छति' (जयो० ९/३१) इसमें 'अधिगम्' का अर्थ चलना है। अन्धा दूसरे के हाथ पकड़ लेने पर चलता है। क्षणादेव: विपत्ति: स्यात्सम्पत्तिमधिगच्छत:। (वीरो० १०/२)।

अधिगम (पुं०) ०पदार्थ ज्ञान, ०प्रमाण या नय का भेद। अधिगमोऽर्थावबोध: (स०सि०१/३) अर्थवबोध।

अधिगम: [अधि+गम+घञ्-ल्युट् च] ०अर्जन, प्रापण, ०अध्ययन, ०प्राप्ति। ०स्वीकृति (सम्य० ८३) (वीरो० १६/२७)

अधिगमज (वि०) सम्यग्दर्शन का गुण।

अधिगुण (वि०) [अधिका गुणा यस्य] योग्य, गुणी, श्रेष्ठ गुण वाला।

अधिचरणं (नपुं०) [अधि+चर्+ल्युट्] प्रतिगमन, विचरण।

अधिजननं (नपुं०) [अधि+जन्+ल्युट्] जन्म, उत्पत्ति।

अधिजिह्व: (पुं०) सर्प।

अधिजिह्वा (स्त्री०) जिह्वा रोग।

अधिज्य (वि०) [अध्यारूढा ज्या यत्र, अधिगतं ज्या वा। धनुष पर खींचे, डोरी ताने।

अधित्यक्त (वि०) [अधि+त्यकन्] समतल भूमि।

अधिदन्त: (पुं०) [अध्यारूढो दन्त:] दान्त के ऊपर दांत।

अधिदेव: (पुं०) इष्ट देव, प्रधान देव।

अधिदेवता (पुं०) विद्या देवता, वाणी देव। पुनरवददेव तां साधिदेवता। (जयो० ६/७२)

अधिदेवता (स्त्री०) अधिष्ठात्री देवी। हिंसातीत्यधिदेवताभिरुचये

अधिदेवं श्रीमान् प्रशस्तोदय:। (मुनि० पृ० २)

अधिदैवतं (नपुं०) इष्टदेव। (जयो० २/३५) भूमिकासु जिननाम सूच्चरंस्तत्तदिष्टमधिदैवतं स्मरन्। गृहस्थ किसी भी कार्य के प्रारम्भ में जिनदेव का नाम लेकर अपने इष्टदेव का स्मरण करे। इष्टदैवतं स्वेष्टदेवताम्। (जयो० वृ० २/३५)

अधि+ध्या (सक०) ध्यान करना, चिंतन करना।

अधिधान्यं (नपुं०) विशेष धन धान्य। वीक्ष्य लोकमधिधन-धान्यधनेशमाप। (जयो० ४/६९)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अधिनाथः (पुं०) स्वामी, परमेश्वर। (जयो० ८/७)

अधिपः (पुं०) [अधि+पा+क] अधिपति (सम्य० १००) ०नरपति, राजा, ०स्वामी, ०नायक, ०शासक, ०प्रभु ०प्रधान, ०सम्राट्। अधिपस्य बभौ तनूदरी। (सुद० ३/३)

अधिपतिः (पुं०) [अधि+पा+इति] ०नरपति, राजा, प्रभु, शासक, ०नायक, ०प्रधान ०स्वामी। यथाऽधिपतिरेष विशां स्वदृशा तथा। (सुद० २/४९) फुल्लल्यलङ्काधिपतिं। (जयो० १/८१)

अधिपत्नी (स्त्री०) शासिका, स्वामिनी।

अधिपायमानः (वि०) अधिपति बनाते हुए। द्वीपेषु सर्वेष्वधिपायमानः। (सुद० १/११)

अधिपा (वि०) नीतिविद्। (जयो० १५/७८)

अधिपुः (पुं०) स्वामी, प्रभु, परमेश्वर।

अधिपोदः (पुं०) सूर्योदय (जयो० १९/१)

अधिभूः (वि०) स्वामी, प्रभु, परमेश्वर, नाथ।

अभिभुव (वि०) बढ़ाने वाला। (सुद० ३/१४) वृद्धि को प्राप्त हुए (वीरो० १८/४५)

अधिभित्तिः (वि०) विभक्ति का आश्रय।

अधिमात्र (वि०) [अधिका मात्रा यस्य] अपरिमित, अत्यधिक।

अधिमासः (पुं०) अधिकमास, मलमास, लौंद का महिना।

अधियज्ञः (पुं०) प्रधान यज्ञ।

अधियोगः (पुं०) ध्यान विशेष ध्यानधिकृत्यम् (जयो० २७/३)

अधिरथ (वि०) [अध्यारूढो रथं] रथारूढ सारथि, सूत।

अधिराजः (पुं०) (अधि+राज्+क्विप्) परमशासक, सम्राट्। हस्तिपुराधिराजः। (जयो० १/५)

अधिराज्यं (नपुं०) [अधिकृतं राज्यम्] साम्राज्य, सर्वोच्च शासन।

अधिरूढ (वि०) अधि+रूह्+ल्युट्। चढ़ना, सवार होना, बिठाना।

अधिरूह् (सक०) बिठाना, स्थापित करना, आरूढ करना। (जयो० १३/७) सुरथ स्वयमध्यरू रुहन्निति स प्रांशुतरं सुखाशयः। (जयो० १८/७) अध्यरूरुहत्। (जयो० वृ० १३/७)

अधिरोहणं (नपुं०) [अधि+रूह्+ल्युट्] चढ़ना, सवार होना।

अधिरोहिन् (वि०) [अधि+रूह्+णिनि] सवार होने वाला, आरूढ़ होने वाला।

अधिलोकम् (नपुं०) विश्व से सम्बंध रखने वाला।

अधिवचनं (नपुं०) [अधि+वच्+ल्युट्] पक्षसमर्थन, उपनाम, अभिधान।

अधिवासः (पुं०) ०वासस्थान, निवास, ०संस्कार विशेष, ०आवास। (जयो० ८/७)

अधिवासनम् (नपुं) [अधि+वस्+णिच्+ल्युट्] सुगंध रखना, सुरभि रखना।

अधिवेशः (पुं०) अधिवेशन, समारोह। भो सुभद्र! भवतामधिवेशः। (जयो० ४/३६) अधिवेशोऽधिवेशनम्। (जयो० वृ० ४/३६)

अधिश्रयः (पुं०) [अधि+श्रि+अच्] आधार, आश्रय।

अधिश्रयणं (नपुं०) [अधि+श्रि+ल्युट्] गरम, उबालना।

अधिश्रित (वि०) तत्पर, उद्यत, आश्रित। सम्यक्त्वसूर्योदय-भूभृतेऽहमधिश्रितोऽस्मि। (सम्यक्त्वसार श० पृ० १)

अधिश्री (वि०) [अधिका श्रीर्यस्य] उच्च प्रतिष्ठा, उन्नत लक्ष्मी।

अधिष्ठ-शरीरम् (नपुं०) मृदुलशरीर, सुकुमार देह। (वीरो० २१/२०)

अधिष्ठानं (नपुं०) [अधि+स्था+ल्युट्] ०परिनिर्वाण, ०निवास स्थान, ०आवास, ०आसन, ०नगर, ०पद, उपनिवेश। तमप्यधिष्ठानमहीध्रं। (जयो० २४/३१) श्री नाभेयस्याधिष्ठान् महीधरं परिनिर्वाणस्थलं। भगवान वृषभदेव का निर्वाणस्थान। (जयो० वृ२०२४/३१)

अधिष्ठात्रीदेवी (स्त्री०) ०इष्टदेवी। (मुनि०वृ० २) कुलदेदेवी, ०अधिदेवता।

अधिष्ठित (वि०) [अधि+स्था+क्त] ०स्थित, विद्यमान, ०अधिकृत, ०निदेशन, ०परिरक्षित, ०सुरक्षित, ०अधीक्षित। (सम्य ९३) परमार्थमधिष्ठितः (हित०सं० पृ० ५)

अधि+स्था (अक०) बैठना, रहना, स्थित होना (वीरो० २२/५) शिक्षा प्रदातुमधितिष्ठति सर्वकृत्वः (वीरो० २२/५)

अधीट् (पुं०) स्वामी, नायक, प्रभु। (जयो० ७)

अधीत (वि०) योग्य, पढ़ा लिखा। (सुद० १३५) स्तुताञ्जन-तयाऽधीतः। (सुद० १३५)

अधीतारे–पढ़ी (अधीत) विशेष रूप से पढ़ी गई। 'प्रभवति कथा परेण पथा रे युवते रते मयाऽधीतारे।। (सुद० पृ० ८८)

अधीतिन् (वि०) [अधीत+इनि] अध्ययन की गई, पढ़ी गई, रची गई। उपसकानामधीतिश्च। (जयो० २/४५) उपासकाध्ययन का अध्ययन करें। अधीतिबोधाऽऽचरण-प्रचारैश्चतुर्दशत्वम्। ०विद्या विशद रूप अधीति/ ०अध्ययन, बोध/ज्ञान, ०आचरण और प्रचार के द्वारा चतुर्दशत्व को प्राप्त हुई।

अधीतिः (स्त्री०) ०अध्ययन, अनुशीलन। ०स्मरण, ०प्रत्यास्मरण,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०अनुचिंतन, ०आगम। (जयो० २३/४७, सुद० ८२, सम्य० ११७/७४)

अधीन (वि०) [अधिगतम् इनम् प्रभुम्] आश्रित, निर्भर। (समु० ९/७) अनेकान्तमताधीनोऽप्येकान्तम्।

अधीनस्थ (वि०) आश्रित रहने वाला। (वीरो० १७/१६) निराकुलभावेनाधीतिः समध्ययनम्। (जयो० वृ० २३/४७)

अधीयानः (व०कृ०) [अधि+इ+शानच्] ०विद्यार्थी, ०पाठक, ०अध्ययनशील। ग्रन्थ पुनरधीयानो। (समु० ९/७)

अधीयानः (व०कृ०) आश्रित, आधीन। भाग्यतमस्तमधीयानो विषयानुयाति यः। (सुद० वृ० ८२)

अधीर (वि०) ०उत्तेजित, ०उद् विग्न, ०व्याकुल, ०अस्थिर, ०धैर्यहीन, ०चपल, ०निराश, धीरतारहित। (जयो० ८/५१) सम्भोगमन्तः स्मृतवानधीरः। (जयो० ८/५१) अधीरो धीरतारहितोऽपरः। (जयो० वृ० ८/५१)

अधीरता (वि०) चञ्चलता, चपलता। विषयोपभोग-सङ्कर्षे अधीरतया चञ्चलतया। (जयो० वृ० ७/११४)

अधीर-दृष्टिः (स्त्री०) चञ्चल दृष्टि, चपल दृष्टि। (जयो० ५/८५) अधीरा चञ्चला दृष्टिर्यस्यास्तस्याम्। (जयो० वृ० ५/८५)

अधीरा (स्त्री०) ०चञ्चला, चपला, सनकी, ०कलहप्रिया। (जयो० वृ० ५/८५)

अधीशः (पुं०) ०नरनाथ, नरपति, ०अधिपति, ०राजा, ०स्वामी। तदधीशाज्ञयाऽऽयातः। (जयो० ३/३१) अधीशस्य नरनाथ-स्याज्ञया शासनेन अहमायातोऽस्मि। (जयो० वृ० ३/३१) अधीशः स्वामी। (जयो० वृ० ४/५१)

अधीश्वरः (पुं०) ०स्वामी, नरनाथ, ०अधिपति, ०प्रभु, राजा। श्रीधरोऽधीश्वरो यस्याः। (जयो० ३/३०) समु० ३/१८ (जयो० १२/२४) अधीश्वरः स्वामी (जयो० वृ० ३/३०) सम्बभूव च सुलक्षणिकाऽस्याधीश्वरस्य शुचिरधिमभृदास्या। (समु० ३/१८)

अधीष्ट (वि०) [अधि+इष्+क्त] प्रार्थित, सत्कारित, सम्मानित।

अभीष्टः (पुं०) कर्त्तव्य, पद। ०इच्छित।, ०उचित।

अधुना (अव्य०) अब, इस समय, साम्प्रतम्। यौवनेनाधुनाऽञ्चिता। (जयो० ३/५९, सम्य० १४८/९७) अधुना पुनर्यौवनेने अञ्चिता। (जयो० वृ० ३/५९) अधुना साम्प्रतमानन्दवारिधिः। (जयो० वृ० १/१०२) भक्तोऽधुना समगच्छतोंपसम्मति। (जयो० २/१५८) यहां 'अधुना' का अर्थ पश्चात्, फिर भी है। ०पश्चात् आज्ञा पाकर घर लौट गया। अधुना कुतः (सुद० ७९) अब कहां। ममाधुना निर्वृतिरेव योग्या। (सुद० पं०१११)

अधुना तु (अव्य०) इस समय तो। (सुद० ३/४०) क्षिप्ताऽसि विक्षिप्त इवाधुना तु। (सुद० ३/४०)

अधुनात्र (अव्य०) [अधुना+अत्र] अब यहां, इस समय यहां। (जयो० ४/६१) तापमधुनात्र दिनेशः। (जयो० ४/६१)

अधुनातन (वि०) [अधुना+ट्युल्] आधुनिक, वर्तमान काल से सम्बंधित।

अधोगत (वि०) विकृष्ट, निम्नगत। (सुद० १/३०) ०नीचे की ओर

अधोगतिः (पुं०) निम्नगति (वीरो० १६/१४)

अधोविधानम् (नपुं०) निम्न गति (वीरो० १६/१४)

अधोजटी (वि०) [अधो गच्छति जटा यत्र] नीचे की ओर जड़ वाली। (जयो० १४/६)

अधोभागः (पुं०) निम्नभाग, निचला हिस्सा। (जयो० वृ० १३/७)

अधोमुखं (नपुं०) झुका मुख, नम्र मुख। (जयो० १६/५३)

अधोवस्त्रं (नपुं०) परिधान (जयो० १५/१००)

अध्रुवत्व (वि०) अनित्यत्व, अविनश्वर। (जयो० २३/८४)

अधृतिः (स्त्री०) [नञ्+धृ+क्तिन्] असंयम, धैर्याभाव।

अधृष्टय (वि०) अजेय, दुर्धर्ष, अनभिगम्य।

अध्यक्ष (वि०) [अधिगतम्+अक्षम्+इंद्रियम्] अक्ष्णोति व्याप्नोति इति अध्यक्षः। ०प्रमुख, ०अधिष्ठाता। ०प्रत्यक्ष (वीरो० २०/१८)

अध्यग्नि (अव्य०) विवाह संस्कार की अग्नि के निकट, अग्नि साक्षी।

अध्यधि (अव्य०) [अधि+अधि] ऊपर, ऊँचे, उच्च।

अध्यधिक्षेपः (पुं०) दुर्वचन, कुत्सित वाणी, अपशब्द।

अध्यधीन (वि०) वशीभूत, आधीन, पूर्ण आश्रित।

अध्ययः (पुं०) [अधि+इ+अच्] ज्ञान, अध्ययन, स्मरण, अध्याय।

अध्ययनं [अधि+इ+ल्युट्] ०सीखना, ०जानना, ०पढ़ना, ०स्वाध्याय, पठन। (सम्य ९४) अधीति। (हित०सं० १७, जयो० १८/४६) तस्यैवाऽध्ययनं तथा यतिपतेः स्वाध्याय संज्ञं धनम्। (मुनि०२१) सूक्तों/सुभाषितों का चिन्तन या अध्ययन मुनिराजों का स्वाध्याय है। परमागम-पारगामिना विजिता स्यां न कदाचनाऽमुना। स्म दधाति सुपुस्तकं सक्ष सविशेषाध्ययनाय शारदा।। (सुद० ३/३१) शारदा विशेष

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अध्ययन के लिए पुस्तक को सदा हाथ में धारण करती हुई चली आ रही हैं।

अध्ययन-कालः (पुं०) स्वाध्याय का समय, पठन का काल।

अध्ययन-गत (वि०) अध्ययन/पठन को प्राप्त।

अध्ययन-पदं (नपुं०) अध्ययन योग्य पद।

अध्ययनप्रतिष्ठा (स्त्री०) पठन की प्रतिष्ठा, स्वाध्याय की स्थापना। (जयो० १८/४६)

अध्ययन-रत (वि०) पढ़ने में तल्लीन, स्वाध्यायरत।

अध्ययन-शील (वि०) पढ़ने वाला, स्वाध्याय करने वाला, ज्ञानेच्छुक।

अध्ययन-समय (नपुं०) स्वाध्याय का समय, पठनकाल। (दयो० १/१०)

अध्यर्ध (वि०) [अधिकमर्धं यस्य] जिसके पास अतिरिक्त आधा हो।

अध्यवसानं (नपुं०) [अधि+अव+सो+ल्युट्] ०प्रयत्न, ०बुद्धि व्यवसाय, ०अध्ययवसान, ०मति, ०विज्ञान, ०चित्त, ०भाव, ०परिणाम, ०दृढ़ निश्चय, ०एक दार्शनिक विचार, जो प्रकृत और अप्रकृत दोनों वस्तुओं को एक रूप करें। ०अतिशयोक्ति अलंकार पर आश्रित। ०अज्ञान, अदर्शन और अचारित्र भी अध्यवसान है।

अध्यवसायः (पुं०) [अधि+अव+सो+घञ्] ०प्रयत्न, ०दृढ़ निश्चय, ०प्रयास, ०संकल्प, ०धैर्य, उद्यम, परिश्रम, कोशिश।

अध्यवसायिन् (वि०) [अधि+अव+सो+णिनि] प्रत्यनवान्, दृढ़शील, प्रयासरत, संकल्पयुक्त।

अध्यशनं (नपुं०) [अधि+अश्+ल्युट्] अधिक खाना।

अध्यात्म (वि०) [आत्मनः संबद्धम्] ०आत्मा या व्यक्ति से सम्बन्ध रखने वाला। ०शुद्धात्म में अनुष्ठान् की प्रवृत्ति, ०शुद्धात्म में विशुद्धता का आचरण, ०अनुकूल पदों का व्याख्यान, ०आत्म के आश्रय का निरूपण।

अध्यात्मज्ञानं (नपुं०) आत्म ज्ञान।

अध्यात्मरूचि (स्त्री०) आत्मरूचि।

अध्यात्मविद्या (स्त्री०) आत्मानुभवशास्त्रवृत्त, ग्रन्थ नाम। (जयो० १०/११८)

अध्यात्मश्रुतिः (स्त्री०) आत्मानशासक की दृष्टि। आत्मख्याति-नमिका। (जयो० ५/५१)

अध्यात्मिकः (वि०) अध्यात्म से सम्बन्ध रखने वाला।

अध्यापकः (पु०) [अधि+इ+णिच्+ण्वुल्] उपाध्याय, ०पञ्चपरमेष्ठियों में चतुर्थ परमेष्ठी, परमपद में स्थित। ०गुरु, शिक्षक, ०पढ़ाने वाला। अर्हन्नथो सिद्ध इतो गणेश श्चाध्यापकः साधुरनन्यवेशः। (भक्ति०१७)

अध्यापनं (नपुं०) [अधि+इ+णिच्+ल्युट्] शिक्षण, सिखाना, पढ़ाना, वेदमति। (जयो० वृ० ४/५७)

अध्यापयितृ (पुं०) [अधि+इ+णिच्+तृच्] अध्यापक, शिक्षक, गुरु।

अध्यायः (पुं०) अध्ययन, चिन्तन। (दयो० २४) अध्याय को सर्ग, खण्ड, पाठ, उच्छवास, भाग, अंश, हिस्सा, व्याख्यान आदि भी कहते हैं।

अध्यायिन् (वि०) [अधि+णिनि] अध्ययनशील, पढ़ने वाला।

अध्यारूढ़ (वि०) [अधि+आ+रूह्+क्त] १. आरूढ़, सवार, ०स्थित हुआ, ०ऊपर स्थित। २. ऊँचा, श्रेष्ठ, निम्नतर।

अध्यारोपः (पुं०) [अधि+आ+रूह्+णिच्+पुक्+घञ्] उठना, खड़े होना। मिथ्या या निराधार कल्पना दार्शनिक दृष्टि से इस शब्द का अर्थ है एक वस्तु को अन्यवस्तु समझना, भ्रम पैदा होना, भ्रान्तिपूर्ण विचार होना।

अध्यारोपणं (नपुं०) [अधि+आ+रूह्+णिच्+पुक्+ल्युट्] बीज बोना, उठना।

अध्याश्रित (वि०) उपढौकित, प्राप्त हुई। कौतुकेन महता मुहुरध्याता। (जयो० २२/४४) (अध्याश्रिता उपढौकिता) जयो० वृ० २२/४४।

अध्यासः (पुं०) १. मिथ्या आरोप, मिथ्या ज्ञान। २. स्व-पर के एकत्व का अध्यास। ३. कुचलना, समाप्त करना।

अध्यासनं (नपुं०) [अधि+आस+ल्युट्] प्रधानता देना, स्थित होना, ऊपर बैठना।

अध्याहारः (पुं०) [अधि+आ+हृ+घञ्] ०अनुमान करना, ०तर्क करना, ०कल्पना करना, ०अनुमान लगाना। दार्शनिक जगत् में जो वस्तु स्थिति को स्पष्ट करने के लिए कई प्रकार की कल्पनाएं की जाती हैं अनुमान या तर्क आदि प्रस्तुत किए जाते हैं, वे 'अध्याहार' कहलाते हैं।

अध्याहरणं (नपुं०) [अधि+आस्+ल्युट्] तर्क करना, अनुमान लगाना।

अध्युष्ट्रः (पुं०) [अधिगतः उष्ट्रं वाहनत्वेन] ऊँट गाड़ी।

अध्यूढः (पुं०) [अधि+वह्+क्त] उठा हुआ, उन्नत, उच्च।

अध्येषणं (नपुं०) [अधि+इष्+ल्युट्] प्रेरणा।

अध्येषणा (स्त्री०) सत्कार पूर्वक व्यापार।

अध्रुव (वि०) अनित्य, अविनश्वर।

अध्रुवत्व (वि०) अनित्यत्व, अविनश्वर, अनिश्चित, अस्थिर,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चञ्चल। दर्शनशास्त्र की दृष्टि से वस्तु दो प्रकार की होती है। १. ध्रुव और २. अध्रुव। 'ध्रुव' की सत्ता सदैव विद्यमान रहती है और 'अध्रुव' की नहीं। जैनसिद्धान्त में 'अध्रुव' को मतिज्ञान का भेद माना है। 'अध्रुव' प्रकृतिबन्ध में भी आता है। (तत्त्वार्थसूत्र महाशास्त्र वृ० १९) विद्युत्प्रदीप ज्वालादौ उत्पाद-विनाश-विशिष्टवस्तु-प्रत्ययः अध्रुवः। धव-पु० १३/वृ० २३१)

अध्रुव-बन्धं (नपुं०) कालान्तर व्यच्छेदभावा।

अध्रुव-बन्धिनी (वि०) कदाचित् बन्ध होना, नहीं होना।

अध्रुवानुप्रेक्षा (स्त्री०) अनुप्रेक्षा का नाम। ०अनित्य भावना।

अध्रुवावग्रहः (पुं०) हीनाधिक रूप पदार्थ का अवग्रह।

अध्रुवोदयः (पुं०) सातावेदनीय प्रकृति।

अध्वन् (पुं०) [अद्+क्वनिप् दकारस्य धकारः] (क) पथ, मार्ग, रास्ता, दूरी स्थान। (जयो० २१/१३) (सुद० वृ० १२) (ख) समय, यात्रा, भ्रमण, प्रसरण, उपाय, साधन, प्रणाली।

अध्वकर्तनं (नपुं०) मार्ग काटना, मार्ग व्यतीत करना, मार्ग व्यत्ययन। अध्वनो मार्गस्य कर्तनं व्यत्ययनम्। (जयो० वृ० २१/१३) अध्वकर्तनविवर्तविग्रहास्ते। (जयो० २१/१३)

अध्वखेदः (पुं०) मार्गश्रम, पथगमन उद्यम, परिश्रान्त। (जयो० १३/८५)

अध्वग (वि०) यात्री, पथिक।

अध्वगा (स्त्री०) गङ्गा नदी।

अध्वनिन् (वि०) [अध्वन्+क्विन्] पथिक, राहगीर, यात्री, बटोही, मार्ग पर चलने वाला। (वीरो० २/१३) सुद० वृ० १२ अध्वनीनस्य पथिकस्य चित्ते (वीरो० वृ० २/१३)

अध्वपतिः (पुं०) अध्वपतिः तु सूर्यः सूर्य, रवि, दिनकर।

अध्वन्य (वि०) [अध्वन्+यत्] यात्रा पर जाने योग्य।

अध्वरः (पुं०) [अध्वानं सत्पथं राति-इति न ध्वरति कुटिलो न भवति] संस्कार युक्त सोमयज्ञ। यज्ञस्थल। (जयो० २/२५)

अध्वरभू (स्त्री०) यज्ञस्थल। (जयो० २/२५) स्वीकरोति समयः पुनः सतामग्निरध्वरभुवीव देवता। (जयो० २/२५) अध्वरभुवि यज्ञस्थले अग्निर्देवता देवरूपेण श्रेष्ठ कथ्यते। (जयो० वृ० २/२५)

अध्वविद (वि०) मार्ग ज्ञाता, पथ ज्ञायक। अध्वविदपवर्गमार्ग-ज्ञातास्त रागो। (जयो० वृ० २७/५१)

अध्वविमुख (वि०) नीतिपथाच्युत, नीतिपथानुगामी नहीं। नीतिरेव हि बलाद् बलीयसी विक्रमोऽध्वविमुखस्य को वशिन्। (जयो० ७/७८) अध्वविमुखस्य नीतिपथाच्युत। (जयो० वृ० ७/७८)

अध्वर्युः (पुं०) (अध्वर+क्यच्+युच्) ऋत्विक, पुरोहित, याजक।

अन् (अक०) सांस लेना, हिलना, जीना।

अनः (पुं०) [अन्+अच्] प्रश्वास, निश्वास, उच्छवास।

अनंश (वि०) अधिकार विहीन।

अनक (वि०) (नञ्+अक्) अनक, निष्पाप, मतवर्जित, निर्दोष। कष्टवर्जित, सरल। (जयो० १/१०९) अनकं कष्टवर्जितं सरलमित्यर्थः। (जयो० वृ० १/१०९) अभ्यसा समुचितेन चांशुकक्षालनादि परिपठ्यतेऽनकम्। (जयो० २/८०) यहां **'अनकं'** का अर्थ निर्दोष है।

अनकाङ्गि-प्रहारः (पुं०) निरपराध प्राणियों को मारना। (वीरो० १६/२१)

अनकायः (पुं०) निर्दोष, पाप मुक्त। (वीरो० १६/१७) स्तनं पिवन वा तनुजोऽनकाय। (वीरो० १६/१७) स्पृशंश्च कश्चिन्महतेऽप्यधाय। कुलीन स्त्री के स्तन को पीने वाला बालक निर्दोष/अनकाय/पापरहित है, किन्तु उसी के स्तन का स्पर्श करने वाला अन्य कामी पुरुष महापाप का उपार्जक है।

अनकिन् (वि०) निष्पाप, निर्दोष, पापरहित, पापी। श्रीमतां चरणयोः समुपेतः स्वामि एवमनकिन् सहसेतः। (जयो० ४/२४) सहसाभक्त्या स्वामी स्वयमेव। समुपेतोऽस्ति, अतोऽनेनानिष्पापोऽस्तीत्यर्थः। (जयो० वृ० ४/२४)

अनक्ष (वि०) दृष्टिहीन, अन्धा।

अनक्षर (वि०) ०मूक, गूंगा, ०बोलने में असमर्थ, ०अशिक्षित, ०अनपढ़, ०अयोग्य।

अनक्षर (वि०) ०उच्चारण, ०श्रुत का एक भेद। ०उच्छवासित, ०निःश्वसित, ०निष्ठ्यूत, ०कासित, ०छींक आदि अनुस्वार ध्वनि, ०हुंकारादि संकेत अनक्षर हैं।

अनक्षरं (नपुं०) अपशब्द, दुर्वचन।

अनक्षरात्मक (वि०) शब्द विशेष, दिव्यध्वनि रूप शब्द। अनक्षरात्मको द्वीन्द्रिया दिशब्दरूपो दिव्यध्वनि रूपश्च। (पंचावृ० ७९)

अनक्षरायित (वि०) अनक्षर रूप।

शृ श्रृषुणामनेका वाक् नानादेशनिवासिनाम्।
अनक्षरायितं वाचा सर्वस्यातो जिनेशिनः॥

नाना देश के निवासियों की भाषा अनेक प्रकार की थी,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

परंतु जिनेन्द्र की वाणी सार्वहितैषी अनक्षरायित/अनक्षर रूप से प्रकट हुई। (वीरो० १५/८)

अनगारः (पुं०) अनगार, साधु, श्रमण। (सुद० ४/२५) न विद्यतेऽगारमस्येत्यनगारः। (स०सि०७/१९) प्रातः समापितसमाधिरिहानगारधुर्यो नमोऽर्हत इतीदमदादुदारः। (सुद० ४/२५)

अनग्न (वि०) [नञ्+नग्न +घञ्] वस्त्रधारी।

अनग्नि (वि०) अग्नि रहित, ०जलन विहीन, ०निस्तेज।

अनघ (वि०) निष्पाप, निर्दोष, (जयो० २/२५) निष्कलंक।

अनघः (पुं०) शिव, विष्णु।

अनघानक (वि०) निर्दोष रूपार्थ, निर्दोष रूप अर्थ बताने वाला। (जयो० २/२५) साम्प्रतं प्रणदितानघातकं। (जयो० २/२५)

अनङ्ग (वि०) आकृतिविहीन, अशरीरी, देह रहित।

अनङ्गः (पुं०) काम, कामदेव, रतिपति। (जयो० १०/११५)

अनङ्ग (वि०) परम सुन्दर (जयो० ६/५१) मदनश्चानङ्ग एवाङ्ग (जयो० ६/५१) परिपूर्णमङ्ग यस्य सः परमसुन्दरः इत्यर्थः। यस्यावलोकने कृते सति मघ्नः कामः स पुनरनङ्गः एव शरीररहितः, स्वल्पसुन्दरो वा, प्रतिभातीति। (जयो० वृ० ६/५१)

अनङ्गक्रीडा (स्त्री०) कामक्रीड़ा, अन्य अंग की कामना। (अङ्ग प्रजननं योनिश्च, ततोऽन्यत्र क्रीडा अनङ्गक्रीडा। (स०सि० ७/२८)

अनङ्गजिष्णु (वि०) मदन विजेता, कामजयी मदन महेन्दु। (जयो० ११/२८) जगज्जिगीषाभृदनङ्गजिष्णु। (जयो० ११/२८)

अनङ्गजूर्तिः (पुं०) कामज्वर (सुद० १०२)

अनङ्गता (वि०) तुच्छशरीरता (जयो० १/४६) कामो भस्मीभावं गतवान्। (जयो० वृ० १/४६)

अनङ्गदशा (स्त्री०) काम भाव, [अन्+अङ्ग दशा] शरीर रहित अवस्था। (सुद० वृ० १२३) सङ्गच्छन् यत्र महापुरुष, को नाऽनङ्गदशां याति। (सुद० १२३)

अनङ्गदर्शिक (वि०) १. कामदर्शक, २. अङ्ग नहीं दिखलाने वाली। (जयो० ५/१०६)

अनङ्ग प्रविष्टं (नपुं०) आगम ग्रन्थ, स्थविर रचित रचना।

अनङ्गभास (वि०) एकान्त, जहां शरीर नहीं दिखाई दे। सावश्यक ग्लानिरनङ्गभासे। (भक्ति सं० ४७)

अनङ्गरम्य (वि०) कामदेव के लिए रमणीय, अनङ्गरम्याणि निरूपायरमणीयानि सुहजसुन्दराणि। (जयो० ३/४०) अङ्गेन शरीरेण रम्यो मनोहरो न बभूवेति विरोधः, किन्तु अनङ्गः कामदेव इव रम्यो मनोहरोऽभूदिति। (जयो० वृ० १/४१)

अनङ्गलेखं (नपुं०) प्रेमपत्र।

अनङ्गसङ्ग (वि०) काम साहचर्य। (जयो० १०/११५)

अनङ्गसमवाय (वि०) कामदेव की सादृशता, कामदेव सम्बन्ध वाला। (दयो० ६८)

अनङ्गसुखसारः (पुं०) काम-वासना जन्य सार, काम सुख का प्रयोजन, शरीरातीत सुख, मोक्ष सुख। (जयो० ५/५१)

अनञ्जन (वि०) बिन अंजन, कज्जल रहित।

अनच्छ (वि०) गर्त, गड्ढा। उन्मार्गगामी निपतेदनच्छे। (वीरो० १८/४२)

अनणि (वि०) विपुल विस्तार। (जयो० वृ० २१/७६) अनणौ विपुलविस्तारे। (जयो० वृ० २१/७६)

अनति (अव्य०) बहुत अधिक नहीं, कम।

अनति (वि०) स्वीकृति, अङ्गीकृत। (जयो० २४/३) नयस्य नीतेरानतिः स्वीकृतिः। (जयो० वृ० २४/३)

अनद्यतन (वि०) आज/प्रारम्भिक/आधुनिक/वर्तमान से सम्बन्ध न रखने वाला यह लङ्लकार और लट्लकार के अर्थ को भी प्रकट करता है।

अनधिक (वि०) अधिकता रहित, असीम, पूर्ण।

अमधीन (वि०) अपने आधीन, स्वाधीन।

अनध्यायः (पुं०) अनाभ्यास।

अनध्ययनं (नपुं०) अध्ययन पर विराम।

अननं (नपुं०) [अन्+ल्युट्] सांस लेना, जीना।

अननुका (वि०) आज्ञा। (समु० ३/४)

अननुगामी (वि०) अवधिज्ञान का एक भेद।

अननुभाषण (नपुं०) निग्रहस्थान।

अननुभावुक (वि०) न समझ, अनभिज्ञ।

अननुया (वि०) पीछे दौड़ना।

अनन्तः (पुं०) अनन्तनाथ, चौदहवें तीर्थंकर। (भक्ति सं० १९)

अनन्तः (पुं०) शक्ति विशेष, जिसे अनन्त चतुष्टय भी कहा है।

अनन्तः (पुं०) शेष नाग। (वीरो० २/२३)

अनन्त (वि०) [नास्ति अन्तो यस्य] अन्त रहित, (सम्य १२२) अक्षय, असीम, अपरिमित। (जयो० १७/१०७) न विद्यतेऽन्तो यस्य। (जयो० वृ० १७/१०७) अन्तो विनाश, न विद्यते अन्तो विनाशो।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अनन्त वि०) अनन्त संख्या विशेष, आय-रहित और निरन्तर व्यय सहित होने पर भी जो राशि समाप्त न हो या जो राशि एकमात्र केवलज्ञान का ही विषय हो।

अनन्तकाय: (पुं०) अनन्तजीव, जिन अनन्त जीवों का एक साधारण शरीर हो तथा जो अपने मूल एवं जो शरीर से छिन्न-भिन्न होने पर भी पुन: उग आते हैं, ऐसे थूवर, गुडूची आदि अनन्तकाय हैं।

अनन्तचतुष्टयं (नपुं०) अनन्त दर्शन, ज्ञान, सुख और बल। (भक्ति०१९)

अनन्तजिन: (पुं०) चौदहवें तीर्थंकर अनन्तप्रभु इन्हें 'अनन्तजिद्' अनन्तनाथ, भी कहते हैं।

अनन्तजीव: (पुं०) अनन्तकाय।

अनन्तता (वि०) अनन्त रूपता। (वीरो० ७/२३)

अनन्तदेव: (पुं०) अनन्तनाथ। (चौदहवें तीर्थंकर)

अनन्तधर्मता (वि०) अनन्तधर्म वाला। (सुद० ९१)

अनन्तनाथ: (पुं०) अनन्तजिन, अनन्तप्रभु। चौदहवें तीर्थंकर। (भक्ति सं० १९)

अनन्तपार (वि०) असीम विस्तार युक्त, निस्सीम।

अननन्तमिश्रित (वि०) अनन्तकायिक,

अनन्तर (वि०) [नास्ति अंतरं यस्य] ०सीमा रहित, ०अन्त रहित, ०सटा हुआ, ०संसक्त, ०निकटवर्ती।

अनन्तरं (नपुं०) सन्निकटता।

अनन्तरं (अव्य०) पश्चात्, तुरन्त बाद, इसके बाद, पुनश्च। (सम्य ७२) क्षेमप्रश्नानन्तरं ब्रूहि। (सुद० ३/४५) योग-भोग-योरन्तर खलु। (सुद० वृ० ७०) पुनरनन्तरं (जयो० वृ० ११/१५)

अनन्तर-बन्धं (नपुं०) कर्मरूप प्रथम परिणमन।

अनन्तरसिद्ध: (पुं०) सिद्धगति प्राप्त होना।

अनन्तरूपत्व (वि०) जरा रहित, अन्तवर्ण रहित। न विद्यतेऽन्तो यस्य तत्तादृग्रूपं यस्य तस्य भावं। (जयो० १७/१०७)

अनन्तवियोजक (वि०) अनन्तानुबन्धी कषाय की विसंयोजना वाला जीव।

अनन्तवीर्य (पुं०) राजा जयकुमार और रानी शिवंकरा का पुत्र। (जयो० २७/२)

अनन्तवीर्यं (नपुं०) वीर्यान्तराय कर्म के क्षय से प्राप्त शक्ति, अनन्त चतुष्टय में अन्तिम चतुष्टय, जिसे **'अनन्तबल'** भी कहते हैं।

अनन्तसंसारी (वि०) अर्ध पुद्गल प्रमाण काल तक परिभ्रमण करने वाला जीव।

अनन्तानुबन्धी (वि०) अनन्तभवों की परम्परा को बनाए रखने वाली कषाय। (सम्य० १२२)

अनन्तानुरूपं (नपुं०) अनन्त रूप। (सुद० १/२९)

अनन्तालय: (पुं०) शेषनाग का भवन। (वीरो० २/२३) विभात्यनन्तालयसंकुलं। (वीरो० २/२३)

अनन्तालय: (पुं०) अगणितालय, असीम भवन।

अनन्य (वि०) [न अन्योऽपरो वा] अभिन्न, अद्वितीय, अप्रतिहत (जयो० १/९) निश्चित, दृढ़ (जयो० ५/१०६) (१/१०), ०अनुपम, ०एकमात्र, ०अविभक्त, ०अविभाज्य, ०समरूप, ०एक सा, पूर्व। (जयो० ११/७२) रमणे चरणप्रान्ते प्रणतिप्रवणेऽस्त्यनन्यशरणे वा। (जयो० १६/६१) इस पंक्ति में 'अनन्य' का अर्थ परम है। पाणिपीडनमनन्यगुणेन। (समु० ५/२२) यहां 'अनन्य' का अर्थ यशस्वी, अनुपम, अद्वितीय है। (तवालसत्त्वं स्विदनन्यभास:) (जयो० ८/७१) अनन्यभासोऽसदृशतेज:।

अनन्यकर्मन् (नपुं०) अपूर्वकर्म (वीरो० २२/२७)

अनन्यगति: (स्त्री०) एकमात्र सहारा, एकमात्र आश्रय।

अनन्यगुणं (नपुं०) यशस्वीगुण, अद्वितीय गुण। (समु० ५/२२)

अनन्यचित्तं (नपुं०) एकाग्रचित्त।

अनन्यजन: (पुं०) परम जन। (वीरो० २१/१९)

अनन्यजन्मन् (पुं०) कामदेव। ०मदन।

अनन्यता (वि०) स्वार्थपरता। (वीरो० १/३४)

अनन्यतम (वि०) अभिन्नतम। (जयो० १०/२३) सुहृदोऽनन्यतमे गुणक्षमे। (जयो० १०/२३)

अनन्यतेज: (पुं०) अनन्यभास। (जयो० १/९)

अनन्यभाव: (पुं०) अनुपमभाव (वीरो० २२/३६)

अनन्यभास: (पुं०) असदृश तेज, अनुपम कान्ति। (जयो० ८/७१)

अनन्यमनस् (नपुं०) अनमने का रहस्य। (समु० ३/३१)

अनन्यरमणीय (वि०) परम रम्य, अद्वितीय, सुन्दरता। (जयो० वृ० ३/४५)

अनन्यवृत्ति: (स्त्री०) परमवृत्ति, अन्यत्र नहीं गमन। (भक्ति सं० २९) अनन्यवृत्त्यात्मनिमग्नतात:। (भक्ति०२९)

अनन्यवेष: (पुं०) [न अन्यो अपरो वेषो परिवेष: रूप:] दिगम्बर रूप।

अनन्यशरणं (नपुं०) परमशरण, पूर्णशरण, अद्वितीयाश्रय। (जयो० १६/६१)

अनन्य-सहाय (वि०) इतर साहाय्य। (जयो० ६/११४)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अनन्य-सेविका (वि०) परमसेविका, प्रमुख सेवा करने वाली। (जयो० २३/२९)

अनन्यसेवा (स्त्री०) समर्थित भाव। (भक्ति १२)

अनन्य-सुन्दरी (वि०) अपूर्व रूपा, परमसुन्दरी, (जयो० ११/७६)

अनन्वयः (पुं०) सम्बन्धाभाव।

अनन्वयालङ्कार (पुं०) अनन्वय अलंकार, जिसकी किसी वस्तु की तुलना उसी से की जाए और उसको ऐसा बेजोड़ सिद्ध किया जाए जिसका और कोई उपमान ही न हो। तथापि भूमावपि रूपराशावाशाधिकनार्यो बहुलास्तु तासाम्। का सावरम्या स्मरसारवास्तु सुरोचना नाम सुरोचनास्तु।। (जयो० ३/७३) सुरोचना तु सुरोचनैव, सूत्तमतया रोचना रूचिकरी विलसतु। न किल काचनापि स्त्री समकक्षतामेतस्या उपढौकतामिति। अनन्वयालङ्कारः।

अनप (वि०) जलहीन, जल रहित, क्षुद्र जलाशय, सूखा तालाब। (जयो० वृ० १/५)

अनपकारणं (नपुं०) चोट न पहुंचाना।

अनपकर्मन् (नपुं०) ऋण न चुकाना।

अनपक्रिया (स्त्री०) पुनः वापस नहीं करना।

अनपकारः (पुं०) उपकार का अभाव, अहित का अभाव।

अनपकारिन् (वि०) उपकार का अभाव।

अनपत्य (वि०) निस्संतान, सन्तानरहित।

अनपत्रप (वि०) निर्लज्ज, लज्जाविहीन।

अनपभ्रंशः (पुं०) शुद्ध शब्द, व्याकरण सिद्ध शब्द।

अनपवृत्ति (स्त्री०) यथोत्तर प्रवृत्तिशील। (जयो० वृ० ११/५)

अनपसर (वि०) अन्यायोचित, अक्षम्य।

अनपाय (वि०) प्रसन्न, अनश्वर, अक्षीण, निर्बाध पूर्ण (भक्ति सं० १६, २४)

स्वयंत्त्वमानन्ददृशोऽनपायः। (समु० ३/६)

मनोरथस्तस्य सदाऽनपायः। (भक्ति पृ० २४)

अनपायः (पुं०) शिव, कल्याण, निर्दोष (वीरो० २२/१)

अनपायिन् (वि०) [अनपाय+णिनि] ०विच्छेद रहित, ०दृढ़, स्थिर, अचल। गोहिनो हि जगतोऽनपायिनी भक्तिरेव खलु मुक्तिदायिनी। (जयो० २/३८) अनपायिनी-विच्छेदरहिता। (जयो० वृ० २/३८)

मनसा मन्यमानानां, वचसोच्चरतामिदम्।

कायेन कुर्वतामेवं, सिद्धिः स्यादनपायिनी।। (हि०सं० वृ० २)

अनपेक्ष (वि०) ०असावधान, ०अपेक्षा रहित, ०उदासीन, ०ध्यानशून्य। (मुनि०वृ० ९)

अनपेक्षक (वि०) अपेक्षा रहित।

अनपेक्षिन् (वि०) असावधान, उदासीन।

अनपेत (वि०) विचलित नहीं हुआ।

अनभिज्ञ (वि०) अनज्ञान, अनभिज्ञ, अपरिचित, अनभ्यस्त। (वीरो० ३/९) (सम्य ३२)

अनभिज्ञत्व (वि०) अपरिचितपना; अज्ञत्व (वीरो० वृ० ३/९) मोक्षपुरुषार्थसम्पत्तयेऽनभिज्ञत्वमज्ञत्व वेद।

अनभिव्यक्त (वि०) गुप्त। (जयो० वृ० १६/४२) वेद। (वीरो० वृ० ३/९)

अनभ्यावृत्ति (स्त्री०) पुनरुक्ति का अभाव।

अनभ्यास (वि०) अभ्यास रहित।

अनम्बर (वि०) दिगम्बर, निर्ग्रन्थ।

अनयः (पुं०) अन्याय, अनीति, नीति-वर्जित। दुराचार, दुर्नीति, विपत्ति, दुःख। दुर्भाग्य। (जयो० ७/६०)

अनयन (नपुं०) अन्धा, जन्मान्ध (जयो० २५/७०) २५/६८) अनयनोऽन्धोऽपि जनः। अनयनश्च जनः श्रुतमिच्छति। परिकृतः परितोऽप्यधिगच्छति। अहहसूढतया न मया हितं सुमतिभाषितमप्यवगाहितम्।। (जयो० ९/३१)

अनरः (पुं०) अतिमानुष (जयो० २/३९)

अनर-गोचर (वि०) देव गोचर। (जयो० २/३९) नराणां गोचरं न भवतीति अनरगोचरमतिमानुषं कार्यं साधयति। (जयो० वृ० २/३९)

अनभ्र (वि०) मेघ विहीन।

अनम्र (वि०) नम्रता हीन, अविनीत।

अनर्गल (वि०) ०अव्याहत, ०फैलाव, ०अनियन्त्रित, ०स्वेच्छाचारी। (जयो० १३/३०)

अनर्गलसद्रिन् (वि०) ०अव्याहत प्रसार, ०बहुत तेजी के साथ फैलाव। किमनर्गलसर्पिणे स्थितिं, क्षमता दातुमहो बलाय मे। (जयो० १३/३०)

अनर्घ (वि०) अमूल्य, अनमोल। (सुद० ७२)

अनर्घ्य देखो ऊपर।

अनर्ध्य (वि०) ०अनुपयुक्त, ०भाग्यहीन, ०निष्क्रिय, ०निरर्थक, हानिकारक।

अनर्थः (पुं०) ०अनुपयुक्त वस्तु, ०विपत्ति, ०दुर्भाग्य, ०विप्लवकरी, ०अनिष्ट।

अनर्थक देखो अनर्थकर।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अनर्थकर (वि०) ०अनिष्टकर, ०हानिकर, अलाभदाई, निरर्थक, सारहीन।

अनर्थकरी (वि०) अनिष्टकारी, हानिकारक, अलाभदायक।

अनर्थता (वि०) व्यर्थमेव, हानिकारिता। (जयो० ४/२७)

अनर्थदण्डः (पुं०) अनर्थदण्डव्रत, दिग्व्रत का एक भेद। प्रयोजनं बिना पापादानहेत्वनर्थदण्डः। (चा०सा०१६/४) पापोपदेश, हिंसादान, अपध्यान, दुःश्रुति और प्रमादचर्या ये पांच अनर्थदण्ड हैं। (तत्त्व ७/२१)

अनर्थनीतिः (स्त्री०) विप्लवकरी चेष्टा। आयाति भो भरत-भूभृदनर्थनीतिः। (जयो० २०/३०) अनर्थस्य नीतिर्विप्ल-वकरी चेष्टा प्रतीतिमायाति। (जयो० वृ० २०/३०)

अनर्थ-सूदनं (नपुं०) अनिष्टनाशन। देवपूजनमनर्थसूदनं। (जयो० २/२३) अनर्थं सूदयतीत्यनर्थ सूदनम् अनिष्टनाशनम्। (जयो० वृ० २/२३)

अनर्ह (वि०) अयोग्य, अपूज्य, अनुपयुक्त।

अनलः (पुं०) [नास्ति अलः पर्याप्तिर्यस्य] अग्नि, बह्नि, आग। (जयो० २/८१) १/७६)।

अनलः (पुं०) पाचनक्रियाशक्ति, पित्त।

अनलद (वि०) [अनलं द्यति] गर्मी को नष्ट करने वाला।

अनलदीपन (वि०) जठराग्नि बढ़ाने वाला, पाचनशक्ति कारक।

अनलार्चिः (स्त्री०) वह्निज्वाला। (जयो० १२/५६)

अनल्प (वि०) अनून, बहुमूल्य (जयो० २७/४९) विपुल (जयो० २/१४९) गहरा (वीरो० २/१९) विशाल (सुद० १०८) बहुत (दयो० १९) अनल्पतूल-तल्पस्थं। (जयो० २/१४९)

अनल्पजलं (नपुं०) गहरा जल, तटाक, नाल्पमनल्पं जलं येषु तेऽनल्पजल-तटाकाः। (वीरो० २/१९)

अनल्पतल्पः (पुं०) बहुमूल्य पल्यङ्क (जयो० २७/४७)

अनल्पतर (वि०) बहुमूल्यतर। (दयो० १०४)

अनल्पतूलं (नपुं०) अतिकोमल। (सुद० २/११) अनल्पतूलोदित-तल्पतीरे। (सुद० २/११) अतिकोमल रूई दार गद्दा से संयुक्त।

अनल्पतूल-तल्पस्थ (वि०) विपुल रूई के गद्दे वाले शयन। (जयो० २/१४९) स्त्रियोऽनल्पं तूलं यस्मिन् तादृशं यत्तल्पं शयनं तत्र। (जयो० वृ० २/१४९)

अनल्परूप (वि०) अलौकिक रूप। (जयो० वृ० ६/६३)

अनल्पश (अव्य०) ०बारं बार, ०भूयो भूयो, ०पुनः पुनः, ०समय समय पर। (जयो० २/१५५) स्मितरूचिताधर-दलमनल्पः यशो जल्पन्ती। (जयो० २/१५५) देवमन्न-वसनाद्यनल्पशः। (जयो० २/९९) अनल्पशो बहुवारम्। (जयो० वृ० २/९९)

अनल्पित (वि०) अधिकतम्, अत्यधिक, अति। (जयो० ७/६६)

अनल्पितक्रुध (वि०) अतिक्रोधित, अत्यन्तक्रुद्ध। अनल्पितक्रुधोऽतिकोपवतः। (जयो० ७/६६)

अनवकाश (वि०) अप्रयोज्य, अनाहूत।

अनवकाशः (पुं०) कार्य क्षेत्र का अभाव, स्थानाभाव।

अनवग्रह (वि०) अतितीव्रगामी।

अनवच्छिन्न (वि०) ०अनिद्रिष्ट, ०अविकृत, ०अबाधित, ०अपृथक्कृत, ०सीमांकन रहित, ०सीमा रहित।

अनवधानं (नपुं०) असावधानी। असत्यवक्ताऽनवधानतोऽपि। (समु० ३/२२)

अनवधानता (वि०) बिना प्रयोजन, कारण बिना। (समु० ३/२२)

अनवधि (वि०) असीमित, अपरिमित।

अनवद्य (वि०) निर्दोष, अनिंद्य, समीचीन, उत्कृष्ट, निष्कलंक। ततोऽनवद्यप्रतिपत्तिवन्मतिः (जयो० ३/६६) नावद्याऽनवद्या निर्दोषा। (जयो० वृ० ३/६६) ततोऽनवद्ये समये। (सुद० ३/४८)

अनवद्यपथः (पुं०) पापरहित मार्ग, निर्दोषपथ। (जयो० २७/५६)

अनवद्यप्रतिपत्तिपत्तिः (स्त्री०) योग्य कर्त्तव्य। नवद्याऽनवद्या निर्दोषा चासौ प्रतिपत्तिरिति कर्त्तव्यज्ञानम्। (जयो० ३/६६)

अनवद्यमतिः (स्त्री०) निर्दोष बुद्धि। (जयो० ७/३२)

अनवयनं (वि०) अजानयत्, ०नहीं जानता, ०अनभिज्ञ. (जयो० २५/७७)

अनवरत (वि०) अविराम, निरन्तर।

अनवलंब (वि०) निराश्रित, आलंबन हीन।

अनवलोभन (वि०) लोभ रहित।

अनवसर (वि०) निरवकाश, व्यस्त।

अनवशेष (वि०) जूठन रहित, सम्पूर्ण। (जयो० २/१०८)

अनवस्थ (वि०) अस्थिर, अंचल।

अनवस्था-दोषः (पुं०) अनवस्था दोष। तस्याप्य वित्तेराकृत्या, यदि सामान्यरूपतः। उपायान्तरतो वित्तिरनवस्थेति वर्तते।। हित सं० वृ० १४/२ यदि कहा जावे कि उसकी भी अभिव्यक्ति जाति विशेष में ही होती है तो उसका ज्ञान किसी आकार विशेष से होता नहीं, अतः उसके लिए भी और उपायान्तर मानना पड़ेगा। ऐसे आगे से आगे चलते चलो तो अनवस्था हो जाती है।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जहां विश्रांति का अभाव होता है, वहां अनवस्था दोष होता है। अप्रामाणिकानन्तपदार्थ परिकल्पनया विश्रान्त्य-भावोऽनवस्था। (प्रमे०रत्न०२२७)

अनवस्थान (वि०) अस्थिर, चंचल, अस्थायी।

अनवस्थित (वि०) अस्थिर, चंचल, परिवर्तित।

अनवेक्षक (वि०) असावधान, उदासीन।

अनवेक्षणं (नपुं०) [नञ्+अव+ईक्ष्+ल्युट्] अनवधानता, असावधानता, उदासीनता। ०परीक्षण अभाव, ०पर्यालोचन शून्यता।

अनशनं (नपुं०) उपवास [नञ्+अश्+ल्युट्] बाह्य तप का प्रथम भेद अनशन तप। (जयो० वृ० १/२२) अशनत्यागोऽनशनम्। मुक्त्यर्थं तपोऽनशनमिष्यते। (अनगार धर्मामृत ७/११) उपवास भी अवधूतकाल और अनयधूत काल रूप है।

अनश्वर (वि०) अविनाशी, शाश्वत।

अनस् (पुं०) १. गाड़ी, २. जन्म, ३. प्राणी। भोजन, रसोईघर।

अनसूय (वि०) [नञ्+सूय] ईर्ष्यारहित, द्वेष रहित।

अनाकाङ्क्षः (पुं०) (अन+आकाङ्क्ष) अनादर भाव रखना।

अनाकाङ्क्षणा (स्त्री०) निष्कांक्षित अंग।

अनाकाङ्क्षित (वि०) अनाकांक्षा भाव वाले, आकांक्षा से रहित। (मुनि०१०) नो गच्छेदतिभूमिगेहिसदनं निष्टोऽप्यनाकाङ्क्षितः। (मुनि०१०)

अनाकार (वि०) आकार रहित, विकल्प रहित।

अनाकालः (पुं०) कुसमय, दुर्भिक्ष।

अनाकुल (वि०) ०व्यग्रताविहीन, ०शान्त, ०अविनाशिनी। ०स्वस्थित, ०आत्मस्थ, ०स्वस्थ, ०दृढ़। पापं न मनागनाकुलः। (जयो० २३/६)

अनाकुला (वि०) प्रसाधनीया, प्रसाधिता। ललाटप्रान्तेऽनाकुलाः प्रसाधनी प्रसाधिता। (जयो० वृ० १०/३३)

अनाग (वि०) आगोवर्जित, निष्पाप, शीत बाधा समाप्त करने वाला। द्यौर्मूर्च्छिताप्यनिशि चित्त्वमिताप्यनागः। (जयो० १८/७०)

अनागत (वि०) भविष्यत् काल, आगे आने वाला। (जयो० १२/७३) गतवत्स्युरनागतानि। (जयो० १२/७३) अनागतानि भविष्यत्कालप्रभवाणि।

अनागस् (वि०) निरपराध, निर्दोष। (जयो० ३/५)

अनागसेवित (वि०) निरपराध द्वारा सेवित, सत्पुरुषों से संरक्षित। नागैः सत्पुरुषैः सेवित आराधितः सन् अनागसे निरपराधजनाय अनितः संरक्षित इति। (जयो० वृ० ३/५)

अनागम (वि०) अप्राप्ति, न आना।

अनाचार (पुं०) ०विषयासक्ति, ०इन्द्रियाधीनता, ०अनुचित आचरण, ०दुराचरण, ०कुरीति, ०व्रत भंग होना। (अनाचारो व्रतभङ्गः, सर्वथा स्वेच्छया प्रवर्तनम्) (मूला० वृ० ११/११)

अनाचिन्न (वि०) ग्रहण करने में अयोग्य।

अनाच्छादित (वि०) प्राङ्गण, खुला स्थान। (जयो० वृ० २/१४९)

अनाज्ञाद्य (वि०) छाया, ताप रहित, ठण्डा। (जयो० वृ० ३/११३)

अनातुर (वि०) उदासीन, खिन्न, अप्रसन्न, थका हुआ, अक्लांत, अनुत्सुक।

अनात्मन् (पुं०) पुद्गल, अजीव। आत्माऽनात्मपरिज्ञानसहितस्य। (सुद० १३३)

अनात्मन् (वि०) आत्मा से रहित, मन से रहित। ०अचेतना पुद्गलपना।

अनात्मभूत (वि०) अनात्मभूत लक्षण या हेतु। जो लक्षण वस्तु के स्वरूप में मिला हुआ न हो।

अनात्मशंसनं (नपुं०) आत्म स्वरूप के अतिरिक्त अन्य पदार्थों के स्वरूप का कथन। ०स्व प्रतिपादन का अभाव।

अनात्म-सदनं (नपुं०) स्वगृहाचार। (जयो० २/४५)

अनात्म-सदनावबोधनं (नपुं०) अपने घर की जानकारी न रखने वाला। (जयो० २/४५) आत्मनः सदनं तस्याव बोधनमात्मसदनावबोधनं नात्मसदनावबोधनं तस्मिन् स्वगृहाचार ज्ञानाभावे। (जयो० वृ० २/४५)

अनात्मवत् (वि०) [आत्मा वश्यत्वेन नास्ति इत्यर्थे-नञ्+आत्मन्+मतुप्] असंयमी, इन्द्रियाधीन।

अनाथ (वि०) स्वामिरहित, असहाय, निर्धन, त्यक्त, मातृविहीन। (जयो० ८/८४)

अनादर (पुं०) तिरस्कार, अवज्ञा, उपेक्षा, प्रीत्यभाव, उन्मनस्क प्रकार। (जयो० १७/२३) अनादरः प्रीत्यभावः। (जयो० वृ० ८/१९)

अनादर (वि०) उपेक्षा करने वाला, उदासीनता।

अनादरः (पुं०) प्रोषधोपवास में लगने वाला अतिचार।

अनादरः (पुं०) जम्बूद्वीप का अधिपति व्यंतर देव।

अनादर-भाक् (वि०) अवज्ञा जन्य कथन करने वाला (वीरो० १७/२२)

अनादानं (नपुं०) दानशील। (जयो० १/७२)

अनादानकर (वि०) दानशीलत्व। (जयो० वृ० १/७२)

अनादि (वि०) नित्य, आदि रहित, अनादि से आगत। (सम्य० ४७)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अनादिकरणं (वि०) एक साथ अवस्थान।

अनादिकालः (पुं०) अनादिकाल, प्रारम्भिक काल से पूर्व। (सम्य० ४७)

अनादित (वि०) अनादिकाल युक्त (सम्य० ६/५)

अनादिता (वि०) अनादिकाल युक्त। (सम्य ४७)

अनादिनयं (नपुं०) सादि अनादि पर्यायार्थिक नय।

अनादिनिधनं (नपुं०) अकृत्रिम नय।

अनादि-परिणामः (पुं०) गति स्थिति आदि का उपकार।

अनादि-रूपः (पुं०) जो पूर्व काल में नहीं उत्पन्न। आदौ पूर्वस्मिन् काले न जातं यत्तदतादिरूपं यस्या सा अनादि रूपा। (जयो० १७/१०७)

अनादि-सन्तानम् (नपुं०) अनादि परम्परा (वीरो० १९/४)

अनादिसिद्ध (वि०) अनादि से सिद्ध। (सुद० १/१२)

अनादिस्थानं (नपुं०) प्रारम्भविहीनस्थान। (जयो० २८/४५)

अनादीनव (वि०) निर्दोष, स्वस्थ, स्वच्छ।

अनादृत (वि०) आदर बिना। आदरः सम्भ्रमस्तत्करणमादृता सा यत्र न भवति तदनादृतमुच्यते।

अनादृत (वि०) दोष विशेष।

अनादेय (वि०) आदेयता विहीन, श्रद्धा विहीन, युक्ति युक्त वचन हीन।

अनादेशः (पुं०) अनुवृत्ति स्वरूप सामान्य।

अनाद्य (वि०) निरन्तर, विच्छेद हीन। न आदि अन्तो। (सम्य० ८)

अनाद्य (वि०) [अन+अद्+ल्युट्] अभक्ष्य, खाने के अयोग्य।

अनाद्यनिधनं (नपुं०) अनादि निधन। (सम्य० ८)

अनानुगामिक (वि०) अवधिज्ञान का एक भेद।

अनानुपूर्वी (वि०) विकल्प प्ररूपणा।

अनानुपूर्व्यं (नपुं०) नियत क्रम का अभाव।

अनापदी (वि०) आपत्ति विवर्जित, दुःख रहित। सुरासुराध्यपदान नापदी। (जयो० २४/३) अनापदी किलापत्तिविवर्जितः। (जयो० वृ० २४/१३)

अनाभिग्राहिक (वि०) सभी दर्शन/मत-मतान्तर की पुष्टि करने वाला।

अनाभोगः (पुं०) ०उपयोग के अभाव का नाम, ०आगम का पर्यालोचन न करना, ०क्रिया, ०निक्षेप, ०निर्वर्तित कोप, ०बकुश आदि पर्यालोचन न करना।

अनाभोगिक (वि०) विचार शून्य, विशेष ज्ञान से रहित।

अनामक (वि०) अप्रसिद्ध, बिना नाम का।

अनामय (वि०) [नास्ति आमयः रोगो यस्य] रोग रहित।

अनामा (स्त्री०) [नास्ति नाम यस्याः] अनामिका अंगुली।

अनामिका (स्त्री०) [नास्ति नाम अन्यांगुलिवत् यस्या, स्वार्थे कन्] कानी और बीच की अंगुली के मध्य की अंगुली। (जयो० ७/३२) अङ्गुष्ठेन सहिता अनामिका। (जयो० वृ० ६/३२)

अनामिषः (पुं०) मांस विहीन, शाकाहार। (सुद० ४/४३)

अनामिषाशनी (वि०) शाकाहारी, अन्न भोजी। अनामिषाशनी-भूयाद्वस्त्रपूतं विवेज्जलम्। (सुद० ४/४३) सदा अनामिष भोजी रहे/मांस नहीं खावे, किन्तु अनामिष भोजी और शाकाहारी रहें।

अनायत्त (वि०) जो दूसरों के आधीन न हो।

अनायतनं (नपुं०) सम्यग्दर्शन का आधारभूत गुण।

अनायास (वि०) ०स्वयमेव, ०स्वयं ही, ०अपने आप, ०आसान, ०सरल। सहजतयैव अनायासेन। (जयो० वृ० १/५) स्वयमेव अनायासेनैव। (जयो० वृ० १/९६) स्वत एव अनायासेनैव सूत्रप्रयोगादिना बिनैव। (जयो० १/३१)

अनारत (वि०) निरन्तर, अनवरत, अबाध, नित्य। (जयो० २८/, वीरो० ४/२५(जयो० २३/५९ अनारताक्रान्तधनान्धकारे। (वीरो० ४/२५)

अनारम्भः (पुं०) आरम्भ न होना, हिंसा का अभाव। सदारम्भादनारम्भादघादप्यतिवर्तिनी। (सुद० ४/३२)

अनार्जव (वि०) कुटिलता, छल।

अनार्य (वि०) ०अधम, ०नीच, ०अप्रतिष्ठित ०म्लेच्छ, ०शूद्र। (जयो० ४/४८) जिनका आचरण निंद्य है।

अनार्ष (वि०) [अन+आर्षः ऋषि] ऋषि रहित, ऋषियों के कथन से रहित।

अनालंब (वि०) असहाय, आश्रय विहीन। ०निराश्रित, ०अनाथ

अनालंबु (स्त्री०) रजस्वला स्त्री।

अनालब्ध (वि०) अप्राप्त, कायोत्सर्ग का एक अतिचार।

अनालोच्य (वि०) असत्य वचन।

अनालोकित (वि०) दिखाई नहीं देने वाला। (जयो० वृ० ६/३४)

अनावर्तिन् (वि०) परावर्तन रहित, पुनः नहीं लौटने वाला।

अनावश्यकं (नपुं०) करने योग्य नहीं, अकरणीय। (जयो० २/४०) आवश्यकता रहित (वीरो० २२/२२) शिष्टमाचरणमा-श्रयेदनावश्यकम्। (जयो० २/४०)

अनाविद्ध (वि०) छिद्र रहित, बन्धन हीन।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अनावृत्तिः (स्त्री०) मोक्ष, मुक्ति।

अनावृष्टिः (स्त्री०) वर्षा का अभाव। आवृष्टिर्वर्षणम्, तस्य अभावः अनावृष्टिः। (धव०पु०१३, वृ० ३३६)

अनाशंसा (स्त्री०) इच्छा का अभाव। सर्वेच्छोपरमः।

अनासक्त (वि०) निःस्पृह, आसक्ति रहित। (जयो० वृ० २/१२)

अनासाद्य (वि०) निःस्पृह। (सम्य० ११६) रत्नत्रयमनासाद्य यः साक्षात् ध्यातुमिच्छति।

अनास्वादित (वि०) आस्वादन रहित। (जयो० वृ० १६/३०)

अनाश्रमिन् (वि०) आश्रम की कमी।

अनाश्रव (वि०) [नञ्+आ+श्रु+अच्] जो न सुने। ०अनसुनी करने वाला।

अनास्रव (वि०) उदासीनता, तटस्थता।

अनाहत (वि०) आघात रहित, अक्षत।

अनाहार (वि०) उपवास करने वाला।

अनाहारः (पुं०) औदारिकादि तीन शरीरों के योग्य पुद्‌गलों को नहीं ग्रहण करना।

अनाहारक (वि०) विग्रहगति को प्राप्त, तीन शरीर, तथा छह पर्याप्तियों के योग्य पुद्गल स्वरूप आहार न ग्रहण करने वाला।

अनाहुतिः (स्त्री०) होम न होना, आहूति न देना।

अनाहूत (वि०) अनिमन्त्रित, अनामन्त्रण।

अनिकाचित (वि०) उत्कर्षण, अपकर्षण, संक्रमण, उदीरणा।

अनिकेत (वि०) [नञ्+निकेत] गृहहीन, अनगार।

अनिगीर्ण (वि०) निगला न गया, अगुप्त, अच्छादित।

अनिध्नन्न (वि०) बन्धोदय न होना। (सम्य० १२१)

अनिचार (वि०) आचार विहीन।

अनिच्छु (वि०) [नास्ति इच्छा यस्य] [नञ्+इच्छुक्] इच्छा रहित, निःस्वार्थ। आख्याति विख्यातिमनिच्छुरेव। (जयो० २७/२२) अनिच्छुरेव सन् निःस्वार्थः। (जयो० वृ० २७/२२)

अनित्य (वि०) ०क्षणभंगुर, ०अशाश्वत, ०नश्वर, ०आकस्मिक, ०अस्थिर, ०चंचल, ०अनिश्चित, ०अनियमित। अनित्यो प्रतिक्षण विनाशी। (स्याद्वाद मंजरी)

अनित्य (वि०) वस्तु तत्त्व विवेचन की शैली, स्याद्वाद की अनेकान्त शैली में सामान्य विशेष, सत-असत्, नित्य-अनित्य आदि दृष्टियां होती हैं। पर्याय की अपेक्षा अनित्य। (वीरो० १९/२१) अनित्य नाम भावना/अनुप्रेक्षा का भी है। जिसके अनित्य भावना या अनित्यानुप्रेक्षा भी कहते हैं। यह प्रथम भावना है, इस संसारी जीव का शरीर ही विनश्वर है, तो फिर उससे सम्बन्ध रखने वाली भोगोपभोग की साधन भूत इतर वस्तुओं में टिकाऊपन हो ही कैसे सकता है, ऐसे विचार करने का नाम अनित्यानुप्रेक्षा है।

अनित्यनयं (नपुं०) सद्भावानित्य-पर्यायार्थिक नय।

अनित्यभावना (स्त्री०) अनित्यानुप्रेक्षा।

अनित्य-स्वभावः (पुं०) क्षणभुंगुर स्वभाव। ०अस्थिर परिणाम, ०चंचल प्रवृत्ति, चपल भाव।

अनित्यकैता (वि०) क्षणस्थिति। (जयो० २६/८९)

अनिदा (स्त्री०) वेदना विशेष, विवेक के अभाव में उत्पन्न वेदना।

अनिद्र (वि०) निद्रा रहित, जागृत। (जयो० २८/२)

अनिद्रालु (वि०) अनालस्य, सावधान, जागृत। (जयो० २८/२)

अनिधत्त (नपुं०) कर्म प्रदेशाग्र का अपकर्षण।

अनिन्द्रियं (नपुं०) मन, जो इन्द्रिय का विषय न हो। अनिन्द्रियं मनो।

अनिन्द्य (वि०) अप्रशंसनीय, अवंदनीय, प्रशंसा रहित। (जयो० १/१२)

अनिन्दित (वि०) प्रशस्त, समुचित, यथेष्ठ। (जयो० ५/५६)

अनिबद्ध (वि०) सार्वजनिक, प्रकाशित, अस्थिर, चंचल।

अनिबन्धनं (नपुं०) निरावरण, निराकरण। णमो अमिय-सव्वीणमापत्तेरनिबन्धनम्। (जयो० १९/८१)

अनिभृत (वि०) सार्वजनिक, प्रकाशित, अस्थिर, चंचल।

अनिमित्त (वि०) निष्कारण, निराधार, आकस्मिक, बिना प्रयोजन। (जयो० १५/६२) केचिच्छशं केचिदितः कलङ्कं वदन्तु हीन्दोनिमित्तमङ्कम्।

अनिमित्तं (नपुं०) पर्याप्त कारण का अभाव।

अनिमेषः (पुं०) ०मत्स्य, ०मीन का नाम, सफर नामक मच्छली, बृहन्मीनभावमवापेति। (जयो० ५/७३)

अनिमेषः (पुं०) अनिमेष नमक देव, निमेषरहित देव। अनिमेष निमेषरहिता देवा। (जयो० ११/७४)

अनिमेषः (पुं०) मत्स्य नामकदेव। (जयो० ११/७४) अनिमेष हशैव पश्यति। (समु० २/७) देव एकटक से देखता है

अनिमेष (वि०) टकटकी लगाए, बिना पलक झपके। अनिमेष हशैव पश्यति। (समु० २/७)

अनिमेष-दृष्टिः (स्त्री०) निर्निमेष दृष्टि, स्थिर दृष्टि।

अनिमेष-लोचनं (नपुं०) स्थिर दृष्टि, अचपलता रहित नयन।

अनियत (वि०) अनियंत्रित, अनिश्चित, संदिग्ध, कारणरहित, आकस्मिक, नश्वर।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अनियन्त्रण (वि०) असंयत, स्वतन्त्र।

अनियमः (नपुं०) नियम का अभाव, नियन्त्रण।

अनियम (वि०) ०अनिश्चितता, ०निश्चयाभाव। ०संदेह, ०अनुचित। नियम पर विचार नहीं करने वाला

अनिरुक्त (वि०) ०स्पष्ट व्युत्पत्ति का अभाव, ०व्याख्या का ०उचित प्रयोग नहीं, ०अनुचित कथन। ०शब्द विश्लेषण का उचित प्रयोग नहीं होना।

अनिरुद्ध (वि०) अनियन्त्रित, स्वच्छंद, अनिश्चित, आकस्मिक।

अनिर्णय (वि०) अनिश्चितता। ०विचारों में एक रूपता न होना, नीति निर्धादण नहीं होना।

अनिर्दश (वि०) कम समय।

अनिर्देश (वि०) नियम का अभाव, निर्देश की अवज्ञा।

अनिर्देश्य (वि०) अवर्णनीय। ०वर्णन शून्य, निर्देशन की उचित व्यवस्था का अभाव।

अनिर्धारण (वि०) नियमाभाव।

अनिर्धारित (वि०) नियमाभाव।

अनिर्वचनीय (वि०) कहने के अयोग्य, अवर्णनीय, कौशल चातुर्य। (जयो० वृ० ३/२७)

अनिर्वाण (वि०) निर्वाण का अभाव।

अनिर्वेद (वि०) उत्साह, उमंग, सम्यक्त्व की ओर।

अनिवार्य (वि०) अव्यवहार। (जयो० वृ० १३/९) अव्यवहारोऽनिवार्य एवास्ति। (जयो० वृ० १३/९)

अनिवार्य (वि०) आवश्यक। ०करने योग्य, ०विषय की निर्धारण पद्धति।

अनिर्वृत (वि०) खिन्न, अशान्त।

अनिर्वृत्ति (वि०) विकलता, व्याकुलता।

अनिर्वृत्तिः (स्त्री०) निर्धनता।

अनिवृत्तिः (स्त्री०) विशिष्ट आत्मपरिणाम, निवर्तनशीलं निवर्ति, न निवर्ति, अनिवर्ति। सम्यक्त्व की अतिशयता।

अनिवृत्तिकरणः (नपुं०) नवम् गुणस्थान का नाम। (जयो० २८

अनिलः (पुं०) [अन्+इलच्] पवन, वायु, हवा।

अनिलः (पुं०) देव नाम, वायुदेव।

अनिशम् (अव्य०) निरन्तर, लगातार। कुर्यात्प्रयत्नमनिशं मनुजस्तथापि।

अनिषेवणं (नपुं०) प्रयोग का अभाव। (हित ७) (वीरो० १८/५८)

अनिःशेषित (वि०) शेष नहीं, सम्पूर्णता। (जयो० २/१०७)

अनिष्ट (वि०) ०अनर्थ ०अननुकूल, ०दुर्भाग्यपूर्ण, ०हानिकारक। (जयो० २/९०) अमङ्गलसूचक। (जयो० वृ० २/२३) (सम्य० १३५) ०अशुभ कारक।

अनिष्टता (नपुं०) निःसारता, दुर्भाग्यपूर्णता, अमङ्गलसूचकता। (जयो० वृ० ११/२०)

अनिष्टनाशनं (नपुं०) अनर्थसूदन। (जयो० २/२३)

अनिष्टसंयोगः (पुं०) करणीय नहीं निर्दोष नहीं, अनिष्ट पदार्थों का मिलन। (जयो० १/१०९) इष्टवियोगनिष्ट-संयोगतया। (जयो० वृ० १/१०९)

अनिष्टसंयोगजं (नपुं०) आर्तध्यान का नाम, विष, कण्टक आदि अनिष्ट पदार्थों का संयोग होने पर उसके दूर करने के लिए मन में जो बार-बार संकल्प-विकल्प उठते हैं, वे अनिष्टसंयोगज कहलाते हैं।

अनिष्टहानि (पुं०) अमंगल, अभाव (वीरो० २०/७)

अनिष्ठा (वि०) महती (जयो० १/१६)

अनिष्पन्नं (अव्य०) बहुत बलपूर्वक नहीं।

अनिस्तीर्ण (वि०) अपारगामी, छुटकारा से रहित।

अनिसृष्ट (वि०) दोष विशेष, अनियुक्त, अनधिकारी द्वारा प्रदत्त वसति।

अनिस्सर (अक०) (अनि+सृज्) अनप्रित करना, अकेन्द्रित करना, बाह्यमनिस्सरन्तीमसतीं निगाह्य। (जयो० १/२०) अनिस्सरन्ती न निर्गच्छन्तीम्।

अनिस्सरणात्मक (वि०) तैजस शरीर विशेष। औदरिक, वैकल्पिक और आहारक शरीर के भीतर स्थित देहदीप्ति।

अनिह्नवः (पुं०) अधीत गुरु का उल्लेख, ज्ञानाचार का एक गुण, जिस गुरु के पास जो पढ़ा, उसके विषय में उसी गुरु का उल्लेख करना, अन्य का नहीं। (भक्ति० ८)

अनिह्नवाचारः (पुं०) (यस्मात् पठितं श्रुतं स एव प्रकाशनीयः) ज्ञान के आठ भेद हैं-शब्दाचार, अर्थाचार, उभयाचार, कालाचार, उपधानाचार, विनयाचार, अनिह्नवाचार और बहुमानाचार। उनमें अनिह्नवाचार नामक सातवां भेद।

अनीकः (पुं०) सेना, सैन्यपंक्ति, सैन्यदल, सैनिक, संग्रामदल।

अनीकः (पुं०) अनीक नामक देव, जिनके पास हाथी, घोड़े, रथ, पादचारी, बैल, गन्धर्व और नर्तकी ये सात सैन्य रूप होते हैं।

अनीक को दण्डस्थानीय भी कहा है, जो क्षेत्र की दण्ड-व्यवस्था करते हैं।

अनीक्षित (वि०) दृष्टि से पर, अनालोकित, अदृष्टव्य, अनदेखे। (भक्ति सं० ४४) अनीक्षितायोग्यपुरः प्रदेशे।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अनीतिः (स्त्री०) ०ईति का अभाव, ०व्याधियों का नाश, ०अतिवृष्टि। धर्मार्थकामेषु जनाननीतिं (जयो० २/१२०) अनीतिमीति वर्ज्य (जयो० वृ० २/१२०) अनीतिप्रथितं राजा नीतिमान् पुरमप्यसौ। (जयो० ३/१०८) उक्त पंक्ति में 'अनीति' शब्द दुराचार को प्रतिपादित करता है। एकाधृतानीतिर भक्ष्य वृत्ति। (समु० ८/४८) यहां 'अनीति' का अर्थ अन्याय है। ०अन्याय।

अनीतिप्रथित (वि०) दुराचार युक्त। (जयो० ३/१०८)

अनीतिभावः (पुं०) अन्याय भाव, दुराचार भाव, ईतियों/उपाधि का अभाव। (जयो० २३/२) आचार्य ज्ञानसागर ने ईतियों का उल्लेख इस प्रकार किया है–
अतिवृष्टिरनावृष्टिर्मूषकाः शलभाः शुकाः।
प्रत्यासन्नाश्च राजानः षडेता ईतयः स्मृताः।। (जयो० वृ० १०५३, सि०उत्तरार्ध)

अनीतिमतिः (स्त्री०) अन्याय बुद्धि। (सुद० १/२३) अनीतिमत्यत्र जनः सुनीतिः (सुद० १/२३)

अनीतियुक्त (वि०) अनीतिप्रथित, दुराचार युक्त। (जयो० वृ० ३/१०८)

अनीश (वि०) प्रमुख, सर्वोच्च, प्रधान, श्रेष्ठ।

अनीशः (पुं०) प्रभु, स्वामी, ईश्वर।

अनीश्वर (वि०) असमर्थ, अनियन्त्रित। (जयो० ८/१६) फणीश्वरस्त्यक्तुमनीश्वरोऽस्ति।
अनीश्वरोऽसमर्थस्तत्र। (जयो० वृ० ८/१६)

अनीश्वर (वि०) दोष विशेष, स्वामी से भिन्न।

अनीश्वर-वादः (पुं०) ईश्वर को नहीं मानने वाले। नास्तिकवाद।

अनीह (वि०) उदासीन, व्याकुल।

अनु (अव्य०) सदृश, लक्षण, क्रम, निरन्तर, सम्बद्ध संकेत, फलस्वरूप, पश्चात्वर्ती, तरह, अनुरूप आदि के अर्थ में 'अनु' का प्रयोग किया जाता है। (सम्य० १२३/७८) 'सादृश्ये लक्षणेऽप्यनु' इति विश्वलोचनः। (जयो० २१/४२) पातालमूलमनुखातिकया स्म सम्यक्। (सुद० १/३६) उक्त पंक्ति में 'अनुखातिकया' के साथ 'अनु' शब्द 'भाग' या अंश को प्रतिपादित कर रहा है। तरल-तरीष-विशिष्टो-ऽनुकर्ण-धाराशुगेन सन्तरति। (जयो० ६/६६) कर्णस्य धारामनु समीपं वर्तते। (जयो० वृ० ६/६६) इसमें 'अनु' का अर्थ समीप है।

अनुक (वि०) [अनु+कन्] कामुक, विलासी, लालची, लोलुपी, लोभी।

अनुकथनं (नपुं०) [अनु+कथ्+ल्युट्] वार्तालाप, सम्वाद, कथोपकथन। (जयो० १२/३१)

अनुकर्णधारः (पुं०) कर्णप्रान्तगत। कर्णस्य धारामनु समीपं वर्तते सोऽनुकर्णधारो, यद्वाऽनुकर्णधरा यस्येति वा, स चासौ आशुगो बाणस्तेन कर्णप्रान्तगतबाणेन। (जयो० वृ० ६/६६)

अनुकंपक (वि०) [अनु+कंप्+ण्वुल्] दयालु, करुणाशील।

अनुकंपनं (नपुं०) [अनु+कंप्+ल्युट्] करुणा, दयालुता, दयाभाव, सहानुभूति।

अनुकंपा (स्त्री०) [अनु+कंप+ल्युट्] करुणा, दया, सहानुभूति, अनुकंपनमनुकंपा। (सि६/१२) सर्वप्राणिषु मैत्री अनुकंपा। (त०वा० १/२) क्लिश्यमान-जन्तूद्धरणबुद्धिः अनुकंपा। (भ०आ०टी० १६९६) कारुण्यपरिणामोऽनुकंपा (चा०प्रा० टी० १०) 'अनुकंपा' सम्यक्त्व का कारण है। (जयो० ४/३४) (सम्य० ६४)

अनुकरणं (नपुं०) [अनु+कृ+ल्युट्] अनुरूपता, सादृश्यता, समानता, अनुकूलन। अनुकरणस्यानुकूलनस्य। (जयो० वृ० ४/३४)

अनुकरणीय (वि०) अनुकरण करने योग्य, आदर्श रूप। महादर्शनमनुकरणीयम्। (जयो० वृ० ३/१०१) आदर्शस्य अनुकरणीयस्य। (जयो० वृ० १/९१)

अनुकर्त्री (वि०) सेवाकारिणी। (जयो० वृ० १२/९२)

अनुकर्षः (पुं०) [अनु+कृष्+अच्] आकर्षण, लगाव, झुकाव।

अनुकल्पः (पुं०) [अनु+कल्प्+अच्] अनुदेश भाव की प्रयुक्ति।

अनुकाम (वि०) काम वाला, अपनी इच्छानुसार काम करने वाला।

अनुकाल (वि०) समयोचित, सामायिक गुण।

अनुकालित (वि०) अनुकरण। (वीरो० ७/१६)

अनुकीर्तन (नपुं०) कथन, प्रतिपादन, प्रकाशन, गुणस्तवन, गुणगान। (सम०१/३)

अनुकूल (वि०) [अनु+कूल+अच्] अनुवर्तिनि, मनोवाञ्छित, अभिमत, अनुरूप, कृपापूर्ण, (जयो० ३/९१) वामेन कामेन कृतेऽनुकूले। (जयो० ३/९१) अनुकूले भवदिच्छानु-वर्तिनि कृते। (जयो० वृ० ३/९१) सरस-सकल-चेष्टा सानुकूला नदीव। (वीरो० ३/३३) हारं हृदाऽनुकूलं स। (जयो० ३/९४) हृदोऽनुकूलं हृदयग्राह्यं हारं (जयो० ३/९४) हृदयग्राह्य हार। अनुकूले सति सुरथे। (जयो० ६/११) इस पंक्ति में (अनुकूलेऽभिमुख भावमिते) अभिमुख अर्थ है, सम्मुख भी इसका अर्थ है। छाया तु लोमावलिकानुकूले।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

(जयो० ११/४९) उक्त पंक्ति में 'अनुकूल' का अर्थ सहज सहायक किया है। 'यत्: किलानुकूले सहजसहायके। (जयो० वृ० ११/४९)

अनुकूल (अव्य०) [अनु+कूल्] ०अनुकूल होना, ०कृपापूर्ण होना, ०अभिमत होना, ०मनोवाञ्छित होना। तानि तावदनुकूलयन् बलात्। (जयो० २/१९) अनुकूलयन् स्वहितान्याचरन् यात्। (जयो० वृ० २/१९)

अनुकूलक (वि०) स्वाभीष्ट, अपने योग्य। स्त्रियस्त्यक्त्वाऽनु-कूलकम्। (जयो० २/१४९)

अनुकूलकर (वि०) अनुसार चलने वाले। आदिश त्वदनुकूल-कराय। (समु० ५/२)

अनुकूलचेता (वि०) अनुकूल चित्त वाला। सम्भावयन्नित्यनु-कूलचेता। (वीरो० १८/३४)

अनुकूलचेष्टावती (वि०) प्रकृत्यानुसारी। (वीरो० ३/३३)

अनुकूलपतिः (पुं०) मनोनुकूलपति। (जयो० वृ० ३/६५)

अनुकूलसाधनं (नपुं०) योग्य साधन, अभीष्ट साधन। (जयो० २०/८९)

अनुकूला (वि०) सादृशी, मनोवाञ्छिता। (जयो० १/३८)

अनुकूलाचरणं (नपुं०) योग्य-व्यवहार, उचित आचरण। (दयो० ४२)

अनुकूल्यार्थ (वि०) अनुकूलता के लिए। (जयो० वृ० २/५०)

अनुकृ (सक०) [अनु+कृ] अनुकरण करना, अनुसरण करना। (हित वृ० ९) अनुकुर्वाणा। गिरेत्यमृतसारिण्या श्रीवनञ्चानुकुर्वतः। (जयो० १/८८) तदनुकर्तुममुष्य किलाक्षिकम्। (जयो० ७/१९) निर्जगाम नृपनाथतनूजा स्त्री न यामनुकरोति तु भूजा। (जयो० ५/५८) अनुरोति। (सम्य० ६४)

अनुक्रमः (पुं०) [अनु+क्रम्+अच्] उत्तराधिकार, क्रम, क्रमबद्धता, विषयतालिका, विषयसूची।

अनुक्रमणं (नपुं०) [अनु+क्रम्+ल्युट्] अनुगमन, अनुशरण, क्रमबद्धानुसार, क्रमगमन।

अनुक्रिया (स्त्री०) अनुकरण, अनुशरण।

अनुक्रोशः (पुं०) [अनु+कृश्+घञ्] दया, करुणा, दयालुता।

अनुक्षणम् (अव्य०) प्रतिक्षण, निरन्तर, सदैव, बार बार, पुनःपुनः। (जयो० १०/५९) श्रिया सम्बर्धमानन्तभनुक्षणमपि प्रभुम्। (वीरो० ८/७)

अनुक्षेत्रं (नपुं०) क्षेत्रानुसार।

अनुख्यातिः (स्त्री०) [अनु+ख्या+क्तिन्] विवरण देना, प्रकट करना, प्ररूपणा, निरूपणा।

अनुग (वि०) [अनु+गम्+ड] पीछे चलना, गतानुगतिक, अनुचारी।

अनुगः (पुं०) अनुचर, सेवक, आज्ञापालक।

अनुगत (वि०) प्राप्त, समागत, आगत। (वीरो० २१/२१) सादृशऽनुगत मानवमाला। (जयो० ५/३१)

अनुगत्व (वि०) समागत, प्राप्त हुआ। (सम्य० ७८)

अनुगतिः (स्त्री०) [अनु+गम्+क्तिन्] अनुचरी, गतानुगतिक, पीछे चलने वाला, अनुकरण करने वाला।

अनुगतात्मवस्तु (नपुं०) ०अनुशरणशील ०वस्तु, ०अनुकूल आचरण समागत पदार्थ। (वीरो० १८/३५) घृत्वाऽखिलेभ्यो मृदुवाक् समस्तु सूक्तामृतेनानुगतात्मवस्तु। (वीरो० १८/३५)

अनुगुण (वि०) ०समान गुण रखने वाला, ०दूसरे के गुण सदृश, ०अनुकूल, ०उपयुक्त, ०रुचिकर, ०अनुरूप। (सुद० ४/४७)

अनुगम् (अनु+गम्) अनुगमन करना, जाना, पीछे-पीछे चलना, (जयो० २४/१००) अनुगच्छतोर्निम्ननिबद्धगाथा। (जयो० २४/१००)

अनुगामिन् (वि०) अनुयायी, सहचर, सहगामी। (जयो० वृ० ४/२९)

अनुगामिनी (वि०) आज्ञाकारी, आज्ञानुसारिणी। पत्नी तदेकनामाऽभूत्तस्यच्छन्दोऽनुगामिनी। (दयो० १/१३) रुचिरम्बुमुचोऽनुगामिनी। (समु० २/१२) उक्त पंक्ति में 'अनुगामिनी' का अर्थ पीछे-पीछे होने वाली है।

अनुग्रहः (पुं०) [अनु+ग्रह+अप्] प्रसाद, कृपा, दया, अनुग्रह, उपकार। (जयो० २/६७) (जयो० वृ० १/८७) गुत्तोर्महानुग्रह एव हेतुः। (समु० १/६) तेषां गुरुणां सदनुग्रहोऽपि कवित्वशक्तौ मम विघ्नलोपी। (वीरो० १/६) स्व-परोपकारोऽनुग्रहः (स०सि०७/३२)

अनुग्रह् (सक०) [अनु+ग्रह्+अच्] अनुग्रह करना, कृपा करना, उपकार करना। क्षणमनुजग्राह च देवतागणः (वीरो० ७/२४) चेतोऽनुगृह्णाति जनस्य चेतो। (वीरो० १/२७) किन्नानुगृह्णाति जगज्जनोऽपि। (वीरो० २०/१३) न तेऽनुगृह्णन्तु किमीश्वराः सुराः। (जयो० २०/५८) परमेप्युगृह्णीयादात्मने। (सुद० ४/४४)

अनुग्रहकारिन् (वि०) ०अनुकारिन्, ०उपकारक, ०अनुकंपक ०अनुग्रहक। (जयो० वृ० २४/१५) ०कृपा दृष्टि वाला।

अनुग्रहणं (नपुं०) अनुग्रह, उपकार, कृपा। अनुग्रहणं कृपां विना। (जयो० ९/१४)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अनुग्रहपोषक (वि०) उपकारक, ०अनुकंपा को स्वीकार करने वाला।

अनुग्रहपोषी (वि०) अनुग्रह को पुष्य करने वाला। उपकार पुष्टीकर्ता। (जयो० १२/१८) त्वमनुग्रहं पुष्णासीत्यनुग्रहपोषी। (जयो० वृ० १२/१८) विशेषानुग्रहपोषकोऽसीत्यर्थ:।

अनुगृहीत (वि०) कृपा दृष्टि। (दयो० ५५)

अनुग्राह्य (वि०) अनुग्रह करने वाला।

अनुचर् (अक०) [अनु+चर्] ०काम लेना, ०स्वीकार करना। ०अनुशरण करना, ०अनुगमन करना। (मुनि० ३०) उद्दण्डाशनकारितामनुचरेन्नित्यं। (मुनि० ३०) योग्यतामनुचेरन्महामति:। (जयो० २/५१) जनो योग्यतामनुचरेत् स्वीकुर्याद्। (जयो० वृ० २/५१)

अनुचर: (पुं०) [अनु+चर्+ट] ०सहगामी, ०सेवक, ०भृतिक, ०आज्ञाकारी, ०अनुगामी। भोगा भुवीहानुचरा न भोगा। (भक्ति०४)

अनुचरी (स्त्री०) सेविका, सहकारिणी, दासी।

अनुचाटुवचस् (नपुं०) [अनु+चाटु+वच्+असुन्] मीठी मीठी बात, मधुर मधुरवचन। (समु० ३/४२) संक्रीडके तमनुचाटुवच: प्रभावात् (समु० ३/४२)

अनुचारक: (पुं०) [अनु+चर्+ण्वुल्] अनुचर, सेवक, सहगामी।

अनुचारिणी (स्त्री०) आज्ञाकारिणी, सेविका। (सुद० ८९)

अनुचित (वि०) अनुपयुक्त, अयोग्य, गलत। न क्षेमपृच्छाऽनुचितास्तु सापि। (जयो०३/२६) अहो किलोचितानुचितविकलेनानेन। दुर्लभं नरजन्मापि, नीतं विषयसेवया। चिन्तारत्नं समुत्क्षिप्तं काकोड्डायनहेतवे। (दयो० वृ० १०१) किमनौमिचत्यमत्र। (दयो० वृ० ८१) यहां 'अनुचित' को 'अनौचित्य' भी दिया है।

अनुचित-क्रियत्व (वि०) अनुपयुक्त क्रिया वाला, अयोग्य क्रिया वाला। (वीरो० १६/१५)

अनुचिंतनं (नपुं०) विचारणा, सोचना, पुन: पुन: चिंतन। (अनु+चिंत्+अ+ल्युट्)

अनुचिन्तना (स्त्री०) विचारणा, सोचना। (जयो० वृ० १३/४७)

अनुचिन्ता (स्त्री०) ०याद करना, ०स्मरण करना, ०चिन्तन करना, ०निरन्तर सोचना।

अनुचिन्तय् (अक०) ०सोचना, ०विचारना, ०ध्यान देना, ०अवलोकन करना। विवराणि भुवोऽनुचिन्तयन्निव दृष्टिं। (जयो० १३/४३) उक्त पंक्ति में अनुचिन्तमन् का अर्थ अवलोकन है।

अनुच्छाद: (पुं०) [अनु+छद्+णिच्+घञ्] पल्ला लटकना।

अनुच्छित्ति: (स्त्री०) [अनु+छिद्+क्तिन्] कट कर अलग न होना, नाश न होना, अनष्टगत।

अनुच्छेद: (पुं०) [अनु+छिद्+घञ्] पैरा, अंग, भाग। ०अंश, ०हिस्सा।

अनुच्छिष्ट (वि०) अनन्यमुक्त। श्रीमाननुच्छिष्ट भुजामिवाद्य:। (जयो० १९/१)

अनुज (वि०) [अनु+जन्+ड] छोटा भाई, बाद में उत्पन्न, पीछे जन्मा। (समु० ४/२१) श्रूयतां श्रवणयोरनुजेन, न श्रुतं च भवतामनुजेन। (जयो० ४/२) नानुजेन भवत: पिताजित:। (जयो० ७/६७) स केवलेन अनुजेन बाहुबलिना न जित: किमु, अपि तु जित एवेत्यर्थ:। (जयो० वृ० ७/६७)

अनुजा (स्त्री०) [अनु+जन्+टाप्] छोटी बहिन। (जयो० ९)

अनुजान् (सक०) समझना, मानना, कहना। घटकं तु विधिं तयो: सतो रनुजानामि वरं विचारिणाम्। जडमित्यनुजानतां वच: शुचि तावद्धरणौ विरागिणाम्।। (जयो० १०/७७, जयो० ४/३४) परमतांश्रितामाशङ्कामनुजग्राह। (जयो० १०/७७) समुन्नतं नक्रमिवानुजाने। (सुद० १/२४)

अनुजायता (वि०) स्मरणता, अनुष्ठीयता। (जयो० २/३६)

अनुजायमान (वि०) उत्पद्यमान। (सम्य० १२३)

अनुजीविन् (वि०) ०अनुचर, ०सेवक, ०आज्ञाकारी। ०परजीवि, ०पराश्रित। (जयो० ९)

अनुजीविजन: (पुं०) अनुचर लोग, सेवकजन। आश्रित लोग। (जयो० १०

अनुज्ञा (स्त्री०) ०अनुमति, ०स्वीकृति, ०आज्ञा, ०सहमति। 'पित्रोरनुज्ञामनुवर्तमाना।' अन्य की अनुमोदना (समु० ८/४)

अनुज्ञानम् (नपुं०) [अनु+ज्ञा+ल्युट्] आज्ञा, आदेश, अनुमति, स्वीकृति।

अनुज्ञात (वि०) अपरिचित, अनभिज्ञ। (जयो० वृ० ३/२१)

अनुज्ञापक (वि०) [अनु+ज्ञा+णिच्+ण्वुल्] आज्ञा देने वाला, आदेश देने वाला।

अनुज्ञापनम् (नपुं०) [अनु+ज्ञा+णिच्+ल्युट्] ०आज्ञा ज्ञापित करना, ०आदेश देना।

अनुतर्ष: (पुं०) [अनु+तृष्+घञ्] प्यास, कामना, इच्छा, मद्य।

अनुतप्प (वि०) संताप युक्त, दु:ख युक्त। (जयो० ९/४३)

अनुताप: (पुं०) [अनु+तप्+घञ्] पश्चाताप, संताप, पीड़ा, दु:ख। (जयो० ९/४)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अनुतापरत (वि०) संतापजन्य, दुःखजन्य। (जयो० ९/४३)

अनुतिलम् (अव्य०) सूक्ष्मता से, कण कण करके।

अनुतिष्ठ (वि०) स्थित रहने वाले। (भक्ति०१४)

अनु-तुप् (सम०) संतुष्ट करना, प्रसन्न करना। (जयो० २/७२)

अनुतेजस् (पुं०) निजप्रभाव, अपना यश। (जयो० ६/२३) तनुतेऽनुतेजसा स्वां। (जयो० ६/२३)

अनुत्क (वि०) खेदयुक्त। ०दुःखी, ०मानसिक पीड़ा युक्त।

अनुत्कृष्ट (वि०) उत्कृष्टता रहित, वेदना जन्य। सिद्धान्त की दृष्टि से आयु की द्रव्यवेदना भी 'अनुत्कृष्ट' कही जाती है।

अनुत्तम (वि०) अनुपम, सर्वोत्कृष्ट।

अनुत्तर (वि०) प्रमुख, प्रधान, सर्वोत्कृष्ट, अनुपम, उत्तर देने में असमर्थ, अद्वितीय। नात्स्युत्तरो अनुत्तरः। (जयो० ५/१२)

अनुत्तरमानी (वि०) अद्वितीय मान धारक। नास्त्युत्तरो मानः स्मयोः यस्मात् सोऽनुत्तरमानी। (जयो० वृ० ५/१२)

अनुत्तरंग (वि०) स्थिर, अनुद्वेलित, अविक्षुब्ध। ०व्याकुलता रहित, ०प्रशान्त, ०सुखी।

अनुत्तरलोकः (पुं०) अनुपम लोक (वीरो० १८/१६)

अनुत्थानं (नपुं०) प्रयत्न, प्रयास।

अनुत्सूत्र (वि०) नियमित। ०क्रमबद्ध, ०सूत्रागामी, पारम्परिक।

अनुत्सेकः (पुं०) सरल, क्षमाशील। उत्सेको गर्वः तस्य विजितः।

अनुदध् (अक०) धारण करना, पास रखना, पकड़ना। (तुल्यतामनुदधाति तस्य) (जयो० ४/५९)

अनुदयात्मक (वि०) दोष कारकता विहीन नहीं, दया दृष्टि रहित नहीं। दया जन्य, कृपा दृष्टि करने वाला। सम्यक्त्वे स कुतोन्यायाज्ज्ञाने वाऽनुदयात्मकं। (सम्य० वृ० १२१)

अनुदर (वि०) पतली कमर वाला, कृश, दुबला, क्षीण।

अनदुरि (स्त्री०) कृशोदरि (वीरो० ४/३२) स्वप्नावलि त्वनुदरि प्रतिभासि धन्या। (वीरो० ४/३२)

अनुदार (वि०) कंजूस, उदारता रहित, अपरोपकारी, स्वार्थी।

अनुदिनं (अव्य०) प्रतिदिन। (जयो० वृ० १२/४६)

अनुदेशः (पुं०) [अनु+दिश्+घञ्] संकेत, नियम, निर्देश, आदेश।

अनुद्विग्नत्व (वि०) अक्षोभ, क्षुब्ध नहीं होने वाला। (जयो० वृ० १/४९) ०प्रशान्त, ०सहनशील।

अनुद्दिष्ट (वि०) संयम विधि का साधक गुण, उद्दिष्ट त्याग। अनुदिष्ट आहार, अपने लिए बनाए गए भोजन का त्यागी। (सुद० वृ० १३२) (वीरो० १८/२५)

अनुद्दिष्टं चरेद्भुक्तिं यावन्मुक्तिं न सम्भवेत्।
स्वाचारसिद्धये यस्य, न चित्तं लोकवर्त्मनि।। (सुद० वृ० १३२)

अनुद्धत (वि०) अहंकार शून्य, मार्दव युक्त।

अनुद्भट (वि०) विनीत, सौम्य।

अनद्रुत (वि०) [अनु+द्रु+क्त] अनुगत, पीछा किया गया।

अनुधाव (अक०) अनुसरण करना, पीछे जाना। (जयो० १/४४)

अनुधावनं (नपुं०) अनुसरण, [अनु+धाव्+ल्युट्] पीछे जाना, भागना। (जयो० १/४४)

अनुध्या (सक०) [अनु+ध्या] विचार करना, मनन करना, चिन्तन करना, स्मरण करना। निरीहत्वमनुध्यायेद्यथाशक्त्यर्तिहानये। (सुद० १२५)

अनुध्यानं (नपुं०) [अनु+ध्या+ल्युट्] विचार, चिन्तन, मनन, स्मरण।

अनुनयः (पुं०) [अनु+नी+अच्] ०वाक्य परम्परा, ०शालीनता, ०शिष्टता, ०नम्रनिवेदन, ०आमन्त्रण, ०प्रार्थना, ०विनय, ०पूजन। नित्यमित्यनुनयप्रयच्छने। (जयो० २/१९६) पुनरनुनयोऽपि विनयोऽपि। (जयो० वृ० ४/१८) तनयां विनयाश्रयां ममाथानुनयाख्यानकरीति रीतिः-गाथा। (जयो० १२/५०) अननुयं नयानुसारं देशकालानुसारो वचनपद्धतिप्रकारो नयस्तुदनुसारम्। (जयो० वृ० १७/९०)

अनुनयन् (वि०) अनुकूलां कुर्वन्निव, अनुकूल करते हुए। (जयो० ३/१००)

अनुवादः (पुं०) [अनु+वद्+घञ्] ०प्रतिपादन, ०प्रति कथन, ०अनुकथन, ०प्रतिध्वनि, ०कोलाहल, शब्द। ०अर्थ प्रतिपादन, ०शब्दार्थ का विवेचन, ०भाषान्तरण।

अनुनायक (वि०) [अनु+नी+ण्वुल] विनम्र, सुशील, विनीत।

अनुनायिक (वि०) [अनु+नय+ठक्] अनुचरिक, अनुसारिक, अनुचारी।

अनुनासिक (वि०) [अनु+नासा+ठ] नासिका से उच्चरित, नासिक्य।

अनुनिर्देश (पुं०) [अनु+निर्+दिश्+घञ्] पूर्ववर्ती क्रम से वर्णन, क्रमानुसार वर्णन।

अनुनीत (वि०) साधित, सिद्ध किया गया। स्वीयन-भोगजनुष्वनुनीता विद्या अद्यागत्य विनीता। (जयो० २३/७९)

अनुनीत (वि०) समीपागत, समीपप्राप्त। जयस्य मुखचन्द्रमनुनीतः। (जयो० ६/२२) मुखमेव चन्द्र आहलादकत्वात्। तम्नुसमीपं नीतः प्रापितो ननु। (जयो० ६/१२२)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अनुनीतिः (स्त्री०) अनुनय, प्रार्थना, शालीनता, शिष्टता, नम्रनिवेदन।

अनुनीविः (स्त्री०) कटिवस्त्र बन्धन, नाडा। नीविमनु समीपमनुनीवि। (जयो० १२/१७)

अनुपघातः (पुं०) उपघात का अभाव, क्षति का अभाव।

अनुपचर् (सक०) स्वागत करना, सम्मान करना, आदर करना। आगतानुपचचार विशेषमेष। (जयो० ५/६)

अनुपतनं (पुं०) [अनु+पत्+ल्युट्] ऊपर गिरना, एक के बाद एक गिरना, पीछा करना, अनुसरण करना, क्रमिक अनुसरण करना।

अनुपथ (वि०) मार्गानुसार अनुरसण करने वाला, राजपथ के साथ साथ।

अनुपद (वि०) कदम के साथ कदम, अनुसरण करता हुआ, गीत टेक, गायन गति, सम्मिलित गायन।

अनुपदवी (स्त्री०) मार्ग, पथ, सड़क।

अनुपदिन् (वि०) [अनुपद+णिनि] अनुसरण करने वाला, अनुगामी।

अनुपदीना (स्त्री०) उपानत, जूता, ऊँची एड़ियों का जूता।

अनुपधः (वि०) उपधा रहित, जिसके पूर्व कोई अक्षर न हो।

अनुपधि (वि०) छल रहित, कपट रहित।

अनुपन्यासः (पुं०) वर्णन न करना, प्रमाणाभाव, संदेह, अनिश्चितता, कथनाभाव।

अनुपम (वि०) अनन्यसदृशी, सर्वोत्तम, अतुलनीय।

अनुपमा एनां विधायानुपमां भविष्यत्। (जयो० ११/८७)

अनुपप्लुतः (पुं०) सहायक। (सम्य० ८४)

अनुपमता (वि०) सर्वोत्तमता, श्रेष्ठत्व, योग्यतम। साम्यमहिंसा स्याद्वादस्तु सर्वज्ञतेयमुत्तमवस्तु। अनुपम-तयाऽनुसन्धेयानि पुनरपि चत्वारीत्येतानि। (वीरो० १५/६३)

अनुपमत्व (वि०) ०अनुपमता, ०उत्कृष्टता, ०प्रशास्यता ०सर्वोत्तमता। (जयो० ३/६२) ०श्रेष्ठ भाव युक्त।

अनुपमित (वि०) [नञ्+उप+मा+क्त] अतुलनीय, सर्वोत्तमता, बेजोड़।

अनुपमेय (वि०) अतुलनीय, अनुपमता, सर्वोत्तमता, श्रेष्ठता।

अनुपलम्भः (पुं०) किसी एक के अभाव स्वरूप जो अन्य की उपलब्धि होती है, वह अनुलंभ है। जैसे क्षणक्षण एकान्त सम्भव नहीं है, क्योंकि उसका अनुपलंभ है।

अनुपवासः (पुं०) आहार परित्याग, चतुर्विधाहारत्यागः, ईषदुपवासोऽनुपवास इति।

अनुपलंभः (पुं०) [नञ्+उप+लभ्+णिच्+घञ्] अप्रत्यक्ष होना, बुद्धि अभाव, ज्ञान हीन। अन्योपलभोऽनुपलंभः प्रमाण।

अनुपवीतिन् (वि०) यज्ञोपवतीत रहित।

अनुपशयः (पुं०) भड़काना।

अनुपसंहारिन् (वि०) हेत्वाभास का एक भेद, जिसके अन्तर्गत पक्ष सम्बन्धी सभी ज्ञात बात आ जाती है और उदाहरण द्वारा विधेयात्मक या निषेधात्मक, कार्य-कारण सिद्धान्त के नियम का समर्थन नहीं हो पाता।

अनुपसर्गः (पुं०) उपसर्ग का अभाव। निपातादि का अभाव।

अनुपस्थानं (नपुं०) [अनुप+स्था+ल्युट्] ०अभाव, ०विहीन, ०अनुपस्थिति, ०अप्रस्तुत, ०उपमा रहित स्थान, ०स्थिति का न होना।

अनुपस्थित (वि०) [नञ्+उप+स्था+क्त] अप्रस्तुत, उपस्थित न होना, सम्मुख न होना।

अनुपहत (वि०) अप्रयुक्त, कोरा, अक्षत, नया (कपड़ा)

अनुपातः (पुं०) अनुपतन, ऊपर पड़ना।

अनुपातक (वि०) [अनु+पत्+णिच्+ण्वुल्] अपराधी, घातक, अति आरम्भी, समारम्भी, हिंसक।

अनुपानं (नपुं०) [अनु+पा+ल्युट्] पश्चात् पान, औषधि के बाद पीने योग्य वस्तु का ग्रहण।

अनुपुरुषः (पुं०) अनुयायी, अनुचर, सहगामी, सहचर।

अनुपूर्व (वि०) क्रमशः, नियमित, क्रमबद्ध, मान रखने वाला।

अनुपूर्वशः (क्रि०वि०) क्रमागत रीति, क्रमानुसार।

अनुपूर्वेण (क्रि०वि०) क्रमागत रीति, अनुक्रम से।

अनुपेत (वि०) विरहित, ०विहीन, ०अभावजन्य।

अनुप्रज्ञानं (नपुं०) [अनु+प्र+ज्ञा+ल्युट्] अनुसारण, अनुगमन।

अनुप्रपातम् (अव्य०) क्रमागत, रीतिपूर्वक।

अनुप्रयोगः (पुं०) अतिरिक्त, उपयोग, आवृत्ति।

अनुप्रविधानं (नपुं०) [अनु+प्र+विधान+ल्युट्] अनुकूलकार्य, योग्य कार्य। मातुर्मनोरथमनुप्रविधानरक्षा। (वीरो० ५/४२) इच्छानुकूल कार्यचरणनिपुणा। (वीरो० वृ० ५/४२)

अनुप्रवेशः (पुं०) [अनु+प्र+विश्+घञ्] प्रविष्ट, अनुगमन, अन्दर जाना, अन्तः समावेश।

अनुप्रश्नः (पुं०) प्रश्न के बाद प्रश्न, एक प्रश्न पूछे जाने के बाद दूसरा प्रश्न।

अनुप्रसक्तिः (स्त्री०) [अनु+प्र+संज्+क्तिन्] प्राप्त करना, पहुंचना।

अनुप्रसङ्ग (वि०) अति संलग्नता, अन्तः संपर्क। विशेष एकाग्रता।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अनुप्राप्त (वि०) बार-बार अंङ्गीकृत। (सम्य० १४०)

अनुप्रास: (पुं०) अनुप्रास नामक अलङ्कार।

अनुप्रासालङ्कार

अनुप्रासोऽलङ्कार अलङ्कार, एक समान ध्वनियों या वर्णों की पुनरावृत्ति। वर्णसाम्यमनुप्रास:। (काव्यप्रकाश) तुल्य-श्रुत्यक्षरावृत्तिरनुप्रास: स्फुरद्गुणे: (वाग्भट्टालंकार ४/१७) समान सुनाई देने वाले अक्षरों की बार-बार आवृत्ति और माधुर्यादि गुणों की स्फुरणा जहां होती है। (जयो० ३/१११, ५/६, ५/२६, ५/३३ ८/६५, १४/२९, २२/७०, २३/६७ न भाविनो दिवसा इव शाश्वता मितिरर्निशयोरिह सम्मता। स्फुटमनाथ इतो नरनाथतां प्रमुदितो सदितं पुनरीक्ष्यपताम्।। (जयो० २५/६)

विरम विरमत: सुरमेऽमुकत:।

सुकतत्त्वमत्र न हि जातु। (जयो० २४/१४०)

अनुप्रासोपमा (स्त्री०) अनुप्रासोपमालङ्कार:। (जयो० ३/३६) विचक्षणेक्षणाक्षुण्णं वृत्तमेतद्गतं मतम्। क्षणदं क्षणमाध्यानात् कर्णालङ्करणं कुरु।। (जयो० ३/३८)

अनुप्रेक्षा (स्त्री०) ०भावना, ०बार-बार चिन्तन, ०अनुचिन्तन। (जयो० १८/८) ०स्वभावानुचिन्तनम्, तत्त्वानुचिन्तनम्। अनु- पुन: पुन: प्रेक्षणं-चिन्तनं अनुप्रेक्षा। अनुप्रेक्षा ग्रन्थार्थ योरेव मनसाऽभ्यास:। ०अभ्यास स्वाध्याय, ०तत्त्वार्थ चिन्तन आदि का नाम भी अनुप्रेक्षा है।

अनुप्रेक्षार्थ (वि०) प्रेक्षा/चिन्तनार्थ। (सम्य० ११६)

अनुबद्ध (वि०) [अनु+बन्ध्+क्त] संलग्न, तत्पर, संबद्ध, बंधा हुआ, सदान्ततरात्मन्यनुबद्ध शोक: (समु० १/३३) एवं जिनाज्ञामनुबद्धबुद्धे र्व्यापायत: पूर्णतया ऽऽप्तशुद्धे:। (भक्ति सं० ९.२८)

अनुबन्ध: (पुं०) [अनु+बन्ध्+घञ्] बन्धन, गठबन्धन, सम्बन्ध, प्रणय। आसक्ति, शृंखला, श्रेणी, नियोजन, प्रयोजन, उपक्रम, बाधा। (जयो० १२/१०) अनुबन्ध: कार्यविषय: प्रवाहपीणम:।

अनुबन्धनं (नपुं०) प्रत्यनुवर्तन, सम्बन्ध, नियोजन, उपक्रम, गठबन्धन। (जयो० २५/७०) अनयनो नितरां निजगन्धवे व्रजति हा विपदामनुबन्धने। (जयो० २५/७०)

विपत्तीनामनुबन्धने प्रत्यनुवर्तने (२५/७०)

अनुबन्धमूल्यं (नपुं०) प्रणयबन्धन का परिणाम, अनुबन्ध: प्रणयस्तर-परिणामश्च मूल्यं यस्या: सा ताम्। (जयो० ११/१)

अनुबन्धवशग (वि०) परमप्रेमवश, प्रणय-बन्धनवश, अनुराग युक्त, प्रणयवशीकृत। (जयो० १२/१०)

अनुबन्धिन् (वि०) [अनुबन्ध+गिनि] सम्बद्ध, सलम, संयुक्त, क्रमबद्ध, जोड़ने वाला। [स्वमिति सम्वदतोऽङ्गमिदं] गलन्तदनुबन्धि च बन्धुतया दलम्। (समु० ७/१८) (सम्य १२२)

अनुबन्धय (वि०) [अनु+ बन्ध+व्यन्] प्रधान, प्रमुख।

अनुबलं पीछे की सेना।

अनुबाहु: (पुं०) निजबाहु, अपना हुआ। वागाह नदनुबाहु र्निजबाहु (जयो० ६/२७)

अनुबिम्बित (वि०) प्रतिफलित, प्रतिबिम्बित। हृदये जयस्य विमले। प्रतिष्ठिता चानुबिम्बिता। (जयो० ६/१२६)

अनुबोध (वि०) [अनु+बुध्+णिच्+घञ्] अनुचिन्तन, अनुशीलन, पुनर्विचार, प्रत्यास्मरण।

अनुबोधनं (नपुं०) [अनु+बुध्+ल्युट्] पुनर्स्मरण, प्रत्यास्मरण, अनुचिन्तन।

अनुभव: (पुं०) [अनु+भू+अप्] प्रत्यक्ष व्यक्तिगत अवलोकन, समझ, ज्ञान। वस्तु के यथार्थस्वरूप की उपलब्धि, पर पदार्थों में विरक्ति, आत्मस्वरूप में तल्लीनता और हेय-उपादेय का विवेक। सिद्धान्त की दृष्टि से इस शब्द कर अर्थ इस प्रकार किया जाता है। "यो विपाको सो अनुभव इत्युच्यते" जो कर्म विपाक है, वह अनुभव है। विप्पकोऽनुभव:। (स०सि०८/३) रस विशेष भी अनुभव है। अनुभव को अनुभाग भी कहते हैं। कर्मपुद्गल-सामर्थ्य-विशेषोऽनुभवो मत:। (ह०पु०) ५८/२१२)

अनुभवनीय (वि०) भोग्य, अनुभव करने योग्य। (जयो० वृ० ४/३०)

अनुभवित्व (वि०) अनुभावित, विचारशीलत्व। (सुद० ४/३) (जयो० वृ० २/७४)

अनुभाविन् देखो ऊपर।

अनुभाग: (पुं०) ०अनुभव, ०ज्ञान, ०प्रत्यक्ष, ०अवलोकन, ०उपलब्धि, ०तल्लीनता। ०शुभाशुभ रस का प्रादुर्भाव। (सम्य० ४६) अनुभाग: कर्मणां रसविशेष:। (मूला०वृ० ५/४७)

अनुभाग-बन्ध: (पुं०) शुभ-अशुभ कर्मों के परिणाम।

अनुभाग-मोक्ष: (पुं०) निर्जीर्ण अनुभाग, अपकर्षित, उत्कर्षित, संक्रामित या अध: स्थिति गलन के द्वारा निर्जीर्ण अनुभाव का नाम अनुभाग मोक्ष है।

अनुभावय् (अक०) अनुभव करना, प्रकट करना। [अनु+भू+णिच्] अन्तस्तले स्वामनुभावयन्तुस्तुरिं (वीरो० १४/१४) सदैवाऽनुभावन्त्यो जननीमुदे वा। (वीरो० ५/४१)

अनुभाव: (पुं०) [अनु+भू+णिच्+घञ्] ०प्रभाव, ०मर्यादा, ०बल, ०अधिकार। अन्तस्थ सम्यग्वलिनोऽनुभाव:। (सुद०

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

२/४३) गर्भस्थ अतिबलशाली पुत्र का प्रभाव। तपोऽनुभावं दधता तथापि। (सुद० वृ० ११८) तप के प्रभाव को धारण करने वाला। स्वप्नावलीयं भवतोऽनुभावात्। (सुद० २/३५) उक्त पंक्ति में **'अनुभाव'** शब्द कृपा का सूचक है।

अनुभावः (पुं०) अनुभव, अवलोकन, ज्ञान, समझ। (विपाकोऽनुभावः। जो जिस कर्म का शुभाशुभ विपाक है, वह अनुभाव है। कर्मविशेषानुभवनं अनुभावः।

अनुभावि (वि०) आगमी काल। (सुद० ३/२५)

अनुभावित (वि०) अभिषिक्त, अभिसिञ्चित, द्रवीभूत। (जयो० ९/५४) मुदुदिताश्रुन्जलैरनु भावितम्। (जयों ९/५४) यान्यश्रुजलानि तैरनुभावितं समभिषिक्त मित्याशयः। (जयो० वृ० ९/५४)

अनुभावित (वि०) प्रत्येक बात का विचार करना, अनुभव वाला, विचारशीलता। (जयो० २३/३४) त्यागिताऽनुभाविता। (जयो० २/७४)

अनुभाषणं (नपुं०) [अनु+भाष्+ल्युट्] क्रमानुसार उच्चारण। उच्चारित, प्रत्याख्यान सम्बन्धी अक्षर, पद, व्यञ्जन आदि जिस क्रम से वर्णित हैं, उसी क्रम के अनुसार उनका अनुवाद रूप से घोषशुद्ध उच्चारण।

अनुभू (सक०) [अनु+भू] अनुभव करना, ०जानना, ०समझना, चिन्तन करना। (सम्य० १०९) अगणिताश्चगुणा गणनीयतामनुभवन्ति भवन्ति भवान्तकाः। (जयो० १/९४) गुणं जनस्यानुभवन्ति सन्तः। (वीरो० १/१४) पर्यटन्तोऽमी सुखमनुभवन्तु। (जयो० वृ० ११/७४)

अनुभूत (वि०) अनुभव करने योग्य, चिन्तनीय। (सुद० ९४) अनुभूता शतशो मयाऽ हो। (सुद० ९४)

अनुभूतमत (वि०) अनुभवजन्य, चिन्तनीय विचार। (समु० २/२४) अनुभूतमतः समुत्थितं। (समु० २/२४)

अनुभूतत्व (वि०) बार-बार अनुचिन्तन करने वाला।

अनुभूतिः (स्त्री०) अनुभव, चिंतन। (सम्य० ८४)

अनुभूष्णु (वि०) अनुभवकर्ता, विचार करने वाला, परिशीलन वाला।

उपपीडनतोऽस्मि तन्वि भावादनुभूष्णुस्तवकाम्र-काम्रतां वा। (जयो० १२/१२७)

अनुभूष्णुरस्मि, अनुभवकर्ता भवामीत्युक्ते। (जयो० वृ० १२/१२७)

अनुभोगः (पुं०) [अनु+भुज्+घञ्] उपभोग, प्रयुक्त, प्रयोगजन्य।

अनुभ्रष्टः (वि०) भ्रष्ट हुआ, पतित हुआ। सिद्धान्त की दृष्टि से 'अनुभ्रष्ट' वह है जो सम्यग्दर्शन से च्युत है। दर्शनाद् भ्रष्ट एवानुभ्रष्ट इत्यभिधीयते। (वराङ्गचरितम् २६/९६)

अनुभ्रातृ (पुं०) छोटा भाई, अनुज।

अनुमत (वि०) [अनु+मन्+क्त] सम्मत, अनुज्ञात, मानित, सम्मानित, अनुज्ञप्त, इच्छित, अभिलषित, अभीप्सित, मान्य। (जयो० २२/८०) ०स्वयं न करोति, न च कारयति, किन्त्यवभ्युपैति यत्तदनुमननम् (भ०आ०टी०८१) ०अनुमतं अनुज्ञातम्। ०अन्यदप्यनुमतादुरीकुरु लोक एव खलु लोक संगुरुः। (जयो० २/९०) ०जो सज्जनों द्वारा **'सम्मत'** हो उसे स्वीकार करना चाहिए। तं खलु विशेष कायानुमतं। (जयो० २२/८०) ०नामानुमतं मानितम्। (जयो० वृ० २२/८०)

अनुमतं (नपुं०) अनुमोदन, अनुज्ञप्ति, स्वीकृति।

अनुमतिः (स्त्री०) [अनु+मन्+क्तिन्] स्वीकृति, अनुज्ञा, अनुमोदन, अनुमनन।

नैव लोकविपरीतमञ्चितु शुद्धमप्यनुमतिर्गृहीशितुः। (जयो० २/१५)

अनुमतिः स्वीकृतिः। (जयो० वृ० २/१५)

अनुमन् (अक०) [अनु+मन्] सम्मत होना, अनुज्ञात होना। नैवानुमन्यते धाष्ट्र्यात्समाजस्यानुशासनम्। (हित सं० वृ० ५) तमनुमन्तुमवाप्य चचाल सः। (जयो० २/१४२) यहां **'अनुमन्तुम्'** का अपराध करने/ आक्रमण करने के लिए भी है।

अनुमननं (नपुं०) [अनु+मन्+ल्युट्] स्वीकृति, सम्मति, अनुज्ञप्ति।

अनुमा (स्त्री०) अनुमति, स्वीकृति। (वीरो० २०/१७) दिए गए कारणों से अनुमान।

अनुमाता (वि०) स्वीकृति दाता (वीरो० ८/१७)

अनुमात्व (वि०) [अनु+मा+ल्युट्] अनुमान करने वाला। (वीरो० ३/६) ततोऽनुमात्वे प्रति चाद्भुतत्वं। (वीरो० ३/६)

अनुमानं (नपुं०) [अनु+मा+ल्युट्] न्यायशास्त्र का एक नियम, ०उपसंहार, ०सादृश, ०अटकल, ०अन्दाज। (जयो० ५/६०) ०अभिनिबोधस्य अनुमानस्य विसर्गः प्रवृत्तिः (जयो० वृ० ५/१७) ०साधन से साध्य के ज्ञान को अनुमान कहा जाता है। जैसे धूम को देखकर अग्नि का ज्ञान करना। ०यत्कृष्णवर्त्मत्वमृते प्रतापवह्निं सदाऽमुष्य जनोऽभ्यवाप। (वीरो० ३/६) परन्तु राजा जो कृष्णवर्त्मा/पापाचार से

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

रहित था, फिर भी लोग 'कृष्णवर्त्मा' (काले मार्ग वाला धूम) के बिना ही इसके प्रताप रूप अग्नि का अनुमान करते थे। **कौतुकाशुगसुलास्य विधाने रङ्गभूमिरियमित्यनुमाने।** (जयो० ५/६०) यह सुलोचना 'पुष्पक्षायक' कामदेव के शोभन नृत्य की रङ्गभूमि है, रङ्गमंच है, इस प्रकार अनुमान लगाने पर वहां सूत्रधार महेन्द्रदत्त नामक कञ्चुकी ही कहा जाएगा। **'०साधात्साध्यविज्ञानमनुमानम्'** (परीक्षमुख ३/१४)

अनुमानाभासः (पुं०) पक्ष न होने पर पक्ष के समान प्रतीत होने वाले अनिष्ट, सिद्ध या प्रत्यक्षादिबाधित साध्य युक्त धर्मी से उत्पन्न होने वाले ज्ञान अनुमानाभास है।

अनुमानित (वि०) अनुमेय, अनुमान किया जाने वाला। अनुमानित दोष भी माना गया है।

अनुमानालङ्कारः (पुं०) प्रत्यक्षाल्लिङ्गतो यत्र, कालत्रितप्रयर्तिनः लिङ्गिनो भवति ज्ञानमनुमानं तदुच्यते। (महा० ४/१३७) जिस अलंकार में प्रत्यक्ष चिह्न या कारण से भूत भविष्यत् और वर्तमान से होने वाली सादृश्य वस्तु का बोध होता है। (जयो० ६/८०) जिसमें गुरु के अभिप्राय या उपाय से ज्ञात्व की आलोचना की जाती है।

आजिषु तत्करवलैर्हय-क्षुर-क्षोदितासु संपतितम्।
वंशान्मुक्तावबीजं पल्लवितोऽभूद्यशोद्रुरितः।। (जयो० ६/८०)

घोड़ों के खुरों से खोदी गई युद्धस्थल की भूमियों में इस राजा के करवालों द्वारा हाथियों के कुम्भस्थलों से मोती रूप बीज गिर पड़ा, इसी कारण यहां इस राजा का यशरूपी वृक्ष खड़ा हुआ पल्लवित हो रहा है।

अनुमान्य (वि०) समादरणीय, अनुमेय। 'मुनेः सदा न्यायपथानुमान्या' (जयो० २७/६१) ''अनुमानविषयाऽनुमेया भवति।'' (जयो० वृ० २७/६१)

अनुमितं (नपुं०) अनुमान। (जयो० १४/६४) अवश्यम्भावी (वीरो० १७/३)

अनुमितिः (स्त्री०) अनुमान ज्ञान। (वीरो० २०/१६) सा चेदसत्याऽनुमितिः कथम्। (वीरो० २०/१६) कार्य-कारण के अविनाभावी सम्बन्ध के स्मरण पूर्वक तो अनुमान ज्ञान उत्पन्न होता है। यदि ऐसा कहो तो अनुमान ज्ञान भी अवस्तु है/अप्रमाण रूप है।

अनुमिति-अलंकारः (पुं०) अनुमानालङ्कार (जयो० १४/६४)

निमज्जिताया जले जवेन नेत्रानुमितं मुखं सुखेन।
तदङ्ग राग-गन्ध-लुब्धेन सम्पतता रोलम्बकुलेन।।

(जयो० १४/६४) किसी स्त्री ने वेग से-पति को जताए बिना ही पानी में डूबकी लगा ली। उसके अङ्गराग की सुगन्ध के लोभी भ्रमरों का समूह वहां मंडराने लगा। इस भ्रमर समूह के पति को अनायास ही अनुमान हो गया कि यह डूबी है। अतः यहां अनुमिति अलंकार है।

नेत्रा स्वामिनाऽनुमितं ज्ञातमित्यनुमितिरलंकार। (जयो० वृ० १४/६४)

अनुमेय (वि०) ०अनुमान्य ०समादरणीय, ०दर्शनीय। (जयो० १/३२) (जयो० २७/६१) लास्यं रसा सम्यजनानुमेयम्। (जयो० १/३२)

अनुमुद् (सक०) समर्थन करना, ०स्वीकृत करना ०अनुमोदन करना। समायाता जिनस्यास्य प्रस्तावमनुमोदितुम्। (वीरो० १०/२३)

अनुमोदनं (नपुं०) [अनु+मुद्+ल्युट्] सहमति, स्वीकृति, अनुमोदना, समर्थन, सम्मति।

अनुमोदना (स्त्री०) प्रशंसा, गुणगान। सिद्धान्त में अधः कर्मदूषित भोजन करने वाले साधु की प्रशंसा करना भी अनुमोदना है।

अनुया (अक०) [अनु+या] अनुभव करना, प्राप्त होना। (सम्य० २१) जानना, समझना, अनुचिन्तन करना। अनुययौ (जयो० १९/४) अनुयान्ति (मुक्ति ५) वर्णभावमनुयान्तु सुतायामित्यभूत। (जयो० ५/३५) अनुयान्तु प्राप्नुवन्तु।

अनुयाजः (पुं०) [अनु+यज्+घञ्] अनुष्ठान करना, यज्ञ करना, अनुयोग।

अनुयातृ (पुं०) [अनु+या+तृच्] अनुगामी अनुगमनशील।

अनुयात्रं (नपुं०) [अनु+यातृ+अण्] परिजन, अनुचरवर्ग, अनुसरण।

अनुयानं (नपुं०) अनुसरण, अनुगमन।

अनुयायिन् (वि०) [अनु+या+णिनि] अनुगामी, सेवक, अनुवर्ती, अनुचर। (वीरो० २२/१०) (दयो० ३१)

अनुयायिनी (वि०) अनुसरणकर्त्री। (जयो० २२/८२)

अनुयुक्तः (स्त्री०) ०निरंकुश, ०निराधार। (सुद० १०३) (सम्य १००,) यदृच्छयाऽनुयुक्तापि न जातु फलितीं नरि। (सुद० १०३)

अनुयुक्तिः (स्त्री०) आसक्ति, अनुरक्त। त्वच्छासनैकाशनकानुयुक्ती। (जयो० २६/१००)

अनुयोक्तृ (पुं०) [अनु+युज+तृच्] ०परीक्षक, ०जिज्ञासु, ०अध्यापक, ०नियोक्ता, ०निर्देशक।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अनुयोगः (पुं०) उपयोग, उद्देश्य, परीक्षा, ०अनुयोजन, ०संलग्नता, ०संयोग, ०उदय। (दयो० १०४, समु० ६/२३, सुद० १२०, जयो० २/६५) भुक्त्यन्तर तज्जरणार्थमम्भोऽनुयोग आस्तामध एव किम्भो। (सुद० १२०) अम्भोऽनुयोग-जल का उपयोग या जल का पीना यह अर्थ है। भवतामनुयोगेन तृणवत्सम्मतोऽप्यहम्। (दयो० १०४) भवतामनुयोगे-आपके सहारे से, या आश्रय से यह अर्थ कवि ने लिया है। सापीह सौभाग्यगुणानुयोगादनेन सार्द्धं सुकृतोपयोगा। (समु० ६/२३) उक्त पंक्ति में 'सौभाग्यगुणा योगादनेन' में 'अनुयोग' का अर्थ संयोग है। जयोदय महाकाव्य के बीसवें सर्ग में प्रयुक्त 'अनुयोग' का अर्थ सम्बन्ध या संयोग भी है। यथा-दुग्धस्य धारेव किलाल्पमूल्यस्तत्रानुयोगो। मम तक्रतुल्यः। (जयो० २०/८४) तत्र ममानुयोगः सम्बन्धस्तक्रतुल्योऽल्पमूल्य एव यथा तक्रसंयोगे दुग्धस्य दधिपरिणतिर्भूत्वा नवनीतसम्पत्तिकर्त्री स्वयमेव भवति।

अनुयोगः (पुं०) सूत्र की अनुकूल योजना। अनुयोजनमनुयोगः (जयो० वृ० १/६) 'अनु' का अर्थ पश्चात् भाव का स्तोक है। अर्थात् स्तोक सूत्र के साथ जो 'योग' होता है, वह 'अनुयोग' है। यह 'प्रथम-करण-चरण-द्रव्यानुयोग रूपेण। १. प्रथमनुयोग, २. करणानुयोग, ३. चरणानुयोग और ४. द्रव्यानुयोग से चार प्रकार का है। 'जयोदय' के प्रथमसर्ग में अनुयोग चतुष्टय पर इस प्रकार प्रकाश डाला है-"प्रकर्षेण योगो मनोनिग्रहाख्यः प्रयोगः, करणानां स्पर्शनरसनादीनामिन्द्रियाणामनुयोगः संसर्गस्ते समेत्य, हे सुदृढोपयोग श्रावक! अनुयोग चतुष्टये प्रथम-करण-चरण-द्रव्योपनामके शास्त्रचतुष्के नवता नवीनभावो बभूव। (जयो० वृ० १/३४) इस प्रथम सर्ग के चौंतीसवें श्लोक में 'करणानुयोग' का कथन मात्र है, परन्तु कवि ने चारों 'अनुयोगों' का कथन करके 'करणानुयोग' की विस्तृत व्याख्या की है। करणानुयोग नाम गणितशास्त्रम्। (जयो० वृ० १/३४) प्रथमसर्ग के इक्कीस एवं बाइसवें श्लोक में भी अनुयोग पर प्रकाश डाला है। द्वितीयसर्ग में प्रत्येक अनुयोग के महत्त्व पर विचार किया गया है।

अनुयोग-चतुष्टय (वि०) चार अनुयोग सम्बन्धी प्रथम-करण-चरण-द्रव्यानुयोगरूपेण।

अनुयोगद्वारः (पुं०) अनयोगद्वार (जयो० १/३४) ग्रन्थ (जयो० १/६)

अनुयोगवर्तिनी (वि०) ०चक्रवर्तिनी, ०चक्राकार प्रवृत्ति। (जयो० ५/९२) ०आज्ञानुसार इधर उधर जाती।

अनुयोग-मात्रता (वि०) ग्रन्थकर्तुरुद्देश्य भाव। (जयो० २/४२)

अनुयोग-समयः (पुं०) अनुयोग शास्त्र। निमित्तकमुखेषु शास्त्रेषु, अनुयोगसमयेषु। (जयो० वृ० २/६४)

अनुयोगिनी (वि०) अङ्ग संगत, अङ्ग से लिपटी हुई। (जयो० १०/११५) अङ्गेनानुयोगोऽस्या अस्तीत्यनुयोगिनी। (जयो० १०/११५)

अनुयोजनं (नपुं०) [अनु+युज्+ल्युट्] प्रवर्तन, प्रश्न, पृच्छा। एतकैर्निजहितेऽनुयोजनमस्ति। (जयो० २/५०) आत्मकल्याणे योजनं प्रवर्तनमस्ति। (जयो० वृ० २/६०) अनुयोग का भी अनुयोजन नाम है। अनुयोजनमनुयोगः (जयो० वृ० १/६)

अनुयोजनं (नपुं०) बिना प्रयोजन, मनोमालिन्य, निरादर। (जयो० ४/२७) अर्ककीर्तिरनुयोजनमात्रगता वयमनर्थतयाऽत्र। (जयो० ४/२७)

अनुयोज्य (वि०) [अनु+युज्+ण्यत्] सेवक, अनुचर, सहभागी।

अनुरक्त (वि०) [अनु+रज्+क्त] रत, अनुराग, प्रेम, आसक्ति, निष्ठावान्, संतुष्ट, प्रसन्न। (जयो० वृ० ३/८८,

अनुरक्ति (स्त्री०) [अनु+रंज्+क्तिन्] अनुराग, प्रेम, आसक्ति। (जयो० ४/१५) छाययाऽभिददतीत्यनुरक्तिम्।

अनुरञ्ज् (सक०) [अनु+रंज्] प्रसन्न करना, अनुराग करना, संतुष्ट करना। शरीरर्मन तादृशं हन्त यत्रानुरज्यते। (वीरो० १६/९)

अनुरञ्जक (वि०) प्रसन्न करने वाला, संतुष्ट करने वाला, अनुराग करने वाला।

अनुरञ्जनं (नपुं०) [अनु+रंज+ल्युट्] अनुराग करने वाला, संतुष्ट करने वाला, आनन्दित करने वाला। (जयो० २५/१५) भुवि जनाभ्यनुरञ्जन तत्परः भवति वानर इत्यथवा नरः। (जयो० २५/१५)

अनुरञ्जित (वि०) [अनु+रञ्ज्+क्तिन्] ०गुणानुरागी, ०प्रशंसनीय, ०अनुरागिणी। ०रंगे हुए। पादद्वयाग्रे नखलाभिधानोऽनुरञ्जितः। (जयो० ११/१४)

अनुरञ्जिनी (वि०) ०गुणानुरागी, ०प्रशंसनीय, ०अनुरागयुक्त, ०रंगे हुए। गृहस्थस्य समा भाति, समन्तादनुरञ्जिनी। (हित संपा०७)

अनुरज्य (वि०) अनुरक्त, अनुराग युक्त, संतुष्ट। (जयो० २७/३६) सुद० ४/११, (अनुरज्यते सम्य, २४) घने वने ब्रह्मधनेऽनुरज्य।

अनुरणनं (नपुं०) [अनु+रण्+ल्युट्] ०अनुरूप लगना, ०प्रतिध्वनि, ०नुपूरध्वनि, ०घुंघरू प्रतिशब्द।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अनुरतिः (स्त्री०) [अनु+रम्+क्तिन्] प्रेम, ०सानुकूलवृत्ति, ०आसक्ति। (जयो० २३/६८) रताद विरक्ताप्युनरतिमापालतं जगतश्छाया। (जयो० २३/६८)

अनुरथ्या (स्त्री०) पगडंडी, उपमार्ग।

अनुरसः (पुं०) प्रतिध्वनि, गुंजन।

अनुरहस (वि०) गुप्त, एकान्तप्रिय, शान्त।

अनुरागः (पुं०) [अनु+रंज्+घञ्] प्रेम, स्नेह। (वीरो० २२/५१)

अनुरागकः (पुं०) रति ०आसक्ति, ०अनुराग, ०भक्ति, ०निष्ठा, ०श्रद्धा। (जयो० १/४०)

अनुराग-करणं (नपुं०) अनुराग का कारण, अनुराग करना, आसक्ति रखना। वस्तुत्वेन ततोऽनुरागकरणं (मुनि०१७)

अनुरागधारिणी (वि०) अनुराग धारण करने वाली, स्नेहवती। तव सुदृगनुकरिण्यां प्रान्तेष्वनुरागधारिण्याम्। (जयो० २०/२१)

अनुरागसम्बर्द्धन् (वि०) अनुराग बढ़ाने वाला (वीरो० २१/१९)

अनुरागार्थ (वि०) ०प्रीत्यार्थ, ०स्नेहार्थ। लालिमा यत्रानुरागार्थमुपैति चेतो। (वीरो० १/१३)

अनुरागिन् (वि०) अनुरागी, स्नेही।

अनुरात्रं (क्रि०वि०) (अव्य०) प्रतिरात्रि, प्रत्येक रात्रि।

अनुराधा (स्त्री०) अनुराधा नक्षत्र, २७ नक्षत्रों में सत्तरहवां नक्षत्र।

अनुरुः (पुं०) अ-पद, पैर का अभाव। सूतोऽपदो येन रथाङ्ग-मेकं। (जयो० १/११)

अनुरूध (अक०) आश्रय लेना, विचार करना, इच्छापूर्ति करना। मूलसूत्रमनुरुद्धय नृत्यतः। (जयो० २/२९)

अनुरूप (वि०) तुल्य रूप, सदृश, एक समान। भूपेऽमुष्मिञ्छ्रिया पावनयाऽनुरूपे। (सुद० १/२९), (जयो० १/६४) अहो किलाश्लेषि मनोरमायां त्वयाऽनुरूपेण मनो रमायाम्।

अनुरूपता (क्रि०वि०) समनुरूपता, सादृश्यता, अनुकूलता। (दयो० १००) भार्यायामनुरूपताऽऽपि। (दयो० १००)

अनुरूसादित (वि०) जघन स्थल। तावदनुरूसादितः सुभगाद्। (सुद० १००)

अनुरोधः (पुं०) [अनु+रुध्+घञ्] ०आग्रह, ०निवेदन, ०प्रार्थना, ०याचना, (सम्य० १५६) ०आराधना, ०विनय, ०इच्छा, ०विचार।

अनुरोधनं (नपुं०) निवेदन, विनय, प्रार्थना।

अनुरोधिन् (वि०) [अनु+रुध्+णिनि] प्रार्थना करने वाला, विनम्रशील।

अनुलग्न (वि०) अन्तर, लगी हुई, संलग्न। (समु० २/२८, जयो० २१/७५)

अनुलापः (पुं०) [अनु+लप्+घञ्] आवृत्ति, पुनरुक्ति।

अनुलिङ्ग (वि०) अनुमान। (जयो० ६/१००)

अनुलेपः (पुं०) [अनु+लिप्+घञ्] उपटन, मर्दन।

अनुलोम (वि०) नियमित, स्वाभाविक, क्रमानुसार, अनुकूल। अनुलोमं मनोहारी। अजानुलोमस्थितिरिष्टवस्तु। (जयो० ११/८२) उक्त पंक्ति में 'अनुलोम' का अर्थ निर्लोम, रोम रहित है। जयकुमार की दृष्टि के सामने सुलोचना निर्लोम जङ्घाओं से युक्त है।

अनुलोमिन् (वि०) निर्लोमला रहित, नियमित (सम्य० १८)

अनुल्लङ्घ्य (वि०) अतिक्रम्य, आगे ले जाते हुए। अखिलानुल्लङ्घ्य जनान् सुलोचना। (जयो० ६/१०१)

अनुल्वण (वि०) बहुत गम, अधिक नहीं।

अनुवंशः (पुं०) वंशक्रम, वंशतालिका।

अनुवक्र (वि०) अत्यन्त कुटिल, तिरछा, अधिक तिर्यग।

अनुवचनं (नपुं०) आवृत्ति, पाठ, स्वाध्याय।

अनुवर्त् (अक०) [अनु+वृत्] पालन करना, अनुकरण करना। छायेव तं साऽप्यनुवर्तमाना। (सुद० प०११५) छाया की तरह अनुकरण करती हुई। पित्रोरनुज्ञामनुवर्तमाना। (समु० ६/१४)

अनुवर्तनं (नपुं०) [अनु+वृत्+ल्युट्] ०अनुगमन, ०अनुरूपता, ०स्वीकृति, ०आज्ञानुशीलता, ०प्रसन्न करना, ०संतुष्ट करना।

अनुवर्तिन् (वि०) [अनु+वृत्+णिचि] अनुगामी, आज्ञाकारी, अनुकूल, अनुरूप।

अनुवर्तिनी (वि०) अनुकूलवृत्ति, अनुगामिनी, आज्ञाकारिणी। (जयो० वृ० १२/९२) नानुवर्तिनी रवौ प्रतियाते। (जयो० ५/२५) सूर्येऽनुवर्तिनि सानुकूलवृत्ति। (जयो० वृ० ५/२५)

अनुवद् (अक०) ०कहना, ०भाषण करना, ०सुनना (वृत्तं त्वनुवदन् २/१४३) ०प्रतिपादन करना, ०समझना, ०अनुमोदन करना। ध्यानं तदेवानुवदन्ति सन्तः। (समु० ८/३४) तद्दानमप्यनुवदामि पापकृत्। (जयो० २/१०३)

अनुवदता (वि०) अनुमोदन करने वाले, समर्थन करने वाले, प्रशंसक, अनुवादक। आराम-रामणीयकमनुवदताऽदर्शि हर्षिताङ्गेन। (जयो० १/९०)

अनुवश (वि०) आज्ञाकारी, अनुगामी।

अनुवाकः (पुं०) [अनु+वच्+घञ्] ०आवृत्ति करना, ०स्वाध्याय करना, ०पाठ करना, ०याद करना।

अनुवाचनं (नपुं०) [अनु+वच्+णिच्+ल्युट्] सस्वर पाठ करना, अध्यापन, शिक्षण।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अनुवादः (पुं०) [अनु+वद्+घञ्] समर्थन, प्रातिनिध्य, व्याख्या, उदाहरण, दृष्टान्त, प्ररूपणा, निरूपणा। ढक्कानिंनादस्तनितानुवादः (जयो० ८/६७) उक्त पंक्ति में 'अनुवाद' का अर्थ 'प्रातिनिध्य' है, प्रतिध्वनि भी इसका अर्थ है। भवताद्भवतां प्रसन्नपाद-परिणेत्रीति वरं ममानुवादः। (जयो० १२/१६) उक्त पंक्ति में 'अनुवाद' का अर्थ समर्थन है। दृढ़ संकल्प भी इसका अर्थ है।

अनुवादक (वि०) [अनु+वद्+ण्वुक्] व्याख्याकार, वृत्तिकार, अनुवाद करने वाला।

अनुवादिन् (वि०) [अनु+वद्+णिनि] अनुवादक, व्याख्याकार विवेचनकर्ता।

अनुवाद्य (वि०) [अनु+वद्+णिच्+यत्] आख्येय, कथित, प्रतिपाद्य।

अनुवासः (पुं०) सुगन्ध युक्त, सुरभि सम्पन्न, सुगन्धित बनाना। (जयो० १३/१९)

अनुवासना (स्त्री०) सुगन्धदशा, सुगन्ध रूप वासना। (जयो० १३/१९)

अनुवासित (वि०) सुवासित, सुगन्धित किया हुआ, धूपित।

अनुवित्तिः (वि०) [अनु+विंद्+क्तिन्] निष्कर्ष, प्राप्ति।

अनुविध् (सक०) जानना, समझना। तत्किमङ्गमिह नानुविधत्ते। (जयो० ४/३४) नानुविधत्ते नानुजानाति। (जयो० वृ० ४/३४)

अनुबिद्ध (वि०) [अनु+व्यध्+क्त] ०आहत किया, ०घायल किया, ०भेदा गया, ०छेदित, ०मिश्रित, ०व्याप्त, ०विद्ध, ०पूर्ण, फैला हुआ, ०प्रसरित। कामशरैरनुविद्धान, सुगहराम्। (जयो० ६/४४)

अनुविधानं (नपुं०) [अनु+वि+धा+ल्युट्] आज्ञाकारिता, आज्ञाशीलता।

अनुविधायिन् (वि०) आज्ञाकारी, अनुगामी।

अनुविनाशः (वि०) [अनु+वि+नश्+घञ्] पश्चात् नष्ट होना।

अनुविंद् (सक०) [अनु+विन्द्] ०लेना, ०देखना, ०धारण करना वृत्तभावमनुविन्दति नित्यम्। (जयो० ५/४६) ०सदैव वृत्तभाव को धारण करता है। अनुविन्दति सुन्दरे नवीनां दर- रूपोच्चकुचामितः प्रवीणा। (जयो० १२/११४) कामपि वधूटीमनुविन्दति, पश्यति सति। (जयो० ४२/११४) उक्त पंक्ति में 'अनुविंद्' का अर्थ ०देखना, ०अवलोकन करना भी है। तत्परस्य विधिनाभ्यनुविंदन्। (समु० ५/१२) उक्त पंक्ति में 'अनुविंद्' का अर्थ ०प्रतिकार करना भी है।

अनुवृत्त (वि०) [अनु+वृत्+क्त] आज्ञाकारी, अनुगामी, प्रतिगामी। अनुकूल। (वीरो० १७/८)

अनुवृत्तबुद्धिः (वि०) अनुकूल आचरण। (वीरो० १७/८)

अनुवृत्तिः (स्त्री०) [अनु+वृत्+क्तिन्] आज्ञाकारिता, अनुरूपता, अनुगामिता, अनुकूलाचरणकारिणी। (जयो० २२/२७) 'ते चानुवृत्ते अनुकूलाचरणकारिण्यौ' 'यथा राजा तथा प्रजा' इत्यादि सूक्ते, अनुवृत्तेः वर्तुलाकारे। (जयो० २२/२७) उक्त स्थान पर 'अनुवृत्ति' के दो अर्थ हैं। अनुकूलचारिणी और वर्तुलाकार।

अनुविस्मय (वि०) अति विस्मय। (सुद० १२३)

अनुबंध (अक०) घुनना, खराब होना। (जयो० वृ० २/७७)

अनुशतं (नपुं०) सौ के साथ, सतसंख्या युक्त।

अनुशतिक (वि०) सौ रुपये सहित।

अनुशयः (पुं०) [अनु+श्री+अच्] रंज, खेद, पश्चात्ताप, संताप।

अनुशयान (वि०) [अनु+शी+शानच्] खेद प्रकट करता हुआ, दुःख व्यक्त करता हुआ।

अनुशयिन् (वि०) [अनुशय+णिनि] अनुरक्त, श्रद्धालु, आस्थावान, पश्चात्ताप करने वाला।

अनुशयक मूल्यम् (नपुं०) एक रूपता का मूल्य (वीरो० १७/२०)

अनुशरः (पु०) [अनु+शृ+अच्] राक्षस, असुर।

अनुशासक (वि०) [अनु+शास्+ण्वुण्] शासक, निर्देशक, शिक्षण, प्रशिक्षक, प्रशासक, नियन्त्रक।

अनुशासनं (नपुं०) [अनु+शास्+ल्युट्] ०प्रशासन, ०आत्मनियन्त्रण ०प्रोत्साहन, ०आदेश, ०नियामक, ०नीतिज्ञ, ०पितुः प्रसाद, ०विधिकर्ता। (हित०स००५) (जयो० वृ० १/६७) नैवानुमन्यते धाष्ट्यात्समाजस्यानुशासनम्।

अनुशिक्षिन् (वि०) [अनु+शिक्ष्+णिनि] क्रियाशील, सीखने वाला।

अनुशिष्टिः (स्त्री०) शिक्षण, अध्यापन। सूत्रानुसारेण शिक्षादानम्, आज्ञा, आदेश। अनुशासनं शिक्षणं निर्यापकाचार्यस्य। (भ०आ०७०)

अनुशोकः (पुं०) [अनु+शुच्+घञ्] पश्चात्ताप, खेद, संताप।

अनुश्रेणिः (स्त्री०) अनुक्रम से अवस्थित। अनुशब्दस्य आनुपूर्व्येण वृत्तिः श्रेणेरानुपूर्व्येणानुश्रेणीति। (स०सि०२/२६)

अनुश्रोत (पुं०) अतिशय बुद्धिधारक।

अनुषक्त (वि०) [अनु+षंज्+क्त] संबद्ध, संलग्न, संसक्त।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अनुषङ्गः (पुं०) [अनु+षंज्+घञ्] प्रसंग, संलग्न, ०सबद्ध। अनुगृह्णन्ननुषङ्गसम्भवम्। (जयो० १३/४४) ०'प्रसङ्ग प्राप्त' अर्थ है। अशक्नुवन्तो युगपत्पतङ्गा इवाऽऽनिपेतर्दुहनेऽनुषङ्गात्। (जयो० ८/५२)

अनुषङ्गजन्मिन् (त्रि०) प्रसङ्ग प्राप्त/०संलग्न, तत्परता युक्त षडङ्घ्रिमाला ह्यनुषङ्गिजन्मिनाम्। (जयो० २४/८३) प्रसङ्गतः प्राप्तानामागसामपराधानाम्। (जयो० वृ० २४/८३)

अनुषङ्गत् (वि०) प्रसङ्गवश। (जयो० ७/५९) हृष्यदङ्गमनुसङ्गतोऽङ्गना।

अनुषङ्गिक (वि०) [अनुषङ्ग+ठ] सहवर्ती, निकटवर्ती।

अनुषङ्गिन् (वि०) [अनु+षंज्+णिनि] संबद्ध, अनुरक्त, संसक्त, व्यावहारिक।

अनुषङ्गजनीय (वि०) [अनु+षंज्+अनीय] पूर्ववाक्य से ग्राह्य, पूर्वानुसार प्राप्त।

अनुषेकः (पुं०) [अनु+सिच्+घञ्] अभिषेक, पुनः अभिषिञ्चित।

अनुष्टुभ् (स्त्री०) [अनु+स्तुभ+क्विप्] सरस्वती, भारती, वाणी।

अनुष्ठ (सक०) [अनु+स्था] स्मरण करना, याद करना। अनुजायताम नुर्ष्ठीयताम्। (जयो० वृ० २/३६)

अनुष्ठातुम् (अनु+स्था+तुमुन्) स्मरण करने योग्य। (वीरो० १७/४०)

अनुष्ठान (नुपं०) [अनु+स्था+ल्युट्] कार्यनिष्पादन, आज्ञापालन, समीपवास। अनु समीपे स्थानं निवासं। (जयो० २२/२४) अध्ययन, ०बोध, आचरण और प्रचार इन चार अनुष्ठान से युक्त जयकुमार थे। (जयो० वृ० १/१३)

अनुष्ठापनं (नपुं०) [अनु+स्था+णिच्+ल्युट्] कार्य कराना, कार्य निष्पादन।

अनुष्ठायिन् (वि०) कार्य कराने वाला। कार्यनिष्पन्नक, आज्ञापालक। सनाभयस्ते भय एव यज्ञानुष्ठापिनो वेदपदाऽऽशयज्ञाः। (वीरो० १४/३)

अनुष्ठेय (वि०) अनुष्ठानवाला, यज्ञकर्ता। (जयो० वृ० १/२२)

अनुष्ठेयता देखो–अनुष्ठेय।

अनुष्णा (वि०) शिशिर, शीतल, ठंडा, शिथिल, वीतराग, गर्मी रहित। (जयो० वृ० १२/६)

अनुष्णाच्छायः (पुं०) शिशिरच्छाय, शीतल छाया। (जयो० वृ० १२/६)

अनुष्यंदः (पुं०) [अनु+स्यन्द+घञ्] पिछला पहिया।

अनुसज (वि०) संलग्न, तत्पर। स्वगनन्दिगन्धनेऽनुसजत्। (जयो० वृ० ६/१२७)

अनुसज्ज (वि०) संलग्न हुआ, तत्पर हुआ। आकर्ण्य वर्णावनुसज्जकर्णा। (जयो० १/६५)

अनुसन्दधान (वि०) विश्लेषण करने वाला। (सुद० ४/१०)

अनुसन्ध् (सक०) [अनु+सम्+धा] अनुसन्धान करना, खोजना, अन्वेषण करना। (जयो० २/१५५)

अनुसन्धानं (नपुं०) [अनुसम्+धा+ल्युट्] अनुचिन्तन, विचार, विश्लेषण, पृच्छा, गवेषण, निरीक्षण, परीक्षण, क्रमबद्ध करना, खोज, तत्पर रहना। (सुद० १३२, दयो० ६५) इत्येवमनुसन्धानो धनादिषु। (सुद० १३२)

अनुसन्धानकर (वि०) अन्वेषक, अनुचिन्तन करने वाला। (दयो० वृ० ८६)

अनुसंधानधर (वि०) अनुसंधान करने वाला। (दयो० वृ० १/९)

अनुसन्धानवंशगत (वि०) खोज में लीन हुआ। (दयो० वृ० ६५)

अनुसंहित (वि०) [अनु+सम्+धा+क्त] पूछ की गई, पृष्ठवान्।

अनुसंबद्ध (वि०) [अनु+सम्+बंध्+क्त] संयुक्त, संलग्न, तत्पर।

अनुसंधत (वि०) धारण की गई। (वीरो० २२/३)

अनुसन्धेय (वि०) [अनु+सम्+विधातृ] अनुसन्धान/खोज करने योग्य। (वीरो० १५/६३)

अनुसम्बिधात्री (वि०) अनुसन्धान करती हुई, खोज करती हुई। (वीरो० ५/३७) विनोद वार्तामनुसम्बिधात्री।

अनुसरः (पुं०) [अनु+सृ+अच्] अनुगामी, अनुचर, सेवक।

अनुसरण (नपुं०) [अनु+सृ+ल्युट्] अनुगमन, समनुरूपता, अग्रगामी। (जयो० वृ० ३/३३) (जयो० वृ० १/५७)

अनुसर्पः (पुं०) [अनु+सृप+अच्] ०सरीसृप, ०सर्पसदृश चलने वाला जन्तु।

अनुसवनं (अव्य०) प्रतिक्षण, हरक्षण।

अनुसारः (पुं०) [अनु+सृ+घञ्] पीछे जाना, अनुगमन, अनुसरण। (सुद० १/३४)

अनुसारः (पुं०) प्रथा, रीति, पद्धति। (जयो०

अनुसारित्व (वि०) [अनु+सृ+णिनि] अनुसरण करने वाला। (सुद० १/३४) सुरतानुसारिसमयैर्वा। (जयो० ६/९) 'सुरता देवत्वं तस्यानुसारिणः' इस व्याख्या के अनुसार 'अनुसारि' का अर्थ ०बराबरी, ०सादृश्यता है और सुरतं मैथुनं तस्यानुसारिभिः की व्याख्या से 'अनुसारि' का अर्थ ०कुशल है।

अनुसिंच् (सक०) [अनु+सिंच्] सींचना, प्रक्षेपण करना। अनुसिच्यमाना खलता प्रवर्धते। (वीरो० ९/११)

अनुसुखं (नपुं०) यथासुख, प्रसन्न रखना। मुखं बभारानुसुखं च। (जयो० १/५७)

अनुसूचिनी (वि०) सूचनाकारिणी, संदेशदायिनी। (जयो० ६/३९) गुण संश्रवणावसरे विजृम्भणेनानुसूचिनीं शस्ताम्। (जयो० ६/३९)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अनु+सृ (अक०) प्राप्त होना, अनुसरण करना, गमन करना, पीछे जाना। (भक्ति ९) दौर्गत्यमेवानुसरन्ति सत्त्वा। (भक्ति ९) भूतात्मकमङ्गं भूतलके वारिणि बुद्-बुदतामनुसरतु। (सुद० १००) यथा रात्रिः सूर्यमनुसरति। (जयो० वृ० २२/१) यहां 'अनुसरति' का अर्थ ०अनुगमन करना है।

अनुसृतिः (स्त्री०) [अनु+सृ+क्तिन्] अनुगमन होना, अनुसरण होना, पीछे जाना।

अनुस्कंदं (अव्य०) क्रमानुसार अन्दर होना।

अनु+स्था (अक०) बोलना, कहना। कर्त्तव्यमिति शिष्टस्य निमित्तं नानुतिष्ठतात्। (सुद० वृ० १२५)

अनु+स्मृ (सक०) स्मरण करना, बार बार याद करना। नासौ दीर्घमनुस्मरेदपि मुनिर्दीव्यं न बोधं धरेत्। (मुनि०३१)

अनुस्मरणं (नपुं०) [अनु+स्मृ+ल्युट्] स्मरण करना, पुनर्स्मरण, अनुचिन्तन।

अनुस्मृतिः (स्त्री०) [अनु+स्मृ+क्तिन्] स्मृतिजन्य, स्मरण योग्य, बुद्धिस्थित।

अनुस्यात् (वि०) आने नहीं देना। कदर्थिभावः कमथाप्नयुष्यात्। (वीरो० १८/३४)

अनुस्यूत (वि०) [अनु+सिव्+क्त+ऊठ्] ०नियमित/०निर्बाध रूप से मिला हुआ संसक्त। ०बंधा हुआ। ०ध्रुव। यह दार्शनिक शब्द है, पर्याय की अपेक्षा वस्तु में स्यूति (उत्पत्ति) और पराभूति विपत्ति/विनाश पाया जाता है। ध्रुव भी वस्तु का एक कारण है, उत्पत्ति और विनाश में बराबर अनुस्यूत रहता है। अनुस्यूत की अपेक्षा वस्तु न उत्पन्न होती है और न विनष्ट होती है। (वीरो० १९/१६)

अनुस्वनः (पुं०) अनुकूल शब्द, अनुरूप शब्द। सज्ज-वारिनिधिरित्यनुस्वनः। (जयो० ७/५७) अनुस्वनोऽनुकूलः शब्दः। (जयो० वृ० ७/५७)

अनुस्वानः (नपुं०) [अनु+स्वन्+घञ्] अनुरूप शब्द करना, अनुरणन, अनुकरण रूप शब्द, प्रतिध्वनित शब्द।

अनुस्वारः (पुं०) [अनु+स्यु+घञ्] बिन्दु, नासिक्य ध्वनि, अनुनासिक शब्द। (दयो० वृ० ७६) बिन्दुमनुस्वारमाप्नोति। (जयो० ३/५१)

अनुहरणं (नपुं०) [अनु+हृ+ल्युट्] नकल, मिलना, अनुकरण, समानता।

अनूकः (पुं०) [अनु+उच्+क] कुल, वंश, मनोवृत्ति, स्वभाव, चरित्र।

अनूचान (वि०) ब्रह्मचर्य, श्रुत, संयम, यम, नियम, संयत आदि से युक्त।

अनूचानत्व देखो ऊपर।

अनूचानः (पुं०) अनूचानः प्रवचने साङ्गेऽधीती। (अमरकोश, २, ७, १०) श्रुते व्रते प्रसंख्याने संयमे नियमे यमे। यस्योच्चैः सर्वदा चेतः सोऽनूचानः प्रकीर्तितः। (उपासक: ८६८) पुरापि श्रूयते पुत्री ब्राह्मी वा सुन्दरी पुरोः। अनुचानत्वमापन्ना स्त्रीषु शस्यतमा मता।। (वीरो० ८/३९)

अनूढ (वि०) अविवाहित स्त्री, न ले जाया गया।

अनूढा (वि०) अनूढा, नवोढा, अविवाहित युवती। (सुद० २/२१) करोत्यनूढा स्मयकौ तु कं न। (सुद० २/२१) अनुरक्ते सुरक्तेन स्वीकृते स्वयमेव ये अनूढा परकीये ते भाषिते शिथिलव्रते।। (अलंकारचिन्तामणि ५/९२)

अनूत (अव्य०) (अनु+उत) पुनरपि, फिर भी। (जयो० १७/८३)

अनूत (वि०) अति नूतन।

अनूतना (वि०) यथोत्तर नूतन। नूतना नूतनायां रुचिरवश्यंभाविनी। अनूत (अनु+उत) पुनरपि तृप्तिर्नापि न प्राप्ता तदालिङ्गनादीच्छानिवृत्तिर्नाभूत् किन्तु अनूतना वृप्तिरपि यथोत्तरं नूतनापि नवीनेवानुभूता। (जयो० वृ० १७/८३)

अनूदकं (नपुं०) [उदकस्य अभावः] जलाभाव, सूखा।

अनूद्देशः (पुं०) [अनु+उत्+दिश्+घञ्] अलंकार नाम, जिसमें यथाक्रम पूर्ववर्ती शब्दों का उल्लेख होता है। यथासंख्यमनूद्देशः उद्दिष्टानां क्रमेण यत्। (साहित्यदर्दण ७३२)

अनूद्य (वि०) सुनाकर, श्रवण कराकर। वृत्तोक्तिोऽनूद्य तदीयचेतः। (सुद० ११६)

अनून (वि०) ०अनल्प, ०पूर्ण, ०सम्पूर्ण, ०सम्मत, ०वृहद्, ०महान्, ०बड़ा ०बहुतर। वाक्यकौशलं किञ्च मदेन यूनाछिटा कटाक्ष दृशोरनूना। अनूना बहुतरा। (जयो० १६/४३) ०तपस्यताऽनेन पयस्यनूनममुष्य। (जयो० १/५४) ०अनूनम-नल्पं। (जयो० वृ० १/५४) ०कलशः कलशशर्मवागनून। (जयो० १२/५) अनूनेनानल्पेन। (जयो० वृ० १२/५)

अनूप (वि०) [अनुगताः आपः यस्मिन् अनु+अप्+अच्] जलीय, जल की बहुलता, दलदल प्रदेश। अनूपे सजले देश। नद्यादिपानीय बहुलोऽ नूपः। (जैनलक्षणावली पृ० ८१) जलप्रायमनूपं स्यात्। (अमरकोश २, १, १०)

अनूपः (पुं०) देश का नाम।

अनूरु (वि०) जंघा रहित।

अनूर्जित (वि०) अशक्त, दर्परहित, दुर्बल।

अनृच् (वि०) बंजर प्रदेश, अनुत्तम स्थान।

अनृजु (वि०) कुटिल, वक्र, अयोग्य।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अनुणं (वि०) कर्जरहित, ऋण रहित।

अनृत (वि०) अप्रशस्त वचन, असत् वचन, मिथ्या वचन, झूठ, असत्य। ऋतं सत्यार्थे-न ऋतमनृतम्। (त०वा०७/१४)

अनृत-भाषणं (नपुं०) मिथ्योपदेश।

अनृतवादिन् (वि०) मिथ्यावादी।

अनेक (वि०) विविध, नाना प्रकार, एक से अधिक, कई कई, कतिचित्, अलग अलग। कौतुकेन भरतेशसुतस्यैवं परस्परमनेक सदस्यैः। (जयो० ४/५०) 'अनेकसदस्य' से यहां 'कतिचित्सभासद' अर्थ किया गया।
'अनेकधान्यार्थ कृतप्रचारा।' (सुद० १/८) ०विविधि प्रकार या अलग-अलग धान्य। अनेक-कल्पांघ्रियान्यत्र सतां विवेकः। (सुद० १/२०) नाना जाति के कल्पवृक्ष।

अनेक-अध्यायः (पुं०) पृथक्-पृथक् अध्याय, सर्ग। (सुद० १/३२)

अनेककालः (पुं०) अनेक समय। (समु० ८/१४)

अनेक-गुणं (नपुं०) नाना गुण, पृथक्-पृथक् अस्तित्व। दार्शनिक दृष्टि में एक और अनेक का विशेष महत्त्व है। इसकी व्याख्या 'जयोदय' में विस्तार से की गई। 'सत्' सर्वथा एक नहीं है, क्योंकि वह अनेक गुणों का संग्रह रूप है। घृत, शक्कर और आटा आदि को मिलाकर लड्डू बनाया जाता है, अतः वह देखने में एक प्रतीत होता है। पर जिन पदार्थों के संग्रह से बना है, उसकी ओर दृष्टि देने से वह अनेक रूप हो जाता है। परन्तु जीवादि द्रव्य रूप 'सत्' अनेक गुणों के संग्रह रूप होने से लड्डू की तरह अनेक रूपता को प्राप्त नहीं होता, क्योंकि घृत, शर्करा आदि पदार्थ अपना पृथक्-पृथक् अस्तित्व लिए हुए 'लड्डू' में संगृहीत होकर एक रूप दिखते हैं, इस प्रकार जीवादि द्रव्यों में रहने वाले ज्ञान, दर्शन, सुख, वीर्य आदि गुण अपनी अपनी पृथक् सत्ता नहीं रखते और न कभी जीवादि द्रव्यों से पृथक् थे, इसलिए 'सत्' में जो अनेकत्व है, वह उसमें अनेक गुणों के साथ तादात्म्य होने से है, संग्रह रूप होने से नहीं।

अनेकजन्मन् (नपुं०) अनेक जन्म, नाना प्रकार की उत्पत्ति। (सुद० १२८) अनेकजन्मबहुत-मर्त्यभावोऽतिदुर्लभः।

अनेकधा (अव्य०) [नञ्+एक+धा] विविध रीति से।

अनेक-धान्यार्थ (वि०) ०नाना प्रकार के धान्य के लिए, ०अलग-अलग धान्य के प्रयोजन हेतु। अनेकधान्यार्थमुपाय-कर्त्रोर्महत्सु शीरोचितधाम-भर्त्रोः। (सुद० २/२९) "अनेकधान्यार्थ कृत प्रवृत्ति"-(जयो० १९/२९) अनेक प्रकार के अनाजों के उत्पन्न करने में प्रवृत्ति है। अनेकधा अन्य अर्थ कृति-प्रवृत्ति-अनेक प्रकार के अर्थ-अभिधेय, व्यङ्ग्य और ध्वन्य अथवा अनेक मनुष्यों के प्रयोजन सिद्ध करने में प्रवृत्त हैं।

अनेक-पदं (नपुं०) अनेक पद या समूह यह सामान्य अर्थ है। आचार्य ज्ञानसागर ने इसका 'अनेकान्तपद' अर्थ करके विस्तृत व्याख्या की है" अनेकपदेन-अन्ततां यान्ति बहुलरूपेण भवन्तोऽपि सुन्दरतामनुभवन्ति, अन्तशब्दस्य सुन्दरता वाचकत्वात्। यद्वाऽनेकपदेन सार्धमन्ततामनेकान्ताम्, अनेकेऽन्ता धर्मा एकस्मिन्नित्यनेकान्तस्तस्य भावं स्याद्वादरूपतामित्यर्थः। (जयो० वृ० ५/४४)

अनेकरूपं (नपुं०) नाना प्रकार, पृथक्-पृथक् रूप। 'विचारजाते स्विदनेकरूपे' (सुद० ८/४)

अनेकविध-कारणं (नपुं०) अनेक साधन। (जयो० २/१०५)

अनेकविधरूपः (पुं०) नाना प्रकार के रूप (वीरो० २०/२१)

अनेकविधा (स्त्री०) सर्व प्रकार। (सुद० वृ० ७२) विनाशमनेक-विधायाः। (सुद० ७२)

अनेकशः (अव्य०) ०कई प्रकार, ०बार-बार, ०विविधरीति से, ०नाना प्रकार से ०मुहुर्मुहुः। (जयो० २/२६) पद्मयोनिप्रभृति-ष्वनेकशो देवतां परिपठन्ति सैनसः। (जयो० २/२६)

अनेकशक्त्यात्मकवस्तु (नपुं०) अनेक शक्ति वाली वस्तु (वीरो० १९/८)

अनेक-सदस्यः (पुं०) कतिचित्सभासद। (जयो० ४/५०)

अनेकाथतता (वि०) अनेक विभाग, पृथक्-पृथक् अध्याय। (सुद० १/३२) यस्मिज्जनः संस्क्रियतां च तूर्णं योऽभूद-नेकाथतया प्रपूर्णः। (सुद० १/३२)

अनेकान्तः (पुं०) दर्शन का प्रमुख विचार। "अनेकेऽन्ता धर्मा एकस्मिन्नित्येनकान्तः" (जयो० वृ० ५/४४) अनेक+अन्ता अर्थात् नाना प्रकार के धर्म जिसमें पाए जाते हैं, वह अनेकान्त है। एक वस्तु में मुख्य एवं गौण दोनों की अपेक्षा अस्तित्व नास्तित्व आदि परस्पर विरोधी धर्मों का प्रतिपादन जहां हो, वहां अनेकान्त है। "अनेके अन्ता धर्माः सामान्या विशेष-पर्याया गुणा यस्येति सिद्धोऽनेकान्तः।" (न्यायदीपिका ३/७६) जिसमें सामान्य-विशेष, पर्याय व गुण रूप अनेक अन्त या धर्म हैं, वह अनेकान्त है।

अनेकान्तपदम (नपुं०) अनेकान्तवाद (वीरो० १९/२२)

अनेकान्तप्रतिष्ठा (स्त्री०) अनेकान्त सिद्धान्त की पुष्टि। अनेकान्त

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

एकान्ते न भवतीति संकीर्णो देशः, तत्प्रतिष्ठाः सन् एकान्ते निर्जने देशे स्थितिमभ्यगाद् इति विरोधः, तस्मादनेकान्ते नाम स्याद्वाद सिद्धान्त प्रतिष्ठा यस्य स इत्यर्थः।

अनेकान्तमतः (पुं०) अनेकान्त मत, अनेकान्त विचार। "एकोऽपि सम्पातितमामनेकलोकाननेकान्तमतेन नेकः।" (वीरो० १/५) हे नेक/भद्र! आपने एक होकर भी अनेकान्त मत से अनेक विरोधियों को एकता के सूत्र में बांध दिया है। अनेकान्तमताधीनोऽप्येकान्तं समुपाश्रयत्। (समु० ९/७)

अनेकान्तसिद्धि (स्त्री०) अनेकान्त मत की पुष्टि। 'सुदर्शनोदय' में 'अनेकान्त सिद्धि' के 'सिद्धिरनेकान्तस्य' राग युक्त पंक्तियां दी हैं।" सा सुतरां सखि पश्य सिद्धिरनेकान्तस्य। (सुद० वृ० ९१)

हे सखि! देख! अनेक धर्मात्मक वस्तु की सिद्धि स्वयं सिद्ध है अर्थात् कोई भी कथन सर्वथा एकान्त रूप नहीं है। प्रत्येक उत्सर्ग मार्ग के साथ अपवाद मार्ग का भी विधान पाया जाता है। इसलिए दोनों मार्गों से ही अनेकान्त रूप तत्त्व की सिद्धि होती है। देख-एक वेश्या से उत्पन्न हुए पुत्र-पुत्री कालान्तर में स्त्री-पुरुष बन जाते। पुनः उनसे उत्पन्न हुआ पुत्र उसी वेश्या के वश में हो गया अर्थात् अपने बाप की मां से रमने लगा। इस अठारह नाते की कथा में पिता के ही पुत्रपना स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर हो रहा है। फिर किस मनुष्य का किसके साथ तत्त्व रूप से सच्चा सम्बन्ध माना जाए। इसलिए अनेकान्त की सिद्धि अपने आप प्रकट है। बाजार में जब वस्तु सस्ती मिलती है, व्यापारी उसे खरीद लेता है और जब वह मंहगी हो जाती है, तब ग्राहक के मिलने पर उसे अवश्य बेच देता है, यही व्यापारी का कार्य है।

अनेकान्तरङ्गस्थलं (नपुं०) अनेक द्वार वाले रङ्गस्थल, रङ्गस्थान/रङ्गभूमि। (सुद० १२२) अनेकान्तरङ्गस्थल-भोक्त्रीं किञ्चिद्वृत्तमुखामाश्रय। (सुद० १२२) जिनवाणी जैसे अनेकान्त सिद्धान्त की किञ्चिद् कथञ्चित् पद की प्रमुखता का आश्रय लेकर प्रतिपादन करती है उसी प्रकार यह देवदत्ता भी अनेक द्वार वाले रङ्गस्थल का उपभोग करती है।

अनेडः (पुं०) [न एडः] मूर्ख पुरुष, अज्ञानी, मूढ।

अनेनस् (वि०) निष्पाप, निष्कलङ्कक।

अनेहलः (पुं०) [न हन्यते-हन्+असि-धातोः एहादेशा-नञ्+एह+अस्] समय, काल।

अनैकान्त (वि०) परिवर्त्य, अनिश्चित, अस्थिर, असहाय।

अनैकान्तिक (वि०) [नञ्+एकान्त-ठक्] अस्थिर।

अनैक्यं (नपुं०) एकता का अभाव, अव्यवस्था अशान्ति, अराजकता।

अनैतिह्यं (नपुं०) परम्परागत, प्रामाणिकता का अभाव।

अनो (अव्य०) नहीं, न, न तो।

अनोकहः (पुं०) [अनसः शकटस्य अकं गतिं हन्ति-हन्+ड] वृक्ष, तरु। पदे पदेऽनल्पजलास्तटाका अनोहका वा फल-पुष्पपाकाः। (वीरो० २/१९) अनोकहस्य सुकृतसंगीति। (जयो० १४/६)

अनौचित्यं (नपुं०) [नञ्+उचित+ष्यञ्] अनुपयुक्तता, अनुचितता। किमनौचित्यमत्र, किमहं भवतां पुत्री नास्मि। (दयो० ८१)

अनौजस्यं (नपुं०) [नञ्+ओजस्+ष्यञ्] शक्ति सामर्थ्य का अभाव, बल हीन।

अनौद्धत्यं (नपुं०) [नञ्+उद्धत+ष्यञ्] शालीनता, उदारता, विनय, शान्ति।

अनौरस्म (वि०) ०औरस न हो, ०विवाहिता स्त्री से न उत्पन्न, ०गोद लिया पुत्र।

अन्त (वि०) [अम्+तन्] निकट, अन्तिम, सुन्दर, मनोहर, मध्य, छोर, मर्यादा, अन्तिम बिन्दु, परिसर, पराकाष्ठा, सामीप्यता, सन्निकता, परिसर, किनारा, सीमा, निकटवर्ती (जयो० १६/१५) श्रीमन्तमन्तः शयवैजयन्ती। (जयो० ३/८६) अन्ततां स्फुटमनेकपदेवं। (जयो० ५/४४) ०अन्त-शब्दस्य सुन्दरतावाचकत्वात्। (जयो० वृ० ५/४४) ०'अन्त' शब्द धर्मवाचक भी है। अनेकेऽन्ता धर्मा। ०अन्तो भोग-भृगुपरितु योगो। (सुद० १०५) उक्त पंक्ति में 'अन्त' का अर्थ अन्तरङ्ग है। ०अन्तः-भीतर/अन्दर-अन्तः समासाद्य। (सुद० ११९) (भीतर ले जाकर) प्रसरति किन्नहि जगदन्तः। (सुद० ८१) ०अन्त-बाद में-पश्चात्-निर्धूमसप्तर्चिरिवान्त-तस्तु। (सु०२/४०) (सम्य० ११०)

०अन्तः-आभ्यन्तर-अन्तर्विषमया नार्यो। (सुद० जयो० २/१४६)

०अन्तः-मध्य-आम्रस्य गुञ्जकलिकान्तरतो। (वीरो० ६/२)

०अन्तः-अवसान-(वीरो० वृ० ५/१९)

०अन्तः-अन्तरङ्ग-परस्य घोण्टाफलवत्कठोरान्तस्त्वेन वृत्तिर्बहिरस्त्वघोरा। (समु० १/२३)

०अन्तः-समाप्त-जड़तायाश्च भवत्यन्तः। (सुद० ८१)

अन्तक (वि०) विघ्नविनाशक। (जयो० १०/२) [अन्तयति-अन्तं

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

करोति-ण्वुल्] घातक, नाशक, संहारक, मारक, यम, मृत्यु। नाश करने वाला। (जयो० १/९४) समवेत्य तदात्ययान्तकं (जयो० १०/२)

अन्तकः (पुं०) यमराज। (जयो० १२/८१) द्विषदग्रे पुनरन्तकस्य जिह्वा। (जयो० १२/८१) अन्तकान्तिक समात्तशिक्षिणः। (जयो० २/१३४)

अन्तकरी (वि०) दुःखकरी, दुःख उत्पन्न करने वाली। (जयो० वृ० ११/५६)

अन्तकान्तिक (वि०) ०यमराज के निकट। ०मृत्यु के समीप अन्तकस्य यमस्यान्तिके (जयो० २/१३४)

अन्ततः (अव्य०) [अन्त+तसिल्] किनारे से, अन्यत्र, कुछ, भीतर, नष्ट, अन्त। (जयो० वृ० १८/४८, सुद० २/४०)

अन्ते (अव्य०) अन्त में, निकट, पास। (सम्य० ५७)

अन्तर् (अव्य०) [अम्+अरन्+तुडामगश्च] बीच में, मध्य में, अन्दर, भीतर, आन्तरिक।

'लोकान्तरायाततमः प्रतीपे।' (सुद० २/३३) उक्त पंक्ति में 'अन्तर' का अर्थ अन्तरङ्ग है। 'रूपोऽर्हतो मे च किमन्तरा धीः।' (भक्ति०२८) यहां 'अन्तर' का अर्थ ०मध्य बीच है। अर्हत् और स्वभाव दोनों के मध्य कोई अन्तर नहीं है। 'अनुचक्रे स हि तीरमन्तरा' (जयो० २१/७५) इसमें 'अन्तर' का अर्थ 'अनुलग्न' है

अन्तःकरणं (नपुं०) अन्तःस्थल, चेत, चित्त। (जयो० १६/१५) (जयो० ४/४४)

अन्तःक्रिया (स्त्री०) मन की चेष्टा, चित्त की प्रवृत्ति। (जयो० १६/१५)

अन्तर्घोषः (पुं०) अन्तर्ध्वनि, अन्तरंग स्वर। उद्योतयन्तोऽपि परार्थमन्तर्घोषा। (जयो० २/२२)

अन्तर्दधाती (वि०) अन्दर छुपाती हुई, भीतर ले जाती हुई। (दयो० २/७)

अन्तर्नीति (स्त्री०) अन्तरङ्ग नीति, हृदयगतभाव। अन्तर्नीत्याऽखिलं विश्वं वीर-वर्त्मभिधावति। दयते स्व- कुटुम्बादौ हिंसकादपि हिंसकः।। (वीरो० १५/५९)

अन्तःपुरं (नुपं०) अन्तःपुर, राज्ञीप्रासाद, रनवास, अन्तःपुरे तीर्थकृतोऽवतारः। (वीरो० ५/५) अन्तः पुरप्रवेशायोद्यतसा। (सुद० ७/१) अन्तःपुरं द्वाः स्थनिरन्तरापि। (८/१) जयोदय के दशमें सर्ग में अन्तःपुर का अर्थ अवरोध किया है। (जयो० १०/३) अवरोधमन्तः पुरमितः (जयो० १०/३)

अन्तर्विशुद्धिः (वि०) अन्तरङ्ग की विशुद्धि।

अन्तःशयः (पुं०) काम, कामदेव। (जयो० ३/८६) अन्तःशयं हृदि वर्तमानं कामदेव स्वयं। (जयो० वृ० १४/१४)

अन्तःस्तलं (नपुं०) अपना अन्तरंग, निज स्वभाव, आत्मभाव। (वीरो० १४/२४)

अन्तस्त्रुटि (स्त्री०) आत्मत्रुटि, निजभूल। अन्तस्तले स्वामनुभावयन्तस्त्रुटिं। (जयो० १४/१४)

अन्तःस्फुरत (वि०) हृदयान्तर्गत शोभा। (जयो० ११/१९) तदन्तःस्फुरदम्बुजं च। (जयो० १/४९) तदन्तो हृदयान्तर्गत स्फुरच्छोभनं।

अन्तरङ्गक्रिया (स्त्री०) ज्ञान क्रिया, आभ्यन्तर शक्ति।

अन्तरङ्गच्छेदः (पुं०) अशुद्ध उपयोग, अशुद्धोपयोगो हि छेदः। (प्रवचनसार टी ३/१६)

अन्तरङ्गज (वि०) आभ्यन्तर में उत्पन्न होने वाला।

अन्तस्थ (वि०) प्रान्तभाग, हृदयभाग। अन्ते प्रान्त भागे तिष्ठति य-र-लवानां। (जयो० ११/७२) अन्तस्थ ध्वनियां-य, र, ल, व। गर्भस्थ।

अन्तस्थ (वि०) गर्भस्थ।

अन्तस्थ-तीर्थेश्वरः (पुं०) गर्भस्थ तीर्थंकर। बभूव भूपस्य विवेकनावः सोऽन्तस्थतीर्थेश्वरजः प्रभावः। (वीरो० ६/८)

अन्तःस्थलं (नपुं०) ०अन्तःकरण। ०अन्तःस्थलसत्। ०अन्तःकरण की शोभा। (जयो० १/६६)

अन्तस्था (वि०) समीपवर्तिनी, प्रान्तवर्तिनी। (जयो० २०/४८)

अन्तःस्थित (वि०) अन्तरंग में स्थित। (जयो० १३/१००)

अन्तर (वि०) [अन्तराति ददाति-रा+क] अन्दर होने वाला, निकट, समीप, संबद्ध, घनिष्ट। (सम्य० ६५)

अन्तरङ्ग (नपुं०) चित्त, हृदय, चित्त, अन्तःकरण, मनसस्तत्त्व। मुकुरार्पितमुखवद् यदन्तरङ्गस्य हि तत्त्वम्। (जयो० २/१५४) अन्तरङ्गस्य मनसंस्तत्त्वं। (जयो० २/१५४) यस्यान्तरङ्गेऽद्-भुतबोधदीपः। (जयो० १/८५)

अन्तरङ्गस्थलं (नपुं०) आभ्यन्तर स्थान। (सुद० १२२)

अन्तरतः (नपुं०) अन्तराल, भीतर, आन्तरिक, मध्य, अन्त में। (वीरो०)

अन्तरतम (वि०) [अन्तर+तमप्] ०अत्यन्त निकट, ०निकटतम, ०अनिष्टतम।

अन्तरन्वेष्टुम् (वि०) अन्तरङ्ग में प्रविष्ट हेतु। (वीरो० १०/२५)

अन्तरलिः (पुं०) चित्त रूपी भ्रमर। (जयो० ९/९१)

अन्तरा (अव्य०) [अन्तरेति-इण+डा] भीतर, अन्दर, बीच, मध्य। न तु इतरस्तरामन्तरा यामि (सुद० वृ० ७३)

अन्तरात्मन् (पुं०) [अन्तर्+आत्मन्] आत्मशुद्धिभाव, ज्ञान युक्त आत्मा। (सम्य० ११५) समस्ति देहात्मविवेकरूपः,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

शुभोपयोगो गुणधर्मकूपः। किलान्तरात्माऽयमनेन भाति परीत-संसार-समुद्र-तातिः।। (समु० ८/२२) शरीर को आत्मा से भिन्न मानते हुए विवेक रूप विचार होने का नाम शुभोपयोग है, इस शुभोपयोग से आत्मा गुणवान् और धर्मात्मा बन जाता है तथा अन्तरात्मा कहलाने लगता है। ०ज्ञानमयं परमात्मानं ये जानन्ति। ते अन्तरात्मनः। (कार्तिकेयानुप्रेक्षा टी० १९२) ०"सिद्धि स्यादनपायिनी" (हित०सं० ३) सिद्धि के सम्मुख जो होता है, वह अन्तरात्मा है। आत्मा के भेदों में एक भेद है, इसे-'अन्त-रात्मतामेति विवेकधामा' (सुद० वृ० १३५) ०विवेकधाम भी कहा है।

अन्तराविष्ट (वि०) आभ्यन्तर प्रवेश, अन्तरंग प्रविष्टि। (जयो० १४/५८) चान्तराविष्टतया युवतिः। (जयो० १४/५८)

अन्तरायः (पुं०) विघ्न, बाधा, अवरोध, रूकावट। ज्ञानविच्छेदकरणमन्तरायः। (स०सि० ६/१०) किसी भी ज्ञान में बाधा पहुंचाना, या जो दाता और देय आदि के बीच में अवरोध आता है। 'अन्तरमेति गच्छतीत्यन्तरायम्' (धव०पु० १३ वृ० २०९) आठ कर्मों में अन्तिम तथा घातियां कर्मों में चतुर्थ कर्म।

अन्तरालम् (वि०) [अन्तरं व्यवधानसीमाम् आरति गृह्णाति-अन्तर+आ+टा+क रस्य लत्वम्] ०भाग, ०मध्यवर्ती प्रवेश, ०स्थान, ०काल, ०अवकाश। ०भीतर, ०अन्दर। (सुद० वृ० २६) पितामहस्तामरसान्तराले। (जयो० १/८) अन्त-राले मध्ये। (जयो० वृ० १/८) शाखाभिराक्रान्तदिगन्तरालः। (जयो० २/१५) विशाल शाखाओं से दिशाओं को पूरित करने वाला।

अन्तरि (वि०) [अन्तः स्वर्गपृथिव्योर्मध्ये ईक्षते-इति+अन्तर्] मध्यवर्ती प्रदेश, वायु, वातावरण, आकाश।

अन्तरिक्षः (अन्तः स्वर्गपृथिव्योर्मध्ये ईक्षते-ईति-अन्तर्+ईक्ष-घञ्) आकाश, वातावरण, वायु। आकाशगत सूर्य, चन्द्र, ग्रह, नक्षत्र और तारा आदि।

अन्तरित (वि०) [अन्तः+इ+क्त] ०भीतर, ०अन्तरङ्ग। ०गुप्त, ०अन्तर्हित, ०छिपी हुई। (जयो० २६/२५) ०समीपवर्ती (वीरो० २०/८) दद्यादन्तरिताऽन्धिका शिशुमती रूग्णा पिशाचान्विता। (मुनि०११) स विरलो लभतेऽन्तरितं च य। (जयो० ९/८६) योऽन्तरितमन्तर्हितं गुप्तरहस्यं लभते। (जयो० वृ० ९/८६) अम्भोजान्तरितोऽलिरेवेमधुना। (सुद० १२७)

अन्तरित-शत्रु (पुं०) आन्तरिक शत्रु, काम कोध-आदि।

अन्तरीषः (पुं०) ०टापू, ०द्वीप, ०समुद्र का जल विहीन उच्च स्थान।

अन्तरीपि (स्त्री०) टापू, द्वीप। विभात एतावधुनान्तरीपौ। (जयो० ११/३५) अन्तरीपौ द्वीपौ विभात। (जयो० वृ० ११/३५)

अन्तरीयं (नपुं०) [अन्तर+छ] अधोवस्त्र। निरस्य शैवाल दलान्तरीयं। (जयो० १८/२७) समन्तरीयोद्भिदि। (जयो० १७/७४)

अन्तरेण (अव्य०) [अन्तर+इण+ण] इसके बिना, सिवाय, अतिरिक्त, अन्य, इतर, पश्चात्। (दयो० वृ० २/२६) त्रिवर्गसंसाधनमन्तरेण। (दयो० २/२६) यहां 'अन्तरेण' का अर्थ 'व्यर्थ' भी है।

अन्तर्गत (वि०) [अन्तः+गम्+क्त] गया हुआ, समाहित, अन्तस्थित। (सम्य० ४६)

अन्तर्गमिन् (वि०) [अन्तः+गम्+णिनि] गुप्त, रहस्यपूर्ण, मध्यगत, गूढ।

अन्तर्धा (वि०) आच्छादन, गोपन।

अन्धानं (नपुं०) अदृश्य, नहीं दिखना।

अन्तर्भव (वि०) आन्तरिक, आत्मगत।

अन्तर्भावः (पुं०) अन्तर्भूत, आत्मगत।

अन्तर्भावना (स्त्री०) आत्मभावना, हृदयगत भावना।

अन्तर्मुहूर्तः (पुं०) समय विशेष। (सम्य० ५६)

अन्तर्य (वि०) आन्तरिक।

अन्तर्हृदयं (नपुं०) मनोमध्य, हृदन्त। (जयो० वृ० २३/४०)

अन्तर्व्याप्तिः (स्त्री०) साध्य के साथ साधन का होना।

अन्तलता (स्त्री०) अन्तरता, आत्मगत। (जयो० १७/

अन्तसमयः (पुं०) चेतनस्यात्मनोऽभावे। (जयो० २५/५६)

अन्ति (अव्य०) [अन्त+इ] पास में, निकट, समीप।

अन्तिक (वि०) [अन्तःसामीप्यमस्यतीतिअन्त+ठन्] निकट, समीप। (सम्य० ४३) जिनालयस्यान्तिकमेत्य मृत्यु। (सुद० ४/१८) अन्तकान्तिक समात्त-शिक्षिण। (जयो० २/१३४)

अन्तिम (वि०) [अन्त+डिमच्] ०आखरी, ०चरम, ०सर्वोत्कृष्ट, ०सम्पन्नावस्था। कुज्ञानातिगमन्तिमं स मनसा तेनार्जितः सिद्धये। (जयो० २७/६६) तथान्तिमं सम्पन्नावस्थं। (जयो० वृ० २७/६६) पौरुषोऽर्थ इति कथ्यतेऽन्तिमः। (जयो० २/२२) अन्तिमश्चरमः पुरुषस्यायं पौरुषः। (जयो० वृ० २/२२) सुदर्शनाख्यान्तिमकामदेव। (सुद० १/४)

अन्तिममनु (पुं०) अन्तिम कुलकर। अन्तिम मनु-तेष्वान्तिमो नाभिरमुख्य देवी प्रासूत पुत्रं जनतैक सेवी। (वीरो० १८/१२)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अन्तिमाम्भोभिः (पुं०) पश्चिमादिशा समुद्र। (जयो० १५/१६)

अन्ती (स्त्री०) चूल्हा, अंगीठी।

अन्ते (अव्य०) अन्ततः, भीतर, निकट।

अन्त्य (वि०) [अन्त+यत्] अन्तिम, चरम, आखिरी। (भक्ति०२)

अन्त्यकः (पुं०) [अन्त्य एवेति स्वार्थे कन्] निम्न पुरुष। (जयो० २८/२०, १/५४

अन्त्यजः देखो अन्त्यकः।

अन्त्य-यमकालङ्कारः (पुं०) अन्तपद यमक। यदुपान्तिकेषु सरलाः सरला यदनूच्चलन्ति हरिणा हरिणा। तदिदं विभाति कमलं कमलं मुदमेत्य यत्र परमाय रमा।। (वाग्भट्टा० ४/३३) जहां अन्त्य पदों की आवृत्ति हो वहां 'अन्त्य यमकालङ्कार' होता है। 'सौष्ठवं समभिवीक्ष्य सभाया यत्र रीतिरिति सारसभायाः। वैभवेन किल सज्जनतायाः मोदसिन्धुरुद्भूज्जनतायाः।। (जयो० ५/३४)

अन्त्रं (नपुं०) अन्त्+ष्ट्रन्+अम्] आंत, अंतड़ी।

अन्दुः (स्त्री०) [अन्द्+कु पक्षे ऊङ् स्वार्थे कन्] ०श्रृंखला, ०बेड़ी, ०आभूषण, ०विशेष अलंकृति। (जयो० १७/५२) 'अन्दुः स्त्रियामलङ्कार' इति विश्वलोचनः। अन्दुभिस्तु पुनरंशुकराजैः। (जयो० ५/५६)

अन्दोलनं (नपुं०) [अन्दोल्+ल्युट्] झूलना, हिंडोलना।

अन्ध् (सक०) अन्धा बनाना, अन्धा करना।

अन्ध (वि०) [अन्ध+अच्] अन्धा, अनयन, नेत्रहीन। (जयो० वृ० २५/६८)

अंधक (वि०) ०अन्धापन, दृष्टि हीनता।

अन्धकरण (वि०) [अन्ध+कृ+ल्युट्] अन्धा करने वाला, दृष्टिहीन करने वाला।

अन्धकलोष्ठः (पुं०) धूर्त पाषाण। (जयो० ९/२८) ०सफेद पत्थर जिसका उपयोग नहीं होता।

अन्धकारः (पुं०) ०तिमिश, ०तमस्, ०अंधेरा, ०तिमिर, ०प्रकाशाभाव। (जयो० वृ० ११/९३, १५/९) अन्धं करोतीति अन्धकारो यं दृष्ट्वा। (जयो० वृ० १५/२४) हाहान्धकारोऽपि निशाचरो पि। (जयो० १५/२४)

अन्धकारः (पुं०) अन्धकासुर दैत्य। हे धीरश्वरासुरहित सहसान्धकारम्। (जयो० १८/३०)

अन्धकारः (पुं०) दिशाओं की प्रभा का शून्यता। दिगम्बर। अयं दिगम्बरोऽन्धकारश्चरति। (जयो० वृ० १३/४८) अन्धकार हाथियों के झुण्ड के बहाने विचरण कर रहा है।

अन्धकाररूप (पुं०) अन्धकार स्वरूप। (जयो० वृ० १५/२६)

अन्धकार-रूपधारक (वि०) अन्धकार के स्वरूप को धारण करने वाला।

अन्धकार-रूपिणी (स्त्री०) तिमिर-रूपवाली, श्यामवर्णा। (जयो० १५/२७) तमोमयीमन्धकाररूपिणीं श्यामवर्णां।

अन्धकार-सत्ता (स्त्री०) तमस्थितिः, अन्धकार परिणति। (वीरो० ५/२४) यथा प्रभातो दयतोऽन्धकारसत्ता विनश्येदयि बुद्धिधार। (वीरो० ५/२४)

अन्धकार-स्वरूपः (पुं०) श्यामशय, कलुषपरिणाम, कृष्णपक्ष। (जयो० १/१०१)

अन्धकारस्थित (वि०) तमोस्थित (वीरो० २०/२०)

अन्धकारी (वि०) अन्धकार वाला, अन्धकार धारक। (सुद० २/२५) केशान्धकारीह शिरस्तिरोऽभूद्।

अन्धकूप (पुं०) खंडहर कूप, पानी से रहित कूप, गहरा कूप। (नाभिभ्रमणान्धकूपा। सुद० २/४)

अन्धकूपा (वि०) अन्धविश्वासी। (सुद० २/

अन्ध-तमस् (पुं०) अन्धकाराच्छन्न, गहन अन्धकार। (जयो० २/८६) दिक्षुचान्धतमसायते।

अन्धता (वि०) अवलोक हीनता, दृष्टि हीनता (जयो० ९/२७)

अन्धिका (वि०) अन्धी, रात्रि। [अन्ध+ण्वुल्,इत्वम् टाप्] दद्यादन्तरिताऽन्धिका। (मुनि०११)

अन्धुः (स्त्री०) कूप, कुआं। [अन्ध+कु]

अन्नं (नपुं०) खाद्यान्न, चना, मूंग, गेहूं। सदन्नमातृप्ति तथोपभुज्य। (सुद० १३०) अन्नं करोतीत्यन्नकृद धान्य पाचको भवति। (जयो० २/३६)

अन्नकृत (वि०) अन्न को पकाने वाला। अन्नं करोत्यन्नकृद धान्यपाचको भवति। (जयो० वृ० २/३६) यद्वदेव तपना-तपोऽन्नकृच्छ्रीजिनानुशय)। (जयो० २/३६)

अन्नकूटः (पुं०) खाद्यान्न समूह।

अन्नकोष्ठः (पुं०) अनाज की कोठी।

अन्नगंधिः (स्त्री०) पेचिश रोग।

अन्नदोषः (पुं०) आहार दोष।

अन्नशुद्धिः (स्त्री०) आहार शुद्धि।

यदुद्दशादिदोषेभ्योऽतीतं स्वस्मै प्रसाधितम्।
शोधिताऽन्नप्रदेयं स्यात्तदेयं हि तपस्विने।। (हित०सं० वृ० १४०)

अन्नोत्पादनं (नपुं०) खाद्यान्न उत्पादन। (जयो० वृ० २/५)

अन्य (वि०) भिन्न, दूसरा, और, अनोखा, असाधारण, अतिरिक्त। (सम्य० २१) त्वममुष्यासि सवर्णाऽलमन्यथा हे सुकेशि वर्णनया। (जयो० ६/८५) उक्त पंक्ति में 'अन्य' वर्णन अर्थ को प्रकट कर रहा है। अधिक वर्णन करने से क्या

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

लाभ? विनाऽन्ये न जातुचित्। (सुद० ४/४०) यहां 'अन्य' शेष वाचक है। तमन्यचेतस्कमवेत्य तस्य। (सुद० ३/३९)
युधिष्ठिरो भीम इतीह मान्यः,
शुभैर्गुणगणैरर्जुन एव नान्यः, (जयो० १/१८)

अन्यक (वि०) अन्य, दूसरा, इतर, भिन्न। (जयो० वृ० १/७२)

अन्य-कृति (स्त्री०) सर्वसाधारण बात। (जयो० वृ० १/७२) (जयो० ४/२३)

अन्यग (वि०) अन्य, दूसरे के पास जाने वाला।

अन्यगत (वि०) दूसरे की ओर प्राप्त हुआ। समादरोऽल्पेऽन्यगतेऽप्यहो। (समु० १/१८)

अन्यगामिन् (वि०) अन्यत्र जाने वाला।

अन्यगोत्र (वि०) दूसरे वंश या कुल का।

अन्यगुणं (नपुं०) परगुण (वीरो० , जयो० ४/६७)

अन्यजनः (पुं०) भिन्न लोग। (वीरो० १६/३)

अन्यज (वि०) अन्य जन्मगत।

अन्जजात (वि०) अन्य जन्म को प्राप्त। (सम्य० १५४)

अन्यच्च (अव्य०) अन्यत् भी, दूसरी ओर। तत्तत्सम्बन्धि चान्यच्च। (सुद० ४/११)

अन्यजन्मन् (वि०) भिन्न कुलोत्पन्न। मनोऽन्यजन्मादि यतः समस्यते। (जयो० ३३/३९)

अन्यज्जमान् (वि०) भवान्तर प्राप्त, पूर्व जन्म सम्बन्धी। (जयो० वृ० २३/३३)

अन्यत् (वि०) अन्य, भिन्न, इतर, अपर, क्वचित्, पृथक्, असाधारण। (सम्य० २३) (जयो० २/६२१) शिखिजनोऽन्यत एव तया स च। (जयो० ४/६७)यान्तोऽन्यतोऽभ्युद्गत (जयो० १३/८२) तत्स्वर्गतो नान्यदियाद्वदान्यः (सुद० १/६) मत्वा निजं परं सर्वमन्यदित्येषु मन्यते। (सुद० ४/७) उक्त पंक्ति में 'अन्यत्' भिन्न या पराए अर्थ को प्रतिपादित कर रहा है। साम्प्रतं धनिविमोचितं पटाद्यन्यतः श्रणति भूषणच्छटाम्। (जयो० २/२८)

अन्यत्किं (अव्य०) और दूसरा क्या? कलि-मल-धावनमतिशय पावनमन्यत्किं निगदाम। (सुद० वृ० ७०)

अन्यत्स्थानं (नपुं०) अन्य स्थान, दूसरा स्थान। (जयो० वृ० ४/२६)

अन्यतम (वि०) [अन्य+उतम्] बहुत में से एक।

अन्यतर (वि०) [अन्य+तरफ] दोनों में से कोई एक।

अन्यतंत्रः (पुं०) परतन्त्र। (सम्य० २१)

अन्यतः (अव्य०) दूसरे से, अन्य से।

अन्यत्वः (पुं०) ०भावना विशेष, ०जीव का किसी के साथ सम्बन्ध नहीं है, ऐसा विचार।

अन्यत्र (अव्य०) [अन्य+त्रल्] और स्थान, दूसरा, इसके अतिरिक्त, सिवाय, अन्यथा, दूसरी अवस्था में। रुग्दारिद्रियमन्यत्र धनं यथारूक्। (सुद० वृ० १२१) अभिधानेऽन्यत्राहो। (सुद० वृ० ८७)

अन्यत्रगत (वि०) अन्य पदार्थों में संलग्न। प्रवृत्तिमन्यत्रगतामुदस्य। (भक्ति सं० २९)

अन्यत्रसंकल्प (वि०) अन्य पदार्थ में संकल्प। (भक्ति ३०)

अन्यदशा (स्त्री०) अन्य पर्याय। (भक्ति वृ० ३) निरञ्जनोश्चान्य-दशाप्रतीपान्।

अन्यदा (अव्य०) किसी समय, अब, इस समय, अधुना, कभी। समुदीक्ष्य मुदीरितोऽन्यदा। (सुद० ३/३४) जातोऽन्यदा सम्बदा। (सुद० वृ० ९६) पुत्रः शत्रुत्वमन्यदा। (सुद० ४/६० ४/९)

अन्यथा (अव्य०) [अन्य+थाल्] क्योंकि, जो कि, अन्य रीति से, परथा। कामुकीनामन्यथापि, परिप्लावन दर्शनात्। (हित सं० १६) निर्बलस्य बलिना विदारणमन्यथा सहजकं सुधारण। (जयो० २/११२) यहां 'अन्यथा' का अर्थ क्योंकि है।

अन्यथा तु (अव्य०) क्योंकि, और भी। (जय वृ० १/२०)

अन्यलिङ्गः (नपुं०) अन्य वेश, विपरीत वेष।

अन्यथानुपपत्तिः (स्त्री०) अर्थापत्तिप्रमाण। (जयो० ७/१५) अन्यथानुपपत्त्याऽहं गतवान्स्त्वदनुज्ञया। (जयो० वृ० ७/१५) 'अन्यथा साध्याभावप्रकारेण अनुपपत्तिः अन्यथानुपपत्तिः' (सिद्धिविनश्चय टी०वृ० ३५८) साध्य के अभाव में हेतु का घटित न होना।

अन्यथानुपत्तिरलङ्कारः (पुं०) अलंकार नाम। (जयो० २४/१२०)
लताप्रताने गता महति या चकर्ष कान्तं परिरम्भधिया।
मुमुदे साम्प्रतमितो वयस्या वलयस्वनेन वध्वास्तस्या।।
(जयो० १४/२५)

अन्यदृष्टिः (स्त्री०) अन्य मत मतान्तरो में अनुराग।

अन्यदृष्टि प्रशंसा (स्त्री०) मिथ्यादृष्टि के गुणों का गुणगान।

अन्यधनं (स्त्री०) परधन, दूसरे का द्रव्य। हिंसामृषाऽन्यधन दार-परिग्रहेषु। (सुद० वृ० १२७)

अन्यपरिक्षणम् (नपुं०) पररक्षण (वीरो० २२/२५) ०दूसरे की रक्षा का विचार।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अन्यपुरुषः (पुं०) ०परपुरुष, ०व्याकरण प्रसिद्ध क्रियात्मक अभिव्यक्ति का कारण। (जयो० वृ० १२/१४५)

अन्यपुष्टः (पुं०) पर पुष्टि, दूसरे का पोषण। (मौन्यन्यपुष्टः स्वयमित्यनेन। (वीरो० ४/८)

अन्यभावः (पुं०) दुर्वृत्ति, दुष्परिणाम, प्रजादुरीहाधिकृतान्यभावं। (वीरो० १८/४५)

अन्यमनस्कता (वि०) अप्रस्तुत का आरोप, (जयो० वृ० १/२१)

अन्यया (अव्य०) कदापि, कभी भी। (क्षेत्रेऽन्यया कान्तिझरैकयोग्ये) (जयो० वृ० १५/७७)

अन्ययोग व्यवच्छेदः (पुं०) एक दार्शनिक दृष्टि। विशेष्य के साथ प्रयुक्त एवकार। ०पक्ष-प्रतिपक्ष के चिंतन के साथ अपना मत प्रस्तुत करना।

अन्यविधिः (स्त्री०) अन्यथा विधि (वीरो० १८/५१)

अन्यहितः (पुं०) परोपकार। (जयो० वृ० १८/१७)

अन्या (वि०) अन्य, दूसरा, ऊपर। उदग्र-कुसुमोच्चिचीषयान्या। अन्या-काचिन् (जयो० १४/२७)

अन्यार्थ (वि०) परोपकारार्थ, अन्य पुरुष वाचक। अन्यार्थसाधकतया विचरन् सुवंशे। (जयो० १४/१४५) अन्यार्थस्य परोपकारस्यान्यपुरुष-वाच्यस्य। (जयो० वृ० १४/१४५)

अन्यानपेक्षिन् (वि०) अन्य से निरपेक्ष। नित्यं पादप-कोटरादिषु वशोदन्यानपेक्षिष्वथा। (मुनि०३)

अन्यापोहता (वि०) अन्य सांसारिक प्रपञ्च का अभाव। अन्यापोहतया चित्तलक्षणेऽथ क्षणे स्थितिम्। (जयो० २८/२४) अन्यस्य सांसारिकाप्रञ्चस्यापोहोऽसद्भावः। (जयो० वृ० २८/२४)

अन्याय (वि०) न्यायरहित, अनुपयुक्त।

अन्यायिन् (वि०) न्यायहीन, अनुचित।

अन्याय्य (वि०) न्यायहीन, अनुचित।

अन्येऽपि (अव्य०) और भी। अन्येऽपि बहवो जाता कुमारश्रमणा नरा। (वीरो० ८/४१)

अन्योक्ति-भावः (पुं०) अन्य दूसरे के माध्यम से कथन।

अन्योक्तिमानं (नपुं०) दूसरे की उक्तियों पर निर्भर। स्याण्णमो संयबुद्धीणं नरो नान्योक्तिमानतः। अन्यस्येतरस्योक्तिमान्त भवति। (जयो० वृ० २१/६४)

अन्योक्तिरलङ्कारः (पुं०) प्रत्येक्यश्येकाभिधयाथ मूर्च्छन्नारक्त-फुल्लाक्षितयेक्षितः सन्। दरैक धातेत्यनुमन्यमानः कुजातितां पश्यति तस्य किन्न।। (वीरो० ६/१५) यहां कु+जाति-भूमि से उत्पन्न, दूसरे पक्ष में खोटी जाति वाला अर्थ है। इसी प्रकार 'दरैकधाता' का अर्थ दर अर्थात् पत्रों पर अधिकार रखने वाला और दूसरे पक्ष में डर या भय को करने वाला है।

अन्योन्य (वि०) [अन्य-कर्मव्यतिहारे द्वित्वम्, पूर्वपदे सुश्च] एक दूसरे को, परस्पर, प्रायः। (जयो० वृ० २/११५) (वीरो० २७/२०) अन्योन्यानुगुणैकमानसतया। (सुद० ४/४७)

अन्योन्य-कलहः (पुं०) पारस्परिक द्वेष।

अन्योन्यघातः (पुं०) आपस में ईर्ष्या।

अन्योन्याभावः (पुं०) एक वस्तु में अन्य का अभाव।

अन्योन्य सामाश्रय (वि०) एक दूसरों का आश्रय। (हित सं० २२)

अन्योन्यानुकरणं (नपुं०) गतानुगति। (वीरो० वृ० ५/३३)

अन्योन्यानुभावः (पुं०) एक पर्याय का दूसरी पर्याय में न होना। भावैकतायामखिलानुवृत्तिर्भवेदभावेऽथ कुतः प्रवृत्तिः। यतः परार्थी न घटं प्रयाति हे नाथ! तत्त्वं तदुभानुपाति।। (जयो० २६/८७)

अन्योन्याश्रयः (पुं०) अन्योन्य समाश्रय, (हित सं० २२)

अन्वक् (अव्य०) [अन+अञ्च्+क्विप्] बाद में, पीछे, अनुकूल रूप।

अन्वञ्च (वि०) [अनु+अञ्च्+क्विप्] पीछे जाने वाला, पीछा करने वाला।

अन्वक्ष (वि०) [अनुगतः अक्षम्-इन्द्रियम्] दृश्य, अवलोकित।

अन्वतः (वि०) इधर उधर। मुहुरुदिग्लनापदेशतस्त्वतिपातिस्तन-जन्मनोऽन्वतः। (सुद० ३/१८)

अन्वमं (नपुं०) निश्चित, सही, उचित, ठीक। (जयो० ४/३०) अन्वमानि रविणेदमयोग्य मित्यतोऽपयश एव हि भोग्यम्।

अन्वय (वि०) अनूकूल्य, सम्बन्ध युक्त, (सुद० ३/१७) ०कुल परम्परा, ०अनुगमन, ०अनुगामी, ०अनुचर, ०सहभागी, ०तात्पर्य, ०अभिप्राय, ०प्रयोजन, समूह। (सम्य० २३) ०एक दार्शनिक विवेचन, जिसका तदङ्गजाप्यन्वय-नीत्यधीना। (जयो० १/४०) यहां 'अन्वय' का अर्थ ०कुलाकूल या ०कुल परम्परा है। 'सदा सुलेखान्वय-सेव्यमानः'' (जयो० १/५१) यहां 'अन्वय' का अर्थ-आनुकूल्य है, दूसरा अर्थ, समूह भी है। सत्कर्माख्यदि-नोदयात्प्रथमतो भूमण्डलास्यान्वये। (मुनि० पृ० १) उक्त पंक्ति में 'अन्वय' का अर्थ कुल है। अस्यां समानभावेन यतिवाचीन चान्वयः। (जयो० वृ० ४/६६) यहां 'अन्वय' का अर्थ विचार, है। अन्वयो विचारो भवति। (जयो०

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

४/६६) साभिधेयमभिधानमन्वयप्रायमाश्रयत्। (जयो० २/५५) यहां 'अन्वय' का अर्थ समन्वय, संबंध भी है।

अन्वयव्यतिरेकः (पुं०) विधायक और निषेधात्मक प्रतिज्ञा।

अन्वयायाङ्क (वि०) समागम। सुदर्शनान्वयायाङ्का स्थापिता कपिलाख्यया। (सुद० वृ० ८६)

अन्वयी (वि०) अनुयायी, मंडाराने वाले। कमलान्वयिभ्रमरविस्तारा। (जयो० २२/१९) १. 'कमलेन संतोषेण्णान्वयी संयुक्तो', २. 'कमलानां' वारिजानामन्वयी अनुयायी' (जयो० २२/१९) दोनों भी पंक्तियों में 'अन्वयी' का अर्थ अलग-अलग है, प्रथम में 'अन्वयी' का अर्थ 'संयुक्त' और द्वितीय में 'अनुयायी' अर्थ है।

अन्वर्थ (वि०) [अनुगतः+अर्थम्] सार्थक, अनुकूल। (जयो० १४/२९)

अन्वर्थभावः (पुं०) सार्थकभाव, अनुकूल परिणाम। रुचात्मनस्तु जगत्तिलकाया अन्वर्थभावमेवमथायात्। (जयो० १४/२९)

अन्वरक्षीत्-रक्षा करने लगा। (सुद० ४/२२) श्रेष्ठी मुहुः स्नेहतयाऽन्वरक्षीत्।

अन्यवसित (वि०) [अनु+अव+सो+क्त] संयुक्त, संबद्ध, बंधा हुआ।

अन्ववायः (पुं०) [अनु+अव+अय्+घञ्] कुल, जाति, वंश।

अन्ववेक्षा (स्त्री०) (अनु+अव+ईक्ष+अङ्+टाप्) विचार, चिन्तन, मनन, अनुशीलन।

अन्वहं (अव्य०) [अनु+वहन्] प्रतिदिन, नित्यमेव, सदैव। वैरिषन् रसिति वैरिसंग्रहमव्यथेऽकथि पथि स्थितोऽन्वहम्। (जयो० ३/६) ऋद्धिं वारजनीव गच्छति वनी सैषान्वहं श्री भुवम्। (वीरो० ६/३७)

अन्वाख्यानं (नपुं०) [अनु+आ+ख्या+ल्युट्] उल्लेख पूर्वक कथन, पूर्वानुसार विवेचन।

अन्वाचयः (पुं०) [अनु+आ+चि+अच्] जोड़ना, प्रधान के साथ गौण का कथन।

अन्वाजे (अव्य०) [अनु+आजि+डे] असहाय का उपकार।

अन्वादिष्ट (वि०) [अनु+आ+दिश्+क्त] पश्चात् कथित, प्रतिभाषित।

अन्वादेशः (पुं०) [अनु+आ+दिश्+घञ्] पूर्वोक्त का कथन, पूर्व की पुनरुक्ति।

अन्वाधानम् (नपुं०) [अनु+धा+ल्युट्] समिधा निक्षेपण।

अन्वाधिः (स्त्री०) [अनु+आ+धा+कि] पश्चाताप, खेद, यथार्थ प्रतिदेय।

अन्वासनम् (नपुं०) [अनु+आस्+ल्युट्] सेवा, परिचर्या, पूजा, शक्ति, शोक, खेद।

अन्वाहिक (वि०) प्रतिदिन का, नैमिस्तिकता।

अन्विचारः (पुं०) चिन्तन, विचार। (समु० ८/२१) शरीर मेवाहमियान्विचारः।

अन्वित (वि०) [अनु+इ+क्त] अनुगत, अनुष्ठित, सहित, युक्त, अधिकार जन्य, संयुक्त, क्रमगत, परिपूर्ण, साथ। शुचिबोधकदायतेऽन्वितः। (सुद० ३/२२) केयं केनान्विताऽनेन। (सुद० वृ० ८४) शुशुभे छविरस्य साऽन्विता। (सुद० ३/१९) तत्कुलक्लेदसम्भार धारान्वितम्। (जयो० २/१३०)

अन्विततनुः (स्त्री०) पूर्ण शरीर। वैवर्ष्येनान्विततनुः। (सुद० पृ० ७९)

अन्वितिः (स्त्री०) आदि, अनुसार। कन्यकाकनक-कम्बलान्विति। (जयो० २/१००) अत्रान्वितिशब्दआदिवाचकोऽस्ति। (जयो० वृ० २/१००) स्वामिजनान्वितिरिति चरणेन। (सुद० वृ० ९२) स्वामी की आज्ञानुसार चलना।

अन्वीक्षणं (नपुं) [अनु+ईक्ष्+ल्युट्] गवेषणा, अनुसन्धान, खोज।

अन्वेषणं (नपुं०) विशोधन, गवेषणा, (वीरो० १८/२५) अनुसन्धान, खोज। (जयो० वृ० २/४५)

अन्वेषणकारिन् (वि०) खोजकर्त्ता, अन्वेषण कर्त्ता, गवेषक, अनुसन्धानक। रत्नान्वेषणकारि एतदिति कृत्सम्बोधयुक्तात्मना। (मुनि०वृ० ८)

अन्वेषिणी (स्त्री०) एषणा, गवेषणा, खोजना। (जयो० वृ० १३/४३)

अप् (स्त्री०) [आप्+क्विप्+ह्रस्वश्च] जल, वारि।

अप (अव्य०) विरोध, निषेध, अपवह। धातु से पूर्व लगने वाला एक उपसर्ग। अपकार्तुम्। (समु० २/११)

अपकरणं (नपुं०) [अप+कृ+ल्युट्] अनुपयुक्त कार्य, अनुचित कार्य बिगाड़। पथप्रस्थायिनामपि किलापकरणम्। (दयो० वृ० १०१)

अपकर्तृ (वि०) [अप्+कृ+तृच्] कष्टयुक्त, हानिसंयुक्त।

अपकर्म (वि०) कर्त्तव्यविहीन। (जयो० १८/४)

अपकर्षः (पुं०) [अप+कृष्+घञ्] घाटा, नीचे करना, खींचना। (सम्य० ९९)

अपकर्षणं (नपुं०) [अप+कृष्+ल्युट्] ०दूर करना, ०खींचना, ०वञ्चित करना, ०नीचे करना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सत्तागते कर्मणि बुद्धिनावाऽपकर्षणोत्कर्षणसंक्रमा वा। (समु० ८/१५) कम असर कर देने का नाम 'अपकर्षण' है।

अपकर्षणकर्त्री (वि०) मायाजन्य विद्या। (जयो० वृ० ५/५)

अपकर्षणविद्या (स्त्री०) माया, कपट विद्या। कन्यका यदपकर्षणविद्या। (जयो० ५/५)

अपकार: (पुं०) [अप+कृ+घञ्] दु:खोत्पादन, आघात, कष्ट, अविनय, अपकारि, उत्पीड़न, दुष्टता। (वीरो० १/३३)

अपकारक (वि०) [अप+कृ+ण्वुल्] कष्टप्रद, हानिकारक, अपमानजन्य।

अपकारणं (नपुं०) निवारण। (जयो० १९/७९) णमो वच्चबलीणं यदजममारीनिवारणम्। णमो काय बलीणं च गोरोगस्या-पकारणम्।। (जयो० १९/७९

अपकारपदा (वि०) अपकर्त्री। (जयो० ५/५९)

अपकारि (वि०) अपकार करने वाला, अपमान कर्ता।

अपकारिणी (वि०) विनाशकारी। जडताया अपकारिणीमत:। (सुद० वृ० ५४)

अपकृ [अप+कृ] उपकार करना।

अपकृति (स्त्री०) [अप+कृ+णिनि] आघात, कष्ट, दु:ख, अपमान।

अपकृष् (सक०) [अप+कृष्] ग्रहण करना, लेना। ''लताप्रतानस्य भुवोऽपकृष्य'' (जयो० १/५०) अपकृष्य-गृहीत्वा। (जयो० वृ० १/५०)

अपकृष् (सक०) [अप+कृष्] हटाना, दूर करना, खींचना, अपकर्षण करना। 'अपकर्षति स्म शिविकावाह।' (जयो० ६/४९) 'समयं स्वरूत्पन्नरुचोऽपकृष्ट्म्' (वीरो० २/४२)

अपकृष्ट (वि०) [अप+कृष+क्त] खींचा गया, बाहर निकाला, दूर हटाया गया।

अपक्व (वि०) कच्चा, अपच, अजीर्ण। (जयो० २/१५२)

अपक्वमृण्मयभाजनं (नपुं०) आमपात्र, कच्चापात्र। (जयो० वृ० २/१५२)

अपक्रम: (पुं०) [अप+क्रम+घञ्] हटना, भागना, पलायन करना।

अपक्रम: (पुं०) दुष्क्रम, दुर्मत। (जयो० १२/४) वृषचक्रम-पक्रमप्रभाव। (जयो० वृ० १२/४)

अपक्रमप्रभाव: (पुं०) दुर्मतप्रभाव, दुष्क्रम प्रसार। (जयो० वृ० १२/४)

अपकीर्ति: (स्त्री०) दुर्यश, दुष्प्रभाव। (जयो० २/९४)

अपकोश: (पुं०) [अप्+कृश+घञ्] भर्त्सना, निन्दा, गाली, अपमान शब्द।

अपक्ष (वि०) १. पक्षहीन, पंख रहित। २. पक्षाभाव, विपक्ष। ३. निष्पक्ष।

अपक्षय: (पुं०) [अप+क्षि+अच्] ह्रास, नाश, विनाश, अभाव।

अपक्षेप: (पुं०) [अप+क्षिप्+घञ्] नीचे फेंकना, नीचे रखना।

अपगत (वि०) रहित, विहीन। (जयो० ११/५५) ''आपगाऽपगत-लज्जमिवाङ्कम्''

अपगत-लज्ज (वि०) लज्जा रहित, नि:सङ्कोच। (जयो० ४/५५)

अपगतवेद (वि०) वेदन रहित, त्रिविध पुं०, नपुं०, स्त्री, वेद रहित।

अपगति (स्त्री०) [अप+गम्+क्तिन्] अशोभन गति, दुर्भाग्य, अविनीत। उद्धतामथापगतिं भगवदागमे तु।। (जयो० २३/८७)

अपगर: (अप+गृ+अप्), निन्दा, गर्हा।

अपगुणं (नपुं०) दुर्गुण, खोटे परिणाम। नाबन्धमवाप सापगुणदस्यु। (जयो० ६/९७)

अपगुण दस्यु (वि०) दुर्गुणों को हरण करने वाली। 'अपगुणानां दुर्गुणानां दस्युर्हर्त्री'। (जयो० वृ० ६/९७)

अपघनं (नपुं०) १. मेघ रहित, मेघविरोधिनी, 'अपघन रुचोचिता या'। (जयो० ६/७६) अपघना घनहीना मेघविरोधिनी। (जयो० वृ० ६/७६) २. अवयवयुक्त-अवघनेषु सर्वेष्ववयेषु।

अपङ्कपात्री (वि०) कीचड़ रहित। (वीरो० २१/६)

अपचय: (पुं०) [अप+चि+अच्] ह्रास, न्यूनता, कमी, छीजन, गिरावट, परिश्रम हीन।

अपचरितं (नपुं०) [अप+चर्+क्त] दोष, दुष्कृत्य, दुष्कर्म।

अपचार: (पुं०) [अप+चर्+घञ्] मृत्यु, अपराध, दोष, अभाव। दुराचरण, क्षति।

अपचारिन् (वि०) [अप+चर्+णिनि] दुष्ट, दुराग्रही, दुष्टकर्मी।

अपचिति: (स्त्री०) [अप+चि+क्तिन्] १. हानि, नाश, व्यय। २. प्रायश्चित्त, सम्मानन, पूजन, आदर।

अपच्छत्रं (वि०) छत्र विहीन, छतरी रहित।

अपच्छाय (वि०) छाया रहित, कान्तिहीन।

अपच्छेद: (पुं०) [अप+छिद्+घञ्] हानि, नाश, व्यय।

अपजय: (पुं०) [अप+जि+अच्] हार, पराजय।

अपजात (वि०) [अप+जन+क्त] कुपुत्र, माता-पिता से हीन।

अपजित (वि०) पराभूत, पराजय। अपजितस्य ममेदमुपायन। (जयो० ९/२१)

अपज्ञानं (नपुं०) छिपाना, गुप्त रखना, मेटना, मुकरना।

अपट (वि०) पट रहित, पर्दा हीन।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अपटी (स्त्री०) [अल्पः पटी] पर्दा, कनात।

अपटु (वि०) मंद, अदक्ष, अनिपुण।

अपठ (वि०) पढ़ने में असमर्थ।

अपण्डित (वि०) मूर्ख, अज्ञानी, बुद्धिहीन।

अपण्य (वि०) अमूल्य, बिक्री हीन।

अपतनु (स्त्री०) कृश शरीर, शरीर रहित। अपगता दूरवर्तिनी तनुः शरीरं। (जयो० २२/५)

अपतम (वि०) ०अन्धकार अभाव, ०अन्धकार रहित, ०प्रसूति स्थान में अन्धकार का अभाव। (सुद० ३/११) कुलदीपयशः प्रकाशितेऽपतमस्यत्र जनीजनैर्हिते। (सुद० ३/११)

अपतानकः (पुं०) [अप+तन+ण्वुल्] मूर्च्छा रोग, मृगी रोग।

अपति (वि०) अविवाहित, जो पति रहित हो।

अपतुषार (वि०) हिम रहित, शीत रहित। (जयो० २२/८)

अपतीर्थं (नपुं०) कुतीर्थ, खोटा तीर्थ स्थान, अपवित्र स्थान।

अपत्यं (न०) [न पतन्ति पितरोऽनेन-नञ्+पत्+यत्] संतति, सन्तान, प्रजा।

अपत्रता (वि०) वाहनविहीनता। (जयो० वृ० १७/४८) दृढंच यूनः करवारमाप्त्वाप्यपत्रतावापि किलाकुलेन।

अपत्रप (वि०) त्रपावर्जित। अपत्रपः पत्रं वाहनं पाति स पत्रपो न पत्रयोऽपत्रपः अथवा त्रपावर्जितः सन् (जयो० वृ० ८/५१)

अपत्रपः (पुं०) सन्नपरोऽत्र वीरः। जयो० ८/५१ कन्दर्प स्विदपत्रपाः। (जयो० ३/१०५) ०सत् रहित।

अपत्रप (वि०) निर्लज्ज, लज्जाशून्य। (जयो० ३/१०५)

अपत्रपत (वि०) निर्जल्लता, सङ्कोचवर्जितता। स्वयं तु पत्रं पातीति पत्रयो न पत्रयोऽ पत्रपस्तस्य भावस्तया युक्तोऽपि सन् पत्ररहितोऽपि भवन्। (जयो० वृ० ३/३५)

अपत्रपता (वि०) १. लज्जालुभावता, निर्लज्जता। किलापत्रपतां लज्जालुभावं उमामवाप्य महादेवोऽपि च श्रयन्ति। (जयो० २४/२३) गत्वाऽपत्रपतायाम्। (सुद० वृ० ११२)

अपत्रपा (वि०) ०लज्जाभाव ०निर्लज्जता, ०सङ्कोचता। (जयो० वृ० १७/१९, ६/११७)

अपत्रपा (वि०) पल्लवभावरहित, पत्रविहीनता। त्रपापि न पत्राणि पाति रक्षतीत्यपत्रपा पल्लवभावरहिता स्यात्। (जयो० वृ० १७/१९)

अपथ (वि०) मार्ग रहित, कुमार्ग, उत्पथगामी। किमुद्यपथो गुह्यलम्पटः सञ्चरत्यपि। (जयो० २/१३२)

अपथ्य (वि०) ०अयोग्य, ०अनुचित, ०असंगत, (सम्य० ९०) ०अस्वास्थ्यकर, ०रोगजन्य, ०व्याधिजनक।

अपथ्यवत् (वि०) व्याधिजनक के समान (सम्य० ९०)

अपदः (पुं०) ०पैर का अभाव, ०अनूरुभंग। ०एक पैर। (सूतोऽपदो येन रथाङ्गमेकं) (जयो० १/१९)

अपदः (पुं०) १. अयोग्य स्थान, ०आवास का अभाव। (जयो० २/१०९) सहेत विद्वानपदे कुतो रतम्। (जयो० २/१४०) २. अनुचितमार्ग-निःस्नेहतात्मनि संस्रुवाणस्तथापदे संकलित प्रयाणः। (जयो० ८/७०) अपदेऽनुचिमार्गे। (जयो० वृ० ८/७०)

अपदक्षिणं (अव्य०) बाईं ओर, वामभूत।

अपदम (वि०) आत्म संयम रहित।

अपदानं (नपुं०) [अप+दा+ल्युट्] उत्तम कार्य, पवित्राचरण, स्वच्छ चर्या।

अपक्षर्थः (पुं०) सत्ता का अभाव, वस्तु तत्त्व की कमी।

अपदिशं (अव्य०) मध्यवर्ती प्रदेश में।

अपदूषणं (नपुं०) दूषण का अभाव। (जयो० ७/२९)

अपदूषत्व (वि०) दूषणता रहित, किसी प्रकार का दूषण नहीं। (जयो० १/२९) दयालुतां चाप्यपदूषणत्वं।

अपदेशः (पुं०) [अप+दिश्+घञ्] ०उपदेश, ०बहाना, ०छल, ०कारण, ०ब्याज, ०चिह्न, ०स्थान, ०दिशा। (जयो० ११/४६)

अपदेशतः (वि०) बहाने, ब्याज, कारण, चिह्न। (जयो० ११/४६)

अपदेशतः (वि०) इधर-उधर। मुहुरुद्गिलनापदेशतस्त्वतिपातिः। (सुद० ३/१८)

अपदोष (वि०) दोष रहित, दोष वर्जित। न त्वाप सापदोषाऽप्यनङ्गरुपाधियं भाभिः। (जयो० ६/३१) पुनरपि द्रष्टुमभूदपदोषा। (जयो० १४/८)

अपदोष (वि०) निर्दोष, पक्षपातरहित। रोषो न तोषो जगदेकपोष ऋषेर्भवत्येव भवेऽपदोषः। (जयो० २७/२१) अपदोषः- पक्षपातेन रहितो। (जयो० वृ० २७/२१)

अपद्रव्यं (नपुं०) अनिष्ट वस्तु, कुपदार्थ। ०प्रदुषित पदार्थ, प्रदूषित।

अपद्वारं (नपुं०) ०अतिरिक्त द्वार, ०अन्य द्वार। ०मलद्वार/वातावरण करने वाली वस्तु।

अपधूम (वि०) धूम रहित। ०स्वच्छ, ०शुभ्र।

अपध्यानं (नपुं०) आर्तध्यान।

अपध्वंसः (पुं०) ०अधः पतन, ०गिरावट, ०लांछन, ०निम्नगति।

अपध्वस्त (वि०) [अप+ध्वंस्+क्त] अतिपिष्ट, अभिशप्त, घृणित, निन्दित।

अपनयः (पुं०) [अप+नी+अच्] हटाना, निराकरण करना, दूर करना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अपनयनं (नपुं०) [अप+नी+ल्युट्] कर्त्तव्य निर्वाह, पकड़ना, ले जाना।

अप+नी (सक०) दबाना, नष्ट करना, दूर करना, निराकरण करना। (जयो० ६/६३) पुरुषोत्तमयोग्यामपनिन्युः (जयो० ६/६३) अपनिन्युः—अपनीतवंता। प्रतिष्ठितानात्मतमोऽपनेतुम्। (भक्ति वृ० ३)

अपनोदः (अप+नुद्+घञ्) हटाना, ले जाना, दूर करना।

अपपाठः (पुं०) अशुद्ध पाठ, स्वररहित, पठन, अनुच्चारण।

अपपात्र (वि०) अपात्र, निम्न पात्र।

अपपात्रित (वि०) पात्रता रहित पात्र।

अपपानं (नपुं०) [अप+पा+ल्युट्] अपेय, अपान, पानयोग्य नहीं। ०प्रदूषित पेय पदार्थ, ०रस विकृत पेय।

अपूत (वि०) अडोल। ०निश्चल, ०स्थिर।

अपप्रजाता (वि०) [अपगतः प्रजातो यस्याः] गर्भपात युक्त स्त्री।

अपभय (वि०) निडर, निर्भय, निश्शंक।

अपभरणी (स्त्री०) [अप+भू+ल्यूट्+ङीप्] अंतिम नक्षत्र पुंज।

अपभाषणं (नपुं०) [अप+भाष+ल्युट्] अपयश, भर्त्सना, कुप्रवचन, कुवचन।

अपभीतिः (स्त्री०) भयवर्जित, भयमुक्त, निर्भय। रङ्कः पापपवेरपभीतिस्तिष्ठति किमुत विचित्रम्। (जयो० २/१५७)

अपभूषणं (नपुं०) अपदोष, दूषणाभरण (जयो० १/२९

अपभूषणत्व (वि०) भूषणता का अभाव। (जयो० १/२९)

अपभ्रंशः (पुं०) [अप+भृंश+घञ्] गिरना, नीचे जाना, पतन, शिष्टाचार शून्य।

अपभ्रंशः (पुं०) अपभ्रंश भाषा, जिसमें उकार की बहुलता होती है, यह प्राकृत के पश्चात् विकास को प्राप्त होती है, प्राचीन हिन्दी का विकास इसी से हुआ।

अपभ्रंशवेदिन (वि०) अस्पष्टभाषी। (जयो० २८/२७)

अपमः (पुं०) क्रान्तिवलय, घुमाव युक्त चक्र।

अपमर्दः (पुं०) [अप+मृद्+घञ्] धूल, रज।

अपमर्शः (पुं०) [अप+मृश्+घञ्] छूना, स्पर्श करना।

अपमल (वि०) दोष रहित, मलयुक्त, निर्दोष। कमलामिवा-पमलाम्। (जयो० ६/६३)

अपमार्गः (पुं०) [अप+मृग+घञ्] लघुमार्ग, अपथ, लघुपथ, संकरा मार्ग, तंग गली, छोटा रास्ता।

अपमार्जनं (नपुं०) [अप+मार्ज+ल्युट्] मांजना, साफ करना, स्वच्छ बनाना।

अपमानः (पुं०) [अप+मन+घञ्] अनादर, असम्मान, निरादर। अतोऽपमानादतिदुःखितोमही सुरः-परित्यज्य तनुं वभावहिः। (समु० ४/५)

अपमानित (वि०) निरादर युक्त। (समु० ४/५)

अपमुख (वि०) नीचे की ओर मुंख, अधोमुख।

अपमूर्धन् (वि०) शिर विहीन।

अपमृत्युः (पुं०) असामयिक मरण। (जयो० १९/७७)

अपमृत्युमंत्र (पुं०) मृत्यु निवारण मंत्र। णमो विडोसहिपत्ताणं (जयो० १९/७७)

अपमृत्यु-विनाशन (वि०) मृत्य निवारण। णमोत्थु खिल्लोसहिप-त्ताणं (जयो० १९/७६)

अपमृषित (वि०) [अप+मृष+क्त] अस्पष्ट, अवकत्वता।

अपयशस् (पुं०) अकीर्ति, दुर्यशस्, कलंक, (जयो० वृ० १२/८०) लाभालाभौ जनुर्मृत्युर्यशोऽपयश एव च। (दयो० १०)

अपयशः परिणति (स्त्री०) अपकीर्ति, अकीर्ति। वै-परिणाम कीर्तिरपयशः परिणतिः। (जयो० वृ० ६/४३)

अपयानं (नपुं०) [अप+या+ल्युट्] भागना, पलायन करना, वापस जाना, दूर होना।

अपयोगः (पुं०) दुरुपयोग, उपयोग न होना। अपयोगो दुरुपयोग, स एव गहनं दुःखमेव। (जयो० वृ० ४/४३)

अपर (वि०) १. अद्वितीय, अप्रतिद्वन्द्वी, अनुत्तर, अनुपम। तव शिक्षा समीक्षा परा नाभिन्। (सुद० ७४) २. दूसरा, अन्य, इतर, अतिरिक्त, एक से एक। किमपरैरधिकाधिककातरैर्विषयताप-समुत्थतृषातुरैः। (समु० ७/१०) मुखेसु सत्तां सुतरां समाप सदञ्जनं चापरपार्थिवानाम्। (जयो० ६/११३)

अन्य—परकरोपलेखकोऽपरपुरुषस्य सहाय्येन लिखति। (जयो० २/१३)

दूसरा—स्यादत्र कश्चित्त्व परो हि रोगः। अपरोऽत्र नृपः। (जयो० २३/५२) (सुद० १०७) **पर**-भुवि सत्या अलमपरेण। (सुद० ८८)

अपरक्त (वि०) [अप+रञ्+क्त] रक्त रहित।

अपरथा (अव्य०) ०पुनः, ०फिर से, ०पश्चात्, (वीरो० २/४७) ०अन्यथा। 'सर्वतो ह्यपरथाऽऽगसां निधिः। (जयो० २/८४)

अपरत्र (कि०वि०) [अपर+त्रल्] दूसरे स्थान पर, अन्यत्र, कहीं।

अपरदिशा (स्त्री०) पश्चिमदिशा। न्यात्माधिपेऽपरदिशिं प्रतियादि राजन्। (जयो० १८/३६)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अपरपुरुषः (पुं०) अन्य पुरुष, दूसरा आदमी। अपरपुरुषस्य साहाय्येन। (जयो० वृ० २/१३)

अपर-पार्थिवः (पुं०) इतर राजा, अन्य नरेश। सदङ्गनं चारपरपार्थिवानाम्। (जयो० ६/३१)

अपरप्रणीति (वि०) अन्य ज्ञान (वीरो० २०/१९१)

अपरम (वि०) विपत्ति, हानि। (सुद० १०४) किमु यावकलां कलामये परमस्यापरमस्य हानये।

अपरत्व (वि०) ०अतिरिक्त, ०अन्य, दूसरा। ०प्रशस्त गुणों से विपरीतता, ०अधर्मजन्य तत्त्व। सिद्धान्त में परत्व और अपरत्व ये दो निमित्त भी हैं।

अपरविदेहः (पुं०) विदेह क्षेत्र का आधा भाग, मेरु पर्वत से पश्चिम दिशा की ओर स्थित विदेह क्षेत्र का आधा भाग।

अपरसंग्रहः (पुं०) भेदों की उपेक्षा रूप नय।

अपरस्पर (वि०) [अपरंच परं च] एक के बाद अन्य, अनवरत।

अपरस्मिन् (वि०) कस्मिश्चित्, किसी से भी। (जयो० ६/२०) गिरमपरस्मिन्निष्टे महाशये।

अपरागः (वि०) १. रागाभाव, अरुचि, राग रहित, २. अनुराग रहित, असंतोष युक्त।

अपराध-विहीन (वि०) दोष रहित, पाप रहित। मा स्म कञ्चिदपराधविहीनः। (समु० ५/१३) रागाभावस्यात्साऽ-परागस्य हृदीह शुद्धया, कुतोऽपरागः परमात्मबुद्धया। (वीरो० ५/२९) इह संसारे सा मोहक्षतिरपरागस्य विरक्तस्य पुरुषस्य हृदि चित्ते विशुद्धया चित्तशुद्धया स्यादित्युत्तरम्। अपरागो रागाभावः इति प्रश्न? उक्त पंक्ति में प्रथम 'अपराग' का अर्थ विरक्त और द्वितीय का 'रागाभाव' है। दोनों का अभिप्राय एक है, परन्तु एक से परमात्मविशुद्धि अर्थ का प्रतिबोध होता है और दूसरे से विरक्तपरिणाम। १. जयोदय (वृ० ६/८९) में अपराग का एक अर्थ **'अरुचि'** भी है। परमापरागवतोऽपि जयंतं। (जयो० २२/४३) ०अपराग-विराग या रागरहित भी अर्थ है। प्रोदि्भद्यमङ्क्षु कमलं स्फुरतापराग-भावेन भूरि-भरिताखिलभूमि भागः। (जयो० १८/५४) उक्त पंक्ति में 'अपराग' का अर्थ वीतराग भी है।

अपरागभावः (पुं०) वीतराग परिणाम। (जयो० वृ० १८/५४)

अपराञ्च (वि०) [अपर+अञ्च्+क्विप्] दूर किया गया, विमुख हुआ।

अपराञ्च (अव्य०) सामने, संमुख।

अपराजित (वि०) अजेय, अखण्ड। जल्पान्तीमपराजित हृदि मुदा मन्त्रं मृधान्तार्थतः। (जयो० ८/८६) ०युद्ध से हुए पाप से दूर हटाने के लिए अर्हत् मन्त्र की आराधना। ०अभिलषित ०अपराजित मन्त्र, ०इष्टसिद्धि मन्त्र।

अपराजितः (पुं०) अपराजित नाम का राजा, भरतक्षेत्र के चक्रपुर नगर का शासक। कदाचिदासीदपराजिताख्यः, पराजिताशेष नरेशवर्गः। (समु० ६/९) एक विमान का नाम भी 'अपराजित' है।

अपराजिता (स्त्री०) पार्वती, गौरी, महेश भार्या। (वीरो० वृ० ३/३४)

अपराजितेशः (पुं०) शिव, शंकर, महादेव। (वीरो० ३/५) स चापराजितेशोऽपराजितायाः पार्वत्याः स्वामी महादेवः। (वीरो० वृ० ३/५)

अपराजितेश्वरः (पुं०) महादेव, शिव। (वीरो० ३/५)

अपराध (पुं०) [अप+राध्+घञ्] ०पाप, ०दोषोऽन्वित, ०दुष्कर्म। (सुद० ११०) 'मन्तु स्यादपराधेऽपि मानवे परमेष्ठिनि' इति विश्वलोचन। (जयो० वृ० १/३९) मन्तुमन्ति अपराधकारीणि अक्षराणीन्द्रियाणि लान्तीति। (जयो० वृ० १/३९) कोऽपराध इह मङ्गलेऽन्वितः। (जयो० ७/५८) ०'अपराध' शब्द 'दोषोऽन्वित' दोष युक्त इस अभिप्राय को व्यक्त कर रहा है। 'चित्तेऽपराध-क्षमणादिवेदं' (भक्ति सं० ९) इस पंक्ति में 'अपराध' शब्द ०प्रायश्चित्त वाचक है। अपगतो राधो यस्य भावस्य सोऽपराधः। (सम्य० ३३२) जो राध से रहित है, वह अपराध है। सुदर्शनोदय (वृ० १२४) में अपराध का अर्थ दोष भी है। कृतापराधाविव बद्धहस्तौ। (सुद० २/२६) आत्मापराधस्य नराः स्मरन्तु। (जयो० १५/९) अपराधस्य दुष्कर्मणः। (जयो० वृ० १५/९)

अपराद्ध (वि०) ०अपराध, ०दोष, ०पाप करने वाला, ०दुष्टकर्म करने वाला। स्वामिं स्त्वय्यपराद्धमेवमिह। (सुद० १२४) (जयो० वृ० १५/९)

अपराद्धिः (स्त्री०) [अप+राध्+क्तिन्] पाप, दोष, दुष्टकर्म।

अपराधकारी (वि०) दोषपूर्ण कार्य करने वाला, दोषी, दुष्टकर्मी। (जयो० १८/२४) निर्यातु जातु न तम्पेऽप्यपराधकारि। (जयो० १८/२४) यहां 'वियोगकारी' अर्थ भी है।

अपराधिन् (वि०) [अप+राध्+णिनि] दोषी, अपराधी, दुष्ट। दण्डं चेदपराधिने न नृपतिः। (सुद० ११०) यद्वा राज्ञाऽ-पराधिन एवैते किलेति प्रतिज्ञायते। (दयो० ४९) संयोगतश्चा-समिहापराधी। (भक्ति सं० २९)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अपराधित्व (वि०) अपराधता, दोष करने वाला। (जयो० वृ० ११/२६)

अपराधीन: (पुं०) स्वतन्त्र न हो। न भवेदपराधीन: पराधीनश्च मानव:। (जयो० १९/९१)

अपरिग्रह् (सक०) [अ-परि+ग्रह्] पकड़ना, लेना, चढ़ना। (मुनि०११) नि:श्रेव्यापरिगृह्य दत्तमपि नो गृह्णाति योगी स वा। (मुनि०११)

अपरिग्रह: (पुं०) पांच व्रतों में अन्तिम व्रत।

अपरिग्रहत्व (वि०) अपरिग्रहपना, वस्तु के प्रति ममत्वाभावपना। (सुद० १३२) सदुक्तिमस्तेयममैथुनञ्चापरिग्रहत्वं विटपप्रपञ्च:। (सुद० १३२)

अपरिघूर्ण (वि०) चिर अभिलषित की पूर्णता। पूर्णाऽऽशास्तु किलाऽपरिघूर्णोऽस्माकमहो तव सत्त्वात्। (सुद० ९९)

अपरिचित (वि०) ०परिचय रहित, ०अनजान, ०अनुज्ञान। कस्य अपरिचितनामधेयस्य जनस्य करक्रीडनं। (जयो० वृ० ३/६९ जयो० वृ० ३/२१)

अपरिच्छद (वि०) दरिद्र, निर्धन। ०परिचिंतित, ०मनोयोय आदि से पीड़ित।

अपरिच्छिन्न (वि०) सीमा रहित,

अपरिणत (वि०) रूपादि से विकृत नहीं हुए, आहार का एक दोष।

अपरिणय: (पुं०) ०ब्रह्मचर्य, ०बाल ब्रह्मचारी, ०परिणय शून्य।

अपरिणाम: (पुं०) भाव रहित, विचार रहित, परिवर्तन रहित। (जयो० २६/८६)

अपरिणामक (वि०) यथा श्रद्धान रहित वाला।

अपरिणामभृत (वि०) परिणाम के कारण बिना। ०एक दार्शनिक दृष्टि। ०परिणाम का कारण स्वीकृत किये बिना स्वयं परिणाम नहीं हो सकता और परिणाम को स्वीकृत किया जाए तो 'अद्वैतवाद' समाप्त हो जाएगा। अद्वैतवादोऽ-परिणामभृत्। (जयो० २६/८६)

अपरिणीता (स्त्री०) अविवाहिता कन्या।

अपरिवर्तमान (पुं०) विशुद्ध परिणाम, प्रति समय वर्धमान, हीनमान, संक्लेश तथा विशुद्ध परिणामों को अपरिवर्तमान कहा जाता है।

अपरिश्राविन् (वि०) १. दूसरों के दोषों को न कहने वाला, २. कर्मास्रव से रहित अयोग केवली।

अपरिसंख्यानं (नपुं०) असीमता, अपरिमित, असंख्यता, अपरिहरणीय।

अपरिहारभृता (वि०) अपरिहरणीय, निषेधयनीय। (वीरो० ६/३६)

अपरीक्षित (वि०) १. अप्रमाणित, अविचारित, विचार रहित, मूर्खतायुक्त। २. अपवाद् विशेष की प्रवृत्ति।

अपरीक्षिन् (वि०) अविचरित, अप्रमाणित, योग्यायोग्य की परीक्षा रहित।

अपरुष (वि०) कुरूप, विरूपता जन्य, अशोभनीय।

अपरेद्यु: (अव्य०) [अपर+एद्युस्] अगले दिन, दूसरे दिन, अन्य दिवस।

अभिरुचिः (स्त्री०) [अभि+रुच्+इन्] प्रवृत्ति, वाञ्छा, कामना, महत्त्वकांक्षा। नानाकुकर्माभिरुचिं समेति। (जयो० २/१२७) नैसर्गिका मेऽभिरुचिर्वितर्के। (वीरो० ५/२३)

अभिरुचित (वि०) [अभि+रुच्+अच्] हर्षित, प्रेमासक्त, आनन्दित।

अभिरुढ (वि०) अर्थभेदक।

अभिरूप (वि०) [अभि+रूप्+अच्] ०अनुरूप, ०उपयुक्त, ०योग्य, ०हितकर, ०आनन्ददायक।

अभिलङ्घनं (नपुं०) कूदना, छलांग लगाना।

अभिलभ् (सक०) प्राप्त करना, ग्रहण करना, लेना। (मुनि०३३) योगं यः परमात्मनाऽभिलभते योगीत्यसौ संमत:। (मुनि०३३)

अभिलष् (सक०) इच्छा करना, चाहना/अभिलषेत् (जयो० वृ० ३/८६)

अभिलषित (वि०) [अभि+लष्+क्त] इच्छित, वाञ्छित, उत्कण्ठित, प्राप्त करने योग्य। (जयो० वृ० ४/४७) अभिलषितं वरमाप्तवान्, लोक: किन्न विमान। (सुद० ७३)

अभिलापः (पुं०) [अभि+लप्+घञ्] ०कथन, ०प्रतिपादन, ०प्रस्तुत, ०घोषण, ०वर्णन, ०विवेचन, ०प्ररूपण, ०निरूपण।

अभिलावः (पुं०) [अभि+लू+घञ्] काटना, निकालना।

अभिलाषः (पुं०) [अभि+लष्] इच्छा, कामना, उत्कण्ठा, अनुराग, मनोरम, सुन्दर, श्रेष्ठ, मनोरथ। जयस्य मनोरथोऽभिलाष एव। (जयो० वृ० १/९१) व्यर्थं च नार्थाय समर्थनं तु पूर्णो यतश्चार्श्याभिलाषतन्तु। (जयो० १/१७)

अभिलाषक (वि०) [अभि+लष्+ण्वुल्] इच्छा करने वाला, कामना करने वाला, मनोरथी, उत्कण्ठित।

अभिलाषुक (वि०) इच्छुक, चाहने वाला। स्तनमदेनाभिलाषुक इति। (जयो० वृ० १२/११७)

अभिलाषवती (वि०) उत्कण्ठित, आकांक्षाशीला, (जयो० वृ० १/७८)

अभिलाषिन् (वि०) [अभि+लष्+णिनि] इच्छुक, उत्कण्ठित, चाहने वाला। नाभिलाषी भवन् किञ्चिद्दत्तवानेकदा दिने। (समु० ९/९) भवानिनो वत्सलताभिलाषी। (सुद० १/२१)

अभिलाषिणि (वि०) स्पृहणीय। (जयो० वृ० ३/६४)

अभिलाषा (स्त्री०) आशा, इच्छा, कामना। (जयो० वृ० ५/१०१)

अभिलिख् (सक०) लिखना, प्रस्तुत करना, उत्कीर्ण करना, खुदवाना।

अभिलिखित (वि०) [अभि+लिख+क्त] उत्कीर्ण किया, लिखा गया।

अभिलीन (वि०) [अभि+ली+क्त] आसक्त, संयुक्त, संलग्न, लिपटा हुआ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अभिलुलित (वि०) [अभि+लुड्+क्त] बाधित, क्षुभित, पीड़ित।

अभिवद्धित (वि०) प्रमाण विशेष।

अभिवदनं (नपुं०) [अभि+वद्+ल्युट्] नमन, प्रणमन।

अभिवन्द् (सक०) वन्दन करना, नमन करना। (सुद० ४/२)

अभिवन्दनं (नपुं०) नमन, प्रणमन। (जयो० वृ० २७/५३)

अभिवह्निः (स्त्री०) यज्ञाग्नि, यज्ञ की आग। अभिवह्नि कृतप्रदक्षिणोऽसि। (जयो० १२/९५)

अभिवर्द्धमान (वि०) बढ़ते हुए, आगे जाते हुए। मिथोऽभिवर्द्धमानतः। (जयो० २३/७८)

अभिवन्द्य (वि०) पूजनीय, समादरणीय। (वीरो० १७/२)

अभिवाञ्छ (सक०) चाहना, कामना करना, इच्छा करना। (दयो० १०७) तव दर्शनमिति साऽभिवाञ्छतो। (जयो० १७/१०६) इष्टसिद्धिमभिवाञ्छतो। (जयो० वृ० २/३७)

अभिवाञ्छित (वि०) ०अभिलषित, ०इच्छित, ०चाहा गया, ०कामना जन्य। (समु० ३/४४) संसिद्धत्यभिवाञ्छितं मनसि। (समु० ३/४४) अभिवाञ्छितमग्रतो। (जयो० १०/६८)

अभिवादः (पुं०) [अभि+वाद्+घञ्] बोलबाला, बातचीत, वार्तालाप। (जयो० ४/४५, समु० ८/२५) सत्तमोऽसि भवतामभिवादः। (जयो० ४/४५) सत्यप्रतिज्ञावतोऽभिवा-दस्तथात्र मिथ्यावदतो विषादः। (समु० १/२८) द्वेधा जिनोयस्य वरोऽभिवादः। (समु० ८/२५) जिन भगवान् ने बतलाया।

अभिवादः (पुं०) प्रणाम, नमस्कार, एक-दूसरे को नमन।

अभिवादक (वि०) नमस्कार करने वाला, प्रणामकर्ता।

अभिवन्दनक (वि०) अभिवादी, प्रणामकर्ता, नमन करने वाला। (जयो० वृ० २७/५३)

अभिवादिन् देखों नीचे।

अभिवादी (वि०) वन्दना करने वाला, अभिवन्दनक। (वीरो० १९/४४), (जयो० २७/५३) गुणाधीनतयाभिवादी। निराधार वचोऽभिलाषी। (वीरो० १७/२७)

अभिविधिः (स्त्री०) [अभि+वि+धा+कि] पूर्णविधि, संबोध, सीमा का प्रारम्भ, प्रारम्भिक विधि।

अभिविद् (सक०) प्रकट करना, कहना, व्यक्त करना।

अभिविदित (वि०) प्रकट किया, प्रतिपादित, अभिव्यक्त, कथित ययाऽभिविदितो नरपो नार्या। (सुद० १/४०)

अभिविश्रम्भ (वि०) विश्वासपूर्वक, निष्ठाजन्य, संतोष युक्त। (जयो०१०/११९) ग्रहण ग्रहणस्यादौ परमो भविनोरभिविश्रम्भ। (जयो० १०/११९)

अभिविश्रुत (वि०) [अभि+वि+श्रु+क्त] सुविख्यात, प्रसिद्ध, अति व्यापक।

अभिवीक्ष्य (सं० कृ०) देखकर, अवलोकनकर, निश्चेलक तमभिवीक्ष्य बभूव। (सुद० ४/२)

अभिवृत्तिः (स्त्री०) अभिव्यक्ति (सम्य० १०२)

अभिवृद्ध (वि०) अत्यन्त विस्तृत, अति विशाल, विशिष्ट। (सुद० ४/२१) सर्वेषामभिवृद्धाय जिनाय समहोत्सवम्। (सुद० ४/२१) 'निशङ्कितात्र्यष्टगुणाभिवृद्धं।'' (भक्ति० ७) उक्त पद में 'अभिवृद्ध' का अर्थ परिपूर्ण, पूर्ण, सम्पूर्ण, परिपुष्ट भी है।

अभिव्यक्तः (भू०क०कृ०) [अभि+वि+अंज्+क्त] १. उद्घोषित, प्रतिपादित, प्रकाशित, २. स्पष्ट, स्वच्छ, साफ।

अभिव्यक्ति (स्त्री०) [अभि+वि+अंज्+क्तिन्] प्रदर्शन, स्पष्टीकरण, कथन, विवेचन। अकृत्या तदिभव्यक्तौ (हितो०१४)

अभिव्यक्तिः (स्त्री०) ०प्रकाशित होना, ०स्पष्ट दिखना, ०अभिव्यक्त करना। ''सौभाग्यमाहत्सीयमभिव्यनक्ति'' (वीरो० वृ० १२)

अभिव्यञ्जनं (नपुं०) [अभि+वि+अञ्ज्+ल्युट्] प्रकट करना, अभिव्यक्त करना, प्रकाशन करना।

अभिव्यापक (वि०) [अभि+वि+आप्+ण्वुल्] १. प्रसार करने वाला, फैलाने वाला, २. समझने वाला, स्पष्ट करने वाला।

अभिव्याप्तिः (स्त्री०) [अभि+वि+आप्+क्तिन्] ०सम्मिलित करना, ०जोड़ना, ०व्यापक बनाना, ०सर्वत्र फैलाना।

अभिव्यावहरणं (नपुं०) [अभि+वि+आ+हृ+ल्युट्] ०उच्चारण करना, ०ध्वनित करना, ०बोलना कहना।

अभिशंसक (वि०) [अभि+शंस्+ण्वुल्] अपमानक, दोषारोपक, कलंककर।

अभिशंसनं (नपुं०) [अभि+शंस्+ल्युट्] दोषारोपण, आक्षेपक, अपमान, निरादर।

अभिशङ्का (स्त्री०) [अभि+शङ्क्+अ+टाप्] आशङ्का, संदेह, चिन्ता, भय।

अभिशपनं (नपुं०) [अभि+शप्+ल्युट्] ०शाप, ०दोषारोपण, ०आरोप, ०लाञ्छन, ०मिथ्याशङ्का।

अभिशब्दः (पुं०) [अभि+शब्द] ०उद्घोष, ०कथन, ०प्रतिपादन, प्ररूपणा, ०निरूपण।

अभिशब्दित (वि०) [अभि+शब्द+क्त] ०प्रकाशित, ०प्ररूपित, ०निरूपित, ०प्रतिपादित, ०कथित, ०भाषित।

अभिशस्त (भू०क०कृ०) [अभि+शंस्+क्त] ०अलंकित, ०अपमानित, ०बाधित, ०दुःखित, ०अशुभी, ०पापी, ०दुष्ट।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अभिशस्तिः (स्त्री०) [अभि+शंस्+क्तिन्] ०अनिष्ट, ०हानिकर, ०कलंक, ०अपमान, ०दुष्ट, ०दुर्भाग्य, ०संकट।

अभिशापनं (नपुं०) [अभि+शप्+णिच्+ल्युट्] शाप देना, दोषारोपण, लाञ्छन।

अभिशीत (वि०) [अभि+श्यै+क्त] शीतल, शर्द, ठण्डा।

अभिशोचनं (नपुं०) [अभि+शुच्+ल्युट्] कष्ट, पीड़ा, ०अत्यन्त शोक, ०प्रगाढ़ व्याधि, ०तीव्र कष्ट।

अभिश्रवणं (नपुं०) [अभि+श्रु+ल्युट्] उच्चारण, श्रुतश्रवण।

अभिषङ्ग (पुं०) [अभि+षंज्+घञ्] १. आसक्ति, लगाव, संयोग, सम्पर्क। २. हार, पराजय। ३. वैराग्य, वियोग, ४. अभिशाप, लाञ्छन, आरोपण, ०अनादर।

अभिषञ्जनं (नपुं०) आसक्ति, संयोग, सम्पर्क।

अभिषवः (पुं०) द्रव या दृश्य द्रव्य।

अभिषवः (पुं०) अभिषेक, स्नान "जिनेश्वरस्याभिषवं सुदर्शनः।" (सुद० ११४)

अभिषिक्त (भू०क०कृ०) [अभि+सिंच्+क्त] अभिषेक किया गया, स्नान युक्त (सम्य० ४१)

अभिषिंच् देखो नीचे।

अभिषिञ्च् (सक०) [अभि+सिंच्] ०अभिषेक कराना, ०स्नान कराना, ०जलधारा छोड़ना। 'जिनपं चाभिषिषेच भक्तितः।' (सुद० ३/५) ०अभिषेक, जलाभिषेक का प्रयोग भगवन् प्रतिमा के लिए होता है। किन्तु राज्याभिषेक स्नान आदि के प्रयुक्त 'अभिषिञ्च्' शब्द का अर्थ स्नान कराना, छिड़काव कराना, जल सिंचन करना, तिलक करते हुए संस्कार करना। 'अभिषिञ्च्' अर्थात् अभिषेक के लिए प्रयुक्त जल शुद्ध, प्रासुक या पवित्र होता है। पञ्चम् सर्ग के (९८) श्लोक में 'अभिषिञ्चामि' क्रिया स्नान से सम्बन्धित है।

अभिषेकः (पुं०) [अभि+सिंच्+घञ्] १. अभिषेक, पवित्र जलाभिषेक, प्रतिमाभिषेक। २. स्नान, सिञ्चन। शरीरि-वर्गस्य तमां विवेकहान्या महान्याग गुणाभिषेकः (जयो० १६/२५) उक्त पंक्ति में 'अभिषेक' का अर्थ समर्पित, संयमित, संस्कारित है। 'हे यागगुणाभिषेक! यागस्य हवनस्य गुणे वृद्धिकरणेऽभिषेको दीक्षाप्रयोगो यस्य तत्सम्बोधनम् अर्थात् हे यज्ञकर्तः।" (जयो० वृ० १६/२५)

अभिषेचनं (नपुं०) [अभि+सिच्+ल्युट्] प्रक्षालन, जलाभिसिंचन। (जयो० २२/२२)

अभिषेचन-विधि (स्त्री०) प्रक्षालन विधि। (वीरो० २२/२२)।

अभिषेणन (नपुं०) [अभि+सेना+णिच्+ल्युट्] कूच करना, सैन्य ले जाना, शत्रु की ओर जाना।

अभिष्टवः (पुं०) [अभि+स्तु+अप्] ०प्रार्थना, ०अर्चना, ०पूजा, ०प्रशंसा, ०स्तुति।

अभिष्यः (पुं०) [अभि+स्यन्द्+घञ्] १. टपकना, बहना, ०स्राव होना। २. अतिरेक, आधिक्य, विशेष वृद्धि। ३. नेत्र रोग होना।

अभिष्वङ्गः (पुं०) [अभि+स्वञ्ज्+घञ्] सम्पर्क, संयोग, स्नेह, अनुराग। विषयसुखे राग आसक्तिः। (जै०११६)

अभिसंश्रयः (पुं०) [अभि+सम्+श्रि+अच्] आश्रय, आधार, शरण।

अभिसंस्तवः (पुं०) [अभि+सम्+स्तु+अप्] सुस्तवन, विशेष स्तुति, महगुणगान।

अभिसंतापः (पुं०) [अभि+सम्+तप्+घञ्] ०संघर्ष, ०अति दुःख, ०विशेष व्याधि, ०पीड़ा, ०अधिक आकुलता।

अभिसन्देहः (पुं०) [अभि+सम्+दिह्+घञ्] १. विनिमय, विनियोग, २. अति संदेह, अधिक संशय।

अभिसन्दध्यात् (भू०) लगाना, व्यतीत करना। 'समयं सोऽभिस्सन्दध्यात्परमं।' (सुद० १३२)

अभिसन्धः (पुं०) [अभि+सम्+धा] ०लाञ्छक, ०वञ्चक, ०निन्दक, छली, कपटी।

अभिसंधा (स्त्री०) [अभि+सम्+धा+अङ्+टाप्] ०भाषण, ०उद्घोषण, ०प्रस्तुतिकरण, ०विवेचन, ०प्रतिज्ञा, ०कथन।

अभिसन्धानं (नपुं०) [अभि+सम्+धा+ल्युट्] प्रतिज्ञा, ०उद्घोषण, ०कथन, ०प्रयोजन, ०उद्देश्य, ०लक्ष्य।

अभिसन्धिः (स्त्री०) [अभि+सम्+धा+कि] ०विचारधारा, ०भाषण, ०उद्देश्य, ०प्रवचन ०अभिप्रेत, ०सम्मति, ०विश्वास, ०अनुबन्ध, प्रतिज्ञा, ०प्रस्ताव। 'कृताभिसन्धिरभ्यङ्गनीराग, महितोदय।" (जयो० २८/८)

अभिसन्धित (वि०) [अभि+सम्+धा+णिनि+क्त] 'वञ्चकता, ठगीभावसा। रमन्ते प्राङ्गणेऽन्येनाहो विचित्राऽभिसन्धिता। (जयो० २/१४९)

अभिसमवायः (पुं०) [अभि+सम्+अव+इ+अच्] एकता, संयोग, मेल, सम्बन्ध।

अभिसम्पत्तिः (स्त्री०) [अभि+सम्+पद्+क्तिन्] परिवर्तन, बदलना, प्रभावित होना।

अभिसम्पातः (पुं०) [अभि+सम्+पत्+घञ्] ०समागम, ०संगम, ०संयोग, ०संघर्ष, ०युद्ध।

अभिसम्बन्धः (वि०) [अभि+सम्+बन्ध्+घञ्] १. संपर्क, सम्बन्ध, समवाय, एकरूपता, संयोजन। २. मैथुन, अब्रह्म

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अभिसम्मुख (वि०) सम्मुख, सामने, प्रत्यक्ष।

अभिसारः (पुं०) [अभि+सृ+अच्] अनुगामी, अनुचर, मित्र।

अभिसरणं (नपुं०) [अभि+सृज्+घञ्] सृष्टि, रचना, निर्माण।

अभिसर्जनं (नपुं०) [अभि+सृज्+ल्युट्] उपगमन, सम्मिलन, सम्प्राप्ति, संयोग।

अभिसर्ग (पुं०) उपहार भेंट, दान, प्रदान।

अभिसात्वः (पुं०) [अभि+शान्त्व+घञ्] धैर्य, साहस बनाना।

अभिसायं (अव्य०) सान्ध्य समय, सूर्यास्त काल।

अभिसारः (पुं०) [अभि+सृ+घञ्] ०नियत मिलन, ०नायिका का नायक के प्रति मिलन, काम, इच्छा।

अभिसारिन् (वि०) [अभि+सृ+णिनि] ०गमनशील, ०प्रयाणशील, उद्यत। ०चलने वाले। "शनकैः सम्प्रति सस्वजेऽभिसारी।" (जयो० १४/९१) अभिसरतीत्यभिसारी कामुकः (जयो० वृ० १४/९१) 'सैन्यसागर इहाभिसारिणः" (जयो० २१/८) सेनारूपसमुद्रेऽभिसारिणो-गमनशीलाः।" (जयो० वृ० २१/८)

अभिसिञ्च् (सक०) [अभि+सिच्] छोड़ना, समर्पण करना। 'कर-वारिरूहेऽभ्यसिञ्चदारादिति" (जयो० १२/५३) कर कमल में जल की धारा समर्पण कर दी।

अभिसृ (सक०) ०अभिसरण करना, ०गमन करना, ०अनुसरण करना, ०गावस्तृणमिवारण्येऽभिसरन्ति नवं नवम्। (जयो० २/१४७) अभिसरन्ति-गच्छन्ति। (जयो० वृ० २/१४७) अभिसरन्ति तरां कुसुमक्षणे समुचिताः सहकारगणाश्च। (वीरो० ६/३५)

अभिसृत (वि०) सेवित, अनुसरित। भूराख्याता फलवत्ताया विलसति सद्विनयाभिसृता। (सुद० ८२)

अभिस्नेहः (पुं०) [अभि+स्निह्+घञ्] ०आसक्ति, ०अनुराग, ०प्रेम, ०इच्छा, ०प्रीतिभाव।

अभिस्फुरित (वि०) [अभि+स्फुर्+क्त] विकसित, प्रफुल्लित, विकासयुक्त।

अभिहत (वि०) [अभि+हन्+क्त] घातक, प्रहत, विदारक, दुःखी, पीड़ित, शोक ग्रस्त।

अभिहतिः (स्त्री०) [अभि+हन्+क्तिन्] प्रहार, घात, चोट करना, प्रताड़ना, पीटना, घायल करना।

अभिहरणं (नपुं०) [अभि+हृ+ल्युट्] सन्निकट/समीप लाना, जाकर लाना।

अभिहवः (पुं०) [अभि+ह्वे+अप्] आमन्त्रण, निमन्त्रण, आह्वानन

अविहारः (पुं०) [अभि+हृ+घञ्] १. हरण करना, ०चुराना, ०ले जाना, ०छीनना, २. आक्रमण, आघात, प्रहार।

अभिहासः (पुं०) [अभि+हस्+घञ्] ०परिहास, ०हंसी, ०विनोद

अभिहित (भू०क०कृ०) [अभि+धा+क्त] ०कथित, ०प्रोक्त, ०भाषित, ०सम्बोधित ०उद्घोषित। सम्यक्त्वयाभिहितम-स्मदुपक्रियार्थं। (जयो० १२/१४६)

अभिहृत (वि०) अभिघट, दोष विशेष, आहार दोष।

अभी (वि०) निर्भय, निडर, भय मुक्त। स्वैः सहस्रतनयैः सुराऽभीः। (जयो० ७/८७)

अभीक (वि०) [अभि+कन्] ०आतुर, ०इच्छुक, ०कामुक, ०अभिलाषी, ०लालसाजन्य, ०विलासी।

अभीक्ष्ण (वि०) [अभि+क्ष्णु+ड] सतत्, निरन्तर, सदा ही, बार-बार।

अभीक्ष्णं (अव्य०) निरन्तर, पुनः, सदैव, लगातार।

अभीत (वि०) भयमुक्त, निडर, निर्भय। "यत्प्रतापतोऽभीतभी भावात्।" (जयो० ६/५९)

अभीप्सव (वि०) वाञ्छक, इच्छुक, कामना जन्य, चाहने वाला। सर्वेऽप्यमी मङ्गलतामभीप्सवः। (जयो० ३/९)

अभीप्सित (वि०) [अभि+आप्+सन्+क्त] वाञ्छित, इच्छित, चाहा गया, अभिलषित। "हर्षतयाशु मुहुरस्मदभीप्सितानि"। (जयो० १२/१४६) 'अभिप्सितानि अस्मदभिषितानि।" (जयो० वृ० १२/१४६)

अभीप्सिन् (वि०) [अभि+आप्+सन्+णिनि] इच्छुक, वाञ्छक, चाहने वाला।

अभीरः (पुं०) [अभि+ईर्+अच्] अहीर, गोपाल, गडरिया।

अभीशापः (पुं०) [अभि+शप्+घञ्] दोषारोपण, लाञ्छन, कोसना।

अभीशुः (पुं०) [अभि+अश्+उन्] लगाम, बागडोर।

अभीष्ट (भू०क०कृ०) [अभि+इष्+क्त] १. वाञ्छित, इच्छित, अभिलषित, चाहा गया। (समु० २/१८, वीरो० ४/५३) "अभीष्ट-संभारती विशाला।"। (जयो० ८/३७) "स्फुट-स्तनाभोग-मिषादभीष्टम्" (जयो० ११/३६) उक्त पंक्ति में 'अभीष्ट' ०का अर्थ सारभूत भी है।

०मङ्गलकर-'सुरभिर्नुरभीष्टदर्शना मे।" (जयो० १२/२३) ०अभीष्टं- मङ्गलकरं दर्शनं यस्याः सा। (जयो० वृ० १२/२३)

प्रमाणित-यः विज्ञैरभीष्टः कुपलख्यया यः।' (जयो० ११/४१)

अभीष्टः (पुं०) प्रियतम, प्रिय।

अभीष्टकृत्व (वि०) उचित फलदायी। "सम्पद्यते सपदि तद्वदभीष्टकृत्वम्।" (सुद० ४/३०)

अभीष्टदायक (वि०) वरदायक, मङ्गलकारक। (जयो० २२/३)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अभीष्टपुष्टि (वि०) वाञ्छितसिद्धि। (जयो० २

अभीष्ट-संवदक (वि०) ०ज्ञाता, ०कुशलज्ञ, ०ज्ञानी। (जयो० वृ० १५/५३) ०प्रियवादी, ०यथेष्ट भाषी।

अभीष्टसिद्धिः (स्त्री०) वाञ्छितनिष्पत्ति, इच्छित अर्थ की सिद्धि। (जयो० २३/३५) (वीरो० २०/१७) 'अभीष्टसिद्धेः सुतरामुपायः।' (सुद० १०१)

अभीष्टा (स्त्री०) प्रियतमा, प्रेमिका।

अभुग्न (वि०) सीधा, सरल, एक सा, वक्रता रहित।

अभुज (वि०) बाहुविहीन, खञ्ज, लूला, लंगड़ा।

अभुजिष्या (स्त्री०) एकाकी स्त्री, अकेली नारी।

अभूत (वि०) अविद्यमान, मिथ्या, सत्ताविहीन। (वीरो० १४/४७)

अभूतपूर्व (वि०) जो पहले न हुआ हो। "समागमः क्षत्रिय-विप्र-बुद्ध्योरभूतपूर्वः।" (वीरो० १४/४७)

अभूतार्थ एक नय भी है। जिसका विषय विद्यमान न हो या असत्यार्थ हो। जैसे गधे के सींग विद्यमान न होने के कारण अभूतार्थ है, और घट-पट आदि संयोगी पदार्थ असत्यार्थ होने के कारण अभूतार्थ है।

अभूतार्थता (वि०) अद्भुतरूपता। (जयो० १३/९९)

अभूतिः (स्त्री०) १. सत्ताहीनता, अविद्यमानता।, २. विभूति रहित, धन रहित।

अभूमिः (स्त्री०) अनुपयुक्त स्थान, पृथ्वी का अभाव, स्थान रहित। अरीकिर्तापि सुरीतिकर्ताऽऽगसामभूमिः स तु भूमिकर्ता। (जयो० १/१२) अभूमिः-स्थान रहित इति। (जयो० वृ० १/१२)

अभूषणत्व (वि०) शोभा विहीनता। (समु० ९/३)

अभेद (वि०) अविभक्त, समरूप, भेदाभाव, भिन्नता रहित।

अभेदः (पुं०) द्रव्यों और गुणों की युगपत् वृत्ति, प्रदेश भेद न होने से गुण-गुणी में अभेद। (जयो० वृ० २६/८१) अभेद-शतपत्र के समान सत्य है, सौ पत्र और कमल में भेद नहीं है।

अभेदनयः (पुं०) अभेदनय, गुण-गुणी/अवयव-अवयवी/अङ्ग-अङ्गी सम्बन्ध विवक्षी। सदेतदेकं च नयादभेदाद् द्विधाऽभ्यधास्त्वं चिदचित्सुप्रभेदात्।" (जयो० २६/९२)

अभेदभुज (वि०) एक रूपता, अनुकूलप्रतिकूल पदार्थों में एक रूपता को धारण करने वाली। भूत्वा ममाभेदभुजः समाधीः। (भक्ति०२६)

अभेद-भेदात्मक (वि०) एक विचारात्मक दार्शनिक दृष्टि जब व्यक्ति अभेद और भेद रूप पदार्थ को पूर्ण रूप ग्रहण करता हुआ कहना चाहता है, सब पत्नी के पुत्र के समान कह नहीं सकता है। तात्पर्य यह है कि पुरुष की पत्नी को पुत्र माता कहता है और पति पत्नी कहता है, उसे सर्वथा न माता रूप कहा जा सकता है और न पत्नी रूप, क्योंकि उसमें माता और पत्नी का व्यवहार पुत्र और पति की अपेक्षा से है, इसी तरह किसी वस्तु को भेद और अभेद दोनों रूप कहा जाता है। प्रदेश भेद न होने के कारण वस्तु अपने गुणों से अभेद रूप है और संज्ञा, लक्षण आदि की अपेक्षा भेद रूप है। दो रूप वस्तु को एकान्त रूप से एक रूप कहना तलवार आकाश को खण्डित करने के समान अशक्य है। (जयो० २६/७६) अभेद-भेदात्मकमर्थमर्हंस्तवोदितं संकलयन् समर्हम्। शक्नोमि पत्नीसुतवन्न वक्तुं किलेह खड्गेन नभो विभक्तुम्।।

अभेद-वृत्तिः (स्त्री०) व्यतिरेक न होना, द्रव्यार्थत्वेनाश्रयेण तदव्यतिरेकादभेदवृत्तिः। (रा०वा०४/४२)

अभेद-स्वभावः (पुं०) एक रूप परिणाम, एक रूप भाव। गुण-गुणी आदि में एक रूप भाव अभेद स्वभाव है।

अभेदोपचारः (पुं०) एकत्व का अध्यारोप।

अभेद्य (वि०) अविभाज्य, अविभक्त, अभिभाजित।

अभोगः (पुं०) विस्तार, उन्नत। "बृहत्स्तनाभोगवशाद्विलग्नः।" (जयो० ११/३४) ०(वि०) भोग रहित, ०भोग विहीन।

अभोक्तृत्व नयः (पुं०) नय की एक दृष्टि।

अभोक्तृत्वशक्तिः (स्त्री०) उपरम स्वरूप, समस्त कर्मों से किये गए, ज्ञातृत्वमात्र से भिन्न परिणामों के अनुभव का उपरमस्वरूप।

अभोज्य (वि०) अभक्ष्य, खाने में अयोग्य।

अभ्यगत (वि०) नष्ट हुआ, समाप्त हुआ, क्षीण हो गया। तमो विलयमभ्यगात्। (सुद० १०८)

अभ्यग्र (वि०) निकट, समीप, पास।

अभ्यङ्क (वि०) तात्कालिक चिह्न से युक्त।

अभ्यङ्ग (वि०) [अभि+अञ्ज्+घञ्] मालिश, उपटन, लेप।

अभ्यङ्गं (नपुं०) शरीर के प्रति, देह प्रति। "अङ्गमभिव्याप्य वर्तत इत्यभ्यङ्ग शरीरं प्रति।" (जयो० वृ० २८/८)

अभ्यङ्गनी-राग (पुं०) शरीर के प्रति राग।

अभ्यञ्जन (नपुं०) [अभि+अञ्ज्+ल्युट्] मालिश करना, उपटन, मर्दन।

अभ्यतीत (वि०) ०अतिक्रान्त, ०समाप्त हुआ, ०व्यतीत हुआ,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

०परित्यक्त। "मारवाराभ्यतीतः सन्नथो नोदलताश्रितः।" (जयो० २८/११) 'स्वयं हि तावज्जडताभ्यतीत।' (जयो० १/८५) अभ्यतीतः परित्यक्तः सन्। (जयो० वृ० १/८५)

अभ्यर्थना (स्त्री०) याचना, मांगना, चाहना। (जयो० वृ० १२/१४४)

अभ्यधात् (वि०) दिखलाना, अवलोकन करना। 'तनुसौर-भतोऽभ्यधाद्वरं।' (सुद० ३/२५)

अभ्यधीत (वि०) अवलोकित (सम्य० ५/४)

अभ्यधिक (वि०) देखों अभ्यधिक।

अभ्यधिका (वि०) ०अपेक्षाकृत अधिक, ०अत्यधिक, ०विशालतम, ०साधारण, ०अनुपम। 'इत्यमभ्याधिका ममास्त्या।' (जयो० १२/२२)

अभ्यनुज्ञा (स्त्री०) [अभि+अनु+ज्ञा+अङ्ग+टाप्] सहमति, स्वीकृति, आदेश, आज्ञा।

अभ्यनुयोक्त्री (वि०) निपुण बनाने वाली, योग्य करने वाली। (सुद० १२२) "चतुराख्यानेष्वभ्यनुयोक्त्रीं।" (सुद० १२२)

अभ्यन्तर (वि०) [अभि+अन्तरः] भीतरी, आत्म सम्बन्धी, आन्तरिक, निकटतम, घनिष्ट।

अभ्यन्तर-इंद्रियं (नपुं०) मन।

अभ्यन्तर-करण (वि०) आन्तरिक कला।

अभ्यन्तर-कारण (वि०) आन्तरिक करण, मन का हेतु।

अभ्यन्तरीकृ (सक०) [अभ्यन्तर+च्चि+कृ] दीक्षित करना, परिचित करना।

अभ्यन्तरीकरणं (नपुं०) [अभ्यन्तर+च्चि+कृ+ल्युट्] दीक्षित करना, परिचित करना।

अभ्यमनं (नपुं०) [अभि+अम्+ल्युट्] प्रहार, घात, हानि।

अभ्ययः (पुं०) [अभि+इ+अच्] जाना, पहुंचना।

अभ्यर्चनं (नपुं०) [अभि+अर्च्+ल्युट्] ०पूजन, ०अर्चन, ०श्रद्धान, ०समादर, ०सम्मान।

अभ्यर्ण (वि०) [अभि+अद्र्+क्त] सन्निकट, समीप, पास।

अभ्यर्णं (नपुं०) सान्निध्य, साथ, सहभागी, सामीप्य।

अभ्यर्थनं (नपुं०) [अभि+अर्थ्+ल्युट्] प्रार्थना, अनुरोध, निवेदन, अनुयन।

अभ्यर्थिन् (वि०) [अभि+अर्थ्+णिनि] प्रार्थना करने वाला, ०याचक, ०निवेदक, ०प्रतिवेदक, ०अनुरोधक।

अभ्यर्हणा (स्त्री०) [अभि+अर्ह्+युच्+गप्] प्रार्थना, पूजा, अर्चना, सम्मान, समादर।

अभ्यर्हित (वि०) [अभि+अर्ह्+क्त] १. समादरित, सम्मानित, पूजित, प्रतिष्ठित, २. योग्य, तुल्य, समीचीन, उपयुक्त।

अभ्यवकर्षणं (नपुं०) [अभि+अव्+कृष्+ल्युट्] अनुगमन करना, बहिर्निस्सरण, अभिगमन।

अभ्यवकाशः (पुं०) [अभि+अव+काश+घञ्] स्वच्छ स्थान, खुला स्थान।

अभ्यवस्कन्दः (पुं०) [अभि+अव्+स्कंद्+घञ्] शत्रु सन्निकट आना, भिड़ना, आक्रमण करना, प्रहार करना, आघात, प्रतान।

अभ्यवहरणं (नपुं०) [अभि+अव्+हृ+ल्युट्] निम्नोक्षेपण, अःपतन, गिराना, फेंकना।

अभ्यवहारः (पुं०) [अभि+अव+हृ+घञ्] आहारग्रहण, भुंजन, खादन, खाद्य-पेयन।

अभ्यवहार्य (वि०) [अभि+अव+हृ+ण्यत्] आहार्य, भोज्य, खाद्य, खाने योग्य।

अभ्यसनं (नपुं०) [अभि+अस्+ल्युट्] ०अनु+अभ्यास, ०अनवरत पाठ, ०क्रमशः अध्ययन, ०निरन्तर-चिन्तन।

अभ्यसूचक (वि०) [अभि+असु+ण्वुल्] ईर्ष्यालु, निंदक, आरोपक, दोषारोपक।

अभ्यसूया (स्त्री०) [अभि+असु+यक्+अ+टाप्] ईर्ष्या, डाह, घृणा, द्वेष, आरोप, विरोध।

अभ्यसिचि (वि०) अभिषिक्त, स्नापित। (जयो० ३/२२)

अभ्यस्त (भू०क०कृ०) उचित, अध्ययन युक्त, अभ्यास गत। (जयो० वृ० २१/२४) विषय-वस्तु का अध्येता।

अभ्याकर्षः (पुं०) [अभि+आ+कृष्+घञ्] ललकारना, आमना-सामना करना, भिड़ना।

अभ्याकाङ्क्षित (वि०) [अभि+आ+काङ्क्ष्+क्त] मिथ्या आरोप, निर्मूल कथन, निराधार प्रतिवेदन, इच्छा, आकांक्षा।

अभ्याख्यानं (नपुं०) [अभि+आ+ख्या+ल्युट्] ०आरोप लगाना, निन्दा, ०मिथ्या आरोप, ०असत्य-कथन, ०लाञ्छन।

अभ्यागत (वि०) (भू०क०कृ०) [अभि+आ+गम्+क्त] ०सन्निकट गया, ०समीपस्थ, ०आगतस्थ, ०अतिथि भाव प्राप्त, ०समागत। 'अभ्यागतानभ्युपगम्य सुभ्रुवः।" (जयो० ५/९२) अभ्यागतानुपरिस्थतान्-(जयो० वृ० ५/९२) "अभ्यागताय च मां लक्ष्मीमिवाभि लाषापूर्तिकर्त्रीं।" (जयो० वृ० १२।९२) अतिथयेऽभ्यागताय। (जयो० वृ० १२/९२)

अभ्यागमः (पुं०) [अभि+आ+गम्+घञ्] १. सन्निकट आना, सामीप्य, अनुगमन। २. युद्ध, संग्राम, विद्वेष, कलह।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अभ्यागमनं (नपुं०) [अभि+आ+गम्+ल्युट्] अनुगमन, उपागमन, प्राप्त होना, पहुंचना।

अभ्यागारिकः (पुं०) [अभि+आगार+ठन्] ०यत्नशील, ०परिवार-रक्षणशील।

अभ्याघातः (पुं०) प्रहार, आक्रमण, हनन, विध्वंस।

अभ्याङ्गनं (नपुं०) [अभि+अङ्ग+ल्युट्] तैल मर्दन, शरीर मालिश। (मुनि०११)

अभ्याङ्गनकारिणी (वि०) तैल मालिश करने वाली। (मुनि०वृ० ११)

अभ्यावदानं (नपुं०) [अभि+आ+दा+ल्युट्] ०उपक्रम, ०प्रारम्भ, ०सूत्रपात्र करण, ०समारम्भ।

अभ्याधानं (नपुं०) [अभि+आ+धा+ल्युट्] डालना, रखना, प्रक्षेपण, निक्षेपण।

अभ्यान्त (वि०) [अभि+आ+अम्+क्त] व्याधिजन्य, रोगाक्रान्त, रोगी, पीड़ित, रूग्ण।

अभ्यापातः (पुं०) [अभि+आ+पत्+घञ्] सङ्कट, आपत्ति, विपत्ति, दुर्भाग्य।

अभ्यामर्दः (पुं०) [अभि+आ+मृद+घञ्] आरोहण, चढ़ना, सवार होना, ऊपरीगमन।

अभ्यावृत्तिः (स्त्री०) [अभि+आ+वृत्+क्तिन्] अनुचिन्तन, पुनर्चिन्तन, दुहराना, बार-बार याद करना, ०अनुप्रेक्षण, अनुशीलन।

अभ्याश (वि०) [अभि+अश्+घञ्] व्याप्त, सन्निकता, समीपता, प्राप्त होना।

अभ्यासः (पुं०) [अभि+आ+अस्+घञ्] आवृत्ति, अध्ययन, तल्लीन, अनवरत भाव, (जयो० वृ० ११/४५)

अभ्यासगत (वि०) आवृत्ति प्राप्त, अध्ययन गत, मनन युक्त।

अभ्यास-तत्पर (वि०) अभ्यास में लीन।

अभ्यास-तल्लीन (वि०) अभ्यास तत्पर, ०अध्ययनशील, ०मनन भाव सहित।

अभ्यासपर (वि०) अध्ययन में लीन, अभ्यासाग्रणी, प्रयत्नशील। 'नरायितस्येवाभ्यासपरा।' (जयो० १४/२६)

अभ्यासादनं (नपुं०) [अभि+आ+सद+णिच्+ल्युट्] शत्रु का सामना करना, आक्रमण करना।

अभ्याहननं (पुं०) [अभि+आ+हन्+ल्युट्] उपघात, प्रहरन, पीडन, बाधन, हनन, प्रतिपीडन, प्रतिघातन।

अभ्याहारः (पुं०) [अभि+आ+हृ+घञ्] अपहरण, अनुग्रहण, सं आनयन, बंधन बनाना, ०रोकना।

अभ्युक्षणं (नपुं०) [अभि+उक्ष्+ल्युट्] अभिसिंचन, तर करना, छींटना।

अभ्युचित (वि०) प्रचलित, समुचित, विशेष। अमितोन्नतिमन्ति निर्मलान्यभ्युचितायत-विस्तराणि वा। (जयो० १३/६५)

अभ्युच्चयः (पुं०) [अभि+उत्+चि+अच्] १. बुद्धि, आगम। २. समुन्नत, अतिशिष्टि।

अभ्युज्झित (वि०) त्यक्त, परित्यक्त, त्याज्य। 'स कोऽपि योऽभ्युज्झित-कामसत्कृतिः।'' (वीरो० ९/६)

अभ्युत्क्रोशनं (नपुं०) [अभि+उत्+क्रुश्+ल्युट्] उच्चोचारण, उच्चीत्कार, उच्चोदघोष।

अभ्युत्थानं (नपुं०) [अभि+उद्+स्था+ल्युट्] १. उठना, ०सम्मानार्थ उठना, ०प्रस्थान करना, ०गमन करना, ०कूच करना। २. ०उन्नति, ०सम्पन्नता, ०मर्यादा।

अभ्युत्पतनं (नपुं०) [अभि+उत्+पत्+ल्युट्] ०कूद पड़ना, ०गिरना, ०आक्रमण करना, ०उत्क्रमण, अनुत्पतन, ०छलांग लगाना।

अभ्युदयः (पुं०) [अभि+उद्+इ+घञ्] ०उद्गम, ०उदय, ०निःसरण, ०उत्थान, ०उन्नति, ०सफलता। २. उपक्रम, उत्सव, आनंद। 'समुत्सवकरस्याऽस्याऽभ्युदयेन रवेरिव।' (जयो० १/१११) अभ्युदयेन-पुण्यपरिपाकेन। (जयो० वृ० १/१११) जयोदयं स्वाभ्युदयाय शक्त्या। (जयो० १/१) अभ्युदयो-ज्ञानादिलक्षणः। (जयो० १/१) उक्त पंक्ति में अभ्युदय का अर्थ 'कल्याण' भी। 'कुतः परस्याभ्युदयं सहेरन्।'' (सुद० २/४४) 'भद्रस्याभ्युदयो यथा।' (समु० ९/३१) (भद्र की उन्नति)

अभ्युदयभाजि (वि०) अभ्युदय शील, उन्नतिशील, उदय करने वाला। 'दृष्टिरभ्युदयभाजि जनानां।' (जयो० ५/२८)

अभ्युदस्त (वि०) समुत्थापित, उठाता हुआ, ऊँचा करता हुआ। 'कलितोष्मिमिषोऽभ्युदस्त-वक्त्रो।' (जयो० १२/१२२)

अभ्युदारः (पुं०) अत्युत्कृष्ट, अत्यन्त उदार, प्रबलता युक्त। 'प्रमुक्तये सारतयाभ्युदारं।' (भक्ति०सं० १०) 'सारोऽभ्युदारो दयिते।' (जयो० १७/३६)

अभ्युदाहरणं (नपुं०) [अभि+उद्+आ+हृ+ल्युट्] निदर्शन, उदाहरण, विपरीत युक्ति के लिए दृष्टान्त।

अभ्युदित (वि०) प्रकट हुई, व्यक्त हुई, निकली। स्वस्मिन् कला साभ्युदितास्तु यस्य। (भक्ति० सं० ३९)

अभ्युदितातुकम्प (वि०) दयाधारिन्, करुणाशील, अनुकम्पावान्।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

'देवीति यासौ नवनीत-सम्पत्तयोदियायाभ्युदितानुकम्पं। (जयो० २०/८४)

अभ्युद् (सक०) स्वीकारना, चलना, निकलना। 'इदं स्विदङ्के द्रुतमभ्युदेति।' (सुद० १/५)

अभ्युद्गमः (पुं०) [अभि+उद्+गम्+घञ्] ०निकलना, ०सम्मानार्थ आना, ०उठना, ०आदर देना।

अभ्युद्गतिः (स्त्री०) उठना, ०आदरार्थ बाहर निकलना, ०अतिथि सम्भावनार्थ जाना।

अभ्युद्धृतिः (स्त्री०) स्वीकार करना, अङ्गीकार करना। 'स्वामिन् आज्ञाऽभ्युद्धृतये तु सेवकस्य चेष्टा सुखहेतुः। (सुद० १२)

अभ्युद्यत (भू०क०कृ०) [अभि+उद्+यम्+क्त] १. तत्पर, तैयार, संलग्न, लीन, प्रयत्नजन्य। २. आगे किया, उठाया, लाया।

अभ्युन्नत (वि०) [अभि+उद्+नम्+क्त] अति ऊँचा, उन्नतशील, प्रगति वाला।

अभ्युन्नतिः (स्त्री०) [अभि+उद्+नम्+क्तिन्] तीव्र प्रगति, स्थल प्रगति, उन्नति स्थान। 'समेखलाभ्युन्नतिमन्नितम्बा।' (सुद० २/५)

अभ्युन्नमतिः (स्त्री०) [अभि+उद्+नम्+अति] अति उन्नत, अत्यन्त उच्च, पूर्णता युक्त। 'पयोधरोऽभ्युन्नमतीह।' (जयो० ११/३३)

अभ्युपगतः (वि०) [अभि+अप्+गत्+क्त] प्राप्त होना, मिलना, मानना। (सुद० १२१)

अभ्युपगमः (पुं०) [अभि+उप्+गम्+घञ्] ०उपागमन, ०प्राप्त होना, ०स्वीकारना, ०मिलना, ०मानना, ०समझना।

अभ्युगम्य (सं० कृ०) [अभि+उप्+गम्+ल्यप्] प्राप्त होकर ग्रहण करने। (सुद० १२१) कठोरतामभ्युपगम्य याऽसौ। (सुद० १२१)

अभ्युपत्तिः (स्त्री०) [अभि+उप+पद+क्तिन्] सहायतार्थ जाना, ०कृपा दृष्टि रखना, ०निकट जाना, ०रक्षा, ०धैर्य, ०साहस।

अभ्युपलम्भः (पुं०) सहारा, सम्प्रयाण।

अभ्युपलम्भनंः (पुं०) सहारा, सम्प्रयाण, प्रस्थान। ''सुवर्णसूत्राभ्युपलम्भनेन।'' (जयो० ११/६)

अभ्युपायः (पुं०) [अभि+उप+इ+अच्] साधन (जयो० ३/४८) विधिर्येनाभ्युपायेन। ०प्रबन्ध, ०प्रतिज्ञा, ०उपचार, ०युक्ति। 'विधेश्च संयोजयतोऽभ्युपायः' (जयो० ३/८७) अभ्युपायः प्रबन्धो। (जयो० वृ० ३/८७)

अभ्युपायनं (नपुं०) [अभि+उप+अप्+ल्युट्] १. उपहार, भेंट, सम्मान प्रतीक। २. रिश्वत, घूंस।

अभ्युपासनं (नपुं०) [अभि+उप+अस्+ल्युट्] समर्थनकारी, ०प्रशंसक, ०समालोचक। उपासक ०देव्योऽभ्युपासन-समर्थकारिपक्षाः' (वीरो० ५/४२)

अभ्युपेत (भू०क०कृ०) [अभि+उप+इ+क्त] १. उपागत, प्राप्त, समागत, समीप जाना। (जयो० ४/३६) २. अङ्गीकृत, स्वीकृत, ज्ञात, भिज्ञ, व्याकुलित। निर्वारिमीनमितभिङ्क्तिमभ्युपेता। (सुद० ८६)

अभ्युपेत्य (अव्य०) [अभि-उप+इ+ल्यप्] प्राप्त करके, पहुंच करके, समीप जाकर। 'अभ्युपेत्य पुनराह तमेष।' (जयो० ४/३६)

अभ्युषः (पुं०) [अभितः उ ऊष्यते अग्निना दह्यते] खूबी रोटी।

अभ्यूढ (वि०) विवाहित, परिणीत, परिणय युक्त। 'अस्ति सुदर्शन-तरुणाऽभ्युढेयं।'

अभ्यूहः (पुं०) अनुमान, तर्क, (सुद० ८४)

अभ्योबाधक (वि०) ०बाधा पहुंचाने वाला, ०विघ्नकर्ता, ०अवरोधक। (समु० ९/१५)

परेऽभ्योबाधकं नं स्यादेवमङ्ग स सन्दधत्। (समु० ९/१५)

अभ्र (अक) घूमना, जाना, भ्रमण करना।

अभ्रं (नपुं०) [अभ्र+अच्] मेघ, बादल अवारिषु मेघाः। (धव०१४/३५) वर्षा से रहित मेघ को 'अभ्र' कहते हैं। रणभूमावभ्रे च खगस्ताक्ष्यप्रायं। (जयो० ७/११३) सोऽभ्रेगगने। (जयो० वृ० ७/११३, वीरो० २/५०) 'अभ्रमुवल्लभकमिमति' वा अधिकृत्येऽपि अधियोगे सप्तमी। (जयो० वृ० ९/५२) वीक्ष्य मेलमनयोरिह शातमभ्रतस्ततिरहो निपपात। (जयो० ६/१३०) वहां आकाश से ऐसे फूलों की वर्षा हुई। 'अभ्र' का अर्थ गगन, आकाश भी है।

अभ्रंलिह (वि०) [अभ्र+लिह्+खस् मुमागमः] गगनप्रान्त स्पर्शित, आकाश चुम्बित, ०अधिक उच्च। 'रात्रौ यदभ्रंलिह-शालभृंङ्ग समङ्कितः' (वीरो० २/२७)

अभ्रंलिह-शाल-श्रृंङ्गारं (नपुं०) गगनचुम्बी शाल शिखर, आकाश स्पर्शित पर कोटे के शिखर। (वीरो० २/२७)

अभ्रंलिहाग्र-शिखरावलिः (स्त्री०) गगनचुम्बी शिखरावली। (वीरो० २/५०)

अभ्रकं (नपुं०) [अभ्र+कन्] अबरक, चिलचिल।

अभ्रङ्कष (वि०) [अभ्र+कष्+खच् मुमागमः] बादलों को छूने वाला, मेघ स्पर्शित।

अभ्रम (वि०) निःसंशय, संदेहरहित। (जयो० वृ० ५/१०१)

अभ्रमरीतिकरी (वि०) निःसंदेहचेष्टाकारिणी १. भ्रमरियों को बाधा न पहुंचाने वाली। (जयो० २०/८७)

अभ्रमलोकता (वि०) निःसंशय परिज्ञानं १. भ्रम-रहित देखने

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वाली। २. आकाश की ओर देखने वाली। 'अभ्रमालोकतया चरिष्णोः।' (जयो० ५/१०१) अभ्रमाकाशं चरिष्णोः (जयो० वृ० ५/१०१)

अभ्रमुः (स्त्री०) [अभ्र+मा+उ] हथिनी, हस्तिनी, ऐरावत हाथी की सहचरी। (जयो० २३/६६) गजस्येव कपटाभ्रमुकायां मनसो बहुलापाया।

अभ्रमुका देखो ऊपर।

अभ्राभ्र-विधूदित (वि०) आकाश पटल पर अधिकार करने वाली। (वीरो० १३/७) ''प्रत्येकमभ्राभ्र-विधूदितानाम्।''

अभ्रान्तर (वि०) मेघ के अन्तर, मेघमध्य, आकाश के बीच। 'अभ्रान्तरमितमुपेत्य वारिभरं।' (जयो० ९/९४)

अभ्रिः (स्त्री०) कुदाल, खुरपी।

अभ्रित (वि०) [अभ्र+इतच्] मेघाच्छादित, बादलों से आवृत्त।

अभ्रिय (वि०) [अभ्र+घ] मेघ सम्बन्ध, बादलों से उत्पन्न, मेघोत्पन्न।

अभ्रेष (वि०) योग्यता, उपयुक्तता।

अम् (अव्य०) [अम्+क्विप्] शीघ्र, त्वरित, जल्दी।

अम् (अक०) १. सेवा करना, ०सम्मान करना, ०शब्द करना, २. भोजन करना, ३. आक्रमण करना, टूट पड़ना, ०कष्ट होना, ०रोग होना।

अमः (पुं०) [अम+घञ्] १. कच्चा, अपरिपक्व, २. आमरोग, रुग्णता। ३. अनुचर, सेवक।

अमङ्गल (वि०) ०अशुभ, ०अकल्याणकर, ०अहितकर, ०दुर्भाग्यपूर्ण, ०भाग्यहीन।

अमण्ड (वि०) अनलंकृत, अविभूषित।

अमत (वि०) अज्ञात, असम्मत, अमान्य।

अमति (वि०) दुर्बुद्धिः, दुष्टमन, दुश्चरित्र।

अमतिः (स्त्री०) अज्ञान, संज्ञाहीन, ज्ञानशून्य।

अमत्त (वि०) उन्मत्त, धुत्त।

अमत्रं (नपुं०) [अमति भुक्ते अन्नमत्र-अम्+आधारे अत्रन्] पात्र, भाजन, वर्तन, भाण्ड।

अमत्रं (नपुं०) बल, शक्ति, सामर्थ्य। 'अमत्रमत्र प्रदधार मातुः।' (वीरो० ५/३९)

अमत्रगत (वि०) उदार, ईर्ष्या रहित, द्वेष हीन।

अमनस् (वि०) मन विहीन, अनियन्त्रित।

अमनस्क (वि०) [न विद्यते मनो येषां ते] (स०सि०२/११) मनरहित, मन का अभाव। द्रव्यमन और भावमन से रहित। (तत्त्वार्थसूत्र महा०वृ० ३४)

अमनाक् (अव्य०) अत्यधिक, बहुत।

अमनुष्य (वि०) अमानुषिक, मानवता रहित।

अमनोज्ञ (वि०) ०अप्रिय, ०अनिष्ट, ०घातक, ०हानिकारक, ०बाधा जन्य। ''अमनोज्ञं अप्रियं। 'कृत्वाऽन्यथाभाव-मथामनोज्ञे।' (भक्ति सं० ४८)

अमन्त्र (वि०) असंस्कारित, मन्त्रहीन, मन्त्रों से अनभिज्ञ।

अमन्द (वि०) न्यूनता रहित, स्फूर्तिमान्, शक्तिसम्पन्न, बलयुक्त। (जयो० वृ० १/३२) तेज, प्रबल, अधिक। ''नटी मुदामन्द-पदाममेयं।'' (जयो० १/३२) अमन्दानि, न्यूनतारहितानि प्रशस्तानि च। (जयो० वृ० १/३२) 'बभुः कन्दा इवामन्दाः।' (जयो० १०/८८) उक्त पंक्ति में 'अमन्द' का अर्थ प्रकाशमान है।

अमम (वि०) ०ममकार रहित, ०अहंकार रहित, ०आसक्ति-विहीन, ०ममत्वरहित, ०समत्वशील।

अममता (वि०) समत्वभावना, स्वार्थविमुक्त। इच्छाशून्य।

अमर (वि०) अविनाशी, मृत्यु रहित।

अमरः (पुं०) देव, देवता। ''सम्भृष्यमरवद्विसर्जनमतः।'' (सुद० १०३)

अमरगणः (पुं०) देवनिकाय, देवसमूह। 'अमरगणाश्च वदन्ति महोदयम्।' (जयो० १/९९)

अमर-कोषः (पुं०) अमरसिंह रचित कोष।

अमर-तरुः (पुं०) दिव्य तरु, कल्पवृक्ष।

अमरता (वि०) अमरत्व, देवत्व। (वीरो० १४/२२)

अमरताभिलाषी (वि०) देवत्व का इच्छुक। (वीरो० १४/२२)

अमरपुरी (स्त्री०) देवपुरी, देवलोक।

अमर-वन्दित (वि०) देव पूजित। ''तस्मै समस्तामर-वन्दिताय।'' (भक्ति वृ० २३)

अमरा (स्त्री०) देवाङ्गना, देवी। (जयो० २/१४)

अमराङ्गना देखो अमरा।

अमरावती (स्त्री०) स्वर्गपुरी। (दयो० वृ० ९) ''तिपरिपूर्णतयाऽम-रावतीमतलस्पर्शतया।'

अमरी (स्त्री०) देवाङ्गना, देवी। मितामरीभिर्मधुराधरीभिः। (जयो० २७/१९)

अमरीचय (वि०) देवाङ्गना समूह, देवीकुल। (जयो० २२/२३)

अमरेशः (पुं०) इन्द्र, शक्र, पुरन्दर, देवों का ईश। (वीरो० ९/२६) प्रजल्पनेऽनल्पतयैव तत्परा इवामरेशस्य च चारणा नराः।'' (वीरो० ९/२६)

अमरैकवेदी (वि०) अर्हत् स्वरूप के ज्ञाता, सर्वज्ञत्व वेत्ता। **''वेदिरङ्गुलिमुद्रायां बुधैः संस्कृत भूतले''** इति विश्व-लोचनः।

अमर्त्य (वि०) ०अविनाशी, ०अक्षय, ०अजर, दिव्य ०अहीन।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

(जयो० ५/३१) पुनरमर्त्यैहीनजनैश्च। अमर्त्येत्यत्र अकारस्य ईषदर्थकत्वेन हीनार्थकत्वात्।' (जयो० वृ० ५/३१)

अमर्त्यः (पुं०) देव, अमर। (नमर्त्या अमर्त्यास्तैः देवैः (जयो० वृ० ५/३१)

अमर्मन् (नपुं०) मृदु, कोमल, मर्म रहित।

अमर्याद (वि०) मर्यादा रहित, प्रतिकूलता युक्त, अनादर कर्ता, सीमातिक्रान्तक।

अमर्ष (वि०) असहनशील, धैर्यविहीन, शक्ति रहित, सहिष्णुता से रहित।

अमर्षण (वि०) असहिष्णु, धैर्यशून्य, क्षमा न करने वाला।

अमर्षिन् (वि०) १. असहिष्णु, सहनशीलता रहित। २. क्रोधी, प्रचण्ड।

अमल (वि०) निष्पाप, निर्मल, स्वच्छ, परिशुद्ध, मल रहित। (जयो० ७/२) 'नक्षत्रकमालिकाऽमला।' (जयो० १०/४८) (स्वच्छ एवं अति सुन्दर नक्षत्रमाला) "अमले परिशुद्धे भूतले निश्चलामलजलवति।" (जयो० वृ० १२/१३१) प्रभावत्यधुनाऽमलार्या। (जयो० वृ० २३/६९) प्रभावती चामला निष्पापाऽर्याभूता। (जयो० वृ० २३/६९)

अमलगुणः (वि०) निर्मल गुण, पवित्रगुण। (जयो० ७/२)

अमलता (वि०) स्वच्छता, पवित्रता, निर्मलता। 'समेति यत्रामलतामनेन'। (वीरो० १/९)

अमलतोयं (नपुं०) स्वच्छ जल, निर्मल जल। "दृष्ट्वा समुद्रोमलतोयमिष्टः।" (जयो० २१/७८) अमलेन तोयेन मिष्टोऽसौ समुद्रो। (जयो० वृ० २१/७८)

अमला (स्त्री०) अमरा, देवी, लक्ष्मी।

अमलिन् (वि०) स्वच्छ, शुभ्र, श्वेत, पवित्र, निर्मल।

अमसः (पुं०) [अम्+असच्] रोग।

अमहेशः (पुं०) कामदेव, मदन। (जयो० ५/७५)

अमा (स्त्री०) अमावस्या, नूतन चन्द्रमा का दिन, सूर्य और चन्द्र के संयोग का दिन। सूर्या चन्द्रमसावास्यं रेजाते कुण्डलच्छलात्। (जयो० ३/१०१) अमा च अमावस्यातिथिः। (जयो० वृ० ३/१०१) अमावस्यायां सूर्येन्दुसङ्गमो भवतीति ख्यातिः। (जयो० वृ० ३/१०१)

अमा (अव्य०) से, पास, सन्निकट, साथ, जैसा कि।

अमा (पुं०) १. आत्मा, २. व्यास।

अमांस (वि०) जर्जरदेह, मांस रहित, क्षीण काय, मांस छोड़ने वाला।

अमार्गः (पुं०) अनभिज्ञ, अनजान।

अमात्यः (पुं०) [अमा+त्यक्] मन्त्री, अमात्यः देशाधिकारीत्यर्थः (त्रि०सा०टी० ६८३) सहचर, सचिव, अनुयायी। (जयो० ३/२०)

अमात्यवर्गः (पुं०) ०सहचरवर्ग, ०नतवर्ग, ०विनम्रवर्ग। (जयो० ३/२०)

अमानवं (वि०) विनम्र, क्षमाशील, विनीत।

अमानव (वि०) [न मानवोऽमानवो देवः] देवता, देव, अमर। (वीरो० १७/२४) मनुष्यों में असाधारण। (जयो० २८/१०) (जयो० ३/१०१)

अमानवचरित्रं (नपुं०) ०विशिष्ट चरित्र, ०उत्तम चरित्र, ०असाधारण चरित्र। (जयो० ३/२७)

अमानुष (वि०) १. राक्षीस, अमानवीय, २. अलौकिक, अपार्थिव। (दयो० ५१)

अमानुषोचित (वि०) राक्षसी प्रवृत्ति, अमानुषिक वृत्ति। (दयो० वृ० १)

अमानुष्य (वि०) अलौकिक, मानवीयता रहित।

अमाभिधान (नपुं०) अमावस्या की रात्रि। अमाभिधानेऽन्यत्राहो समुदासीनतामये। (सुद० ८७)

अमाम (स्त्री०) अमावस्या।

अमाय (वि०) छल रहित, कपट विहीन, सरलता युक्त, निष्कपट, सौम्य। २. माप विहीन।

अमायिक (वि०) निश्छल, सरल, निष्कपटी।

अमावस्या (स्त्री०) अमा, अमावसी, सूर्य और चन्द्र के संयोग का दिन। अमा च अमवस्यातिथिः। (जयो० वृ० ३/१०१) अमावस्यां सूर्येन्दुसङ्गमो भवतीति ख्यातिः (जयो० वृ० ३/१०१)

अमावसी (स्त्री०) चन्द्रमा का दिन, अमा, अमावस्या।

अमित (वि०) अपरिमित, असीमित, सीमा रहित, विशाल, अत्यधिक, पर्याप्त। 'परिवदामि सदाऽमित-शासन।' (जयो० ९/१०)

अमित-शासनं (नपुं०) अपरिमित शासन, विशाल शासन। 'अमितमपरिमितं शासनं यस्य।' (जयो० वृ० ९/१०)

अमितोन्नतिः (स्त्री०) पर्याप्तोच्चानि, अधिक उन्नति, बहुत ऊँचे। अमितोन्नतिमन्ति निर्मलान्यभ्युचितायतविस्तराणि वा।' (जयो० १३/६५)

अमित्रः (पुं०) [अम्+इत्र] शत्रु, विरोधी, प्रतिद्वन्द्वी, विपक्षी। (जयो० २३/३)

अमित्रजित् (वि०) १. शत्रुपरिहारक, शत्रुजयी। अमित्रजित् शत्रुपरिहारकोऽसावेव-मित्रजिद-पीति विरोधस्तस्य परिहारो।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

(जयो० वृ० २३/३) सूर्य को जीतने वाले नहीं। "मित्रं सख्यौ रवौ पुमान् इति विश्वलोचन:"

अमिथ्या (क्रि०वि०) १. जो मिथ्या न हो, विपरीत न हो, अन्यथा न हो, २. सम्यक्, यथार्थ, उचित।

अमिन् (वि०) [अम्+णिनि] रोगी, व्याधी जनित, बीमार।

अमिषं (नपुं०) [अम्+इषन्] १. लौकिक पदार्थ, भोग सामग्री, २. निश्छलता, निष्कपटता, सत्यवादिता, हितवादिता।

अमीर (वि०) धनाढ्य, धनी, वैभव सम्पन्न। वीर! त्वमानन्दभुवामवीर: मीरो गुणानां जगताममीर:। (वीरो० १/५) मीर होकर भी अमीर अर्थात् गुणों के मीर/समुद्र होकर भी जगत् के अमीर/सबसे बड़े धनाढ्य हो। "मीरोऽब्धि-शैल-नीरेषु" इति विश्वलोचनकोश:। समुद्र एव किन्तु जगतां प्राणिनो मध्ये अमीर: सर्वश्रेष्ठ:। (वीरो० वृ० १/५)

अमीवा (स्त्री०) [अम्+वन् ईडागम:] रोग, व्याधि, बीमारी।

अमु (सर्व०) इदम् सर्वनाम शब्द का 'अमु' आदेश हो जाता है। अमुनादेश (जयो० १/९०) अमुस्मिन् (सुद० ४/२८)

अमुक (वि०) इस तरह, ऐसा-ऐसा, व्याज से। "ममामुकं मेव-समूह-जेतो।" (सुद० २/१३) अमुकस्य बभूव दामिनीत्यभिधा भूमिपते: सुभामिनी। (समु० २/१२)

अमुक-गुण-गत (वि०) इस गुण-वर्णन युक्त। अमुकस्य कामरूपाधिपस्य गुणेषु गुणसंकीर्तन इत्यर्थ:। (जयो० वृ० ६/३२)

अमुक-संघ: (पुं०) इस संघ, इस समूह।

अमुक्त (वि०) ०बन्धन युक्त, ०बन्ध वाला, ०परतन्त्र, ०स्वाधीनता रहित।

अमुक्ति: (स्त्री०) ०मोक्षाभाव, ०मुक्ति का अभाव, ०बन्धन, पराधीनता।

अमुत: (अव्य०) [अदस्+तसल्] वहां, वहां से, उस स्थान पर, उस जगह, उस अवस्था में, ऊपर, उच्च स्थान पर।

अमुद्रित (वि०) जाज्वल्यमान, विकसित, विकासशील, देदीप्यमान। "स्वयममुद्रित-शुद्धशिखाश्रय:।" (जयो० ९/२४)

अमुत्र (अव्य०) [अदस्+त्रल्] वहां उस स्थान पर, उस अवस्था में, वहां पर।

अमुथा (अव्य०) [अदस्+थाल-उत्व-मत्व] इस तरह, इस रूप, इस रीति से।

अमुष्य (वि०) ऐसे, इस तरह, उस 'प्रावर्ततामुष्य महीश्वरस्य।' (जयो० १/११) 'दृशोरमुष्या द्वितयेऽवतारं।' (सुद० २/४८)

अमूदृश् (वि०) ऐसा, इस प्रकार का, इस तरह, इस रूप, इस रीति से।

अमूढ (वि०) [न मूढो भवतीत्यमूढ:] (जयो० वृ० १७/१७) अमूर्ख, मुग्धता रहित। 'नास्ति सा यस्य जीवस्य विख्यात:। सोऽस्त्यमूढदृक्। (लाटी०सं० ४/१११)

अमूढ-दृष्टि: (स्त्री०) ०मिथ्यात्व अप्रशंसक, मुग्धता रहित दृष्टि। 'सर्वेषु भावेषु मोहाभावादमूढं दृष्टि।' (समय प्राभृत वृ० २५०)

अमूर्त (वि०) अशरीरी, शरीर रहित, निराकार। (भक्ति०वृ० २७) अरूपी द्रव्य (वीरो० १९/३६)

अमूर्तत्व (वि०) अशरीरीपना, मूर्तता का अभापना।

अमूर्तद्रव्यं (नपुं०) निराकारी द्रव्य।

अमूर्तरुच (वि०) अमूर्तिक स्वभाव वाले। एतैर्ममामूर्तरुच: किमधि: सम्पन्नतामेत्वधुना समाधि:।" (भक्ति सं० वृ० २७)

अमूर्ति: (स्त्री०) रूप का न होना, मूर्त हीन।

अमूर्ति (वि०) रूप रहित, निराकार।

अमूर्तियोगिनी (वि०) अमूर्तविद्या। (जयो० वृ० २४/२)

अमूल (वि०) ०निर्मूल, ०निराधार, ०आश्रय विहीन, ०प्रमाणाभाव युक्त।

अमूल्य (वि) बहुमूल्य, अनमोल। हैमं तुलाकोटियुगं च कस्मान्ममाप्यमूलस्य निबद्धमस्मात्। (जयो० ११/१५) उक्त पंक्ति में 'अमूल्य' शब्द का अर्थ 'अतिमनोहर' रूप में है। 'अमूल्यातिमनोहरस्य।' (जयो० वृ० ११/१५)

अमृत (वि०) [न मृतोऽमृत:] १. जो मरा न हो, अविनाशी, अनिश्वर:, अजर (जयो० ११/७९)

अमृत: (पुं०) अमर, देव, देवता।

अमृतं (नपुं०) अमृत, पीयूष, जल, जीवन, भुवन, दुग्ध, घृत। (जयो० ९/१४) "पय: कीलालममृतं जीवनं भुवनं वनमित्यमर:। (अमरकोश:) "मम समस्तु महीवलेऽमृत।" (जयो० ९/१४) उक्त पंक्ति में 'अमृत' का अर्थ 'सुन्दर' किया है। हे अमृत! सुन्दर। (जयो० वृ० ९/१४) "श्री कामधेनोरमृतप्रशस्ति:।" (जयो० ११/८६) कामस्य सुरम्या वाञ्छितकर्त्री यदेतदङ्गशरीरममृतस्य सर्वश्रेष्ठा। (जयो० वृ० ११/८६) 'लोडयन्ति ललना: स्म मन्दरप्रायमन्थ कलिनाऽमृताय ताम्। (जयो० २१/५७) उक्त पंक्ति में

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

'अमृत' का अर्थ नवनीत/घृत है। 'अमृतन्तु घृते दुग्धे' इति विश्वलोचनीशः। 'अमृतममरण-कारणमितीष्टं।' (जयो० वृ० १४/७९) अमृत्यु का कारण होन से अमृत है

अमृतकरः (पुं०) चन्द्र, शशि।

अमृतकुण्डः (पुं०) अमृत पात्र।

अमृतगुः (स्त्री०) पीयूषवाणी, अमृतवाणी, (जयो० १/९६) सुधारश्मि, चन्द्रकिरण। (जयो० १६/१९)

अमृतगुत्व (वि०) चन्द्ररूपता, शशिरूपता। अमृतस्य गौ रश्मिर्यस्य तस्य भावम्। (जयो० वृ० २२/४८) (मधुरवाणी को धारण करना) अमृतस्य दुग्धस्य गोभूर्मिर्यत्र तस्य भावम्। (जयो० वृ० २२/४८) (गायपने को धारण करना)

अमृतधामः (नपुं०) मोक्ष, मुक्ति पुरुषार्थ, चन्द्र। "धर्मार्थ-कामामृत-धाम बाहुचतुष्टयं।" (जयो० १९/१३) अमृतधाम मोक्षश्चेति। (जयो० वृ० १९/१३) "भिन्ने भवत्यमृतधामनि नाम शुभ्मत्।" (जयो० वृ० १८/४४) अमृतधामनि चन्द्रमसि। (जयो० वृ० १८/४४) उक्त पंक्ति में 'अमृतधाम' का अर्थ चन्द्र है। 'अमृतानां' देवानामाश्रमः स्वर्गः इस व्युत्पत्ति से 'स्वर्ग' भी अर्थ है।

अमृतधारा (स्त्री०) १. अमृत प्रवाह, २. औषधि विशेष, ३. छन्द विशेष।

अमृतप (वि०) अमृत पान करने वाला।

अमृतपुरधर (वि०) १. अमृतपूर्ण अधरों वाली। २. स्वर्गपुरी रूप धारिणी। ३. मङ्गलदर्शन वाली।
धवलयति क्ष्मावलयं वृद्धद्वारास्य भो अमृतपुरधरे। (जयो० ६/१०५)

अमृतपूः (वि०) अमृतस्थान। अमृतस्य पूः स्थानमधरो यस्याः सा। (जयो० ६/१०५)

अमृतपूर्णः (वि०) अमृत से परिपूर्ण, पीयूष से भरी हुई। 'पवित्ररूपामृतपूर्णकुल्या'। (सुद० २/७)

अमृतप्रदात्री (वि०) दुग्ध प्रदान करने वाली, वाक्कामधेनुः खलशीलनेनाऽमृतप्रदात्री सुतरामनेना। (समु० १/२६)

अमृतप्रवाहित (वि०) सुधादानी। (जयो० १८/८५)

अमृतप्रशस्तिः (स्त्री०) १. सर्वश्रेष्ठपूर्ति, प्रशंसा, २. दुग्ध प्रशंसा, दुग्ध सम्पत्ति। 'अमृतस्य सर्वश्रेष्ठा प्रशस्तिः यस्येदृशं।' अमृतं दुग्धमेव प्रशस्तिः सम्पत्तिर्यस्य। (जयो० वृ० २१/८६)

अमृतफलं (नपुं०) द्राक्ष, अंगूर, दाख।

अमृतबन्धुः (पुं०) देव, अमर, देवता।

अमृतभुज् (पुं०) देव, अमर, देवता।

अमृतभू (वि०) अमृतत्व को प्राप्त, जन्म-मरण से रहित।

अमृतमंथनं (नपुं०) सिन्धु मंथन, समुद्र विलोडन।

अमृतरसः (पुं०) पीयूष रस।

अमृतलता (स्त्री०) अमृतदायी वल्लरी।

अमृतलहरी (स्त्री०) पीयूष प्रवाह। (जयो० ७/६३)

अमृतसार (वि०) १. निर्झर, झरना, २. अमृतमय, पीयूष युक्त। येन कर्णपथतो हृदुदारमेत्य पूरयति सोऽमृतसारः। (जयो० ४/५३) 'अमृतस्य सारो निर्झरः' (जयो० वृ० ४/५३)

अमृतसारिणी (वि०) सञ्जीवनी सार, जीवनदायिनी तत्त्व। सुधावत् प्रसक्तिकारिणी। (जयो० वृ० १/८८)

अमृतसिद्धिः (स्त्री०) अमृत की सिद्धि, अमृतपान, जल निष्पत्ति। "अमृतस्य जलस्य मरणाभावस्य च सिद्धिं निष्पत्ति।" (वीरो० वृ० ४/४८)

अमृत-सूः (पुं०) चन्द्र।

अमृतसूति (वि०) अमृत को प्रवाहित करने वाला।

अमृत-सोदरः (पुं०) अमृत भाई।

अमृतस्रवः (पुं०) अमृत प्रवाह, पीयूष धारा। अमृतवर्षिणी। (सुद० ४/१३) वागेव कौमुदी साधु-सुधांशोरमृतस्रवा।" (सुद० ४/१३)

अमृतस्रवा (वि०) दुग्धदात्री, अमृत प्रदायी, अमृत वर्षाने वाली। विस्तारिणी कीर्तिरिवाथ यस्यामृतस्रवेन्दो रुचिवत्प्रशस्या। (वीरो० २/२०)

अमृतस्राविणी (वि०) अमृत देने वाली, दुग्धदात्री, सुधा प्रदात्री। (दयो० वृ० ५३)

अमृतस्रुतिः (स्त्री०) सुधास्रोत, पीयूषधारा। (दयो० वृ० ९)

अमृतस्रुतिमयी (वि०) अमृतप्रवाहिणी, पीयूष प्रवाह वाली। (जयो० १८/८५) तस्यामृतस्रुतिमयीं प्रतिपद्य हे गां। (जयो० १८/८५) अमृतस्रुतिमयीं-पीयूषप्रवाहरूपामुत मोक्षप्राप्ति-रूपाम्। (जयो० वृ० १८/८५)

अमृतस्रोत (वि०) पीयूष निर्झर, सुधा धारा। (दयो० वृ० ९)

अमृता (स्त्री०) शराब, मादक द्रव्य, मद्य।

अमृतांशः (पुं०) पीयूषलव, अमृत अंश, सुधांश। (जयो० वृ० ११/६३)

अमृतांशुः (पुं०) चन्द्र, शशि, इन्दु। (दयो० ८४)

अमृतात्मन् (वि०) अमृत की तरह आनन्ददायिनी, अमृतवदा-नन्ददायिनी। "चारुर्विधोः कारुरुतामृतात्मा।" (जयो० ११/९२)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अमृतायमान (वि०) अमृत वाला, अमृत युक्त, अमृत की तरह आचरण करने वाले। "जगत्यमृतायमानेभ्यः।" (सुद० १२४)

अमृताशी (वि०) अमृत भोजी, सुधापानक, पीयूष पान करने वाले।

तस्मादनल्पाप्सरसङ्गत्वाद्भुत्वाऽमृताशी सुखं-संहितत्त्वात्। (वीरो० ११/२४)

अमृतेशः (पुं०) चन्द्र।

अमृतेशयः (वि०) क्षीर सागर में शयन करने वाले विष्णु।

अमृतोक्तिः (स्त्री०) अमृतवचन (वीरो० १८/२४)

अमृतोर्मि (स्त्री०) अमृत लहर (जयो० ७/६३) मृदुता रहित (वीरो० २०/२२)

अमृषा (स्त्री०) सत्य।

अमृषा (अव्य०) सचमुच, वास्तव में।

अमृष्ट (वि०) अक्षुण्ण, अखण्ड, मर्दित नहीं, विदीर्णता रहित।

अमेचक (वि०) ज्ञायक स्वभावी।

अमेदस्क (वि०) चर्बी रहित, निर्बल।

अमेधस् (वि०) मतिविहीन, ज्ञान हीन, बुद्धि रहित।

अमेध्य (वि०) अपवित्र, अयोग्य, अस्वच्छ, पवित्रता रहित।

अमेध्ययुक्त (वि०) अपवित्रता सहित, मल युक्त।

अमेय (वि०) १. अप्रमेय, एक दार्शनिक दृष्टि जो ज्ञान का विषय न हो। यन्मीयते वस्त्वखिलप्रमाता, भवेदमेयस्य तु को विधाता। (जयो० २६/९८) जो वस्तु प्रमेय है-प्रमेयत्व का गुण का आधार है, वह अवश्य ही किसी के ज्ञान का विषय होता है, अमेय/अप्रमेय का ज्ञाता कौन हो सकता है? अर्थात् कोई नहीं? २. अज्ञेय, सीमा रहित, अपरिमित।

अमेरिका (स्त्री०) अमेरिका देश। साऽमेरिकस्य तु मलिना रुचिः सुमनसामस्ति यथा। (सुद० ५/३)

अमोघ (वि०) अचूक, सफल, व्यर्थता रहित। "भो भो जना वीरविभोर्गुणौघानसौऽनुकूलं स्मरताममोघाः। (सुद० १/४)

अमोघ-बाणः (पुं०) सफलशर, लक्ष्यवेध करने में सफल। (जयो० ११/६१) 'जित्वा त्रिलोकीं स्विदमोघबाणः।'

अम्ब् (सक०) जाना, शब्द करना।

अम्बः (पुं०) [अम्ब्+घञ्] पिता, जनक।

अम्बं (नपुं०) १. नेत्र, नयन, २० जल, नीर।

अम्ब (अव्य०) हाँ! स्वीकृत करने के योग में।

अम्बकं (नपुं०) [अम्ब्+ण्वुल्] नेत्र, नयन।

अम्बधात्रीदोषः (पुं०) साधु का एक दोष, दाता बच्चे के सुलाने का दोष।

अम्बरं (नपुं०) [अम्बः शब्दः तं राति धत्ते इति] मेघ, बादल, आकाश, अन्तरिक्ष। रणे सम्भाषणे संबित तथा अम्बरं रसे कार्पासे 'इति-विश्व' (जयो० ६/१२)

अम्बरं (नपुं०) १. वस्त्र, कपड़ा, परिधान। (जयो० १३/७१) २. केसर, अवरक। (जयो० १/३७)

अम्बरचारी (वि०) विद्याधर। (जयो० ६/१२)

अम्बरीष (नपुं०) [अम्ब+अरिषु] १. सूर्य, रवि, शिव, विष्णु, २. कडाही, ३. खेद, दुःख, ४. युद्ध, संग्राम।

अम्बष्ठः (पुं०) [अम्ब+स्था+क] महावत।

अम्बा (स्त्री०) [अम्ब+घञ्+टाप्] १. जननी, माँ, माता। (जयो० ५/१००) २. सरस्वती-वचोऽभिदेवतेऽम्बा। (दयो० वृ० ३७) (जयो० १२/२)

अम्बिका (स्त्री०) [अम्बा+कन्+टाप्] सरस्वती, जननी, माँ, माता। (वीरो० १५/४०) (जयो० ६/१९)

अम्बु (नपुं०) नीर, जल, वारि, उदक। तत्त्व-धर्माम्बुवाह (सुद० ४/२२) (समु० २/१२)

अम्बुक् (पुं०) मेघ, बादल, जलद। (जयो० १२/९१)

अम्बुकणः (पुं०) जल बिन्दु, नीरकण।

अम्बुकण्टकः (पुं०) घडियाल।

अम्बुकिरातः (पुं०) घडियाल।

अम्बुकूर्मः (पुं०) कच्छप, कछुआ।

अम्बुचर (वि०) जलचर जीव, जल में विचरण करने वाले जीव।

अम्बुजः (पुं०) १. चन्द्र, चन्द्रमा, २. कपूर। ३. सारसपक्षी, शंख।

अम्बुजं (नपुं०) कमल, इन्दीवर, अरविन्द। (सुद० ३/४५) (जयो० १/४९) "त्वदीय-पादाम्बुजालेः सहचारिणीयम्। (सुद० २/३४)

अम्बुज-कलिका (स्त्री०) कमल की कली, कमल पांखुरी, कमल-पत्र। जिनयज्ञमहिमा ख्यातः। जिनपूजा प्रसिद्ध है। मनोवचकायैर्जिन पूजां प्रकुरु ज्ञानि भ्रातः। मन, वचन और काय से जिनपूजा करें। (श्रेणिक राजा हाथी पर सवार होकर जिनपूजा के लिए जा रहा था) मुदाऽऽदाय मेकोऽम्बुज-कलिकां पूजनार्थमायातः। प्रमोद से मेंढक कमल की कली मुख में दबाकर पूजन के लिए चला, किन्तु मार्ग में हाथी के पैर के नीचे दबकर मर गया और स्वर्ग को प्राप्त हुआ।

अम्बुज-कोष (वि०) जलजात कमल। (जयो० ११/४३) 'भुजो रुजोऽङ्कोऽम्बुजकोषकाय।'

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अम्बुजट्टक (नपुं०) कमललोचन, नेत्र रूपी वाले कमल। रूपमम्बुजदृशो ननु जात। (जयो० ५/६९)

अम्बुज-जित् (वि०) कमलजयी। (वीरो० ६/३४)

अम्बुजमाला (स्त्री०) कमल माला (जयो० ६/५५) अम्बुजानां कमलानां माला।

अम्बुजसङ्ग्रहं (नपुं०) कमल समूह। अम्बुजानां कमलानां संग्रहः। (जयो० वृ० १३/८०)

अम्बुजसम्विहीन (वि०) कमल रहित। कृत्वाऽत्र मामम्बुज-सम्विहीनां सरोवरीमङ्ग! किन्नुदीनां। (समु० ३/१३)

अम्बुजामोद (वि०) पद्म आमोद, कमल की प्रफुल्लता। (जयो० १३/९४)

अम्बुजोन्मीलन् (वि०) कमल को उन्मीलित करने वाला। (जयो० १६/६)

अम्बुततिः (स्त्री०) जलधारा, नीर प्रवाह। कुसुमाञ्जलिबद्धभव साऽम्बुततिः पुष्टतमेऽति संरसात्। (वीरो० ७/३१)

अम्बुद (वि०) जल देने वाला, नीरदायी। (सुद० ९९)

अम्बुदः (पुं०) मेघ, बादल, जलद। शिखिनामम्बुदभांसि धूपजानि। (जयो० १२/६८)

अम्बुदात्री (वि०) जलत्यज, जल देने वाला (जयो० १२/६८)

अम्बुधरः (पुं०) मेघ, बादल, जलद। शृंगाग्रलग्नाम्बुधरस्य (जयो० ८/८)

अम्बुधरायणं (नपुं०) मेघ, बादल, जलद। (दयो० ४२)

अम्बुधिः (पुं०) समुद्र, सागर। (सुद० १/१८) सुरवर्त्मवदिन्दु-मम्बुधेः। (सुद० ३/१०)

अम्बुधिवत् (वि०) समुद्र के समान। कुशलसद्भावनोऽम्बुधिवत् सकलविद्यासरित्सचिवः। (सुद० ३/३०)

अम्बुनिधि (नपुं०) जल गृह, समुद्र, वारिधि। 'निःशेषयत्य-म्बुनिधीन् स्म।' (जयो० १/२६) दुरन्त दुःखाम्बुनिधौ तु सेतुः। (सुद० १/२)

अम्बुप (वि०) जल पीने वाला।

अम्बुपः (वि०) सागर, समुद्र।

अम्बुपातः (पुं०) जलप्रपात, जलधारा।

अम्बुप्रसादः (पुं०) कतकवृक्ष, निर्मली वृक्ष।

अम्बुभवं (नपुं०) कमल, नीरज।

अम्बुभृत् (पुं०) जलवाहक, मेघ, बादल, नीरज।

अम्बुमुक्क्षण (वि०) जल के गिरने के समय, वर्षाकाल। मेघस्य क्षणे वर्षाकाले। (जयो० १२/९१)

अम्बुमुच् (पुं०) मेघ, नीरद, बादल। 'रुचिरम्बुमुचोऽनुगामिनी।' (समु० २/१२)

अम्बुराजः (पुं०) समुद्र, सागर।

अम्बुरुह् (पुं०) कमल, सरोज, जलज।

अम्बुवाहः (पुं०) १. वर्षाकाल, वर्षासमय। २. मेघ, बादल। बकाः पताकाः करिणोऽम्बुवाहाः। (जयो० ८/६२)

अम्बुरोहिणी (वि०) जल में उत्पन्न होने वाला, कमल।

अम्बुवाहिन् (पुं०) मेघ, बादल।

अम्बुवाहिनी (स्त्री०) पानी निकालने का लकड़ी पात्र।

अम्बुविहारः (पुं०) जलक्रीड़ा, जलविहार।

अम्भ् (अक०) शब्द करना, आवाज करना।

अम्भज् (वि०) जल में उत्पन्न होने वाला।

अम्भजः (पुं०) चन्द्र, सारस पक्षी।

अम्भजं (नपुं०) कमल, अरविंद, नीरज।

अम्भस् (नपुं०) [अम्भ्+असुन्] जल, नीर। 'गोदोहनाम्भो-भरणादिकार्य' (सुद० ४/२२) अम्भसा समुचितेन चांशुकक्षालनादि परिपठ्यतेऽनकम्। (जयो० २/८०)

अम्भस्यमल (वि०) निर्मल। (जयो० १३/९३)

अम्भोजं (नपुं०) कमल, नीरज, जलज। 'श्रीमन्मुखाम्भोजवती बभार।' (सुद० ३/२०)

अम्भोजदृशी (वि०) कमलाक्षी कमलनयनी।

अम्भोजमुखी (वि०) कमलमुखी (जयो० ६/१४) (जयो० १६/४०)

अम्भोजिनी (स्त्री०) कमल वल्ली, जलज वल्लरी (जयो० १८/३२)

अम्भोदः (पुं०) मेघ, बादल, नीरद। (जयो० २४/२२)

अम्भोदसमूहः (पुं०) मेघ समूह, बादल समूह।

अम्भोधर (वि०) मेघ धारक (वीरो० २१/११)

अम्भोभरण (नपुं०) जल भरना, नीर वाहक। 'गोदोहनाम्भो-भरणादिकार्य' (सुद० ४/२२)

अम्भोनिधिः (पुं०) समुद्र।

अम्भोराशिः (पुं०) समुद्र, क्षीरधि।

अम्भोरुह् (नपुं०) कमल, जलज, नीरज। विमुद्रिताम्भोरुहनेत्र-विन्दुमुखं। (जयो० १५/४९)

अम्मय (वि०) जलीय।

अम्ल (वि०) [अम्+क्ल्+अच्] खट्टा, तीखा।

अम्लकः (पुं०) बड़हट, लकुच।

अम्लानि (वि०) सशक्त।

अय् (अक०) प्रवेश करना, जाना, हस्तक्षेप करना।

अयः (पुं०) शुभावह, श्रेष्ठ, मुख्य, प्रशस्त। (जयो० १४/४)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अय: शुभावहो विधि: इति कोशात् सुष्टु: अय: स्वय:। (जयो० ७/६२) "चेद्वीतरागस्तवइत्युताय।" (भक्ति सं० वृ० २५) वीतराग स्तवन करना पुण्य है। मतल्लिकाम-चर्चिका प्रकाण्डशुद्धतल्लजौ। प्रशस्तवाचकाम्यमून्यय: शुभावहौ विधि:।' इत्यमर:।

अय: (पुं०) जाना, चलना, परिभ्रमण करना।

अयज्ञ (वि०) यज्ञ नहीं करने वाला।

अयत्न (वि०) यत्न नहीं करने वाला, परिश्रम रहित, उद्यमविहीन।

अयत्न: (वि०) श्रमाभाव, उद्यम अभाव।

अयथा (अव्य०) अनुपयुक्त रूप से, अनुचित रूप से, त्रुटिजन्य, जैसा होना चाहिए वैसा नहीं।

अयथार्थ (वि०) अर्थहीन, असंगत, अशुद्ध, त्रुटिपूर्ण, व्यर्थ।

अयथेष्ट (वि०) अपर्याप्त, कम, अल्प।

अयथोचित (वि०) अयुक्त, अनुपयुक्त, अयोग्य, अर्थहीन, लाभरहित।

अयनं (नपुं०) [अय्+ल्युट्] १. स्थान, मार्ग, अवकाश, घर, राह, पथ। (जयो० १६/५९) 'रसायनं काव्यमिदं श्रयाम:।' (वीरो० १/२२) 'रसानांशृंङ्गारादीनामयनं स्थानं वर्त्म वा। (वीरो० वृ० १/२२) अयनं अवकाशं मार्ग वा दातुं। (वीरो० वृ० ५/२०) 'नेतुमासीत्सुवचोऽयने।' (जयो० १७/२२) विश्वासमगेऽयने मार्गे कर्त्तव्यपथे। (जयो० वृ० १७/२२) 'ऋतुवस्त्रयोऽयनम्' (त०वा०३/३८)

अयनं (नपुं०) जाना, परिभ्रमण करना, हिलना।

अयनकाल: (पुं०) सन्धिकाल, दोनों समय की मध्य अवधि।

अयनकोविंदु (वि०) सन्मार्ग ज्ञाता, 'अयनस्य सन्मार्गस्य कोविदो विद्वान् आसीदित्यर्थ:। (जयो० वृ० ९/५६)

अयन्त्रित (वि०) अनियन्त्रित, प्रतिबन्ध रहित।

अयशस् (वि०) ०कीर्तिरहित, ०प्रभावविहीन, ०अपकीर्ति, ०अपमान, ०निन्दा, ०प्रशंसा, अयशकीर्ति।

अयशकर (वि०) यश नहीं करने वाला, कलंकी, अपमानजनित।

अयस् (नपुं०) लोहा, इस्पात, धातु विशेष।

अयस्काण्ड: (पुं०) लोह शर, लोह बाण।

अयस्कान्त: (पुं०) चुम्बक, मूल्यवान् पत्थर, लोहकण। (जयो० २३/४१)

अयस्कार: (पुं०) लुहार।

अयस्कीर्ति: (स्त्री०) अवगुण उद्भावन, ०अपकीर्ति, ०अपयश।

अयस्कुंभ: (पुं०) लोहघट।

अयस् निर्मित (वि०) लोहनिर्मित, (वीरो० १६/३०)

अयस्पात्र (नपुं०) लोह-पात्र।

अयस्प्रतिमा (स्त्री०) लोहमूर्ति।

अयस्मकं (नपुं०) लोहमल, जंग।

अयस् रज: (पुं०) लोह भस्म।

अयस्शूलं (नपुं०) लोह त्रिशूल, लोहे का भाला।

अयस्हृदय (वि०) कठोर हृदय।

अयाचित (वि०) अप्रार्थित, बिना मांगे।

अयाज्य (वि०) बहिष्कृत, त्याज्य।

अयात (वि०) नहीं प्राप्त, न गया हुआ।

अयाथार्थिक (वि०) विरुद्ध, अनुचित, असंगत, तर्कहीन।

अयानं (नपुं०) ठहरना, स्थिर होना।

अयि! (अव्य०) ओह, ए, अरे हे। अयि जिनप, तेच्छविरविकलभावा। (सुद० वृ० ७४) अयि जिनप गिरेवाऽऽसीत्। (वीरो० ३/३३) अयि मञ्जुलर्ह्युपाश्रितं (वीरो० ७/२४) १. यह अव्यय प्रार्थना, गुणगान बोधक रूप में प्राय होता है। "अयि काविलराजोऽयं।" (जयो० ६/४२) २. प्रोत्साहन, अनुनय, विनय, नम्रतादि भी इसका प्रयोग होता है। ३. पृच्छा अर्थ में भी इसका प्रयोग होता है। 'अयि: चेतसि जेमनोतिचार:।' (जयो० १२/११५)

अयुक्त (वि०) पृथक्, अलग, भिन्न, विषम।

अयुग (वि०) पृथक्, अलग, भिन्न, विषम।

अयुगपद् (अव्य०) एक साथ नहीं, यथाक्रम, क्रमश:।

अयुग्म (वि०) एकाकी, अकेला, पृथक्, विषमसंख्या, युगल रहित।

अयुज् (वि०) विषम संख्या, युगल रहित।

अयुत (वि०) पृथक् कृत, असंबद्ध, असंयुत। (सम्य० १००) 'ललनानामयुतानि षट् पुन:।'' (समु० २/१७)

अये! (अव्य०) सम्बोधनात्मक अव्यय, अरे! ए, ओह। यह उदासीनता, खिन्नता, खेदादि अर्थ में होता है।

अयोग: (पुं०) असंगति, अन्तराल, वियोग, अनौचित्य।

अयोग्य (वि०) ०अनुचित, ०अनुपयुक्त, ०उपेक्षणीय, ०निरर्थक। अन्वमानि रविणेदमयोग्यमित्यतोऽपयश एव हि भोग्यम्। (जयो० ४/३०)

अयोग्यस्थानं (नपुं०) अनुचित स्थान, अपद, अनुपयुक्त स्थान। (जयो० वृ० २/४०)

अयोध्य (वि०) जिस पर युद्ध न किया जा सके।

अयोध्या (स्त्री०) अयोध्या नगरी, सरयू तट पर स्थित नगरी। (समु० ४/२५) (दयो:०वृ० ९)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अयोध्यापतिः (पुं०) अयोध्या का राजा। (समु० ४/२५) 'अथाप्ययोध्याधिपतेः सुवल्लभा।'

अयोध्याधीशः (पुं०) अयोध्या के अधिपति, राजा रामचन्द्र। (दयो० वृ० ८)

अयोनि (वि०) अजन्मा, नित्य।

अयोनिज (वि०) जन्मपद्धति से जन्म न लेने वाला।

अयोग (वि०) योगों से रहित, 'न विद्यते योगो यस्य स भवत्योग।' (धव०१/१९२)

अयोगकेवली (वि०) कर्मों के नष्ट करने वाले योग रहित केवली।

अयोगश्चासौ केवली अयोग केवली। (भव०१/१९२)

अयोगव्यवच्छेदः (पुं०) विशेषण का साथ प्रयुक्त एवकार।

अयोगि (वि०) योग से रहित।

अयोगिकेवली (वि०) कर्मों को नष्ट करने वाले योग रहित। चौदह गुणस्थानवर्ती।

अयोगिजिनः (पुं०) योग रहित जिन।

अयोगी (वि०) जो योग युक्त नहीं। न योगी अयोगी। (धव०१/२८०)

अयौगपद्य (नपुं०) युग का अभाव, समकालीनता का अभाव।

अयौगिक (वि०) व्याकरण से व्युत्पन्न न हो।

अरः (पुं०) अरनाथ, अठारहवें तीर्थंकर का नाम। (भक्ति०१९)

अरः (पुं०) पहिए का व्यास, धुरी की परिधि।

अरं (नपुं०) आकाश, गगन। विहाय सा ऽरं विहरंतमेव। (सुद० ७/१८)

अरघट्टः (पुं०) चक्की। राजमाष इव चारघट्टतो। (जयो० ७/८९)

अरजस् (वि०) ०निर्मल, ०स्वच्छ, ०रजोवर्जित, ०वासनामुक्त, ०रजरहित, ०कर्मरज रहित। हासस्वरं त्वरजः। (जयो० ६/१२७) 'अरजो रजोवर्जितं निर्मलं भवत्।' (जयो० वृ० ६/१२७)

अरजा (स्त्री०) मासिक धर्म से रहित स्त्री, मासिक धर्म जिसको न हुआ हो।

अरज्जु (वि०) रस्सी रहित, जिसमें रस्सियां न हों।

अरणिः (पुं०) लकड़ी, जलाउ लकड़ी। वह्निं च पश्यन्नरणे प्रमादी। (जयो० २६/९४)

अरणिः (पुं०) ०सूर्य, ०तपन, ०वह्नि, ०तेज।

अरणी (स्त्री०) लकड़ी, जलाउ लकड़ी।

अवनीश्वरी देखो अवनीश्वरि।

अवन्ति (स्त्री०) [अव्+क्षिच्+ङीप्] अवन्ती नगरी, उज्जयिनी नगरी। क्षिप्रा/क्षिप्रा नदी के तट पर स्थित नगरी। (दयो० पृ० ९)

अवन्ती (स्त्री०) उज्जायिनी, अवंतिका।

अवन्तीप्रदेशः (पुं०) अवन्ती प्रान्त। (दयो० पृ० ९)

अवन्ध्य (वि०) १. फलवती, फलदायी, २. उपजाऊ, उर्वर, उन्नत भू। रदच्छदाभोगमिषादवन्ध्या। (जयो० ११/५४) अवन्ध्या फलवती सती समुदेति। (जयो० वृ० ११/५४)

अवपतनं (नपुं०) [अव+पत्+ल्युट्] अधः पतन, निम्नपतन, नीचे गिरना।

अवपाक (वि०) [अवकृष्टः पाको यस्य] अतिपाक, अधिक पकाया गया।

अवपातनं (नपुं०) [अव+पत्+णिच्+ल्युट्] गिराना, फेंकना, ठुकराना।

अवपात्र (वि०) अमान्य पात्र, निम्न पात्र।

अवपात्रित (वि०) [अवपात्र+णिच्+क्त] बहिस्कृत, जाति से बाहर किया गया।

अवपीडः (पुं०) [अव+पीड्+णिच्+घञ्] दबाना, पीड़ित करना।

अवपीडनं (नपुं०) [अव+पीड्+णिच्+ल्युट्] दबाना, आघात, पीड़न।

अवबुध् (अक०) जागना, सचेत होना, प्रबुद्ध होना, समझना, जानना। (वीरो० ७/४) 'अवबुध्य मुमोचासाविह।' (जयो० ६/४७) अवबुध्य जनुर्जिनेशिनः पुनरुत्थाय ततः क्षणादिनः। (वीरो० ७/३) "अवधिं प्रति यत्नवान भूदवबोद्धुं।

अवबन्धः (पुं०) बन्ध, बन्धन।

अवबद्ध (वि०) नियन्त्रित, बंधा हुआ।

अवबुद्ध (वि०) ज्ञात, अवज्ञात। (वीरो० ७/४) (जयो० १२/४५)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अवबोधः (पुं०) [अव+बुध्+घञ्] १. ज्ञान, जानना, समझना, प्रबुद्ध होना, बोध, २. जागना, जागृत होना, ३. संसूचन, शिक्षण।

अवबोधक (वि०) [अव+बुध्+ण्वुल्] जागृति, ज्ञान संकेत।

अवबोधनं (नपुं०) बोध, ज्ञान, जागृति, प्रकाशन, प्रत्यक्षीकरण। (सम्य० ८२)

अवबोधि (पुं०) १. ज्ञान, २. निश्चय, निर्णय।

अवभङ्गः (पुं०) [अव+भञ्ज्+घञ्] १. जीतना, हराना, नीचा दिखाना, २. तोड़ना, अलग-अलग करना।

अवभा (अक०) चमकना, सुशोभित होना। (जयो० ३/१६) अवभान्ति स्म/शुशुभिरे। (जयो० पृ० ३/१६)

अवभावः (पुं०) विशेष भाव।

अवभावित (वि०) प्रभावित, सुशोभित। मधुनोद्यानभिवावभावितः।

अवभास् (अक०) शोभित होना, चमकना।

अवभासः (पुं०) [अव+भास्+घञ्] १. चमक, प्रभा, कान्ति। प्रकाश, २. ज्ञान, प्रत्यक्षीकरण।

अवभासक (वि०) [अव+भास्+ण्वुल्] प्रकाशक, प्रभावान् कान्तिमय।

अवभासण (वि०) प्रकाशक, प्रभावान्, कान्तिमय, प्रभाकर्ता।

अवभासिन् (वि०) देदीप्यमान्, प्रभावान्।

अवभासित (वि०) प्रकाशित, कान्तियुक्त।

अवभुग्न (वि०) [अव+भुज्+क्त] झुका, वशीभूत, आकुञ्चित।

अवभृथः (पुं०) शुद्धि स्नान।

अवम (वि०) [अव्+अमच्] १. पापपूर्ण। २. घृणित, अपमानित, निन्दनीय। ३. खोटा, घटिया, निम्न, अधम।

अवमत (भू०क०कृ०) [अव+मन्+क्त] घृणित, अपमानित, निन्दनीय। १. अवज्ञात, अवगणित।

अवमतिः (स्त्री०) [अव+मन्+क्तिन्] अनादर, अपमान, घृणा, अरुचि।

अवमर्दः (पुं०) [अव+मृद्+घञ्] कुचलना, मर्दन करना, मसलना, विनाश, नाश।

अवमर्दक (वि०) विनाशक, घातक, मसलने वाला।

अवमन् (सक०) अवज्ञा करना, निरादर करना, अपमान करना।

अवमन्य (वि०) त्याज्य, छोड़ने योग्य। 'तत्कुशास्त्रमवमन्यतमिति।' (जयो० २/६६)

अवमल (वि०) मल रहित, निर्दोष। 'बहुसञ्चरितदमवमलं भुवः।' (जयो० १४/४६)

अवमानः (पुं०) [अव+मन्+घञ्] १. प्रमाण विशेष, अवमित किया जाना, प्रमाण जन्य, ०माप-तौल।

अवमान (नपुं०) अनादर, अवज्ञा, अपमान, निरादर। (जयो० ७/५) अवमानं तिरस्कारं कृतवान्। (जयो० पृ० ७/५)

अवमाननं (नपुं०) [अव+मन्+णिच्+ल्युट्] अनादर, तिरस्कार, अपमान, अवज्ञा।

अवमानना (स्त्री०) अवगणना, अवज्ञा।

अवमानिन् (वि०) [अव+मन्+णिच्+णिनि] अवज्ञाकर्ता, अनादर करने वाला, अपमान करने वाला, तिरस्कार कर्ता।

अवमानित (वि०) अवज्ञात, अनाहत, अवहेलक, अपमानित, उपेक्षित।

अवमारुत (पुं०) नीचे चलने वाली हवा।

अवमूर्धन् (वि०) [अवनतो मूर्धाऽस्य] नम्रीभूत, नम्रगत।

अवमोचक (वि०) मुक्त कर्ता, स्वतंत्र। करने वाला।

अवमोचनं (नपुं०) [अव+मुच्+ल्युट्] मुक्त करना, स्वतंत्र करना, छोड़ना।

अवमौदर्य (नपुं०) कम आहार ग्रहण करना, अवमोदरस्यभावः अवमौदर्यम्/न्यनोदरता। (भ०आ०टी०४८७)

अवमृत्युः (पुं०) अकाल मृत्यु, अकारण मृत्यु।

अवयवः (पुं०) १. पर्व, सन्धि, ग्रन्थि, गांठ। (पर्वेति अवयव सन्धिर्ग्रन्थिर्वा। (जयो० पृ० ३/४०) २., शरीर, व्यञ्जन, स्वररहित अक्षर। (जयो० पृ० ३/८९), ३. तर्कसंगत, युक्ति युक्त, अनुमान घटक। न मनमीति भजः किमु 'विन्दुनाप्यवयवावयवित्वमिहाधुना।' (जयो० ९/४६)

अवयवावयवित्व (वि०) अवयव अवयविभावत्व, अनुमान प्रयोग का वाक्यांश। (जयो० ९/४६)

अवयाविनी (वि०) अवयव युक्त। 'विद्यातन्मयावयविनी विरवद्या।' (जयो० ५/४०)

अवर (वि०) [न वरः इति अवरः] १. आयु में छोटा, २. पश्चात्वर्ती, अन्य, दूसरा, तद्भिन्न, ३. अनुवर्ती, उत्तरवर्ती, महत्त्वहीन।

अवरतः (अव्य०) पश्चात्वर्ती, अन्य, तद्भिन्न।

अवरतिः (स्त्री०) [अव+रम्+क्तिन्] १. विरम, विश्राम, आराम, २. रुकना, स्थिर होना, ठहरना।

अवरीण (वि०) खोटा, मिला हुआ।

अवरुग्ण (वि०) [अव+रुज्+क्त] १. रोगी, व्याधि युक्त, २. त्रुटित, भग्न।

अवरुद्धिः (स्त्री०) [अव+रुध्+क्तिन्] ०प्रतिबन्ध, ०प्रतिरोध, ०अवरोध, ०रुकावट।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अवरूप (वि०) ०कुरूप, ०विकलांग, ०रूपहीन, ०असुन्दर, ०अमनोरम, ०अरम्य, ०अमनोज्ञ।

अवरोचक: (पुं०) [अव+रुच्+ण्वुल्] रुचि का अभाव, क्षुधा का अभाव।

अवरोध: (पुं०) [अव+रुध्+घञ्] १. प्रतिबन्ध, प्रतिरोध, बाधा, रुकावट। २. अन्त:पुर, रनवास, रानियों का निवास। ३. रानिया, रानी। "अवरोधिमितोऽवदत् पदम्।" (जयो० १०/३) अवरोधमन्त:पुरम्। (जयो० पृ० १०/३). ५. बन्दीकरण, नाकेबन्दी, घेरा, किलाबन्दी, आवृत्तिकरण, आवरण।

अवरोधक (वि०) [अव+रुध्+ण्वुल्] प्रतिरोधक, प्रतिबन्धक, रोकने वाला, घेरा डालने वाला, अर्गल। (जयो० पृ० ३/१०१) बाधक।

अवरोधक: (पुं०) पहरेदार, द्वारपाल।

अवरोधनं (नपुं०) [अव+रुध्+ल्युट्] १. अन्त:पुर, २. बाधा, प्रतिरोध, अड़चन। (जयो० १३/३१)

अवरोधनभाञ्जि (स्त्री०) अन्त:पुरसम्बाहका, अन्त:पुर स्त्री। (जयो० १३/३१) अवरोधनभाञ्जि राजितो नरयानानि चलंति विस्तृते। (जयो० १३/३१)

अवरोध-वधू (स्त्री०) अन्त:पुर की स्त्री, "अवरोधस्यान्त: पुरस्य वधू: स्त्रीरवतारयन्।" (जयो० पृ० १३/८१)

अवरोधयनं (नपुं०) अन्त:पुर। 'तदवरोधायने मरुदेव्या।' (दयो० पृ० ३१)

अवरोधिक (वि०) [अवरोध+ठन्] प्रतिरोध जन्य, गतिरोधयुक्त बाधाजनक, आवरण युक्त।

अवरोधिक: (पुं०) द्वारपाल, पहरेदार।

अवरोधिन् (वि०) [अवरोध+इनि] प्रतिरोधक, गतिरोधक, बरधक।

अवरोपणं (नपुं०) उन्मूलन, घटाना, कम करना, नीचे उतरना।

अवरोह: (पुं०) [अव+रुह्+घञ्] उतार, अध: पतन, अधोरुह।

अवरोहणं (नपुं०) १. चढ़ना, आरुढ़ होना। २. उतरना, नीचे जाना।

अवर्ण (वि०) १. वर्ण रहित, कुरूप, २. रंग विहीन, बदरंग, ३. कलंक, लोकापवाद। ४. वर्ण-स्वर एवं व्यञ्जन की हीनता। ५. निन्दा, घृणा, लांछन। (जयो० ३/५०)

अवर्णनीय (वि०) ०अकल्पनीय, ०कथनीय, ०वर्णन से रहित ०अनिर्वचनीय, ०वचनागोचर। अवर्णनीयप्रभयान्विता मेऽवर्णनीयाङ्ग-मिताभिरामे। (जयो० ११/८०) अवर्णनीयोत्तमभास्करा वा। (जयो० ११/७१) अवर्णनीयोऽकथनीयो भास्कर:। (जयो० पृ० ११/७१)

अवर्णवाद: (पुं०) घोरनिन्दा, व्यर्थ निन्दा। (सम्य० ७५) अवर्णवादाख्यपयोनिधिं तु। (जयो० ३/९०) निन्दाकरणं न प्रतिपादित:। जातिवर्णरहितत्त्वं। (जयो० वृ० २८/२५) 'गुणवत्सु महत्सु असद्भूतदोषोद्भावनवर्णवाद:। (स० सि०६/१३)' अन्त:कलुषदोषोद सद्भूतमलोद्भावनमवर्णवाद:। (स०सि०६/१३) अर्थात् गुणी। महापुरुषों में जो दोष नहीं उनका अन्तरंग की कलुषता से प्रकट करना अवर्णवाद है।

अवलक्ष (वि०) [अव+लक्ष्+घञ्] श्वेत, शुभ्र।

अवलग्न (वि०) [अव+लग्+क्त] ०तत्पर, ०संलग्न, ०तल्लीन, ०सटा हुआ, ०चिपका हुआ, ०मध्यगत। माभूक्षमाभूर्लभतेऽवलग्नं। (जयो० ११/२४) स्वच्छ-रक्षणावलग्नायाप्युच्चै: (जयो० ११/९६) अवलग्नो मध्यदेश: (जयो० वृ० ११/९५)

अवलग्नक: (पुं०) कटिभाग। (जयो० १०/५९)

अवलम्ब: (पुं०) आश्रय, आधार, सहारा, आड, स्तम्भ। (सुद० १२१६, पृ० १४१) 'स्वावलम्ब उपदेश कर"

अवलम्बनं (स्त्री०) [अव+लम्ब्+क्त] आश्रित, आधारित। न विलम्बित-शीघ्रमेव निर्गतम्। (जयो० ९/५३)

अवलम्बिन् (वि०) [अव+लम्ब्+इनि] आश्रित, आधारित, गतिर्मिमैतस्मरणैकहस्तावलम्बिन: काव्यपथे प्रशस्ता। (सुद० १/३)

अवलिप्त (भू०क०कृ०) [अव+लिह्+क्त] १. आसक्त, तल्लीन, तत्पर, २. अभिमानी, घमण्डी, अहंकारी। ३. सना हुआ, आबद्ध, घिरा हुआ, लिप्त हुआ।

अवलीढ (भू०क०कृ०) [अव+लिह्+क्त] १. स्पृष्ट, व्याप्त, संरुद्ध। (वीरो० , २. खाद्य, भुक्त, चर्बित किया, अवलेह्य।

अवलीला (स्त्री०) क्रीड़ा, खेल, प्रमोद १. तिरस्कार, अपमान।

अवलुञ्चनं (नपुं०) [अव+लुञ्च्+ल्युट्] १. लोंच करना, केश लुंचन, उन्मूलन, उत्खनन, उखाड़ना, निकालना।

अवलुण्ठनं (नपुं०) [अव+लुण्ठ्+ल्युट्] लोटना, लुढ़कना, भू पर लोटना।

अवलेख: (पुं०) [अव+लिख्+घञ्] टंकन, उत्कीर्ण, उल्लेख, कुरेदना, खुरचना।

अवलेखा (स्त्री०) [अव+लिख्+अटाप्] ०रेखांकित करना, ०सुसज्जित करना, ०विभूषित, ०रगड़ना, ०साफ करना।

अवलेप: (पुं०) [अव+लिप्+घञ्] १. विभूषण, अलंकरण।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

२. लिप्त करना, लीपना। ३. अत्याचार, अनाचार, अपमान, बलात्कार। ४. संघ, समाज। ५. अहंकार, अभिमान।

अवलेपनं (नपुं०) [अव+लिप्+ल्युट्] अलंकरण, विभूषण सुसज्जीकरण, आलिप्त।

अवलेहः (पुं०) [अव+लिह्+घञ्] १. चटनी, अर्क। २. चाटना, लपलपाना।

अवलेहिका (सक०) चटनी, अर्क।

अवलोक् (सक०) देखना, अवलोकन करना। अवलोकयितुं तदा धनी। (सुद० ३/८) 'अर्थशास्त्रभवलोकयन्नृराट्।' (जयो० २/५९) उक्त पंक्ति में 'आवलोक' का अर्थ पढ़ना, अध्ययन करना भी है। अर्थशास्त्रमवलोकयेत् पठेदित्यर्थः। (जयो० वृ० २/५९) दोष नहीं, उनको अन्तरंग की कलुषता से प्रकट करना अवर्णवाद है।

अवलोकः (पुं०) [अव+लोक्+घञ] देखना, दर्शन, दृष्टि।

अवलोकनं (नपुं०) [अव+लोक्+ल्युट्] चक्षुःक्षेप, दर्शन, दृष्टि, पर्यवेक्षण (जयो० ३/६१) 'गात्रावलोकनैर्लब्धफला विधात्रा।' (जयो० ३/९१) 'अवलोकनैः दर्शनात्सवैः।' (जयो० वृ० ३/९१) 'चक्षुत्क्षेपोऽवलोकनमभवत्।' (जयो० वृ० १६/२२) 'साम्प्रतं कुशल तेऽवलोकनादञ्चनैः।' (जयो० ३/३४) २. स्थान विशेष, अन्वेषण, पूछताछ।

अवलोकन-कर्त्री (स्त्री०) पारदर्शिका देखने वाली, दृष्टिशीला। नित्यमेतदवलोकनकर्त्री दृष्टिरस्तु नविकारविभर्त्री। (जयो० ५/६६)

अवलोकनार्थ (वि०) दर्शनार्थ, देखने के प्रयोजन के लिए। (जयो० ८९)

अवलोकनीयका (वि०) दर्शनार्हा, दर्शन के योग्य, दर्शनीय। सुतनाऽस्तु विभूषणैर्यका खलु लोकैरवलोकनीयका। (जयो० १०/३९)

अवलोकित (वि०) दृष्टिपथगत, देखा गया, दृष्टियुक्त। (जयो० वृ० १/७९)

अवलोकिता (वि०) देखती हुई।

आलोकितवती (वि०) दृष्टि गत होती हुई, दिखाई देती हुई। (जयो० वृ० ५/९०)

अवलोचिक (वि०) यथार्थ संवेदनकारिणी, यथार्थ ज्ञान कराने वाले। (जयो० ११/५६) सकज्जले रम्य दृशौ तु तत्त्वावलोचिके अप्यतिचञ्चलत्वात्। (जयो० ११/६६)

अवरकः (पुं०) [अव+वृ+अप्-ततः संज्ञायां वुन्] १. रन्ध्र, छिद्र, छेद, २. खिड़की।

अववादः (पुं०) [अव+वद्+घञ्] १. घृणा, निन्दा, उपेक्षा, अपमान, अनादर, अवहेलना। २. आदेश, आज्ञा, आश्रय।

अवव्रश्चः (पुं०) [अव+व्रश्च+अच्] खपची, छिपटी।

अवश (वि०) १. अवज्ञाकारी, उपेक्षाशीलक, स्वेच्छाचारी, लाचार, स्वतन्त्र, मुक्त। २. न वशो अवशः-जो वश में नहीं, पराधीन, पराश्रित, असह्य, शक्तिहीन।

अवशङ्गमः (पुं०) स्वतंत्र, जो दूसरे के अधीन न हो।

अवशिष्टः (पुं०) १. शेष, बचा हुआ। (जयो० ३/५०) उद्धरित। (जयो० ११२३६) "किं वावशिष्टमिह शिष्टसमीक्षणीयम्।" (जयो० १२/१४२) २. जूठन, थूक। श्रुत्वास्य समुद्दिष्टं खलु, ताम्बूलावशिष्टमुच्छिष्टम्।" (जयो० ६/८२) ३. अन्त्य, अन्य। (जयो० ४/६५, जयो० १/८१

अवशेषः (पुं०) [अव+शिष्+घञ] १. अवशिष्ट, बचा, बाकी, शेष। २. असमाप्त, शेष युक्त।

अवश्य (वि०) नियत, आवश्यक। नपुंसकस्वभावस्य स्वभाऽवश्यमियं नु किम्। (सुद० ८४) बालिकयोस्तनुजो वेश्यावश्यः। (सुद० ९१) "न वश्यमवश्यं चञ्चलम्।" (जयो० ११/७४)

अवश्यं (अव्य०) निश्चय, जरूर।

अवश्यक (वि०) [अवश्य+कन्] आवश्यक, नियत, करणीय कार्य, श्रमण एवं श्रावक के कर्त्तव्य।

अवश्यकरणीय (वि०) अवश्य करने योग्य, आवश्यक कर्त्तव्य योग्य। (जयो० वृ० १/१०९)

अवश्यम्भाविन् (वि०) [अवश्यं+भू+इनि] अनिवार्य, आवश्यक, निश्चत ही, अवश्य होने वाला।

अवश्या (स्त्री०) [अव+श्यै+क] कुहरा, पाला, धुंध।

अवश्यायः (पुं०) ओस, कुहरा, पाला।

अवश्रयणं (नपुं०) [अव+श्रि+ल्युट्] उतारना, लेना।

अवष्टब्ध (भू०क०कृ०) [अव+स्तम्भ+क्त] १. आश्रयवंत, गृहीत, पकड़ा गया। २. बाधायुक्त, झुका हुआ।

अवष्टम्भः (पुं०) [अव+स्तम्भ+घञ] आश्रय, आधार, सहारा।

अवष्टम्भनं (नपुं०) [अव+स्तम्भ+ल्युट्] स्तम्भ, आश्राय, टेका, आधार।

अवसक्त (भू०क०कृ०) [अव+सञ्ज्+क्त] प्रस्तुत, स्थित, संपर्कशील।

अवसक्थिका (स्त्री०) वेष्टन, पट्टी, कमर में विशेष रूप से बांधी जाने वाली पट्टी।

अवसण्डीनं (नपुं०) [अव+सम+डी+क्त] उड़ान, पक्षि समूह का गमन, ऊँचे की ओर गति।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अवसथः (पुं०) [अव+सो+कथन्] गृह, निवास स्थान।

अवसथ्यः (पुं०) [अवसथ+यत्] विद्यालय, महाविद्यालय, शिक्षा स्थान।

अवसन्न (भू०क०कृ०) [अव+सद्+क्त] च्युत। (वीरो० १७/१०)। १. उदास, शिथिल, जिनवचनानभिज्ञः। २. समाप्त, अवसित, अवगत। ३. मोक्षगमन का साधु हीनता।

अवसंज्ञा (स्त्री०) १. अनन्तानंत परमाणुओं का समुदाय। १. संज्ञा रहित, चेतना शून्य, २. आहारादि संज्ञा का अभाव।

अवसंश्रय (पुं०) निवास, घर। (सुद० १/१५)

अवसरः (पुं०) [अव+सृ+अच्] १. समय, मौका, सुयोग, अवकाश स्थान। (जयो० वृ० १/२) १/६९) सम्प्रेरितः श्रीमुनिराजपाद- सरोजयोः सावसरं जगाद। (सुद० २/३२)। २. परामर्श, गुप्त, अवस्था, क्षेत्र।

अवसरणं (नपुं०) अवसर, काल, समय। 'तन्मयाऽवसरणं ब्रहुभव्यम्।' (जयो० ४/७)

अवसराभावः (पुं०) असमय, अकाण्ड (जयो० २४/२२)

अवसर्गः (पुं०) [अव+सृज्+घञ्] मुक्त करना, छोड़ना, स्वतंत्र।

अवसर्पः (पुं०) [अव+सृप+घञ्] भेदिया, गुप्तचर।

अवसर्पणं (नपुं०) [अव+सृप्+ल्युट्] नीचे जाना, नीचे उतारना।

अवसर्पिणी (स्त्री०) काल विशेष, आयुप्रमाण आदि के घटने का काम। अवसर्पयति वस्तूनां शक्तिर्यत्र क्रमेण सा। प्रोक्ताऽवसर्पिणी सार्थो....।। हरिवंश पुराण ७/५७)

अवसादः (पुं०) [अव+सद्+घञ्] १. मूर्च्छा, उदासी, ममत्व। २. विनाश, क्षय, हानि। ३. पराजय, हार। ४. थकावट, थकान, श्रमक्षीण।

अवसादनं (नपुं०) [अव+सद्+णिच्+ल्युट्] १. क्षय, हानि, पतन। २. उत्पीड़न, आघात।

अवसानं (नपुं०) [अव+सो+ल्युट्] १. उपसंहार, समाप्ति, रुकना, अन्त, विराम, गतिरोध। (जयो० ३/१) २. सीमा, परिधि, मर्यादा। (जयो० वृ० ३/४९) ३. मृत्यु, नाश, क्षय, हानि, विश्रामस्थल, निवास स्थान।

अवसानकः (पुं०) [अव+सो+कन्] परिणाम, सीमा, मर्यादा। व्यञ्जनेष्विव सौन्दर्यमात्रारोपानसानकौ। (जयो० ३/४९)

अवसायः (पुं०) उपसंहार, समाप्त।

अवसित (भू०क०कृ०) [अव+सो+क्त] ०अवशिष्ट, ०शेष, ०बचा हुआ, ०पूरा किया गया, ०अन्त किया गया।

अवसेकः (पुं०) [अव+सिच्+घञ्] अभिसिंचेन, छिड़कना।

अवसेचनं (नपुं०) [अव+सिच्+ल्युट्] अभिसिंचन, छिड़कना, अभिषिक्त करना।

अवस्कंदः (पुं०) [अव+स्कन्द+घञ्] १. आक्रमण, प्रहार, घात। २. शिविर, पड़ाव, छावनी।

अवस्कन्दिन् (वि०) [अव+स्कन्द्+णिन्] ०आक्रमण करने ०वाला, ०प्रहारक, ०घातक, ०विध्वसंक, ०नाशक।

अवस्करः (पुं०) [अव-क्रीयते इति अवस्करः] १. मल, निष्ठा, पुरीष। २. गुह्यदेश, गुदा।

अवस्तरणं (नपुं०) [अव+स्तृ+ल्युट्] शय्या, बिछौना, बिछावन।

अवस्तात् (अव्य०) [अवरस्मिन् अवस्मात् अवरमित्यर्थे-अवर+अस्ताति अवादेशः] नीचे से नीचे अधोगत।

अवस्तारः (पुं०) [अव+स्तृ+घञ्] कनात, पर्दा, चादर, चटाई

अवस्तु (नपुं०) तुच्छ वस्तु, निम्न पदार्थ, अप्रमाण-अनुमान ज्ञान भी अवस्तु है अप्रमाणरूप है। (वीरो० २०/१६)

अवस्तोभनं (नपुं०) थू थू करण, ग्लानिकरण।

अवस्था (स्त्री०) [अव+स्था+अङ्] दशा, स्थिति, परिस्थिति।

अवस्था (अक०) ठहरना, आश्रय लेना, आधार होना। (वीरो० १७/४१) संश्रयेत् कमथैकं साऽवस्थातुं स्थानभूषणा। (जयो० ३/६५) अवस्थातुमाश्रयितुम्। (जयो० वृ० ३/६५)

अवस्था (स्त्री०) स्थिति, आश्रय।

अवस्थानं (नपुं०) [अव+स्था+ल्युट्] १. स्थिति, दशा। (जयो० वृ० १५/१५) (सम्य० ८४) २. निवासस्थान, घर, आश्रय, आधार। ३. स्थितियों में बंधने का स्थान।

अवस्थान्तर (नपुं०) स्थिति, अवस्था, दशा। ''सहसैव तदिदमवस्थान्तरं पितुर्दृष्ट्वा'' (दयो० ९५)

अवस्थित (भू०क०कृ०) [अव+स्था+क्त] १. दृढ़, स्थिर, निश्चयी। २. प्रमाणभूत बना रखा, जो मात्रा है, उसको नहीं छोड़ना। ३. ठहरा हुआ, आश्रय प्राप्त।

अवस्थितिः (स्त्री०) [अव+स्था+क्तिन्] निवास, आश्रयस्थान, गृह, आवास, अवस्था।

अवस्यन्दनं (नपुं०) [अव+स्यन्द्+ल्युट्] बूंद, टपकना, रिसना।

अवस्रंसनं (नपुं०) [अव+स्रंस्+ल्युट्] नीचे गिरना, अधःपतन, अधःपात।

अवहतिः (स्त्री०) [अव+हन्+क्तिन्] कुचलना, पीटना, घायल करना।

अवहननं (नपुं०) [अव+हन+ल्युट्] १. मारना, प्रहार, घात। २. कूटना, पीटना।

अवरहणं (नपुं०) [अव+हृ+ल्युट्] हटाना, अपहरण करना, ले जाना, छीनना, लूटना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अवहस्तः (पुं०) [अवरं हस्तस्य इति] हथेली का उन्नत भाग।

अवहानिः (पुं०) हानि, क्षीण, क्षय, अवचय।

अवहारः (पुं०) [अव+हृ+ण] १. चोर, २. मछली, (शार्क मछली), ३. सन्धि, विराम, ४. आमन्त्रण, ५. त्याग।

अवहारक (वि०) [अव+हृ+ण्यत्] ले जाने योग्य, हटाने लायक, दण्ड देने योग्य।

अवहार्य (स०कृ०) [अव+हृ+ण्यत्] हटाकर, दण्ड देकर।

अवहालिका (स्त्री०) [अव+हल्+ण्वुल्+टाप्] १. दीवा, ०भित्ति, २. अवरोध, ०बाधा, ३. ओट, ०ऊंचाई युक्त अवरोध।

अवहासः (पुं०) [अव+हस्+घञ्] ०हंसी, ०मुस्कान, ०मंद हंसी, ०उपहास।

अवहेल् (अक०) ०अनादर करना, ०उपेक्षा करना, ०तिरस्कार करना, ०अपमान करना। कस्यापि प्रार्थनां कश्चिदित्येवमहेलयेत्। (सुद० पृ० १३४)

अवहेलः (पुं०) तिरस्कार, अपमान।

अवान्तसत्ता (स्त्री०) प्रतिवस्तु व्यापिनी सत्ता, अपने स्वरूप के अस्तित्व की सूचना देना। (पञ्चास्तिकाय पृ० ८)

अवहेलन (वि०) उपेक्षक, तिरस्कारकर्ता।

अवहेला (स्त्री०) ०तिरस्कार, ०अपमान, ०अनादर, ०असम्मान। शुचस्तु भवतादवहेला। (जयो० ५/५३)

अवहोलय् (अक०) भूलना, सन्देह करना।

अवाक् (अव्य०) [अव+अच्+क्विन्] 'नीचे की ओर, दक्षिण की ओर'

अवाक् (वि०) ०तूष्णी, ०चुप रहने वाला। बालग्रमितोग्रदारकान्तिम-वाक्। (जयो० ६/७८) १. मूक, चुप। २. मौन।

अवाक्ष (वि०) [अवनतान्यक्षाणि इन्द्रियाणि यस्य] अभिभावक, संरक्षक।

अवागम् (अक०) आक्रमण करना, आक्रान्त करना।

अवाग्गोचरकृत् (वि०) अवक्तव्य रूप। (वीरो० १९/६)

अवाग्र (वि०) [अवनतमग्रयस्य] नम्रीभूत, झुका हुआ।

अवाच् (वि०) मूक, तूष्णी, मौन (वीरो० पृ० ३८) चुप रहने वाला, वाणी विहीन। दृष्ट्वाऽवाचि महाशयासि। (सुद० ९८)

अवाची (स्त्री०) [अवाच+ख] दक्षिण दिशा दक्षिणी। राहोरनेनैव रविस्तु साचि श्रयत्युदीचीमथवाऽप्यवाचीम्। (वीरो० २/२९)

अवाचीन (वि०) १. अधोगत, निम्नभूत, नम्रीभूत। २. उतरा हुआ।

अवाच्य (वि०) १. दुष्ट, निकृष्ट, ०अस्पष्ट बोले जाने वाला, ०अस्पष्ट कथन, ०अकनीय।

अवांचित (वि०) [अव+अञ्च्+क्त] निम्न, मात्र, झुका हुआ।

अवादि (वि०) अकथित। (जयो० २/१२६)

अवानः (पुं०) [अव+अन्+अच्] श्वास लेना।

अवान्तर (वि०) अतिरिक्त, असम्बद्ध, अधीन, सम्मिलित, अन्तर्गत।

अवान्तसत्ता (स्त्री०) प्रतिवस्तुव्यापिनी सत्ता, अपने स्वरूप की सूचना देना। (पञ्चा० वृ० ८)

अवाप (भू०) प्राप्त, उपलब्ध, गृहीत। पुत्तलं स्फुटित भावमवापाऽत्तो। (सुद० ९५)

अवाप्तिः (स्त्री०) [अव+आप्+क्तिन्] प्राप्त, ग्रहण, स्वीकार।

अवाप्य (सं० कृ०) [अव+आप्+ण्यत्] प्राप्त करके, ग्रहण करके। यामवाप्य पुरुषोत्तमः स्म। (सुद० ११२) उमामवाप्य महादेवोऽपि। (सुद० ११२)

अवामः (पुं०) सरलस्वभाव। (जयो० १/१०८) सरल चित्त, मृदुस्वभाव। सत्यधर्ममयाऽवाममक्षमाक्ष क्षमाक्षक। (जयो० १/१०८) अवामं सरलस्वभावं मां। (जयो० वृ० १/१०८)

अवायः (पुं०) १. अपाय, निश्चय, दृढ़, भाषादि विशेष के ज्ञान से यथार्थ रूप में जानना। 'तत्त्वप्रतिपत्तिरवायः' (सिद्धि वि०२/९)

अवारः (पुं०) किनारा, तट।

अवारीण (वि०) नदी पार करने वाला।

अवावटः (पुं०) दूसरी स्त्री से उत्पन्न पुत्र।

अवावन् (पुं०) चोर।

अवासस् (वि०) वस्त्र विहीन, वस्त्ररहित, नग्न।

अवास्तव (त्रि०) अवास्तविक, विवेक रहित, निराधार, निराश्रय, निर्मूल।

अविः (पुं०) १. मेंढा, मेष। कस्येति यमस्याविलान्तीत्येतेषु वरगिमं सारात्। (जयो० ६/४७) अविं वाहनरूपं मेघ लान्तीति। (जयो० वृ० ६/४७)। २. सूर्य, ३. पर्वत, ४. वायु, हवा, पवन। (जयो० २२/५) ५. ऊनी कम्बल।

अविः (स्त्री०) रजस्वला स्त्री।

अविकः (पुं०) भेड़।

अविकत्थ (वि०) अहंकार नहीं करने वाला।

अविकत्थन (वि०) अभिमान पूर्वक नहीं कहने वाला।

अविकल (वि०) अक्षत, पूर्ण, पूरा। षड्रसमयना व्यञ्जनमदलमविकलमपि च सुधाया। (सुद० ७२)।

अविकल-कुशल (वि०) १. बुद्धिमती, सम्पूर्ण कुशलक्षेम त्वं चाविकल कुशला बुद्धिमती। (जयो० वृ० १४/५५) २. पूर्ण जल वाली, निरन्तर जल प्रवाहित करने वाली।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

'अविकलमनल्पं कृशं जलं लाति।' (जयो० वृ० १४/५५)
'शरं वनं कुशं नीरम्।' इति धनञ्जयः।

अविकलगिरा (स्त्री०) निर्दोषवाणी, सरलवाणी। श्रुत्वा तथ्यामविकलगिरा हर्षणैर्म-थराङ्ग। (वीरो० ४/३७) अविकलया गिरा प्रस्पष्टरूपया वाचा। (वीरो० वृ० ४/३७)

अविकला (स्त्री०) अन्यून कला, निर्दोष विकास। कारणजन्यकला। (जयो० ३/६४)
स्पृहयति न कं चन्द्रकलाप्यविकलाशया। अविकलोऽयूनां निर्दूषण आशया। (जयो० ३/६४)
यस्याः सा चन्द्रस्य कला। (जयो० वृ० ३/६४)

अविकलित (वि०) १. सर्वाङ्ग सुन्दर, पूर्ण रम्य, सम्पूर्ण कला युक्त। अविकलिताम्बर मणिमयभूपालपितापि रवलतापतनुः सा। (जयो० २२/५) २. सूर्यरूपी आभूषणों से युक्त। (जयो० २२/५)

अविकल्प (वि०) १. विधि, नियम, इच्छा। २. सूर्यरूपी आभूषणों से युक्त। (जयो० २२/५)

अविकल्प (अव्य०) निःसंकोच, निःसंदेह।

अवि-कल्प (वि०) भेड समूह, मेंढा, मेष। (सुद० १/२२) यत्रस्था ग्रामा अविकल्पप्रत्यक्षतया। (जयो० ४)

अविकल्पभाव (वि०) संकल्प-विकल्प भाव से रहित। (सुद० १/२२) यतित्वभञ्जन्त्यविकल्पभावात्।

अविकार (वि०) निर्विकार, राग द्वेष विकार रहित। (जयो० १३/५)

अविकारः (पुं०) अविकृति, अनुकूल। (जयो० १३/५)

अविकारगामिन् (वि०) अनुकूल गमिन, अच्छी तरह चलने वाले। 'अविकाम विकारगामिनां। (जयो० १३/५)

अविकारिन् (वि०) निर्विकारी, विकारभाव को प्राप्त नहीं होने वाले। (सुद० ४/१५) 'हे नाथ! मे नाथ! मनोऽविकारि।'

अविकृतिः (स्त्री०) अनुकूल, अविकार।

अविक्रम (वि०) दुर्बल, शक्तिहीन, क्रमाभाव।

अविक्रिय (वि०) निर्विकार, अविकार, अनुकूल, अपरिवर्तनशील।

अविक्षत (वि०) पूर्ण, अक्षत, अक्षय, समस्त।

अविग्रह (वि०) शरीर रहित, व्याघात रहित। विग्रहो व्याघातः कोटिल्यमित्यर्थः स यस्यां न विद्यतेऽसावविग्रहा गतिः। वक्रता, कुटिलता या मोड़ से रहित। (स०सि०२/२७)

अविघात (वि०) बाधा रहित, घात रहित, अक्षत, पूर्ण।

अविघुष्ट (वि०) वि-स्वरता रहित, विक्रोश रहित, चिल्लाहट रहित।

अविघ्न (वि०) निर्बाध, बाधा रहित। 'सुकाञ्चीगुणतो ह्यविघ्नम्।' (जयो० ११/२४)

अविचार (वि०) १. विवेक रहित, विचारशून्य। २. परिवर्तन रहित ध्यान।

अविचारः (पुं०) अविवेक, अज्ञान, मूढ। (जयो० २/१४५)

अविचारकारित्व (वि०) विवेकता रहित।

अविचारिन् (वि०) विवेक हीन, उचित-अनुचित का ज्ञान न करने वाला।

अविचार्य (वि०) विचार न करते हुए, नहीं सोचते हुए। (जयो० वृ० २/१४२)

अविच्युत (वि०) अपतित, अभ्रष्ट, योग्य।

अविच्छिन्न (वि०) निरन्तर, सदैव, परम्परा। (वीरो० वृ० २/१२)

अविच्छिन्नप्रवाहः (पुं०) सन्तान, परम्परा. (जयो० वृ० ३/१०३)

अविच्छिन्नता (वि०) परम्परागत। (दयो० ४५)

अविच्युतिः (स्त्री०) १. अवाय ज्ञान भेद। २. धारणा, वासना। ३. धारणा बनी रहना, उपयोग से च्युत नहीं होना।

अविज्ञातृ (वि०) अनभिज्ञ, अनजान।

अविहीनं (नपुं०) उडान, सीधी उडान।

अवित (वि०) रक्षित, संरक्षित। (जयो० वृ० ३/५) अवितः संरक्षित। (जयो० वृ० ३/५)

अवितथ (वि०) सत्य, सम्यक्, समीचीन, उत्कृष्ट, उत्तम। वितथमसत्यम्, न विद्यते यस्मिन् श्रुतज्ञाने तदवितथम्, तत्थमित्यर्थः। (धव०१३/२८६)

अवितथं (अव्य०) जो सत्य हो, असत्य न हो, मिथ्या न हो।

अवितर (वि०) सुरक्षित।

अविदूर (वि०) ०समीपस्थ, ०निकटस्थ, ०समीप में, ०निकट ०सन्निकट।

अविद्य (वि०) शिक्षाभाव, मूर्ख, अज्ञानी।

अविद्या (स्त्री०) ०शिक्षा का अभाव, ०अज्ञान, ०मूर्ख। १. असंस्कार, अध्यात्म विद्या का अभाव ०भ्रम, ०मोह, ०माया (भ्रम को उत्पन्न करने वाली। 'अविद्या विप्लवज्ञानम्' (सिद्धि वि०टी० ७४७)

अविद्यामय (वि०) भ्रमोत्पादक।

अविधा (अव्य०) विस्मयादिबोधक अव्यय, सहायतार्थ प्रयुक्त होने वाला अव्यय।

अविधुरा (वि०) १. सौभाग्यवती, सौभाग्यशाली। २. दोष रहित धुरी, रथ की निर्दोश स्थिति थी। गन्तुमेव सुखतो

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

रथस्थिति-मात्मवानविधुरां वधूमिति। (जयो० २१/२०) 'अविधुरां धुराया दोषेण रहितां पक्षे सौभाग्यवतीति। (जयो० वृ० २१/२०)

अविधेय (वि०) विपरीत, उलटा, आधीनता रहित।

अविनत (वि०) नम्रता रहित, अहंकारी।

अविनय (वि०) १. अविनीत, ०आज्ञा निर्देश को नहीं पालने वाला, ०अशिष्ट। २. अनादर, अपमान, अपराध।

अविनाभावः (पुं०) १. सम्बन्ध विशेष, ०वियुक्त न होने योग्य सम्बन्ध। २. वियोगाभाव।

अविनाभावीसम्बंधः (पुं०) कार्य-कारण के अविनाश की सम्बंध के स्मरणपूर्वक ही तो अनुमान ज्ञान उत्पन्न होता है। (वीरो० २०/६६)

अविनाभूस्मृतिः (स्त्री०) अविनाभाव सम्बंधी स्मृति। (वीरो० २०/१७)

अविनाशी (वि०) नाशरहित, क्षय रहित, अक्षत, अखण्ड। वस्तुतो यदि चिन्त्येत चिन्तोतः कीदृशी पुनः। अविनाशी ममात्मायं दृश्यमेतद्विनश्वरम्।। (वीरो० १०/३०)

अविनीत (वि०) ०अशिष्टता, ०अभद्रता, ०विनय रहित, ०दुःशील, ०प्रतिकूल ०अनाज्ञाशील, धृष्ट। 'अविनीता सा कुतः कदापि।' (जयो० २२/३१) अविनीता विनयवर्जिता। (जयो० २२/३१)

अविनेय (वि०) विनीतता रहित, अनम्रता, अशिष्टता, सद्गुण असम्पन्न। ''तत्त्वार्थ-श्रवण-ग्रहणाभ्यामसम्पादित गुणा अविनेया।'' (स०सि०७/११) न विनेतुं शिक्षयितुं शक्यन्ते ये ते अविनेयाः। (त०वृ० ७/११)

अविपन्नः (पुं०) अविपत्ति, सुख, अच्छा, इष्ट, मनोरम, विपत्तिशून्य। 'छन्नमित्यविपन्नसमया।' (सुद९०)

अविपाक (नपुं०) कच्चा, बिना पका। अन्नेन नाद्युर्द्विदलेन साकमामं पयोऽध्यापि चाविपाकम्।' (सुद० पृ० १३०)

अविपाकः (पुं०) निर्जरा का एक भेद। जिस कर्म का उदयकाल अभी प्राप्त न हुआ हो।

अविपाकज (वि०) तपश्चरणादि से विपाक को प्राप्त कराने वाली क्रिया। 'कारणवशात् कर्मविनाशः' (अमितगति श्रावकाचार ३/६५) ''उपक्रमेण दत्तफलानां कर्मणां गलनमविपाकजा। (भ०आ०टी०१८४७)

अविप्लुतः (पुं०) अन्य जातिक, सज्जातिक अभाव, विलक्षण। (हित संपाक १७)

अविभक्त (वि०) अविभागी, खण्ड रहित, अक्षय, अविनाशी, संयुक्त।

अविभा (स्त्री०) प्रभा का अभाव, रात्रि का अन्त, प्रातः, दिन।

अविभागः (वि०) १. अविभक्त, अविनाशी, अक्षय, अखण्ड, अन्तिम अंश। २. अनुभाग की बुद्धि।

अविभाज्य (वि०) अविभक्त, अविनाशी, जो बांटा न जा सके।

अविभाजित (वि०) विभाग रहित, अविनाशी।

अविरत (वि०) १. इन्द्रियों से विरत नहीं, जीव रक्षण नहीं करने वाला। २. निरन्तर, सदैव, विरामरहित, गतिवान्। जैनदर्शन में 'अविरत' चतुर्थगुणस्थानवर्ती को भी माना गया है, उसे अविरतसम्यग्दृष्टि कहा गया। जिनवाणी पर श्रद्धा रखने वाला भी 'अविरत' कहलाता है।

अविरतिः (स्त्री०) १. हिंसादि पापों से विरति न हो, असंयम, लोभ परिणाम, तल्लीनता, आसक्ति, आतुरता। 'विरमणं विरति, न विद्यते विरतिरस्येत्यविरतिः।' (धव०वृ० ७७७)

अविरल (वि०) १. सघन, घना, प्रगाढ़, अत्यधिक। २. निरन्तर, लगातार, निर्बाध। 'दधुरविरलवारीत्येवमार्द्राणि।' (जयो० १४/३४)

अविराधना (स्त्री०) अपराध सेवन, अपराध नहीं करना।

अविरामः (पुं०) विश्रान्ति शून्य, विश्राम नहीं, श्रमशील, प्रयत्नजन्य। (जयो० २३/६१) निद्रापि क्षुद्राऽभवद् भुवि नक्तंदिवमविराम। (जयो० २३/६१)

अविराम+कृ (सक०) प्रकट करना, कहना, प्रतिपादन करना। त्रपयेव सम्भवन्ती द्रागाशयमाविराञ्चके।

अविरुद्ध (वि०) १. विचार रहित, विरोध को नहीं प्राप्त। (सुद० २/२) २. शान्त, सरल, मृदु, प्रसन्न। रागद्वेषरहिता सती सा छविरविरुद्धा यस्य। (सुद० पृ० ७०)

अविरोधः (पुं०) विरोध का अभाव, अनुकूलता, संगत, शान्त, सरल। (वीरो० ५/३३) 'न विरोधोऽविरोधः' (वीरो० वृ० ५/३३)

अविरोधक (वि०) विरोध नहीं करने वाला।

अविरोधकर्ता (वि०) १. विरोध नहीं करने वाला। पक्षियों को रोध का कर्ता नहीं, पक्षियों के संचार को करने वाला। 'एवं विरुद्धभवनोऽप्यविरोधकर्ता।' (जयो० १८/७६)

अविरोधभावः (पुं०) संगतभाव, उचित परिणाम, शान्त परिणाम। 'उक्ते तदीये न विरोधभावः। (जयो० ५/३२) 'किं तत्र जीयादविरोधभावः विज्ञानतः सन्तुलितः प्रभावः। (वीरो० ५/३३)

अविलम्ब (वि०) शीघ्रता, तत्कालिक, आशुकारिता। निष्कासयताऽविलम्बमेनमिदमस्माकं चित्तमनेन। (सुद० पृ० १०४)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अविलम्बित (वि०) शीघ्रकारिता, तात्कालिकता, क्षिप्र, आशुकारी।

अविला (स्त्री०) भेड़।

अविवक्षित (वि०) अनभिप्राय युक्त, अनभिप्रेत, अनुद्दिष्ट।

अविवाद (वि०) १. विसंवाद रहित, एक दूसरे के विवाद से रहित, परस्पर सहयोगिता। (जयो० २६/५८) २. मेषादि-राशियुक्त। अविमेषस्तस्य वादं धरन्ति। (जयो० वृ० २६/५८)

अविवादधर (वि०) विसंवाद रहित भाव के धारक। (जयो० २६/५८)

अविविक्त (वि०) १. विस्मित, आश्चर्यजनक। २. अविचारित, अचिन्तनीय।

अविवेक (वि०) अज्ञान, मूढ़, ज्ञानाभाव, विचारशून्य। "कुतोऽविवेक: स च मोहशापात् मोहक्षति: किं जगतां दुरापा। (वीरो० ५/२८)

अविशङ्क (वि०) शङ्कारहित, संदेहरहित, निडर, साहसी।

अविशङ्कित (वि०) ०शङ्कारहित, ०नि:शंकित, ०निडरता युक्त, ०साहसताधारी।

अविशेष (वि०) १. सामान्य, भेद रहित। २. समानता, एकरूपता, सादृश्यता।

अविश्रान्त (वि०) विश्राम रहित, निरन्तर, गमनशील। अन्यातिशायी रथ एकचक्रो, रवेरविश्रान्त इतीध्मशक्र:। (जयो० ११/२२) कदाचिदपि विश्रामं नैति। (जयो० वृ० ११/२२)

अविश्रान्तता (वि०) निरन्तरता, गमनशीलता, प्रगतित्व। (अविश्रान्तया निरन्तररूपेण भावित्री।' (जयो० १/११)

अविष (वि०) जहरशून्य, विषरहित।

अविष: (पुं०) समुद्र, नदी, राजा, पर्वत, आकाश।

अविषय (वि०) १. अगोचर, अदर्शित, अदृश्य, अविद्यमान। २. न विद्यते विषयाणि इन्द्रियजन्य प्रवृत्ति:। जहां इन्द्रियों का योग नहीं, आत्मजन्म।

अविसंवाद: (पुं०) १. परस्पर बाधा न पहुंचाना, पूर्वापर विरोध न करना। २. विच्छेद भाव। (जयो० २६/७४)

अविसंवादता (वि०) विच्छेद भावता। (जयो० २६/७४)

अवी (स्त्री०) [अवत्यात्मानं लज्जया इति अव्+ई] रजस्वला स्त्री।

अवीचि (वि०) तरंगशून्य, तरंग रहित।

अवीर (वि०) कायर, बलहीन, शक्तिशून्य।

अवृत्ति (वि०) १. अविद्यानता, सत्ताविहीनता। २. वृत्ति/अजीविका का अभाव, अपर्याप्त आश्रय।

अवृथा (अव्य०) निरर्थकता रहित, व्यर्थ न, सफलता पूर्वक। (सुद० ११८)

अवृष्टि (वि०) वर्षाभाव, बारिश का न होना।

अवेक्षक (नपुं०) [अव+ईक्ष्+ल्युट्] परिदर्शन, अन्य दर्शन।

अवेक्षणीय (वि०) [अव+ईक्ष्+अनीयर्] अदर्शनीय, अवलोकनीय, देखने में अयोग्य, ध्यान योग्य।

अवेक्षा (स्त्री०) [अव+ईक्ष्+अङ्+टाप्] ०आंख से देखना, ०दृष्टि डालना, ०ध्यान देना, ०विचारना। 'अवेक्षा जन्तव: सन्ति न सन्तीति वा चक्षुषा अवलोकनम्।' जैन लक्षावली (१४.५)

अवेद्य (वि०) ०अनभिज्ञ, ०नहीं जानने योग्य, ०गुप्त, ०रहस्यपूर्ण।

अवेद्य: (पुं०) वत्स, बछड़ा।

अवेल (वि०) १. असीम, अनन्त, असामयिक।

अवेला (स्त्री०) विकाल, समय की प्रतिकूलता।

अवैद्य (वि०) अवैधानिक, संविधान के विरुद्ध, नियम विरुद्ध।

अवैशद्य (वि०) विशदता रहित, विशेष रहित, स्पष्टता का अभाव।

अवोक्षणं (नपुं०) [अव+उक्ष्+ल्युट्] झुककर सिंचन।

अवोद: (पुं०) [अव+उंद्+घञ्] जल सिंचन्, गीला करना, आर्दकरण।

अव्यक्त (वि०) ०अस्पष्ट, ०अप्रकट, ०अदर्शनीय, ०अकथनीय, ०अनुच्चरित। (जयो० वृ० ४/६०)

अव्यक्तकारणं (नपुं०) अस्पष्टकारण, अप्रकट हेतु। (जयो० ४/६०)

अव्यक्तलेखाङ्कित (वि०) अस्पष्ट लेखा से अङ्कित। (जयो० ११/५८) ०धुंधली रेखा युक्त।

अव्यक्तदोष: (पुं०) अनुमत दोष, अलोचनात्मक दोष। 'अव्यक्त: प्रायश्चित्ताद्यकुशलो। (मूल०११/१५)

अव्यक्तमनस् (नपुं०) संशय, विपर्यय युक्त मन।

अव्यक्तमिथ्यात्व: (पुं०) मोह स्वरूप मिथ्यात्व।

अव्यग्र (वि०) ०अक्षुब्ध, ०अनाकुल, ०स्थिर, ०प्रशान्त, ०सौम्य, ०सरल, ०शान्त, ०सीधा, ०स्पष्ट।

अव्यङ्ग (वि०) दोष विवर्जित, निर्दोष।

अव्यञ्जन (वि०) ०लक्षण विहीन, ०चिह्न रहित, ०अस्पष्ट, ०लांछन युक्त।

अव्यत्यय (वि०) संज्ञा परिवर्तन, परस्पर बदलना। 'कुर्यात् कौतुकतस्तन्नामव्यत्ययमथो शस्तम्।' (जयो० ६/६९)

अव्यथ (वि०) व्यथा रहित, पीड़ा मुक्त। 'वैरिषन् रसिति वैरिसंग्रहमव्यथेकथि पथि स्थितोऽन्वहम्।' (जयो० ३/६) 'अव्यथे व्यथारहिते पथिमार्गे कष्टवर्जिते। (जयो० वृ० ३/६)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अव्यधिषः (पुं०) १. सूर्य, २. समुद्र।

अव्यभिचारः (पुं०) वियोग का अभाव, व्यभिचार का अभाव।

अव्यभिचारिन् (वि०) ०अविरोधी, ०अप्रतिकूल, ०अपवाद ०रहित, ०कलंकमुक्त, ०सदाचारी, ०सद्गुणी, ०ब्रह्मनिष्ट।

अव्यय (वि०) ०व्यय रहित, ०विनाश रहित, ०ध्रुव, ०ध्रौव्य, ०शाश्वत, ०नित्य, ०अविनश्वर, ०अखंडित।

अव्ययः (पुं०) १. अनन्त चतुष्टय की प्राप्ति, अच्युत। २. शिव, विष्णु।

अव्ययशील (पुं०) व्यय रहित। (जयो० १/९५)

अव्ययीभावः (पुं०) अनव्ययमव्ययं भवत्यनेन, अव्ययच्वि+भू+घञ्। १. समास विशेष, जिसमें अव्यय की प्रधानता होती है। २. व्ययरहित भाव, अविनश्वर भाव।

अव्यलीक (वि०) ०सत्य, ०प्रिय, ०यथार्थ झूठ से रहित, ०असत्यहीन, ०सत्यार्थ, ०उचित।

अव्यवधान (वि०) व्यधानरहित, बाधा रहित, खुला हुआ, अन्तर रहित, मिला हुआ।

अव्यवस्थ (वि०) ०अस्थिर, ०अदृढ़, ०चलमान, ०अनियमित, ०अनिश्चित।

अव्यवस्था (वि०) अनियमितता, अनिश्चितता।

अव्यवस्थित (वि०) ०अनियमित, ०अनिश्चित, ०विनिमय रहित, ०अयोग्यता युक्त।

अव्यवहारः (पुं०) अनिवार्य, आवश्यक। 'व्यवहारोऽव्यवहार एव भोः!' (जयो० १३/५)

अव्यवहार्य (वि०) व्यवहार के अयोग्य।

अव्यवहित (वि०) व्यधान रहित, बाधा रहित, सुयोग, सुव्यवस्थित।

अव्याकृत (वि०) अविकसित, अस्पष्ट, अप्रफुल्लित, हर्ष रहित, अप्रकट।

अव्याजः (पुं०) मायाचार रहित, छलरहित, निश्छल, शुचि।

अव्याघात (वि०) घात रहित, बाधा रहित।

अव्यापक (वि०) विशेष, व्यापकता का अभाव, विस्तार रहित।

अव्यापार (वि०) १. क्रियाशीलता रहित, अव्यवहारिक। २. व्यापार का अभाव।

अव्याप्त (वि०) जो लक्षण एक देश रहे।

अव्याप्तिः (स्त्री०) लक्षण घटित न होना, एक दोष विशेष। अध्ययनादि-सर्वज्ञात्याप्त्यति व्याप्तिदोषतः। (हित०पृ० १७)

अव्याप्य (वि०) सीमित, समस्त क्षेत्र के विस्तार से रहित। आंशिक विद्यमानता।

अव्याबाध (वि०) काम-विकारादि बाधा रहित, लौकान्तिक देव 'अव्याबाध' कहे जाते हैं। 'न विद्यते विविधा कामादिजनिता आ समन्ताद् बाधा दुःखं येषां ते अव्याबाधाः।'

अव्याहत (वि०) विरोध से रहित, निर्बाध।

अव्युच्छेद (वि०) विवक्षित अर्थ की सिद्धि करने वाले वचन।

अव्युच्छेदित्व देखें अव्युच्छेद।

अव्युत्पन्न (वि०) यथार्थ स्वरूप का अभाव, अनिर्णीत, अकुशल, अनुभव रहित।

अव्रणी (वि०) व्रण रहित, घावविहीन, दोषरहित। "अव्रणी व्रणेन दूषणेन रहितः" (जयो० वृ० ७/८९)

अव्रत (वि०) व्रत का अभाव, नियम का पालन नहीं करने वाला।

अश् (सक०) भोजन करना, आहार करना, उपभोग करना। "यावन्नाग्निपक्वतां याति तावन्नहि संयमि अश्नाति।" (सुद० पृ० १३१) खर-रुचिरिन्दु-बिन्दुमश्नाति। (सुद० पृ० १०४) 'सकृत्समश्नात् यथा न दातुः।' (जयो० २७/४६)

अश् (सक०) १. व्याप्त करना, ग्रहण करना, आनन्द लेना, जाना, पहुंचना। २. उपस्थित होना, रस लेना।

अशकुनः (पुं०) अशुभ शकुन, अशुभ सूचना।

अशक्तः (पुं०) अक्षम। (सम्य० ९४)

अशक्तिः (स्त्री०) १. अक्षमता, बलहीनता। २. अयोग्यता।

अशक्य (वि०) असंभव, असमर्थ। निखिलेऽप्याकाशं मातुमशक्यमासीत्। (जयो० वृ० १/२३) 'ग्रागशक्यमपि शक्यते' (जयो० २/५९)

अशक्यता (वि०) असमर्थता, असंभवता। (जयो० वृ० ५/१५)

अशमनं (नपुं०) जिसके शमन नहीं, रोग, कोप "न शमनमशमनं रोगः' (जयो० वृ० १०/९६) "तुभ्यं नमोऽशमन-संशमनोदमाय" (जयो० १०/९६)

अशक्नुवंत (वि०) असमर्थता युक्त, असहनीय, असंभवता वाला। असोढम् (जयो० वृ० १४/२७) अशक्नुवंतो युगपत्पतङ्गा (जयो० ८/५२)

अशक्नुवान् देखें ऊपर अशक्नुवंत।

अशङ्क (वि०) निडर, निर्भय, आशंका रहित, निश्शंक।

अशङ्कित (वि०) आशङ्का नहीं करने वाला। (जयो० २/१२६)

अशङ्कितकारित (वि०) आशंका नहीं करने वाला (विद्वान्), निर्गलप्रवृत्तिकारिणी। कुत्सिताचरणेष्वशाङ्कितकारिता स्फुटमवादि नास्तिता। (जयो० वृ० २/१२६)

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अशठतावान (वि०) स्खलता रहित, ज्ञान युक्त (जयो० वृ० १/५६)

अशनं (नपुं०) [अश्+ल्युट्] खाना, भोजन, स्वाद लेना, रस लेना, आहार। 'राक्षसाशनमुपात्ततामसं।' (जयो० २/१०९) सुरसनमशनं लब्ध्वा। (सुद० पृ० ७४) अशनं कस्य न धनतृष्णा वा। (सुद० ७४) एतावती स्यादुदरेऽभिवृद्धिर्मृष्टेऽशने सत्यशनेऽतिगृद्धिः। (जयो० २७/४५)

अशनक (वि०) १. भोजी, भोजन करने वाला। २. रात्रि का नाश। सद्वृत्तिरश्वति निशाशनकैः प्रहाणिं। (जयो० १८/३७)

अशनस्थानम् (नपुं०) आहारस्थान। (हित ४३)

अशना (स्त्री०) (अशनमिच्छति) [अशन क्यच् स्त्रियां भावे] क्षुधा, भूख।

१. वज्र-'सो जयन्जयनृपः कृपाशनेः।' (जयो० ३/१९) २. ०विद्युत, विद्युतप्रभा-'अशनिशनिपितृप्रमुखान्।' (जयो० ६/३६)

अशनिघोषः (पुं०) अशनिघोष नामक हस्ति। (समु० ४/३३) 'महीमहेन्द्रोऽशनिघोष सद् द्वीपः।' (समु० ४/१५)

अशबलः (पुं०) स्नातक मुनि, निरतिचार रहित मुनि।

अशबलाचारः (पुं०) चारित्र युक्त साधु, अभ्याहत दोषों का परिहारक श्रमण।

अशब्द (वि०) शब्द विहीन, शब्द से रहित।

अशब्दलिंगज (वि०) अन्यथानुपपत्ति रूप लिंग से होने वाला ज्ञान। (धव०पु०१३/२४५)

अशमनं (नपुं०) ०जिसका शमन नहीं, ०रोष, ०क्रोध। न शमनमशमनं रोषः (जयो० वृ० १०/९५)

अशरण (वि०) १. शरण रहित, आधार विहीन, आश्रयमुक्त, असहाय। २. 'अशरण' अनुप्रेक्षा या भावना का नाम है, इसमें यह भावना की जाती है कि संसार में कोई भी विद्या मरण के समय सहायक नहीं हो सकती। 'नान्यत् किञ्चिच्छरणमिति' (त०वा०९/७) आपत्तियों के घिराव में भटकने वाले इस प्राणी को धर्म के सिवा और दूसरा कोई भी सहारा नहीं। (ता०सू०९/७)

अशरीर (वि०) १. शरीर रहित, देहमुक्त।

अशरीरः (पुं०) सिद्ध, मुक्तजीव, परमात्मा। 'जेसिं शरीरं णत्थि ते असरीरा।' 'अट्ठ-कम्म-कवचादो णिग्गया' (धव०१४/२३९)

अशरीरी (वि०) १. शरीर रहित, अपार्थिव/ २. सिद्धपुरुष, सिद्धि के प्राप्त जीव, अष्टकर्म विमुक्त जीव।

अशस्त (वि०) असुन्दर, कुरूप। 'न वपुषि अशस्ताः' (सुद० १/२९) अर्थात् शरीर में भद्दी और असुन्दर नहीं थी। २. अप्रशस्त। (वीरो० १८/४८)

अशास्त्र (वि०) कुशास्त्र, आत्मज्ञान को नहीं देने वाले शास्त्र।

अशास्त्रीय (वि०) आगम विरुद्ध, श्रुत के विपरीत, शास्त्र के प्रतिकूल।

अशित (भू०क०कृ०) भुक्त, खाया हुआ। आममन्नमतिमात्र-याऽशितं चास्तु भस्मकरुजे परं हितम्। (जयो० २/६३)

अशितः (पुं०) गौरवर्ण। (जयो० १०/२८)

अशितङ्गवीन (वि०) चरगाह स्थान।

अशिता (स्त्री०) गौरवर्णा। (जयो० १०/२८)

अशित्रः (पुं०) १. चोर, २. चावल की आहूति।

अशिरः (पुं०) [अश्+इरच्] आग, सूर्य, वायु, राक्षस।

अशिरं (नपुं०) वज्र, हीरक।

अशिरस् (पुं०) धड़, तना।

अशिव (वि०) अमङ्गल, अकल्याणकारी, अशुभ, भाग्यहीन।

अशिष्ट (वि०) ०असंस्कृत, ०संस्कारविहीन, ०गंवार, ०उजड्ड, ०उपद्रवी, ०असभ्य, ०अयोग्य, ०अप्रामाणिक, ०अशास्त्रीयज्ञ।

अशिष्य (वि०) अयोग्य, असंस्कृत, संस्कारहीन। 'शिक्षा योग्यो न भवति।' (जयो० ११/८७)

अशीत (वि०) उष्ण, गर्म।

अशीतकरः (पुं०) सूर्य, रवि, सूर्यरश्मि।

अशीतिः (स्त्री०) अस्सी, संख्या विशेष।

अशीना (वि०) कर्त्तव्यविचारशीला, 'कलैः कृतातिथ्यक-थाप्यशीना।' (जयो०१५/६)

अशीर्षक (वि०) अशिरस्, धड़, तना, मस्तिष्क रहित।

अशुचिः (स्त्री०) १. अपवित्र, मल। २. अशुचि-अनुप्रेक्षा या भावना। इसे अशुचित्व भी कहा है। (त०सू०९/७) ''अशुभ-कारणत्वादिभिरशुचित्वम्।'' (त०वा०९/७)

अशुचि (वि०) अपवित्रता, अशुचिकरण, मलिनता, मल, विष्ठा।

अशुद्ध (वि०) १. अपवित्र, शुद्धता रहित, धरां समारब्धुमथ प्रबुद्धस्तदीयसंपर्क इतोऽस्त्वशुद्धः। (जयो० १९/१) 'सोऽशुद्धः परस्त्रियाः परपुरुषकरेण स्पर्शो वर्जनीय इति हेतोः।' (जयो० वृ० १९/१) २. पर द्रव्य के संयोग के कारण भूत।

अशुद्ध-उपयोगः (पुं०) अशुद्ध उपयोग।

अशुद्ध-ऋजुसूत्रनयः (पुं०) व्यञ्जन पर्याय रूप।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अशुद्ध-चेतना (स्त्री०) कार्यानुभूति और कर्मफलानुभूति अशुद्ध चेतना।

अशुद्ध-द्रव्यं (नपुं०) द्रव्य उपाधि जन्य।

अशुद्ध पर्यायः (पुं०) व्यञ्जन पर्याय का विषय।

अशुद्धभावः (पुं०) अस्वाभाविक परिणाम, अन्योपाधिक भाव, बाह्यभाव।

अशुद्धसंग्रहः (पुं०) जाति विशेष ग्राहक।

अशुद्धिः (स्त्री०) मलिनता, अपवित्रता।

अशुद्धि (वि०) अपवित्र, मलिन, कर्मबद्ध।

अशुभ (नपुं०) पाप, अनिष्ट।

अशुभ (वि०) १. अकल्याणकारी, अमांगलिक, अनिष्टकारी, अहितकर। २. विषय कषाय से आविष्ट, राग-द्वेषात्मक वृत्ति।

अशुभ-काय योगः (पुं०) काय सम्बंधी प्राणातिपात जन्य योग।

अशुभक्रिया (स्त्री०) अशुभ अतिचार, ज्ञान, दर्शन, चरित्र और तप में दोष।

अशुभयोग (पुं०) मारन ताड़न का योग। (समु० ८/२८)

अशुभोदयः (पुं०) पापोदय, पापकर्म का उदय। नहि विषादमियादशुभोदये। (जयो० २५/६४) 'अशुभस्य पापस्योदये'। (जयो० वृ० २५/६४)

अशुभोपयोगः (पुं०) विषय-कषायादि जन्य उपयोग। "शरीरमेवाहमियान्विचारोऽशुभोपयोगो जगदेककारो।" (समु० ८/२१) "दुष्टाच्चयोगादशुभोपयोगे, पापं महत्स्यादमुकप्रयोगे। (समु० ८/३२)

अशुभोपयोगी (वि०) अशुभ योग वाला जीव, शुभाच्चयोगाद-शुभोपयोगी यदीत पुण्यं च ततः च सभोगी। (समु० ८/३१)

अशून्य (त्रि०) पूरा किया गया, निष्पादित, अभाव रहित।

अशूद्र (वि०) अछूत, अस्पृश्य। जन्मना खलुऽशूद्रः सन्कुलीनस्यात्सुचेष्टया। (हित०सं० २६/

अशृत (वि०) अपरिपक्व, कच्चा, नहीं पकाया गया।

अशेष (वि०) समग्र, सम्पूर्ण, समस्त, सभी। 'तस्या अपाङ्ग शर-संहतिरप्यशेषा।' (सुद० १२४) इत्येव मांहं क्षपयत्रशेषं। (भक्ति०३१) 'प्रतिदेशमशेषवेशिनः।' (जयो० १०/७०) पराजिताशेषनरेशवर्गः। (समु० ६/९)

अशेषपरिच्छदः (वि०) सर्वथा त्याग (वीरो० १८/४०)

अशेष-मानवः (पुं०) सम्पूर्ण नृप समूह। 'अशेषा चासौ भूः पृथिवी तस्या मानवा नराः।" (जयो० १/५७)

अशोक (वि०) [न शोको अशोकः] जिसे शोक नहीं, शोकरहित, प्रसन्न, हर्षित, आमोद युक्त' निश्चिन्त। 'अशोक आलोक्य पतिं ह्यशोकं प्रशान्तचित्तं व्यकसत्सुरोकम्।' (जयो० १/८४)

अशोकं/शोकवर्जितम्, अशोको/निश्चिन्तो। (जयो० वृ० १/८४) 'स कोकवल्किन्निलत्रस्त्वशोकः'। (सुद० १/१०)

अशोकः (पुं०) सम्राट् अशोक, मौर्यवंश का प्रसिद्ध शासक। चन्द्रगुप्त मौर्य का पौत्र। (वीरो० २२/१२)

अशोकः (पुं०) अशोक वृक्ष। (जयो० १/८४) अशोकनाम वृक्षो व्यकसत्। (जयो० वृ१/८४)

अशोकं (नपुं०) कामदेव का एक बाण, पांच बाणों में अशोक बाण भी कामातुर का घातक है।

अशोकतरुः (पुं०) अशोकवृक्ष।

अशोकचित्त (नपुं०) शोक रहित हृदय वाला।

अशोच्य (वि०) अनुचित शोक।

अशोभनीय (वि०) शोभा के योग्य नहीं, कुरूपता युक्त अकान्त। (जयो० वृ० ११/५६)

अशौचं (नपुं०) अशुचिता, अपवित्रता, अस्पृश्य, मैल युक्त। (जयो० १९/५)

अशौच क्रिया (स्त्री०) मलोत्सर्जन क्रिया। (जयो० १९/५)

अशौचविधि (स्त्री०) अशोचक्रिया, मलिन परिणाम।

अशनं (नपुं०) भोजन, खाना, आहार। धात्रीफलं केवलमश्नुवानः। (जयो० १/३८)

अशनीत (वि०) खाने योग्य।

अश्नुवान (वि०) भुञ्जान, भोगने वाला।

अश्मन (पुं०) [अश्+मनिन्] रत्न, प्रस्तर। 'भूषणेष्वरुणनील-सितामश्मनां'। (जयो० ५/६१) 'अश्मानि रत्नानि तेषां भूषणेषु।' (जयो० वृ० ५/६१)

अश्मन्तकः (पुं०) [अश्मानमन्तयति इति अश्मन्+अंत+णिच्+ण्वुल्] अलाव, अंगीठी।

अश्मरी (स्त्री०) [अश्मानं राति इति-रा+क+ङीप्] पथरी, रोग विशेष।

अश्वः (पुं०) तुरग, घोड़ा, अर्वन्, उत्तम घोड़ा। (जयो० १३/९२) 'किं छाग एवं महिषः किमश्वः।' (वीरो० १/३१) अर्वतामश्वानां मध्ये वराः श्रेष्ठाः। (जयो० वृ० १३/९२)

अश्वग्रीवः (पुं०) अलकापुरी के राजा मयूर और रानी नीलंयशा का पुत्र, जो प्रतिनारायण बनकर तीनखण्ड के आधिपत्य को प्राप्त हुआ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अश्ववारः (पुं०) घुड़सवार, अश्वारोही, अश्वाधिगत। (जयो० ८/११)

अ-श्वसंत (वि०) निरुद्धश्वास, श्वास नहीं लेते हुए।

अश्व-समुदायः (पुं०) घोटक समूह, सप्तिसमूह। (जयो० ३/११०)

अवस्थितः (वि०) अश्वारूढ, घुड़ सवार।

अश्वाधिगत (वि०) अश्वारुढ, तुरगारुढ, अवस्थित, अश्ववार।

अश्वारुढ (वि०) तुरगारुढ, घुड़सवार।

अश्वारोह (वि०) घुड़ सवार, तुरगारुढ।

अश्विनी (स्त्री०) अश्विनी नक्षत्र।

अश्विनीकुमारः (पुं०) अश्विनीसुत, वैद्य पुत्र। (दयो० ६८) 'इत्यश्विनीसुतसमानयनाय नाम।' (७/१०९)

अश्विनीसुतः (पुं०) अश्विनीकुमार वैद्यराज। (जयो० १०/७९)

अश्रं (नपुं०) [अश्नुते नेत्रम्-अश्+टक्] १. आंसू, अश्रु। २. रुधिर।

अश्रद्दधत (वि०) अश्रद्धान करता हुआ (सम्य० ७४)

अश्रवण (वि०) श्रवणहीन, बहरा, नहीं सुनने वाला।

अश्रान्त (वि०) १. श्रमशील, थकान रहित, उद्यमी। २. शान्ति वाला।

अश्रि (स्त्री०) [अश्+क्रि+पक्षे ङीप्] किनारा, घर का एक त्रिकोण भाग।

अश्रीक (वि०) श्री विहीन, कुरूप, सौन्दर्य रहित।

अश्रु (नपुं०) [अश्नुते व्याप्नोति नेत्रमदर्शनाय-अश्+क्रुन्] आंसू, वाष्प।

अश्रुजलं (नपुं०) अश्रुनीर, (जयो० ९/५४) 'मुदुदिताश्रुजलै-रनुभावितं।'

अश्रुजात (वि०) आंसुओं की उत्पत्ति। सात्त्विकमेतदश्रुजातम्। (जयो० १२/६७)

अश्रुत (वि०) १. श्रुत विहीन, आगमशास्त्र विहीन। १. श्रुतज्ञान रहित। (जयो० वृ० १/३४) २. नहीं हुई, अनसुनी, श्रवणा रहित। (सुद० २/२६) श्रुतमश्रुपूर्वमिदं तु कुतः। (सुद० पृ० ८४)

अ-श्रुपात (वि०) शोकाकुलजात अश्रु।

अ-श्रुतपूर्व (वि०) श्रुत परम्परा से रहित। (जयो० १/३४)

अश्रुतपूर्विका (वि०) सुनने में नहीं आता। 'वार्ताऽप्यदृष्टश्रुतपूर्विका वः।' (सुद० २/२१)

अश्रुपद (वि०) आंसू समूह। (जयो० वृ० ३/३९)

अश्रुयुक्त (वि०) वाष्पभाग, अश्रुधारा, नयनोत्पलवारिजल। (जयो० वृ० ६/८६)

अश्रुप्रवाह (वि०) अश्रुसन्तान, अश्रुधारा। (जयो० वृ० ५/१०४)

अश्रुवाही (वि०) आंसुओं से युक्त। (जयो० ५/१०४) हर्ष के आंसुओं से युक्त।

अश्रुसंतानं (नपुं०) अश्रुधारा, आंसुओं का प्रवाह। अश्रूणां सन्तानं। (जयो० ५/१०४)

अश्रुसंविद् (वि०) अश्रु समूह। (जयो० २६/१४)

अश्रुसिक्त (वि०) आंसुओं से सिञ्चित। 'अश्रुसिक्तयोगीन्द्रपदो निरेनाः।' (वीरो० ११/२३)

अश्रोत (वि०) आगमिक विहीन, श्रुतविहीन।

अश्रेयस् (वि०) अकल्याण, अहित, अनिष्ट, दुःख।

अषड (वि०) छह रहित।

असाढः (पुं०) आषाढ मास, वर्षा का प्रारंभिक मास।

अष्ट (वि०) आठ प्रकार, आठ भागों वाला।

अष्टक (वि०) [अष्टन्+कन्] आठ भागों वाला, आठ प्रकार का, आठ समूह युक्त। (सम्य० ८८)

अष्टकं (नपुं०) आठ छन्द युक्त, महावीराष्टक। (भक्ति०२१)

अष्टकर्मन् (नपुं०) आठ कर्म।

अष्टकुमारिका (स्त्री०) आठ कुमारियां।

अष्टकृत्वस् (अव्य०) आठ बार।

अष्ठकोण (वि०) आठ कोने वाला।

अष्टग (संख्यावाची विशेषण) आठ।

अष्टगुण (पुं०) आठ गुण, सम्यक्त्व के गुण। 'निःशङ्किताद्यष्टगुणाभिवृद्धं।' (भक्ति०७)

अष्टचन्द्रः (पुं०) अष्टचन्द्र राजा। (जयो० ८/६४) 'निपेतुः पुनरष्टचन्द्राः।''

अष्टचन्दनरपः (पुं०) अष्टचन्द्र नामक राजा। 'सोऽष्टचन्द्रनरपो ग्रहयुक्तिः।' (जयो० ४/१४)

अष्टत्रिंशत् (वि०) अड़तीस।

अष्टत्रिक (वि०) चौबीस।

अष्टदलं (नपुं०) कमल, आठ पंखुरियों युक्त।

अष्टदिश् (स्त्री०) आठ दिशा।

अष्टधा (वि०) आठ प्रकार का, आठ भागों का। ऐहिकव्यवहतौ तु संविधाकारिणी परिविशुद्धरष्टधा। (जयो० २/७६)

अष्टधातुः (स्त्री०) आठ धातु।

अष्टपद (वि०) आठ पैर वाला, शरभ जन्तु।

अष्टपत्रं (नपुं०) स्वर्ण पट्टिका।

अष्टम-प्रतिमा (स्त्री०) आठ प्रतिमा।

अष्टम (वि०) आठवां, आठ भाग।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अष्टमदेवधामः (पुं०) अष्टम स्वर्ग। 'श्रियोधराऽधाष्टमदेव-धाम।' (सम्० ६/२६)

अष्टमसर्गः (पुं०) आठवां सर्ग, आठवां अध्याय।

अष्टशती (स्त्री०) अकलंकदेव कृत न्याय ग्रन्थ।

अष्टसहस्री (स्त्री०) जैन न्याय का प्रसिद्ध ग्रन्थ, इसके रचनाकार आचार्य विद्यानन्द हैं, इसका मूलाधार देवागम स्तोत्र है, जिस पर अष्टशती की व्याख्या अष्टसाही है। (वीरो० १९/१११

अष्टाङ्ग (वि०) आठ अंगों वाली।

अष्टागमः (पुं०) आठ आगम।

अष्टाङ्गमयी (वि०) अष्टद्रव्यमयी पूजा, अष्टपूजा अंग युक्त। आठ अंगों सहित। 'मनोहराष्टाङ्गमयीं प्रभोर्जयः।' (जयो० २४/८१)

अष्टाङ्ग-सिद्धिः (स्त्री०) अष्ट विभूति। अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकम्य, ईशत्व और वशित्व ये आठ प्रकार की विभूतियां हैं।

अष्टादशम् (नपुं०) अठारह (वीरो० १

अष्टाधिक (वि०) आठों से अधिक। 'अष्टाधिकानां परितो ध्वजानाम्।' (वीरो० १३/७) 'अष्टाधिकं सहस्रं सुलक्षणानाम्।' (वीरो० ४/५०)

अष्टाविध (वि०) आठ प्रकार (सम्य० ८८)

अष्टाश्रयः (वि०) आठ आश्रय, आठ आधार।

अष्टिः (स्त्री०) १. पासा, खेल का अक्ष। २. बीज, गुठली।

अष्ठीला (स्त्री०) गिरी, गुठली।

अस् (अक०) होना, रहना, विद्यमान रहना। 'वाग्यस्यास्ति न शास्ति कवित्वगावा।' (सुद० १/१) 'स केवलं स्यात् परिफुल्ल गण्डः।' (सुद० १/७) 'कृपाङ्कुराः सन्तु सतां यथैव।' (सुद० १/९) 'श्रिये जिनः सोऽस्तु यदीयसेवा।' (वीरो० १/१) असेः कदाचिद्यदि सोऽस्तु कोपी। (वीरो० १/१०) वाणीव याऽऽसीत् परमार्थदात्री। (वीरो० १/१८) सा पश्यति स्मेति पण्डिता। 'यद्यसि शान्तिसमिच्छकस्त्वं' (सुद० ७१) लयोऽस्तु कलङ्ककलायाः। (सुद० ७१)

अस् (सक०) फेंकना, छोड़ना, विसर्जित करना। अस्यति, अस्त।

अस् (सक०) १. जाना, लेना, ग्रहण करना। २. चमकना, दीप्त करना।

असंकुचित (वि०) अक्लिष्ट, आयत, विस्तृत। (जयो० ५/४७)

असंकुट (वि०) सर्वलोकाकाश व्याप्त।

असंक्लिष्ट (वि०) अधिक, बहुत, संक्षिप्तता रहित।

असंख्येय (वि०) संख्या रहित, गणनातीत। 'संख्याविशेषातीत-तत्वादसंख्येयः।'

असंघात (वि०) संघात रहित, एक सा।

असंदिग्ध (वि०) स्पष्ट। (जयो० १८/६६)

असंदिग्धकथनं (नपुं०) स्पष्ट कथन। (जयो० २/१३७)

असंभव (वि०) अशक्य, असमर्थ। (जयो० २/५८) (दयो० ४६)

असंमूढ (वि०) विचारशील, बुद्धिमान। असंमूढमतिमर्हद्भिः। (जयो० १५/२२)

असंयत (वि०) १. संयम विहीन, यम-नियम से रहित। महता तपसा युक्तो मिथ्यादृष्टिर-सयतः। (वरांग २६/२७) २. अनियन्त्रित, स्वच्छंद।

असंयमः (पुं०) संयम का अभाव, षट्काय जीवों का घातक, इन्द्रिय एवं मन से संयमित नहीं। (सम्य० ८७)

असंशय (वि०) संदेहजनक, संशय से युक्त।

असंश्रव (वि०) अश्रवित, नहीं सुनाई दिया।

असंसृष्ट (वि०) अमिश्रित, अयुक्त।

असंस्कृत (वि०) संस्कारविहीन, तुच्छ।

असंस्तुत (वि०) अप्रार्थित, अपूजित, असम्मानित, पूजा रहित।

असंस्थानं (नपुं०) संस्थानाभाव, संसक्ति विहीनता।

असंस्थित (वि०) अव्यवस्थित, क्रम विमुक्त।

असंस्थिति (स्त्री०) परम्परामुक्त, अव्यवस्था।

असंहत (वि०) असंयुक्त, विदीर्ण, फैला हुआ।

असकृत् (अव्य०) बार बार, एक बार नहीं, पुनः पुनः, बहुधा, प्रायः।

असक्त (वि०) अनासक्त, निःस्पृही।

असखि (वि०) अमित्र, विरोधी।

असख्य (वि०) शत्रुता, परस्परप्रेम्णा संयुक्तो न। (वीरो० २/३८)

असङ्ग (वि०) १. परिग्रहरहित, अपरिग्रह, निर्ग्रन्थ। फुल्लत्य-सङ्गाधिपतिं मुनीनम्। (जयो० वृ० १/८१) असङ्गानां परिग्रहरहितानाम्। (जयो० वृ० १/८१) २. अनासक्त, सांसारिक बन्धनों से रहित, निर्लिप्त, असंयुक्त, आसक्ति रहित। ३. अकुण्ठित, निर्बाध, शान्त। 'मांक्तुमदेत्यसङ्गः।' (जयो० २७/६०) असङ्गः संयतो जनः। (जयो० वृ० २७/६०)

असङ्गत (वि०) अनुचित, प्रतिकूल, मेल रहित अशिष्ट, अभद्र, असंयुक्त। २. परिग्रहरहित, निर्ग्रन्थ वाला इवासङ्गत-योपरिष्टात्। (भक्ति०१/५)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

असङ्गतिः (स्त्री०) असंयुक्त, अमेलित, असम्बद्ध, अनौचित्य।

असङ्गतिनामालंकारः (पुं०) असङ्गति नामक अलंकार

अन्वास्यं पानकपात्रमाशा समन्विताया वितरन्विलासात्।
हस्तेन शस्तस्तनमण्डलान्त मालिङ्ग्य सम्यङ्गमदमाप कान्तः।
(जयो० १६/२९) कोई स्त्री मदिरा पीना चाहती थी, पर पीने में असमर्थ थी, उसका पति कौतुकपूर्वक मदिरा का पात्र उसके मुख के पास ले जा रहा था और हाथ से स्तनमण्डल का स्पर्शकर रहा था, इस तरह वह मदिरा पान के बिना ही मदहर्षरूप नशा को प्राप्त हो रहा था। संगति न होने पर सङ्ग का आभास।

असङ्गमः (पुं०) वियोग, विछोह, अमिलन।

असङ्गम (वि०) नहीं मिला हुआ, असमबद्ध।

असङ्गिन् (वि०) असम्बद्ध, अमेलित।

असङ्कीर्णः (पुं०) १. विशद, स्पष्ट, २. अक्षत, अखण्ड, ३. संकीर्णता रहित। (वीरो० २/२६)

असङ्कीर्णपदः (पुं०) विशदपद, स्पष्टपद। श्रीमान सङ्कीर्ण पदप्रणीतिः। (वीरो० ७/२६)

असंज्ञ (वि०) संज्ञा रहित, चैतन्य विहीन।

असंज्ञा (स्त्री०) संज्ञा का अभाव, चैतन्यता का अभाव।

असंज्ञित्व (वि०) मन बिना, शिक्षा उपदेशादि न ग्रहण करने वाला। 'मनोऽनपेक्ष ज्ञानोत्पत्तिमात्रमाश्रित्यासंज्ञित्वस्य नियन्धनमिति।' (धव०१/४०९)

असंज्ञि-श्रुत (वि०) असंज्ञियों का श्रुत।

असंज्ञी (वि०) अनमस्क, मन रहित जीव। (सम्य० ४१) सम्यक् जानातीति संज्ञं मनं, तदस्यातीति संज्ञी, तद्विपरीतोऽसंज्ञी। (धव०१/१५२) जो जीव मन के न होने से शिक्षा, उपदेश आदि को ग्रहण न कर सकें।

असती (वि०) दुःशीला, उद्दण्ड। (जयो० १/२०, २/११९)

असत् (वि०) १. अविद्यमान, अस्तित्व हीन। २. सत्ताहीन, अवास्तविक। ३. अनुचित, प्रतिकूल, अव्यवहारिक। ४. एक दार्शनिक दृष्टिकोण उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य रूप सत् से विपरीत। साध्य के अभाव का निश्चय करने वाला।
तत्त्वं त्वदुक्तं सदसत्स्वरूपं तथापि धत्ते परमेव रूपम्।
युक्ताप्ययुक्तो जम्भरसेन हि द्रागुपैति सा कुङ्कुमतां हरिद्रा।।
(जयो० २६/८०) ५. दुर्जन, ०दुष्ट, ०पापी, ०अशुभ-परिणामी, ०अनिष्ट। 'यस्यासतां निग्रहणे च निष्ठा मता सतां संग्रहणे धनिष्ठा।'' (जयो० १/१६) 'इक्षो सदीक्षोऽस्यगतः सतोति।' (सुद० १/१६) उक्त पंक्ति में 'असत्' का अर्थ अधिकता भी है। 'दुःखमुच्चलति जायते सुखं दर्पणे सदसदीयते मुखम्।' (जयो० २/४६) उक्त पंक्ति में 'असत्' का अर्थ मलिनता, कुरूपता एवं असुन्दरता भी है।

असत्कर्त्तव्यः (पुं०) असत् कार्य। (वीरो० ६/२०)

असत्कर्मन् (वि०) अनिष्टकर्म, अहितकारी कर्म।

असत्क्रिया (स्त्री०) अनर्थोत्पादक क्रिया, व्यर्थ की क्रिया।

असत्यग्रहः (पुं०) अहितकर ग्रह, अनिष्टकारी दशा।

असत्चेष्टा (स्त्री०) अधार्मिक भाव, धर्मविहीन चेष्टा।

असत्सङ्गम (वि०) असत् योग। (जयो० वृ० ६/२५) ०आर्तध्यान और रौद्रध्यान का संयोग।

असत्चेष्टित (वि०) मलिन चेष्टा वाला, अपवित्र चेष्टा युक्त।

असत्ता (वि०) १. अनस्तित्व, अस्तित्व का अभाव, सत्ता का लोप।

असन्तप्त (वि०) संताप रहित, शान्त, प्रशान्त। (जयो० २८/३८)

असत्पथः (पुं०) दुष्टमार्ग, कुमार्ग, निम्नगति, ०अधर्ममार्ग, ०अनिष्टपथ।

असत्परिग्रहः (पुं०) अनिष्टकारक संग्रह।

असत्भावः (पुं०) इष्ट परिणाम का अभाव।

असत्य (वि०) ०मिथ्या, ०झूठा, ०काल्पनिक, ०अप्रमाणिक। (वीरो० २०/१६) अवास्तविक, झूठ बोलने वाला।
असत्यवक्तुर्नरके निपातश्चासत्यवक्तुः स्वयमेव घातः।
व्यलीकिनोऽप्रत्यय- सम्बिघाऽतः प्रोत्पादयेस्तं न कदापि मातः।। (समु० १/९)

असत्यः (पुं०) ०अलीक, ०झूठ, ०व्यतीक, ०अनृत, ०गर्हित। (वीरो० १४/३८) ०मृषा, ०मिथ्या।

असत्यपक्ष (वि०) मिथ्यामार्ग, ०मृषा कथन, ०मिथ्यात्व का पोषक पक्ष।

असत्यमनोयोगः (पुं०) असत्य जनित के प्रति मन का भाव।

असत्यवचनं (नपुं०) असत्य/मिथ्यापोषक वचन।

असत्यवक्ता (वि०) असत्य बोलने वाला, असत्य प्रतिपादक। 'असत्यवक्ताऽनवधानतोऽपि' (समु० ३/२२)

असत्यवक्तृ (वि०) असत्य भाषक, मिथ्या बोलने वाला, अनृतभाषी। 'असत्यवक्तुः परिहारपूर्वम्।' (समु० १/१०) 'असत्यवक्तुः स्वयमेव घातः।' (समु० १/९)

असत्यवादिन् (वि०) असत्य भाषक, ०मिथ्या कथन करने वाला।

असत्यस्मरणं (नपुं०) ०असत्य कथन, ०असत्य भाषण, ०अलीक स्मरण, ०मिथ्याजन्य स्मरण।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

असदृश (वि०) ०असमान, ०अयोग्य, ०अनुपयुक्त, ०प्रतिकूल, ०असंबद्ध।

असदृश-अनुभागः (पुं०) अनेक वर्गणाओं की उदीरणा।

असदृशवेष (वि०) अनार्यवेष धारक, ०अभद्र परिधान, ०अशोभनीय परिवेश।

असद्ध्यानं (नपुं०) वस्तु स्वरूप का जानना, दुर्ध्यान आर्त-रौद्रध्यान।

असद्रूपः (पुं०) मिथ्यारूप, असत प्रदर्शित। (वीरो० २९/६)

असद्भावः (पुं०) दुर्भाव, मिथ्या परिणाम।

असद्भूत-व्यवहारः (पुं०) अन्य अर्थ में प्रसिद्ध धर्म के अन्य अर्थ में समारोप, अविद्यमानता का समारोप।

असद्यस् (अव्य०) शीघ्रता न करके, बहुत समय व्यतीतकर।

असन् (नपुं०) रुधिर।

असनं (नपुं०) [अस्+ल्युट्] फेंकना, दूर करना, हटाना।

असन्दिग्ध (वि०) ०स्पष्ट, ०स्वच्छ, ०निरापद, ०सार्थक, ०संदेह रहित, ०सम्यक्, ०उचित, ०मंगलकारी।

असन्धि (वि०) १. सन्धि रहित, मेल रहित। २. बन्धनमुक्त, अबद्ध, स्वतन्त्र।

असन्नद्ध (वि०) १. असम्बद्ध, सम्बन्ध रहित। २. धूर्त, अहंकारी।

असन्निकर्षः (पुं०) मन से वस्तुओं का गोचर न होना, पदार्थों का आभास न होना।

असन्निवृत्तिः (स्त्री०) मुड़ना नहीं, लौटना नहीं, परावर्तन नहीं करना।

असफलता (वि०) सफलता रहित। (सुद० ७२)

असभ्य (वि०) ०अशिक्षित, ०अनपढ़, ०शिक्षा विहीन, ०असदृश, ०असमान, ०अयोग्य, ०अशिष्ट, ०अनघट, ०अभद्र।

असम (वि०) ०विलक्षण, ०विषम, ०विसदृश, ०समानता रहित। 'बहिरमीष्वसमेषु विकारतः।' (जयो० २६/६२)

असमञ्जस (वि०) ०विसंवाद, ०वितर्क, ०अस्पष्ट, ०अयुक्त, ०अनुचित, ०निरर्थक (जयो० १२)

असमवायिन् (वि०) ०आनुषंगिक, ०विच्छेद्य, ०अन्तर्हित रहित, ०प्रगाढ़ता विहीन।

असमस्त (वि०) अपूर्ण, अधूरा, वियुक्त, असम्बद्ध।

असमर्थ (वि०) अनीश्वर, सामर्थ्य रहित। (जयो० वृ० ८/१६) अर्थ/रहस्य को नहीं जानने वाला। कलङ्कमेत्वङ्कदलं तदर्थ विभावनायामिह योऽसमर्थः।'(जयो० १/१४)

असमाप्त (वि०) अपूर्ण, अधूरा, पूर्णतारहित।

असमान (वि०) ०अतुल्य, ०समानता रहित, ०सदृश्यता विहीन। (जयो० वृ० १/५३)

असमानगुणः (पुं०) असदृश गुण, विलक्षण गुण, विषम गुण। असमानगुणोऽन्येषां। (समु० ९/२१)

असम्पत्ति (वि०) १. सम्पत्ति रहित, निर्धनता युक्त, दरिद्र। २. दुर्भाग्य, सौभाग्यहीन।

असम्पूर्ण (वि०) ०अधूरा, ०अपूर्ण, ०कम, ०हीन, ०आंशिक।

असम्बद्ध (वि०) ०असंगत, ०निरर्थक, ०व्यर्थ, ०बेकार, ०अनुपयोगी, ०अनुचित, ०अर्थविहीन।

असम्बन्ध (वि०) सम्बन्ध विहीन, अनुपकारी, विच्छेद युक्त।

असम्बाध (वि०) १. विस्तृत, व्यापक, विस्तार युक्त। २. बाधा रहित, एकान्त, निर्जन, सुगम।

असम्भव (वि०) सम्भव नहीं, उत्पत्ति रहित, अस्तित्व विहीन, सम्भावना मुक्त।

असम्भव्य (वि०) अशक्य, अयोग्य, असमर्थ।

असम्भावना (वि०) अशक्यता, असमर्थता।

असम्भृत (वि०) प्राकृतिक, स्वाभाविक, अप्रकाशमान, उपायों से रहित।

आतप-विनाशि (वि०) गर्मी नाशक।

आतविनाशिन् (वि०) संताप विनाशिनी, दु:ख विध्वंसिनी। (सुद०) अन्धकार शील ०प्रकाश से रहित।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आतापः (पुं०) [आ+तप्+घञ्] १. सन्ताप, दुःख, कष्ट, पीड़ित। (भक्ति० २४) २. गर्मी, उष्णता, तपन।

आतापिन् (वि०) [आ+तप्+णिनि] १. संतप्त किया गया। (पुं०) पक्षी विशेष, गृद्ध, चील।

आतिथेय (वि०) [अतिथिषु साधुः—ढञ् अतिथये इदं ढक् वा] अतिथियों के अनुकूल, अतिथि सत्कार। 'आतिथेयेन विलसन्ती करुणा येषां ते तेषामातिथेय। ' (जयो० ५/२९)

आतिथ्य (वि०) [अतिथि ष्यञ्] सत्कारशील, अतिथि सत्कार। 'आतिथ्ये वस्त्रुटिरिव तु नः।' (जयो० १२/१३६)

आतिथ्यविधिः (स्त्री०) अतिथि सत्कार, सत्कारशील विधि। तासां किलाऽऽतिथ्यविधौ नरेश। (वीरो० ५/२)

आतिथ्यविधानं (नपुं०) अतिथि सत्कार, स्वागताचरण। पतिं यतीनां समृतिं प्रतीक्ष्य तदा तदातिथ्य-विधानदीक्षम्। (जयो० १/८०)

आतिथ्यरूपः (पुं०) अतिथि सत्कार। (दयो० २४)

आतिथ्यसत्कारः (पुं०) स्वागताचरण, अतिथि सेवा, अतिथि सम्मान। सुदर्शनपिताऽप्यत्राऽऽतिथ्यसत्कार तत्परः। (सुद० ३/४४)

आतिदेशिक (वि०) [अतिदेशः+ठक्] उपदेश से सम्बन्धित, अतिदेश से सम्बन्धित।

आतिरेक्यं (नपुं०) अधिकता, विशालता, अत्यधिक, बृहत्तर।

आतिशय्यं (नपुं०) [अतिशय+ष्यञ्] अतिशयता युक्त, विशालतम, बहुत्व परिणाम।

आतुः (स्त्री०) बेड़ा, बांसादि का बनाया गया बेरा, बाँड।

आतुलित (वि०) आगे-पीछे होने वाली। (वीरो० १९/१९)

आतुरः (वि०) [ईषदर्थे आ+अत्+उरच्] १. उत्कण्ठापूर्ण- पातुं नृगातुरतया तु न यातु कश्चिद्। (जयो० २७/६४)
२. कष्टानुभवी, कष्ट को अनुभव करने वाला-'तनये मन एतदातुरं तव।' (जयो० १३/९)
३. घायल, ०पीड़ित, ०दुःखी, ०त्रस्त, ०प्रभावित।
४. उत्सुक, ०तत्पर, ०सन्नद्ध, ०क्रियाशील।

आतुरः (पुं०) रोगी, व्याधिग्रस्त मनुष्य।

आतोद्यं (नपुं०) यन्त्र विशेष, वाद्य यन्त्र। (वीरो० २/३३)

आतोद्यनाद (पुं०) भेरी शब्द। वाद्यं वादित्रमातोद्यं काहलादि निरुच्यते इति विश्व०

आत्त (भू० क० कृ०) [आ+दा+क्त] ०समागत, ०प्राप्त, ०लब्ध, ०उपार्जित, ०आया हुआ, ०प्रतिगृहीत, ०स्वीकृत, ०अंगीकृत। जगाम मैरेयभृते त्वमत्र आघ्रातुमात्तप्रतिमेऽलिरत्र। (जयो० १६/४८) आत्तानां समागतानामलीनाम्। (वीरो० वृ० २/१२)

आत्त-कल्मष (वि०) मलिनता युक्त, पाप जन्य। तुरगा अपि ते रजस्वलावनि संपर्कत आत्तकल्मषाः। (जयो० २१/६५)

आत्तनयी (वि०) गृहीत, लिया गया, समागत। स्वयमिति यावदुपेत्य महीशः मरणार्थमस्यात्तनयी सः। (सुद० १०८)

आत्तमूर्ति (स्त्री०) साक्षात् प्रतिमा। (सुद० २/२४)

आत्तवरद (त्रि०) लाना, प्राप्त होना। आत्ता वरदा कन्या येन सा। (जयो० वृ० ३/११६)

आत्मक (वि०) [आत्मन्+कन्] ०स्वाभाविक, ०आत्मजन्य, ०स्वभाव स्वरूप।

आत्म-कर्त्तव्यः (पुं०) अपना कार्य। (दयो० ३२)

आत्म-कल्याण (नपुं०) आत्म कल्याण, अपना हित, निज रक्षा। (जयो० वृ० २/५०) निजहित।

आत्मकाम (वि०) परमात्मा इच्छुक, आत्म इच्छुक।

आत्मकारिणी (वि०) आदरकर्त्री, सम्मानदात्री। (जयो० ३/११)

आत्मकृत् (वि०) निजकृत, स्वकृत।

आत्मखेदी (त्रि०) दुःखी, मन से दुःखी। (वीरो० १६/८)

आत्मगत (वि०) मनोगत, अपने द्वारा उत्पन्न।

आत्मगुणी (वि०) ०स्वाभाविक गुणी, ०सहज स्वभावी। (हित० सं०पृ० १) ०विशुद्ध स्वभावी, ०आत्म परिणामी

आत्म-गेहं (नपुं०) मनः कुटीर। ममात्मनो गेहमेतत् मदीयं मनः कुटीरकं मनोरमत्वम्। (जयो० १/१०४)

आत्मगोत्रं (नपुं०) स्वकुल, निजकुल। (जयो० १/१३३)

आत्मज्ञ (वि०) आत्मज्ञानी, ०तत्त्वज्ञ, ०स्व स्वरूप ज्ञाता।

आत्मज्ञान (नपुं०) स्वज्ञान, निजज्ञान।

आत्म-ज्ञानी (वि०) स्वभाव जानकार।

आत्मचिन्तनं (नपुं०) स्वकीय ध्यान, आत्मध्यान। (जयो० २२/८६)

आत्मज् (पुं०) पुत्र, तनय, सुत। दक्षिणगवेचरात्मजांस्तु सती। (जयो० ६/६)

आत्मजम्मन् (पुं०) पुत्र, तनय, सुत।

आत्मतम (वि०) स्वकीय ज्ञान (भक्ति० ३) ०आत्म बोध।

आत्म-तत्त्वं (त्रि०) स्वभावलीनता, अपनी समाधि (जयो० १/१)

आत्म-त्यागः (नपुं०) निज कल्याण त्याग, स्वार्थ त्याग।

आत्मत्यागिन् (वि०) आत्मघाती, निज स्वरूप विध्वंसी।

आत्मत्राणं (नपुं०) आत्मरक्षा, स्वरक्षा, अपना हित।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आत्म-दर्शनं (नपुं०) निज दृष्टि, आत्म दर्शक, स्वभाव अवलोकन, ०स्वमत परिदर्शक।

आत्मदृष्टि (स्त्री०) आत्म दर्शन। (दयो० १००)

आत्म-द्रोहिन (वि०) अपने आपको पीड़ित करने वाला।

आत्मधीः (स्त्री०) स्वकीय बुद्धि। (सुद० १२७)

आत्मध्यान परायण (वि०) आत्म-स्वरूप चिंतन करने वाला। (सुद० १३३)

आत्मन् (पुं०) १. आत्मा, ०जीव, ०चैतन्य,
२. इव, ०निज, ०अपना, ०आत्मीय,
३. मन, बुद्धि। (सम्य० १३८, १३१)
४. आत्मा, ०परमात्मा, ०बहिरात्मा, अन्तरात्मा।
५. निज-स्वस्यात्मनोऽभ्युदयो यस्य। जीव आत्माऽनात्म-परिज्ञानमहितस्य। (सुद० पृ० १३३)
अपना-परमप्यनुगृह्णीयादात्मने पक्षपातवान्। (सुद० ४/४४) ज्ञानेनाद्याऽऽत्मनश्चिन्त (सुद० ४/३६)
आत्मा-सच्चिदानन्दमात्मानं ज्ञानी ज्ञात्वाऽङ्गतः पृथक्। (सुद० ४/११) तत्तत्सम्बन्धि चान्यच्च त्यक्त्वाऽऽत्मन्यनुरज्यते।। (सुद० ४/११)
स्व-सुस्थितिं समयरीतिमात्मनः सङ्गतिं परिणतिं तथा जनः। (जयो० २/४७)
देहं यदात्वं बहिरात्मनामाऽन्तरात्मतामेति विवेकधामा। विभिद्य देहात्परमात्मतत्त्वं प्राप्नोति सद्योऽस्तकलङ्कसत्त्वम्।। (सुद० १३३) आत्मन्येवाऽऽत्मना। चिन्तयतोऽस्य धीमतः। (सुद० १३५) आदर्श इव तस्यात्मन्यखिलं बिम्बितं जगत्। (सुद० १३५) 'आत्मास्ति ज्ञानसम्पन्नोऽप्यभियुक्तोऽप्यनादितः। (हित० सं० १) आत्मने हितमुशन्ति निश्चयम्। (जयो० २/३)

आत्मनाथः (पुं०) प्राणेश्वर, प्राणप्रिय। (जयो० १२/१०)

आत्मनिन् (वि०) आत्महित युक्त। (सुद० ११९)

आत्मनीन् (वि०) आत्महितकारी, आत्मकल्याणकारी। (भक्ति० ४) स्वभावभूतं सुखमात्मनीनम्। (भक्ति० ४)

आत्मपथं (नपुं०) आत्ममार्ग। (वीरो० १६/१५) ०स्वपथ, ०कल्याणपथ।

आत्म-परिणामः (पुं०) आत्म स्वरूप, आत्म स्वभाव। (जयो० वृ० १/७४) ०निजभाव, ०आत्म भाव।

आत्मपुरुषः (पुं०) निज व्यक्ति, स्वकीय पुरुष। (मुनि० २९)

आत्मप्रतिष्ठ (वि०) आत्मनिष्ट, आत्माधीन। योगे नियोगेन मुनिः प्रवृत्त आत्मप्रविष्ठः खलु तन्निवृत्तः। (जयो० २७/१०) आत्मनि प्रतिष्ठा स्थितिर्यस्य सः।

आत्मप्रथा (स्त्री०) आत्मा की स्थिति। आत्मनः स्वस्य प्रथा। (जयो० २/११०)

आत्मप्रिया (स्त्री०) प्राणप्रिया। (वीरो० २२१/१९)

आत्म-फल (वि०) आत्म परिणाम, आत्म स्थिति।
उदीर्य कर्मनुदय-प्रणाशात्तदग्रतोबन्धविधेः समासात्। यथोत्तरं हीनतयानुभावादजन्ममृत्योरयमीक्षिता वा।। (समु० ८/१७) कर्मों के अभाव से जन्म-मृत्यु रहितपना की प्राप्ति आत्मा के प्रयत्न का फल है।

आत्मबलं (नपुं०) ०आत्मशक्ति, ०आत्मप्रभुत्व, ०आत्म तेजस्। (जयो० १/११३) बलमखिलं निष्फलं च तच्चेदात्मबलं नहि यस्य। (सुद० ७०)

आत्मभावः (पुं०) अन्तर्भाव, आत्मबुद्धि। (सम्य० ११/४५) ०आभ्यन्तर परिणाम, ०आत्मशक्ति।

आत्मभूः (पुं०) १. प्रज्ञ पुरुष, विद्वान्। २. ब्रह्मा, ब्रह्मदेव। मासि मासि सकलान्विधु बिम्बानात्मभूस्तिरयते श्रितडिम्बान्। आत्मभूः ब्रह्मा, यः खलु लोकैः सृष्टिकर्ता कथ्यते। (जयो० वृ० ५/२३)

आत्मभूत (वि०) आत्मने यो भूतो हितकरः। आत्म हितकारी। 'आत्मभूतनयताऽधिगमाय।' (जयो० १४/१)

आत्म-मानिन् (वि०) स्व उपयोगशाली। (जयो० २४/१२९)

आत्ममित्रमय (वि०) स्वकीय सखा वत्। (जयो० १/२३)

आत्ममुखं (नपुं०) अपना मुख, निजानन। (सुद० १२५)

आत्ममत्रि (वि०) स्वामात्य। (जयो० ३/६६) ०निजीय, आत्म दृष्टि युक्त।

आत्मयुत् (वि०) आत्म सहित।

आत्मयुक्तिः (स्त्री०) आत्म-उपाय। (जयो० १/१)

आत्म-रत (वि०) आत्मतल्लीनता।

आत्मति (स्त्री०) आत्म राग।

आत्मरमा (स्त्री०) प्राणप्रिया, मनोरमा। (सुद० ११३) एवं विचिन्तयन् गत्वा पुनरात्मरमां प्रति। (सुद० ११३)

आत्म-रश्मिः (स्त्री०) अक्षि किरण, आंख का प्रकाश। आत्मनः स्वस्य रश्मि अक्षिकिरण। (जयो० १०/११९)

आत्मरीतिः (स्त्री०) स्वकुलाचारनियम। सम्पठेत् प्रथमतो ह्युपासकाधीतिगीतिमुचितात्मरीतिकाम्। (जयो० २/४५)

आत्म-वञ्चित (वि०) आत्म वंचिता, निज ठगित, अपने आप ठगा गया। विश्व-विश्वसनमात्मवञ्चितिः। (जयो० २/५१) आत्मनो वञ्चितिर्वञ्चना भवति।

आत्मवत् (वि०) आत्म तुल्य, निजात्म स्वरूप। शवभूरात्मवता वितता। (सुद० ९२)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आत्म-वपु (नपुं०) अपना शरीर, स्वदेह।
आत्मनो वपुः शरीरं। । (जयो० १३/७३)

आत्मवश (वि०) जितेन्द्रिय, इन्द्रियजयी। (जयो० २/२३)
जगाम मोदेन युतो जिनस्य महालयं वन्दितुमात्म-वश्यः।

आत्मवादः (पुं०) आत्मकथन, चेतन विचार। ०स्वा-स्वरूप विवेचन।

आत्मविकासः (पुं०) अपना विकास, निज कल्याण।
धर्मेऽथात्मविकासे नैकस्यैवास्ति नियतमधिकारः।
योऽनुष्ठातुं यतते सम्भाल्यतमस्तु स उदारः। (वीरो० १७/४०)

आत्मविचारकेन्द्र (पुं०) अपने विचारों का केन्द्र 'आत्मा भवत्यात्म विचारकेन्द्रः' (वीरो० १८/५)

आत्म-विनाश (वि०) अपना अहित। कूपे निपत्य तेनात्मविनाशः। (दयो० ४७)

आत्मविदः (वि०) आत्मचिंतक।

आत्म-वेदी (वि०) आत्मवेत्ता, निज स्वरूप ज्ञाता। (सम्य० १०७/६९) प्रदोषतोऽस्मात् समुपैति खेदमिहायमस्यास्ति न चात्मवेदः। (जयो० २६/९६)

आत्मवेशित (वि०) आत्मजयी। ०आत्माधीन।

आत्म-संयमी (वि०) आत्माधीन, आत्मजयी। साम्प्रतमात्मसंयमी (समु० ४/२)

आत्म-सञ्जातिक (वि०) तन्मयता से युक्त। आत्मनः सञ्जातिकयोस्तन्मनसोऽपि (जयो० २४/७६)

आत्म-सदन (नपुं०) अपना घर, निज गृह।
अज्ञता हि जगतो विशोधने स्यादनात्म-सदन-बोधने। (जयो० २/४५) आत्मनः सदनं आत्मसदनं।

आत्म-समय (पुं०) आत्म भाव, आत्म स्वभाव, निजात्मसार।

आत्मसमयानुसारः (पुं०) देश कालानुसार। इत्थमात्म-समयानुसारतः। (जयो० २/१२२)

आत्मसाक्षिन् (वि०) निज साक्षात्, आत्म प्रतीति। (वीरो० ४/१४)

आत्मसात् (अव्य०) [आत्मन् साति] अपना जिन स्वरूप। झेलना। (वीरो० २२/२९) अपना बनाना, अनुकूल करना, आत्मधीन। आत्मसादुपनयन्निह भूपान्। (जयो० ५/१२) त्वं कृतावान् भूपमात्मसात्। (सुद० १३४) तूने राजा को अपने अनुकूल किया। दौरात्म्यमात्मसात् कुर्वन्नाह। (जयो० ७/१)

आत्म-साधन (नपुं०) आत्म ध्यान, आत्म तल्लीनता। (सुद० ११४) ददर्श योगीश्वरमात्मसाधनम्।

आत्मसारिन् (वि०) आत्म रहस्य वाला।

आत्मसुख (नपुं०) निजात्म सुख, स्व सुख, सहज सुख, इष्ट सुख। धन्यः स एवात्मसुखैकवस्तु। (सुद० ११७)

आत्मसुताः (पुं०) निजपुत्र। (वीरो० १७/३९)

आत्मस्फूर्तिः (स्त्री०) निज शक्ति, आत्मबल। जिनमूर्तिमात्मस्फूर्ति (सुद० ५/१)

आत्मशक्तिः (स्त्री०) आत्मोत्कर्ष, निजबल, स्वात्मोत्कर्ष। आत्मशक्त्या खलु मूर्तया तम्। (जयो० १/७०) यां वीक्ष्य वैनतेयस्य सर्पस्येव परस्य च। क्रूरता दूरतामञ्चेच्छूरता शक्तिरात्मनः।। (वीरो० १०/३२)

आत्महित (नपुं०) आत्म-कल्याण, आत्म रक्षा। (सम्य० ४२/२३) आत्मनो हितमात्महितम्। (जयो० २/४६)

आत्महित-भावना (स्त्री०) सन्मार्ग भावना, अपने कल्याण की इच्छा। (जयो० २/४८)

आत्मश्रीः (स्त्री०) आत्मशोभा, आत्म लक्ष्मी। (सुद० १/२३) विसर्गमात्मश्रियः ईहमानः।

आत्मार्थ (वि०) आत्म प्रयोजन। (दयो० ७)

आत्माधिपः (पुं०) राजन्, राजा। (जयो० १८/३६)

आत्माधीन (वि०) अपने आधीन, स्वाधीन। (मुनि २७)

आत्माङ्गीकरणं (नपुं०) अपना स्वीकार करना, अपना बनाना। (जयो० ६/१२३) आत्मनोऽङ्गीकरणस्याक्षराणाम्। (जयो० वृ० ६/१२३)

आत्मानुभव (वि०) आत्म अनुभूति जन्य। आत्मानं पश्यतोऽपि तस्य नान्यः कोऽपि बभूव दृशि यस्य। आत्मवत् सर्वभूतेषु य पश्यति स पण्डितः 'इति' (जयो० २२/२६) आत्मानं पश्यतः स्वात्मानुभवं कुर्वतः। (जयो० वृ० २२/२६)

आत्मानुसन्धानं (नपुं०) अपनी परितृप्त चित्तवृत्ति। (जयो० वृ० ६/९०) ०आत्म परिचय, ०आत्मावलोकन।

आत्मादरयुत (वि०) आत्म सम्मान सहित। आत्मनि स्वरूपे आदरयुतेन तल्लीनेन। (जयो० वृ० २८/२६) आत् अकारात्समारभ्य सकारे आदरयुतेन सम्पूर्णानामक्षराणां समक्षराणां क्षणः। (जयो० वृ० २८/२६)

आत्मानुभवकारिणी (वि०) आत्म बुद्धिशाली। (जयो० २७/४९)

आत्मानुभूति (स्त्री०) आत्म अनुभव।

आत्मानुरूप (नपुं०) आत्मा के अनुरूप, आत्मा अनुकूलता, अपने लिए अभीष्ट। (जयो० वृ० ३/६६)

आत्मापराधः (पुं०) अपने अपराध, स्वयं के अवगुण। "स्वेनानुष्ठितस्यापराधस्य दुष्कर्मणः।" (जयो० १५/९)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आत्मानुशासनं (नपुं०) आचार्य गुणभद्र की रचना, संस्कृत रचना।

आत्मिक (वि०) स्वात्म सम्बंधी, निजात्मक। (जयो० वृ०

आत्मिकसुखं (नपुं०) निजात्मानुभूति जन्य सुख। (मुनि० २६)

आत्मीय (वि०) स्वकीय, निजात्मक, आत्मिक, अपनी। 'इत्यात्मीयमलोत्कारं च भवतैकान्ते तथा त्यज्यताम्।।' (मुनि १३) आत्मीयमन्नेदथसन्निधानम्। (भक्ति० २९)

आत्मीयगुणं (नपुं०) निजात्मक भाव। (सुद० १२१)

आत्मीय-निन्दा (स्त्री०) ०अपनी गर्हा, ०अपनी निन्दा स्वकीय गुणों की आलोचना। (सुद० १२४)

आत्मीयपदं (नपुं०) निजात्मक पद, स्वकीय चरण। (वीरो० १/३) सुखज्ञनं संलभते प्रणश्यत्तमस्तयाऽऽत्मीयपदं समस्य। (वीरो० १/३)

आत्मीयभावः (पुं०) स्वकीय भाव, मैत्री भाव। सिंहो गजेनाखुरथौतुकेन वृकेण चाजो नकुलोऽहिजेन स्म स्नेहमासाद्य वसंति तत्र चात्मीय भावेन परेण सत्ता। (वीरो० १४/५१)

आत्मोपयोगः (पुं०) आत्म उपयोग, निज उपयोग। (जयो० १/ मुनि०)

आत्मैक कविः (पुं०) आत्मध्यानी/रवेरिवात्मैककवेरुदारभूतं स मुदोऽधिकारः। (समु० ६/३४)

आत्मोकर्षि (वि०) आत्म विस्तार। (जयो० १/६०) आत्मन उत्कर्ष आत्मोकर्ष। (धव० ७७३)

आत्मोपासित (वि०) आत्मा से उपासित, अपने निजभाव से आराधित। (मुनि० १) आत्मोपासितयैहिकेषु विषयेष्वाशाधुता साधुता। (मुनि० २)

आत्यंतिक (वि०) [अत्यन्त+ठन्] १. निरंतर, अबाध, प्रवाह युक्त, स्थायी, अनंत, २. मरण विशेष। ३. अत्यधिक, प्रचुर, सर्वाधिक। ४. सर्वोच्च, सम्पूर्ण, पूर्ण।

आत्ययिक (वि०) [अत्यय+ठक्] १. नाशकारी, घातक, विध्वसंक, विनाशक। २. पीड़ाजन्य, दुःख युक्त अशुभकारक, हानिकारक,

आत्रिक (वि०) ऐहिक, लौकिक। (जयो२/३९, २/९८)

आत्रिकस्थितिः (स्त्री०) अत्र भवा आत्रिकी स्थितिर्ययोस्तौ लौकिक सौख्यसम्पादकौ स्तः। (जयो० २/१०)

आत्रिकेष्ट (वि०) लौकिकेप्सित, लौकिक सफलता। (जयो० २/३९)

आत्रिकेष्टिनिरत (वि०) व्यावहारिक नीति से युक्त, गृहस्थ। (जयो० २/११)

आत्रेय (वि०) [अत्रि+ढक्] अत्रि का वंशज।

आत्रेय (पुं०) आर्यखण्ड का एक देश।

आत्रेयिका (स्त्री०) [आत्रेयी+कन्+टाप्] रजस्वला स्त्री।

आथर्वण (वि०) [अथर्वन्+अण्] अथर्ववेद ज्ञाता, अथर्ववेदी, अथर्वविद।

आथर्वणः (पुं०) अथर्ववेदध्यायी विप्र।

आदंशः (पुं०) [आ+दंश्+घञ्] डंक, घाव, दांत।

आदत्त (वि०) अप्रदत्त, बिना दी गई। न चादत्त मधाद्वृत्तिम्। (समु० ९/५) स हितस्करतां गतः।

आदरः (पुं०) [आ+दु+अप्] १. सम्मान, पूजाभाव, २. व्यन्तरदेव। २. **प्रीतिभाव** कोमुदादरपदाति शयायां, प्रेक्षिणी नतु नृणामुदितायाम्। हर्षसम्मान स्थानस्य। (जयो० वृ० ५/६७) नानुयोगसमयेष्विवादरः। (जयो० २/६४) क्षणादुरीरयन्नेवं करव्यापारमादरात्। (सुद० ७८)

आदरणं (नपुं०) ०आदर, ०सम्मान, ०सत्कार, ०सेवा ०पूजा। (जयो० वृ० १/१६)

आदरणविषय (नपुं०) सर्वोत्तम पूजनीय, ०भाव (जयो० १/१६)

आदरणीय (वि०) सम्माननीय, पूजनीय, अर्हयोग्य। वासनाभरणैरादरणीयाः सन्तु मूर्त्तयः किन्तु न हीयान्। (सुद० ७५)

आदरदा (वि०) प्रतिष्ठाप्रदायिनी, सम्मान देने वाली। 'नापि नाथ दरदाऽऽदरदा।'' (जयो० २०/२६) 'आदरं ददातीत्याद-रदा' (जयो० वृ१२०/२६)

आदर-भाव-कर्ता (वि०) सम्मान प्रकट करने वाला। प्रत्यादरस्य भावस्य प्रकटयिता। (जयो० १७/११)

आदरवादः (पुं०) नम्रवचन, पूज्यवाद, सम्माननीय वाणी। साम-दाम-विनयादर-वादैर्धामनाम च वितीर्य तदादैः। (जयो० ५/६)

आदरशालिनी (वि०) विनयान्वित, नम्रस्वभाविनी। (जयो० वृ० १२/३०)

आदरसात् (अव्य०) नम्रतापूर्वक, विनयगत। चक्रिसुतादींश्च रसाद् राजतुजो भूचरानथाऽऽदरसात्। (जयो० ६/१३)

आदरिणी (वि०) सम्मान प्रकट करती हुई, पूज्यभाविनी। (सुद० १२४) 'सम्प्राहाऽऽदरिणी गुणेषु।'

आदरी (वि०) समादरी, आदर योग्य। (सुद० १/५) यदादरी तच्छिशुको मुदेति।

आदरार्ह (वि०) समादर योग्य, पूज्य। (जयो० ५/१०४)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आदर्शः (पुं०) [आ+दृश्+घञ्] दर्पण, शीशा, आईना। आदर्श इव तस्यात्मन्यखिलं बिम्बितं जगत्। (सुद० १३५)

आदर्शः (पुं०) १. प्रशस्त, योग्य, उचित, प्रामाणिक। (सुद० ७६) २. छवि, अनुसरणस्थान। निजमादर्श इवाङ्गजन्मनि। (सुद० ३/८) आदर्शमङ्गुष्ठनखं च। (जयो० १/५७)

आदर्शतलं (नपुं०) दर्पण प्रान्त, दर्पण भाग। स्वमास्यमादर्शत-लेऽभिपश्यंस्तल्पोत्थितो नैश्यरहस्यमस्यन्। (जयो० २७/५०)

आदर्श-दर्शनं (नपुं०) अनुकरणीय दर्शन, उचित अवलोकन। 'आदर्शस्य अनुकरणीयस्य महर्षेर्दशनेऽवलोकने जाते सति।' (जयो० वृ० १/९१)

आदर्शनं (नपुं०) [आ+दृश्+ल्युट्] प्रदर्शन, दिखावा।

आदर्श-वर्त्मन् (पुं०) प्रशस्त मार्ग, अनुकरणीय पथ। (जयो० २/११९)

आदहनं (नपुं०) [आ+दह्+ल्युट्] १. जलन, तपन, २. पीड़ा, कष्ट, ३. प्रतिघात।

आदानं (नपुं०) [आ+दा+ल्युट्] १. लेना, स्वीकार करना, (सम्य० १९) ग्रहण करना, उठाना। (मुनि० १२), २. उपार्जन करना, ३. उच्चारण का पद, ४. समिति विशेष।

आदान-निक्षेपण-समिति (स्त्री०) ग्रहण एवं निक्षेपण में समभाव। साधु की क्रिया। जिसमें वह शस्त्र रखते, उठाते समय यत्नाभाव धारण करता है। रात्रेर्याम-निमित्तमासनमपि संशोधयेद्योगिराट् सूर्यास्तात्प्रथमं ततश्च तदसौ प्रातः प्रकाशेऽचिरात्। आदानेऽप्युपरक्षणेऽपि कुरुताद् ग्रंथादिकानां तथा, यत्नं यत्नवतो हि संवर इति प्राप्ताः प्रणीतेः पृथा।। (मुनि० १२) धर्मोपकरणानां ग्रहणं विसर्जनं प्रति यतनमादाननिक्षेपणसमितिः। (त० वा० ९/५)

आदानपदं (नपुं०) विवक्षा में जो पद दिया जाए, आगम अध्ययन का प्रारम्भिक पद। आदानपदं नाम आत्तद्रव्यनिबन्धनम्। (धवला १/७५)

आदानभयं (नपुं०) जो ग्रहण किया जाता है, इसके लिए भय। आदीयत इत्यादानम् इत्यर्थं चौरादिभ्यो यदुभयं तदादानभयम्।

आदासादित (वि०) प्राप्त, उपलब्ध, गृहीत। एतद् गुणानुवादादासादितसम्मदेव सा तनया। (जयो० ६/७०)

आदाय (सं०कृ०) लेकर, ग्रहणकर। (जयो० वृ० १/१९)

आदायिन् (वि०) [आ+दा+णिनि] ग्रहण करने वाला, प्राप्त करने वाला।

आदि (वि०) [आ+दा+कि] १. प्रारम्भ, (सम्य० ११०) प्रथम, ०प्राथमिक, ०पहला, २. प्रधान, प्रमुख। सुरादिरेवादियते मयाऽऽदौ। (सुद० २/१४) ०ग्रहण-ग्रहणम्यादौ परमो भविनोरभिविश्रम्भम्। (जयो० ११/११९)

आदि (पुं०) आदिनाथ, आदिब्रह्मा, नाभिराय पुत्र ऋषभ। श्री प्रजाकृति निरीक्षणे त्वतः। (जयो० ३/३) 'प्रातः काले आदिपुरुषस्य ऋषभ तीर्थंकरस्य पद-पद्माः। (जयो० वृ० ३/३)

आदिक (वि०) ०अन्तिम, ०प्रधान, ०प्रमुख, ०प्रारम्भिक (सुद० ३/३)

आदिकर (वि०) आदिकर्ता, ०प्रारम्भिक प्रतिपादन करने वाला।

आदिकविः (पुं०) आदिकवि, प्रथम कवि, ऋषभदेव।

आदिकाण्डं (नपुं०) प्रथमकाण्ड, प्रारंभकाण्ड।

आदिकरणं (नपुं०) प्रथम परिणाम।

आदिकाव्यं (नपुं०) प्रथम भाग, पहला हिस्सा।

आदिज (वि०) प्रथम वर्णोत्पन्न। अशिष्टमन्त्यजं स्पृष्ट्वा वर्णाः यस्तदादिमः। (जयो० २८/२०) "आदौ जकारो यस्य एतादृशो यः यकारोऽर्थात् जयः।" (जयो० वृ० २८/२०)

आदितः (अव्य०) [आदि+तसिल्] आरंभ से लेकर, सबसे पहले।

आदित्यः (पुं०) १. सूर्य, रवि, दिनकर। (२. देवता, ३. राजा, ४. लौकान्तिक देव। आदौ भव आदित्यः।

आदित्यगतिः (पुं०) राजा, पुण्डरीकिणी नगर के विजयार्ध पर्वत का एक राजा। (जयो० २३/५) तद्गत-खगसानुमति ह्यादित्यगतिर्नृपतिः। (जयो० २३/५)

आदित्यवारः (पुं०) रविवार, सूर्यवार। (जयो० १९/७२)

आदित्यवेगः (पुं०) धरणीतिलक नाम के नगर का राजा, जिसकी रानी सुलक्षणा थी। पत्तनम्य धरणीतिलकस्या-दित्यवेगनरपो विजयार्द्धे। (समु० ५/१७)

आदित्यसूक्तं (नपुं०) सूर्यस्तवन। आदित्यस्य सूर्यस्य सूक्तं स्तवनं विपदोपहतप्रकारः। (जयो० १८

आदिदेवः (पुं०) १. आदिब्रह्मा, आदिनाथ, आदिपुरुष, २. जैनधर्म के प्रथम प्रवर्तक ऋषभदेव, जो नाभिराय के पुत्र थे। (जयो० ४/८६) ०आदिप्रभु, ०नाभेयज।

आदिदृष्टा (वि०) प्रथम दृष्टा, प्रारंभ उपदेष्टा। (सुद० २/१९) यदादिदृष्टाः सम दृष्टसाराः। (सुद० २/१९)

आदिनाथः (पुं०) आदिपुरुष, प्रथम तीर्थंकर।

आदिपर्वन् (पुं०) आदिखण्ड, प्रथम अंश।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आदिपुरुषः (पुं०) ०आदिब्रह्मा, ०आदिनाथ, ०जैनधर्म के आद्य प्रवर्तक, ०प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव। (जयो० पृ० ३/३)

आदिपरं (नपुं०) प्रथम स्थान। (सम्य० ११०)

आदिबलं (नपुं०) प्रारम्भिक शक्ति।

आदिबन्धुः (पुं०) बड़ा भाई, ज्येष्ट भ्राता। स आदि प्रथमजातश्चासौ बन्धुर्भ्राता। (जयो० वृ० ३/६८)

आदिभव (वि०) सर्वप्रथम उत्पन्न, पहले उत्पन्न, प्रथमजात।

आदिभृत् (वि०) प्रथमजात। (जयो० वृ० १/१)

आदिम (वि०) [आदौ भवः-आदि डिमच्] ०प्रथम, ०आदि, ०प्रारंभिक, ०पुरातन, ०प्राचीन, ०पुरा, ०पहला ०आद्य। "द्राक्षेवमृद्धी प्रथिताऽऽदिमस्य।" (समु० १/२३) ०प्रधान, ०सर्वप्रथम।

आदिमतीर्थनाथः (पुं०) आद्य तीर्थंकर, प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव, जैनधर्म के आद्य प्रवर्तक। जयत्यहो आदिमतीर्थनाथ। (जयो० २७/७१)

आदिमवर्णता (वि०) ब्रह्मणत्वर्णयुक्त। (जयो० १/५४)

आदिराजः (पुं०) अर्ककीर्ति राजा। अकंपनदेश के आदिराज अर्ककीर्ति। (जयो० ४/१)

आदिवर्णः (पुं०) क्षत्रियवर्ण, प्रथम वर्ण, वर्ण व्यवस्था का प्रारम्भिक चरण क्षत्रिय। "आदिवर्ण-क्षत्रियभावाद् अस्यापि क्षत्रियत्वाद् अयमिनेवास्ति।" (जयो० पृ० ४/१०८)

आदिश् (सक०) ०कहना, ०संकेत करना, ०प्रदान करना, ०अर्पण करना, ०आदेश देना, ०आज्ञा देना, ०सौंपना। पृष्ठवानिति सपृततमाय, आदिश त्वदनुकूलकराय। (समु० ५/२) स्वावलम्पनं ह्यादिशंस्तवं शान्तये सुवेश। (सुद० ७४)

आदिष्ट (भू०क०) [आ+दिश्+क्त] ०दिखलाया, ०संकेत किया, ०प्रदर्शन किया, ०निर्दिष्ट किया। स्मरादिष्टमथाह शस्तम्। (जयो० १/७५) क्षेमप्रश्नानन्तरं ब्रूहि कार्यमित्यादिष्टः। प्रोक्तवान् सागरार्यः। (सुद० ३/४५)

आदिसुतः (पुं०) आदिनाथ का पुत्र भरत, जिसके नाम से इस देश का नाम भारत पड़ा। आगमों, पुराणों में जंबूद्वीप में भरतक्षेत्र या भारतवर्ष का नाम विशेष उल्लेखनीय है। (जयो० ४/४६) आदिदेवस्य सुतो भरतसम्राडपि। (जयो० वृ० ४/४६)

आदिसुनुः (पुं०) आदिनाथ का पुत्र भरत। भरतचक्रवर्ती। (जयो० २४/४५) 'किमादिसूनोः सुकृतोच्चमोदयः।' (जयो० २४/४५) 'आदिसूनोर्भरतमहाराजस्य-' (जयो० वृ० २ ४/४५)

आदिसृष्टा (वि०) प्रारंभिक सृष्टि वाला। (सुद० २/१९)

आदीपनं (नपुं०) [आ+दीप्+ल्युट्] ज्वलन पैदा करना, आग लगाना।

आदीनव (वि०) संक्लिष्ट। (जयो० २७/५३) 'आदीनवस्तु दोषे स्यात् परिक्लिष्टदुरन्तयोः' इति विश्वलोचनः।

आदीशः (पुं०) आदीश्वर, आदिनाथ, प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव। (वीरो० ११/२१)

आदीशपौत्रः (पुं०) मरीचि जीव। स आह भो भव्य। पुरूरवाङ्ग भिल्लोऽपि सद्धर्मवशादिहाङ्ग। आदीशपौत्रत्वमुपागतोऽपि कुदृक्प्रभावेण सुधर्मलोपी। (वीरो० ११/२)

आदेर्नृः (पुं०) श्री नाभेय, नाभिराज, आदिनाथ के पिता। (जयो० २६/७०)

आदेवनं (नपुं०) [आ+दिव्+ल्युट्] जुआ खेलना, जुआ खेलने का पासा।

आदेशः (पुं०) [आ+दिश+घञ्] भेद, अपरः (धव० १/१६०) निर्देशः आदेशेन भेदेन विशेषेण प्ररूपणं। ०आज्ञा, ०निर्देश, ०उपदेश, ०विवरण, ०सूचना, ०संकेत, ०कथन। (जयो० १/९०) आदेश एवास्ति यतो गुरुणां फलप्रदोऽस्मभयमहापुरूणाम्। (समु० ३/२) बड़े लोगों का आशीर्वाद ही हम लोगों को सफल बनाने वाला होता है। उक्त पंक्ति में 'आदेश' का अर्थ आशीर्वाद है। आदेशं कुरुतान्महन् भो सुखप्रवेशनकस्य। (सुद० ७/४)

आदेशो भवतामस्ति, न परप्रत्ययत्रायकृत्। (समु० ७/३४) **'आदेश'** का अर्थ अनुशासन भी है।

आदेश-युत् (वि०) अनुशासन सहित, निर्देश, उपदेश।

आदेशविधिः (स्त्री०) आज्ञा का पालन। त्वदादेशविधिं कर्तुं कातरोऽस्मीति वस्तुतः। (सुद० ७९)

आदेशिन् (वि०) [आ+दिश+णिनि] आज्ञा देने वाला, अनुशासित करने वाला।

आदोहणात्मक (वि०) दोहन करने योग्य।

आद्य (वि०) [आदौ भव-यत्] प्रथम, (दयो० ३४) प्रधान, पुरातन, प्राचीन, प्रमुख, नायकः (मुनि० २) आग्रणी। (सुद० ४/४०)

आद्यक्रिया (स्त्री०) प्रारंभिक क्रिया। (जयो० २१)

आद्यदेवः (पुं०) आदिदेव, प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव।

आद्यमूलगुण (नपुं०) प्रथममूलगुण। (मुनि० २)

आद्यून (वि०) [आ+दिव्+क्त] बहुभोजी, अधिक भुंजी।

आद्योतः (पुं०) [आ+द्युत+घञ्] कान्ति, प्रभा, चमक, प्रकाश।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आधमनं (नपुं०) [आ+धा+कमनम्] धरोहर, निक्षेप राशि।

आधमर्ण्यं (वि०) [अधमर्ण+ष्यञ्] कर्जदारी, ऋणता।

आधर्मिक (त्रि०) [अधर्म+ठञ्] अन्यायी, वचनविरुद्ध, बेइमानी। धर्म विरुद्ध होने वाला।

आधर्षः (पुं०) [आ+धृष्+घञ्] घृणा, निन्दा, दोष।

आधर्षणं (नपुं०) [आ+धृष्+ल्युट्] दोष, अपराध, घृणा, निराकरण, अपमान।

आधर्षित (भू०कृ०) [आ+धृष्+क्त] तिरस्कृत, अपमानित, निंदित, घृणित, दोषासक्त।

आधाकर्मन् (नपुं०) प्राणियों को बाधा पहुंचाना। आहा अहे य कम्मे आहाकम्मे। आधा अधे य कर्मे आधाकर्मे आधानं आधा साधुनिमित्तं चेतसः प्राणिधानम्। या षट्जीवनिकायानां विराधनोद्रापनादि आधाकर्म नाम।

आधाकर्मिक (वि०) साधुओं के निमित्त बनाया गया आहार।

आधाकर्मिका (वि०) अधः कर्म वाला।

आधारः (पुं०) [आ+धृ+घञ्] आश्रय, स्तंभ, टेक, सहारा।

आधारि (त्रि०) आश्रयजन्य। (सुद० २/३०)

आधि (स्त्री०) [आ+धा+कि] मानसिक खेद, मानसिक व्याधि, ०पीड़ा, ०वेदना, ०दुःख, ०सन्ताप, ०विपत्ति, ०अभिशाप, ०रुज। (जयो० ६/३१) (जयो० २४/८९) पुंस्याधिर्मानसी व्यथा 'इत्यमरः।'

आधिकरणिकः (पुं०) न्यायधीश।

आधिकरिणिकी (स्त्री०) अधिकरण क्रिया, हिंसा जन्य क्रिया।

आधिकारिक (वि०) अधिकारी, सर्वोच्च, सर्वश्रेष्ठ, प्रधान।

आधिक्य (वि०) [अधिक+ष्यञ्] बहुलता, बहुतायत, भारी, अधिकता।

आधिदैनिक (वि०) [अधिदेव+ठञ्] दैवकृत, भाग्याधीन।

आधिपत्यं (नपुं०) [अधिपति+यक्] सर्वोच्चता शक्ति, प्रभुता, अधिकार।

आधिभौतिक (वि०) [अधिभूत+ठञ्] प्रारंभिक, भौतिक, सांसारिक पीड़ा।

आधिराज्यं (नपुं०) [अधिराज्+ष्यञ्] अधिकार, प्रभुता, शक्ति।

आधिवेदनिकं (नपुं०) [अधिवेदनाय हितं] संतोष युक्त, ०संतोष प्रदान, ०प्रारम्भिक संतोष।

आधीनं (वि०) आश्रय, आधार। 'तदङ्गजाप्यन्वयनीत्यधीना' (जयो० १/४०)

आधीनता (वि०) दासता। (जयो० वृ० २/२०) (मुद० १००)

आधुनिक (वि०) [अधुना+ठञ्] ०अर्वाचीन, ०नूतन, ०नवीन, ०नया, ०आज का। सुखैकसिद्ध्यै सुदृशोऽत्र हेतुः श्रद्धामहो, नाधुनिकः स्विदेतु। (जयो० १/६६)

आधोरणः (पुं०) [आ+धोर्+ल्युट्] महावत, हस्ति आरोहक।

आध्यात्म (वि०) आत्म सम्बन्धी।

आध्यात्मनिष्ठ (वि०) आत्म सम्बन्धी विचार में परिपूर्ण 'शुक्लध्यानपरायणोऽऽध्यात्मनिष्ठः' (जयो० २२) ०शुक्लध्यान परायण। ०विशुद्ध स्वभाव वाला।

आध्यात्मिक (वि०) [अध्यात्म+ठञ्] आत्मा से सम्बन्ध रखने वाला, परमात्म दृष्टि वाला।

आध्यानं (नपुं०) [आ+ध्यै+ल्युट्] संसार, शरीर, भोगादि का बार-बार चिन्तन, मनन, चिन्ता।

आध्यापकः (पुं०) १. उपदेष्टा, उपाध्याय, जो स्वयं अध्ययन करता या कराता हो। (अध्यापक+अण्) २. शिक्षक, गुरु, दीक्षा गुरु।

आध्यासिक (वि०) [अध्यास+ठक्] वस्तु आरोपण, एक दूसरे पर आक्षेप।

आधृ (सक०) [आ+धृ] धारण करना, आधार बनाना, उपाय करना। सारयन् पथि निजं परानऽऽधारयेन्नृपतिरीतिहल्कथाः। (जयो० २/११८)

आध्वनिक (वि०) [अध्वन्+ठक्] यात्री, प्रवासी।

आनः (पुं०) [आ+अन्+क्विप्] १. श्वास लेना, फूंक मारना। २. उच्छ्वास जो संख्यात आवली प्रमाण है। संख्येया आवलिका आनः, एक उच्छ्वास इत्यर्थः।

आनकः (पुं०) [आनयति उत्साहवतः करोति अण्+णिच्+ण्वुल्] ०ढक्का, ०पटह, ०दुन्दुभी, ०ढोल, ०नगाड़ा, ०भेरी 'आनकः पटहो ढक्का' इत्यमरः। आनकोऽप्येष पुनः प्रवीणः (मुद० २/२१) अहो यदीयानकतानकेन रवैः सकंपं गमनं च तेन। (जयो० १/१९)

आनकतानं (नपुं०) प्रयाण की आवाज, 'आनको जयकुमारस्य प्रयाणवादित्रं, तस्य तानकेन शब्देन भयभीतः।' (जयो० वृ० १/१९)

आनणीय (वि०) हितकारी (वीरो० २२/२६)

आनत (वि०) [आ+नम्+क्त]नम्रीभूत, नमित, झुका हुआ। (जयो० ६/3)

आनतिः (स्त्री०) [आ+नम्+क्तिन्] पञ्चाङ्गप्रणामकरणम्। ०प्रणाम, ०नमन, ०नमस्कार, ०झुकाव, ०झुकना, ०नम्रता, ०अभिवादन, ०सत्कार, ०श्रद्धा।

आनद्ध (वि०) [आ+नह्+क्त] बांधा गया, मढ़ा हुआ, अवरुद्ध।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आनद्धः (पुं०) वाद्य विशेष, ढोल, नगाड़ा। (जयो० १०/१६)

आननं (नपुं०) मुख, वदन। [आ+अन्+ल्युट्] 'फुल्लदानन इतोऽभिजगाम।' (जयो० ४/६७) 'रामामानने सपदि कामुकनाम्ना।' (जयो० ४/५६)

आननदेशः (पुं०) मुखभाग, मुखमण्डल। 'पीतिमानमिममाननदेशे' (जयो० ५/८)

आनन्तर्यं (नपुं०) [अनन्तर+ष्यञ्] उत्तराधिकारी, व्यवधान रहित आसन्नता।

आनन्त्य (नपुं०) शाश्वत, नित्य, अनश्वर। (भक्ति० २०)

आनन्दः (पुं०) [आ+नन्द्+घञ्] हर्ष, प्रसन्नता, आत्मिक सुख।

आनन्ददशा (स्त्री०) सुख की अवस्था।

आनपानं (नपुं०) उच्छ्वास शक्ति।

आनपान-पर्याप्तिः (स्त्री०) श्वासोच्छ्वास से निकलने वाली शक्ति।

आनपानप्राणः (पुं०) उच्छ्वास, निःश्वास की कारणभूत शक्ति। (बृ० द्रव्य संग्रह ३)

आनप्राणः (पुं०) उच्छ्वास, निःश्वास, इसका काल असंख्यात आवलियों का होता है।

आनमंती (वि०) नमन करती हुई। (सुद० २/२६)

आनय (भू०) लाना, भिजवाना। (जयो० २/११३) बध्नामि भुजपाशेन जपाशंसामिहानय। (सुद० पृ० ७६)

आनयनं (नपुं०) मंगवाना, मर्यादित क्षेत्र से वस्तु का मंगवाना। 'प्रयोजनवशादभिप्रेतदेशे अदानयेत्याज्ञापनमानयनम्।' (स० सि० ७/३,त० वा० ७/३१) 'अन्यमानयेत्याज्ञापनमानयनम्' (त०वृ० ७/३)

आनयनप्रयोगः (पुं०) क्षेत्र से वस्तु मंगवाने का प्रयोग। (भक्ति श्लोक ३)

आनन्दक (वि०) सुखदाता। (वीरो० १०/२१)

आनन्दकर (वि०) सुख प्रदान करने वाला। विमानमानन्दकरं च देव। (सुद० २/१८)

आनन्दगिरा (स्त्री०) प्रसन्नवाचा, सुख प्रदान करने वाली वाणी। 'अस्मदानन्दगिरामस्माकं प्रसन्नवाचाम।' (जयो० १/४३) 'नाभेयमानन्दगिराऽजिनं च।' (भक्ति पृ० ७)

आनंददायिनी (वि०) आनन्ददायक।

आनन्ददायी (वि०) प्रसन्नता प्रदायी। (दयो० ५८) (जयो० वृ० ३/२५५)

आनन्ददृक् (नपुं०) आनन्दृष्टि, सुख का विशेपना, प्रसन्नता भाव। 'समानन्ददृगेकदृश्यम्।' (जयो० १/७७)

आनन्दनिबन्धनः (नपुं०) आनन्द की धारणा, प्रसन्नता का कारण। किन्त्वानन्दनिबन्धनस्तवदपरः को मे कुलीनास्थितेः। (सुद० ११३)

आनन्दप्रदः (पुं०) प्रसन्नचित्त। (जयो० ८/६३)

आनन्दप्रदकला (स्त्री०) नन्दक-कला, सुख प्रदान करने वाली कला। (जयो० ८/६३)

आनन्दमय (वि०) सुखमय, प्रसन्नता युक्त। 'श्रेयांसमानन्दमयं च वासु।' (भक्ति पृ० १९)

आनन्दवती (वि०) आह्लाद उत्पन्न करने वाली, सुखदायिनी, प्रसन्नताप्रदायिनी। (सुद० १/४१)

आनन्दवारिधिः (पुं०) सुख सागर, प्रसन्नोदधि। (जयो० १/१०२)

आनन्दसंधानं (नपुं०) आत्मिक सुख, आभ्यन्तर आनन्द। (मुनि० २६)

आनन्दिः (स्त्री०) [आ+नन्द्+इन्] हर्ष, प्रसन्नता, सुख।

आनन्दित (भू० क० कृ०) [आ+नन्द+क्त] आनन्द करने वाला, हर्षित, प्रफुल्लित।

आनन्दिन् (वि०) [आ+नन्द्+णिनि] प्रसन्न, खुशी, हर्ष, प्रफुल्लता।

आनर्तः (पुं०) [आ+नृत्+घञ्] नाट्यशाला, नृत्यगृह, रंगमंच।

आनर्थक्यं (नपुं०) [अनर्थस्य भावः ष्यञ्] निरर्थकता, अनुपयुक्तता, अयोग्यता।

आनायः (पुं०) [आ+नी+घञ्] जाल।

आनायिन् (पुं०) [आनाय+इनि] धीवर, मछुवारा।

आनाय्य (वि०) [आ+नी+ण्यत्] सन्निकटता के योग्य।

आनाहः (पुं०) [आ+नह्+घञ्] १. बन्धन, मलावरोध, कब्ज।

आनिप् (सक०) दबाना, पीड़ित करना। (जयो० ८/४८)

आनिल (वि०) [अनिल+अण्] वायु से उत्पन्न।

आनीय (सक०) प्राप्त होना, उपस्थित होना। आनीयते प्राप्यते माक्षिकं माक्षिकाव्रातधातोत्थितं तत्कुल-क्लेद-सम्भार धारान्वितम्। पीडयित्वाऽप्यकारुण्यमानीयते सांशिभिर्वंशिभिः किन्तु तत्पीयते। (जयो० २/१३०)

आनील (वि०) नीलापन।

आनुकूलिक (वि०) [अनुकूल+ठक्] हितकारी, अनुकूलता युक्त, उपयुक्त।

आनुकूल्यं (वि०) [अनुकूल+ष्यञ्] ०उपयोगी, ०उपयुक्त, ०हितकर, ०आश्वासन कारक, ०समीचीन, ०यथेष्ठ। (जयो० वृ० १/५१) कारुण्यमौदार्यमियद् हृदा चानुकूल्य-सम्वादविधिश्च वाचा। (समु० ८/२९)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आनुगत्यं (वि०) [अनुगत+ष्यञ्] परिचय, पहचान।

आनुगामिक (वि०) अनुगामी, देशान्तर या भवान्तर में जाता हुआ, अवधिज्ञान विशेष। 'अनुगमनशीलं आनुगामिकम्।'

आनुगुण्य (वि०) हितकर, सुखकर, गुणों के योग्य।

आनुग्रामिक (वि०) [अनुग्राम+ठञ्] ग्रामीण, देहाती, गंवार।

आनुनासिक्य (वि०) [अनुनासिक+ष्यञ्] अनुनासिकता।

आनुपदिक (वि०) [अनुपद+ठक्] अनुसरणकर्ता, पदचिह्नगामी।

आनुपूर्व (नपुं०) [अनुपूर्वस्य भावः ष्यञ्] क्रम, परम्परा, विधिक्रम।

आनुपूर्वी (वि०) क्रम, परम्परा, विधिक्रम अभीष्ट स्थान को प्राप्त करना। २. अंग एवं उपांग आगम के क्रम का नियामक।

आनुमानिक (वि०) [अनुमान+ठक्] अनुमान प्राप्त।

आनुयात्रिकः (पुं०) [अनुयात्रा+ठक्] सेवक, अनुचर, अनुयायी।

आनुरक्तिः (स्त्री०) [आ+अनु+रञ्ज्+क्तिन्] राग, स्नेह, अनुराग, प्रीति।

आनुलोमिक (वि०) [अनुलोम+ठक्] नियमित, क्रमबद्ध, अनुक्रम।

आनुलोम्य (वि०) [अनुलोम+ष्यञ्] उपयुक्त, उचित, नैसर्गिक, सीधा।

आनुवेश्य (वि०) पड़ौसी, समीपवर्ती, गृह के समीप रहने वाला।

आनुषङ्गिक (वि०) [अनुषङ्ग+ठक्] १. सहवर्ती, सहयोगी, २. आवश्यक, अनिवार्य, आपेक्षिक, आनुपातिक।

आनूप (वि०) आर्द्र, गीला, जलीय।

आनृण्य (वि०) दायित्व युक्त।

आनृशंस (वि०) [अनुशंस्+अण्] मृदु, कोमल, दयालु।

आनैपुणं (नपुं०) [अनिपुण+अण्] मूर्ख, मूढ, जाड्य।

आन्त (वि०) [अन्त+अण्] अन्तिम, अन्त का।

आन्तर (वि०) [आन्तर्+अण्] १. आभ्यन्तिर, आत्म सम्बंधी, २. गुप्त, छिपा, अन्दर।

आन्तर-तपः (पुं०) आभ्यन्तर तप,

आन्तरि (स्त्री०) अन्तरिक्ष युक्त, दिव्य, स्वर्गीय।

आन्तरिक्ष (वि०) दिव्य सम्बन्धी, आकाश प्रदेशी, स्वर्ग सम्बन्धी।

आन्तर्गणिक (वि०) [अन्तर्गण+ठक्] सम्मिलित।

आन्तर्गेहिक (वि०) [अन्तर्गेह+ठक्] गृहान्तर युक्त, घर में स्थित।

आन्तिका (स्त्री०) ज्येष्ठ भगिनी, बड़ी बहिन।

आन्दोल् (अक०) झूलना, हिलना, स्पन्दन करना।

आन्दोलः (पुं०) [आ+दोल्+घञ्] झूला, हिंडोला, झूलना।

आन्दोलनं (नपुं०) [आन्दोल्+ल्युट्] झूलना, हिलना, स्पंदन करना, कांपना।

आन्धसः (पुं०) [अन्धस्+अण्] मांड, चांवल मांड।

आन्धसिकः (पुं०) [अन्धस्+ठक्] रसोइया, आहारपाचक।

आन्ध्यं (वि०) अन्धापन।

आन्वयिक (वि०) [अन्वय+ठक्] सुजात, अभिजात, उत्तम कुल वाला।

आन्वीक्षिकी (स्त्री०) [अन्वीक्षा+ठञ्+ङीप्] आत्मविद्या विशेष, युक्तिसंगत तर्क, विद्या नीति। (वीरो० कृ० ३/१४)

आप् (सक०) प्राप्त करना, ग्रहण करना, उपलब्ध करना, स्वीकार करना।

आप् (अक०) प्राप्त होना, उपलब्ध होना। सम्भवित्री समाहाहो विपदाप्ताऽपि सम्पदि। (सुद० १०३) शीतरश्मिरिह तां रुचिरमाप या पुरा नहि कदाचिनाप। (जयो० ४/६०) प्राप्तवानिति वर्तमानार्थे भूतकालक्रिया। (जयो० वृ० ४/६०) काशिकापतिरितो नतिमाप। नतिमाप-लज्जितोऽभूत्। (जयो० वृ० ४/२०) आपि-प्राप्ता (जयो० वृ० ११/८५) विद्याऽनवद्याऽऽप। (जयो० १/६) उक्त पंक्ति में 'आप्' का अर्थ व्याप्त होना है।

अभिलषितं वरमाप्तवान् (सुद० पृ० ७३) (३/२९)

आप्य (सं०कृ०) (सुद० पृ० ५३) प्राप्तकर।

आप्य (सं०कृ०) (जयो० २/६३) स्वीकार्य। 'आप' क्रिया के कई अर्थ हैं-जाना, पहुंचना, पकड़ लेना, मिलना, व्याप्त होना आदि।

आप (नपुं०) जल, नीर। (वीरो० २/१०)

आपकर (वि०) [अपकर+अण्] अनिष्टजन्य, दूषण युक्त, दोषकर, अशुभगत।

आपक्व (वि०) [आ+पच्+क्त] १. पक्व रहित, सचित्तगत, २. रोटी, चपाती।

आपक्ष (वि०) पक्ष पर्यन्त, एक पक्ष तक। (जयो० २७/३२, सुद० पृ० ११८)

आपगा (स्त्री०) [अपां समूहः आपम् तेन गच्छति गम+ड] नदी, सरिता। (जयो० २०/८७, सुद० १/१५) 'आपगाऽपगत लज्जमिवाङ्गं।' (जयो० ४/५५)

आपगेयः (पुं०) सरित् पुत्र।

आपणः (पुं०) [आपण्+घञ्] दुकान, विक्रय वस्तु स्थान।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

'अगण्यानां पण्यानां क्रय-विक्रय-योग्य-वस्तूनामापण:।' (जयो० १३/८७)

आपणिक (वि०) [आपण+ठक्] वणिक, दुकानदार, व्यापारी।

आपणिक: (पुं०) दुकानदार, सौदागर, विक्रेता, वितरक। तत्कालमेवापणिका: क्षणेन। (जयो० १३/८७) 'आपणिका वणिजो जना:।'

आपणिका (स्त्री०) हाट, बाजार, विक्रयस्थान। (जयो० २/१८३) 'गणिकाऽऽपणिका किलैनसाम्।'

आपन्निकर (वि०) आपत्तिजन्य। (वीरो० १८/२८)

आपन्निनिबन्धनं (नपुं०) संकटमोचन, दु:खहरण। णमो अमियसव्वीणं। (जयो० १९/८१)

आपत्रता (वि०) पत्ररहिता, पतझड़। पत्राणि दलानि यानि रक्षीति पत्रया तस्याभाव पत्रयता, सा न भवतीति आपत्रता। (जयो० २२/९)

आपत् (अक०) [आ+पत्] निकट आना, पास होना, घटना, मया नावगतं भद्रे सुहृद्यापतितं गतम्। (सुद० ७७) कुत्राप्यापतिते ददाति न पदं चेदस्ति शुद्धा मति:। (मुनि० ९) उक्त पंक्ति में 'आपत्' क्रिया का अर्थ 'भरना' घटित होना है।

आपतनं (नपुं०) [आ+पत्+ल्युट्] निकट आना, टूट पड़ना, गिरना।

आपतिक (वि०) [आपत्+ठकन्] आकस्मिक घटित, उपस्थित।

आपत्ति: (स्त्री०) [आ+पद्+क्तिन्] (जयो० १८/८१) १. संकट, अनिष्ट प्रसंग। २. परिवर्तित होना, प्राप्त करना, उपलब्ध होना।

आपत्त्रा (स्त्री०) आपत्ति, विपत्ति। (जयो० २२/९)

आपद् (स्त्री०) [आ+पद्+क्विप्] ०निरापद हित, ०दु:ख, ०संकट, ०कष्ट, ०पीड़ा, ०विपद, ०विपत्ति। कण्टकितं पदमङ्के नेतु: समधिकृत्य चाऽऽपदमपनेतुम्। (जयो० १८/११) 'जयोदय' के आठवें सर्ग में 'आद्' (८/७०) शब्द का अर्थ 'विपद' भी किया है। इसी के प्रथम सर्ग में (१/७५) 'विपत्ति' अर्थ है। 'चिरोच्चितासिव्यसनापदे' (जयो० १/७५)

आपदर्त: (पुं०) [आ+पद्+अर्त्+घञ्] आपत्ति से दु:खी, विपत्ति से पीड़ित। आपदर्ते धनं रक्षेद्दारान् रक्षेद्धनैरपि। आत्मनं सततं रक्षेद् दारैरपि धनैरपि।। (दयो० २/४)

आपदन्त (वि०) १. दन्त रहित, २. आपत्ति रहित। (जयो० ८/८७) आऽऽपदन्तवचना जरतीवाऽऽराद धावृतपयोधरसेवा। (जयो० ८/८७)

आपदा (स्त्री०) [आ+पद्+टाप्] ०संकट, ०दु:ख, ०विपत्ति, ०आपत्ति, ०कष्ट। हृदियदि क्षणमेकमयं यदा, जगति अस्य भवेत् कुत आपदा। (समु० ७/२१) ०बाधा, ०रोक, ०अशुभ।

आपदाधार: (पुं०) ०विपत्तिनामाधार, ०विपत्तिस्थान, ०अशुभ स्थान, ०कष्टजन्य आश्रय। आपदानां विपत्तिनामाधार: स्थानम्। (जयो० वृ० १६/१३) आपदस्य नाप्रत्ययस्याधार- स्तस्मिन्।

आपदुदीरिण (त्रि०) ०आपत्ति नाशकी ०दु:ख संहारिणी, ०विपत्ति विघातिनी। ''आपत् तामुदीरयति यस्तस्य हदयसार एव गम्भीर:।'' (जयो० वृ० २५/२) ०विपद हारिणी।

आपदुद्धर्ता (वि०) आपत्ति निवारक, विपत्ति नाशक। 'आपदो विपत्तेरुद्धर्ता निवारक:।' (जयो० वृ० २३/४२) अहो तज्जनसमायोगो हि जगतामापदुद्धर्ता।' (जयो० २३/४२)

आपनिक: (पुं०) [आ+पन्+इकन्] १. पन्ना, नीलम। २. किरात, चिलात, झिल्ल/भील या असभ्य।

आपन्न (भू० क० कृ०) [आ+पद्+क्त] १. लब्ध, ०प्राप्त, ०सम्पन्न, ०गत, ०ग्रस्त, ०समाप्त। (जयो० वृ० ३/६३) २. ०पीड़ित, ०कष्टजन्य।

आपमित्यक (वि०) [अपमित्य, परिवर्त्य, निर्वृत्तम्+कक्] विनियम द्वारा उपलब्ध।

आपयामासु (भू०) समर्पण करवा दिया। (सु०४/२१)

आपराह्निक (वि०) [अपराह्न+ठञ्] तीसरा प्रहर।

आपवर्गिक (वि०) मोक्षवर्ती, मुक्ति की ओर अग्रसर। (जयो० २/६८)

आपवर्गिक-पन्थाग्रवर्तिन् (वि०) मोक्ष पथ की ओर अग्रसर। मोक्षमार्गस्तस्याग्रे वर्तते तस्य मोक्षमार्गग्रेसरस्य। (जयो० २/६८)

आपस् (नपुं०) [आप्+असुन्] १. जल, वारि २. पाप, अशुभ।

आपात् (सक०) जागृत करना। आपादयितुम्। (सुद० १२३)

आपात: (पुं०) [आ+पत्+घञ्] टूटना, गिरना, घायल करना, टूट पड़ना, आ धमकना, उतरना, नीचे फेंकना। (जयो० २७/६४) 'आपातमात्ररमणीयमणीय एतत्।'

आपातमात्रं (नपुं०) गिरनामात्र। (जयो० २७/६४)

आपातत: (अव्य०) [आपात+तसिल्] शीघ्र टूट पड़ना, तुरन्त आ गिरना।

आपात्यक (सं०कृ०) आगत्य-आकर, उतरकर, उपस्थित होकर। (जयो० १३/८२) ''द्रुतं पुराऽऽप्त्वा वसतिं मनोज्ञामापात्य- कापाकरणाकुलेन।''

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आपादः (पुं०) [आ+पद्+घञ्] प्राप्ति, उपलब्धि, पारितोषिक, पारिश्रमिक।

आपादनं (नपुं०) [आ+पद्+णिच्+ल्युट्] १. पहुंचाना, उपस्थित करवाना। २. प्रकाशित करना, तल्लीनता होना।

आपाद्य (सं०कृ०) बैठकर, स्थित होकर, उपस्थित होकर। 'भास्वानासनमापाद्य' (सुद० वृ० ७८)

आपालिः (स्त्री०) [आ+पा+क्विप्-आपा, तदर्थमलति-अल+इन] जूं, बालों में पड़ने वाला कीड़ा, द्वीन्द्रिय जीव।

आपीडः (पुं०) [आ+पीड्+घञ्] पीड़ा देना, कष्ट पहुंचाना, दु:ख उत्पन्न करना, मसलना।

आपीन (भू० क० कृ०) [आ+प्यै+क्त] पुष्ट, बलिष्ट, शक्तिमान्, मोटा, स्थूल।

आपूतिक (वि०) [अपूप+ठक्] पुए बनाने वाला।

आपूपिकः (पुं०) हलवाई।

आपूपिकं (नपुं०) पूओं का समूह।

आपूप्यः (पुं०) [अपूपाय साधु] आटा।

आपूरः (पुं०) [आ+पृ+घञ्] १. धारा, प्रवाह, २. भरना, पूरा करना, पूर्ण रखना।

आपूरणं (नपुं०) [आ+पृ+ल्युट्] भरना, पूर्ण करना।

आपूरयन (वि०) पूर्ण करने वाला। (सुद० २/१५)

आपूर्तिः (स्त्री०) पूरा करना, पूर्ण करना। तद्वाञ्छापूर्ति वितरामि। (सुद० ९२) ०वस्तु की पूर्ति करना।

आपूषं (नपुं०) [आ+पूष्+घञ्] धातु विशेष।

आपृच्छ् (सक०) १. पूछना, वार्तालाप करना, २. विदा करना, विसर्जन करना। ३. अनुमति चाहना। समं समालोच्य स आत्ममन्त्रिभिस्तदेवमापृच्छय निमित्ततन्त्रिभिः। (जयो० ३/६६)

आपृच्छा (स्त्री०) [आ+पृच्छ्+टाप्] ०पूछना, ०संलाप करना, ०वार्तालाप करना, ०अनुमति लेना, आपृच्छा-प्रतिप्रश्नः (भ० आ० टी० ६९)'आपृच्छा स्वकार्यं प्रति गुर्वाद्यभिप्रायग्रहणम्।' (मूला०वृ० ४/४)

आपेक्षिक (वि०) अपेक्षा कृत, एक-दूसरे की विशेषता युक्त।

आपेक्षिकं बदरामलक-बिल्वतालादिषु।'' (स० सि० ५/२४)

आपेक्ष्य (वि०) अपेक्षा युक्त। (वीरो० २०/२०)

आ· · (पुं०) ०सर्वज्ञ, ०ईश्वर, ०वीतरागी पुरुष, ०हितोपदेशी। 'यो यत्राऽविसंवादकः स तत्राऽऽप्तः।' (अष्टशती-७८) ·· गमो ह्याप्तवचनमाप्तं दोषक्षायाद् विदुः।' वीतरागोऽनृतं वाक्यं न ब्रूयाद्धेत्वसम्भवात्।' (धव० ३/१२)

आप्त (भू० क० कृ०) [आप्+क्त] १. प्राप्त किया, ०उपलब्ध किया, ०पहुंचा, ०उपस्थित हुआ।
२. विश्वसनीय, ०प्रामाणिक, पूजनीय, निष्ठावान्, विश्वस्त पुरुष, योग्य पुरुष।

आप्तडिम्बं (नपुं०) लब्ध प्रमाण, प्राप्त प्रमाण, सटीक प्रमाण।

आप्तनयः (पुं०) समुपलब्ध नय, नीतिमार्ग। (जयो० ९/३०)

आप्तपथरीतिः (स्त्री०) सर्वज्ञमार्ग परम्परा। समन्ताद्भद्रविख्याता, श्रियां भूराप्तपथरीतिः।' (सुद० ८३)

आप्तपरीक्षा (स्त्री०) आचार्य समन्त भद्र की एक रचना। (वीरो० १९/४४)

आप्तपुरुषः (पुं०) सर्वज्ञ। (जयो० वृ० ३/५)

आप्तमार्गः (पुं०) सर्वज्ञपथ।

आप्तलोकः (पुं०) कल्याणमार्ग, ईशपथ, हितकारी दर्शन। लोकस्य य करुणयाभयमाप्तलोकमात्म्यन्नमो भगवते ऋषभाय तस्मै। (दयो० पृ० ३०)

आप्तशाखा (स्त्री०) व्याप्तकीर्ति, शाखाओं से व्याप्त। (सुद० ४/२) समन्तादाप्तशाखाय प्रस्तुताऽस्मै सदा स्फीतिः।

आप्तशुद्धिः (स्त्री०) शुद्धि प्राप्त, हित प्राप्त। 'व्यपायतः पूर्णतयाऽऽप्तशुद्धेः।' (भक्ति० २८)

आप्तोक्ति (स्त्री०) आप्त कथन, सर्वज्ञ निरूपण।

आप्तोक्ति-परम्परा (स्त्री०) आप्तकथन की परिपाटी, सर्वज्ञवाणी का क्रम। (जयो० वृ० ३/११५)

आप्तोक्ति-विशेषः (पुं०) आप्तकथन विशेष, सर्वज्ञवाणी विशेष। (जयो० वृ० ३/११५)

आप्तोपज्ञः (पुं०) आप्तागम, सर्वज्ञवाणी। 'श्रीयुक्तः सम्यगागम आप्तोपज्ञो ग्रन्थः।' (जयो० वृ० ३/११५)

आप्तिः (स्त्री०) [आप्+क्तिन्] प्राप्ति, अधिग्रहण, सम्पूर्ति, आपूर्ति।

आप्य (वि०) [अपाम् इदम् अण् ततः स्वार्थे ष्यञ्] जलमय, नीरयुक्त।

आप्य (वि०) [आप्+ण्यत्] उपलब्धि योग्य, प्राप्ति योग्य।

आप्यान (भू० क० कृ०) [आ+प्याय क्त] १. स्थूल, मोटा, बलिष्ट, पुष्ट। २. प्रसन्न, संतुष्ट, हर्षित।

आप्यायनं (नपुं०) [आ+प्याय्+ल्युट्] १. तृप्त, संतुष्ट, प्रसन्न। २. पूर्ण, पूरित, भरना, मोटा करना, पुष्ट करना।

आप्रच्छनं (नपुं०) [आ+पृच्छ्+ल्युट्] १. विसर्जन, विदा करना। २. स्वागत करना, पूछना, सम्मान करना।

आप्रदक्षिणं (नपुं०) १. हंसी उड़ाना, २. चक्कर लगाना,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

घूमना। समभान्मृदुकेशलक्षणं प्रति गहं हसदाप्रदक्षिणम्। (जयो० २६/१५)

आप्रदोषः (पुं०) सायंकाल तक, सन्ध्या समय तक। "सम्प्रवृत्तिपर आप्रदोषतः।" (जयो० २/१२२)

आप्रपदीन (वि०) [आप्रपदं व्याप्नोति] पाद पर्यंत जाना, चरण तक वस्त्र फैलना।

आप्लवः (पुं०) [आ+प्लु+अप्] स्नान, नहाना, अभिसिंचित होना। आप्लवस्य अम्बु स्नान जलम्। हरत्याप्लवाम्बु तु पुनाति सच्छिरः। (जयो० २/२८)

आप्लवनं (नपुं०) नहाना, स्नान, अभिसिंचन।

आप्लावः (पुं०) [आ+प्लु+घञ्] स्नान, नहाना, अभिसिंचन करना।

आप्लावनं (नपुं०) १. स्नान, अभिसिंचन, (जयो० १/५८, सुद० १०१) २. जल प्लावन, जलपूर, जलप्रवाह।

आप्लुत (भू०) नहाए हुए। (सुद० ३/५)

आफूकं (नपुं०) (ईषत्फूत्कार इव फेनोऽत्र) अफीम, मादक पदार्थ।

आबद्ध (भू० क० कृ०) बन्धा हुआ, निर्मित।

आबद्धं (नपुं०) बांधना, जोड़ना, संयुक्त करना।

आबन्धः (पुं०) [आ+बन्ध्+घञ्] बन्ध, मिलान, संयुक्त।

आबर्हः (पुं०) [आ+बर्ह्+घञ्] फाड़ डालना, विदीर्ण करना, छिन्न-भिन्न करना।

आबाधः (पुं०) [आ+बाध्+घञ्] कष्ट, दुःख, पीड़ा, चोट।

आबाधा (स्त्री०) न बाधा अबाधा। अबाधा चेव आबाधा। (धव० ५/१४८) १. पीड़ा, दुःख, कष्ट। २. कर्मबन्ध को प्राप्त हुआ द्रव्य, जितने समय तक उदय या उदीरणा को नहीं प्राप्त होता वह आबाधाकाल है।

आबाधाकाण्डकः (पुं०) प्रमाण विशेष, जिससे विवक्षित कर्म की उत्कृष्ट स्थिति ज्ञात हो।

आबोधनं (नपुं०) [आ+बुध्+ल्युट्] ज्ञान, सम्बोध, अनुभव, सूचन।

आब्द (वि०) [अब्द+अण्] बादल से उत्पन्न।

आब्दय (वि०) [अब्द+अण्+क] बादल से उत्पन्न। (सम्य० १५५)

आब्दिक (वि०) [अब्द+ठञ्] वार्षिक, सम्वत्सरिक, सालाना।

आभरणं (नपुं०) [आ+भृ+ल्युट्] आभूषण, अलंकरण, विभूषण, गहना, सौन्दर्य के कारण। 'सरिताभरणभूषणसारैः।' (जयो० ५/११)

आ-भरणं (नपुं०) पालन-पोषण।

आ-भद्र-बाहुः (पुं०) भद्रबाहु आचार्य पर्यन्त। (वीरो० २२/५)

आभा (स्त्री०) [आ+भा+अङ्] प्रभा, कान्ति, चमक, वर्ण, रूप। (सुद० १०४) प्रतिबिम्ब छाया।

आभान्त (वि०) प्रतिभासित, चमकीले, प्रभावान्। 'सन्निधानमिवाऽऽभान्तम्।' (सुद० १०४)

आभाणकः (पु०) कहावत, लोकोक्ति, लोककथानक।

आभाषः (पुं०) [आ+भाष्+घञ्] सम्बोधन, प्रस्तावना, भूमिका, प्राक्कथन, प्रारम्भिक उद्बोध।

आभाषणं (पुं०) [आ+भाष्+ल्युट्] सम्बोधन, कथन, संलाप।

आभासः (पुं०) [आ+भास्+अच्] १. प्रभा, चमक, कान्ति, दीप्ति, २. प्रतिबिम्ब, छाया, परछाई।

आभासुर (वि०) उज्जवल, प्रभावान्।

आभिग्रहिक (वि०) कदाग्रह से निर्मित। 'अभिग्रहेण निर्वृतं तत्राभिग्रहिकं स्मृतम्।'

आभिचारिक (वि०) [अभिचार+ठक्] अभिशापित, अभिशापपूर्ण।

आभिजन (वि०) [अभिजन+अण्] जन्म सम्बन्धी, वंशसूचक, कुलात्मज।

आभिजात्यं (नपुं०) [अभिजात+ष्यञ्] १. कुलीनता, वंश की श्रेष्ठता। २. पाण्डित्य, प्रज्ञा युक्त।

आभिधा (स्त्री०) [अभिधा+अण्] ध्वनि, शब्दशक्ति।

आभिधानिक (वि०) [अभिधान+ठक्] अभिधान सम्बन्धी, कोश सम्बन्धी।

आभिनिबोधिक (वि०) मतिज्ञान का नाम, इन्द्रिय और मन द्वारा जानने योग्य। 'अभिनिबुध्यते वाऽनेनेत्याभिनिबोधिकः।' इंदिय-मणोणिमित्तं तं आभिणिबोहिगंवेतं।

आभिनिवेशिक (वि०) दुराग्रह रूप प्रतिपादन। 'अभिनिवेशे भवं आभिनिवेशिकम्।'

आभिमुख्यं (नपुं०) [अभिमुख+ष्यञ्] सम्मुख होना, सामना करना, समीप उपस्थित होना, अपनी बात के लिए आमने-सामने आना।

आभियोगिक (वि०) पराधीनता युक्त कार्य करने वाला। अभियोगः पारवश्यम्, स प्रयोजनं येषां ते आभियोगिकाः।

आभियोगिकभावना (स्त्री०) गौरवपूर्ण प्रवृत्ति की भावना।

आभियोगिकी (स्त्री०) सेवा युक्त भावना। 'आ समन्तात् आभिमुख्येन युज्यन्ते प्रेष्यकर्मणि व्यापार्यन्ते'।

आभियोग्यः (पुं०) दास स्थान, 'आभियोग्या दाससमाना,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वाहनादि कर्मणि प्रवृत्ता:।' (स० सि० ४/४) 'अभियुज्यन्त इत्याभियोग्या: वाहनादौ। दासप्राया आभियोग्या। (लक्षणावली पृ० २०३)

आभियोग्यभावना (स्त्री०) भृतिकर्म की भावना, सेवाकर्म की दृष्टि।

आभिरूपकं (नपुं०) [अभिरूप+वुञ्] लावण्य, सौन्दर्य, रूप।

आभिरूप्यं (नपुं०) [अभिरूप+ष्यञ्] लावण्य, सौन्दर्य, रूप।

आभिषेचनिक (वि०) [अभिषेचन+ठञ्] राज्याभिषेक सम्बन्धी।

आभिहारिक (वि०) [अभिहार+ठञ्] उपहार योग्य, प्रदान योग्य, देय योग्य वस्तु।

आभीक्ष्ण्यं (नपुं०) [अभीक्ष्ण्यस्य भाव:] सतत् आवृत्ति, निरन्तर प्रयास।

आभीर: (पुं०) [आ समन्तात् भियं राति] ग्वाला, अहीर, अमीर।

आभीरी (स्त्री०) अहीरनी, ग्वालिनी।

आभीरीपल्ली (स्त्री०) अहीरों का स्थान।

आभील (वि०) [आभियं लाति ददाति ला+क] भयानक, भीषण।

आभूषणं (नपुं०) अलंकरण, गहना। (जयो० वृ० २२/५)

आभूषणता (वि०) अलंकरणपन। (वीरो० २/२१)

आभोग: (पुं०) [आ+भुज्+घञ्] १. परिसर, पर्यावरण। २. विस्तारण, परिधि, घेरा, विस्तार। ३. लम्बाई-चौड़ाई परिमाण। ४. उपभोग, तृप्ति, विषय भोग। ५. सर्प का फन। ६. अकार्य का सेवन। आभोगनमाभोग:, आभोगो उपयोगा ज्ञात्वाप्यकार्यासेवनमाभोग:। (ल०२०३) ७. परिपूर्ण- "आभोगस्य परिपूर्णत्वस्य विस्तारस्य।" (जयो० वृ० २४/३५)

आमन्त्रणदाता (त्रि०) आमन्त्रणकर्त्री, निमन्त्रण देने वाला। 'आमन्त्रदाता किमु देवताहमहो।' (जयो० २६/८३)

आमन्त्रणार्थ (त्रि०) सम्बोधनार्थ, निमन्त्रणार्थ, आह्वानार्थ। आमन्त्रणार्थमिति चन्द्रमसो रसेन। (जयो० १८/४९)

आभ्यन्तर (त्रि०) [अभ्यन्तर+अण्] आत्मभूत, आत्मगत, अन्तर्भूत, भीतरी, आन्तरिक।

आभ्यन्तर-तप: (पुं०) ०अन्तरतप ०आत्मसम्बन्धी तप, ०अन्त:करण के तप। ०प्रायश्चित्तादितप। 'अन्त:करण व्यापारात् प्रायश्चित्तादितप: अन्त:करण व्यापारालम्बनम् ततोऽस्याभ्यन्तरत्वम्।' (त० वा० ९/२०)

आभ्यन्तरनिर्वृत्ति: (स्त्री०) आन्तरिक अवस्थान, आत्मप्रदेशों का अवस्थान।

आभ्यन्तरप्रत्यय: (पुं०) जीव प्रदेशों के साथ एकता।

आभ्यन्तर-प्रवेश: (पुं०) अन्तर प्रवेश, हृदय प्रवेश। (जयो० वृ० १४/५८)

आभ्यवहारिक (वि०) [अभ्यवहार+ठक] भोज्य, खाने योग्य।

आभ्यासिक (वि०) [अभ्यास+ठक्] अभ्यासजन्य, संलग्नता युक्त।

आभ्युदयिक (वि०) [अभ्युदय+ठञ्] १. मांगलिक, शुभकारी, कल्याणकारक। २. गौरवमयी, महत्त्वपूर्ण, उन्नतशील।

आम: (पुं०) आम्र, रसाल। (दयो० ५३)

आम् (अव्य०) [अम्+णिच्] अंगों के विविध भाव से युक्त अव्यय। १. अङ्गीकृत, स्वीकरण, ओह, हाँ, अब पता लगा, अवश्य ही।

आम (वि०) [आम्यते ईषत् पच्यते-आ+अम्+कर्मणि+घञ्] कच्चा, अपक्व, विपाक, पाक रहित, अनपका।

आम: (पुं०) आमरोग, अजीर्ण, कब्ज। (वीर० १९/३) पेट विकार अजीर्णकर। (जयो० ६/६३) आममन्नमतिमात्रयाऽशित।

आमञ्जु (वि०) प्रिय, इष्ट, रमणीय, रम्य, मनोहर।

आमंड: (पुं०) एरंड वृक्ष, अरण्डीतरु।

आमन् (सक०) उतारना, आगे करना।

आमनस्य (नपुं०) [अमनस्+ष्यञ्] दु:ख, पीड़ा, कष्ट, शोक, मानसिक व्याकुलता, थकान।

आमन्त्र्य (सक०) निमन्त्रण देना, बुलाना। (जयो० ४/२४)

आमन्त्रणं (नपुं०) [आ+मन्त्र+णिच्+ल्युट्] अनुज्ञा देना, बुलाना, अभिवादन, अनुमति, निमन्त्रण। (जयो० ४/१३) कामधारानुज्ञा।

आमन्त्रणपत्रिका (स्त्री०) निमन्त्रणनाति: निवेदन पत्र (जयो० १/१९)

आमन्त्रणी भाषा (स्त्री०) अभिमुख करने की भाषा। 'अमाच्छ भो देवदत्त' इत्याद्याह्वान भाषा आमन्त्रणी।' (गो०जीव०२२५) 'यथा वाचा परोऽभिमुखीक्रियते सा आमन्त्रणी' (भ०मा० ११९५) 'गृहीत-वाच्य-वाचक-सम्बन्धो व्यापारान्तरं प्रत्यभिमुखीक्रियते यया आमन्त्रणीभाषा।' (मूला० ११८)

आममौर: (पुं०) ०रसालकोरक ०आम्र गुच्छक आम्र तरु में लगने वाले पुष्प। (दयो० ५३)

आमंद्र (वि०) [आ+मन्द्र+अच्] गम्भीर स्वर।

आमपात्रं (पुं०) [आ+मी+करणे अच्] १. रोग, आमय-पेट

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

की बीमारी, मनोव्यथा। (जयो० ६/५८, वीरो० ३/२) २. क्षति, हानि, कष्ट, पीड़ा।

आमयाविन् (वि०) [आमय+विन्] मन्दाग्नि से पीड़ित, बीमार रोगग्रस्त।

आमरणान्त (वि०) [आमरणे अन्तो यस्य] मृत्यु पर्यन्त रहने वाला, आजीवन।

आमरणान्त दोषः (पुं०) हिंसादि पापों में प्रवृत्ति। मरणेवान्तो मरणान्तः, आ मरणान्तात् आमरणन्तम् हिंसादिषु प्रवृत्ति सैव दोषाः।

आमरसं (नपुं०) रसाल रस, आम्र रस। (जयो० ४/३९)

आमर्जनं (नपुं०) लीपना, साफ करना, स्वच्छ बनाना। 'आमर्जनं मृद्गोमयादिना लिम्पनम्।'

आमर्त्य (वि०) देव सम्बन्धित। (वीरो० ७/७)

आमर्दः (पुं०) [आ+मृद्+घञ्] मसलना, कुचलना, मर्दन करना, निचोड़ना।

आमर्शः (पुं०) [आ+मृश+घञ्] रगड़ना, घर्षण करना, स्पर्श करना।

आमर्शनं (नपुं०) शरीर स्पर्शन, रगड़ना। 'शरीरैकदेशस्पर्शनम्' (भ० आ० टी० ६४९)

आमर्शलब्धिः (स्त्री०) स्पर्शमात्र की ऋद्धि, स्पर्श से रोग शान्ति वाली ऋद्धि, इसे आमर्शौषधि ऋद्धि भी कहते हैं।

आमर्शौषधि-ऋद्धिः (स्त्री०) स्पर्शमात्र की ऋद्धि जिसके कारण साधक स्पर्श से रोग शान्त करता है।

आमर्षः (पुं०) [आ+मृष्+घञ्] क्रोध, कोप, गुस्सा।

आमल (वि०) निर्मल, मलरहित। 'शुशुभे प्रचलन्निवामलः।' (सुद० ३/७)

आमलकः (पुं०) आंवला तरु। १. धात्रीफल। (जयो० १४/७५)

आमलकं (नपुं०) आंवला फल। (मुनि० २६)

आमलकी (स्त्री०) १. आंवला वृक्ष। २. धात्रीफल।

आमलकीफलं (नपुं०) धात्री फल। (जयो० वृ० १/३८)

आम-शक्तिः (स्त्री०) आमाशयशक्ति (वीरो० १९/३)

आमात्यः (पुं०) [अमात्य+अप्] सचिव, परामर्शदाता, मन्त्री। (जयो० वृ० १/१२)

आमानस्यं (नपुं०) [अमानस्+ष्यञ्] दुःख, मनोव्यथा, व्याकुलता, कष्ट, शोक आर्त, पीड़ा।

आमासः (पुं०) आपक्ष, पक्षपर्यन्त, माह पर्यन्त। (सुद० ११८)

आमिक्षा (स्त्री०) [आमिष्यते सिच्यते मिष्+सक्] छाछ, जमा हुआ दूध, छेना।

आमिषं (नपुं०) १. मांस, (जयो० २५/२०) 'अपि तु पूतिपरं वनितान्नणं यदसृगामिषकीकश यन्त्रणम्।' (जयो० २५/२०)

आमीलनं (नपुं०) [आ+मील+ल्युट्] उन्मीलन, अक्षि मीलन, आंख बन्द होना।

आमुक्तिः (स्त्री०) [आ+मुच्+क्तिन्] १. मुक्ति पर्यन्त, २. ग्रहण/धारण करना, पहनना।

आमुखं (नपुं०) ०प्राक्कथन, ०प्रस्तावना, ०भूमिका, ०प्रारंभकी, ०नाटक का प्रारंभिक विवेचन, ०उद्घोषणा।

आमुखं (अव्य०) सामने, मुंह के सामने।

आमुष्मिक (वि०) परलोक सम्बन्धी।

आमुष्यायण (वि०) प्रसिद्ध कुलात्मक, ख्यात कुल में उत्पन्न।

आमूल (वि०) पूर्णरूप, सम्पूर्ण, सभी। (जयो० १४/३३)

आमेनिर (वि०) सादृश्य, सघन। (सुद० ८३)

आमोचनं (नपुं०) [आ+मुच्+ल्युट्] छुड़ाना, मुक्त करना, स्वतन्त्र करना, निकालना, ढीला करना।

आमोटनं (नपुं०) [आ+मुट्+ल्यट्] विदीर्ण करना, कुचलना।

आमोदः (पुं०) [आ+मुद्+घञ्] १. प्रसन्नता, हर्ष, विनोद, २. सुरभि, सुगन्ध। समुच्चलत्पल्लव-पाणिलेशमशेष-मामोदमहारयेण। (समु० ६/३३)

आमोददा (वि०) १. सुगन्धदात्री, सुगन्ध देने वाली। २. विनोद स्वभावी। आमोददा सुगन्धदात्री 'आ समन्तात् मोदं हर्षं ददातित्यामोददा।' (जयो० पृ० ४/१५)

आमोदनं (नपुं०) [आ+मुद्+ल्युट्] प्रसन्नता, हर्ष, विमोद।

आमोदपूरित (वि०) १. हर्षयुक्त, विनोदभावी, २. सुगन्ध से व्याप्त। कौतुकानकलितालिकलापाऽऽमोदपूरिधरामृदुरुपा। (जयो० ५/६४) 'आमोदेन हर्षभावेन पूरितम्' आमोदेन सुगन्धेन व्याप्तम्। (जयो० पृ० ५/६४)

आमोदपूर्ण (वि०) १. हर्षयुक्त, विनोद स्वभावी 'आमोदपूर्ण-मखिलं जगदेतदुक्तात्।' (जयो० १८/४३) २. सुगन्ध से परिपूर्ण। आमोदेन सुगन्धेन आमोदेन प्रसन्न-भावेन वा पूर्णं सम्भृतमिति। (जयो० वृ० १८/४३)

आमोदमयी (वि०) १. प्रसन्नदात्री, हर्ष प्रदात्री, विनोद स्वभावमयी। २. सुगन्धसहिता। मम वृत्त-कुसुम-मालाऽऽमोदमयी। (जयो० २४/१०३)

आमोदिन् (वि०) [आ+मुद्+णिनि] १. प्रसन्न, हर्षयुक्त, विनोद सहित। २. सुगन्धित।

आमोषः (पुं०) [आ+मुष्+घञ्] चोरी, अस्तेय, तस्करी, अपहरण।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आमोषिन् (पुं०) [आ+मुष्+णिनि] चोर।

आम्नात (भू० क० कृ०) [आ+म्ना+क्त] १. कथित, प्रतिपादित, विचारित, चिंतित। २. अधीत, परम्परा प्राप्त।

आम्नानं (नपुं०) [आ+म्ना+ल्युट्] सस्वर स्मरण, सस्वर अध्ययन।

आम्नायः (पुं०) [आ+म्ना+घञ्] १. सिद्धान्त, शिक्षण, आगम। २. परम्परा प्राप्त, ०कुलगत, ०वंशानुपूर्वी ०आनुपूर्वी, ०परिवर्तन। ३. स्वाध्याय का एक भेद। घोषविशुद्ध-परिवर्तनमाम्नायः (त० वा० ९/२५) आम्नायो गुणना। (भ०आ०१०४) आम्नायो स्वाध्यायो भवत्येव। (भ०आ०१३९)

आम्नायार्थवाचकः (पुं०) आगम प्ररूपित आचार्य, परमागमार्थ-वाचक।

आम्रः (पुं०) रसाल, आम। आम्रं नारंग पनसं वा। (सुद० ७२)

आम्रकाम्रता (वि०) आम्र सरसता। (जयो० १२/१२७)

आम्रकटः (पुं०) आम्रकूट नामक पर्वत।

आम्रतरु (पुं०) आम्रवृक्ष, रसालतरु। (जयो० १/८६)

आम्रतरुस्थ (वि०) आम्रवृक्ष गत, आम्रवृक्षाधीन। (जयो० ९/६९) 'द्युतिरुताम्रतरुस्थपिकानने।' (जयो० ९/६९)

आम्रदायिनी (वि०) चूतदा, आम्रदात्री, रसालप्रदायिनी। (जयो० वृ० १२/१२७)

आम्रपेशी (स्त्री०) आमचूर, अमावट।

आम्रमञ्जरी (स्त्री०) माकन्दक्षारक, रसाल बौर, आम्रकोरक। (जयो० वृ० ६/१०१)

आम्रवृक्षः (पुं०) ०आम्रतरु, ०रसालवृक्ष ०मञ्जरीङ्कित। 'आम्रवृक्ष-वत्सरसता सम्पादकतया।' (जयो० वृ० २०/८५) मद्ररालेनाम्रवृक्षेण सहितो अवलोयते। (जयो० वृ० २१/३१)

आम्रातः (पुं०) [आम्रं आम्ररसं अतति अत्+अच्] अमरतरु, आम्र की तरह खट्टा वृक्ष, जिसे राजस्थान में 'केर' कहते हैं।

आम्रस्तकः (पुं०) [आ+म्रिड्+णिच्+क्त] ध्वनि आवृत्ति, शब्द गुञ्जार।

आम्रेडनं (नपुं०) [आ+म्रिड्+णिच्+ल्युट्] पुनरुक्ति, शब्द प्रतिध्वनि, गूंज।

आम्रेडितं (नपुं०) [आ+म्रिड्+णिच्+क्त] शब्द प्रतिध्वनि, गूंज।

आम्लः (पुं०) इमली का वृक्ष।

आम्लिः (स्त्री०) १. इमली का वृक्ष। २. पेट का विकार।

आम्लिक (स्त्री०) देखो ऊपर।

आयः (पुं०) [आ+इ+अच् अय+घञ् वा] १. आ जाना, पहुंचना, २. सम्यग्दर्शनाद्यवाप्तिलक्षणः आयः। ३. धनागम, राजस्व प्राप्ति, द्रव्य लाभ, धन उपलब्धि। (जयो० ११/३८) आयषष्ठांशं वा समर्पयिष्यतीति। (जयो० वृ० ११/३८)

आय् (सक०) [आ+इ] प्राप्त होना, पहुंचना। (सुद० ५/१) (जयो० २/२३) 'अभ्यच्यार्हन्तमायान्तम्।' (सुद० ७६) बलाहकबलाधानान्मयूरा-मदमाययुः। (जयो० ३/१११) आययुः प्रापुः। 'पिता पुत्रत्वमायाति' (सुद० ८/९)

आयकः (पुं०) उद्देश सिद्धिधारक, शुभावह, शुभभाग्य धारक। सहसैवाभिललाप चायकः। (जयो० २५/८६) 'चन्द्रमस इवाय एवायकाशुभावहो विधिर्यस्य स चन्द्र इवाह्लादकः।' (जयो० वृ० २५/८६)

आयत (भू० क० कृ०) [आ+यम्+क्त] सविस्तार, विस्तार, लम्बा, विशाल, बड़ा, विस्तृत, बृहत्। "तरलायतवर्तिगगता सा" (जयो० १४/११४) मौक्तिकावलिरिवायतवृत्ता। (जयो० वृ० २५/८६)

आयतनं (नपुं०) [आयतन्तेऽत्र आयत+ल्युट्] १. घर, ०स्थान, ०आवास, ०निवास, ०आश्रय, ०आधार, ०सहारा, ०निमित्त। (भक्ति० १६) २. देवायतन, देवगृह। ३. सम्यक्त्वादिगुणों का आधार।

आयतनेत्रं (नपुं०) विस्तृत आंखें।

आयत-लोचनं (नपुं०) विस्तारजनित नयन।

आयत-विस्तारः (पुं०) लम्बाई-चौड़ाई। अमितान्नितिमन्ति निर्मलान्यभ्युचितायत-विस्तराणि वा। (जयो० १३/६५)

आयतवृत्तः (पुं०) १. वर्तुलाकार, २. श्रेष्ठआचरण। 'आयतं विस्तृतं चरित्रं यस्याः।' 'आयताः सविस्तारा चासौ वृत्ता वर्तुलाकारा चेति।' (जयो० वृ० ५/५/३४)

आयता (वि०) दीर्घता, विस्तृत युक्ता। (जयो० १३/४६)

आयताभ्युदित (वि०) असंमुचित। (जयो० ५/८७)

आयतिः (स्त्री०) [आ+यत्+क्त] आश्रित, आधीन, आधारित।

आयतिक (वि०) आधीन, आश्रित।

आयत्त [आ+यत्+क्त] आश्रित, आधीन, आधारित।

आयत्तिः (स्त्री०) [आ+यत्+क्तिन्] आधीनता, आश्रयभूत।

आयथातथ्यं (नपुं०) [अयथा तथ+ष्यञ्] अनुपयुक्त, अनुचित, अयोग्य।

आयनं (नपुं०) गमन, विचरण। (जयो० वृ० १८/४६)

आयय (भू०) आए, पधारे। 'वसन्तवदाययावृपनं' (सुद० ४/१)

इः (पुं०) [अ+इञ्] कामदेव, मदन। इ एव इकः कामः खेदो वा न विद्यते यस्य स नेकास्तस्य सम्बोधनम्। (वीरो० १/५) 'इ' का अर्थ काम एवं खेद भी है।

इक्षुः (पुं०) [इष्यतेऽसौ माधुर्यात्-इष्+क्सु] पौण्ड्, गन्ना, ईख। (जयो० २१/४६)

इक्षुकः (पुं०) गन्ना, ईख।

इक्षुकाण्डः (पुं०) ईख खण्ड, ईख की जाति। (जयो० १३/१०८)

इक्षुकीया (स्त्री०) [इक्षुक+छस्त्रियां टाप्] गन्ने की क्यारी।

इक्षुकुट्टक (वि०) ईख एकत्रित करने वाला।

इक्षुदीक्षा (स्त्री०) आत्मलाभ। इक्षो पौण्ड्रस्य या दीक्षा (जयो० २४/४२)

इक्षुधनुधरः (पुं०) कामदेव। (सुद० ११/४७)

इक्षुपाकः (पुं०) शर्करा, शक्कर, गुड़, शीरा, राव।

इक्षुभक्षिका (स्त्री०) शर्करा युक्त भोज्य पदार्थ।

इक्षुमालिनी (स्त्री०) एक नदी।

इक्षुमेहः (पुं०) मधुमेह, मधुरोग, शर्करा रोग।

इक्षुयन्त्रः (पुं०) कोल्हू, इक्षु रस निकालने का साधन।

इक्षुयष्टिः (स्त्री०) पौण्ड्रविटपिन। (जयो० ३/३९)

इक्षुरः (पुं०) गन्ना, ईख।

इक्षुरसः (पुं०) इक्षु/ईख/गन्ने का रस।

इक्षुवमं (नपुं०) गन्ने का खेत।

इङ्गवशी (वि०) चेष्टा जन्य। 'कामोऽपि नामास्तु यदिङ्गवश्यः' (सुद० २/८)

इक्षुवाटः (पुं०) गन्ने का खेत।

इक्षुवाटिका (स्त्री०) गन्ने का खेत।

इक्षुविकारः (पुं०) गन्ने से बना गुड़, शर्करा, शक्कर, राव।

इक्षुसारः (पुं०) शर्करा, शक्कर, गुड़, राव, शीरा।

इक्ष्वाकुः (पुं०) इक्षुम् इच्छाम्, आकरोति इति इक्षु। आ+कृ+डु। १. सूर्यवंशी राजाओं का वंश। २. कर्मभूमि के प्रारम्भ में आदिब्रह्म आदिनाथ, प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव ने सर्वप्रथम इक्षुरस के संग्रह का उपदेश दिया था, अतएव उन्हें इक्ष्वाकु कहा गया।

इक्ष्वाकु-कुल (नपुं०) कथमिक्ष्वाकुकुलाद्भा वयम्। (समु० २/२७)

इक्ष्वाकुवंशिन् (वि०) इक्ष्वाकुवंश वाला। इक्ष्वाकुवंशिपद्मस्य पत्नी धनवती च या। मौर्यस्य चन्द्रगुप्तस्य सुषमाऽऽसी-दथाऽऽर्हती। (वीरो० १५/३३)

इख्, इंङ्ख् (अक०) १. हिलना, कांपना। २. क्षुब्ध होना, दुःखी होना।

इङ्ग (वि०) [इङ्ग्+क] कांपने योग्य, हिलने योग्य।

इङ्गः (पुं०) संकेत, इशारा।

इङ्गनं (नपुं०) [इङ्ग्+ल्युट्] कांपना, हिलना।

इङ्गालः (पुं०) अंगार। इंगाल सरागप्रशंसनम्।

इङ्गित (वि०) [इङ्ग्+क्त] १. कांपना, हिलना, धड़कना, चलायमान। २. व्याकुलित, दुःखित। 'निर्वारि- मीनमित मिङ्गितमभ्युपेता' (सुद० ८६) ३. चेष्टा दीयतां हीङ्गितं स्व-पर-शर्मणे सताम्। ४. संकेतित- कुलान्वेतदाचरण-मिङ्गित बलात्। (जयो० २/८)
संज्ञासंकेत-'इङ्गितेषु विफलीकृतो युवान्ते' (जयो० १२/३२) 'इङ्गितेषु संज्ञासङ्केतादिना' जयो० वृ० १२/१३२) शारीरिक संकेत-प्रवृत्ति निवृत्ति। जन्य सूचना, इशारा।

इङ्गिनी (स्त्री०) १. अभिप्राय का संकेत। (वीरो० २१/२४) 'इङ्गिनीशब्देन इङ्गितमात्मनो भण्यते।' (भ० आ० टी० २९) २. आगम कथित एक क्रिया विशेष, आयु के अन्त में क्रमशः ध्यान की ओर प्रवृत्ति।

इङ्गिनी-अनशनं (नपुं०) चारों प्रकार के आहार का परित्याग।

इङ्गिनीमरणं (नपुं०) स्वयं परिचर्या करते हुए मरण। 'स्वाभिप्रायानुसारेण स्थित्वा प्रवर्त्यमानं मरणं इङ्गिनीमरणम्' (भ० आ० टी० २९)

इङ्गुदः (पुं०) औषधि वृक्ष।

इच्छा (स्त्री०) [इष्+श+टाप्] १. इच्छा, अभिलाषा, चाह, वाञ्छा, तृष्णा, आसक्ति। विषयीकृत अभिलाषा। (जयो० १/२) कृतापराधाविव बद्धहस्तौ जगद्धितेच्छोद्धृतमप्रशस्तौ' (सुद० २/२६) जगत् के प्राणिमात्र का हित चाहने वाले। 'यदृच्छयाऽनुयुक्तापि न जातु फलिता नगि।' (सुद० २/६३) २. लोभ कषाय का नामान्तर नाम 'एषणं इच्छा' (ज०धव० ७७७)

इच्छाकारः (पुं०) शुभ परिणाम प्रवर्तन। 'इच्छाकारोऽभ्युपगमो हर्षः स्वेच्छया प्रवर्तनम्।' (मूला०४/६५) 'एषणं इच्छा, करणं-कारः।

इच्छाज्ञानं (नपुं०) रूचि वेदन। (वीरो० ५/३४)

इच्छानिरोधः (पुं०) वाञ्छा रहित होना। 'इच्छानिरोधमेवातः कुर्वन्ति यतिनायकाः।' (सुद० १२६)

इच्छानुलोम-वाक् (नपुं०) इच्छानुरूप वचन प्रयोग।

इच्छाफलं (नपुं०) समस्या का समाधान।

For Private and Personal Use Only

इच्छायोगः (पुं०) स्वेच्छपूर्वक क्रिया करना, वाञ्छा रहित योगजन्य क्रिया।

इच्छारत (वि०) अभिलाषा जन्य।

इच्छावर्धक (वि०) लालसाकर, अभिलाषा बढ़ाने वाला। (जयो० वृ० १६/८५)

इच्छावसुः (पुं०) कुबेर।

इच्छासंपद् (स्त्री०) कामनाओं का पूर्ण होना।

इच्छित (वि०) अभिलषित, वाञ्छित। 'सानुकूल इव भाग्यवितस्तिस्तद्भविष्यति यदिच्छितमस्ति।' (जयो० ४/४७) 'तदेव नश्चेच्छितपूर्तिधाम' (सुद० २/२३)

इच्छुक (वि०) चाहने वाला, अभिलाषा करने वाला, अनुरक्ति जन्य, अनुराग युक्त, आसक्ति सहित। 'मिथोऽथ तत्प्रेमसमिच्छुकेषु' (सुद० २/२६)

इज्यः (पुं०) [यज्+क्यप्] १. अध्यापक, पूजा, अर्चना।

इज्या (स्त्री०) [इज्य+टाप्] १. पूजा, अर्चना। २. उपहार, दान, प्राभृत। ३. प्रतिमा।

इज्याविधिः (स्त्री०) पूजाविधि, अर्चना विधि। 'अन्योन्यानुगुणैकमानसतया कृत्वाऽर्हदिज्याविधिं।' (सुद० ४/४७)

इडा (स्त्री०) पृथ्वी, भूमि, धरा।

इडिका (स्त्री०) पृथ्वी, भूमि, धरा।

इडित (वि०) १. अन्य, दूसरा, दो में से एक। २. शेष, अवशिष्ट, भिन्न, पृथक्। ३. वाम, दक्षिण, दायां। ४. सम्बन्ध की अपेक्षा न करना। तत्र चोक्तमितरेण' (जयो० ८/३०) न क्रमेतेतरत्तल्पं सदा स्त्रीयच्च पर्वणि तदितरः को हितः। (जयो० वृ० २/२७) (सुद० ४/४३)

इतरकल्पना (स्त्री०) अन्य कल्पना। (वीरो० १९/४४)

इतरत (अव्य०) ०अन्यथा, ०अन्य प्रकार से, ०भिन्न, ०दूसरी तरह से।

इतरत्र (अव्य०) [इतर त्रल्] ०अन्यथा, ०विपरीत, ०भिन्न, ०अन्य।

इतरथा (अव्य०) [इतर+थाल्] ०अन्य रीति से, ०दूसरी तरह से। ०प्रतिकूल रीति से। 'इतरथा तु तदीयकरार्पण' (समु० ७/९)

इतरः (पुं०) व्यवहार नय (जयो० ५/८८)

इतरस्तर (अव्य०) इधर उधर। (सुद० ७३)

इतरेतरः (अव्य०) सर्वत्रैव, सभी जगह। (वीरो० १/३२)

इतरेद्यु (अव्य०) [इतर+एद्युस्] अन्य दिवस, दूसरे दिन।

इतस् (अव्य०) [इदम्+तसिल्] यहां से, १. इधर, ऐसा, इधर-उधर। २. इस भूतल पर, इस व्यक्ति से 'अस्मिन् भूतले' (जयो० ११/१००)

-'जयतु शूर इतः स्मरसायकं' (समु० ७/१०) 'इत उत्तर सम्भवस्थल, विजयायैति अपैति चोद्दलः।' (समु० २/६) 'व्यहरत्तत्परितः क्षणादितः' (समु० २/२०)

ऐसा, ऐसे-'मुनिवरं वनमेष तदाऽव्रजाच्छ्रियमितः।' (सुद० ४/२)

इस कारण से-'इतोऽस्मादेव कारणादस्य' (जयो० ६/८०)

इतस्ततः (अव्य०) सर्वत्रैव, सभी जगह, (वीरो० १/३२) एक ओर से दूसरी ओर तक, इधर से उधर। (जयो० वृ० १/८९) परितः-चारों ओर। 'तत्र परित इतस्ततो वाससा वस्त्रेण रचितानि वस्त्राणि शिविराणि' (जयो० वृ० १३/६४)

इति (अव्य०) [इ+क्तिन्] यह अव्यय शब्द के स्वरूप को प्रकट करने वाला है इसके कई अर्थ हैं ०दोष- (जयो० १/४) इति-समाप्ति 'जयकुमारकीर्तेः क्रीडनकं भवतीति भावः।' (जयो० १/१०) ०इति-क्योंकि, यतः, जो कि, जैसा कि। (सम्य० ४/३) ०इति-इस प्रकार, ऐसा। 'युधिष्ठिरो' भम इतीह मान्यः। ०इति सोऽपि पुनः प्राह। (जयो० १/१८) (सुद० १२६) ०इति-जहां तक 'इति सूचनार्थमित्यर्थः' (जयो० १२/११६) ०इति वर्तमानशासनप्रशंसनं भवति।' (जयो० १५/४१)

इतिपरिहारः (पुं०) ऐसा अभिप्राय। 'इति सर्गनिर्देशः' (जयो० २३/९०)

इति अत (अव्य०) इतना कि, ऐसा कि।

इतिभावः (पुं०) ऐसा भाव (सम्य० १/६) (जयो० २१/३९)

इतिव्रतं (नपुं०) ईर्या समिति व्रत (मुनि० ६) 'नृत्यर्थं गमनीयमप्यनुदिनं रात्रौ तु नेतिव्रतात्।' (मुनि० ६)

इतिह (अव्य०) परम्परानुकूल, इसी प्रकार।

इतिहासः (पुं०) [इति+ह+आस] उपाख्यान, इतिवृत्य, ऐतिह्य, परम्परा प्राप्त कथावृत्त, पुराण सम्गत कथन, ऐतिहासिक साक्ष्य, गौरव पूर्ण परम्परा।

इतीदृशं (अव्य०) इस प्रकार, इस तरह का। (समु० ४/३) 'इतीदृशं तोपयुक्तं वणिक्तुजं' (समु० ४/३)

इतीव (अव्य०) ऐसा ही, इस तरह का ही। 'इतीव संतप्तया गभस्ति' (वीरो० २१/३)

इतीह (अव्य०) इस प्रकार, परम्परानुसार। (जयो० १/१८)

इत्थं (अव्य०) [इदम्+थम्] अतः, इस प्रकार, ऐसा, इसलिए।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

(मुनि० २३) इत्थं चिंतनमस्तु'। 'तत्कृत्यामित्थं च तदित्युपायपरो नरो' (जयो० २७/५५) स्पृशेदपीत्थं बहुधान्यराशिम्' (सुद० १/२१) उक्त पंक्ति में 'उइत्थं' अव्यय का अर्थ क्योंकि है। 'गुणावलीत्थं सहसाशयाभ्याम्' (सुद० २/३०) 'स्यादित्थं परेण प्रकृता समस्या' उक्त पंक्ति 'ऐसा है' वह अर्थ व्यक्त हो रहा।

इत्थं उक्तरीत्या उक्त प्रकार। 'इत्थं वारिनिवर्षैरङ्कुरयन्' (जयो० ३/९२)

इत्थभूतः (पुं०) एवम्भूतनय, क्रियाश्रय नय।

इत्य (वि०) [इण्+क्यप्, तुक्] जिसके पास जाया जाय।

इत्यतः (अव्य०) इधर, यहां, जो कि जैसा कि, बल्कि, लेकिन 'भवत्कमत्युत्तममित्यतोऽहं' (सुद० १२०) 'शिवायन इत्यतः' (सुद० ८३)

इत्यथ (अव्य०) इधर, यहां, 'पुत्तलमुत्तक्तमित्यथ कृत्वा' (सुद० ९२)

इत्यदः (अव्य०) ऐसा, इस प्रकार। 'अल्पाद्धारत इत्यदो वदितवान्।' (मुनि० १०)

इत्यत्र (अव्य०) यहां, इधर, 'रज्यमानोऽत इत्यत्र' (सुद० ४/८)

इत्यर्थः (अव्य०) ऐसा अभिप्राय, (जयो० १/७) इस तरह का प्रयोजन। (जयो० वृ० १/७)

इत्येवं (अव्य०) इस तरह, इस प्रकार, ऐसा ही, इस प्रकार ही। 'इत्येवं सकलं चरित्रमचिरादेवात्मनः संभवे' (मुनि० ५३) 'इत्येवमुक्त्वा स्मरवैजयन्त्याम्' (सुद० २/२०)

इत्वर (वि०) [इण्+क्वरप् तुक्] १. घृणित, निन्दनीय, अहितकर। २. कठोर, कठिन, उग्र।

इत्वर-अनशनं (नपुं०) परिमित काल तक आहार, अभीष्ट आहार।

इत्वर-परिगृहीतागमनं (नपुं०) १. व्यभिचार जन्य गमन, मैथुन सेवन गमन। २. ब्रह्मचर्य व्रत का अतिचार।

इत्वरसामायिकः (पुं०) अवधि जन्य सामायिक।

इत्वरिका (स्त्री०) घृणित, निन्दित, कुटला, अधर्म, नीच। व्यभिचारिणी (जयो० वृ० १८/३)

इत्वरिकागमनं (नपुं०) ब्रह्मचर्य को दूषित करने वाला गमन।

इत संज्ञकः (पुं०) 'अइ, उ ण्' यहां अन्तिम 'ण' इत् संज्ञक है। (जयो० वृ० २८/३१) 'इता अप्रयोगिवर्णेन स आदेः शब्दस्योपयोगवान्। (जयो० २८/३१)

इदम् (सर्व०) नपुं-इदम-यह। राज्या इदं पृत्करणं। (सुद० १०५) पुं०-अयम्। स्त्री इयम्। 'प्रस्तुताऽस्मै गदा स्फीतिः' (सुद० ८२) 'चाण्डाल एव स इमं लभतामिदानीम्' (सुद० १०५) 'चेतनाऽस्याः समावृता' (सुद० १०१) 'इमामिदानीं मम सौमनास्यं सुधाधुनीमेतितरामवश्यम्' (जयो० ११/७४) 'अस्या हि सर्गाय' (जयो० ११/८४) 'रूपामृतस्रोतस एव कुल्यामिमामतुल्याम्' (जयो० ११/१) 'अस्मिन्नरेश, सुरराया:। (जयो० ३/६१) 'अद्भुताऽय चरणानुयोगः' (जयो० १/२२) इयान (सु०) अनेन (जयो० १/११) जयकुमारस्य राज्ये।

इदंकर (वि०) ऐसा ऐसा करो। 'इदंकरमिदं तथा नैव किन्तु स्वयंवरम्।' (जयो० ७/३)

इदानीम् (अव्य०) [इदम्+दानीम] अब, इस समय, इस विषय में, अभी। 'काञ्चीफलवादिदानीं विलग्नेः विभ्रमार्दितं' (जयो० ६/३५) 'अस्मिन्निदानीमजडेऽपि काले' (सुद० १/६)

इदानीमपि (अव्य०) अब भी, इस समय भी। (वीरो० २२/२८)

इदानीन्तन् (वि०) आधुनिक, प्रत्युत्पन्न, वर्तमान कालिक।

इद्ध (भू० क० कृ०) [इन्ध्+क्त] १. जला हुआ, प्रभा युक्त, प्रकाशवान्, आभा जन्य। २. दीप्ति, चमक, प्रभा, कान्ति। (जयो० २३/८४)

इध्मं (नपुं०) [इध्यतेऽग्निरनेन इन्ध्+मक्] इंधन, लकड़ी, अग्नि।

इन्ध्या (स्त्री०) [इन्ध्+क्यप्+टाप्] चमक, दीप्ति, इंधन प्रभा, कान्ति।

इनः (पुं०) १. सूर्य, दिनकर, रवि। (जयो० २०/२१) २. स्वामी, मालिक, राजा, महाराज। (जयो० २०/२१) दिन एनमिनः समीक्षते। (दयो० १०५)

इनः (पुं०) [इण्+नक्] बल, शक्ति, योग्य, साहसी, अभिष्ट। २. परमात्मन्। (जयो० ४/६५)

इनदेव (पुं०) [इनश्चासौ देवश्चेति इनदेवः] सूर्य।

इनदेवता (पुं०) [इनदेव एव इनदेवता, स्वार्थे तल्] सूर्यदेव। (जयो० २०/८३)

इन्दिन्दिरः (पुं०) [इन्द्+किरच् नि] मधुमक्खी।

इन्दिरा (स्त्री०) लक्ष्मी। (सुद० १/१२) त्रिशलाया उदितं शचीन्दिरा (वीरो० ७/१४) 'मुदिन्दिरामङ्गलदीपकल्पः' (सुद० १/१२) 'किमिन्दिराऽसौ न तु साऽकुलीना।' (जयो० ५/८०)

इन्दीवरः (नपुं०) नीलोत्पल, नीलकमल। नीलाम्बुरुह। (वीरो० २/१६) रुदत्तदिन्दीवरमेव शार्पश्रिया (जयो० १६/३७)

इन्दीवरिणी (स्त्री०) [इन्दीवर+इनि+ङीप्] नीलोत्पल ओघ, नीलकमल समूह।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

इन्दीवारः (पुं०) [इन्द्याः वारो वरणं अत्र] नीलकमल, नीलोत्पल।

इन्दुः (स्त्री०) चन्द्रमा [उन्द्+उ+आदेरिच्च] सुर- वर्त्मवदिन्दु-मम्बुधेः (मुद० ३/१०)

इन्दु-स्वच्छ, श्रेष्ठ।

इन्दुकमलं (नपुं०) श्वेत कमल।

इन्दुकला (स्त्री०) १. चन्द्रकला, षोडशकला गणना की कला।

इन्दु-कलिका (स्त्री०) १. केतकीलता, केतकी कली। २. चन्द्रकला।

इन्दुकान्तः (पुं०) १. रजनी, रात्रि। २. चन्द्रकान्तमणि। (वीरो० २/३४)

इन्दुक्षयः (पुं०) १. प्रतिपदा तिथि। २. चन्द्र का प्रथम दिवस।

इन्दुजः (पुं०) रेवा नदी, नर्मदा नदी।

इन्दुजनकः (पुं०) समुद्र, उदधि, सागर, वारिधि, चन्द्र से वृद्धि को प्राप्त होने वाला।

इन्दुजालः (पुं०) चन्द्रकिरण।

इन्दुतः (पुं०) चन्द्र, शशि। 'सितिमानमिवेन्दुतस्तकमभिजादपि नाभिजातकम्।' (सुद० २/१३)

इन्दुत्व (वि०) चन्द्रपना, चंद्र युक्त। (जयो० १/१०)

इन्दुदलः (पुं०) चन्द्रकला, अर्धदल युक्त चन्द्र।

इन्दुदेवः (पुं०) चन्द्रदेव। 'उत्सङ्गजं सूचयतीन्दुदेवं' (जयो० १५/६६)

इन्दुनियोगिनी (वि०) ज्योत्स्ना सदृशी। (वीरो० १/२८)

इन्दुभा (स्त्री०) कुमुदिनी, कमलिनी।

इन्दुभासः (पुं०) चन्द्रकान्ति। 'इन्दोश्चन्द्रस्य भा शोभेव भा यासाम्।' (जयो० वृ० १६/४४)

इन्दुबिम्बं (नपुं०) चन्द्रमण्डल। (सुद० ११५) 'नवोद्धतं नाम दधतदिन्दुबिम्बम्।' (जयो० १६/२३) 'भ्रमाद्यथाऽऽकाश-गतेन्दुबिम्बमङ्गीकरोति' (सुद० पृ० १११)

इन्दुमती (स्त्री०) [इन्दु+मतुप्+ङीप्] १. नाम विशेष, अज की पत्नी। २. पूर्णिमासी।

इन्दुमणिः (स्त्री०) चन्द्रकान्तमणि।

इन्दुमण्डलं (नपुं०) शशि मण्डल, चन्द्र परिकर।

इन्दुरः (पुं०) चूहा, मूषक।

इन्दुरत्नं (नपुं०) चन्द्ररत्न, मणि, श्वेत रत्न।

इन्दुरुचिः (स्त्री०) ज्योत्स्ना सदृशी। (वीरो० १/२८)

इन्दुरेखा (स्त्री०) चन्द्रकला।

इन्दुलोहं (नपुं०) रजत, चांदी।

इन्दुवंशिन् (वि०) सोमवंशजात, सोमवंश में उत्पन्न। 'नाथवंशिन् इवेन्दुवंशिनः' (जयो० ७/९१)

इन्दुबिन्दु (स्त्री०) कान्तिबिम्ब, चन्द्र बिम्ब। 'खर-रुचिरिन्दु बिन्दुमश्नाति' (सुद० १०४)

इन्दुशेखरः (पुं०) शिव, शङ्कर, महादेव। 'अपराजितयेन्दुशेखरः' (सुद० १/४०)

इन्द्रः (पुं०) [इन्द्+रन्, इन्तीति इन्द्रः] इन्द्रतीति इन्द्रः आत्मा। (स० सि० १/१४) १. देवाधिपति, देवों के स्वामी, असाधारण, ऋद्धि। 'परमैश्वर्यादिन्द्रव्यपदेशः' (त० वा० ४/४) २. स्वामी, शासक। ३. इन्द्रिय, चिह्न।

इन्द्रकूटः (पुं०) एक पर्वत का नाम।

इन्द्रगुरुः (पुं०) बृहस्पति।

इन्द्रचापकः (पुं०) इन्द्रधनुष, इन्द्र की कमान। 'समवर्षि चलत्करस्फुरन्मणिभूषांशुकृतेन्दुचापकैः।' (जयो० १२/१३३)

इन्द्रजालं (नपुं०) जादू, बाजीगरी, (दयो० १२३) 'इन्द्रजालोपमा, सम्पदायुर्हरिधृतैणवत्' (दयो० १२३)

इन्द्रजालिक (वि०) १. जादूगरी करने वाला, महेन्द्र (जयो० वृ० ३/४) २. छद्मपूर्ण, भ्रमात्मक।

इन्द्रजित् (वि०) १. इन्द्र को जीतने वाला। २. इन्द्रियजयी।

इन्द्रतूलं (नपुं०) रूई की गादी।

इन्द्रदारुः (पुं०) देवदारु वृक्ष।

इन्द्रधनुषः (पुं०) शक्रचाप, इन्द्रकमान।

इन्द्रधामम् (नपुं०) सुरालय। (वीरो०) (जयो० वृ० ५/६५)

इन्द्रनन्दी (पुं०) १. इन्द्रनन्दी नामक आचार्य। २. इन्द्र के समान प्रसन्न। त्वमिन्द्रनन्दी भुवि सहितार्थः प्रसत्तये संभवतीति नाथ।' (जयो० ९/९०)

इन्द्रनीलकः (पुं०) पन्ना, एक रत्न विशेष।

इन्द्रपत्नी (स्त्री०) शची, इन्द्राणी।

इन्द्रपुरं (नपुं०) इन्द्र नगर। 'अधरमिन्द्रपुरं विवरं पुनर्भवति नागपतेर्नगरं तु नः।' (सुद० १/३७)

इन्द्रपुरी (स्त्री०) इन्द्रनगरी। (जयोवृ० ५/८९) मघोनि केन्द्राणीव (जयो० ६/८९)

इन्द्रपुरोहितः (पुं०) बृहस्पति।

इन्द्रप्रस्थं (नपुं०) इन्द्रप्रस्थ नाम नगर, जो यमुना तट पर स्थित था, यही पाण्डुपुत्रों का केन्द्र था। इसे इस समय दिल्ली कहते हैं।

इन्द्रप्रहरणं (नपुं०) इन्द्रशस्त्र, वज्र।

इन्द्रभूतिः (पुं०) इन्द्रभूति गणधर, महावीर का गणधर-

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

'इत्येवमेतस्य सतीं विभूतिं स-वेद- वेदाङ्गविदिन्द्रभूतिः।' (वीरो० १३/२५)

इन्द्रयान (नपुं०) इन्द्र का यान। (जयो० १०/

इन्द्रवज्र (नपुं०) इन्द्रशस्त्र।

इन्द्रसमान (वि०) इन्द्र के सदृश, शक्र समान। 'पृथुदानवारिन्द्रिसमान' (सुद० १/३९)

इन्द्रशासिका (वि०) इन्द्रशासितारविणा ककुविन्दुशारि।

इन्द्रसुनुः (पुं०) जयन्त।

इन्द्राणी (स्त्री०) [इन्द्रस्य पत्नी आनुक्+ङीप] शची, इन्द्र की पत्नी।

इन्द्रियं (नपुं०) १. शरीर की पहचान, शरीर चिह्न, अक्ष। (सुद० १२७) २. इन्द्रस्य लिङ्गमिन्द्रेण सृष्टमिति वा इन्द्रियशब्दार्थः (धव० १/२३७) 'नित्यं निगृह्णन्तीन्द्रियाणि' (सुद० १२२)

इन्द्रियगोचरः (पुं०) इन्द्रिय से ज्ञात।

इन्द्रियग्रामः (पुं०) इन्द्रिय वर्ग, इन्द्रिय समूह।

इन्द्रियज्ञानं (नपुं०) इन्द्रिय चेतना।

इन्द्रियजयः (पुं०) इन्द्रिय अंकुश।

इन्द्रियजयी (वि०) इन्द्रियों को जीतने वाले, अक्षरोधक। (जयो० वृ० २८/५)

इन्द्रियनिग्रहः (पुं०) अक्ष निरोध, पञ्चेन्द्रिय निरोध।

इन्द्रियपराधीनः (नपुं०) इन्द्रिय वश। (सुद० १२७)

इन्द्रिय-पर्याप्तिः (स्त्री०) इन्द्रिय के आकार रूप परिणति, अक्ष परिणति। 'इन्द्रिय करणनिष्पत्तिरिन्द्रियपर्याप्तिः'

इन्द्रियप्रणिधिः (स्त्री०) इन्द्रियों की अनासक्ति।

इन्द्रियप्रत्यक्षं (नपुं०) इन्द्रियों से उत्पन्न होने वाला स्पष्टीकरण। इन्द्रिय-प्राधान्यादनिन्द्रिय बलाधानादुपजातमिन्द्रियप्रत्यक्षम्' (प्रमेयरत्नमाला)

इन्द्रियविषय (नपुं०) अक्ष विषय इन्द्रियों की वासना।

इन्द्रियवृत्ति (स्त्री०) इन्द्रिय प्रवृत्ति। (मुनि० १)

इन्द्रिय-संयमः (नपुं०) पञ्चेन्द्रिय नियन्त्रण, इन्द्रिय निरोध, इन्द्रिय निग्रह। 'इन्द्रियविषय-राग-द्वेषाभ्यां निवृत्तिरिन्द्रियसंयमः' (भ० आ० टी० ४६)

इन्द्रिय-सुखं (नपुं०) इन्द्रिय जनित संतोष।

इन्द्रियाधीनप्रवृत्तिः (स्त्री०) इन्द्रियजन्य वृत्ति। (वीरो० १०/१६)

इन्ध् (सक०) जलाना, प्रज्वलित करना, अग्नि जलाना।

इन्धः (पुं०) [इन्ध्+घञ्] इंधन, लकड़ी।

इन्धनं (नपुं०) इन्धन, लकड़ी आदि जलाना। (भक्ति २, दयो० पृ० ६०, सुद० २/४०)

इभः [इ+भन्] हस्ति, करि, हाथी। (जयो० १३/२३) गज 'तमः समूहेन निरुक्तमूर्तिमिभं' (जयो० ८/६)

इभकुम्भः (पुं०) हस्तिमस्तक। (जयो० १७/५९)

इभनिमीलिक (वि०) बुद्धिमना, धीमान्।

इभपालकः (पुं०) महावत।

इभपोतः (पुं०) वयस्क हस्ति, हाथी का बच्चा, हस्तिशावक।

इभयुवतिः (पुं०) हथिनी।

इभराट् (पुं०) मुख्य हस्ति, प्रधान हाथी। 'चलितोऽन्यगजं प्रतीभराड्' (जयो० १३/३६)

इभेन्द्रः (पुं०) हस्तिराज (जयो० २/७५)

इभ्य (वि०) १. अर्थवान्, धनी, धनाढ्य। २. विज्ञ, बुद्धिमन्। (जयो० ४/२३)

इभ्यः (पुं०) १. नृप, राजा, अधिपति। २. महावत, हस्ति पालक।

इभ्यक (वि०) [इभं गजमर्हति-यत्] धनी, अर्थवान्।

इय् (अक०) प्राप्त होना, उपलब्ध होना। 'नहि विषादमिया-दशुभोदये' (जयो० २५/६४)

इयत् (वि०) [इदम्+वतुप्] इधर, इतने विस्तार का, यहां तक, इतना अधिक। 'किं मुदंतोऽस्ति भवानियद्धृतः' (समु० २/२१)

इयती (वि०) इतनी, यहां तक। 'कियती जगतीयती गतिः' (जयो० १३/२४)

इयत्ता (वि०) [इयत्+तल्+टाप्] इतना, परिणाम विशेष।

इयात् (वि०) इतना। 'इयान् रसति किमपि स्वयम्' (जयो० २५/६२)

इरणं (नपुं०) [ऋ+अण्] १. मरुधरा, मरुस्थल, मरुभूमि। २. ऊसर भूमि, बंजर भू-भाग।

इरम्मदः (पुं०) [इरया जलेन माद्यति वर्धते इति-इरा-मद्+खश्] विद्युत प्रभा, बिजली की चमक।

इरा (स्त्री०) [इ+रन्+टाप्] १. पृथ्वी, भूमि, धरा। २. मदिरा, शराब। (जयो० २८/६) ३. जल, ४. आहार। हरैर्वैरया व्याप्तं भोगिनामधिनायकः।

इरावत् (पुं०) [इरा+मतुप्] समुद्र, सागर।

इर्वारु (वि०) [उर्व+आरु] नाशक, हिंसक।

इल् (अक०) जाना, चलना-फिरना।

इल् (अक०) सोना, फेंकना, भेजना, डालना।

इला (स्त्री०) [इल्+क+टाप्] १. भू, भूमि, पृथ्वी, २. गाय, ३.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वक्तृता। 'इलां क्षालयितुं रेजेऽवतरन्तीव स्वर्णदी' 'इलां भुवं क्षालयितुम्' (जयो० वृ० ३/११२)

इलापतिः (पुं०) भूपति, राजा। 'उचितं चक्रुरिलापतिमितरं' (जयो० ६/३१)

इलालङ्कारः (पुं०) पृथ्वी का अलंकार, भू शोभा। (सुद० पृ० ११५)

इलिका (स्त्री०) [इला+कन्, इत्वम्] पृथ्वी, धरती, भूमि।

इव (अव्य०) [इ+क्वन्] तरह, जैसा कि, समान। (मुनि० ८, सुद० २/९) 'इव शब्दः पादपूर्तो एव शब्दश्चापि शब्दार्थकः' (जयो० पृ० १९/५१) 'श्रीश्रेष्ठिनो मानसराजहंसीव' (सुद० २/९) 'लक्ष्मीरिवासौ तु निशावसाने' (सुद० २/११)

इव किल (अव्य०) जिस प्रकार की, जैसा कि। 'जरद्गवो वृद्धबलीवर्द इव किल' (जयो० २३/६७)

इवाथ (अव्य०) इस तरह का। 'साधुः सरोषः स इवाथ दीनः' (समु० १/३४)

इवाधुना (अव्य०) अब इस, प्रकार, ऐसा मानो कि–'भवान्तरं, प्राप्त इवाधुना नवम्' (समु० २३/३३)

इष् (अक०) निकलना, कामना करना, चाहना। 'किमिष्यते कुड्मल बन्धलोपी' (जयो० १/७१) 'ईय एषौऽद्भुत इष्यते न कैः' (समु० २/२३) उक्त पंक्ति में 'इष्' धातु का अर्थ मानना है। 'त्वमीष्यते सत्प्रतिपद्धरातरे' (जयो० ५/१०६)

इषः (पुं०) [इष्+अच्] १. शक्ति सम्पन्न, २. आश्विनमास।

इषि (स्त्री०) अस्त्र विशेष।

इषिका देखो ऊपर।

इषिरः (पुं०) अग्नि, आग।

इषुः (पुं०) [इष्+उ] १. बाण, शर। २. सीधी, सरल।

इषुकारः (वि०) बाण बनाने वाला।

इषुकृत् (वि०) बाण बनाने वाला।

इषुगति (स्त्री०) सीधी गति, मोड़ा रहित गति।

इषुधरः (वि०) धनुर्धर।

इषुपथः (पुं०) बाणमार्ग, तीर आने का रास्ता या स्थान।

इषुप्रकार (वि०) बाण के आकार। 'चरन्ति चाचारमिषुप्रकारम्' (भक्ति० सं०१०), दर्शनाचार, ज्ञानाचार, चरित्र। चार, तपाचार और वीर्याचार ये पांच इषु प्रकार हैं जिन्हें साधु पालन करते हैं।

इषुप्रयोगः (पुं०) बाण प्रयोग।

इषुभृत (वि०) धनुर्धर।

इषुधिः (पुं०) [इषु+धा+कि] तरकस, बाण रखने का साधन।

इषूक्तशैलः (पुं०) इष्वाकार पर्वत। (भक्ति ३६)

इषूर्वीधरः (पुं०) इष्वाकार पर्वत। (जयो० २४/१४)

इष्टः (भू० क० कृ०) [इष्+क्त] १. इच्छित, वाञ्छित, अभिलषित, चाहा गया, माना गया, स्वीकृत किया गया। १. प्रतिष्ठित, सम्मानित, 'शालेन बद्धं च विशालमिष्ट' (सुद० १/२५) २. योग्य, उचित। 'फलतीष्टं सतां रुचिः।' (सुद० ३/४३) ४. चाह, इच्छा। ५. वक्ता का अभीष्ट भाव।

इष्ट-खलक्षणं (नपुं०) उचित आकाश स्वरूप। (सुद० १/२५)

इष्टखेलः (पुं०) भोग। (सम्य० ५१)

इट-गन्धः (पुं०) सुगन्धित पदार्थ, सुगन्ध, उत्तम गन्ध, उचित/समुचित सुगन्ध।

इष्टदेवः (पुं०) अनुकुल देव, कुलदेवता।

इष्टदेशार्चनं (नपुं०) कुलदेवार्चन, कुलपूजा।

इष्टदेशः (पुं०) वाञ्छित स्थान। 'पथाप्ययादीयते इष्टदेशः।' (जयो० ५/१०३)

इष्टपरिपूरणं (नपुं०) समुचित रूप से प्राप्त। (जयो० २/२)

इष्टभावः (पुं०) इष्टभाव, इष्टभावना, सम्यक् चिंतन, श्रेष्ठ विचार॥

इष्टवियोगः (पुं०) इष्ट पदार्थों का वियोग। 'इष्टवियोगानिष्ट-संयोगतया' (जयो० वृ० १/१०९)

इष्टसंयोग-जनित (वि०) उचित योग से युक्त। (जयो० १/२२)

इष्टसत्ता (स्त्री०) अच्छा भाव।

इष्टसत्त्व (वि०) अच्छाई युक्त भाव।

इष्टसिद्धि (वि०) ०मनोरथ साधक ०मनोरथ साकल्य ०सिद्धिजनक। (जयो० २/३६) 'इष्टसिद्धिमभिवाञ्छितोऽ-र्हतां' (जयो० २/३७)

इष्ट-हतिः (स्त्री०) निर्विघ्नता, सफलता। 'आत्रिकेष्ट हतिहापनोद्यतः' (जयो० २/३९)

इष्टानिष्टविकल्पः (पुं०) इष्ट-अनिष्ट भाव, शुभ-अशुभ भाव। (मुनि० ४)

इष्टिः (स्त्री०) प्रार्थना, कामना, वाञ्छा, इच्छा, चाह, अभिलाषा, पूजा। 'सर्वतः प्रथममिष्टिरर्हतां' (जयो० २/२७)

इष्टिमान् (वि०) यज्ञकर्ता, इष्ट समागम कर्ता, अभिलाषाजन्य। 'इष्टिमान् सुकृतवत्पुरोहितः' (जयो० ३/१४)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

इष्टोपदेश: (पुं०) आचार्य समंतभद्र द्वारा रचित रचना।

इष्टोपयोग: (पुं०) इष्ट उपयोग, शुभ उपयोग। 'इष्टोपयोगाय वियुक्तयेऽतोनिष्टस्य पीडासु निदानहेतो:।' (समु० ८/३५) आर्तध्यान के चार भेदों में इसका प्रथम स्थान है। (समु० ८/३५)

इष्म: (पुं०) १. कामदेव, मदन। २. वसन्त ऋतु।

इष्य: (पुं०) बसन्त ऋतु।

इष्वाकार: (पुं०) पर्वत का नाम। (जयो० वृ० २४/१४)

इस् (अव्य०) [इं कामं स्यति-सो क्विप्] क्रोध, कोप, पीड़ा, शोक।

इह (अव्य०) [इदम्+ह इशादेश:] यहां, इधर, इस ओर, इस दिशा में (जयो० वृ० १/४) इस स्थान पर, अब, अभी। (जयो० १/१४) 'इह पश्याङ्ग सिद्धशिला भाति' (सुद० १२२) 'केशान्धकारीह शिर:' (सुद० २/२५) 'कर-पल्लवयो: प्रसूनता-समधारीह सता वपुष्मता।' (सुद० ३/२१) उक्त पंक्ति में 'इह' का अर्थ मानो कि है भवन्ति तस्मादिह तीव्रमन्द-(समु० ८/१५) 'विघ्नश्च निघ्न इह भाति पुनर्विमोह:' (जयो० १०/९५) इह भाति-इस पृथ्वी पर या इस स्थान पर सुशोभित होता है।

इहापि (अव्य०) यहां भी, इस समय भी इस स्थान पर भी। (सुद० १२०, जयो० १६/६९)

ई

ई: (पुं०) यह वर्णमाला का चतुर्थ स्वर है, इसका उच्चारण स्थान 'तालु' माना गया है तथा इसको दीर्घ स्वर के अन्तर्गत रखा जाता है।

ई (अव्य०) यह दु:ख को प्रकट करने वाला अव्यय है। इससे विषाद, शोक, दु:ख, पीड़ा, खिन्नता, अनुकम्पा आदि का भाव स्पष्ट होता है।

ई: (पुं०) [इं+क्विप्] कामदेव, मदन।

ई (सक०) ०जाना, ०गति करना, ०चलना, ०चाहना, ०इच्छा करना, ०प्रार्थना करना, ०मानना।

ईक्ष् (सक०) ०अवलोकन करना, ०देखना, ०निरीक्षण करना, ०ताकना, ०विचारना। 'अमानवचरित्रस्य महादर्शं किलेक्षि-तुम्' (जयो० ३/१०१) 'प्रायमुदीक्ष्यतेऽत:' (सुद० २/१९)

ईक्षक: (पुं०) दर्शक, देखने वाला।

ईक्षणं (नपुं०) [ईक्ष्+ल्युट्] १. अवलोकन, परिदर्शन, दृश्य। २. दृष्टि, चक्षु, नेत्र। (जयो० १/५३) 'एतयो: खलु परस्परेक्षणं सम्भवेत्' (जयो० २/६)

ईक्षण-क्षणं (नपुं०) निरीक्षण मात्र, अवलोकन मात्र। (दयो० ६७)

ईक्षण-लक्षणं (नपुं०) चक्षु जन्य कारण, चक्षुचिह्न। ईक्षणयौ-नेत्रयो: लक्षणं चिह्नम्' (जयो० १/५३)

ईक्षणिक: (पुं०) ज्योतिषी, (निमित्त ज्ञानी)।

ईक्षति (स्त्री०) दृष्टि, अक्षि, आंख, नयन, नेत्र। चक्षु।

ईक्षमाण (वर्त-कृ०) देखता हुआ, अवलोकन करता हुआ। 'मृत्युं पुनर्जीवन मीक्षमाण:' (सुद० ११७)

ईक्षमाणक: (पुं०) गृही, गृहस्थ। 'अन्यदप्युचितमीक्षमाणक:' (जयो० २/६२)

ईक्षा (स्त्री०) अक्षि, दृश्य, दृष्टि विशेष।

ईक्षिका (स्त्री०) [ईक्षा+कन्+टाप्] अक्षि, नेत्र, आंख, नयन, दृश्य, झलक।

ईक्षित (वि०) अवलोकित, देखा गया।

ईक्षित (भू० क० कृ०) अवलोकन किया गया, देखा गया, परिदृश्यजन्य।

ईक्षितवती (वि०) ०पश्यंती, ०देखती हुई, ०निरीक्षण करती हुई अवलोकन करती हुई। 'मुहुर्वक्त्रं पत्यु: शिथिल-सकलाङ्गीक्षितवती' (जयो० १७/१३०)

ईक्ष्यताम् (वि०) दृश्यता, अवलोकिता। 'प्रमुदितो रुदितं पुनरीक्ष्यताम्' (जयो० २५/६)

ईख् (अक०) झूलना, घूमना, हिलना।

ईख् (अक०) जाना, पहुंचना।

ईज् (अक०) १. जाना, २. कलंक लगाना, निंदा करना।

ईड् (अक०) स्तुति करना, अर्चना करना।

ईडा (स्त्री०) पूजा, अर्चना, स्तुति।

ईड्य (सं०कृ०) [ईड्+ण्यत्] प्रशंसनीय, समादरणीय, पूजनीय, स्तुति योग्य।

ईति (स्त्री०) [ई+क्तिच्] व्याधि, कष्ट, पीड़ा, महामारी। (जयो० १/१) दु:ख, व्यथा। (जयो० १/२१)

ईतिमुक्ति: (स्त्री०) व्याधि मुक्ति, दु:खनिर्वृत्ति, 'अखिलमीशान-मपीतिमुक्त्या' (जयो० १/१)

ईतिरहित (वि०) व्याधिमुक्त, पीड़ा रहित, दु:ख रहित। (जयो० वृ० १/११)

ईतिहृत्कथा (स्त्री०) उपद्रवहर कथा (जयो० २/११८)

ईदृक् (वि०) ऐसा, इस तरह का। (सुद० २/२०) 'नश्यंदितीदृङ् न परोऽस्त्युपाय:' (भक्ति० २५)

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ईदृक्ता (वि०) ऐसा गुण।

ईदृश (वि०) ऐसा, इस तरह का।

ईदृश (वि०) ऐसा, इस तरह का। 'ईदृशेऽभिनन्कं प्रतियाति' (जयो० ४/१३) 'ईदृशामि महीर्महितानाम्' (जयो० ५/५३)

ईदृशमेव (अव्य०) ऐसा भी। (वीरो० २०/१४)

ईदृशी (वि०) ऐसी। (समु० २/१०)

ईनकेतुः (पुं०) कामदेव। 'नमामि तं निर्जितमीनकेतुम्' (समु० १/२)

ईप्सा (स्त्री०) ०कामना, ०वाञ्छा, ०चाह, ०इच्छा, ०अभिलाषा।

ईप्सित (वि०) [आप्+सन्+क्त] ०यथोचित, ०इच्छित, ०मनोवाञ्छित, ०अभिलषित। 'भूपतेरीप्सितं सर्वं प्रक्रमते'। (जयो० १/७०) 'शृणु मन्त्रिन्ममेप्सितम्' (समु० ३/४०)

ईप्सु (वि०) [आप्+सन्+उ] १. इच्छावान्, चाहयुक्त, वाञ्छाशील, प्राप्त करने की भावना वाला। २. कहना, उच्चारण करना, दुहराना, बोलना। ३. प्रेरित करना, चलाना, उकसाना।

ईर् (सक०) १. कहना, बोलना, उच्चारण करना, भरना। (जयो० ५/२६) अनुकूल होना। (जयो० २७/९) २. प्रकाशित करना, प्रेरित करना। 'इतीरितोऽभ्येत्य स जन्मदात्री' (समु० ३/१२) 'पीयूषमीयुर्विबुधा बुधा वा' (वीरो० १/२२) 'पीयूषं नामामृतमीयुर्गच्छेयुः' (वीरो० वृ० १/२२) 'हर्षमीरयति प्रेरयतीति' (जयो० वृ० २७/९)

ईरणः (पुं०) [ईर्+ल्युट्] वायु, पवन, हवा। 'सर्वतोऽपि पवमान ईरणः' (जयो० २/८३) 'ईरणो वायु सर्वतो वाति-वहति' (जयो० वृ० २/८३)

ईरयंस्ताम्- अतिशयेन मुहुर्मुहुः कथयन जगाम। (जयो० वृ० २/१३९) बारंबार कथन।

ईरिण (वि०) [ईर्+इनन्] मरुस्थल, बंजर, उत्पत्ति रहित भूमि, ऊसर।

ईरित (वि०) ०जनित-'तमुदीक्ष्यमुदीरिते जने' प्रमोदेनेरिते प्रेर्यमाणे सति' (जयो० १२/६६) ०कथित, प्रतिपादितइतीरितोऽभ्येत्य स' (समु० ३/१२)

ईर्मम् (नपुं०) [ईर्+मक्] घाव, व्याधि।

ईर्या (स्त्री०) [ईर्+ण्यत्+टाप्] १. योग, योगगति, परिभ्रमण 'ईरणमीर्या योगगतिरिति यावत्' (ल०वा०६/४) ईर्या योगः (धव० १३/४७)

ईर्यापथं (नपुं०) योग पथ। 'ईरणमीर्या योगो गतिरित्यर्थः तद्वारकं कर्म ईर्यापथम्' (स० सि० ६/४)

ईर्यापथक्रिया (स्त्री०) ईर्यापथ का कारण रूप क्रिया. ईर्यापथनिमित्त' (स० सि० ६/५)। ईर्यापथनिमित्ता या सा प्रोक्तेर्यापथक्रिया' (हरिवंश प्र०५८/६५)

ईर्यापथशुद्धिः (स्त्री०) केवली की शुद्धि।

ईर्यासमितिः (स्त्री०) शुद्धि पूर्वक गमन। सम्यगवलोकन सहित गति। 'चर्यायां जीवबाधापरिहारः ईर्यासमितिः' (त०श्लोक ९/५) संलापादिविवर्जितेन शमिनामीशेन संपश्यता, भूयाग्रं खलु कंटकादिकमितः प्राप्तं व्यपाकुर्वता। हस्त्यश्वादि विगाहितेन च पथा नातिद्रुतं धीमता वृत्त्यर्थं गमनीयमप्यनुदिनं रात्रौ तु नेतिव्रतात्। (मुनि० ६) पंच समितियों में इस समिति का उल्लेख है। प्रथम महाव्रती साधक गमनागमनादि में इसी समिति का पालन करना है। (मुनि० २)

ईर्ष्य् (अक०) डाह करना, असहिष्णु होना। (जयो० ५/९६)

ईर्ष्य (वि०) [ईर्ष्य्+अच्] ०ईर्ष्यालु, ०द्वेष करने वाला, ०बुरा चाहने वाला।

ईर्ष्यारीति (स्त्री०) ईर्ष्याविधि। (जयो० ५/९६)

ईर्ष्या (स्त्री०) जलन, डाह।

ईर्ष्याकरणं (वि०) स्पर्द्धन। (जयो० वृ० १४/१३) स्पर्धा, डाह, जलन।

इर्ष्यालु (वि०) जलने वाला। (समु० ९/५)

ईर्ष्याविधिः (स्त्री०) ईर्ष्यारीति, डाह पद्धति।

ईलिः (स्त्री०) [ईड्+क्रिं डस्य लः] १. छोटी असि, लघु खंग, छोटी तलवार। २. डण्डा। ३. एक अस्त्र विशेष।

ईश् (अक०) राज्य करना, स्वामित्व होना, अधिकार होना, आदेश देना, आज्ञा करना, शासन करना। 'ईशिता तु जगतां पुरुदेवः' (जयो० ४/४९)

ईश (वि०) [ईश्+क] १. स्वामी, नायक, (जयो० १/२) चरित्रनायक। (जयो० ४/४३, वीरो० १/२०) 'कस्त्वदीशदुहितुर्भुवि योग्यः' (जयो० ४/४३) २. पति, ३. शक्तिशाली, सर्वोपरि, नरेश (जयो० वृ० १/२) ऐश्वर्यशाली। ४. ईश्वर, अर्हत, भगवन् (जयो० ८/८६) (४/६८) ईशे भगवति स्वमिति।

ईशतुजः (पुं०) स्वामी का पुत्र, भगवान् का पुत्र। 'आदिपुरुषस्य तुग् भरतः' (जयो० ९/५०)

ईशदिक् (स्त्री०) शुभसूचक दिशा, 'भवतीशदिक्- सदिष्ट-शकुनैश्च गुणीशः।'

ईशदुहितृ (स्त्री०) राजपुत्री। (जयो० ४/४३)

ईशा (स्त्री०) समर्थ स्त्री, ऐश्वर्य शालिनी। (जयो० २२/३०)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ईशानः (पुं०) [ईश् ताच्छील्ये चानश्] १. स्वामी, (जयो० १/१) मालिक, शासक, राजा। (जयो० १/८७) २. उत्तर-पूर्वी दिशा। ३. ईशान देव विशेष।

ईशानकोणः (पुं०) ईशानकोण, उत्तर-पूर्वी दिशा का कोण 'स्वस्य श्रीशानदिशः ईशानकोणतः' (जयो० वृ० ३/७१)

ईशानदिक् (स्त्री०) ईशानदिशा (जयो० वृ० ३/११)

ईशान्तिक (वि०) पति के समीप, स्वामी के पास। 'ईशस्यान्तिकं स्वामिनः समीपम्' (जयो० वृ० १४/६३)

ईशायित (वि०) शुभ संवाहक।

ईशायिता (वि०) ईश के शुभ संवाहक, ईशस्य भगवतोऽयः शुभावहो विधिः। भगवत् विषयक विधि, क्रिश्चियन वृत्ति। (जयो० २८/२५) ईशाईवृत्ति (वीरो० १९/१०)

ईशिता (वि०) [ईशिनो भावः-ईशिन्+तल्+टाप्] सर्वोच्चता, अतिमहत्त्वपूर्ण, स्वामित्वपना। (जयो० ४/४९)

ईशितु (वि०) [ईशिनो भावः-ईशिन् तु] स्वामित्वपना। (जयो० २२/५१)

ईशित्वं (नपुं०) ईशित्व नामक ऋद्धि।

ईश्वरः (पुं०) स्वामी, नायक, भगवन्। (सुद० १/२२)

ईश्वर (वि०) सामर्थ्यवान्, शक्तिमान्, योग्य, समर्थ-'भवेद्भुवि भावि यदीश्वरः' (जयो० ९/२९) 'ईश्वरः समर्थः' (जयो० वृ० ९/२९) 'ईश्वरः सामर्थ्यवान्' (जयो० वृ० ९/२९) 'भुवि नान्वभिधातुमीश्वरः' (जयो० १०/७४) 'ईश्वरो युवराजा माण्डलिकोऽमात्यश्च। अन्ये च व्याचक्षते अणिमाद्यष्ट-विधैश्वर्ययुक्त ईश्वरः। (जैन०ल० १४०) 'येनाप्तं परमैश्वर्यं परमानन्दसुखास्पदम्' (सम्मु० २४०)

ईश्वरवादः (पुं०) ईश्वराधीन कथन।

ईश्वरि (वि०) ईश्वर संबंधित। (जयो० वृ० १/१)

ईश्वरोज्झनदिक् (स्त्री०) स्वामियों के विरह से उत्पीड़ित दिशा। 'ईश्वराणामुज्झनं परित्यजनं दिशन्तीति किलेश्वरोज्झनदिशः प्राणेश्वरविरहंवदा दिशो दशापि' (जयो० वृ० ५/८)

ईष् (अक०) ०उड़ जाना, ०भागना, ०देखना, ०अवलोकन करना।

ईषः (पुं०) [ईष्+क] आश्विन मास।

ईषणाशील (वि०) ईर्ष्यास्थान। (वीरो० २२/२०)

ईषत् (अव्य०) [ईष्+अति] कुछ, किञ्चित्, थोड़ा सा, अल्प।

ईषत्कर (त्रि०) कुछ करने वाला।

ईषत्पाण्डु (वि०) कुछ पीला, हल्का पीला।

ईषत्पुरुषः (पुं०) निन्दक जन, घृणायुक्त पुरुष।

ईषत्प्राग्भार (पुं०) पृथिवी का एक नाम, जो पूर्व-पश्चिम में रूप से कम एक राजू चौड़ी, उत्तर-दक्षिण में कुछ कम सात राजू लम्बी और आठ योजन मोटी है। जो बेंत के समान है। (जैन०ल० २४०)

ईषत्-भावः (पुं०) थोड़ा परिणाम, अल्प परिणाम।

ईषत्माणं (नपुं०) किञ्चित् मान, कुछ अहंकार।

ईषत्-यमं (नपुं०) अल्प यम।

ईषत्-रक्तं (नपुं०) थोड़ा लाल।

ईषत्-हासं (नपुं०) थोड़ी हंसी, कुछ मुस्कराहट, अल्प परिहसन।

ईषा (स्त्री०) [ईष्+क+टाप्] गाड़ी का फड़, हलस।

ईषिका (स्त्री०) [ईषा+कन्+इत्वम्] १. कूची, २. अस्त्र विशेष।

ईषीका देखें ईषिका।

ईह् (सक०) १. चाहना, कामना करना, (ईहते०सम्० ७/२) इच्छा करना। (जयो० ३/६७) २. प्रयास करना, लक्ष्य बनाना, कोशिश करना। 'कस्य करक्रीडनकं निश्चेतुमितीहमानः' (जयो० ३/६९) 'विसर्गमात्मश्रित्य ईहमानः' (सु० १/२३) उक्त पंक्ति में 'ईह्' धातु समझने अर्थ में प्रयुक्त हुई है। 'उक्तं पर्वोपवासाय समस्तीहार्हता स्वयम्' (सुद० ९६) उक्त पंक्ति में में 'ईह्' धातु का अर्थ मानना है 'राज्ञीहाऽ हं द्वारि खलु नामीहं गार्मधिपस्य' (सुद० ९४) स्वामी का आज्ञा मानना।

ईहा (स्त्री०) मतिज्ञान का एक भेद, विशेष आलोचन, जिज्ञासा, चेष्टा कामना, वाञ्छा, इच्छा, चाह। (सम्य० १३५) 'अवग्रहीतस्यार्थस्य विशेषकांक्षणमीहा' (धव० १/३३४) 'ईहते चेष्टते अनया बुद्ध्या इति ईहा' (धव० १३/२४२)

उ

उः (पुं०) यह वर्णमाला का पंचम स्वर है। इसे ह्रस्व माना गया है, इसका उच्चारण स्थान ओष्ठ है।

उ (अव्य०) १. सम्बोधन, आमन्त्रण, निमन्त्रण, अनुकम्पा, दया, करुण, आश्चर्य, विस्मय, स्वीकार, प्रश्न, इच्छा आदि के अर्थ में इस अव्यय का प्रयोग होता है। २. नु किन्तु, परन्तु, विशेषण हेतु आदि के लिए भी इसका प्रयोग किया जाता है। ३. पादपूर्ति के लिए भी इसका प्रयोग होता है।

उक्त (भू० क० कृ०) [वच्+क्त] कथित उक्तं प्रतीतम् -शब्दे

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उच्चारिते सति यदवग्रहादिज्ञानं जायते। (त० वा० १/६) ०कहा गया, ०प्रतिपादित, ०प्रयुक्त, ०संज्ञात, ०भाषित, ०कथित, ०विवेचित। (सम्य० ७८२, जयो० वृ० १/९) 'धरति श्रियमेष एवमुक्तः' (जयो० १२/५४) 'इत्येवमुक्तः संज्ञातो' (जयो० वृ० १२/५४) 'इत्युक्ताऽथगता चेटी' (सुद० ७७)

उक्तकेतुः (पुं०) नाम विशेष। (सुद० ११०) 'राज्ञी गाता महामस्तूक्तकेतुः रुष्टः। (सुद० ११०)

उक्ततन्तु (वि०) क्लेद से व्याप्त। 'विलोपमं तत्कलिलोक्ततन्तु' (सुद० १०२)

उक्तपत्ररसनः (पुं०) उपर्युक्त बात, उक्त कथन। 'उक्तं पत्रं शब्द समूहं रसति स्वकरोतीत्युक्तपत्ररसनो' (जयो० वृ० ४/५)

उक्तप्रकार (पुं०) उपर्युक्त, कथनानुसार। (सुद० ९०)

रक्तरीति (वि०) उपयुक्त विधि (सुद० १/८)

उक्तवती (वि०) ०कहती हुई, ०बोलती हुई, ०भाषिता ०इत्थमुक्तवति काशिनरेशे' (जयो० ४/२०) 'उक्तवती-जगाद यद्' (जयो० वृ० ६/३४)

उक्ता (वि०) कथिता, भाषिता। (सुद० ७७)

उक्तावग्रहः (पुं०) गुणाविशिष्ट का ग्रहण। नियमित गुण-विशिष्टार्थग्रहणमुक्तावग्रहः। (मूला०वृ० १२/८७) 'अनुक्तस्य अवग्रहः' (त०वृ० १/१६)

उक्तिः (स्त्री०) [वच्+क्तिन्] ०अभिव्यक्ति, ०कथन, ०भाषण, ०वक्तव्य, ०विचार, ०अभिप्राय, ०सुझाव। (सम्य० ७१) 'उचितामुक्तिमप्याप्तवा' (सुद० ९०) 'मदुक्तिरेषा भवतां सुत्रस्तु' (सुद० २/२९)

उक्तिपूर्वक (नपुं०) कथनपूर्वक, विचारपूर्वक। 'भगवन्नमनोक्तिपूर्वकम्' (समु० २/२५)

उक्तिविचक्षणं (नपुं०) अनुरूप वचन बोलने में प्रवीण। (सुद० ११९) 'कामानुरूपोक्तिविचक्षणाऽदः।' (सुद० ११९)

उक्थं (नपुं०) [वच्+थक्] ०वाक्य, ०कथन, ०विचार, ०स्तोत्र, ०स्तुति, ०प्रशंसा।

उक्ष् (अक०) ०छिड़कना, ०गीला करना, ०सींचना, ०तर करना, ०विकीर्ण करना, ०फैलाना, ०बरसाना।

उक्षणं (नपुं०) [उक्ष्+ल्युट्] मंत्रित करना, प्रभावित करना, आधीन।

उक्षन् (पुं०) सांड, बैल, बलिवर्द, वृषभ।

उख् (अक०) हिलना, कांपना, डोलना।

उखा (स्त्री०) [उख+क+टाप्] पतीली, डेगची, बटोही।

उख्य (वि०) डेगली में तपाया, उबाला गया।

उगिति (वि०) मन लगाने वाला। (मुनि० २३)

उग्र (वि०) [उच्+रन् गश्चान्तादेशः] ०कठिन, ०कठोर, ०भीषण, ०तीव्र, ०क्रूर, ०भयंकर, ०भीम, ०प्रबल, ०हिंसक, ०शक्तिशाली, ०तीक्ष्ण, ०उच्च, ०भद्र। 'सद्धारगङ्गाधर-मुग्ररूपं' (जयो० १६/१४) (वीरो० १७/३४) उक्त पंक्ति में 'उग्र' का अर्थ 'महादेव' एवं उन्नत दोनों हैं। 'उग्ररूपं महादेव-स्वभावमुन्नतस्वभावं वा' (जयो० वृ० १६/१४)

उग्रमहीपसूनुः (पुं०) उग्रसेन का पुत्र, कंस पुत्र। (वीरो० १७/३४)

उग्रगंध (वि०) तीव्र गन्ध, अधिक गन्ध।

उग्रचारिणी (वि०) उग्र स्वभावी।

उग्रचण्डा (वि०) अत्यधिक क्रोध वाला।

उग्रघटा (स्त्री०) घनघोर घटा।

उग्रजंतु (पुं०) क्रूर प्राणी।

उग्र-तप (पुं०) कठोर तप। 'इत्येवमत्युग्रतपस्तपस्यन्' (सुद० ११९)

उग्र-दार-कान्ति (स्त्री०) धूर्जटि स्त्री, पार्वती, कान्तियुक्त परमसुन्दरी। 'उग्रदाराणां धूर्जटिस्त्रियाः पार्वत्याः कान्तिर्यया तां परमसुन्दरीं तां बालां भूयः' (जयो० ६/७८) श्रीदेवकी यत्तजुजापिदूने कंसे भवत्युग्रमहीपसूनुः।

उग्रविधिः (स्त्री०) कठिन चर्या।

उग्रसेनः (पुं०) नाम विशेष, मथुरा राजा और कंस का जनक उग्रसेन। (दयो० पृ० १००)

उग्रोग्रतपः (पुं०) कठिन तप, तीव्र तप। एक ऋद्धि विशेष। (तिलोयपण्णत्ति १०५१)

उच् (सक०) ०चयन करना, ०इकट्ठा करना, ०संचय करना, ०जुटाना।

उचित (भू० क० कृ०) १. योग्य, ठीक, अच्छा। २. प्रचलित, उपयुक्त। ३. अभ्यस्त, 'उचितमभ्यस्तमित्युपमा' (जयो० वृ० २१/२४) 'हृदि प्रवेशोचिता विशेषात्' (सुद० १/४२) 'तुगहो गुण-संग्रहोचिते' (सुद० ३/२२) उक्तं पंक्ति में 'उचित' का अर्थ परिपूर्ण, भरा हुआ है। 'समये पुण्यमये खलूचिते' (सुद० ३/१)

उचितज्ञ (वि०) उचित बात को जानने वाली 'उचितज्ञताधिपन्न-- (जयो० १५/७८)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उचित्तवृत्तं (नपुं०) उत्तम छन्द रूप, स्पष्ट गोलाकार, श्रेष्ठ वृत्त भाव। (सुद० २/३०)

उचितविधिः (स्त्री०) योग्य विधि, उचित कर्तव्य। 'क्षन्तव्योऽस्मि तवोचितोचितविधौ सद्भावनामण्डिते' (सुद० पृ० ९५)

उचित-संस्थानं (नपुं०) उत्तम स्थान। (सुद० पृ० ८३) 'पुन्नागोचित-संस्थानं'

उचितस्थलं (नपुं०) उत्तम स्थान। (सुद० वृ० ७६) 'नातःस्थातुं शशाकेदं मनागप्युचितस्थले' (सुद० ७६)

उचितात्मरीतिः (स्त्री०) स्वकुलाचार नियम (जयो० २/४९) ०योग्य रीति, अनुकूल एवं प्रचलित परम्परा।

उचितोचित (वि०) [उद्+चित्+ड] उन्नत, उत्कृष्ट, (सुद० १/१३) ऊपर, ऊँचा (जयो० वृ० १/५)

उच्चकैः (अव्य०) उन्नत, ऊँचा, उच्च।

उच्चखान (भू०) उखाड़ना, निकालना, खोदना। (समु० ९/४) (जयो० २८/७)

उच्चगोत्रं (नपुं०) उच्चकुल।

उच्चक्षुस् (वि०) ऊपर नेत्र करने वाला, निकाली गए नेत्रों वाला।

उच्चण्ड (वि०) भीषण, उग्र, कठिन, तीव्र, प्रचण्ड, भयंकर, भयावह।

उच्चपदं (नपुं०) उच्चस्थान। (वीरो० १८/४२)

उच्चन्द्रः (पुं०) रात्रि का अंतिम प्रहर।

उच्चतर (वि०) उच्चैस्तन। (जयो० १५/१३)

उच्चयः (पुं०) [उद्+चि+अच्] १. समुदाय, समूह, संग्रह, राशि। २. स्कन्धच्युत। 'श्री गैरिकस्योच्चय एव भानोः' (जयो० १५/१३) उच्यते-कहना (सम्य० ११५)

उच्चर् (सक०) उच्चारण करना, बोलना, प्रतिभाषित करना। उच्चरतु सुद० ९९, वचसोच्चरतामिदम् (हित०२) 'देवध्वनिं नित्यमनूच्चरन्ति' (जयो० १/८७) 'महर्षि-पठितमनुवदन्तीत्यर्थः' (जयो० वृ० १/८७)

उच्चरथः (पुं०) उत्तमरथ, सुरथ, श्रेष्ठ यान। (जयो० वृ० १३/७)

उच्चरणं (नपुं०) उच्चारण। (जयो० २/३५)

उच्चल् (अक०) चलना, हटना, अलग होना, दूर होना (जयो० २/४६) 'पान्थ उच्चलति किं कदा पथः' (जयो० ७/५५) चंचल होना-उच्चलेत् (जयो० २/१५२)

उच्चारणपूर्वकं (नपुं०) कथन पूर्वक, विवेचन पूर्वक। (सुद० ४/४६)

उच्चलनं (नपुं०) [उद्+चल+ल्युट्] चलना, कूच करना, उत्पथगामी। (दयो० ४०)

उच्चलित (भू० क० कृ०) [उद्+चल्+क्त] प्रस्थान करने वाला, चलने में तत्पर।

उच्चवर्णः (पुं०) श्रेष्ठवर्ण, सुवर्णभाव। (जयो० वृ० ११/८८)

उच्चाटनं (नपुं०) [उद्+चट्+णिच्+ल्युट्] मन्त्र विशेष, उन्मूलन, निस्सरण, जादू चलाना। 'णमो विज्जाहराणं' (जयो० वृ० १९/६९)

उच्चालकं (वि०) उच्च स्थान वाला। (दयो० ४८)

उच्चालन (वि०) चलायमान करने वाला। (सुद० ११६) डिगाने वाला।

उच्चारणं (नपुं०) कथन, प्रतिपादन, भाषण। 'यावच्छ्रीजिन-नामोच्चारणात्' (सुद० ९६)

उच्चारः (पुं०) [उद्+चर्+णिच्+घञ्] १. मल-मूत्र विष्ठा, गोबर। २. उच्चारण, कथन, अभिभाषण। ३. विसर्जन, छोड़ना।

उच्चारणपूर्वक (नपुं०) कथनपूर्वक, विवेचनपूर्वक।

उच्चारणं (नपुं०) कथन, प्रतिपाद, प्ररूपणा। * भाषण।

उच्चार-प्रस्रवणं (नपुं०) मल मूत्रादि का विसर्जन। (मूला०५/१२४)

उच्चावच (वि०) [उदक् च अवाक् च] अनियमित, ऊँचा-नीचा, ऊबड़-खाबड़।

उच्चूडः (वि०) [उद्गता चूडा यस्य] ध्वज, ऊपर फहराने वाला ध्वज/झण्डा।

उच्चैः (अव्य०) [उद्+चि+डैस्] उन्नत, ऊपरीगत, ऊपरी, उत्तुंग, ऊँचा। (सुद० १/१३)

उच्चैःकुलं (नपुं०) उत्तम कुल।

उच्चैः स्तनं (नपुं०) १. पृथुलस्तन, पीनतम पयोधर। (जयो० ३/७२, सुद० १२२) 'उच्चैस्तनफलोदयप्राय' (जयो० ११/९५) (जयो० ११/३) ''उच्चैःस्तनानां पृथुलानां फलाना-मुदयप्रायो यस्याः'' या उच्चैस्तन-उपरिप्रदेशे' (जयो० वृ० ११/९५)

उच्चैर्लम्बमान (व०कृ०) ऊर्ध्वायित, उच्चता प्राप्त। (जयो० वृ० १३/३६)

उच्चैःवादः (पुं०) उत्तम वचन, मधुरालाप।

उच्चैःशिरस् (वि०) हे महाभाग, महानुभाव, सज्जन।

उच्छ् (सक०) १. बांचना, पढ़ना। २. त्यागना, छोड़ना। (जयो० वृ० ११/४३)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उच्छन्न (वि०) [उद्+छद्+क्त] उखाड़ा गया, हिलाया गया, लुप्त, समाप्त, नष्ट।

उच्छल (वि०) उछलना। (सुद० १/७)

उच्छलत् (वि०) [उद्+शल+शतृ] १. चमकता हुआ, देदीप्यमान होता हुआ। २. उच्चगत, ऊँचाई पर जाता हुआ। (सुद० १/२७)

उच्छलनं (नपुं०) [उद्+शल्+ल्युट्] उड़ना, ऊपर जाना।

उच्छादनं (नपुं०) [उद्+छद्+णिच्+ल्युट्] १. ढाकना, आच्छादित करना। २. मलना, मसलना, लेप करना।

उच्छालित (वि०) फेंकी गई, ऊपर की गई। (वीरो० १६/५)

उच्छासन (वि०) [उत्क्रान्त शासनम्] निरंकुश, अनियंत्रित।

उच्छिख (वि०) [उद्गता शिखा यस्य] १. शिखा युक्त, २. ज्योति युक्त। ३. दीप्तिवान्।

उच्छि-खन्व (वि०) ऊपर। (सुद० १/१६)

उच्छित्तिः (स्त्री०) [उद्+छि+क्तिन्] नाश, विनाश, उखाड़ना, समूल नष्ट करना।

उच्छिन्न (भू० क० कृ०) [उद्+छिद्+क्त] विनष्ट, नाश, समाप्त, उखाड़ा गया।

उच्छिरस् (वि०) [उन्नतं शिरोऽस्य] १.विनम्र, विनीत, २. कुलीन, उन्नत। ३. सज्जन, महानुभाव, आदरणीय, पूज्य।

उच्छिलीन्ध्र (वि०) कुकुरमुत्ता, सांप की छतरी।

उच्छिष्ट (भू० क० कृ०) [उत्+शिष्+क्त] १. अवशेष, शेष, बचा हुआ, त्यक्त, विसर्जित, छोड़ा गया। (दयो० ७, सम्० ४/२) २. निःसार, जूठन-'यदुच्छिष्टमहो विधात्रा' (सम्० ४/२) (जयो० ११/७५)

उच्छिष्टांश (वि०) समुत्कर, निःसृत भाग, प्रवाहित भाग। (जयो० वृ० ११/४३)

उच्छीर्षकं (नपुं०) उपधान, तकिया।

उच्छुतिः (स्त्री०) सद्भाव वृद्धि। (जयो० २/१०५)

उच्छुष्क (वि०) [उत्+शुष्+क्त तस्य कः] मुरझाया, शुष्क, सूखा।

उच्छून (वि०) [उद्+श्वि+क्त] मोटा, बलशाली, सशक्त, दृढ़, फूला हुआ। (जयो० ११/४०)

उच्छूनता (वि०) प्रफुल्लता, फूला हुआ, उत्तुंग। (जयो० ११/६०)

उच्छृङ्खल (वि०) [उद्गत शृङ्खलातः] निरंकुश, अनियन्त्रित, वशरहित। (जयो० ११/४१) उदवेल युक्त। (जयो० ३/९२)

उच्छृङ्खलभाषिन् (वि०) निरंकुश कथन, मुखरीवादक, व्यर्थालापी। (जयो० ११/४१)

उच्छादनं (नपुं०) अनाविर्भाव।

उच्छेदः (पुं०) [उद्+शिष्+घञ्] उखाड़ना, उद्भिद।

उच्छेदक (वि०) अन्तर, विरह, विरोध, व्यधान। (जयो० २४/१९) काटना, मूलोच्छेन, उच्चाटन।

उच्छेदनं (नपुं०) उखाड़ना, काटना। (जयो० वृ० २४/७३)

उच्छेदी (वि०) विनाशगत, नष्ट हुआ, विध्वंस को जात। (वीरो० ६/७)

उच्छेषः (पुं०) [उद्+शिष्+घञ्] शेष, अवशेष, अवशिष्ट, बचा हुआ।

उच्छोषण (वि०) सुखाने वाला, मुर्झा देने वाला।

उच्छोषणं (नपुं०) सुखाना, मुर्झाना।

उच्छ्र (अक०) [उद्+श्रि+अच्] उदय होना, निकलना।

उच्छ्रयः (पुं०) वृद्धि, विकास।

उच्छ्रयणं (नपुं०) [उद्+श्रि+ल्युट्] उन्नयन, विकास, विस्तार, फैलाव, प्रसार।

उच्छ्रितः (भू० क० कृ०) [उद्+श्रि+क्त] १. उत्थापित, उठाया गया, ऊँचा किया। २. वर्धमान, बढ़ाया गया, वृद्धि गतंगत, ३. समृद्ध, वृद्धि प्राप्त।

उच्छ्वसनं (नपुं०) [उद्+श्वस्+ल्युट्] सांस लेना, निःश्वास, आश्वास, आह भरना।

उच्छ्वसित (भू० क० कृ०) [उद्+श्वस्+क्त] उच्छ्वास, निःश्वास, आश्वास, गहरी सांस लेना।

उच्छ्वासः (पुं०) [उद्+श्वस्+घञ्] १. सांस, निःश्वास, ऊसार, उर्ध्ववातोद्गम। २. एक अंग, भाग, हिस्सा, आश्वास। ३. प्रोत्साहन, आश्वासन। 'उर्ध्वगमनस्वभावः परिकीर्तितः' उर्ध्व वातोद्गम य स उच्छ्वासः। (जैन०ल० २४५)

उच्छ्वास-नामकर्म (नपुं०) ०उच्छ्वसन, ०आश्वास, प्राणापान ग्रहण, निःश्वास सामर्थ्य। 'उच्छ्वसनमुच्छ्वासस्तस्य नाम उच्छ्वास नाम' (जैन०ल० २४५)

उच्छ्वास-पर्याप्तिः (स्त्री०) आन-प्राणपर्याप्ति।

उच्छ्वास-निःश्वास-पर्याप्तिः (स्त्री०) सांस लेने, छोड़ने की शक्ति।

उज्जगज (वि०) विशेष गर्जना। (सुद० २/३६)

उज्जयिनी (स्त्री०) अवन्ति नगरी, मालवा का प्रसिद्ध नगर। (दयो० १०/१०)

उज्जासनं (नपुं०) [उद्+जस्+णिच्+ल्युट्] हनन, घात, विच्छेद, विनाश।

उज्जिहानं (वि०) [उद्+हा+शानच्] उदित, ऊपर जाता हुआ। बहिर्गत।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उज्जीवय् (सक०) जीवित करना, प्राण देना। (जयो० १/७६)

उज्जृम्भ (वि०) १. जम्भाई लेना, मुंह खोलना। २. फुत्कारित, फुलाया हुआ।

उज्जृम्भाषणं (नपुं०) [उद्+जृम्भ+अ+ल्युट्] जम्भाई लेना, उवासी, मुंह खोलना।

उज्ज्य (वि०) [उद्गता ज्या यस्य] धनुर्धर, धनुष पर डोरी खुली रखने वाला।

उज्ज्वल (वि०) [उद्+ज्वल्+अच्] धवल (जयो० १३/३९) दीप्ति, कान्तियुत, चमकयुक्त, प्रभावान्, स्वच्छ। (वीरो० २/४) 'उज्ज्वलो वाच्यवद्दीप्ते परिव्यक्तविकाशिषु' इति विश्वलोचन:' (जयो० ४/४९) 'मुक्तोपम-तन्दुल-दलमुज्ज्वलमादाय श्रद्धाया:' 'दुग्धाब्धिवदुज्ज्वले' (सुद० ९०) यहां 'उज्ज्वल' का अर्थ पवित्र (जयो०)

उज्ज्वल-कुम्भ: (पुं०) मङ्गलकलश, इष्टकुम्भ। (जयो० १६/१०) पीयूष-पादोज्ज्वल-कुम्भदृष्टया' (जयो० १६/१)

उज्ज्वलजलं (नपुं०) निर्मलजल, शीतल जल। 'नीरमुज्ज्ल-जलोद्भवनिष्ठ' (जयो० ४/५९)

उक्त पंक्ति में 'उज्ज्वल' का अर्थ विनाश भी किया है। 'शरदि उज्ज्वलैर्विकाशिभि: जलोदभवै: कमलै र्निष्ठम्' (जयो० वृ० ४/५९)

उज्ज्वल-ज्वाला (स्त्री०) प्रकाशमान ज्वाला, देदीप्यमान ज्वाला। (सुद० २/१७) नयन्तमन्तं निखिलोन्किरंतं समुज्ज्वलज्ज्-वालतय। लसन्तम्।' (सुद० २/१७)

उज्ज्वलवर्ण: (पुं०) निर्मल अक्षर, स्वच्छवर्ण, पवित्र वर्ण। 'उज्ज्वल: पवित्रो वर्ण: उज्ज्वलैर्निर्मलैर्वर्णरक्षरै:। (जयो०

उज्झ् (सक०) त्यागना, छोड़ना, लताना, टालना, बचना, विसर्जन करना। उज्झेत्-कथंकारं त्यजेदिति (जयो० वृ० २५/७५) 'परं समस्तोपधिमुज्झिहाना' (सुद० ११५) 'समस्तमप्युज्झतु सम्व्यवायं' (सुद० १३१) उज्झितुं- (सुद० ११३)

उज्झक: (पुं०) [उज्झ्+ण्वुल्] १. बादल, मेघ, घनघोर घटा। २. भक्त, श्रद्धाशील।

उज्झनं (नपुं०) त्यागना, छोड़ना, परिमुंचन, विसर्जन, प्रस्रवण। (मुनि० १४)

उज्झित (भू० क० कृ०) छोड़ा गया, त्यक्त, परित्यक्त (जयो० १२/७१) विसर्जित किया गया। (जयो० ११/३५) उज्झितु-त्यजतु (वीरो० २/१०) उज्झिता (सुद० ३/३५) उज्झितो (सुद० २/२) नित्यं पादप-कोटरादिषु वशेदन्यानपेक्षिप्वथा प्युदिभन्नादितयोज्झितेषु च चुरादूरे चर: सर्वथा। (मुनि० ८) उक्त पंक्ति में 'उज्झित का निर्जन, एकान्त, शून्यगृह आदि भी अर्थ निकलता है अर्थात् मुनि उजड़े आवासों में रहे। 'यद्वा पदोरेव मदोज्झितासाऽमुष्या:' (जयो० ११/७२) मदोज्झिन्ता-निरभिमाना-रहित अर्थ है। एषणा दोष विशेष।

उञ्छ् (सक०) एकत्रित करना, बीनना, संग्रह करना, जुटाना।

उञ्छ: (पुं०) [उञ्छ्-घञ्] एकत्रित करना, संग्रहण।

उञ्छनं (नपुं०) [उञ्छ्+ल्युट्] इकट्ठा करना, बटोरना, खलिहान से बीनना।

उटम् (नपुं०) [उ+टक्] पत्ता, घास।

उट्टङ्क: (पुं०) प्रहार, आघात। (जयो० ६/६०)

उट्टङ्कित (वि०) प्रहारित, उत्कीर्ण किया गया। (जयो० ६/६०) (दयो० ४२)

उडु: (स्त्री०) १. नक्षत्र, तारा। २. वारि, जल।

उडुगण: (पुं०) तारासमूह। (समु० ६/७)

उडुचक्रं (नपुं०) राशिचक्र।

उडुप: (पुं०) नक्षत्रपति, चन्द्र। (जयो० १५/२१) 'उडुपश्चन्द्रमा' (जयो० वृ० १५/२१)

उडुपं (नपुं०) बाड़, बेड़ा, घेरा।

उडुपरम्परा (स्त्री०) नक्षत्र परम्परा। (जयो० २४)

उडुपति: (पुं०) चन्द्र, चन्द्रमा।

उडुपांशु: (नपुं०) चन्द्रकिरण। 'उडुपस्य चन्द्रमसोऽशुवत्किरण-समूह' (जयो० २१/५)

उडुपथ: (पुं) आकाश, खे, नभ, अन्तरिक्ष।

उडुवर्ग: (पुं०) पक्षी वर्ग। (वीरो० ४/२०)

उडुरत्नं (पुं०) चन्द्रमा। (जयो० ११/६४)

उड्डयनं (नपुं०) [उद्+डी+ल्युट्] ऊपर उड़ना, उड़ान भरना। (जयो० ३/७)

उड्डयनसाधनं (नपुं०) ०यान, ०उड़ने का साधन, ०वाहन, ०विमान। (जयो० ३/७)

उड्डायनं (नपुं०) उड़ाना, उड़ान भरना। चिन्तार्याणं शिपत्येष काकोड्डायनहेतवे। (सुद० १२८)

उड्डीन (भू० क० कृ०) [उ+डी+क्त] उड़ाया गया, भगाया गया, ऊपर की ओर किया गया।

उड्डीयनं (नपुं०) [उड्ड: स एव आचरति-क्यङ् उड्डीय+ल्युट्] उड़ान भरना, उड़ना, उड़ान, ऊपर की ओर जाना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उड्डीशः (पुं०) [उद्+डी+क्विप्] (उड्डी तस्य ईशः) शिव।

उड्डः (पुं०) देश नाम, उड़ीसा।

उत् (अव्य०) [उ+क्त] यह अव्यय १. संभावना, संदेह, अनिश्चतता, अनुमान, संयोग, साहचर्य, प्रति, लेकिन आदि के अर्थ में होता है। २. कहीं-कहीं पर शब्द से पूर्व उत् के प्रयोग होने पर 'विपरीत' अर्थ भी व्यक्त होता है। उत्पथगामी अपथ। (जयो० वृ० २/१३२) ३. 'उत्' का अर्थ ऊपर भी है-'रक्तमस्म्युत्थमेतीति तदेकभक्तः' (सुद० १२१)। ४. 'उत्'-सहित, प्रत्युद्भूत-'रसातलं तूत्तलसातलं' (जयो० ५/९०) उत्तलं-प्रत्युद्भूतलम्' (जयो० वृ० ५/९०) ५. 'उत्'-अव, तो, लेकिन, बल्कि- (वीरो० ४/१७) 'निगेयं मया किं विधेयं करोतूत सा' (सुद० ९५) 'क्षणभङ्गस्तां न स्वप्नेऽप्युत' (सुद० ९९) ६. 'उत्' ऊपर, उठा हुआ। 'शान्तिर्भवातापत उत्थिताय' (भक्ति० २४)

उतथ्यः (वि०) तथ्यपूर्ण, रहस्य युक्त।

उताङ्गिन् (पुं०) प्राणी, सत्त्व, जीव। 'प्रभुर्भक्तिरुताङ्गिनां भवेत्फलदा' (सुद० ३/५)

उताश्नुवान् (वि०) उपवास करने वाला, 'नाऽऽमासमासमापक्षमुताश्नुवानः' (सुद० ११८)

उतास्थित (वि०) उचित रूप से रहना, अच्छी तरह स्थित होना। 'कर्तुमुतास्थितो रसात्' (समु० २/११)

उत्क (वि०) [उद्+स्वार्थे कन्] उत्कण्ठित, वाञ्छा युक्त, चाहने वाला, उत्साही, 'रोमाणि बालभावाद्धरश्रियं दृष्टुमुत्कानि' (जयो० ६/१२४) उत्कान्-उत्कण्ठितान् (जयो० वृ० ३/७४)

उत्कञ्चनं (नपुं०) काष्ठ-विशेषों का बंधन, ऊपरि बन्धन।

उत्कञ्चुक (वि०) कवच रहित।

उत्कट (वि०) [उद्+कटच्] १. उच्च, प्रचुर, महत्, बड़ा, प्रशस्त, उन्नत, शक्तिसम्पन्न, भयानक, भीषण। 'स्फटयोत्कटया समुच्छ्वसन्नपि (जयो० १३/४१) २. श्रेष्ठ, उत्तम। ३. विषम।

उत्कण्ठ (वि०) [उन्नतः कण्ठो यस्य] १. तत्पर, उद्यत, तैयार। २. उत्साहित, इच्छुक।

उत्कण्ठा (स्त्री०) [उद्+कण्ठ+अ+टाप] १. चिन्ता, आतुरता, बैचेनी। (दया० ६५) २. खिन्न, खेद, शोक, दुःख। (जयो० वृ० १२/१३०)

उत्कण्ठित (भू० क० कृ०) [उद्+कण्ठ+क्त] १. उत्साहित, इच्छुक, उत्साही। (जयो० वृ० १२/१३०)

उत्कन्धर (वि०) [उन्नतः कन्धरोऽस्य] उद्ग्रीव, गर्दन ऊपर किए हुए।

उत्कम्प (वि०) कम्पित, चलायमान, विचलित, हिलता हुआ।

उत्कर (वि०) [उद्+कृ+अप्] १. समुदाय, अवयव, समूह। 'नयन्तमन्त निखिलतोत्करं तं' (सुद० २/१७) २. कणिका-(वीरो० १/१५) 'करादुत्कर संविधा तु' ३. कुठारादि भेदन।

उत्कर्करः (पुं०) वाद्य विशेष।

उत्कर्तनं (नपुं०) [उद्+कृत्+ल्युट्] काटना, मूलोच्छेदन करना, जड़ से निकालना, कतरना, उखाड़ना।

उत्कर्षः (पुं०) [उद्+कृष्+घञ्] वृद्धि। (जयो० १/९५) (३/८३) उन्नति, उदय, अभ्युदय, विकास, समृद्धि, बहुलता। २. उत्कृष्टता, सर्वोपरिगुण, विशेष यश। परोत्कर्ष-सहिष्णुत्वं जह्यद्वाञ्छन्निजोन्नतिम्' (सुद० ४/४२)

उत्कर्षणं (नपुं०) [उद्+कृष्+ल्युट्] १. उन्नत, उदय, विकास। २. ऊपर खींचना, ऊपर लेना, बढ़ा देना। ३. कर्म को वृद्धि करने वाला कारण। 'सत्तागमे कर्मणि बुद्धिनावाऽपकर्षणोत्कर्षणसंक्रमा वा।' (सुद० ८/१५) 'उक्कड्डणं हवे वड्ढी' (गो०क०४३९)

उत्कर्षप्रदायक (वि०) उदय को प्राप्त होने वाला, उन्नति दायक। (जयो० वृ० ६/५६)

उत्कलः (पुं०) [उद्+कल्+अच्] १. उड़ीसा का अपर नाम। २. चिड़िमार, बहेलिया।

उत्कल (वि०) व्याकुल, संतप्त। 'उत्कला व्याकुला भवन्त इति' (जयो० वृ० २१/९)

उत्कलाप (वि०) क्रीड़ा करते हुए, पूंछ फैलाए हुए।

उत्कलित (भू० क० कृ०) [उद्+कल्+क्त] संक्षिप्त कल्पित। (वीरो० २२/१७) परिरक्षित, रखते हुए। (जयो० ४/७) 'श्रीचतुष्पथक उत्कलिकाय' (जयो० ४/७)

उत्कलिका (स्त्री०) १. लालसा, वाञ्छा, इच्छा, चाह, आतुरता, काम क्रीड़ा। २. कली, पुष्प-कलिका। ३. उत्कण्ठा, उत्साह। (जयो० १७/१२५)

उत्कलिकावती (वि०) समुत्कण्ठावती, उत्साहजन्या। 'सुरत-तरङ्गिणि उत्कलिकावती' (जयो० १७/१२६)

उत्कल्प् (सक०) निर्माण करना, बनाना। (जयो० ९/२९) उत्कल्पयितुम्।

उत्केषणं (नपुं०) [उद्+कष्+ल्युट्] जोतना, खींचना, हल से बखरना, फाड़ना, चढ़ाना। (जयो० १०/२८)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उत्का (स्त्री०) अभिलाष वती, उत्कण्ठ शीला स्त्री। 'तपोधनं भानुमिवानुमातुमुत्का' (जयो० १/७८) 'उद्गतंसुखं प्रसन्नभावो यस्याः सेति' (जयो० वृ० १/७८)

उत्कारः (पुं०) [उद्+कृ+घञ्] १. फटकना, साफ करना। २. उत्कीर्ण करना, बीज बौना।

उत्कालित (भू० क० कृ०) अनियत काल, काल/समय का नहीं होना।

उत्कासः (पुं०) [उत्क+आस्+अण्] खखारना, गला साफ करना।

उत्किर (वि०) [उद्+कृ+श] ऊपर बिखेरता हुआ, फैलाता हुआ, उड़ाता हुआ।

उत्कीर्णय् (सक०) बनाना, निर्माण करना, रचना, घटित करना। 'उत्कीर्णानि चित्राणि' (जयो० वृ० ५/१६)

उत्कीर्तनं (नपुं०) [उद्+कृ+ल्युट्] ०गुणगान, ०प्रशंसा, ०यशोगान, ०संकीर्तन, ०उत्तम रीति से प्रशंसा करना।

उत्कीर्तना (स्त्री०) उच्चारण, ग्रन्थपाठ।

उत्कुटं (नपुं०) [उन्नतः कुटी यत्र] शान्त पूर्ण शयन, ऊपर की ओर मुंह करके लेटना।

उत्कुटिकासनं (नपुं०) उत्कडु आसन।

उत्कुणः (पुं०) [उत्+कुण्+क] मत्कुण, खटमल।

उत्कुल (वि०) [उत्क्रान्त कुलात्] कुल अपयश करने वाला, अपमानित करने वाला।

उत्कूजः (पुं०) कूक, कुहु कुहु शब्द, कोयल का शब्द।

उत्कूटः (पुं०) [उन्नतं कूटस्य] छतरी, छाता, छत्र।

उत्कूर्दनं (नपुं०) [उद्+कूर्द+ल्युट्] कूदना, उछलना, ऊपर छलांग लगाना।

उत्कूल (वि०) [उत्क्रान्तः कूलात्] नदी तट पर, किनारे पर।

उत्कूलित (वि०) नदी तट पर लगने वाले।

उत्कृष्ट (भू० क० कृ०) [उद्+कृष्+क्त] १. उन्नत, श्रेष्ठ, उत्तम, ०प्रधान, ०प्रमुख, ०अग्रणी, ०तीव्र, ०आकर्षण, सराहनीय, प्रशंसनीय। २. उखाड़ा गया, चलाया गया।

उत्कृष्ट-अन्तरात्मन् (पुं०) शुक्लध्यान युक्त आत्मा, प्रमादरहित आत्मा।

उत्कृष्टज्ञानं (नपुं०) उत्तम ज्ञान, मुक्ति का साधन भूत ज्ञान।

उत्कृष्ट-तपः (पुं०) उत्तम तप, श्रेष्ठ तप।

उत्कृष्ट-तापस् (वि०) घोर तपस्वी।

उत्कृष्ट-दाहः (पुं०) संक्लेश परिणाम, अति तीव्र वेदना, कर्मजनित तीव्र दाह।

उत्कृष्ट-निक्षेपः (पुं०) कर्मस्थिति का उत्तम न्यास।

उत्कृष्टपदः (पुं०) आश्रयभूत पद।

उत्कृष्टमतिः (स्त्री०) उत्तमबुद्धि, श्रेष्ठ धी।

उत्कृष्ट-मंगलं (नपुं०) उत्तम मंगल।

उत्कृष्टं श्रावकः (पुं०) उत्तमश्रावक। ग्यारहवीं प्रतिमा धारक श्रावक।

उत्कोचः (पुं०) [उत्कुच्+घञ्] गुप्त ग्रहण, रहस्य रूप में ग्रहण, छिपाकर लेना, रिश्वत, घूंस।

उत्कोचकः (पुं०) [उत्कोच्+कन्] रिश्वत, घूंस।

उत्कोचभागः (पुं०) गुप्त हिस्सा, गुप्त अंश, रिश्वत। (जयो० वृ० ३/१५)

उत्क्रमः (पुं०) [उद्+क्रम्+घञ्] १. बाहर आना, ऊपर जाना, प्रस्थान, उन्नति, विकास। २. उल्लंघन, विचलन।

उत्क्रमणं (नपुं०) [उद्+क्रम्+ल्युट्] प्रस्थान, जाना, गमन, ऊपर गमन।

उत्क्रान्तता (वि०) अतिक्रमणता। (सम्य० १६)

उत्क्रान्तवती (वि०) लंघितवती, भर्त्सितवती, जाती हुई, उल्लंघन करती हुई। (जयो० ३/४२)

उत्क्रान्तिः (स्त्री०) [उद्+क्रम्+क्तिन्] १. कूच करना, निकलना, जाना, आगे बढ़ना। २. उल्लंघन, अतिक्रमण।

उत्क्रोशः (पुं०) [उद्+क्रुश्+अच्] १. तीव्र क्रोध, अधिक क्रोध। २. उद्घोष, कुररी, विशेष गर्जना।

उत्क्लेदः (पुं०) [उद्+क्लिद्+घञ्] तर होना, भींग जाना, आर्द्र होना।

उत्क्लेशः (पुं०) [उद्+क्लिश्+घञ्] १. उत्तेजना, अशान्ति, व्याकुलता। २. व्याधि, दुःख, रोग, सामुद्रिकव्याधि।

उच्छिद्यण (वि०) मूलोच्छेदन। (सम्य० ९३)

उत्क्षिप्त (भू०क०कृ०) [उद्+क्षिप्+क्त] १. फेंका गया, उठाया हुआ, उछाला गया। २. अभिग्रह दोष। ३. ग्रस्त, अभिभूत, तिरस्कृत, ध्वस्त।

उत्क्षिप्तिका (स्त्री०) [उत्क्षिप्त+कन्+टाप्] कर्णाभूषण।

उत्क्षेपः (पुं०) [उद्+क्षिप्+घञ्] १. उछालना, फेंकने वाला, उठाने वाला, ऊपर करने वाला।

उत्क्षेपणं (नपुं०) [उद्+क्षिप्+ल्युट्] उछालना, उठाना, भेजना। (सम्य० ३२)

उत्खचित (वि०) [उद्+खच्+क्त] गूंथा हुआ, ग्रथित, गुंफित, रचित, बनाया गया, खचित, जड़ा हुआ।

उत्खला (स्त्री०) [उद्+खल्+अच्+टाप्] सुगन्ध विशेष।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उत्खात (भू० क० कृ०) [उद्+खन्+क्त] १. उखाड़ा गया, खोदा हुआ, निकाला गया। 'उत्खातार्धिप्रवद्धि निष्फलमितः' (सुद० १०३)। २. उन्मूलित, उद्धत। ३. पदच्युत, वंचित किया।

उत्खातिन् (वि०) [उत्खात+इनि] विषम, उखड़ी हुई, ऊँची-नीची, ऊबड़-खाबड़।

उच्चल् (सक०) ऊपर जाना, चलना, गतिवान् होना।

उच्चाल (वि०) चलायमान, उछाली गई।

उच्चालित (भू० क० कृ०) उछाली गई। 'सूर्यायोच्चालितं रजः' (सुद० १२५)

उज्जह् (सक०) छोड़ना, त्यागना। निंदापूर्वकमुज्जहामि सुपथे वर्वर्तिपुः साम्प्रतम्' (मुनि० १९)

उज्झ् (सक०) उगलना, वमन करना।

उन्मीलित (वि०) जागृत, सचेष्ट, खुली हुई आंखों वाला।

उन्मुख (वि०) सम्मुख, सामने, निकटस्थ, समीपवर्ती।

उन्मूलय् (सक०) उखाड़ना, निकालना, मूलोच्छेद करना। सोऽयं जन्म-जरान्तकत्रयभवं सन्तापमुन्मूलयन्' (मुनि० ७) 'उन्मूलयन्ति स्वतरुरुहाणि' (वीरो० २१/११)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उन्मूल्य (वि०) 'उन्मूलन कर, मूलोच्छेदकर। (सम्य० १४७) 'भूयो विरराम करः प्रियोन्मुखः' (जयो० ६/११९)

उन्मुद्र (वि०) [उद्गता मुद्रा यस्मात्] खिला हुआ।

उन्मुद्रय् (सक०) छोड़ना, त्यागना। 'सुकेशि! उन्मुद्रय मुद्रणां गिरां' (जयो० २४/४२)

उन्मूलनं (नपुं०) [उद्+मूल्+ल्युट्] उखाड़ना, सामूल नाश, मूलोच्छेदन।

उन्मेदा (स्त्री०) स्थूलता, मुटापा।

उन्मेषः (पुं०) [उद्+मिष्+घञ्] १. नेत्रोदघाटन, आँख खोलना, पलक मारना। २. खिलना, खुलना, फूलना, विकसित होना। ३. प्रकाश, प्रभा, चमक, दीप्ति। ४. प्रकट होना, दिखाई देना।

उन्मोचनं (नपुं०) [उद्+मुच्+ल्युट्] खोलना, उघाड़ना।

उप (उपसर्ग) यह उपसर्ग संज्ञाओं और क्रियाओं दोनों में लगता है, इसके लगने से कई अर्थ उपस्थित हो जाते हैं-१. निकटता, समीपता। (जयो० १३/१७) (उपकण्ठ) संसक्ति-उपगच्छति, उपस्थित। २. शक्ति, बल, योग्यता-उपकरोति। ३. व्याप्त, विस्तार, विस्तीर्ण-उपकीर्ण। ४. परामर्श, शिक्षण-उपदिशति। ५. मृत्यु-उपरति। ६. दोष, अपराध-उपघात। ७. देना, प्रदान करना-उपनयति। उपादान (सम्य० १४) ८. चेष्टा, प्रत्न।- ९. उपक्रम, आरम्भ-उपक्रमते। १०. अभ्यास, अध्ययन-उपाध्याय। ११. आदर, पूजा, सम्मान-उपस्थान। १२. प्राप्त, उपलब्ध-उपेतः (सुद० ४/१७) उपैति-(वीरो० २/३२)

उपकण्ठः (पुं०) [उपगतः कण्ठम्] सामीप्य, सानिध्य, निकटता। (सुद० ३/२९) 'स्तवकगुच्छोपकण्ठ-स्थले' (समु० २/२८)

उपकण्ठः (पुं०) मधुर कण्ठ। (जयो० १७/१८)

उपकण्ठ (अव्य०) समीप, निकट, ग्रीवा सन्निकट। 'उपकण्ठमकम्पनादयः' (जयो० १३/१७)

उपकण्ठी (वि०) मधुरकण्ठ वाली। 'नापोपकण्ठं सहसोकण्ठीकृतापि यूना पिकमञ्जुकण्ठी' (जयो० १७/१८)

उपकथा (स्त्री०) लघु कथा, किस्सा-कहानी।

उपनिष्ठिका (स्त्री०) कन्नी अंगुली के पास वाली अंगुली।

उपकरणं (नपुं०) [उप+कृ+ल्युट्] १. साधन, सामग्री, वस्तु, द्रव्य, पात्र। २. उपस्कर। (जयो० वृ० २२/३६) 'येन निर्वृत्तेरुपकारः क्रियते तदुपकरणम्' (स० सि० २/१७) 'उपक्रियतेऽनेनेति उपकरणम्' (त० वा० २/१७) 'उपक्रियतेऽनुगृह्यते ज्ञानसाधनमिन्द्रियमनेनेन्युपकरणम्' (भ० आ० टी० ११५) अनुग्रह सेवा।

उपकरण-बकुशः (पुं०) उपकरण का इच्छुक साधक- 'उपकरणबकुशो बहुविशेषयुक्तोपकरणाकांक्षी' (स० सि० ९/४७)

उपकरण-संयमः (पुं०) पुस्तकादि संयम।

उपकरण-संयोजनं (नपुं०) पुस्तकादि का प्रजार्जन। (भ० आ० टी० ८१५)

उपकरणेन्द्रियं (नपुं०) इन्द्रिय विषय का ग्रहण नहीं होना।

उपकर्णनं (नपुं०) [उप+कर्ण्+ल्युट्] श्रवण, सुनना।

उपकर्णिका (स्त्री०) [उपकर्ण+कन्+टाप्] जनश्रुति, अफवाह, व्यर्थ का कथन, सुनना/फैलाना।

उपकर्तृ (वि०) [उप+कृ+तृच्] अनुग्रहकर्ता, आभारी, उपयोगी, उपकारक।

उपकल्प (वि०) तैयार, सचेष्ट।

उपकल्पधर (वि०) सहायकर, सहायक, उपकारक। (जयो० ९/४३)

उपकल्पनं (नपुं०) [उप+कृप्+णिच्+ल्युट्] कथन, विकार, सृजन। (जयो० ९/४३) 'तदनुतापि न मेऽप्युपकल्पनम्' (जयो० ९/४३)

उपकल्पित (वि०) सृजित करता हुआ, बनाता हुआ, रचता हुआ। 'रात्रं तदग्र-उपकल्पितवह्निभावः। (सुद० ४/२४)

उपकाननं (नपुं०) उपवन, आराम, उद्यान, बगीचा। 'सुरभितारिवलदिश्युपकानने' (जयो० ९/६१)

उपकारः (पुं०) [उप+कृ+घञ्] सहायता, सहयोग, सहकारिता, सेवा, अनुग्रह, आभार। 'प्रजानां हिताय' (जयो० १२/६६) (सुद० ४/४५) १. तैयारी, उपकृत। (जयो० वृ० १/४०) २. अलंकरण, आभूषण, शृंगार साधन।

उपकारिन् (वि०) उपकारक, सेवक, सहभागी।

उपकारी (स्त्री०) धर्मशाला, उपाश्रय, एकान्त ठहरने का स्थान।

उपकार्य (वि०) [उप+कृ+ण्यत्] सहायता करने के लिए उपयुक्त/समीचीन। 'मयोऽप्यविनिविधिरेष मयोपकार्यः' (सुद० ४/२४)

उपकुञ्चि (स्त्री०) [उप+कुञ्च्+कि] छोटी एला, इलायची।

उपकुम्भ (वि०) १. समीपस्थ, निकटस्थ, संसक्त। २. अकेला, एकाकी, निवृत्त।

उपकुल्या (स्त्री०) [उप+कुल+यत्+टाप्] नहर, खाई।

उपकूपम् (अव्य०) कुएं के निकट बना गाद, पानी का पात्र।

उपकृ (सक०) अर्पण करना, उपकार करना, डालना, समर्पण

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

करना, अभिषेक करना। शिरसि स्फुटमक्षतान् ददौ। ह्यपकुर्वन्नपयोदकैः पदौ' (जयो० १३/२) उपकुर्वन्-अभिषिञ्चन्।

उपकृत (वि०) उपकार करने वाला, आभार व्यक्त कर्ता, अनुग्रहार्थी। 'इतः परस्योपकृतावतश्च' (जयो० १/४०) [उप+कृ+क्तिन्]

उपकृतिः (स्त्री०) उपक्रिया, अनुग्रह, आभार।

उपक्रमः (पुं०) [उप+क्रम+घञ्] ०अपवर्तन, ०परिणमन ०प्रारम्भ, ०समारम्भ, ०उपाय, ०योजना। अर्थमात्मन उप समीपं क्राम्यति करोत्युपक्रम, युक्ति, उपचार। (धव० १/७२) 'वैद्योपक्रमसहितांस्तत्र' (जयो० ६/१०)

उपक्रमणं (नपुं०) [उप+क्रम+ल्युट्] १. उपगमन, आरम्भ। २. व्याधि निदान।

उपक्रम-कालः (पुं०) अभीष्ट अर्थ को समीप लाने का समय। 'उपक्रमस्य काला भुयिन्द्रक्रियापरिणाम्' (जैन०ल० २६६)

उपक्रीडा (स्त्री०) क्रीड़ा स्थल, खेल का मैदान।

उपक्रोशः (पुं०) [उप+क्रुश+घञ्] निन्दा, गर्हा, अप्रशंसा, अपवाद, अपकर्ष।

उपक्रोष्ट (पुं०) [उप+क्रुश्+तृच्] गधा, गर्दभ।

उपक्लृप्तिः (स्त्री) सम्पत्ति, धन, वैभव, ऐश्वर्य। (जयो० २८/५५)

उपक्वः (पुं०) [उप+क्वण+अप्+घञ्] वीणा की झंकार।

उपक्षत (वि०) विनष्ट, ह्रासगत।

उपक्षय (वि०) हानि, नाश, विनाश, ह्रास, व्यय।

उपक्षेपः (पुं०) [उप+क्षिप्+घञ्] १. उछालना, फेंकना। २. उल्लेख, इंगित, संकेत।

उपक्षेपणं (नपुं०) [उप+क्षिप्+ल्युट्] फेंकना, उछालना, डालना। दोषारोपण करना।

उपग (वि०) [उप+गम्+ट] पीछे चलने वाला, सम्मिलित होने वाला, प्राप्त करने वाला, अनुगमन करने वाला।

उपगणः (पुं०) श्रेणी की अप्रधानता, भिन्न श्रेणी, अन्य कक्षा।

उपगत (भू० क० कृ०) [उप+गम्+क्त] १. गया हुआ, पहुंचा हुआ, प्राप्त, 'प्रौढतामुपगतानि बिभूनां मानसानि' (जयो० ५/७०) 'उपगतानि प्राप्तानि-जयो० ५/७०)

उपगतिः (स्त्री०) [उ+गम+क्तिन्] निकट जाना, उपागमन, समीपस्थ आना, उपलब्धि, प्राप्ति, ज्ञान।

उपगमः (पुं०) [उप+गम्+अप्] जाना, १. पहुंचना, निकट होना, समीप होना। २. उपलब्धि, प्राप्ति। ३. अनुभव, जानकारी, स्वीकृति।

उपगामी (वि०) समीप जाने वाला। (जयो० १/२१)

उपगम्य (सं०कृ०) पास जाकर, निकट पहुंचकर। (जयो० ४/१) अनुप्रेक्षार्थचिन्ता वा तज्जैरभ्युपगम्यते' (सम्य० ११६) उपगम्यते-वर्तमानकालिक क्रिया।

उपगिरिः (पुं०) पर्वत के समीप।

उपगिरि (अव्य०) पहाड़/पर्वत के निकट।

उपगु (अव्य०) गौ समीप, गौ के निकट।

उपगुप्त (वि०) समावृत, धारण करने वाली, ढके रखने वाली। (सुद० १/१७) 'देहमेषोपगुप्ता गुणसम्पदेह' (वीरो० ६/३)

उपगुरुः (पुं०) सहायक अध्यापक, सहायक शिक्षक, शिक्षक के सन्निकट।

उपगूढ (भू० क० कृ०) [उप+गूह+क्त] गुप्त, प्रच्छन्न, ढंका हुआ, आच्छादित, आलिंगित।

उपगूहनं (नपुं०) [उप+गूह्+ल्युट्] १. गुप्त, छिपाना, प्रच्छन्न, ढका, आवृत। २. सम्यक्त्व का एक अंग 'उपगूहनं चातुर्वर्ण्यश्रमणसंघ-दोषापहरणं प्रमादाचरितस्य च संवरणम्' (मूलाचार वृ० ४/४) 'प्रच्छादनं विनाशनं गोपनं झम्पनं तदेवोपगूहनम्' (भ० आ० टी० ४५)

उपग्रहः (पुं०) [उप+ग्रह्+अप्] प्रतिज्ञा, अनुग्रह, प्रोत्साहन, पकड़। (दयो० २३ 'उपग्रहोऽनुग्रहः' (त० वा० ५/१७)

उपग्रहणं (नपुं०) [उप+ग्रह्+ल्युट्] ग्रहण करना, पकड़ना, सहारा देना, आधार बनना।

उपग्राहः (पुं०) [उप+ग्रह्+घञ्] उपहार देना, प्राभृत देना, भेंट देना, वस्तु प्रदान करना।

उपग्राहक (वि०) खरीददार, ग्राहक, क्रय कर्ता। 'गुडमिव वणिजामुपग्राहकैः' (दयो० ५०)

उपग्राह्यः (पुं०) [उप+ग्रह्+ण्यत्] उपहार, प्राभृत, भेंट।

उपगृहं (नपुं०) एकान्त स्थान, ठहरने का स्थान।

उपघातः (पुं०) [उप+हन्+घञ्] १. प्रहार, ०चोट, ०आघात, ०विनाश। 'उपघातमहो करस्य सोढुम्' (जयो० ११/६०) २. प्रशस्त ज्ञान दूषण 'प्रशस्तज्ञानदूषणमुपघातः' (स० सि० ६/१०) 'दोषोदभावनं दूषणमुपघात इति' (त० वा० ६/१०) प्रशस्तस्यापि ज्ञानस्य दर्शनस्य वा दूषणमुपघातः' (त० श्लोक० ६/१०)

उपघातक (वि०) प्रहारक, विध्वसंक।

उपघातनामकर्मः (पुं०) उपघातनामकर्म स्वयंकृत कारणों से घात। 'यस्योदयात् स्वयं कृतोदबन्धनप्राणापान-

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

निरोधादिनिमित्त उपघातो भवति तदुपघातनाम।' (भ० आ० टी० २/२४)

उपघोषणं (नपुं०) [उप+घुष्+ल्युट्] घोषणा, ढिंढोरा, विज्ञापन, प्रकाशित करना।

उपघ्न (पु०) [उप+हत्+क] शरण, आश्रय, संरक्षा।

उपचक्रः (पुं०) एक हंस विशेष।

उपचक्षुष (नपुं०) चक्षुताल, चश्मा, उपनेत्र।

उपचयः (पुं०) १. आधिक्य, वृद्धि, महत्, २. इकत्र, इकट्ठा, संयोग, युग्म। ३. परिमाप, माप। ४. समृद्धि, उत्थान, अभ्युदय। ५. निसिञ्चन करना, क्षेपण करना, गृहीत कर्म पुद्गलों के अधिकाल को छोड़कर आगे ज्ञानावरणादि स्वरूप में निषिञ्चन करना।

उपचयपदं (नपुं०) विशिष्ट अवयव, शरीर के अवयवों में वृद्धि होने से जो विशिष्ट अवयव हों। 'तत्रोपचितावयवनिबन्धनानि' (धव० १/७७)

उपचरः (पुं०) [उप+चर्+अच्] उपचार, निदान, व्याधि निरोध, चिकित्सा।

उपचरणं (नपुं०) [उप+चर्+ल्युट्] निकट जाना, समीप गमन करना।

उपचरित-भावः (पुं०) उपचार भाव 'एकत्र निश्चितो भावः परत्र चोपचर्यते'

उपचरित-सद्भूत व्यवहारनयः (पुं०) उपाधि सहित गुण और गुणी में भेद को जो विषय करता है। जीव के मतिज्ञान आदि गुण।

उपचर्या (स्त्री०) संग्रहण, उपचार, सेवा।

उपचारः (पुं०) [उप+चर्+घञ्] ०सेवा, ०चिकित्सा, ०सुश्रूषा, ०सम्मान, ०अभयदान, ०शिष्टिता, ०नम्रता, ०सत्कार, ०सङ्क्रम, पूंछना। (सुद० २७७) 'किं विधोः शरदि नाप्युपचारः' (जयो० ४/९)

उपचारछलं (नपुं०) सत्य धर्म के सद्भाव का निषेध 'धर्माध्यारोपनिर्देशे सत्यार्थ प्रतिषेधनम्' (त०श्लोक १/२९९)

उपचार विनयः (पुं०) आचार्य आदि के सम्मुख खड़ा होना। 'अञ्जलीकरणादिरूपचारविनयः'

उपचितिः (स्त्री०) [उप+चि+क्तिन्] ०इकट्ठा करना, ०संग्रह करना, ०जोड़ना, ०संचय करना, ०चयन करना, ०जुटाना।

उपचूलनं (नपुं०) [उप+चूल्+ल्युट्] जलाना, उष्ण करना, तपाना।

उपच्छदः (पुं०) [उप+छद्+णिच्+घ] आवरण, ढक्कन, चादर।

उपछन्दनं (नपुं०) [उप+छन्द्+णिच्+ल्युट्] उकसाना, प्रलोभन देना, आमंत्रण देना।

उपजनः (पुं०) [उप+जन्+अच्] वृद्धि, समायोग, जोड़, उपगमनस्थान।

उपजल्पनं (नपुं०) [उप+जल्प्+ल्युट्] वार्तालाप, बातचीत, आलाप।

उपजातः (पुं०) [उप+जप्+घञ्] समीपस्थ कथन, गुप्त कथन, कर्ण में कहना।

उपजायमान (वि०) उत्पन्न होने वाला। (वीरो० २०/२१)

उपजीवक (वि०) [उप+जीव+ण्वुल] आश्रित रहने वाला, आधारभूत, दूसरे के सहारे जीविका करने वाला।

उपजीवनं (नपुं०) [उप+जीव्+ल्युट्] आजीविका, जीने का आश्रय, जीविकोपार्जन का साधन।

उपजीव्य (वि०) [उप+जीव्+ण्यत्] जीविका देने वाला, आश्रयदाता, संरक्षक।

उपज्ञं (वि०) कथित, परिभाषित, विवेचित। 'आप्तोपज्ञमनुल्लंघ्यमदृष्टेष्ट विरुद्धवाक्।' (सम्य० २३)

उपज्ञा (स्त्री०) [उप+ज्ञा+अङ्] उपजा ज्ञान, आगत ज्ञान, समायोजित ज्ञान।

उपढौकनं (नपुं०) [उप+ढौक्+ल्युट्] ससम्मान उपहार, भेंट।

उपढौकित (वि०) आरोहित, आरोहित, चढ़ा हुआ। 'रथमेवमथोपढौकितः किम्' (जयो० १०/५१)

उपतस्थुर (वि०) उपस्थित हुए (वीरो० ७/१२)

उपतापः (पुं०) [उप+तप्+घञ्] १. उष्ण, तेज, गर्मी, संताप। २. दुःख, वेदना, कष्ट।

उपतापक (वि०) बाह्य संतापक, संतप्त होने वाला। (जयो० २६/२५) 'बहिरूपद्रवकारक अरिमिनिभिनोपतापकं जलवत् तृद्दलनाश्रयः स्वकम्' (जयो० २६/२५)

उपतापी (वि०) संतप्ती, पश्चात्तापशील। (जयो० १५/५८)

उपतापनं (नपुं०) [उप+तप्+णिच्+ल्युट्] १. गरम करना, तपाना। २. कष्ट देना, सताना आकुलित करना।

उपताधिन् (वि०) [उप+तप्+णिनि] १. गरम करने वाला, जलाने वाला, संतप्त करने वाला। २. व्याधि जनित, रोग युक्त।

उपतिष्यम् (नपुं०) अश्लेषा नक्षत्र, पुनर्वसु नक्षत्र।

उपत्यका (स्त्री०) [उप+त्यकन्-पर्वतस्यासन्नं स्थलमुपत्यका] पर्वत की तलहटी, नीचे का भाग।

उपदंशः (पुं०) [उप+दंश्+घञ्] १. काटना, डङ्क मारना, डसना। २. रोग (आतशक)। ३. भूख-प्यास वाली वस्तु।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उपदर्शक: (पुं०) [उप+दृश्+णिच्+ण्वुल्] १. मार्गदर्शक, निर्देशक। २. द्वारपाल, साक्षी।

उपदश (वि०) दश तक।

उपदा (स्त्री०) [उप+दा+अङ्] उपहार, भेंट, प्राभृत। (सुद० ७१)

उपदानं (नपुं०) [उप+दा+ल्युट्] १. उपहार, प्राभृत, भेंट। २. सुरक्षा, संरक्षण, अनुग्रह, कृपा।

उपदिश् (अक०) उपदेश करना, सिखाना, पढ़ाना, अभ्यास करना, समझाना।

उपदिश् (स्त्री०) मध्यम दिशा, ईशानदिशा, आग्नेय दिशा, नैऋत्य दिशा आदि।

उपदेव: (पुं०) कुदेव, मिथ्यादेव।

उपदेश: (पुं०) [उप+दिश्+घञ्] परिषेक (जयो० वृ० २/१३८) १. शिक्षण, निर्देशन, अध्ययन, ज्ञान, देशना, तत्त्वज्ञानाभ्यास, संदेश। २. प्रवचनप्रतिपादन, निरूपण, प्ररूपणा। 'तत्त्वोप - पशकृत्सार्वशास्त्रं कापथघट्टनम्' (सम्य० ९३) 'येषांसु वाच: सहजोपदेशा:' (भक्ति० १२) 'उपदेशो मौनीन्द्र प्रवचनप्रतिपादनरूप:।'

उपदेशक (वि०) [उप+दिश्+ण्वुल्] प्रवचनकार, व्याख्याकार, शिक्षादायी अध्ययन कराने वाला।

उपदेशकरणं (नपुं०) प्रवचनकार। (सुद० ९२)

उपदेशकर्ता (वि०) प्रवचनकार, व्याख्याकार।

उपदेशनं (नपुं०) शिक्षण, अध्ययन।

उपदेश-प्रदायक (वि०) अध्ययन कराने वाला, प्रवचनदाता।

उपदेशभाव: (पुं०) निरूपण भाव, अध्ययन भाव, ज्ञानाभ्यास भाव।

उपदेश-रुचि: (स्त्री०) तत्त्वश्रद्धा, उत्तम रुचि, ज्ञानरुचि।

उपदेशविधानं (नपुं०) तत्त्वचिंतन विधि। (सुद० ९४)

उपदेश-सम्यक्त्व: (पुं०) आत्म तत्त्व श्रद्धान के प्रति सम्यक् श्रद्धा, पुराण पुरुषों के प्रति श्रद्धा।

उपतर्प् (सक०) पिलाना, देना। 'प्राणहारिणमहो स्फुरन्नय: कोऽत्र सर्पमुतर्पयेत् स्वयम्' (जयो० २/१०२)

उपतर्पणं (नपुं०) दान देना, अर्पण करना। 'पात्राणामुपतर्पणं प्रतिदिनम्' (सुद० ४/४७)

उपदेशिनी (वि०) निकलने वाली, नि:सृत होने वाली, प्रसूत होने वाली। 'या मलापहरणोपदेशिनी' (जयो० ३/१०) 'उप समीपे देशिनी' (जयो० वृ० ३/१०)

उपदेष्टृ (वि०) [उप+दिश्+तृच्] प्रवचनकार, व्याख्याकार, शिक्षणदाता, अध्ययन कराने वाला।

उपदेह: (पुं०) [उप+दिह्+घञ्] १. विलेपन,शृंगार, प्रसाधन, लेप। २. चादर, आवरण, ढक्कन।

उपदोह: (पुं०) [उप+दुह्+घञ्] पात्र में दूध दुहना, स्तन के आग्र भाग से दूध दुहना।

उपद्रव: (पुं०) [उप+द्रु+अप्] १. कष्ट, संकट, बाधा, पीड़ा, आपत्ति, विपत्ति। २. हानि, उत्पीड़न, राष्ट्र सकट, विद्रोह, अशान्ति। 'न जातुचिदभूल्लक्ष्यस्तत्कृतोपद्रवे पुन:' (सुद० १३५)

उपद्रवकर (वि०) उत्पीड़न करने वाला, अशान्ति उत्पन्न करने वाला। इत्यात्मीयमलोत्करं च भवतैकान्ते तथा त्यज्यताम्' (मुनि० १३)

उपद्रवहर (वि०) ईतिहृत, व्याधि हरण करने वाला। ईति भीति दूर करने वाला। (जयो० वृ० २/११८)

उपद्रावणं (नपुं०) १. प्राणियों का कष्ट, पीड़ा, उत्पीड़न। २. आधाकर्म विशेष। 'जीवस्य उपद्रवणं ओद्दावणं णाम' (धव० १३/४६)

उपद्रुत: (पुं०) ०उपद्रव, ०उत्पीड़न, ०कष्ट, ०बाधा, हानि, ०उपहत। (वीरो० १/१२) 'उपद्रुतोऽशुस्तिमिरै:' (जयो० १५/२२) 'उपद्रत उपद्रवं गत: सन भयेऽपि संकटसमयेऽपि' (जयो० वृ० १५/२२) 'उपद्रुत: स्वात्स्वयमित्ययुक्तिर्यस्य प्रभावान्निरूपद्रवा पू:।' (वीरो० १२/४७)

उपधर्म: (पुं०) [उप+धृ+मन्] उपविधि, धर्म के विरुद्ध नियम, अतिचार युक्त धर्म।

उपधा (स्त्री०) [उप+धा+अङ्] १. उपाय, नियम, विधि, परीक्षण। २. छल, धोका। 'पर-वञ्चनेच्छा उपधा' (जैन ल०२७०) ३. पीड़ा (जयो० ९/४)

उपधातु: (स्त्री०) ०मिश्रित धातु, ०स्वर्ण, ०रजत, ०तुत्थ, ०कांस, ०राति, ०सिंदूर और शिलाजीत। शरीरधातु दुग्ध, ०रज, ०चर्बी, स्वेद् दन्त, ०बाल और ओज।

उपधानं (नपुं०) [उप+धा+ल्युट्] तकिया, आसंदी, मसनद, दीवान पर ०रखा जाने वाला गोल तकिया, ०उपधान तप 'उपदधातीत्युपधानं तप:' (जैन० ल० २७०) टिकने का आसन, गद्देदार आसन, आराम करना। (दयो० २/१०, शय्येयमुर्वी गगनं वितानं, दीपो विधुर्मञ्जुभुजोपधानम्'। (सुद० ९/१)

उपधानाचार: (पुं०) उपधान का आचरण, भुज रूप उपधान का आधार, ज्ञानाचार के आठ भेदों में पंचम 'उपधानाचार' है।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उपधानीयं (नपुं०) [उप+धा+अनीयर्] तकिया, आराम करना।

उपधारणं (नपुं०) [उप+धृ+णिच्+ल्युट्] १. विचार, विमर्श, विशेष चिन्तन, अनुचिन्तन। २. खींचना।

उपधिः (स्त्री०) [उप+धा+कि] ०कपट परिणाम, ०अनुचित विचार, ०मिथ्याभाव, ०अन्यथा परिणाम, ०छल। 'उपेत्य क्रोधादयो धीयन्तेऽस्मिन्नित्युपधिः, क्रोधाद्युत्पत्ति-निबन्धनो बाह्यार्थ उपधिः।' (धव० १२/२८५) 'परं समस्तोपधि-मुज्झिहाना' (सुद० ११५) उक्त पंक्ति में 'उपधि' का अर्थ परिग्रह है, समस्त परिग्रह का त्यागकर एकमात्र श्वेत वस्त्र धारण किया। 'उपधाति तीर्थं उपधिः' (जैन०ल० २७०)

उपधिक (वि०) [उपधि+ठन्] प्रवञ्चक, छली, कपटी, धूर्तता करने वाला, ठगने वाला।

उपधिवाक् (नपुं०) परिग्रह के संचय युक्त वचन। 'परिग्रहार्जन-रक्षणादिष्वासज्यते सोपधिवाक्' (धव० १/११७)

उपधिविवेकः (पुं०) उपकरणादि का विवेक। 'परित्यक्तानीमानि ज्ञानोपकरणादीनीति वचनं वाचा उपधिविवेकः' (भ० आ० टी० १६०)

उपधूपित (वि०) [उप+धूप+क्त] १. धूप लिया गया, उष्णता युक्त। २. मरणासन्न, पीड़ित।

उपधृतिः (स्त्री०) [उप+ध्मा+ल्युट्] ओष्ठ, ओंठ।

उपध्मानीयः (पुं०) [उप+ध्मा+अनीयर्] ०महाप्राण विसर्ग, ०प् एवं फ् से पूर्व रहने वाला विसर्ग।

उपनक्षत्रं (नपुं०) गौण नक्षत्र, अप्रधान तारे।

उपनगरं (नपुं०) नगर के छोटे बिहार, छोटे छोटे उपनगर, कालोनी, आवास।

उपनत (भू० क० कृ०) १. पहुंचा, आया, प्राप्त हुआ। २. झुका हुआ, नम्रीभूत।

उपनतिः (स्त्री०) [उप+नम्+क्तिन्] १. समीप जाना, २. झुकना, नम्र होना, प्रयास करना।

उपनयः (पुं०) [उप+नी+अच्] १. समीप लाना, ले जाना। २. उपलब्धि, संप्राप्ति। ३. उपनयन संस्कार। ४. नय की शाखा-प्रशाखा, हेतु का उपसंहार, हेतु के साध्यधर्मी का उपसंहार। 'नयानां विषयः उपनयः' (धव० ९/१८२) 'हेतोरूपसंहार उपनयः' (परीक्षामुख ३/४५)

उपनयनं (नपुं०) १. संस्कार विशेष, गुरु आज्ञापूर्वक दीक्षादान। २. उपहार, भेंट, प्राभृत। २. जनेऊ संस्कार। ३. चश्मा, उपनेत्र। (जयो० वृ० २८/९८)

उपनयाभासः (पुं०) साध्य साधनधर्मी का दृष्टान्तधर्मी में उपसंहार।

उपनागरिका (स्त्री०) वृत्त्यानुप्रासालंकार का भेद।

उपनायकः (पुं०) [उप+नी+ण्वुल्] नायक का प्रमुख सहायक।

उपनायिका (स्त्री०) नायिका की प्रमुख सखी।

उपनाहः (पुं०) [उप+नह्+घञ्] १. गठरी, पोटली, गट्ठर। २. लेप, घाव का लेप, मल्हम।

उपनाहनं (नपुं०) [उप+नह्+णिच्+ल्युट्] लेप करना, मालिश करना, उपटन लगाना।

उपनिक्षेपः (पुं०) [उप+नि+क्षिप्+घञ्] न्यास, धरोहर।

उपनिधानं (नपुं०) [उप+नि+धा+ल्युट्] निकट रखना, धरोहर न्यास करना, जमा करना।

उपनिधिः (स्त्री०) [उप+नि+धा+कि] धरोहर, न्यास, वस्तु रखना, गिरवी।

उपनिपातः (पुं०) [उप+नि+पत्+घञ्] सन्निकट जाना, समीप पहुंचना, आकस्मिक आक्रमण करना।

उपनिपातिन् (वि०) [उप+नि+पत्+णिनि] आकस्मिक आगमन।

उपनिबन्धनं (नपुं०) [उप+नि+बन्ध्+ल्युट्] सम्पादित करना, सम्पन्न करना, बांधना, निपटाना, समाप्त करना।

उपनिमन्त्रणं (नपुं०) [उप+नि+मंत्र+णिच्+ल्युट्] निमंत्रण, आमन्त्रण, आज्ञापत्र, प्रतिष्ठापन, उद्घाटन, विमोचन।

उननियमः (पुं०) उपनियम, नियम से रहने के लिए विशेष नियम, आश्रम नियम। 'तद्गतोपनियमान् सुधारयन्' (जयो० २/११८)

उपनिवेशः (पुं०) [उप+नि+विश्+घञ्] सन्निवेश, परिवेश, समीप स्थान, निकट स्थान देना।

उपनिवेशित (वि०) [उप+नि+विश्+णिच्+क्त] स्थापित, बसाया गया, स्थान दिया गया।

उपनिषद् (स्त्री०) [उप+नि+सद्+क्विप्] रहस्यात्मक विवेचन, ०सिद्धान्त रहस्य का सूत्र, ०पवित्र ज्ञान, ०आत्मज्ञान की समीपता। (दयो० २४) ०आत्मशिक्षा का उपदेश।

उपनिष्करः (पुं०) [उप+निस्+कृ+च] राजमार्ग, प्रमुखमार्ग।

उपनिष्क्रमणं (नपुं०) [उप+निस्+क्रम्+ल्युट्] १. निकलना, अभिगमन, अहिर्गमन। २. धार्मिक, अनुष्ठान रूप अहंकार।

उपनीत (वि०) १. लाई गई, लाई जाती। १. उपनय के उपसंहार से युक्त, अनुमानावयव वाक्य। (जैन०ल० २७१) 'उपनीत पुनर्भव्यो गुरुस्थानमिवालिभिः' (जयो० १०/८५)

उपनीतवती (वि०) रोमांचित होती हुई, 'उपनीतवति प्रसादमेषा' (जयो० १२/१२)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उपनीतरागत्व (वि०) आदरभाव से उत्पन्न रागता, श्रोताजनों में रागता।

उपनृत्यं (नपुं०) ०नृत्यशाला, ०नृत्यभवन, ०नाट्यगृह, ०नर्तन स्थान।

उपनेतृ (वि०) [उप+नी+तृच्] ले जाने वाला, नेतृत्व प्रदान करने वाला।

उपनेत्रं (नपुं०) उपनयन, चश्मा। 'अवलोक्यते भुव्युपनेत्र युक्त्या' (जयो० २६/९८) 'किलाशक्त्या नयनयो: शक्त्यभावे सत्युपनयन युक्त्याऽवलोक्यते' जिसके नेत्रों में स्वयं देखने की शक्ति नहीं है, वहीं उपनेत्र/उपनयन है।

उपन्यासः (पुं०) [उप+नि+अस्+घञ्] १. शिक्षा, अध्ययन, विधि, नियम। २. धरोहर, न्यास, अमानत। ३. प्रस्तावना, ४. भूमिका. ५. विचार, पुरोवाक। ६. वक्तव्य, कथन, प्रस्ताव।

उपपतिः (स्त्री०) यार, प्रेमी। (जयो० १६/७३) 'पति' और 'उपपति' दो शब्द हैं, इनमें 'उपपति' शब्द की 'घु' संज्ञा होती है। उपपति शब्द में ङित् विभक्ति पड़े रहते गुण होकर 'उपपतये' रूप बनता है तथा 'उपपति' शब्द की तृतीया एकवचन में ना आदेश होकर 'उपपतिना' रूप बनता है। ऐसे उपपति शब्द के चिन्तन में मेरा मन लग रहा है, पति शब्द के चिन्तन में नहीं। 'पतिरपि प्राणवल्लभोऽपि शस्त: प्रशंसनीयोऽस्ति उपपतिर्जार: सोऽपि अतिसखिवत्' (जयो० वृ० १६/७४)

उपपत्तिः (स्त्री०) [उप+पद्+क्तिन्] १. आविर्भाव, उत्पन्न, जन्म, प्रसूति। २. सम्पन्न, प्राप्त करना, उपाय। 'पृथग्जनानामुपपत्तिवीर्य:' (सम्य० ९२) ४. कारण, हेतु, आधार। ५. योग्यता, औचित्य, प्रदर्शन, उपसंहार।

उपपत्तिवीर्यः (पुं०) लब्धिवीर्य, परिपक्व बोध शक्ति।

उपपदं (नपुं०) १. शब्द से पूर्व लगाया गया पद या शब्द से पूर्व बोला गया पद। २. उपाधि, अलंकरण, सम्मानसूचक शब्द। ३. हर्षजन्य (सुद० ३/८७ मुनि० २९) 'वृषभोपपदो दासो'

उपपन्न (भू० क० कृ०) [उप+पद+क्त] १. प्राप्त, समागत, आगत, युक्त, सहित। २. योग्य, उचित, उपयुक्त, समीचीन।

उपपरीक्षणं (नपुं०) [उप+परि+ईक्ष्+अङ्ग+ल्युट्] अनुसंधान, खोज, शोध।

उपपातः (पुं०) [उप+पत्+घञ्] १. उपद्रव, घटना, दुर्घटना, २. संकट, कष्ट, विपत्ति, प्रादुर्भाव। ३. उपपतन, उत्पत्ति, ४. जन्म, जन्मान्तर प्राप्ति। 'उपपतनमुपपातो देवनारकाणाम्' (आ०वृ० १/१३)

उपपातकं (नपुं०) पाप जन्य, घृणित, निन्दित, तुच्छ।

उपपादः (पुं०) [उप+पद्+णिच्+घञ्] १. जन्मान्तर, जन्म से दूसरे जन्म को प्राप्त होना, जन्मस्थान। उपेत्य पद्यतेऽस्मिन्निति उपपाद:' (स० सि० २/३१, त० श्लोक २/३१) 'परित्यक्तपूर्वभवस्य उत्तरभवप्रथमसमये प्रवर्तनमुपपाद:' (गो०जी०गा०५४३)

उपपादनं (नपुं०) [उप+पद्+णिच्+ल्युट्] १. सम्पन्न करना, निष्पादन, २. कार्यान्वित करना, ३. देना, सौंपना। ४. प्रमाणित करना, ५. तर्क स्थापना। ६. परीक्षा, प्रमाणीकरण, निश्चयीकरण।

उपपादस्थानं (नपुं०) उत्पत्तिस्थान। (जयो० ६६)

उपपापं (नपुं०) अशुभ की ओर, पाप के समीप।

उपपार्श्वः (पुं०) स्कन्ध, कंधा, पार्श्वभाग।

उपपीडनं (नपुं०) [उप+पीड्+णिच्+ल्युट्] १. पेलना, निचोड़ना, उखाड़ना, उत्पीड़न। आलिंगन-सजोषमालिंगतं-(जयो० १२/१२७) २. पीड़ित करना, दु:खित करना, प्रताड़ित करना। ३. दु:ख, व्याधि, कष्ट, वेदना।

उपपुरं (नपुं०) पुर का समीप भाग, नगर का सन्निकटस्थान। (जयो० ३/७१) 'तंनैवोपुरे सुरेण रचितं' (जयो० ३/७१)

उपपुराणं (नपुं०) लघु पुराण, लघु इतिवृत्त, पुरातन चरित्र का संक्षिप्त विवेचन।

उपपुष्पिका (स्त्री०) हांफना, श्वांस लेना।

उपप्रदर्शनं (नपुं०) निदर्शन, संकेत, इंगितीकरण।

उपप्रदानं (नपुं०) १. उपहार, भेंट, उपायन। २. अभीष्ट दान, इष्टदान। 'उपप्रदानं अभिमतार्थदानम्' (जैन०ल० २७२)

उपप्रलोभनं (नपुं०) उपहार, भेंट, रिश्वत, घूंस, लालच, प्रलोभन।

उपप्रेक्षणं (नपुं०) उपेक्षा करना, अवहेलना करना।

उपप्रैषः (पुं०) आमन्त्रण, निमंत्रण, आह्वान।

उपप्लवः (पुं०) [उप+प्लु+अप्] विपत्ति, दुष्कृत्य, आपदा, ३. दुर्घटना, उत्पीड़न। ४. भय, डर, ५. अपशकुन, उपद्रव, ६. उपनय।

उपप्लुतस्थानं (नपुं०) अशान्त स्थान।

उपप्लविन् (वि०) [उपप्लव+इनि] उपद्रवी, दु:खित, पीड़ित, दुर्घटना युक्त, विपत्ति वाला,

उपबन्धः (पुं०) [उप+बन्ध्+घञ्] सम्बन्ध, आसक्ति, उपसर्ग।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उपबृंहणं (नपुं०) ०उपगूहन, ०छिपाना, ०समीचीन गुणों की प्रशंसा, ०श्रद्धावर्धन, ०धर्मपरिवृद्धिकर 'उत्तमक्षमादिभावनयाऽत्मनो धर्मपरिवृद्धिकरणमुपबृंहणम्' (त० वा० ६/२४) 'आत्मनि श्रद्धास्थिरीकरणम्' (भ०मा०टी० ४५) 'परदोषनिगूहनमपि विधेयमुपबृंहणगुणार्थम्' (पुरुषार्थ सिध्युपाय)।

उपबर्हः (पुं०) [उपबर्ह+घञ्] तकिया, उपधान।

उपबहु (वि०) बहुत कम, स्वल्प।

उपबाहुः (पुं०) कोहनी के नीचे का भाग।

उपभङ्ग (पुं०) [उप+भंज्+घञ्] १. पश्चगमन, २. काव्य का एक चरण, पाद।

उपभा (अक०) ०शोभित होना, सुन्दर लगना। उपभाति-लसति (जयो० ३७)

उपभाषा (स्त्री०) जनसाधारण की भाषा, व्यवहार की भाषा।

उपभृत् (स्त्री०) [उप+भृ+क्विप्] उपभोक्तृ, भरण पात्र।

उपभोक्ता (वि०) उपभोग करने वाला। (वीरो० १८/२६) (जयो० ११/३)

उपभोगः (पुं०) [उप+भुंज्+घञ्] १. भोजन करना, आहार ग्रहण करना, खाना, भोग लगाना। २. उपयोग, प्रयोग, उपलब्धि। ३. रति इच्छा। ४. आनन्द, सुख, संतृप्ति। ५. जो वस्तु बार-बार भोगी जा सके-'उपभुज्यत इत्युपभोगः, अशनादिः, उपशब्दस्य सकृदर्थस्याद्, सकृत्, भुज्यत इत्यर्थः।' (श्रावक प्रज्ञप्ति०२६) 'इन्द्रियनिमित्त-शब्दाद्युपलब्धि-रूपभोगः' (त० वा० २/४४)

उपभोगकालः (पुं०) विषयों का भोग समय। 'एकान्ततोऽसावुपभोगकालः' (सुद० १२०)

उपभोग-परिभोगपरिमाणव्रतं (नपुं०) उपभोग और परिभोग की वस्तुओं का परिमाण करना। (त० वा० ७/२१) 'उपेत्य भुज्यते इत्युपभोगः' परित्यज्य भुज्यत इति परिभोगः' उपभोगश्च परिभोगश्च उपभोग-परिभोगो, उपभोग-परिभोगयोः परिमाणं: उपभोग परिभोग परिमाणम्' (त० वा० ७/२१, ९/१०) 'परिमाणं तयोर्यत्र यथाशक्ति यथाविधम्' (हरिवंश पुराण ५८/१५५)

उपभोग-परिभोगव्रतं (नपुं०) उपभोग और परिभोग सम्बंधी वस्तुओं का प्रमाण करना।

उपभोग-परिभोगानर्थक्यः (वि०) उपभोग और परिभोग के व्यर्थ संग्रहण। 'न विद्यतेऽर्थः प्रयोजनं ययोस्तौ अनर्थकौ, अनर्थकयोर्भावः कर्म वा आनर्थक्यम्' उपभोग-परिभोगयोरानर्थक्यम्' (त०वृ० ७/३२)

उपभोगपात्री (वि०) अनुभवन योग्य। (जयो० १७/५)

उपभोगाधिकत्व (वि०) उपभोग-परिभोग की वस्तुओं का निष्प्रयोजन संग्रह।

उपभोगान्तरायः (पुं०) उपभोग सामग्री में विघ्न/बाधा-'उपभोगविग्घयरं उपभोगंतराइयं' (धव० १५/१४)

उपभोग्यः (पुं०) उपभोग के योग्य। 'केन सम्मणिरसावुपभोग्यः।' (जयो० ४/४३)

उपभुज्य (सं०कृ०) उपभोगकर, भोजनकर। 'मदन्नमातृप्ति तथोपभुज्य' (सुद० १३०)

उपमन्त्रणं (नपुं०) [उप+मन्त्र्+ल्युट्] आमंत्रण, आह्वान, बुलाना।

उपमर्दः (पुं०) १. लेप, मालिश, घर्षण, २. आघात, विनाश, नाश, हानि। ३. रतिमुख।

उपमर्दनं (नपुं०) उत्पीडन, आलिंगन।

उपमत्व (वि०) प्रशंसत्व (जयो० वृ० ३/६२) (जयो० वृ० १२/१२७)

उपमा (स्त्री०) [उप+मा+अङ्+टाप्] समानता, सादृश्यता, एकरूपता, तुलना समरूपता। 'यदिव कोकरुतेन दिनश्रियः समदुयः कृतनक्तलयक्रियः' (जयो० ९/२०) २. प्रशंसा (जयो० वृ० ३/६२) 'प्रयोगार्थ सुन्दर्युपमा यस्य' ३. तुल्यस्वभावः -'सुंदरं-तुल्यस्वभावेन सुन्दरंणोपमीयते' (जयो० वृ० ३/४०) 'अङ्गान्यनङ्गरम्याणि क्वास्य यान्तूपमां ततः।' (जयो० ३/४०) ४. उपमालङ्कार- उपमानेन सादृश्यमुपमेयस्य यत्र सा। प्रत्ययाव्यय-तुल्यार्थ समासैरुपमा मता।। (वागभटालङ्कार ४/५०) जहां 'वति', इव, तुल्य आदि अव्यय तथा कर्मधारय समास के प्रयोग से अप्रस्तुत (उपमान) के साथ प्रस्तुत (उपमेय) में सादृश्य दिखाया जाता है वहां उपमालङ्कार होता है-यह पूर्णोपमा, लुप्तोपमा के भेद से दो प्रकार भी है। अथासौ चन्द्रलेखेव, जगदाह्लाद कारिणी। नित्यनृत्यां श्रियं भाति निभाणा स्मरसारिणी।। (जयो० ३/४१) (जयो० ८/३८, ७/१०३, १०४, सुद० २/८) उपमीयते-उपमा की जाती है। (जयो० ३/४१)

उपमातृ (स्त्री०) धाई मां, दूसरी मां, निकटवर्ती स्त्री।

उपमानं (नपुं०) [उप+मान+ल्युट्] १. समरूपता, सादृश्यता, तुलना, एकरूपता। २. समानता का पक्ष, यथार्थ ज्ञान का आभासक। प्रसिद्ध अर्थ की समानता। ३. साध्य धर्म से साधन की सिद्धि। 'उपमानं प्रसिद्धार्थ-साधर्म्यात्साध्य साधनम्' (न्यायविनिश्चिक ३/८५) 'उपमीयतेऽनेन दार्ष्टान्तिकोऽर्थ स्मादर्गहनः इत्युपमानम्' (जैन०ल० २७४)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उपमानुप्रासालंकारः (पुं०) उपमा और अनुप्रास अलंकार (जयो० २८/८०)

उपमा संविलितोऽर्थान्तरन्यासः (पुं०) उपमा से युक्त अर्थान्तर न्यास 'संश्रयेत् कथमेकं साऽवस्थातुं स्थानभूषणा' निराश्रया न शोभन्ते वनिता हि लता इव। अर्थात् जिसका अनुकूल पति भूषण है वह सुलोचना अपने आश्रय रूप में किस अद्वितीय पति का सहारा ले? कारण स्त्रियां लताओं की तरह आश्रय विहीन होकर कभी सुशोभित नहीं हुआ करती है। 'वनिता हि लता इव' में उपमा के साथ अन्य अर्थ भी है।

उपमाश्लेषः (पुं०) उपमालङ्कार और श्लेष दोनों ही एक साथ। इक्षुर्यष्टिरियंपाऽस्ति प्रतिपर्वरसोदरा। अङ्गान्यनङ्गरम्याणि क्वास्या यान्तूपमां ततः।। (जयो० ३/४०)

उपमिति (स्त्री०) [उप+मा+क्तिन्] सादृश्यता, समानता, एकरूपता, तुल्यता। उपमान के द्वारा निगमित उपसंहार उपमालङ्कार।

उपमेय (सं०कृ०) [उप+मा+यत्] समानता करने योग्य, सादृश्यता योग्य, तुल्यता योग्य, तुलनीय। मुक्तैकपयोरशेराशेव सुरमा तया। पयोऽपि येजितः पदभ्यां पल्लवे पत्रता कृतः। (जयो० ३/४४) इसमें सुलोचना उपमेय है, वह सुरम्य है इसलिए पुण्य रूप समुद्र की वेला की तरह सुन्दर है। उपमान समुद्र है।

उपयन् (भूतकालिक प्रयोग) होना, प्राप्त होना। 'सोऽप्येवं वचनेन कम्पमुपयन्' (सुद० ७/६७)

उपयन्तृ (पुं०) [उप+यम्+तृच्] पति।

उपयन्त्रं (नपुं०) छोटा यन्त्र, उपकरण।

उपयमः (पुं०) [उप+यम्+अप्] विवाह, पाणिग्रहण।

उपयमनं (नपुं०) [उप+यम्+ल्युट्] १. पाणिग्रहण, विवाह। २. प्रतिबन्ध, रोक, अनुशासन।

उपया (अक०) प्राप्त होना, हो जाना, उपलब्ध होना। 'यो मदित्वमुपयाति स धन्यो नास्ति' (जयो० २/१२९) 'भूत्वा सन्तापमुपयान्त्यमी' (सुद० पृ० १२७) 'मांसमुपयन्मृत्युं समापद्यते' (सुद० १२७)

उपयाचक (वि०) [उप+याच्+ण्वुल्] प्रार्थी, भिक्षुक, आशार्थी, याचक, मांगने वाला।

उपयाचनं (नपुं०) [उप+याच्+ल्युट्] निवेदन, प्रतिवेदन, प्रार्थना, मांगना।

उपयाचित (वि०) [उप+याच्+क्त] प्रार्थित, निवेदक, प्रार्थना करने वाला, अभीष्ट सिद्धि का इच्छुक।

उपयाचितक (वि०) निवेदन करने वाला, निवेदक, याचकः

उपयाजः (पुं०) [उप+यज्+घञ्] यज्ञ शब्द, यज्ञमंत्र, यज्ञतन्त्र।

उपयानं (नपुं०) [उप+या+ल्युट्] पहुंचना, समीप जाना, निकटस्थ होना।

उपयुक्त (भू० क० कृ०) १. उचित, योग्य, सही, समीचीन, श्रेष्ठ, उत्तम। उपयोगी (जयो० २/४४) 'कमेक-उपयुक्तपति संश्रयेत्' (जयो० वृ० ३/६५)

उपयुक्तकारिन् (वि०) विचारशील वाला, उचित कार्य करने वाला। (जयो० वृ० १२/१७)

उपयुक्तपतिः (पुं०) उत्तमपति, मनोनुकूल पति। (जयो० वृ० ३/६५)

उपयुक्तिन् (वि०) ०मनोनुकूल, ०समीचीनता से युक्त। (सुद० २/४२) कः सौम्यमूर्तिति जयेति सूक्ती शुक्ती शुभे त्वत्कवलोपयुक्ती (जयो० ५/१०२)

उपयोक्त्री (वि०) उपयोग वाली, स्थित होने वाली। 'ऋषयोऽस्मि शयोभयोपयोक्त्री' (जयो० १२/३)

उपयुज् (सक०) १. सुनना, श्रवण करना। २. बोलना, कहना। 'सत्यमेवोपयुज्जाना सन्तोषामृतधारिणी। (सुद० ४/३३)

उपयुज्य (सं०वृ०) सुनकर, श्रवणकर। 'एतदुक्तमुपयुज्य तदाथ' (जयो० ४/४१)

उपयोगः (पुं०) [उप+युज्+घञ्] १. सेवन करना, प्रयोग करना, काम लेना। २. सम्पर्क, ३. आसन्नता, ४. संयोग-(सुद० १०२) 'यतो यत्रोपयोगस्तत्रैव दातव्यम्' (जयो० १२/१७) 'किन्तुउपयोगो नहि शुद्ध एव (सम्य० १०९) 'उपयोगस्तथाशुद्धः स तत्रैवास्तु वस्तुतः।' (सम्य० १४२) ५. परिणाम विशेष, भावविशेषः, आत्मपरिणाम। रूपादि ६. विषयग्रहण-व्यापार। ७. आत्मा का चैतन्यानुवर्ती परिणाम। 'प्रतीत्योत्पद्यमानः आत्मनः परिणाम उपयोगः। (धव० १/२३६) 'युज्यन्त इति योगाः, योजनानि वा जीव व्यापार रूपाणि योगा अभिधीयन्ते' उपयुज्यन्त इति उपयोगाः जीव-विज्ञानरूपाः' (पं०सं०१/३)

उपयोग-भेदः (पुं०) उपयोग के भेद 'उवओगो णाण-दंसणं भणिदो। (प्रव०सं०२/६२)

उपयोग-वर्गणा (स्त्री०) उपयोग/सम्प्रयोग का विकल्प, उपयोग के स्थान।

उपयोगशुद्धिः (स्त्री०) चित्त की सावधानी। 'प्राणिपरिहरण-प्रणिधान-परायणत्वम्' (भ० आ० टी० ११९)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उपयोगिन् (वि०) [उप+युज्+घिनुण्] १. योग्य, उचित, समीचीन, २. कार्ययोग्य, ०करने योग्य, ०तथ्यपूर्ण, सेवार्थ, 'समं समन्तादुपयोगि' (सम्य० पृ० ४) ३. मनोविचारी, 'पदयोः सदयोपयोगिनः' (जयो० २६/३७)

उपयोगिनी (वि०) उपयोग करने वाली, उपयोगी, उचित, समीचीनता युक्त। न त्रिवर्गविषये नियोगिनी नापवर्गपथि चोपयोगिनी। (जयो० २/८८)

उपयोजनं (नपुं०) स्वीकरण, इष्ट प्रयोजन। 'लसन्ति सन्तोऽप्युपयोजनाय' (वीरो० १/११) 'उपयोजनाय स्वीकरणाय' (वीरो० वृ० १/११)

उपरक्त (भू० क० कृ०) [उप+रञ्ज्+क्त] कष्टजन्य, दुःख युक्त, पीड़ित, संकट से घिरा हुआ, भयग्रस्थ।

उपरक्षः (पुं०) [उप+रक्ष्+अच्] अंगरक्षण, सुरक्षाकर्मी, संरक्षक।

उपरक्षणं (नपुं०) [उप+रक्ष्+ल्युट्] १. निक्षेपण, रखना- 'आदानेऽप्युपरक्षणेऽपि कुरूताद् ग्रन्थादिकानां तथा।' (मुनि० १२) २. संरक्षक, अंग रक्षण, रक्षा करने वाला। 'उपरक्षकस्तु प्रवासिनं बहुधनं' (दयो० पृ० ८९) ३. सुरक्षाकर्मी, चौकीदार, पहरेदार।

उपरत [भू० क० कृ०] निवृत्त, विरक्त, रहित, अभाव। 'कुम्भकृत्युपरते क्व वा: स्थितिः' (जयो० २/९८) २. उदासीन, आसक्ति से रहित।

उपरत-कर्मन् (नपुं०) कर्म से रहित।

उपरत-लोकः (पुं०) संसार से विरक्त।

उपरत-स्नेहः (पुं०) आसक्ति से शून्य, प्रेमविहीन।

उपरत-हास्य (वि०) हास्य से विहीन।

उपरतिः (स्त्री०) [उप+रम्+क्तिन्] १. विरक्ति, निवृत्ति, निरोग। २. विषयासक्ति से रहित।

उपरत्नं (नपुं०) तुच्छ रत्न, अशुद्ध रत्न।

उपरमः (पुं०) [उप+रम्+घञ्] विरक्त, निवृत्त, उदासीन, त्याग परिवर्जन।

उपरमणं (नपुं०) [उप+रम्+ल्युट्] १. ०विरक्ति, ०निवृत्ति, ०उसीनता, २. त्याग, ०विसर्जन, ३. अभाव, ४. रति रहित, आसक्ति से विरत।

उपरसः (पुं०) अशुद्ध रस, अशुद्ध धातु खनिज की अशुद्धता।

उपरागः (पुं०) [उप+रञ्ज्+घञ्] १. लालिमा, लाल रंग, पखालना। २. कष्ट, दुःख, संकट। ३. घृणा, निन्दा, दुर्व्यवहार, दुर्वचन।

उपराजः (पुं०) उपशासक, उपराज प्रतिनिधि।

उपरि (अव्य०) [उर्ध्व+रिल्, उप आदेशः] पृथक् रूप से होने वाला अव्यय। जिसके कई अर्थ हैं-ऊपर, पर, अधिक, बहुत की ओर ओर आदि। (सम्य० पृ० ४०) 'प्रसादोपरि-सुप्तमवेहि तम्' (सुद० ७८) 'अंता भोगभृगुपरि तु योगो' (सुद० १०५) 'अन्तरंग में भोग भोगने की प्रबल लालसा' उक्त पंक्ति में 'उपरि' का अर्थ 'प्रबल' भी है।

उपरिकरं (नपुं०) ऊपर की ओर हाथ।

उपरिगेहं (नपुं०) ऊपर का गृह, उन्नत गृह।

उपरिचर (वि०) ऊपर की ओर विचरण करने वाला।

उपरिजात (वि०) उच्च जन्म वाला।

उपरितनं (नपुं०) ऊपरी भाग।

उपरिदंतं (नपुं०) ऊपरी दांत।

उपरिभागः (पुं०) ऊपरी अंग, ऊपरी भाग।

उपरिभू (पुं०) उच्च भूमि।

उपरिभूमि देखो ऊपर।

उपरिप्रतिष्ठ (वि०) ऊपर स्थित, ऊपर प्रतिष्ठित। 'द्वीपान्तराणामुपरिप्रतिष्ठः' (वीरो० २/१)

उपरिष्ठात् (अव्य०) ऊपर, उर्ध्व पर, ऊँचे भाग पर। 'वाता इवासङ्गतयोपरिष्ठात्' (भक्ति० १६) उपरिष्टात्-शिखरतः। (जयो० वृ० १/९३) 'चर्मावृतं वस्तुतयोपरिष्टाद्नतः' (सुद० पृ० १२०)

उपरिस्थ (वि०) ऊपर स्थित, ऊपर प्रतिष्ठित। 'उपरिस्थं खलु भाविनः प्रमाणे' (जयो० १२/५८)

उपरोधः (पुं०) १. रोक, निरोध, विराम, रुकावट। 'किन्तु परोपरोधकरणेन कर्त्तव्या' (सुद० ९२) आच्छादन। २. आश्रय, आधार, सहायक।

उपरोधकं (नपुं०) १. निरोधक, आच्छादक। २. आधारभूत, आश्रय।

उपरोधक (वि०) रोकने वाला, निरोध करने वाला।

उपरोप (पुं०) धारण, रोपना।

उपरोपिणी (वि०) प्रवर्तिनी। (जयो० २/१२६)

उपरोपित (भू० क० कृ०) परिधारित, (जयो० १५/७६)

उपर्युपात्त (वि०) ऊपर से प्रभावान्। (सुद० १०१)

उपर्य्युपरि (अव्य०) ऊपर-ऊपर, ऊँचे-ऊँचे, उर्ध्व उर्ध्व, पास।

उपर्यथो (अव्य०) ऊपर से। (वीरो० ९/२४) 'उपर्यथो तूलकुथोऽनपायिनः'

उपल (पुं०) १. पाषाण, प्रस्तर, पत्थर। (दयो० पृ० ६०) २. रत्न विशेष।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उपलपनं (नपुं०) स्मरण, याद। (जयो० ४/६५)

उपलब्धः (पुं०) प्राप्त, गृहीत, ग्रहण। 'कलितामुपलब्धाम्' (जयो० वृ० ४/५६)

उपलब्ध-पाशी (वि०) पाश लिए हुए, पाशधारी भवँश्च भूयादुपलब्ध-पाशी। (वीरो० १४/२२)

उपलब्धरोक (वि०) १. प्राप्त का निरोध।

उपलब्धरोकः (पुं०) पहरेदार, द्वारपाल। निष्काशितोऽतः प्रवितताङ्यलौकैर्विक्षिप्त एवेत्युपलब्धरोकैः। (समु० ३/३२)

उपलब्धिः (स्त्री०) १. प्राप्ति, २. बुद्धि, ज्ञान।

उपलभ् (सक०) प्राप्त करना, ग्रहण करना। (दयो० ८) 'नैष्प्रतीच्छयमिति चोपलभ्यताम्' (जयो० २/७४) 'उपलभ्यतां प्राप्यतामित्यर्थः' (जयो० वृ० ७/७४)

उपलम्भः (पुं०) प्राप्त, निरूपित। 'यः स्वरूपोपलम्भः स्यात्' (सम्य० ११५)

उपलस्वभावा (वि०) हीरकादि रूप सरस्वती। (जयो० ११/३४)

उपलालिका (स्त्री०) घास, ग्रास, तृण।

उपलालित (वि०) ०तरलित, ०उमड़ पड़ा, (सुद० ३/२३) ०उपायों से लक्षित (जयो० वृ१/६) ०तरंगित, ०उद्वेलित। (जयो० ९/६६) ०पालित (वीरो० १/६१) 'हृदराशिरम्बुरभूदुपलालित इति'

उपलिख् (सक०) लिखना, आधार से अंकित करना। 'परस्य करेण उपलिखतीति' (जयो० २/१३)

उपलेखः (पुं०) आश्रित लेख, आधार युक्त, अंकन, प्रतिलिपि, प्रतिलेख।

उपलेखकः (पुं०) १. प्रतिलिपिकार। २. परकर गृहीत लेखक। 'बालकः परकरोपलेखकः।' (जयो० २/१३) 'अपरपुरुषस्य साहाय्येन लिखति।' (जयो० वृ० २/१३)

उपलेपः (पुं०) लेप पर लेप, प्लास्टर लगाना, एक आवरण पर दूसरा आवरण लगाना।

उपलोचनं (नपुं०) चश्मा, नेत्राभूषण।

उपवनं (नपुं०) आराम, बगीचा, उद्यान। (सुद० ४/१) 'या किलोपवन-रक्षणतातिर्मालि' (जयो० ४/४२)

उपवनप्रधानः (पुं०) प्रसिद्ध आराम, मुख्य बगीचा, प्रसिद्ध उद्यान। (जयो० १/८०) 'अङ्गीचकारोपवनप्रधानः'

उपबर्हः (पुं०) उपधान, तकिया।

उपवासः (पुं०) अनशनव्रत, बाह्यव्रत में प्रथम व्रत, आहार का परित्याग। 'उपवासः उपवसनम्' 'उक्तं पर्वोपवासाय' (सुद० ९६) 'उपेत्यात्मा न वसन्ति इन्द्रियाणि यस्मिन् स उपवासः' (हित सम्पादक पृ० ५९)

उपवासक्रिया (स्त्री०) उपवास विधि।

उपवासचिन्ता (स्त्री०) उपवास के प्रति चिंतन।

उपवासविधिः (स्त्री०) उपवास क्रिया। मनोऽक्षनिग्रहं कर्तुमुपवास-विधायिनः। त्यक्त्वाऽखिलं गृहारम्भमेकास्ते स्थीयताम्मिति।। (हित० सू० ५९) अवश्यमेव सप्ताहादुपवासो विधीयताम्।' (हित० सं० ६०)

उपवासिन् (वि०) लंघनमयी, अनशनकारी। (जयो० १६/१८)

उपविश् (अक०) प्रविष्ट होना, घुसना। (जयो० ६/५५)

उपविष्ट (वि०) अवस्थित, स्थित, उपस्थित, प्रवेशित, रहने वाला। (समु० ९/१४) 'सा गोचराधारतयोपविष्टा' (सुद० १/२१) 'सत्परिखोपविष्टम्' (सुद० १/२५)

उपवीतं (नपुं०) जनेऊ, यज्ञोपवीत।

उपवेग (पुं०) प्रवाह, धारा।

उपवेश (सक०) बिठाना, स्थित करना, आश्रय देना। उपवेशयति-जयो० वृ० १३/७३)

उपव्रज् (सक०) लेना, ग्रहण करना। (समु० २/३०)

उपशम् (सक०) उपशान्त होना, रोकना, निरोध करना, निग्रह करना।

तस्योपयोगतो वाञ्छा मोदकस्योपशाम्यति।' (सुद० १२६)

उपशमः (पुं०) १. उदय अभाव, उपशान्ति, अनुदय-'आत्मनि कर्मणः स्वशक्तेः कारणवशादनुभूतिरूपशमः।' (स० सि० २/१) आधाराधना सार पृ० १२१ 'उदयअभावो उपसमो' (जैन ल०२७६) २. नाश, विनाश, निरोध। ३. मोहकर्म का ह्रास। ४. आराम, स्वस्थ, उचित 'सम्यक्त्वमस्तूपशमाच्च नाशात्' (सम्य० ५९)

उपशमक (वि०) उपशम करने वाला, अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण और सूक्ष्मसाम्पराय ये तीन गुणास्थानवर्ती जीव उपशमक हैं। (त० वा० ९/१)

उपशमकश्रेणी (स्त्री०) उपशान्त पर आरोहण।

उपशमचरणं (नपुं०) चारित्रमोहनीय के उपशम से उत्पन्न चरित्र।

उपशम-सम्यक्त्वं (नपुं०) उपशम से उत्पन्न होने वाला, तत्त्वार्थश्रद्धान को प्राप्त।

उपशम-सम्यग्दृष्टिः (स्त्री०) कषाय और दर्शनमोहनीय के उपशम से उपशमसम्यग्दृष्टि होता है। 'समीची दृष्टिः श्रद्धा यस्यासौ सम्यग्दृष्टिः। (धव० १/७१)

उपशयः (पुं०) निदान, निराकरण।

उपशान्तः (पुं०) रोकना, उपशम करना, अनुदय।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उपशान्त-कषायः (पुं०) मोहकर्म का उपशम, ग्यारहवें गुणस्थानवर्ती जीव। उपशान्तकषाय: क्षीणकषाश्यच। (त० वा० ९/१)
सर्वस्य मोहस्य उपशमात् क्षणाच्च 'क्षयोपशान्तिर्यत प्राप्य तादृक्।' (सम्य० ४२, ७३)

उपशान्त-मोहः (पुं०) मोह का उपशमन।

उपशान्ति (स्त्री०) उपशम, शमन, क्षीण, दबना।

उपशामं (नपुं०) उपशम, शान्त, सम्यग्दृष्टि। 'सम्यक्त्वमेतत् प्रथमोपशामम्। (सम्य० ५४)

उपशामना (स्त्री०) उपशान्त स्वरूप में स्थित रहना। (धव० ८५६)

उपशायः (पुं०) पहरेदार का क्रमबद्धता से शयन।

उपश्लोकित (वि०) प्रशंसा योग्य। (दयो० ११०)

उपश्लिष्ट (वि०) छूते हुए, स्पर्शित। 'विटपैरूपश्लिष्टपयोधराम्' (जयो० ३/११३)

उपश्रुतिः (स्त्री०) स्वीकार, प्रतिज्ञा, प्रण, अंगीकार।

उपसंक्रमः (पुं०) ०प्रकम्प, ०कम्पन। 'कः सदोष उपसंक्रमोऽनयः' (जयो० २/६०)

उपसंग्रह (पुं०) चरणवंदन, चरण स्पर्श।

उपसंख्यानकं (नपुं०) उत्तरीय वस्त्र, दुपट्टा, धोती, चादर। (जयो० २१/६४)

उपसंयोगः (पुं०) [उप+सम्+युज्+घञ्] यमन, बंधन, बांधना। दमन करना।

उपसंरोहः (पुं०) [उप+सम्+रुह्+घञ्] ऊपर उगना, ऊपर लगना, लटकना।

उपसंवादः (पुं०) [उप+सम्+वद्+घञ्] वार्तालाप, बातचीत, करार, संवाद।

उपसंहृ (सक०) त्यागना, छोड़ना। (सुद० ९६)

उपसंहृत्य (सं०कृ०) त्यागकर, छोड़कर। 'उपसंहृत्य च करणग्रामम्' (सुद० ९६)

उपसंहरणं (नपुं०) [उप+सम्+हृ+ल्युट्] रोकना, निरोध।

उपसंहारः (पुं०) सम्मेलन, मिलन, 'सहसा दयितोपसङ्गतात्' (जयो० १०/६०)

उपसत्तिः (स्त्री०) १. सेवा, सुश्रूषा, २. दान, ३. मिलन।

उपसद (त्रि०लि०) समीप, निकट, पास।

उपसदः (पुं०) दान।

उपसदनं (नपुं०) १. समीपवर्ती स्थान, पड़ौस। २. निकट जाना, गुरु के समीप स्थित होना, शिष्य बनाना। ३. सेवा, वैयावृत्य।

उपसंतानः (पुं०) [उप+सम्+तनु+घञ्] संतति, परम्परा, संयोग।

उपसंन्यासः (पुं०) [उप+सम्+नि+अस+घञ्] डाल देना, छोड़ना, त्यागना।

उपसमाधानं (नपुं०) [उप+सम्+आ+धा+ल्युट्] एकत्र करना, संग्रह करना, ढेर लगाना।

उपसंपत्तिः (स्त्री०) [उप+सम्+पद+क्तिन्] पहुंचना, जाना, समीप जाना, निकटस्थ होना, प्रविष्ट होना। (सुद० १२६)

उपसम्पदः (पुं०) प्रविष्ट होना, पहुंचना। (समु० ४/२७)

उपसंभाषः (नपुं०) [उप+सम्+भाष्+घञ्] वार्तालाप, चर्चा, अनुरोध, विचार।

उपसम्मतिः (स्त्री०) आज्ञा आदेश। (जयो० १५८)

उपसरः (पु०) [उप+सृ+अप्] अभिगमन, उन्मुख, अनुचरण।

उपसरणं (नपुं०) [उप+सृ+ल्युट्] अभिगमन, अनुसरण, सरणयुक्त होना।

उपसर्गः (पुं०) [उप+सृज्+घञ्] १. धातु के पूर्व लगने वाले, उपपद, वि, प्र, पर, अनु आदि। (जयो० १९/९३) 'व्याकरण-निर्दिष्टानुपसर्गान् धातूपपदानजानानोऽननकुर्वाणोऽपि' (जयो० १९/९३) २. उपद्रव, संकट, कष्ट, बाधा, हानि, आघात, व्याघात, प्रहार। (सुद० १३२) 'उपसर्गानुपद्रव'। (जयो० वृ० १९/९३) 'उपसर्गमुपारब्धवती कुर्तामहासती' (सुद० १३३) ३. परीषह-क्षुधा, पिपासा, शीत, उष्ण, दंशमशक, नाग्न, अरति, स्त्रीचर्या, निषद्या, शय्या, आक्रोश, वध, याञ्चना, अलाभ, रोग, तृणस्पर्श, मल, सत्कार, पुरस्कार, प्रज्ञा, अज्ञान, अदर्शन आदि।

उपसर्गपदं (नपुं०) प्र, परा, अनु, अव, निस्, निर्, दुस्, दुर्, वि-आङ्, नि, अधि, अपि उत् आदि उपसर्गपद। यथा धातुगतोऽर्थो वाच्यादि (वीरो० ४/२७) 'स उपसर्गपदेन प्रादिना प्रव्यक्ततामाप्नोति' (जयो० वृ० १६/४२)

उपसर्गहृत् (वि०) उपसर्ग को हरण करने वाला। ओं सव्वोसहिपत्ताणं णमो स्यादुपसर्गहृत्। (जयो० १९/७८)

उपसर्जनं (नपुं०) [उप+सृज्+ल्युट्] १. ग्रहण लगना, दोष लगना, दोषारोपण, २. वस्तु का स्वरूप नष्ट होना, समाप्त होना। ३. बाधा उपस्थित होना।

उपसर्पः (पुं०) [उप+सृप्+घञ्] निकट/समीप जाना, पहुंचना।

उपसर्पणं (नपुं०) [उप+सृप्+ल्युट्] निकट जाना, समीप जाना, प्रत्यागमन, अग्रसरण।

उपसर्या (स्त्री०) [उप+सृ+यत्+टाप्] गर्भजन्या, सांड के उपयुक्त गाय ऋतुमती गाय।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उपसाद्रं (नपुं०) गृहोद्यान। (वीरो० ५/३७)

उपसुन्दः (पुं०) एक राक्षस, निकुम्भ का पुत्र।

उपसुप्त (वि०) [उप+सुप्+क्त] सोया हुआ। 'सुखोपसुप्ता निशि पश्चिमायाम'

उपसूर्यकं (नपुं०) [उप+सूर्य+कन] सूर्यमण्डल, सूर्यपरिवेश।

उपसृष्ट (भू० क० कृ०) [उप+सृज्+क्त] १. संयुक्त, सम्मिश्रित, संयोग, मिश्रित किया। २. कष्टग्रस्त, अभिभूत, तिरस्कृत, क्षतिग्रस्त। ३. उपद्रव युक्त, उपसर्ग सहित।

उपसृष्टः (पुं०) ग्रहण युक्त सूर्य या चन्द्र।

उपसेकः (पुं०) [उप+सिच्+घञ्] सींचना, अभिषेक करना, सिंचन करना, छिड़कना, भींगना।

उपसेचनं (नपुं०) अभिसिंचन, छिड़कना, भीगना।

उपसेवनं (नपुं०) [उप+सेव्+ल्युट्] १. उपासना, आराधना, सम्मान, पूजा, सेवा। २. आसिक्त होना, लिप्त होना। ३. उपयोग करना, काम लेना।

उपस्करः (पुं०) [उप+कृ+अप्+सुट्] १. अवयव, संघटक। २. सामान, वस्तु, उपकरण, (जयो० २२/३६) उपबन्ध, आवश्यक वस्तु। ३. अलंकरण, आभूषण।

उपस्करणं (नपुं०) [उप+कृ+ल्युट्] १. अवयव संचय, संग्रह। २. वध करना, क्षत-विक्षत करना। ३. परिवर्तन, सुधार।

उपस्कारः (पुं०) [उप+कृ+घञ्] १. परिशिष्ट, अध्याहार। २ सुशोभित करना, अलंकृत करना, रमणीय बनाना। ३. अलंकरण, आभूषण। ४. आघात, प्रहार।

उपस्कृत (भू० क० कृ०) [उप+कृ+क्त] १. तैयार किया हुआ, बनाया गया, निर्मित किया। २. संचित, संग्रहीत। ३. अलंकृत, विभूषित। ४. आभूषण, अलंकरण, ५. अध्याहृत परिमार्जित।

उपस्कृतिः (स्त्री०) [उप+कृ+क्तिन्] परिशिष्ट, अध्याहार, समावेश।

उपस्तम्भः (पुं०) [उप+स्तम्भ+घञ्] १. आश्रय, आधार, सहायक प्रयोजन। २. प्रोत्साहन, अग्रणीकरण।

उपस्तरणं (नपुं०) [उप+स्तृ+ल्युट्] १. संस्तरण, बिछाना, फैलाना। २. चादर, विस्तार।

उपस्त्री (स्त्री०) विवाहित के अतिरिक्त रखी गई स्त्री, रखैल।

उपस्थः (पुं०) [उप+स्था+क] १. अंक, गोद। २. मध्यभाग, पेट्। ३. जननेन्द्रिय, योनि, कामेन्द्रिय (मुनि.३०) ४. गुदा। ५. कूल्हा।

उप+स्था (अक०) उपस्थित होना, सम्मुख आना। 'उपतिष्ठामि द्वारि पश्य।' (मुद० १.४) उपतिष्ठतं (जयो० २/८)

उपस्थानं (नपुं०) [उप+स्था+ल्युट्] ०आराधना, ०पूजा, ०देवालय, ०मन्दिर।

उपस्थापनं (नपुं०) [उप+स्था+णिच्+ल्युट्] १. पहुंचना, आना, दर्शन देना। २. पूजन, अर्चन, प्रार्थना, आराधना, उपासना। ३. प्रणम्यभाव, नमस्करण, प्रणाम, नमन। ४. स्मरण, स्मृति। ५. उपस्थिति, समीप्यता।

उपस्थापय (अक०) उपस्थित होना, सन्निकट पहुंचना, दर्शन देना। उपस्थापयति (दयो० ६०)

उपस्थापित (भू० क० कृ०) [उप+स्था+णिच्+क्त] उपस्थित हुआ, सन्निकट पहुंचा।

उपस्थायकः (पुं०) [उप+स्था+ण्वुल्] सेवक, नौकर।

उपस्थित (भू० क० कृ०) [उप+स्था+क्त] ०सन्निविष्ट, ०जात, सम्मुख आया। (जयो० वृ० ५/१७) (दयो० ५६) पुलिने चलनेन केवलं वलितग्रीवमुपस्थितो बकः।' (जयो० १३/६३) 'उपस्थितः सन्निष्टो बकः' (जयो० वृ० १३/६३)

उपस्थितिः (स्त्री०) [उप+स्था+क्तिन्] १. विद्यमानता, ०समागमन, ०अवाप्ति ०प्राप्ति, ०रहना, ०निवास करना। (जयो० २/५७) २. स्मरण, ०स्मृति, प्रत्यास्मरण। ३. सेवा, ०परिचर्या। ४. सन्निकट जाना, ०पहुंचना, ०उपस्थित रहना, सम्मुख होना।

उपस्नेहः (पुं०) [उप+स्निह्+घञ्] आर्द्र होना, गीला होना, सरलता प्रकट करना।

उपस्पर्शः (पुं०) [उप+स्पृश्+घञ्] १. सम्पर्क, साथ होना। २. स्पर्श करना, छूना, आलिंगन करना। ३. मार्जन करना, आचमन करना, कुल्ला करना। ४. प्रक्षालन, स्नान,संक्षालन।

उपस्मृतिः (स्त्री०) स्मृति से लघु शास्त्र, लघु स्मृतिग्रन्थ/सिद्धान्त ग्रन्थ, संक्षिप्त आत्म-विशेषणात्मक ग्रन्थ।

उपस्रवणं (नपुं०) [उप+स्रु+ल्युट्] मासिकस्राव।

उपस्वत्वं (नपुं०) राजस्व, भू-सम्पदा से प्राप्त सम्पत्ति।

उपस्वेदः (पुं०) [उप+स्विद्+घञ्] पसीना, शरीर।

उपहत (भू० क० कृ०) [उप+हन्+क्त] १. व्यापन्न, पीड़ित, चोट ग्रस्थ हुआ, घायल, आघात युक्त। (जयो० १८/३०) २. आबद्ध, पराभूत, अभिभूत, घिरा हुआ। ३. उपेक्षित, निन्दनीय, प्रदूषित, अपवित्रता युक्त, कलुषित।

उपहतक (वि०) [उपहत+कन्] भाग्यहीन, दुर्भाग्यशाली, हीन।

उपहतिः (स्त्री०) [उप+हन्+क्तिन्] आघात, प्रहार, वध, हत्या।

उपहरणं (नपुं०) [उप+हृ+ल्युट्] १. ग्रहण करना, लेना,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पकड़ना, दबोचना। २. निकट आना। ३. बांटना, वितरित करना, भोजन देना।

उपहस् (अक०) उपहास करना, व्यंग करना, निन्दा करना।

उपहसित (भू० क० कृ०) [उप+हस्+क्त] उपहास करना, भर्त्सना किया गया, निन्दित किया गया।

उपहस्तिका (स्त्री०) [उपहस्त+कन्+टाप्] पान-दान, एक पात्र, जिसमें ताम्बूल रखा जाता है।

उपहारः (पुं०) [उप+हृ+घञ्] १. भेंट, प्राभृत, आहूति। (वीरो० २/३६) २. परितोषिक-'**मनो ममैकस्य किलोपहारो**' (जयो० ३/९७) '**किलोपहारं पारितोषिकं भविष्यति।**' (जयो० ५/९७) उपहार को 'उपायनी' भी कहते हैं। (जयो० ११/६५) ३. कर, क्रय-विक्रय कर। 'करत्वे उपहाररूपेण कलितं' (जयो० वृ० ५/७६)

उपहारलेशः (पुं०) परितोषकोश, उपहार भाग। सुमस्थवार्बिन्दुदला-पदेशं मुक्तामयन्तेऽप्युपहारलेशम्।' (वीरो० ४/१८)

उपहारिन् (वि०) [उपहार+णिनि] भेंट प्रस्तुत करने वाला, वस्तु प्रदाता, प्राभृतदाता, पारितोषिक प्रस्तुतकर्ता। 'पुनरपरं, रूपबलोपहारिणं' (जयो० २/१५५)

उपहारीकृत (वि०) उपहार देने वाला, भेंटदाता। (जयो० ३/९४)

उपहारीकृत्य (सं०कृ०) उपहार देकर, पारितोषिक प्रदान करके। (जयो० वृ० ३/३६)

उपहासः (पुं०) [उप+हस्+घञ्] अट्टहास, परिहास, व्यंगपूर्ण हास।

उपहासक (वि०) [उप+हस्+ण्वुल्] हास्य करने वाला।

उपहासकः (पुं०) विदूषक, जोकर।

उपहास्य (सं०कृ०) हंसी उड़ाने वाला।

उपहित (वि०) [उप+धा+क्त] १. रखा गया, निक्षिप्त, प्रस्तुत किया, युक्त। 'चपलतोपहितचेता' (सुद० १/४३) २. तिरोभूत, अभिभूत, आच्छादित, तिरोहित। 'ध्रुवाव्युपहितान्यपि भोगभुवा तु वा' (जयो० ९/९८)

उपहितचेता (वि०) आच्छादित चित्त वाला। (सुद० १/४८)

उपहूतिः (स्त्री०) [उप+ह्वे+क्तिन्] आह्वान, निमंत्रण, आमन्त्रण, बुलावा।

उपह्वरः (पुं०) [उप+ह्वृ+घ] एकाकी स्थान, शून्यस्थान।

उपहृ (सक०) [उप+हृ] धारण करना, रखना, ग्रहण करना। 'मुक्तादंतौ च ता उपजहार नृपाययुक्ताः' (समु० ४/३८)

उपांशु (अव्य०) [उपगता अंशवो यत्र] (जयो० ३/१११)

उपांशु-पांसुल (वि०) अतिशयरेण व्याप्त। (जयो० वृ० ३/१११)

उपाकरणं (नपुं०) [उप+आ+कृ+ल्युट्] सन्निकट लाना, आरम्भ के लिए निमन्त्रण। १. उद्यत, आरम्भ, उपक्रम।

उपाकर्मन् (नपुं०) [उप+आ+कृ+मनिन्] उपक्रम, अनुष्ठान।

उपाकृत (भू० क० कृ०) [उप+आ+कृ+क्त] आरम्भ, कार्य किया गया, प्रयत्नशील।

उपाक्षम् (अव्य०) नेत्राभिमुख, नयन सम्मुख, निज सम्मुख।

उपाख्यानं (नपुं०) [उप+आ+ख्या+ल्युट्] लघुकथ, गल्प, कथा, आख्यायिका।

उपागमः (पुं०) [उप+आ+गम्+अप्] पहुंचना, आना, निकटता को प्राप्त होना, घटित होना। २. प्रतिज्ञा, स्वीकृति।

उपाग्रं (नपुं०) निकट, पास, समीप।

उपाग्रहणं (नपुं०) [उप+आ+ग्रह्+ल्युट्] ज्ञानोपर्जन, अभ्यास, विशेष ग्रहण।

उपाङ्गं (नपुं०) उपभाग, उपशीर्षक, अवयव, शरीर के हस्त पैरादि अंग।

उपाङ्गिन् (वि०) अंगवाली। (जयो० ५/७)

उपाचारः (पुं०) [उप+आ+चर्+घञ्] १. रोग निदान, कार्यविधि।

उपाजगाम (भूतकालिक प्रयोग) समागत, प्राप्त हुआ। 'कश्चिदुपाजगाम' (जयो० १/७७)

उपाजे (अव्य०) आश्रय, सहारा, यह 'कृ' धातु के साथ ही।

उपाञ्चित (वि०) समागत, प्राप्त (समु० ७/२)

उपाञ्जनं (नपुं०) [उप+अञ्ज्+ल्युट्] लीपना, मलना, पोतना, सफेदी करना।

उपात् (भू०) पड़े हुए, रखे हुए, गिरे हुए। (सुद० २/४७)

उपात्तः (वि०) १. पूर्वोपार्जित, 'उपात्तपापोच्चयसम्विलोपी' (समु० ६/३२) २. आरोपित 'शृङ्गोपात्त पताकाभिराह्वयन्' (जयो० ३/७४) उपात्ता-आरोपिता-'उपात्त सम्यक्त्वगुणो-रुपूर्तीन्'। (सम्य० ५८)

उपात्तजातिः (स्त्री०) उपलब्ध जाति। (वीरो० ११/२३)

उपात्तजातिस्मृतिः (स्त्री०) प्राप्त जाति का स्मरण।

उपात्तढंग (वि०) समीचीन विधि। (सम्य० २९) (वीरो० ११/२३)

उपात्त-तामस (वि०) तामसता रखने वाला, तमोगुणयुक्त (जयो० २/१०९) 'राक्षसाशनमुपात्त-तामसं

उदात्ततोरणः (पुं०) तोरण वृक्ष को प्राप्त। (जयो० २४/५०)

उपात्तप्रतिपत्तिः (स्त्री०) अन्यथानुपत्तिरूप अवयव, 'अनुमानाङ्ग रूप प्रतिपत्ति' 'उपात्ता संलब्धा प्रतिपत्तिः प्रगल्भता येन सः'

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उपात्तवती (वि०) उत्कण्ठिता (वीरो० १२/२६) (जयो० वृ० ८/४६)

उपात्तविधिः (स्त्री०) उपलब्धविधि। 'यत्सूक्तिपूर्वकमुपात्त विधेयवादः' (सुद० ४/२५)

उपात्तसातः (पुं०) सुख सम्पन्न, साता को प्राप्त। 'अनन्तनामानुपात्तसातं' (भक्ति० १९)

उपात्ययः (पुं०) [उप+अति+इ+अच्] उल्लंघन करना, विचलित होना, दोष युक्त होना।

उपादानं (नपुं०) [उप+आ+दा+ल्युट्] १. प्राप्त करना, लेना, अभिग्रहण करना, ग्रहण करना। २. भौतिक कारण, बाह्य साधन। ३. न्यूनपद का समाहार। जो स्वयं कार्यरूप परिणत होता है वह उपादान कहलाता है। प्रत्येक कार्य अपने उपादान के द्वारा उपादेय अर्थात् अभिन्न रूप से परिणमनीय होता है। "किलाभिन्नत्वेनऽऽदानंधारणमधिकरणं तदुपानम्" "उप' यह उपसर्ग है जिसका अर्थ अभिन्न रूप में एकमेक रूप में जैसा कि उपयोग शब्द में होता है। उपयोग-ज्ञान-दर्शन-ये आत्मा के साथ एकमेक होकर रहते हैं। 'आदान' का अर्थ धारण करना है। अर्थात् अधिकरण या आधार एवं अभिन्न रूप से एकमेक होते हुए जो प्राप्त करने वाला हो, वह उपादान होता है। (सम्य० पृ० १४ १५)

चेतन-अचेतन पदार्थों की उत्पत्ति अपने अपने उपादान से होती है, ब्रह्म वादियों का कथन। भो गोमयादाविह वृश्चिकादिच्छिकित्ति रायाति विभो अनादि। जनोऽप्युपादान-विहीनवादी, वह्निं च पश्यन्नरणे प्रमादी। (जयो० २६/९४) हे प्रभो! गोबर आदि अचेतन पदार्थों से बिच्छू आदि चेतन शक्ति की उत्पत्ति होती है, ऐसा जो कहते हैं उनका कहना यह ठीक नहीं है, क्योंकि चेतन शक्ति तो अनादि है, गोबर आदि मात्र से शरीर उत्पन्न होता है। इसी तरह अरणि नामक लकड़ी से अग्नि की उत्पत्ति देखकर जो यह कहना है कि उपादान के बिना भी कार्य की उत्पत्ति होती है, वह प्रमादी है, यथार्थवादी नहीं है, क्योंकि अरणि आदि लकड़ी रूपादिमान् होने में पुद्गल है।

उपादानकारणं (नपुं०) भौतिक कारण, प्रकृतिजन्य साधन।

उपादानकारणत्व (वि०) कार्य के साथ तादात्म्य। 'उपादानं उत्तरस्य कार्यस्य सजातीयं कारणम्' (न्याय० वि०१/१३२) 'अवच्छिन्नकारणताशालित्वं तदिति उपादानकारणत्वम्' (अष्ट सहस्त्री १५/१३५)

उपादानत्व (वि०) कार्य के साथ तादात्म्य, कार्य में समस्त विशेषताओं का समर्पण।

उपादानविहीन (वि०) भौतिक कारणों से रहित, ग्रहण रहित, उत्पत्ति रहित।

उपादिमन्मठ (वि०) १. गृहस्थाश्रम में स्थित, द्वितीयाश्रम में स्थित। 'पठेद्य-द्युपस्थितिरूपादिमन्मठे' (जयो० २/५७)

उपादेयः (पुं०) अभिन्न परिणमनीय कारण। (सम्य० १४)

उपाधिः (स्त्री०) [उप+आ+धा+कि] १. विशेषता, गुण, विशेषण, विवेचक। २. प्रयोजन, संयोग, अभिप्राय। ३. पद, नाम, संज्ञा, उपनाम।

उपाधिजन्य (वि०) विशेषता रहित।

उपाधि-धारक (वि०) विशेषण/गुण धारण करने वाला।

उपाधि-पात्रः (वि०) उपाधि का अधिकारी। गुण का अधिकारी।

उपाधि-वचनं (नपुं०) आसक्ति जन्य वचन।

उपाध्यायः (पुं०) १. अध्यापक, गुरु। रयणत्तय-संजुत्ता, जिणकहिय-पयत्थदेसया सूरा। णिक्कंख-भाव-सहिया, उवज्झाया एरिसा होंति।। (नि०सा०७४) 'उपेत्य तस्मादधीयते इत्युपाध्यायः' (त०श्लोक ९/२४) उपाध्यायः अध्यापकः। (जैन०ल० २८०) 'मोक्षार्थं उपेत्याधीयते शास्त्रं तस्मादित्युपाध्यायः' (कार्ति९४५७) 'यदध्येति स्वयं चापि शिष्यानध्यापयेद् गुरुः।'

उपानयः (पुं०) उपहार, पारितोषिक, भेंट। (जयो० ९/२१)

उपानह् (स्त्री०) [उप+नह्+क्विप्] पादुका, पादरक्षक (जयो० २१/६४) जूता, पादत्राण, चप्पल। (जयो० ३/१००)

उपान्तः (पुं०) १. सिरा, पल्लू का अग्रभाग, गांट, किनारी। (वीरो० २१/१०१) २. पार्श्वभाग, समीपस्थ स्थान।

उपान्तभृत (वि०) रखाने वाली, रक्षा करने वाली। (वीरो० २१/१०)

उपान्तिक (वि०) निकटस्थ, समीपस्थ, पड़ौसी।

उपान्त्य (वि०) [उपान्त+यत्] अन्तिम से पूर्व का।

उपान्त्यः (वि०) अक्षि कोर।

उपान्त्यजिनः (पुं०) पार्श्वनाथ, तेवीसवें तीर्थंकर। 'उपान्त्योऽपि जिनो बाल-ब्रह्मचारी जगन्मतः।' (वीरो० ८/४०)

उपायः (पुं०) [उप+इ+घञ्] १. युक्ति, विचार, उचित चिन्तन, समीचीन कथन। (सुद० १०१) 'अभीष्टसिद्धे सुतरामुपाय' २. पद्धति, रीति, परम्परा, प्रयत्न, चेष्टा। 'स्याद्यदीदमह-मस्मदुपायाद्' (जयो० ४/३१) 'उपायात् प्रयत्नाद् अयाद् भाग्यात् स्यात्।' (जयो० व० ३१) 'नम्येतितीत्क न

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

परोऽस्त्युपायः' (भक्ति० पृ० २५) उपायतः-प्रधान/साधन से-(सम्य० १५/१) में 'उपाय' का अर्थ साधक भी है।

उपायकर्तृ (वि०) प्रयत्नशील, उपाय करने वाले। 'अनेक धान्यार्थमुपायकर्त्रोर्महत्सु' (सुद० २/२९)

उपायनं (नपुं०) [उप+अय्+ल्युट्] १. उपहार, भेंट, प्राभृत, पारितोषिक, पुरस्कार। 'उचितोपायनपावनोत्सव' (जयो० २०/३३) २. अपहारक, निकटस्थ स्थान बनाना। 'जगतां तृड्डुपायनोऽपि कूपः' 'किमु नो वारिदवारि दक्षरूपः' (जयो० १२/८६)

उपायनी (वि०) उपहार देने योग्य। (जयो० ११/६५)

उपायनीकृत्य (सं०कृ०) उपहार देकर, भेंट देकर। जगन्ति जिह्वात्रिभिरवशेषात्तुपायनीकृत्य पुनर्विशेषात्' (जयो० ११/६५)

उपायपदं (नपुं०) योग्यस्थान, समुचित पद। 'वञ्चिताः स्म किमुपायपदं तं' (जयो० ४/१०)

उपायपरः (पुं०) उपाय/प्रयत्न में तत्पर। 'तत्कृत्यमित्थं च तदित्युपायपदो नरोऽयं भविता सुखाय।' (जयो० २७/५५)

उपाय-सञ्जात (वि०) प्रयत्न को प्राप्त हुआ। (जयो० वृ० ३/१०)

उपायान्तर (वि०) प्रयत्न बिना भी। (हित०१४)

उपारब्ध (वि०) प्रारम्भ करने वाली। (सुद० १३३)

उपारब्धवती (वि०) प्रारम्भ करती हुई।

उपारम्भः (पुं०) [उप+आ+रभ्+घञ्] प्रारम्भ, समारम्भ, उपक्रम, शुरू।

उपार्जनं (नपुं०) [उप+अर्ज्+ल्युट्] कमाना, लाभ उठाना। (जयो० ३/१)

उपार्जित (वि०) कमाया गया, संचित किया गया, लाभ लिया गया। श्मसानमासाद्य कुतोऽपिसिद्धिरुपार्जिताऽनेन सुमित्र विद्धि।'' (सुद० १०७)

उपार्थ (वि०) अल्प मूल्य वाला।

उपालम्भः (वि०) [उप+आ+लभ्+घञ्] उलाहना, निन्दा, गर्हा, द्वेष, दुर्वचन, व्यापाय। (जयो० वृ० ८/२४) उपालम्भः सपिपास-वचनैः शिक्षा (जैन०ल० २८)

उपालम्भिन् (वि०) मारपीट, बन्धन, दुर्वचन वाला। बन्धस्य हेतुत्वमुपैत्यसो योपालम्भिनश्चौर्यमिवात्र दस्योः। (सम्य० २७)

उपावर्तनं (नपुं०) [उप+आ+वृत्+ल्युट्] १. लौटना, मुड़ना, वापिस होना। २. परावर्तन, परिभ्रमण, घूमना, हिंडन, परिहिंडन।

उपाद्रिय् (सक०) स्वीकार करना, अंगीकार करना। 'शालिकालिभिरूपाद्रियते वा' (जयो० ४/५७)

उपाश्रमं (नपुं०) स्थान, आश्रय, आधार। (जयो० १३/६०)

उपाश्रयः (पुं०) [उप+आ+श्रि+अच्] १. आश्रय, आधार, अवलम्बन। २. पात्र पाने योग्य, ३. निर्भर रहना, आधीन होना। ४. समवसरण 'नाभेयस्योपाश्रय समवसरण नाम' (जयो० वृ० २६/४२)

उपाश्रय् (सक०) आश्रय लेना, आधार बनाना, अवलम्बन करना (उपाश्रयन्- मुनि० ८) उपाश्रयन्त (सुद० ११८) उपाश्रयति (जयो० २/९) ज्ञानेन नानन्दमुपाश्रयन्तश्चरन्ति ये ब्रह्मपथे सजन्तः।' (वीरो० १/६)

उपाश (वि०) अभिलाष युक्त, प्राप्ताभिलाषी। 'पुरा सरोजेषु मयेत्युपाशः' (जयो० ११/४५)

उपासकः (पुं०) [उप+आस्+ण्वुल्] १. श्रावक, व्रत ग्रहण करने वाला, ग्रहस्थ। (जयो० १/११३)

उपाशकदशा (स्त्री०) श्रावक अवस्था। उपासकाः श्रावकाः, तद्गतक्रियाकलापनिबद्धदशाः, दशाध्ययनोपलक्षिताः उपासकदशा। (जैन०ल० २८१)

उपासक-सूत्रं (नपुं०) उपासकाध्ययन। (हि०सं०२५)

उपासकाचारः (पुं०) श्रावकों के आचार-विचार। नोपासकाचार-विचारलोपी' (वीरो० ११/२९)

उपासका नामर्धातिः (स्त्री०) उपासकाध्ययन। (जयो० २/४५)

उपासकाध्ययनं (नपुं०) उपासकाचार, श्रावकाचार के गुणों का चिन्तन। 'उपासकाध्ययने श्रावकधर्मलक्षणम्' (स०श्रा०१/२०)

उपासद् (सक०) मिटा लेना, शान्त कर लेना। 'जातुवृत्तिमुपासदत्' (समु० २/११)

उसासनं (नपुं०) [उप+आस्+ल्युट्] १. सद्भाव, दया, करुणा। २. अर्चन, पूजन, आदर, आराधना मनन-चिन्तन।

उपासा (स्त्री०) [उप+आस्+अ+टाप्] आराधना, सेवा, आदर, सम्मान। * पूजा।

उपासना (स्त्री०) [उप+आस्+युच्] १. आराधना, अर्चना, पूजा, १. सद्भाव, समादर, धार्मिक मनन-चिन्तन। (जयो० १५/६९)

उपासनाविधिः (स्त्री०) पूजन सामग्री। (दयो० ८३)

उपास्तमनं (नपुं०) रवि का अस्त होना।

उपास्तिः (स्त्री०) [उप+आस्+क्तिन्] आराधना, उपासना, सेवा, पूजा, अर्चना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उपास्त्रं (नपुं०) लघुशस्त्र, छोटा आयुध।

उपासिका (स्त्री०) श्राविका, श्रावक व्रतधारी स्त्री। 'अहं प्रभोरेवमुपासिका वा' (वीरो० ५/२१) या पत्नी-कदम्बराज-कीर्तिदेवस्समालला। (वीरो० १५/४२)

उपाहारः (पुं०) उपहार, स्वल्पाहार, नाश्ता।

उपाहित (भू० क० कृ०) [उप+आ+धा+क्त] १. संधारित, धारण किया गया, समायोजित, जमा किया गया। २. सम्बद्ध, सम्मिलित।

उपूर्तिन् (वि०) पूर्ति करने वाला। (सम्य० ५८)

उपेक्ष् (सक०) उपेक्षा करना, अवहेलना करना, उदासीनता रखना। 'कृषके च रसकोऽप्युपेक्षते' (जयो० २/१६)

उपेक्षणं (नपुं०) [उप+ईक्ष्+अ+ल्युट्] उपेक्षा, अवहेलना, उदासीनता। 'उपेक्षणं तु चारित्तं तत्त्वार्थानां सुनिश्चितम्।' (सम्य० ८२)

उपेक्षणीय (वि०) उपेक्षा करने योग्य, अवहेलनीय, त्यजनीय। (हित१७)

उपेक्षा (स्त्री०) [उप+ईक्ष्+अ+टाप्] उदासीनता, अवहेलना, घृणा। राग-द्वेषयोरप्रणिधानमुपेक्षा। (स०ति०१/१०) 'श्रद्दस्यत्वात्मनो हि या:।' (सम्य० ८३)

उपेक्षित (भू० क० कृ०) [उप+ईक्ष्+अ+क्त] उपेक्षणीय, अवहेलित, घृणित, निन्दनीय। (सुद० वृ० ११२)

उपेक्षित-संसारः (वि०) संसार से उदासीन हुआ। इत्युपेक्षित-संसारो विनिवेद्य महीपतिम्' (सुद० वृ० ११२)

उपेक्ष्य (सं०कृ०) उपेक्षा करके।

उपेत (भू० क० कृ०) [उप+इ+क्त] सन्निकट आया, पहुंचा, उपस्थित, समागत, प्राप्त। 'निम्नगे सरसत्वमुपेता' (सुद० १/४३)

उपेत्य (सं०कृ०) प्राप्त करके, उपस्थित होकर, आकर। 'स्वर्यामिति यावदुपेत्य महीशः।' (सुद० १०८)

उपेन्द्रः (पुं०) [उपगत इन्द्रम्] उपेन्द्र, देव का भेद।

उपेय (सं०कृ०) [उप+इ+यत्] पहुंचने योग्य, प्राप्त करने योग्य।

उपोढ (भू० क० कृ०) [उप+वह्+क्त] १. संचित, एकत्रित, २. निकटस्थ।

उपोत्तम (वि०) अन्तिम से पूर्व।

उपोद्घातः (पुं०) [उप+उद्+हन+घञ्] १. प्रस्तावना, भूमिका, पुरोवाक्। २. उदाहरण, दृष्टान्त। ३. उद्दिष्ट वस्तु का बोध कराना। 'उपोद्घातस्तु प्रायेण तदुद्दिष्ट' (जैन०ल० २८३)

उपोद्बलक (वि०) [उप+उद्+बल्+ण्वुल्] पुष्ट करने वाला, शक्तिशाली बनाने वाला।

उपोद्बलनं (नपुं०) [उप+उद्+बल+ल्युट्] पुष्ट करना, शक्तिसम्पन्न बनाना।

उपोस्य (सं०कृ०) उपवास करके। (भक्ति० १०)

उपोषणं (नपुं०) [उप+वस्+ल्युट्] अनशन व्रत रखना, उपवास करना।

उपोषित (वि०) [उप+वस्+क्त] उपवास करने वाला। 'सा क्वचिदपि उपोषितस्य' (सुद० ९१)

उप्तिः (स्त्री०) [वप्+क्तिन्] बीज बोना।

उब्ज् (सक०) १. भींचना, दबाना, मसलना। २. सीधा करना।

उभ् (सक०) १. सीमित करना, कम करना, २. आच्छादित करना, ऊचा बिछाना।

उभ (सर्वनाम, विशेषण) [उभ+यक्] उभय, दोनों।

उभय (सर्व०वि०) [उभ्+अयट्] (जयो० ३/५६) दोनों एक साथ दो, दो वस्तुएं। 'दम्पत्योरुभयोर्व्यतीतिमुदगाद्' (सुद० ११६)

उभयचर (वि०) जल-स्थल में विचरण करने वाले।

उभयक्षेत्रं (नपुं०) दोनों क्षेत्र। 'उभयमुभय-जल-निष्पाद्यशस्यम्'

उभयतः (अव्य०) [उभय+तसिल्] दोनों ओर से, दोनों ओर। दोनों पद्धतियों से, दोनों दृष्टियों से।

उभयत्र (अव्य०) [उभय+त्रल्] दोनों स्थानों पर, दोनों ओर, दोनों आधारों पर।

उभयथा (अव्य०) [उभय+थाल्] दोनों पद्धतियों से, दोनों विचार धाराओं से।

उभयद्युः (अव्य०) [उभय+द्युस्] दोनों दिन, आगमी दिन।

उभयपक्षः (पुं०) दोनों पक्ष (जयो० ३/५६) (जैन ल०२८३)

उभयपद (नपुं०) दोनों चरण।

उभयपदानुसारिबुद्धिः (स्त्री०) अतिशय बुद्धि धारक।

उभयप्रायश्चित्तं (नपुं०) आलोचन एवं प्रतिक्रमण रूप प्रायश्चित्त। सगावराहं गुरूणमालोचिय गुरुसक्खिया अवराहादो पडिणियत्ती उभयं णाम पायच्छित्तं (धव० १३/६०)

उभयबन्धः (पुं०) विशिष्ट बन्ध, परस्परबन्ध, इतरेतरबन्ध। 'यः पुनः जीव कर्मपुद्गलोः परस्पर परिणाम-निमित्त-मात्रत्वेन विशिष्टतरः परस्परमवगाहः स तदुभय-बन्धः' (प्रव० सा० अमृत वृ० ३/८३)

उभयबन्धिनी (वि०) उदय-अनुदय रूप बन्ध वाली।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

'उभयऽस्मिन्नुदये वा बन्धोऽस्ति यासां तां उभयबन्धिन्यः' (जैन०ल० २८३)

उभयमनोयोगः (पुं०) सत्यासत्य मनोयाग, उभयशक्ति रूप मनोयोग।

उभय-वचनयोगः (पुं०) धर्म विवक्षित सत्यासत्य वचनयोग। 'जाणुभयं सच्चमोसोत्ति' (धव० १/२८६)

उभयवधः (पुं०) संकल्पित जीवघात। 'संकल्पितस्य जीवस्य वध उभयवध इति' (पंच सं०पृ० १६)

उभयविद्या (स्त्री०) दो प्रकार की विद्याएं, परा विद्या-अपरा विद्या।

उभयश्रुतं (नपुं०) श्रुत-मति सहित।

उभयसारी (वि०) नियम-अनियम रूप पद वाली।

उभयस्थितः (पुं०) दोनों रूप में स्थित।

उभयाक्षरं (नपुं०) उभय पदार्थों से सम्बन्धित अक्षर।

उभयाचारः (पुं०) दोनों प्रकार का आचरण। (भक्ति० ८)

उभयाननुगामी (वि०) क्षेत्र एवं भव में नहीं जाने वाला। 'यत्क्षेत्रान्तरं भवान्तरं च न गच्छति स्वोत्पन्न-क्षेत्र-भवयोरेव विनश्यति तदुभयाननुगामी।' (गो०जी०वृ० ३७२)

उभयानन्तः (पुं०) दोनों तरह से अन्त रहित।

उभयानुगामी (वि०) भव-भवान्तर गामी।

उभयासंख्यातः (पुं०) दोनों ओर से नहीं गिनी जाने वाली संख्या।

उम् (अव्य०) विस्मय-बोधक अव्यय, प्रश्नात्मक शब्द, क्रोध, सान्त्वना।

उमा (स्त्री०) १. कान्ति, प्रभा, चमक। 'वक्तुरप्य-परवक्तुरूमाङ्गैः' (जयो० ५/४८) 'उकारेण चिता सहिता उमा नाम' (जयो० वृ० ११/९१) २. पार्वती-'उमामवाप्य महादेवोऽपि' (सुद० ११२) ३. रति-(सुद० ७९)

उमाधवः (पुं०) महादेव, शिव, शंकर। 'भालानलप्लुष्टमुमाधवस्य' (जयो० १/७६) उमाधवस्य-महादेवस्य' (जयो० वृ० १/७६)

उमापतिः (पुं०) शिव, महादेव, शंकर।

उम्बरः (पुं०) द्वार के ऊपर की लकड़ी, तरंगा।

उरः (पुं०) [उर+क] १. भेड़, मेष। हृदया 'यस्य काम परिवादसादुरो' (जयो० २/६८) यस्य उरो हृदयं' (जयो० वृ० २/६८)

उरगः (पुं०) [उरसा गच्छति] सर्प, सांप, अहि, भुजंग, नाग।

उरङ्गः (पुं०) सर्प, सांप।

उरणः (पुं०) [ऋ+क्यु-उत्व-रपरश्च] भेड़, मेष।

उरणकः (पुं०) मेष, भेड़।

उरभ्रः (पुं०) [उरु उत्कटं भ्रमति इति उक+भ्रम्+ड] भेड़, मेष।

उररी (अव्य०) [उर्+अरीक्] सहमति, स्वीकृति।

उररीकार्य (पुं०) स्वीकार्य, सहमत जन्य कार्य। 'युवाभ्यामुररीकार्यः' (सुद० ४/४५) 'धरा पुरान्यैरुररीकृता वा' (सुद० ९११)

उरस् (नपुं०) [ऋ+असुन्] वक्षस्थल, छाती। (सुद० २/४६)

उरश्छदः (वि०) वक्षःस्थलावरण, कवच। (जयो० ७/९४)

उरःस्थल (नपुं०) वक्षःस्थल, छाती। 'यथोत्तरं पीवर सत्कुचोरःस्थलं' (सुद० २/४६)

उरसिल (वि०) [उरस्+इलच्] विस्तीर्ण वक्षःस्थल वाला।

उरस्य (वि०) [उरस्+यत्] औरस सन्तान।

उरस्वत् (वि०) [उरस्+मतुप्] विस्तीर्ण वक्षःस्थल, उन्नत छाती, उभरी हुई छाती।

उरी (अव्य०) स्वीकृति बोधक अव्यय। उरीकृ-आज्ञा देना, अनुमति देना, स्वीकृति देना। उरीकरोति-(समु० ४/२४, राज्य करता है। उरीचकार-(जयो० ११/२) स्वीकृति प्रदान की। उरी कार्य-बहिष्कारउरीकार्यः सत्याग्रहमुपेयुषा-(वीरो० ११/४२) उरीकुरु-(जयो० २/९०) स्वीकृति दें। उरीकृत-स्वीकृत (जयो० २२/६७)

उरु (वि०) १. दीर्घ, उन्नत, विशाल, विस्तीर्ण, उभरा हुआ। २. प्रशस्त, अतिशय जन्य, श्रेष्ठ, प्रचुर।

उरुका (वि०) सुदीर्घा, अतिविस्तृता। (जयो० १०/९३)

उरुकीर्तिः (स्त्री०) प्रख्यात कीर्ति, सुविख्यात, प्रसिद्ध।

उरुचारु (स्त्री०) अत्यन्त सुन्दर, रमणीय (जयो० ११/२०) 'मोचोरुचारुर्भवितुं तु यस्याः' (जयो० ११/२०) 'उरुश्चारु भवितुं जंघासदृशी सम्भवितुम्' (जयो० वृ० ११/२०)

उरुधाम्न (वि०) विस्तृत प्रकाश वाले। (सम्य० ७९)

उरुमार्गः (पुं०) चौड़ी सड़क, लम्बी सड़क।

उरुविक्रम (वि०) पराक्रमी, बलशाली, शक्तियुक्त।

उरुरी (अव्य०) स्वीकृति सूचक अव्यय।

उरोज (नपुं०) स्तन, थन। (जयो० ११/४)

उरोजतीरः (पुं०) स्तन, तट। (वीरो० १२/१५)

उरोजदुर्गः (पुं०) स्तनदुर्ग, स्तनरूपी किला। (जयो० १६/४७) * विस्तृत दुर्ग, फैला हुआ किला। * दृढ़ घेरा।

उरोजबिम्बं (नपुं०) स्थूल स्तन, उन्नत स्तन, उभरे हुए स्तन। 'गुरुर्नितम्बः स्विदुरोजबिम्बः' (जयो० ११/२४)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उरोजयुगलं (नपुं०) स्तन द्वय। (जयो० १४/६८)

उरोजराजिः (स्त्री०) कच युगल, स्तन युगल। (वीरो० ५/४०) (जयो० १३/८४)

उरोजसम्भूतिः (स्त्री०) स्तनागत। 'उरोजसम्भूतिमगान्मुहुर्वा' (जयो० ११/४)

उर्णनाभ (पुं०) [उर्णेव सूत्रं नाभौ गर्भेऽस्य] मकड़ी।

उर्णा (स्त्री०) [ऊर्णा। इ ह्रस्व] ऊन।

उर्वटः (पुं०) [उरु+अट्+अच्] १. बछड़ा, २. संवत्सर।

उर्वरा (स्त्री०) [उरुशस्यादिकमृच्छति] उपजाऊ भूमि, उन्नतकृषि भूमि।

उर्वशी (स्त्री०) [उरुन् महतोऽपि अश्नुते वशीकरोति-उरू+अश्+क] अप्सरा, पुरुरवा की पत्नी। (दयो० २७/२४)

उर्वारुः (पुं०) [उरु+ऋ+उण्] लकड़ी विशेष।

उर्वी (स्त्री०) विशाल भूमि, उन्नत धरा, पृथ्वी, धरती, भू-भाग। विस्तृत मैदान। 'समीक्ष्यते श्रीपदसम्पदुर्वी' (जयो० ११/८४) 'आदित्य उर्व्यां रसभुक् समस्ति' (समु० ३/५)

उर्वीधपतिः (पुं०) पर्वतराज, गिरीश्वर। (जयो० २४/१८)

उर्वीभृत् (पुं०) १. नृप, अधिपति। २. पर्वत, पहाड़।

उर्वीरुहः (पुं०) वृक्ष, पादप।

उलपः (पुं०) लता, बेल, गुल्म, कोमल तृण, 'तलाग्रं गुल्मिन्यामुलपं यं मतंमिति' विश्वलोचनः (जयो० १४/२६)

उलूकः (पुं०) उल्लू, कौशिक। कौशिकात्-उलूकात् (जयो० वृ० ८/१०) 'उलूकः स्तेनवन्मोदमादधाति' (दयो० २/६)

उलूकजातिः (स्त्री०) उल्लू की जाति। (वीरो० २०/२०)

उलूकतनयः (पुं०) निशाचरवर्ग, उलूक सजाति- निशाचर, राक्षस। गुप्तोऽप्युलूकतनयस्य तथा सजातिः। (जयो० २८/५०) २. सांख्याचार्यः, सांख्यों के आचार्य-कणादमुनि।

उलूकपुत्रः (पुं०) निशाचर, राक्षस।

उलूकसजातिः (स्त्री०) राक्षस जाति।

उलूखलं (नपुं०) [ऊर्ध्वं खम् उलूखम्] ओखली, धान्यकुटक, खरल।

उलूखलकं (नपुं०) [उलूखल+कन्] ओखली, खरल, कुटक।

उलूखलिक (वि०) [उलूखल+कन्] खरल किया गया, ओखली में पीसा गया।

उलूतः (पुं०) [उल्+ऊतच्] अजगर, विषहीन सर्प।

उलूपी (स्त्री०) मत्स्य, मछली।

उल्का (स्त्री०) [उष्+कक्+टाप्, षस्य लः] १. अग्नि पिण्ड, आकाश का अग्नि पिण्ड, २. मसाल, ज्वाला, अग्नि।

उल्कापातः (पुं०) अग्निपतन, ज्वाला गिरना।

उल्कापिण्डः (पुं०) अग्नि पिण्ड।

उल्कामुखः (पुं०) बैताल।

उल्कुषी (स्त्री०) [उल+कुष्+क+ङीष्] केतु, उल्का, ज्वाला, अग्निपिण्ड।

उल्बं (नपुं०) भ्रूण, गर्भाशय।

उल्बण (वि०) १. अतिशय, अधिक, पर्याप्त, प्रचुर, तीव्र, बहुत। २. दृढ़, शक्तिशाली। ३. स्पष्ट, स्वच्छ, साफ, शुभ्र।

उल्मुकः (पुं०) [उष्+मुक्+षस्य लः] ज्वलित काष्ठ, ज्वाला, मशाल, उल्का। 'उल्मुकं शिशुवदात्मनोऽशुभम्' (जयो० ७/७९)

उल्लङ्घ् (अक०) लांघना, अतिक्रमण करना, छलांग लगाना, तोड़ना। सद्यो लिप्ततयार्द्रवेश्म न विशेन्नोद्घाटयेदावृतं द्वारं तत्र च मण्डलुकादिकमथो नोल्लंघयेदास्थितम्' (मुनि० १०)

उल्लङ्घनं (नपुं०) [उद्+लङ्घ्+ल्युट्] ०अतिक्रमण, ०छलांग, लांघना। (जयो० वृ० ३/९०)

उल्लङ्घ्य (सं०कृ०) छलांग लगाकर, पार करके, लांघकर। (मुनि० १०)

उल्लल (वि०) [उद्+लल्+अच्] १. कंपनयुक्त, हिलने वाला। २. घने केशराशिवाला, लोमश।

उल्लस् (अक०) [उद्+लस्] आनन्द होना, हर्ष होना, रोमांच होना, खुश होना। 'समुल्लसन्मानसवत्युदारा' (सुद० १/८)

उल्लसदङ्ग (नपुं०) मनोज्ञशरीर, सुन्दर अंग। उल्लसदङ्गम-स्यास्तीत्युल्लसदङ्गवान् मनोज्ञशरीरधारी। (जयो० वृ० १०/७९)

उल्लसित (भू० क० कृ०) १. रोमांचित, हर्षित, प्रसन्नचित्त। २. प्रभावान, कान्तियुक्त आभाशील। उल्लसितोऽभूत्-प्रसन्नो जातः। (जयो० वृ० ४/२५) (सुद० ३/४६)

उल्लाघ (वि०) [उद्+लाघ्+क्त] १. स्वस्थ, रोग रहित। २. प्रवीण, चतुर, दक्ष, निपुण। ३. पवित्र, उत्तम, अच्छा।

उल्लापः (पुं०) [उद्+लप्+घञ्] वार्तालाप, बातचीत, शब्द, भाषण, संवेगशील शब्द, तीव्र-वचन।

उल्लापक (वि०) मुखरी वचन वाला, वार्तालापी।

उल्लाप्यं (नपुं०) अभिनयजन्य नाटक, संवाद युक्त नाटक।

उल्लासः (पुं०) [उद्+लस्+घञ्] १. प्रसन्न, आनंद, हर्ष, खुशी, उमंग। २. कान्ति, प्रभा, आभा। ३. उत्सव-'समागतास्ते उत्सवायउल्लसाय (जयो० वृ० १८/११)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उल्लास-शालिनी (वि०) उमंग/हर्षयुक्ता। (सुद० ७८)

उल्लिङ्गित (वि०) [उद्+लिंग्+क्त] प्रसिद्ध, विख्यात।

उल्लिख् (सक०) उत्कीर्ण करना, बनाना, चित्रित करना।

उल्लिखित (भू० क० कृ०) उत्कीरित, चित्रित। (जयो० २३/३३) उत्कीर्ण। 'भीतोऽथ तत्रोल्लिखितान् मृगेन्द्रादि' (वीरो० २/३४)

उल्लीढ (वि०) [उद्+लिह्+क्त] घर्षित, रगड़ा हुआ, मसला गया।

उल्लुञ्चनं (नपुं०) [उद्+लुञ्च्+ल्युट्] १. लुञ्चन, लोंचना, उखाड़ना, बाल उखाड़ना। २. काटना।

उल्लुण्ठनं (नपुं०) [उद्+लुण्ठ्+ल्युट्] व्यंगात्मककथन, व्यंग-वचन।

उल्लू (पुं०) १. पक्षी विशेष। २. मूर्ख।

उल्लूसत् चमकती हुई, देदीप्यमान। (दयो० ४२) 'उद्दुल्लूसत्कीकशदाम शस्ता' (दयो० ४२)

उल्लेखः (पुं०) [उद्+लिख्+घञ्] १. संकेत, वर्णन, सूक्ति चिह्न, खनन।

उल्लेखः (पुं०) उल्लेख अलंकार-जिसमें किसी वस्तु का अनेक प्रकार से वर्णन हो। (जयो० १६/७, ८, ९) 'एकस्य अनेकधा उल्लेखाद-उल्लेखालंकारः' (जयो० वृ० ७/१०१) स्वर्णदीपयसि पङ्कपतश्चन्द्रमस्यपि कलङ्करूपतः।

गीयते मद इतीन्द्र सद् गजमस्तके जयबलोद्धतं रजः॥ (जयो० ७/१०१)

उल्लेखकरी (वि०) उल्लेख करने वाला, चिह्नाभिधाम्। वर्णन करने वाला। (वीरो० ३/) 'कुर्वंस्तदुल्लेखकरीं चकार स तत्र लेखामिति तामुदारः' (वीरो० ३/९)

उल्लेखनं (नपुं०) [उद्+लिख्+ल्युट्] १. चित्रित करना, वर्णन करना, चिह्नित करना, खोदना। २. रगड़ना, छीलना, खुरचना। ३. वमन, ४. लेख, अभिलेख, प्रतिलिपि।

उल्लेखनीय (सं०कृ०) वर्णनीय, विवेचनीय। (जयो० वृ० २४/८७)

उल्लेखनीय-प्रसंगः (पुं०) वर्णन करने योग्य प्रसंग।

उल्लोचः (पुं०) [उद्+लोच्+घञ्] तम्बू, डेरा, मण्डप, वितान, शमियाना, चंदोवा, तिरपाल।

उल्लोल (वि०) [उद्+लोड्+घञ् डस्य लत्वम्] चपल, चंचल, कंपनशील, चलायमान, स्थिरता रहित।

उल्वं (नपुं०) भ्रूण, गर्भाशय।

उवगवाक्षः (पुं०) जालक, झरोखा, खिड़की। (जयो० १५/५३)

उवास-त्याग करे 'चिन्तापि चित्ते न कदाप्युवासः' (जयो० १/२२)

उवाह्- कम, (सुद० २/४५) रखना, धारण करना।

उशनस् (पुं०) [वश्+कनसि] देव विशेष। उशन्ति वर्तमानकाल लट्लकार प्रथम पुरुष बहुवचन प्रवेश करते हैं। 'यस्य प्रतिद्वारमुशन्ति सवाम्' (वीरो० १३/१२) शीलानि पत्रत्वमुशन्ति यस्य' (सुद० पृ० १३२)

उशी (स्त्री०) इच्छा, वाञ्छा, चाह, कामना, अभिलाषा।

उशीरः (पुं०) [वश्+ईरन् किल्, उष्+कीरच्] खस, सुगन्धित जड़ विशेष, जो गर्मी में शीतलता प्रदान करती है। (वीरो० १२/१४)

उष् (सक०) १. जलाना, प्रज्वलित करना, २. दण्ड देना, पीटना, चोट पहुंचना। ३. उपभोग करना।

उषः (पुं०) [उष्+क] १. प्रातः, प्रभात, सुबह। २. लम्पट, ३. ऊसर भूमि।

उषणं (नपुं०) [उष्+ल्युट्] १. काली मिर्च, २. अदरक, सौंठ।

उषपः (उष+कपन्) १. अग्नि, तेज। २. सूर्य, रवि।

उषस् (स्त्री०) [उष्+असि] प्रातः, प्रभात, प्रातःकाल, सुप्रभात, पौ फटना। उषसि दिगनुरागिणीति पूर्वा' (जयो० १०/११६) उषसि-प्रातःकाले (जयो० वृ० १०/११६) २. सन्ध्यासमय 'तरुणिमायमुषो ऽरुणिमान्विति' (जयो० २५/५) 'उषसः-सन्ध्याकालसमस्य' (जयो० वृ० २५/५)

उषा (स्त्री०) प्रातः, प्रभातकाल, प्रभातवेला। 'उषा बाणसुतायां स्यात्प्रभातेऽपि विभावरी' इति विश्वलोचनः' (जयो० २२/२५)

उषित (वि०) निवासित, स्थित, रहता हुआ। * प्रकाशित।

उषीरः (पुं०) खस, एक सुगन्धित जड़।

उष्ट्रः (पुं०) [उष्+ष्ट्रन् किन्] ऊँट, मयवर्ग 'मापनापुष्ट्राणां वर्गः समूहो वेगतो व्रजति' २. भैंसा, ३. सांड। (जयो० १३/३३।

उष्ट्रदेशः (पुं०) उष्ट्र नाम का देश।

उष्ट्रदेशधिपाः (पुं०) उष्ट्रदेश का राजा। (वीरो० १५/२९) राजा यम, यम। सुधर्म स्वामिन् पार्श्वे उष्ट्रदेशाधिपो यमः। (वीरो० १५/२९)

उष्ट्रपिष्टः (पुं०) ऊँट की पीठ।

उष्ट्र-समूहः (पुं०) ऊँट वर्ग, मय वर्ग। (जयो० १३/३३)

उष्ट्रारोहिन् (वि०) सादिवर, उष्ट्रसवार। (जयो० १८/७३)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उष्ट्रिका (स्त्री०) १. ऊँटनी, २. मृणमयपात्र, सुराही।

उष्ट्री (स्त्री०) ऊँटनी।

उष्ण (वि०) १. तेज, अग्नि, ताप, गर्म। (जयो० ६/२९) 'उषति दहति जन्तुमिति उष्णम्' (जैन०ल० २८४) 'मार्तण्डपाककृदुष्णः' (जैन०ल० २८४)

उष्ण-कलित (वि०) तेजस्वता युक्त, प्रभावान्। 'उष्णकलिते वह्नितल्पे' (जयो० वृ० ७/६१)

उष्णकरः (पुं०) सूर्य, रवि।

उष्णगुः (पुं०) सूर्य, दिनकर, रवि, आदित्य।

उष्णनामः (पुं०) उष्ण नाम कर्म, जिस कर्म के उदय से शरीर गत पुद्गलस्कन्धों में उष्णता होती है।

उष्ण-परिषहः (पुं०) उष्णपरिताप। 'उष्णं निदाघादितापातकम्' (जैन०ल० २८५)

उष्ण परिषह सहनं (नपुं०) उष्णता का कष्ट सहना, दाहकता का प्रतिकार।

उष्णयोनिः (स्त्री०) उष्ण उत्पत्ति स्थान। 'उष्णः संताप-पुद्गल प्रचय प्रदेशो वा' (मूला०वृ० १२/५८)

उष्णरश्मिः (पुं०) सूर्य, दिनकर। (वीरो० १२/२)

उष्णसच्छविः (स्त्री०) उष्णता युक्त छवि। 'ऐरावण उष्णसच्छविम्' (वीरो० ७/१०)

उष्णस्पर्शः (पुं०) तेज स्पर्श, वह्नि स्पर्श।

उष्णालु (वि०) (उष्ण+आलुच्) संतप्त, तेज युक्त, अधिक गर्मी।

उष्णिका (स्त्री०) मांद, चावल का मांद।

उष्णिमन् (पुं०) [उष्ण+इमनिच्] गर्मी तेज, वह्नि।

उष्णीषः (पुं०) पगड़ी, साफा, शिरोवेष्टन। 'उष्णमीषते हिनस्ति'

उष्णीषिन् (वि०) [उष्णीष इनि] पगड़ी वाला, शिरोवेष्टन युक्त।

उष्मः (पुं०) १. तेज, गर्मी, वह्नि, अग्नि। २. क्रोध, कोप। ३. उत्कण्ठा, उल्लास।

उष्मन् (पुं०) [उष्+मनिन्] १. गर्मी, ताप, ज्वलन, तेज। २. वाष्प, भाप, ३. ग्रीष्म ऋतु। ४. उत्सुकता।

उष्मभासः (पुं०) सूर्य, रवि, दिनकर।

उस्रः (पुं०) [वस्+रक्] प्रकाश, किरण, प्रभा, आभा, रश्मि।

उह् (अक०) चोट करना, पीड़ित करना, घायल करना, नष्ट करना।

उह् उहह (अव्य०) विस्मयादि बोधक अव्यय।

उह्रः (पुं०) [वह्+रक्] सांड, बलिवर्द।

ऊ

ऊ (पुं०) संस्कृत वर्णमाला का छठा स्वर, जिसका उच्चारण स्थान ओष्ठ है।

ऊः (पुं०) [अवतीति-अव्+क्विप्-ऊठ्] १. शिव, शंकर, महादेव। २. चन्द्र।

ऊ (अव्य०) विस्मयादि बोधक अव्यय, जिसमें करुणा का भाव रहता है। आह्वान की प्रतीति भी होती है।

ऊँ (पुं०) श्रुतविहित मन्त्रा ऊँ पुण्याहमित्यादि सूक्तैश्च (जयो० वृ० १२/६५)

ऊढ (वि०) [वह्+क्त] १. ढोया गया, ले जाया गया। २. विवाहित, पाणिग्रहीत। 'न करोत्यनूढा स्मयकौ तु कं न' (सुद० २/२१)

ऊढा (स्त्री०) विवाहित स्त्री।

ऊढिः (स्त्री०) [वह्+क्तिन्] विवाह, पाणिग्रहण।

ऊतिः (स्त्री०) (अव+क्तिन्) १. बुनना, सीना। २. सुरक्षा। ३. उपभोग। ४. खेल, क्रीड़ा।

ऊधस् (नपुं०) [उन्द्+असुन्] ऐन, औहुरी।

ऊधन्यं (नपुं०) दूध।

ऊन (वि०) [ऊन्+अच्] कम, अपूर्ण, अपर्याप्त, अपेक्षाकृत, हीन। 'ऊनस्य नूनं भरणाय सन्ति' (जयो० ५/८२) ऊनस्य-हीनस्य (जयो० वृ० ६/८२)

ऊनुः (स्त्री०) जुंआ। (जयो० २७)

ऊनोदरः (पुं०) एकासन व्रत, बाह्य तप का द्वितीय भेद। अवमौदर्य (जयो० २८/११)

ऊनोदरता (वि०) स्वल्प भोजन ग्राहकता। (जयो० वृ० २८/११)

ऊनोदलता (वि०) स्वल्प भोजन ग्राहकता। ऊनोदलतां रलयोरभेदा दूनोदरताम्।

ऊनोदलताश्रित (वि०) १. जल की कमी से युक्त। २. स मारवाडेण नाम देशेन अभ्यतीतः सन्नपि उदलतां जल युक्ततां न श्रितः। (जयो० वृ० २८/११)

ऊभ् (अव्य०) [ऊय्+मुक्] विस्मयादि बोधक अव्यय। इस शब्द से प्रश्न, क्रोध, भर्त्सना, दुर्वचन आदि का बोध होता है।

ऊयु (सक०) बुनना, सीना, सिलाई करना।

ऊररी (अव्य०) सहमति या स्वीकृति सूचक अव्यय।

ऊरीकृत (वि०) अंगीकृत, स्वीकृत। (जयो० वृ० १/८०)

ऊरव्यः (पुं०) [ऊरु+यत्] वैश्य, वर्ण का तृतीय वर्ग।

ऊरुः (पुं०) [ऊर्णु+कु] १. जंघा, जांघ। (जयो० १/१९) २.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पुष्ट, परिपुष्ट, दीर्घ, बृहत्, (जयो० वृ० १/१९) कलत्रं हि सुवर्णोरुस्तम्भं कामिजनाश्रयम् (जयो० ३/७२) 'ऊरवो दीर्घा स्तम्भा यस्य तत् ऊरू एव स्तम्भो यस्य तत्' (जयो० वृ० ३/७२) 'हंसा स्ववंशोक्तसरोवरस्य' (जयो० ७/४३)

ऊरुपर्वन् (पुं०) घुटना।

ऊरुफलकं (नपुं०) जांघ की हड्डी।

ऊरुयुगं (नपुं०) जङ्घायुगल, दोनों जङ्घा।

ऊरुयुग्म् (नपुं०) 'सुवृत्त- भावादिवलेन चोरुयुगेन (जयो० ५/८१) ऊरुयुगे-जङ्घायुगले। (जयो० वृ० ५/८१) जघन युगल (जयो० ५/४६)

ऊर्जः (पुं०) [ऊर्ज्+णिच्+अच्] १. शक्ति, बल, स्फूर्ति, सामर्थ्य, जीवन, प्राण। २. सत्त्व। ३. कार्तिकमास (मुनि० ७)

ऊर्जस् (नपुं०) [ऊर्ज्+असुन्] बल, शक्ति, सामर्थ्य, प्राण।

ऊर्जस्वत् (वि०) [ऊर्जस्+मतुप्] १. शक्तिशाली, शक्तिमान। २. भोज्य युक्त, आहार युक्त।

ऊर्जस्वल (वि०) [ऊर्जस्+वलच्] महत्, बड़ा, शक्तिशाली, दृढ़।

ऊर्जस्विन् (वि०) [ऊर्जस्+विन्] महत्, बड़ा, शक्तिधारक, बलिष्ट।

ऊर्जस्विनी (स्त्री०) कार्तिक मास। पञ्चम्या नभसः प्रकृत्यभवतादूर्जस्विनी या ह्यमा (मुनि० पृ० ७)

ऊर्जित (वि०) [ऊर्ज्+क्त] शक्तिशाली, दृढ़, तेजस्वी, स्फूर्ति।

ऊर्ण (नपुं०) [ऊर्णु+ड] ऊन, ऊनी वस्त्र।

ऊर्णनमिः (पुं०) मकड़ी, वयनकीट। 'वयनकीटवद् ऊर्णनाभ इवायं' (जयो० वृ० २५/७३)

ऊर्णा (स्त्री०) [ऊर्ण्+टाप्] १. ऊन, २. भौंह का मध्यवर्ती भाग।

ऊर्णायु (वि०) [ऊर्णा+यु] ऊनी।

ऊर्णायुः (पुं०) १. भेड़, मेंढा, मेष। २. मकड़ी।

ऊर्णु (सक०) ढकना, घेरना, आच्छादित करना, छिपाना।

ऊर्ध्व (वि०) [उद्+हा] ऊपर का, उन्नत, उठाया गया, खड़ा हुआ। 'तदनन्तरमूर्ध्वं गच्छत्यलोकान्तात्' (सम्य० १९)

ऊर्ध्व (नपुं०) उन्नत, ऊँचा, बड़ा, उठा हुआ।

ऊर्ध्वकच (वि०) खड़े केशों वाला।

ऊर्ध्वकर (वि०) ऊँचे हाथ करने वाला।

ऊर्ध्वकपाट (वि०) उपरिम कपाट, लोक की स्थिति विशेष 'ऊर्ध्वं च तत् कपाटं च ऊर्ध्वकपाटम्' ऊर्ध्वं कपाटमिव लोकः (धव० १३/३७१)

ऊर्ध्वकाय (वि०) उठी हुई काया।

ऊर्ध्वकेश (वि०) ऊर्ध्व केश युक्त।

ऊर्ध्वक्रिया (स्त्री०) उन्नत क्रिया, ऊपर की गति।

ऊर्ध्वगतिः (स्त्री०) श्रेष्ठ गति, सिद्धगति।

ऊर्ध्वगामिन् (वि०) ऊँची ओर जाने वाला।

ऊर्ध्वचरणं (नपुं०) उच्च चरण, उन्नत पाद।

ऊर्ध्वजानु (वि०) उठे हुए घुटनों वाला।

ऊर्ध्वजानुज्ञ (वि०) उठे हुए घुटनों वाला।

ऊर्ध्वतासामान्य (वि०) पूर्वापर काल भावी पर्यायों में व्याप्त।

ऊर्ध्व-दृष्टिः (स्त्री०) दीर्घ दृष्टि, उन्नत दृष्टि, उच्चदृष्टि।

ऊर्ध्वदिग्व्रतः (पुं०) उर्ध्वदिशा सम्बंधी प्रमाण। ऊर्ध्वा दिग् ऊर्ध्वदिग, तत्सम्बन्धि तस्याँ वा व्रतं उर्ध्वदिग्व्रतम्।

ऊर्ध्वदेहः (पुं०) १. विशाल काय, २. अन्त्येष्टि संस्कार।

ऊर्ध्वपातनं (नपुं०) ऊपर आरोहरण कराना, परिष्करण, थर्मामीटर का पारा चढ़ाना।

ऊर्ध्वपात्रं (नपुं०) उच्च पात्र, सुपात्र।

ऊर्ध्वमुख (वि०) ऊपर मुख करने वाला। (वीरो० ५/२)

ऊर्ध्वमौहूर्तिक (वि०) थोड़ी देर होने के पश्चात पश्चात्वर्ती।

ऊर्ध्वरेणुः (वि०) आठ श्लक्ष्णश्लक्ष्णिकाओं का समुदाय।

ऊर्ध्वरेतस् (वि०) ब्रह्मचर्य में स्थित रहने वाला।

ऊर्ध्वलोकः (पुं०) उपरिम लोक, मृदङ्गाकार लोक। उवरिमलोयायारो उब्भियमुरवेण होइ सरिसत्तो। (ति०प० १/१३८) ऊर्ध्वलोकस्त मृदङ्गाकारः' (जैन०ल० २८६)

ऊर्ध्ववातः (पुं०) ऊपर स्थित वायु।

ऊर्ध्ववायुः (पुं०) शरीर जन्य वायु।

ऊर्ध्वव्यतिक्रमः (पुं०) ऊँचे पर्वत आदि का उल्लंघन। 'शैलाद्यारोहणमूर्ध्वव्यतिक्रम' (त०वृ० ७/३०) 'वृक्ष-पर्वताद्यारोहणमूर्ध्वव्यतिक्रमः' (कार्तिकेयानुप्रेक्षा ३४१)

ऊर्ध्वशायिन् (वि०) १. ऊपर की ओर मुख करके सोने वाला। २. खड़े होकर शयन करने वाला। 'स्थित्वा शयनं चोर्ध्वशायी उद्भीभूय शयनमूर्ध्वशायी-(भ०आ० वृ० /२२५)

ऊर्ध्वसामान्यं (नपुं०) जो वस्तु को व्याप्त करें अपनी पर्यायों के स्वभाव को व्याप्त करें। सद्भिः परिणामितं स्वभावं स्वव्यापिनं नाम दधाति तावत्।

ऊर्ध्वसूर्यगमनं (नपुं०) सूर्य के ऊपर गमन। 'उद्गमगो य ऊर्ध्वं गते सूर्ये गमनम्' (भ०आ०२२२)

ऊर्ध्वातिक्रमः (पुं०) ऊर्ध्व ग्रहण की गई मर्यादा का अतिक्रमण। 'तत्र पर्वताद्यारोहणादूर्ध्वातिक्रमः' (त० वा० ७/३०)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ऊर्ध्वायित (वि०) ऊपर की ओर, उच्चैर्लम्बमान। दधतां सुसृणिं त्वरावता शिर ऊर्ध्वायितदन्तमण्डलम्' (जयो० १३/३६)

ऊर्ध्वी (वि०) ऊर्ध्वमुख, ऊँचे की ओर।

ऊर्मिः (स्त्री०, पुं०) [ऋ+मि-अर्तेरूच्च] १. लहर, तरंग, भाग। (जयो० १०/८७) २. धारा, प्रवाह, गति, वेग। (जयो० ४/१९)। ३. पंक्ति, रेखा राजि। ४. चिन्ता, कष्ट।

ऊर्मिका (स्त्री०) लहर, तरंग, रेखा, पंक्ति।

ऊर्मिकाङ्कित (वि०) १. शाखा प्रशाखा युक्त। २. लहरों से अंकित, रेखांकित। ऊर्मिकाङ्कित सन्तानां मत्तवारणराजिका।' (जयो० १०/८७)

ऊर्व (वि०) [ऊरु+अ] विस्तृत, बड़ा।

ऊर्वरा (स्त्री०) उपजाऊ भूमि, कृषि योग्य भाग।

ऊलुपिन् (पुं०) सूंस, शिंशुक।

ऊलूकः (पुं०) उल्लू।

ऊष् (अक०) रुग्ण होना, बीमार होना, अस्वस्थ्य होना।

ऊषः (पुं०) [ऊष्+क] १. प्रभात, प्रातः, २. उपज विहीन भूमि। ३. अम्ल, दरार।

ऊषकं (नपुं०) [ऊष्+कन्] प्रभात, प्रातः।

ऊषणं (नपुं०) [ऊष्+ल्युट्] काली मिर्च, अदरक।

ऊषरः (पुं०) उपज रहित भू-भाग, रिहाली भूमि, मरुधरा, सिकतिल प्रदेश। 'तत्परिणतिं प्राप्योषरे बीजवत्।' (जयो० २४/१३६) 'ऊषरं नाम यत्र तृणादेरसम्भवः'। (श्रावक प्रज्ञप्तिः ४७)

ऊषरटकः (पुं०) ०ऊषर भूमि, ०सिकतिल प्रदेश। मरुधारा। (जयो० २/५) 'तवदूषरटके किलाफले का प्रसक्तिः'

ऊषवत् (वि०) ऊषर भूमि, मरुधरा।

ऊष्मन् (पुं०) [ऊष्+मनिन्] १. गर्मी, ताप, अग्नि, ग्रीष्म ऋतु, भाप, वाष्प। २. प्रचण्डता, तीव्रता। ३. ऊष्म ध्वनि विशेष-श, ष, स और ह ध्वनियां।

ऊष्मवर्णः (पुं०) ऊष्मवर्ण की ध्वनियां श, ष, स और ह। ऊष्माणो नाम वर्णाः श-ष-स-हा (जयो० वृ० ११/७८)

ऊष्मा (स्त्री०) १. ऊष्मवर्ण -श-ष-स-ह। २. सन्ताप, उष्णता। यदेव भूयोऽपि पयोनिपीतमन्तः स्थितोष्मातिशयेन हीतः। (जयो० १३/१००)

ऊह् (सक०) १. अंकित करना, टांकना, चिह्नित करना। २. अनुमान लगना, समझना, सोचना, चिन्तन करना। ३. तर्क करना, विचार करना।

ऊहः (पुं०) [ऊह्+घञ्] ०वितर्क, ०तर्कणा, ०अनुमान, ०चिन्तन, ०मुक्ति देना। (जयो० वृ० १८/२) 'ऊहो वितर्को येषु तस्य भावः' (जयो० वृ० ६/४) 'अवगृहीतार्थस्यानधिगतविशेष उह्यते तर्क्यते अनया इति' (धव० १३/२४२) अवग्रह गृहीत पदार्थ का विशेष अंश नहीं जाना गया, उस पर विचार करना। 'विज्ञातमर्थमवलम्ब्यान्येषु व्याप्त्या तथाविध- वितर्कणमूहः' (नीतिवाक्यामृत ५/५०)

ऊहक्रमः (पुं०) कल्पना परिपाटी (जयो० वृ० २८/४४)

ऊहनं (नपुं०) अनुमान बना।

ऊहसत्ता (स्त्री०) तर्क-वितर्कभाव। (वीरो० २/३९)

ऊहपना (वि०) तर्क-वितर्कपना। (वीरो० २/३९)

ऊहपात्री (वि०) तर्क-वितर्कभाव वाला। (वीरो० ३/१८)

ऊहा (स्त्री०) तर्क-वितर्क, अनुमान, विचार, चिन्तन, व्याप्तिज्ञान। 'उह्यते तर्क्यते अनया इति ऊहा' (धव० १३/२४४)

ऊहापोहः (पुं०) तर्क-वितर्क। (वीरो० ३/१८)

ऊहिन् (वि०) तर्क, करने वाला।

ऊहोचित स्थानं (नपुं०) तर्कणा का कारण। 'बहुलोहीचित-स्थानोऽपि' (दयो० पृ० ६८)

ऋ

ऋः (पुं०) संस्कृत वर्णमाला का सप्तम स्वर। इसका उच्चारण स्थान मूर्द्धा है।

ऋ (अव्य०) विस्मयादिबोधक अव्यय। इसका प्रयोग निन्दा, गर्हा, परिहास आदि में किया जाता है।

ऋ (सक०) १. जाना, कांपना, उठाना। (अर्पयति, अरिरिपति) २. आक्रमण करना, घायल करना, चोट पहुंचाना। ३. रखना, स्थापित करना, निर्देश देना।

ऋ (स्त्री०) १. अदिति, देवमाता। २. निन्दा, गर्हा, ग्लानि।

ऋक् (स्त्री०) १. ऋचा, सूत्र, मन्त्र। २. स्तुति, पूजा, अर्चना।

ऋकण (वि०) घायल, आहत, चोट ग्रस्त।

ऋकथं (नपुं०) [ऋच्+थक्] धन, वैभव, सम्पत्ति, सामग्री।

ऋक्सुधा (स्त्री०) ऋग्वेद मंत्र का अमृत। नीतिवाक्यमृत। (जयो० ७)

ऋक्षः (पुं०) [ऋष्+स+किच्च] १. रीछ, भालू, भल्लू। २. नक्षत्र, तारा। ३. राशि, चिह्न।

ऋक्षचक्रं (नपुं०) तारा मण्डल, नक्षत्रसमूह।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ऋक्षनाथः (पुं०) नक्षत्र स्वामी।

ऋक्षनेमिः (पुं०) विष्णु।

ऋक्षरः (पुं०) [रुप्+क्सरन्] १. ऋत्विज, २. कंटक, कांटा, शल्य।

ऋक्षवत् (वि०) पर्वत तुल्य।

ऋग्वेदः (पुं०) ऋग्वेद, वेद ऋचा का एक नाम। (दयो० २६)

ऋग्वेद-मण्डलः (पुं०) ऋग्वेद के अध्याय। (दयो० २७)

ऋच् (अक०) १. प्रशंसा करना, स्तुति करना, २. चमकना, ढकना।

ऋच् (स्त्री०) [ऋच्+क्विप्] सूक्त, ऋचा, मंत्र। २. दीप्ति, प्रभ कान्ति।

ऋच्विधानं (नपुं०) ०मन्त्र अनुष्ठान, ०मन्त्रपाठ, ०सूक्त विधि, ०वेदमंत्र पाठ।

ऋचीषः (पुं०) [ऋच्+ईषन्] घण्टी।

ऋच्छ् (अक०) १. कठोर होना, दृढ़ होना। २. जाना।

ऋच्छका (स्त्री०) [ऋच्छ+कन्+टाप्] वाञ्छा, अभिलाषा, इच्छा, चाह।

ऋज् (सक०) १. गमन करना, २. प्राप्त करना, ग्रहण करना। ३. स्थिर होना। ४. उपार्जन करना।

ऋजु (वि०) [अर्जयति गुणान्, अर्ज्+उ] ०सरल, ०सीधा, स्पष्ट, ०उत्तम, ०योग्य, ०अनुकूल। अपि त्वयि महावीर, स्फीतां कुरुमर्जु मयि। (वीरो० २२/४०)

ऋजुक (वि०) सीधा, सरल, अनुकूल, स्पष्ट। 'जो जधा अत्थो दिट्ठो तं तधा चिंत यंतो भणो उज्जुगो' (धव० १३/३३०) जो जैसा अर्थ/पदार्थ दृष्ट है, वह वैसा चिंतनीय मन ऋजुक है।

ऋजुता (वि०) सरलता, सीधापन, सरलभाव वाली, स्पष्टता, मायाचार रहित प्रवृत्ति। (जयो० ८/१२४)

ऋजुमतिः (स्त्री०) सामान्य ग्राहक बुद्धि, सरलग्राहक बुद्धि। ज्ञान का भेद, मनःपर्यय ज्ञान का भेद। ऋज्वी मतिर्यस्य सोऽयं ऋजुमतिः (स० सि० १/२३) वर्तमान समय में जो बात किसी के मन में हो, उसके जानने वाले ज्ञान को ऋजुमति कहते हैं। यह उपशम श्रेणी वाले को होती है। 'णमो उजुमदीणं च' (जयो० १९/६५)

ऋजुसूत्रं (नपुं०) वर्तमान काल ग्राहक, वर्तमान का एक समय मात्र। यह नय-तीनों कालों के पूर्वा पर विषयों को छोड़कर वर्तमान का ग्राहक है। 'ऋजु प्रगुणं सूत्रयति तन्त्रयतीति ऋजुसूत्रं (स० सि० १/३३) पच्चप्पण्णगाही उज्जुसुओ' (जैन०ल० २८८) ऋजुसूत्रस्य पर्यायः प्रधानम्। (लघीयस्त्रय ४३)

ऋज्वी (स्त्री०) [ऋजु+ङीप्] १.गोचर भूमि, सगश्रेणी में अवस्थित भूमि। २. सरलमनस्विनी।

ऋणं (नपुं०) १ ऋण, कर्ज, उधार लेना। २. दायित्व, कर्त्तव्य।

ऋणग्रहः (पुं०) रुपया उधार लेना।

ऋणदायिन् (वि०) ऋण देने वाला, उधार देने वाला।

ऋणदासः (पुं०) क्रीत दास।

ऋणभार्गणः (पुं०) प्रतिभूति, जमानत।

ऋणमुक्त (वि०) उधारी से रहित।

ऋणरहित (वि०) अनृणत्व, उधारी से रहित। (जयो० वृ० २०/७०)

ऋणिकः (पुं०) [ऋण+ष्ठन्] कर्जदार, ऋणाभृत।

ऋणिन् (वि०) [ऋण+इनि] १. ऋणग्रस्त, कर्जदार, २. अनुगृहीत, आभारी। 'चक्रभरेषु सतामृणी' (जयो० ९/८२)

ऋणीकृत् (वि०) ऋणी/अनुगृहीत की गई। 'ऋणीकृताहं च कदानृणत्वं' (जयो० २०/७०)

ऋणीत्थ (वि०) कृतज्ञ, अनुगृहीतार्थ। 'गुरोर्ऋणीत्थं विचरेदपि ज्ञः' (वीरो० १७/३१)

ऋत (वि०) [ऋ+क्त] सत्य, हितकर, समीचीन, उचित। 'ऋतं प्राणिहितं वचः' (हरिवंश पुराण ५८/१३०)

ऋतं (अव्य०) निषेध वाचक अव्यय। बिना, नहीं, उचित रीति से, सही ढंग से। 'ऋते तमः स्पलक्वरतेः प्रभावः' (वीरो० १/१८)

ऋतधामः (वि०) उचित स्वभाव वाला।

ऋतिः (स्त्री०) अमंगल, अशुभ, निन्दा, गर्हा। 'ऋतिर्गतौ जुगुप्सायां स्पर्धायामप्यमङ्गले' 'इति विश्वलोचन' (जयो० १०/११०)

ऋतीया (स्त्री०) [ऋत्+ईयङ्+टाप्] निन्दा, गर्हा, अमंगलकामना।

ऋतुः (स्त्री०) [ऋ+तु+कित] मौसम, दो मास की एक ऋतु, वसंतादि ऋतु। 'मेघमानित ऋतौ विनश्यता' (जयो० ७/६९) 'वे मासे उडू' (धव० १३/३००) द्वाभ्यां मासाभ्यामृतुः' (नियमासार वृ० ३/३१) २. बुद्धि विभव 'वरः तीक्ष्णः ऋतुर्बुद्धि विभवो यस्याः सत्यपि सुलोचना। ३. उपयुक्त समय, उचित समय। ३. ऋतुकाल-मासिक धर्म (स्त्री का मासिक धर्म)

ऋतुकालः (पुं०) १. ऋतु काल, (जयो० २/१२४) 'ऋतुकालोऽस्ति निवृते' (सुद० ११३) २. आर्तव, रक्तस्राव, मासिक धर्म, (मुनि० २८)

ऋतुकौतुकी (स्त्री०) वसन्त ऋतु, कौतुक/आनन्द को उत्पन्न

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

करने वाली ऋतु, 'नर्मश्री ऋतुकौतुकीव सकलो बन्धुः' (वीरो० ६/३७)

ऋतुदानं (नपुं०) स्नेहदान, प्रिया के ऋतुकाल में स्नेहदान।

ऋतुता (वि०) ऋतु युक्त, ऋतुकाल वाली।

ऋतुपर्यायः (पुं०) ऋतुओं का परावर्तन।

ऋतुप्रदानं (नपुं०) ऋतुदान। (जयो० २/१२३)

ऋतुमासः (पुं०) तीस दिन रात का महिना, कर्ममास, सावनमास। 'ऋतुरेवाथांतु परिपूर्णत्रिंशदहो रात्रप्रमाणः, एप एव ऋतुमासः कर्ममास इति वा सावनमास इति वा व्यवह्रियते' (जैन०ल० पृ० २९१)

ऋतुराड (पुं०) ऋतुराज, वसन्तु ऋतु। (जयो० वृ० १/७७)

ऋतुसंवत्सरः (पुं०) तीन सो साठ दिन, ऋतुवर्ष- 'ऋतवो लोकप्रसिद्धाः वसन्तादयः तत्प्रधानः संवत्सरः ऋतुसंवत्सरः' (जैन०ल० पृ० २९)

ऋतूत्तम (वि०) ऋतुओं में उत्तम। 'ऋतूत्तमेनेव धरातलेऽस्य' वसन्तनाम्ना सुमनोहरण' (सम्मु० ६/३१)

ऋते (अव्य०) बिना, अतिरिक्त, सिवाय। 'न वस्तुसत्त्व तमृते समस्तु' (सम्य० ७१) 'रुच्या न जातु तमृते सकला समस्या' (सुद० ८६)

ऋद्ध (भू० क० कृ०) [ऋध्+क्त] समृद्ध, वृद्धिगत, वर्धमान। (जयो० १/१७)

ऋद्धः (पुं०) विष्णु।

ऋद्धदेशः (पुं०) समृद्धदेश, 'ऋद्धो देशो यस्य तं' (जयो० वृ० १/१७)

ऋद्धिः (स्त्री०) [ऋध्+क्तिन्] १. वृद्धि, समृद्धि, वैभव सम्पन्नता। २. विस्तार, विभूति। (जयो० वृ० ५/१४) ऋद्धि वारजनीव गच्छति, वनी सैषान्वहं श्रीभुवम्' (वीरो० ६/३७) 'यदीयापदरीतिरृद्धिम्' (जयो० १/३१) ३. भोग-उपभोग के साधन, सम्पदाएं ४. शक्ति विशेष-अणिमा, महिमा, प्राप्ति (मुनि० १५) प्राकम्य। ईसत्व, वशित्व, काम और रूप। अणिमा महिमा लहिमा पत्ति-पागम्मं ईसित्तं वसित्तं काम रूवमिच्चेवमादियाओ अणेगविहाओ इड्ढीओ णाम' (धव० १४/३२५) ऋद्धे श्रीतपसश्च सम्पदसको नामोपयोगाय वै भ्राता बाहुबलेर्बभूव भरतः कीदृङ्महानुत्सवैः स्वस्या एव समर्द्धितो न नरकं द्वीपायनः किं गत स्वस्मात् वाञ्छसि चेद् हितं स्वविभवे साम्येन भूयास्तः। (मुनि० १५)

ऋद्धिगारवः (पुं०) बड़प्पन प्रकट करना।

ऋद्धिगौरवः (पुं०) ऋद्धि की सम्पन्नता, गुणता। ऋद्धि-प्राप्त्यागासहता ऋद्धिगौरवं परिवारे कृतादरः' (भ० आ० टी० ६१३)

ऋध् (सक०) १. सम्पन्न होना, समृद्ध होना, सफल होना। २. बढ़ना, वृद्धि होना। ३. संतुष्ट होना, तृप्त होना।

ऋभुः (पुं०) देव, दिव्यता, देवता।

ऋभुक्षः (पुं०) (ऋभवो देवा क्षिपन्ति वसन्ति अत्रेति-ऋभु+क्षि+ड) इन्द्रलोक। इन्द्र।

ऋभुदिन् (पुं०) इन्द, शक्र, पुरन्दर, देवाधिपति।

ऋल्लकः (पुं०) यन्त्र, वाद्य यन्त्र।

ऋश्यः (पुं०) [ऋष्+क्याप्] बारहसिंघ, हिरण।

ऋष् (सक०) १. पहुंचना, जाना, प्राप्त होना। २. मारना, चोट पहुंचाना, प्रहार करना।

ऋषदा (वि०) पाषाण, पत्थर। (सुद० ४/३०)

ऋषभः (पुं०) [ऋष्+अभक्] १. प्रधान, ०प्रमुख, ०श्रेष्ठ, ०उत्तम। जगति भास्कर एष नरर्षभो। (जयो० १/९६) नरर्षभो-नरोत्तमो (जयो० वृ० १/९६) २. संगीत के सात स्वरों में द्वितीय स्वर 'मिषाग्विादर्षभमात्रगम्या' (जयो० ११/४७) 'षड्जर्षभ गान्धार-मध्यम पञ्चमधैवत निषादनामकेषु सप्तस्वरेषु' (जयो० वृ० ११/४७) ३. बैल, ०बलीवर्द-'तवर्षभस्य नरोत्तमस्य' (जयो० १९/१८) ४. ऋषभ, ०ऋषभदेव, ०आदिनाथ का नाम, ०अन्तिम कुलकर नाभिराय के पुत्र का नाम। जो प्रथम तीर्थंकर के नाम से प्रसिद्ध हैं, जिनके ऋषभ-बैल चिह्न है। (दयो० ३१) ऋषभस्य- नाभेयस्य (जयो० वृ० २४/१२) नाभेरसा वृषभ आस सुदेवसुनू' (भागवत ३/२०)

ऋषभनाथः (पुं०) प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव, जिन्हें आदिनाथ, आदिब्रह्मा भी कहते हैं। युगादिभर्ता भी कहा गया। युगादिभर्तुः श्री ऋषभनाथ-तीर्थंकरस्य। (जयो० १/४३)

ऋषभनाराचं (नपुं०) कीलिका रहित संहनन, संहनन विशेष। ('यत्र तु कीलिका नास्ति तदृषभनाराचम्' (जै०ल०२९१)

ऋषभदेवः (पुं०) आदिनाथ, आदिदेव। (दयो० ३०, ३१)

ऋषभदेववरः (पुं०) पुरुवर, आदिदेव, वृषभदेव, आदिब्रह्मा, महादेव, वृषभस्वामी, वृषभप्रभु, आदिप्रभु। (जयो० वृ० १२/१०९)

ऋषभप्रभुः (पुं०) ऋषभदेव, आदि तीर्थंकर आदि प्रभु। (जयो० वृ० ७/३३)

ऋषभावतारः (पुं०) ऋषभदेव का जन्म, प्रथम तीर्थंकर का

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जन्म। (दयो० ३१) 'अस्यर्षभावतारस्य प्रशंसा मार्कण्डेय-पुराणकूर्मपुराणाग्पुिराण-वायु-शिवपुराणादिषु च वर्तते किल यस्यानुयायिन आर्हता भवन्ति। (दयो० पृ० ३१) सप्त-द्वयोदार-कुलङ्कराणामन्त्यस्य नाभेर्मरुदेवि आणात्। सीमन्तनी तत्र हृदेकहारस्तत्कुक्षितोऽभूद्, ऋषभावतारः।। (वीरो० ११/५)

ऋषभेश्वरः (पुं०) ऋषभदेव, आदिनाथ, तीर्थंकर वृषभदेव। (हित० सं० ८)

ऋषिः (पुं०) [ऋष्+इन्] मुनि, योगी, तपस्वी, ध्यानी, विरक्त। (मुनि० ३१) 'ऋषिभिः-कुन्दकुन्दादिभिः' (जयो० वृ० २७/२०)

ऋषिपंचमी (स्त्री०) एक तिथि विशेष, भाद्रपदकृष्णा पंचमी को होने वाला एक पर्व।

ऋषिपादः (पुं०) ऋषि चरण। 'उत्तमाङ्गं सुवंशस्य यदासीद् ऋषिपादयोः' (सुद० ४/४)

ऋषिराजन् (पुं०) ऋषिराज। (दयो० ११९)

ऋषिवरः (पुं०) तपस्विराज, संयतमुनि। 'भवानृषिवरः सुमनः समुदायवान्' (सुद० ४/१)

ऋषिस्तुतिः (स्त्री०) ऋषि गुणगान।

ऋषिस्तोत्रं (नपुं०) मुनि स्तुति काव्य।

ऋष्टिः (पुं०/स्त्री०) [ऋष्+क्तिन्] असि, खड्ग, तलवार, अत्यंत तेजधार वाली तलवार।

ऋष्यः (पुं०) बारहसिंघा, सफेद बारहसिंघा।

ऋष्यकः (पुं०) चित्तीदार हिरण, बारहसिंघा।

ॠ

ॠ (अव्य०) विस्मयादिबोधक अव्यय, जिसमें निन्दा, घृणा, त्रास आदि का भाव रहता है।

ॠः (पुं०) भैरव, एक राक्षस।

ॠ (सक०) जाना, पहुंचना, प्राप्त होना, हिलना।

ए

एः (पुं०) संस्कृत वर्णमाला का ग्यारहवां अक्षर, इसका उच्चारण स्थान कंठ एवं तालु है। यह 'अ+इ-ए' के योग से बनता है।

ए (सक०) प्राप्त होना, जाना-एति-(सुद० ८५)

एः (पुं०) [इ+विच्] विष्णु।

ए (अव्य०) विस्मयादिबोधक अव्यय, जिससे निन्दा, घृणा, भर्त्सना, करुणा, आमन्त्रण, स्मरण आदि का बोध होता है।

एक (सर्वनाम) १. अकेला, एकाकी, एकमात्र। (सम्य० ३१) कौमारमेवे गृहितांच केऽपि। (जयो० १/१०) 'लोकाग्रगा-न्विश्व-विदेकभावानहं' (सम्य० ५८) एकदेश (जयो० १/८) २. अद्वितीय, अनुपम-'एकमभवत् शर्मणाम', अनन्य (वीरो० १/५) (जयो० ३/३) ३. कोई, एक दूसरा, अन्य, अपर, प्रधानभूत (जयो० १२/११) 'एकोऽस्ति चारुस्तु भवेदभिज्ञः' (सुद० पृ० १२१) 'पवित्रमेकं प्रतिभाति तत्र' (सुद० १/१४)

एकक (वि०) अकेला, एकाकी, एकमात्र। 'संलिखत्यथ कुमार एककः' (जयो० २/१३) एककः-केवलोलिखति (जयो० वृ० २/१३) 'एककं एकमेव पुरुषं' (जयो० वृ० २/१५३)

एककन्था (स्त्री०) एकमात्र गुदड़ी। (वीरो० वृ० २२/२)

एककर (वि०) एक ही कार्य करने वाला।

एककान्ता (वि०) अद्वितीय सुन्दर। (वीरो० २१/१)

एककार्य (वि०) एक ही कार्य करने वाला।

एकगिह (नपुं०) एक गृह, एक घर।

एकगुरु (वि०) एक गुरु वाला।

एकगुरुक देखो ऊपर।

एकाग्रता (वि०) तल्लीनता, विचार निमग्न। 'तस्मिन् संप्रवृत्तस्य मानसमगादेकाग्रतां चेतदा' (मुनि० २१)

एकचक्र (वि०) एक पहिए वाला, सुदर्शन चक्र। एकं चक्रं सुदर्शनाख्यं यस्य स एकचक्रः' (जयो० वृ० ८/५) 'एवैकं चक्रं रथाङ्गं यस्येति' (जयो० ११/२२)

एकचत्वारिंशत् (स्त्री०) इकतालीस।

एकचर (वि०) एकाकी विचरण करने वाला।

एकचारिन् (वि०) अकेला विचरणशील।

एकचेतस् (वि०) एक मत, एक विचार धारा वाले।

एकजन्मन् (पुं०) नृप, नराधिप।

एकजात (वि०) एक माता-पिता से उत्पन्न।

एकजातिः (स्त्री०) एक ही परिवार/कुल। (जयो० १३/४२) सहोदर।

एकजातीय (वि०) एक ही परिवार वाले।

एकतः (अव्य०) [एक+तसिल्] एक ओर से, एक एक करके, एक पार्श्व। किमु वर्त्मविरोधिनो जना अधुना चापसरेत चैकतः। (जयो० १३/१३१) अधुना चैकतोऽ-पसरेत-एकपार्श्वे स्थितो भवेत्।' (जयो० वृ० १३/१३)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

एकतल (अव्य०) एकमात्र, अकेला, एकाकी। 'मित्रैः पवित्रैकतलऽभिलाप्यम्' (जयो० २७/१७)

एकतमा (स्त्री०) एक विपत्ति, एक संकट। 'परिणता विपदेकतमा यदि' (जयो० ९/२)

एकतान (वि०) एक करवट, नितान्त ध्यानमग्न, एकाग्र चित्त, एक ओर केन्द्रित। 'किलैकपार्श्वेन चिदेकतानः' (जयो० २७/८९) एकतानो अनन्यवृत्तिः-एकचर। (जयो० वृ० २७/८९) 'पूज्यो महात्माऽत-पदेकतानः' (सुद० ११८)

एकतत्त्वं (नपुं०) एक मात्र तत्त्व। स्मृति पराभूतिरिव ध्रुवत्वं पर्यायस्तस्य यदेकतत्त्वम्' नोत्पद्यते नश्यति नापि वस्तु सत्त्वं सदैतद्विदधत्समस्तु।। (वीरो० १९/१६) जैसे पर्याय की अपेक्षा वस्तु में 'स्मृति' (उत्पत्ति) और 'पराभूति' (विपत्ति/विनाश) पाया जाता है, उसी प्रकार द्रव्य की अपेक्षा ध्रुवपना भी उसका एक तत्त्व है, जो कि उत्पत्ति और विनाश में बराबर अनुस्यूत रहता है। इस प्रकार उत्पाद, व्यय और ध्रुव इन तीनों रूपों को धारण करने वाली वस्तु को भी यथार्थ मानना चाहिए। (वीरो० हि०१९/१६)

एकता (स्त्री०) एक निष्ठता, एक रूपता। (जयो० २६/२५१) तन्मयता (भक्ति० २९) 'या बिभर्ति परमेकताकिणम्' (जयो० २/१५५)

एकतालः (पुं०) संगीत, स्वर, नृत्य, वाद्य आदि।

एकतिलकर (वि०) अद्वितीय तिलक। (वीरो० ४/४०)

एकतीर्थिन् (वि०) एक ही धर्म परम्परा वाले।

एकत्व (वि०) एक रूपता, सामञ्जस्य, समत्वभाव। (जयो० २६/८६)

एकत्वप्रत्यभिज्ञानं (नपुं०) प्रत्यक्ष और स्मृति से युक्त ज्ञान, एकत्व को विषय करने वाला ज्ञान। 'पूर्वोत्तर दशाद्वय-व्यापकमेकत्वं प्रत्यभिज्ञानस्य विषयः। तदिदमेकं प्रत्यभिज्ञानम्' (न्यायदीपिका ३/५६)

एकत्वभावना (स्त्री०) अकेला ही विचार, एकाकी विचार। बारह भावना या अनुप्रेक्षा में चतुर्थ भावना मैं ही मेरा हूं इस प्रकार का विचार करना (तत्त्वार्थ० पृ० १४४) 'एकाक्येव जीव उत्पद्यते, कर्माणि उपार्जयति, भुङ्क्ते चेत्यादि चिन्तनमेकत्वभावना।' (जैन०ल० २९२)

एकत्वमनेकता (वि०) एकत्व और अनेकत्व की प्रतीति।
सेना वनादीन् गदतो निरापद्,
दारान् स्त्रियां किञ्च जलं किं लापः।
एकत्र चैकत्वमनेकताऽऽपि,
किमङ्गभर्तुर्न धियाऽभ्यवापि।। (वीरो० १९/२३)

'सेना' यह एक नाम है, उसमें अनेक हाथी, घोड़े, पयादे आदि होते हैं। जिसे 'वन' कहते हैं, वह एक है, उसमें नाना जाति के वृक्ष पाए जाते हैं। एक स्त्री को 'दारा' बहुवचन से और जल को 'अप्' बहुवचन से कहा जाता है। इस प्रकार एक ही वस्तु में एकत्व और अनेकत्व की प्रतीति होती है।

एकत्वविक्रिया (स्त्री०) अभिन्नविक्रिया।

एकत्ववितर्कः (पुं०) क्षीण गुणस्थानवर्ती का ध्यान। शुक्लाग्नि-नैकत्ववितर्कनाम्ना ध्यानेन सम्पूरितधन्यधाम्ना। (भक्ति० पृ० ३२)

एकत्ववितर्कावीचारः (पुं०) शुक्लध्यान युक्त चिन्तन। 'एकस्य भावः एकत्वम्, वितर्को द्वादशाङ्गम्, असङ्क्रान्तिरवीचारः एकत्वेन वितर्कस्य अर्थ व्यञ्जन-योगानामवीचारः। असंक्रातिर्यस्मिन् ध्याने तदेकत्व वितर्कावीचारं ध्यानम्।' (धव० १३/७९)

एकत्वानुप्रेक्षा (स्त्री०) एकत्वभावना, बारह भावनाओं/अनुप्रेक्षाओं में चतुर्थ भावना, इसमें यह चिन्तन करना कि जीव अकेला उत्पन्न होता है, अकेला ही कर्म उपार्जित करता है और अकेला ही उनका उपभोग करता है।

एकत्र (अव्य०) [एक+त्रल्] एक स्थान पर, सामूहिक, एक साथ, इकट्ठे। 'एकत्र गत्वा भवेत्' (मुनि० वृ० २८) दार्शनिक दृष्टि से-एक ही वस्तु में 'सत्' और 'असत्' की प्रतिष्ठा, एकत्र तस्मात्सदसत्प्रतिष्ठामङ्गीकरोत्येव जनस्य निष्ठा। (वीरो० १९/४)

एकत्रिंशत् (स्त्री०) इकतीस।

एकत्राङ्कित (वि०/) एक ही अंकन पत्र वाला। 'एकत्र-एकस्थाने-एकस्मिनेवाङ्कनपत्रे' (जयो० वृ० १५/८१)

एकदा (अव्य०) एक बार, एक समय। (वीरो० २/१४०) (सुद० ४/१७) एकदा स्तवक-गुच्छ नगरादवहिरास्थितः। (समु० २/३१)

एकदासी (स्त्री०) सेवा करने वाली गृहिणी, एकमात्र गृहिणी। त्वमेकदा विन्ध्यागिरेनिवासी भिल्लस्त्वदीयांघ्रियुगेकदासी। (सुद० ४/१७)

एकदंतः (पुं०) एक दांत वाला, गणेश।

एकदंष्ट्रः (पुं०) एक दांत वाला गणपति।

एकदंडिन् (वि०) एक दण्डधारी।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

एक दीपकः (पुं०) एकमात्र दीपक। (सुद० १३५)

एकदृष्टि (वि०) १. एक अक्षिवाला, २. एकाग्र दृष्टि वाला।

एकदेवः (पुं०) परमब्रह्म।

एकदेशः (पुं०) एक स्थान, एक प्रदेश, (जयो० १/३) एक भाग, आंशिक, एक अंश। 'पादैकदेशच्छविभाक प्रसक्तिभृतः'

एकदेशकारिणी (पुं०) एक अंश को नष्ट करने वाली। (जयो० ११/१३)

एकदेशसरिणी (स्त्री०) एक अंश को नष्ट करने वाली। (जयो० ११/१३)

एकदेशच्छेदः (पुं०) एक अंश का विनाश, 'निर्विकल्प-समाधिरूप-सामायिक-स्यैदकेर्शन च्युतिरेकदेशच्छेदः। (प्रवृ० उद०३/१०)

एकदेशपरित्यागः (पुं०) एकदेश/एक अंश का परित्याग। 'एकदेशपरित्यागात् सुगतिं श्रयते पुमान्' (दयो० पृ० १२१) प्रत्येक समय संतोष धारणकर तृष्णादि से दूर रहना।

एकदेशच्छेदः (वि०) १. एक अक्षिवाला, २. एकाग्र दृष्टि वाला।

एकधर्मन् (वि०) एक ही धर्म वाला, एक ही प्रकार के गुणों का धारक।

एकधर्मिन् (वि०) एकधर्म धारक।

एकधा (अव्य०) १. एक तरह से, एक प्रकार से। २. अकेले।

एकधारा (स्त्री०) एक ही विचार पद्धति। (वीरो० १९/१०)

एकनवतिः (स्त्री०) इक्यानवें।

एकनावः (पुं०) एकमात्र नाव/नौका। 'क्षमाब्रह्मगुणैकनावे' (सुद० पृ० १०३)

एकपक्षः (पुं०) एक दल, एक आधार, एक सम्मति, एक विचाराधारा।

एकपत्नी (स्त्री०) सपत्नी, एकपत्नी, पतिव्रता नारी।

एकपदी (स्त्री०) पगडंडी, छोटा रास्ता।

एकपदे (स्त्री०) अकस्मात्, एकदम, अचानक।

एकपादः (पुं०) १. एक चरण, काव्य का अंश।
२. एक पैर।
३. तपश्चरण का एक आधार।

एकपादस्थानं (नपुं०) एक पैर पर स्थित होकर तपश्चरण। 'एगपाद-एगेन पादेनावस्थानम्' (भ०आ०वि०२२३)

एकपोषः (पुं०) एकमात्र आशीर्वाद। 'रोषो न तोषो जगदेकपोष' (जयो० २७/२१)

एकप्रत्ययः (पुं०) एक नाम का कारण, एक व्यवहार का कारण। एकभिधान-व्यवहारिभिबन्धन प्रत्यय एकः। (धव० ९/१५१) एकार्थविषय प्रत्ययः एकः (अवग्रहः) (धव० १३/२३६)

एकभक्त (वि०) एक ही बार भोजन करना। एकस्यां भक्तवेलायां आहारग्रणमेकभक्तमिति। (मूला०वृ० १/३५)

एकबन्धु (नपुं०) एकमात्र मित्र, एक सखा। 'भवान्धु-सम्पादितनैकबन्धुः' (सुद० १/३)

एकभागः (पुं०) एक मात्र हिस्सा, एक अंश। (दयो० १८)

एकभावः (पुं०) एक अभिप्राय, एक विचार। 'तान्येकभावेन जना श्रयन्तु' (वीरो० १९/११)

एकभिक्षानियमः (पुं०) एक ही घर पर भिक्षा/आहार का नियम, क्षुल्लक का आहार नियम, आहार प्रतिमा। 'एकस्यां एकगृहसम्बन्धिन्यां भिक्षायां नियमः प्रतिज्ञा यस्य स एकभिक्षानियमः। (सा०ध० ७/४६)

एक-भेद (पुं०) एकमात्र अन्तर, एक लक्षण।

एकमतिः (स्त्री०) आत्माधीन बुद्धि। (जयो० २७/५३)

एकमात्रं (नपुं०) एक ही, अकेला, एकाकी। (जयो० वृ० २७/२१)

एकमेक (वि०) वीप्सात्मक प्रयोग, परस्पर, एक-दूसरे में समाहित। (सम्० ८/४४)

एकमेव (अव्य०) एकमात्र ही, अकेला ही। (जयो० ८१/१९)

एकयत्नः (पुं०) एक ही प्रयत्न।

एकयष्टिः (स्त्री०) एक लड़ी, मोतियों की एक लड़ी।

एकयोनिः (स्त्री०) एक जन्म, एक उत्पत्ति स्थान।

एकयोनि (वि०) १. एक ही जाति वाला। २. आनन्द भाव।

एक-रागः (पुं०) अकेला राग भाव।

एकराजन् (पुं०) एकाकी नृप, निरंकुश नृप।

एकरात्रिकी (वि०) रात्रि में एकाकी उपसर्ग सहन करने वाला, भिक्षुप्रतिमा धारी। निर्ममत्व रात्रि में ध्यान करने वाला।

एकरूप (वि०) एक समान, एक जैसा, सादृश्य ही।

एकल (वि०) [एक+ला+क] एकाकी, अकेला, एकमात्र।

एकलापी (वि०) १. एक स्थान वाला, एक विचार वाला। २. समानार्थक-द्राक्षा गुडः खण्डमशो सिताऽपि माधुर्यमायाति तदेकलापी। (वीरो० १९/९)

एकलिंगः (पुं०) एक लिंग, एक चिह्न।

एकलोकः (पुं०) एक विश्व, एक जगत्।

एकवचनं (नपुं०) १. एक संख्या वाला शब्द, धातु एवं शब्द

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

का एक वचन। २. एककथनं, एक निरूपण, एक विचार, एक पद्धति, एक परम्परा।

एकवर्गः (पुं०) एक समूह, एक भेद।

एकवर्णः (पुं०) १. एक जाति। २. एकाक्षर।

एकवस्तु (नपुं०) एक पदार्थ। (सुद० ११७) 'ज्ञानामृतं भोजनमेकवस्तु' (सुद० ११७)

एकवाक्य (वि०) एक वाक्य, एक मात्र वचन।

एकवाणी (स्त्री०) एक विचार, एक कथन।

एकवारं (अव्य०) केवल एक बार ही, तुरंत ही, उसी समय।

एकवारे (अव्य०) तुरन्त ही, उसी समय, तत्काल।

एकविंशति (स्त्री०) इक्कीस।

एकवित्त (नपुं०) एकमात्रधन। (सुद० ११८)

एकविध (वि०) एक ही प्रकार का।

एकविधप्रत्ययः (पुं०) एक ही जाति का ग्राहक प्रत्यय, 'एकजातिविषयः प्रत्ययः एकविधः। (धव० १३/२३७) 'एकजातिविषयत्वादेतत् प्रतिपक्षः प्रत्ययः एकविधः।' (धव० ९/१५२)

एकविध-बन्धः (पुं०) एक मात्र बन्ध, सातावेदनीय बन्ध/

एकविधावग्रहः (पुं०) एक प्रकार के पदार्थ को जानना, एक जाति का वाञ्छा। 'एगजाईए ट्ठिदएयस्स बहूण वा गहणमेयविहावग्गहो' (धव० ६/२०) 'एकजातिग्रहणमेकाविधावग्रहः' (मूला०वृ० १२/१८७)

एक-विहारी (वि०) एकाकी विचरण करने वाला।

एकवृत्तं (नपुं०) ०एक बात, ०एक भाव, ०एक विचारधारा, एकमात्र प्रवृत्ति। 'भव्यव्रजं भव्यतमैकवृत्तः' (सुद० २/३१) 'एकवृत्तमिति स्वामिन्न विक्षिप्त इतीष्यते' (समु० ३/३८)

एकशः (अव्य०) ०एक एक करके, ०एक प्रकार का, ०केवल, मात्र, एकाकी। 'स्नपनभावमितः प्रभुरेकशः' (जयो० ९/५४)

एकशेष (वि०) एक शब्द शेष, समास में एक शेष। एकशेषो नाम समासो-रामश्च, रामश्च रामश्चेति रामाः' (जः वृ० २६/८५)

एकसंघः (पुं०) एक समुदाय, एक समूह।

एकसद्मन् (नपुं०) एक स्थान। (जयो० ९/५)

एकसदनं (नपुं०) एक भवन।

एकसप्तति (स्त्री०) इकहत्तर।

एकसिद्धः (पुं०) एक समय में मुक्त। 'एकस्मिन् समये एक एव सिद्ध' (जैन०ल० २९६)

एकसिद्धकेवलज्ञानं (नपुं०) एक जीव के सिद्ध होने पर एक केवलज्ञान।

एकसूत्रं (नपुं०) एक उत्पत्ति, एक जन्म। 'किलार्कदेवः स मुदेकसूत्रः' (समु० ६/२४)

एकस्थल (नपुं०) एकतल, एकस्थान। (जयो० २७/१९)

एकस्थानं (नपुं०) एकमात्र स्थान, एकमात्र आश्रय, एकमात्र आधार, एकमात्र निवास।

एकस्थितिः (स्त्री०) कर्म की एक स्थिति। 'एया कम्मस्सा ट्ठिदी एयट्ठिदी णामं। (जप०धव० ३/१९१)

एक-स्वभावः (पुं०) भेद कल्पना रहित स्वभाव, शुद्ध द्रव्यार्थिकनय का स्वभाव। 'भेद संकल्पनामुक्त एक स्वभाव आहितः' (जैन०ल० २९६)

एक-हस्तः (पुं०) एकमात्र हाथ।

एकहस्तावलम्बिन् (वि०) एकमात्र आधारभूत, एकमात्र आश्रय। 'गतिर्ममैतस्मरणैकहस्तावलम्बिनः' (सुद० १/३)

एकरा (स्त्री०) एकमात्र, एकाकी, अकेला। (जयो० १/१०) एक भी। (जयो०) 'तस्यैका तनया राज्ञो राजते कौमुदाश्रया' (जयो० ५/३७)

एकाकि (वि०) [एक+आकिनच्] एकान्त, शून्य स्थान वाला, अकेला, निर्जन। (दयो० ४२, ६२) 'एकाकि एवाङ्गज! मे कुलायः' (समु० ३/६) एकाकिने धूमसमं तमस्तु वाष्पाम्बुपूरोदयकारि वस्तु। (जयो० १६/६) उक्त पंक्ति में 'एकाकिन' का अर्थ विरही, विरह से युक्त भी लिया है, 'एकाकिने विरहणे जनाय' (जयो० वृ० १६/६)

एकाकिन् देखो ऊपर।

एकाकिता (वि०) एकाकी पर, अकेलापन। 'तयोरथैककिताऽन्वये तु' (सम्य० २३) 'भेकाः किलैकाकितया लपन्तः' (वीरो० ४/१७)

एकाकित्व (वि०) एकाकीपन। एकाकित्वमिदं ससख्यमशनाभावं समिष्ठाशनम्। (मुनि० २५)

एकाकिनी (वि०) अकेली रहनी वाली, (दयो० १११) एकाकिनीनामधुना वधूनामास्वाद्य मांसानि मृदूनि तासाम्' (वीरो० ४/१४)

एकाकी (वि०) स्वयमन्वयसहाय एव, एकान्त, अकेला ही, अपने आप से युक्त। (जयो० १९) 'मयैकाकी किलैकदा' (सुद० ८३) मैं एक बार एकान्त में था।

एकाकीह (वि०) अकेला ही, एकमात्र ही। 'एकाकीह जरत्कुमारशरतो वृत्तं प्रकृत्या हि तत्' (मुनि० २४)

एकाग्र (वि०) दत्तचित्त, लीन, संयमित। (जयो० २७/५८) अग्रं मुखं, एकमग्रस्येत्येकाग्रः।

एकाग्रत्व (वि०) वृत्तचित्तपना, संयमितता। (जयो० २७/५८)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

एकाग्रचिन्तानिरोधः (पुं०) अनेक चिन्ताओं से रहित, ध्यान-शील। 'एकाग्रे चिन्तानिरोधः एकाग्रचिन्तानिरोधः' (त० वा० ९/२७)

एकाग्रमनं (नपुं०) कर्म रहित मन, ध्यानशील मन।

एकाक्षः (पुं०) एकेन्द्रिय। 'एकाक्षित्रद्वयब्धिहृषीकभाजा' (भक्ति० ३९)

एकाक्षर (वि०) ग्यारवां।

एकादश-अंग (पुं०) ग्यारह अंग ग्रन्थ विशेष।

एकादश-द्वारं (नपुं०) शरीर के ग्यारह द्वार/छिद्र।

एकादशप्रतिमा (स्त्री०) ग्यारह प्रतिमा।

एकादशसर्गः (पुं०) ग्यारह सर्ग।

एकादशाङ्गवेत्ता (वि०) ग्यारह अंग सूत्रों का ज्ञाता। (जयो० वृ० १२३/८७)

एकादशी (वि०) ग्यारस। (दयो० १११)

एकादशीप्रतिमा (स्त्री०) ग्यारहवीं प्रतिमा।

एकादशोपासक संश्रय (वि०) श्रावक की ग्यारह प्रतिमा का आश्रय। (भक्ति० ४२) एकादशोपासकसंश्रयेषु, भिक्षोरथ द्वादशसु स्थलेषु' (भक्ति० ४२)

एकाधृत (वि०) एक आधार वाला। (समु० ८/४८) 'एकाधृता-नीतिरभक्ष्यवृत्तिः' (समु० ८/४८)

एकानेकात्मक (वि०) एकात्म और अनेकात्म रूप। एकत्व और अनेकत्व रूप। (वीरो० १९/२३)

एकान्त (वि०) एकान्त दृष्टि, (सुद० ९१) उपस्थिते वस्तुनि विन्निरस्तु नैकान्ततो वाक्यमिदं सुवस्तु। (वीरो० २०/१५) १. अंत की संभवतः। जं तं एयाणंतं तं लोगमज्झादो एगसेढि पेक्खमाणे अंताभावादो एयाणंतं (धव० ३/१६) २. एकाग्र-त्यक्त्वा देहगतस्नेह मात्मन्येकान्ततो रतः। (सुद० १३५) ३. निश्चित रूप, नियमा श्यामं मुखं मे विरहैकवस्तु होकान्ततो रक्तमहो मनस्तु। (जयो० १६/१२)

एकान्त-असात (वि०) असाता रूप मात्र ही।

एकान्ततः नियम से, निश्चित रूप से। (सम्य० ८/४२) 'एकान्ततोऽसावुपभोगकालः' (सुद० १२०)

एकान्ततयानुरागः (पुं०) एक मात्र अनुराग। (वीरो० २१/१९)

एकान्तनिष्ठ (वि०) एकान्त युक्त। (जयो० १०/१००)

एकान्तप्रचण्ड (वि०) एक मात्र तेजस्विता। (जयो० वृ० २६/२३)

एकान्त-मिथ्यात्वं (नपुं०) एक ही धर्म का अभिनिवेश/आग्रह।

एकान्तवादः (पुं०) एक ही है ऐसा पक्ष। (जयो० १८/४५)

एकान्तवासः (पुं०) एकाकी निवास, एकाग्रता में स्थित। (जयो० वृ० १८/४५)

एकान्तसात (वि०) एकमात्र दाता को प्राप्त।

एकान्त स्थान (नपुं०) निर्जन स्थान, शून्य आवास।

एकान्तस्थिति (स्त्री०) निर्जनस्थान में वास। 'एकान्ते-निर्जने देशे स्थितिमभ्यगाद्' (जयो० वृ० २८/१२)

एकायित (वि०) एकता युक्त, समन्वय युक्त, साहचर्य पूर्ण। (जयो० २८/४०) 'स्वात्मनैकायितोऽप्यभृत्'

एकावग्रहः (पुं०) एक ही वस्तु में जानने का भाव। 'एकस्सेव वत्थुवलंभो एयावग्गहो' (धव० ६/१९)

एकाशनं—देखो नीचे।

एकासनं (नपुं०) ऊनोदरव्रत, तप का द्वितीय भेद। एक बार भोजन ग्रहण, नियमपूर्वक एक बार आहार ग्रहण। 'नैकासनैकासनिताप्यमुप्ता' (जयो० १७/१८) एकाशनत्वमभ्यस्येद् द्व्यशनाऽह्नि सदा भवन। (सुद० १३१)

एकाशनक (वि०) एक अशन वाला। (जयो० ६/१००)

एकिका (वि०) एकीभाव, एकात्मकता। रेखैकिका नैव लघुर्न गुर्वी लब्ध्याः परस्यां भवति स्विदुर्वी। (वीरो० १९/५) अपेक्षा विशेष से वस्तु में छोटा एवं बड़ापन होता है। न कोई रेखा छोटी होती है और न कोई बड़ा होती है।

एकीभावः (पुं०) १. साहचर्य, संहति। २. सामान्य स्वभाव, सामान्य गुण।

एकीभावस्तोत्रं (नपुं०) स्तोत्र नाम, आचार्य वादिराज द्वारा रचित स्तोत्र (ई०१०१० १०६५) २६ संस्कृत श्लोक में भक्तिपूर्ण आध्यात्मिक वर्णन है।

एकीभू (अक०) एक होना, साहचर्य होना, समन्वय होना। (भक्ति० ३०) 'एकीभवन्त्यत्र सदात्मवत्ता'।

एकीय (वि०) १. साहचर्य युक्त, सहकारी। २. एक या एक से।

एकेन्द्रियः (पुं०) एक स्पर्शनेन्द्रिय। एदेण एक्केण इंदिएण जो जाणदि पस्सदि सेवदि जीवो सो एइंदिओ णाम। (धव० ७/६२)

एकेन्द्रियजाति (स्त्री०) एकेन्द्रिय में जन्म। 'यदुदयादात्मा एकेन्द्रिय इति शब्द्यते तदेकेन्द्रियजातिनाम।' (स० सि० ८/११)

एकेन्द्रियजीवः (पुं०) पृथ्वी आदि एक इन्द्रिय वाले जीव। जिसकी एक ही इन्द्रिय हो। (वीरो० १९/८)

एकेन्द्रियभेदः (पुं०) एकेन्द्रियों के भेद।

एकेन्द्रियलब्धिः (स्त्री०) एकेन्द्रिय की शक्ति प्राप्त जीव/लब्धि प्राप्त जीव।

एकैक (वि०) वीप्सात्मक प्रयोग, एक से एक, एक एक।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

(वीरो० १९/३५७) (सुद० १२७) (जयो० ८/८४) 'एकैकया कपर्दिकया खलु वित्तं बहु निचितम्' (जयो० २३/५९)

एकैकश (वि०) एक साथ एक। 'एकैशशो मुक्त इयान्न रोध:' (वीरो० २०/१२)

एकोनविंशति (स्त्री०) उन्नीस। (दयो० २४)

एकोनविंशसर्ग: (पुं०) उन्नीसवां सर्ग।

एकोन्यत (वि०) एक दूसरे से युक्त। (सम्य० २३)

एक्य (वि०) एकमात्र। 'पुनरञ्चति चैक्यं स्वम्य' (सुद० ७०)

एज् (अक०) १. कांपना, हिलना। २. चमकना।

एजक (वि०) कांपने वाला, हिलता हुआ।

एजनं (नपुं०) [एज्+ल्युट्] कांपना, हिलना, चलायमान होना।

एठ् (सक०) छेदना, रोकना, विरोध करना।

एड (वि०) [इल+अच् डलयोरभेद:] बहरा, नहीं सुनने वाला।

एड: (पुं०) भेड, मेष, एक विशेष भेड।

एडक: (पुं०) भेड़ मेष।

एडका (स्त्री०) भेड़ी, मेषी।

एण: (पुं०) [एति द्रुतं गच्छति इति, इ+ण] हरिण, बारासिंघा, मृग। (दयो० ९६) 'छायासु एण: खलु यत्र जिह्वानिलीढ-कान्तामुख एष शेते।' (वीरो० १२/९, ९/४९) 'विपद्य वह्नै चमरेणदीक्षितमिवाप' (समु० ४/१४) समीप के वन में पाप के कारण चमर मृग हुआ।

एणक: (पुं०) [इ+ण+कन्] मृग, हिरण।

एणगण: (पुं०) हिरण समूह, मृग समुदाय। (वीरो० २१/१०)

एणतिकल: (पुं०) चन्द्र।

एणनाथ: (पुं०) मृगराज। (सुद० १/३१) 'समग्रं भू-सम्भवदेणनाथ:' (सुद० १/३१)

एणमद: (पुं०) कस्तूरी। (जयो० ५/६१) 'दृशि चैणमद: कपोलमं' (जयो० १०/५९)

एणमदक: (पुं०) हिरण, एणस्य मदक। (जयो० २/८२)

एणशाव: (पुं०) १. मृग पुत्र, २. चन्द्रमृग। 'जीवति किलैणशावोऽसावांजस्के तदङ्कगत:' (जयो० ६/४५)

एणशावदृक् (वि०) मृगलोचन, मृगाक्षी। (जयो० ११/५)

एणा (स्त्री०) मृगी, हिरणी। (सुद० ८८)

एणाक्षी (वि०) मृगनयनी, मृग के नेत्रों वाली। 'वस्तु मेणाक्षीणां मनस्युदारे' (सुद० ८८)

एणी (स्त्री०) काली हिरणी, कृष्ण हिरणी।

एणीदृक् (वि०) मृगाक्षी, मृगीनेत्र वाली, मृगनयना। (जयो० ३/५५) 'वेणीयमेणीदृश एव भायात्कृशी' (जयो० ११/७०)

एणीहक् (पुं०) मकरराशि।

एत् (अक०) प्राप्त होना-एतु: (सुद० ४/३४) एति (सुद० १/४६)

एत (वि०) कान्तिमान, रंगों से युक्त।

कन्था (स्त्री०) गुदड़ी, जीर्णवस्त्र की थैली। 'सग्रन्थि कन्थाविवरात्तमारुतैः' (वीरो० ९/२५)

कन्दः (पुं०) जमीकंद, गांठदार लहसुन, प्याज आदि। २. अंकुर (जयो० ११/४३) १. ग्रन्थि, २. कपूर, ३. बादल।

कन्दकः (पुं०) गर्त, गड्डा-हाथी पकड़ने के लिए बनाया गया गर्त।

कन्दट्ट (नपुं०) श्वेत कमल, शुभ पद्म।

कन्दप्रकारः (पुं०) अंकुरमात्रक। (जयो० ११/४३)

कन्दरः (पुं०) [कम्+दृ+अच्] गुफा, खोह, पर्वत के अन्दर का गुह्य स्थान। (जयो० १४/६८)

कन्दरा (स्त्री०) गुफा।

कन्दर्पः (पुं०) १. कामदेव, २. रागात्मक शब्द वाला। 'कन्दर्पः कामस्तद्हेतुस्तत्प्रधाने वाक्प्रयोगोऽपि कन्दर्पो' (सा०ध०टी० ५/१२) 'रागोद्रेकात् प्रहासमिश्रोऽशिष्टवाक्यप्रयोगः कन्दर्पः।' (त० वा० ७/३२) राग की अधिकता से हास्य मिश्रित अशिष्ट वचन वाला।

कन्दर्पकूपः (पुं०) योनि, जन्मस्थान।

कन्दर्पज्वरः (पुं०) आवेश, प्रबल इच्छा, कामोद्दीपन।

कन्दर्पधर (वि०) अहंकारी, कामी।

कन्दर्पभावना (स्त्री०) कुचेष्टा युक्त भावना, द्रवशीलता जन्य भावना/इच्छा। हास्योत्पादक भावना। 'कामयोगः परविस्मयकारी वा कन्दर्पभावनेत्युच्यते' (भ०अ०टी० १८०)

कन्दर्पभूपः (पुं०) कामरूपी राजा। 'कन्दर्पभूपो विजयाय याति' (वीरो० ६/१९)

कन्दलः (पुं०) १. कलह, निन्दा, गर्हा। (जयो० १३/७०) २. नया अंकुर, ३. गाल, कनपटी। ४. युद्ध।

कन्दली (स्त्री०) [कन्दल्+ङीष्] कदली वृक्ष। २. कमलगट्टा

कन्दुः (पुं०स्त्री०) १. तंदूर, पतीली। २. गेंद। कन्दुकुचाकारधरो युवत्या। (वीरो० ९/३६)

कन्दुकः (पुं०) [कम्+दा+डु+कन्] गेंद, गेन्दुक-रबड़ या कपड़े से निर्मित पूर्ण लोकाकार गेंद जिससे खेला जाता है।

कन्दुकत्व (वि०) गोलाकार गेंद की तरह। (जयो० १/१०)

कन्दुकभावः (पुं०) डुलमुल भाव। (जयो० १/१०)

कन्दोटः (पुं०) श्वेतकमल, शुभ्रकमल।

कन्दोद्दः (पुं०) श्वेतकमल, धवलपद्म।

कन्दोपमा (स्त्री०) जड़ की उपमा (जयो० ११/४४)

कन्धः (पुं०) कन्धा, ग्रीवा (जयो० ७/२३)

कन्धरः (पुं०) [कं शिरो जलं वा धारयति-कम्+धृ+अच्] १. ग्रीवा, कन्धा, बाहुमूल (वीरो० ३/३५)

कन्धरा (स्त्री०) ग्रीवा, गर्दन।

कन्धा (स्त्री०) ग्रीवा, गर्दन।

कन्धिः (स्त्री०) [कं शिरो जलं वा धीयते कम्+धा+कि] १. सागर, समुद्र। २. ग्रीवा, गर्दन।

कन्नं (नपुं०) [कद्+क्त] पाप, अशुभभाव।

कन्यका (स्त्री०) कन्या, लड़की, कुमारी, तरुणी, अविवाहित पुत्री। 'कन्यका-कनक-कम्बलान्विता' (जयो० २/१००) सौन्दर्यसारसंसृष्टिं भूभृणां कन्यकामिमाम्' (जयो० ७/११)

कन्यकाजनः (वि०) कुमारियां, लड़कियां।

कन्यकाजातः (वि०) कन्या से उत्पन्न पुत्र, अविवाहित कन्या का पुत्र।

कन्यसः (पुं०) [कन्य+सो+क] छोटा भाई।

कन्यसी (स्त्री०) छोटी बहिन।

कन्या (स्त्री०) १. लड़की, ०कुमारी, ०कुंआरी, ०पुत्री, ०सुता। (जयो० ४/६२) कन्याऽसौ विदुषी धन्या गुणेक्षण-विचक्षणा। (जयो० ७/१३) २. छठी राशि-कन्या राशि। ३. दुर्गा। ४. इलायची।

कन्याका (स्त्री०) तरुणी बाला, कुमारी।

कन्यागत (वि०) कन्या राशि में गया हुआ।

कन्याग्रहणं (नपुं०) विवाह में कन्या स्वीकरण।

कन्यादानं (नपुं०) कन्यादान, विवाह में कन्या का वर एवं कुटुम्बिजनों के सामने ग्रहण करने का कथन। (जयो० वृ० १२/५६) 'सूत्रमिव भाविकन्यादान' (जयो० ६/१२५)

कन्यादानार्थ (वि०) विवाह सम्बंधी विधि में कन्या की प्रवृत्ति हेतु कन्या दान के लिए। (जयो० १२/५३)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कन्यादूषणं (नपुं०) कौमार्य भंग।

कन्यादोषः (पुं०) कन्या की बदनामी।

कन्याधनं (नपुं०) दहेज, कन्या के लिए सम्पत्ति।

कन्यानृतः (पुं०) कन्या विषयक असत्य।

कन्यानुरक्त (वि०) कन्या में अनुरक्त। (समु० २/२८) अविवाहित पुत्री में आसक्ति। मानेतुं प्रचकार तत्र पथि, तत्कन्यानुरक्तोक्तियम्' (समु० २/२८)

कन्यापक्षिकलोकः (पुं०) माङपिक जन। (जयो० १२।१३३)

कन्यापतिः (पुं०) दामाद, जामाता, पति।

कन्यापुत्रः (पुं०) कन्या/लड़की का पुत्र, आत्मजा का बेटा।

कन्यापुरं (नपुं०) अन्तःपुर, रनवास, कन्याओं का आवास स्थान।

कन्याप्रदानार्थ (वि०) कन्यादान हेतु। (जयो० १२/५६)

कन्याप्रसूतः (पुं०) कन्या उत्पत्ति। (वीरो० ९/१९)

कन्यारत्नं (नपुं०) श्रेष्ठ कन्या, रूपवती बाला, अत्यन्त मनोरम पुत्री। यस्मै दत्त्वा यमाशंसी कन्यारत्नमकम्पनः। (जयो० ७/१२)

कन्यालीकः (पुं०) कन्या विषयक झूठ।

कन्याराशिः (स्त्री०) कन्याराशि, छठी राशि। (वीरो० २१/१३)

कन्यावेदिन् (पुं०) दामाद, जमाता।

कन्यासः (पुं०) जल सिंचन। (वीरो० ८/२२)

कन्यास्वयम्बरः (पुं०) पति चयन की पद्धति, विविध कुमारों में से पति चयन की पद्धति।

कन्यासमितिः (स्त्री०) कन्या समूह। (वीरो० ८/२२)

कन्याहरणं (नपुं०) कन्या का अपहरण।

कपटः (पुं०) प्रवंचना, छल, धोखा, चालाकी, बनावटी, कृत्रिम। 'गजस्येव कपटाभ्रमुकायाम्' (जयो० २३/६६)

कपट-कृत (वि०) छलिया, प्रवंचका, कपट करने वाला।

कपटगत (वि०) कपट को प्राप्त, छल युक्त।

कपटतापसः (पुं०) पाखंडी तपस्वी, बनावटी साधु।

कपटदेहं (नपुं०) कृत्रिम देह, तदाकार शरीर।

कपटपटु (वि०) छल में निपुण।

कपट-प्रबन्धः (पुं०) छलपूर्ण व्यवहार।

कपटप्रेमः (पुं०) बनावटी प्रेम, कृत्रिम स्नेह। (दयो० १६)

कपटभावः (पुं०) छलभाव।

कपटलेख्यं (नपुं०) असत्य अभिलेख, कुत्सित लेख।

कपट-वचनं (नपुं०) छल युक्त वाणी, छलपूर्ण वार्ता।

कपट-वेशः (वि०) कृत्रिम आकार, बनावटी वेश।

कपटशील (वि०) छल युक्त।

कपटाभ्रमुका (स्त्री०) कृत्रिम हथिनी। 'कपटेन कृता याऽऽभ्रमुका हस्तिनी' (जयो० वृ० २३/६६) गजस्येव कपटाभ्रमुकायां मनसो बहुलापाया। (जयो० २८/६६)

कपटिकः (पुं०) [कपट+कन्] कपटी, छली।

कपर्दः (पुं०) [क+पर्+दैप्-क] १. कौड़ी। २. जटा।

कपर्दकः (पुं०) कौड़ी। [कर्द्-क्विप्], वलोपः, पर कस्य गंगाजलस्य परा पूरणेन दापयति शुध्यति-कपर्द+कन्] (सुद० २/४८) दशोरमुष्या द्वितयेऽवतारं, कपर्दकोदारगुणं बभार। (सुद० २/४८)

कपर्दिका (स्त्री०) [कपर्दक+टाप्] कौड़ी, कार्षापण। (जयो० २३/५९) मधुरसा करटस्य हि निम्बिका धनमहो दुरितस्य कपर्दिका। (जयो० २५/२१)

कपर्दिन् (पुं०) [कपर्द+इनि] शिव का पर्यायवाची शंकर।

कपाटः (पुं०) किवाड़, अरर। (जयो० २५/२८) १. मुख, द्वार। 'तावद्विचार-चतुरापि सुवाक् कपाटं' (जयो० १०/९४) कस्यात्मनो वाटं कवाटं मुखमुद्घाटयति स्म। (जयो० वृ० १०/९४)

कपाट-मुद्रा (स्त्री०) अभयमुद्रा।

कपाट-सन्धिः (स्त्री०) कपाट के दोनों पल्लड़े। द्वार के दोनों भाग।

कपाट-समु घातः (पुं०) आत्म प्रदेश का विस्तार।

कपाटोद्घाटनं (नपुं०) द्वारोद्घाटन, द्वार खोलना, कपाट खोलना।

कपालः (पुं०) [क+पाल-अण्] [कं शिरो जलं वा पालयति] १. खप्पर, ठीकरे, (दयो० ८२) २. खोपड़ी १. कपाल, चूड़ापीड। २. संचय, समूह। ३. प्याला, मकोरा, कटोरा, पात्र।

कपालक्रिया (स्त्री०) शिरच्छेदन।

कपालपाणि (पुं०) महादेव का नाम।

कपालमालिनी (स्त्री०) दुर्गादेवी।

कपालिका (स्त्री०) [कपाल+कन्+टाप्] ठीकरा, खप्पर, मिट्टी के घड़े के टूटे टुकड़े।

कपालिन् (वि०) [कपाल+इनि] खप्पर हर्ता, खोपड़ी धारक।

कपिः (पुं०) [कम्प्+इ] बन्दर, लंगूर, वानर। (सुद० ३/३९) (समु० ४/३७)

कपिञ्जलः (पुं०) [क+पिज्+कलच्] पपीहा, टिटिहिरी।

कपिकच्छुः (स्त्री०) एक लता विशेष।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कपिकेतन: (पुं०) अर्जुन का नाम।

कपिज: (पुं०) शिलाजीत।

कपितैलं (नपुं०) शिलाजीत।

कपिध्वज: (पुं०) अर्जुन का नाम।

कपित्थ: (पुं०) [कपि+स्था-क] कैंथ, कवीट, कैंथा, दधिफल। 'कपित्थं दधिफलं' (जयो० वृ० २५/११) मन्मथः कामचिन्तायां कामदेव कपित्थयो:' (जयो० वृ० २१/२७) कपित्थ को मन्मथसार भी कहा जाता है।

कपित्थदोष: (पुं०) साधु के कायोत्सर्ग में दोष। 'य: कपित्थफलमन्मुष्टिं कृत्वा, कायोत्सर्गेण तिष्ठति तस्य कपित्थदोष:' (मूला० वृ० ७/१७)

कपिल (वि०) [कम्+इलच्, पादेश:] भूरे रंग का।

कपिल: (पुं०) कपिल नामक मुनि।

कपिल ब्राह्मन् (पुं०) कपिल नामक विप्र। (सुद० ७६) सुदर्शन सेठ मित्र।

कपिलक्षण (नपुं०) बन्दर के लक्षण, चपलता युक्त, चंचलता सहित। (वीरो० ११/८) समाह सद्य: कपि-लक्षणेन, समाह सद्य: कपिल: क्षणेन।' (सुद० ३/३९)

कपि-लक्षणा (वि०) चंचल स्वभाव वाली, बन्दर जैसे लक्षणों वाली।

कपिला (स्त्री०) कपिल विप्र की पत्नी कपिला ब्राह्मणी। चम्पानगरी के विप्र कपिल की भार्या। कपिल विप्र सुदर्शन सेठ का मित्र था, जो रूप-सौन्दर्य में अनुपम था। उसी पर वह कपिला मुग्ध हुई, पर सुदर्शन ब्रह्म में लीन विरक्ति की ओर बढ़ता रहा। (सुदर्शनोदय)

कपिलाख्या (वि०) कपिला नाम वाली, कपिला ब्राह्मणी, कपिलविप्र की पत्नी। सुदर्शनान्वयायाङ्का

कपिलाङ्गना (स्त्री०) कपिल ब्राह्मण की स्थापिता कपिलाख्यया। अंगना। भार्या-कपिला।

कपिश (वि०) [कपि+श] सुनहरी, स्वर्ण सदृश।

कपिश: (पुं०) १. शिलाजीत, २. लोभान, ३. भूरा रंग।

कपिशा (स्त्री०) माधवी लता।

कपिशित (वि०) [कपिश+इतच्] स्वर्ण सदृशता, सुनहरे रंग वाला।

कपुच्छलं (नपुं०) मुण्डन संस्कार। कस्य शिरस्य पुच्छं लाति-क+पुच्छ+ला+क-कस्य शिरस: पुष्ट्यै पोषणाय कायति। क+पुष्टि+कै+क टाप्।

कपूय (वि०) अधम, नीच, निम्न स्वभाव वाला। (कुत्सितं पूयते कु+पूय+अच्)

कपोत: (पुं०) कबूतर, पारावत।

कपोतक: (पुं०) शिशु कबूतर। (जयो० १५/४५)

कपोत-चरणं (नपुं०) सुगन्धित द्रव्य।

कपोत-पाली (स्त्री०) चिड़ियाघर, जन्तु-आलय।

कपोत-राज: (पुं०) कबूतरों का राजा।

कपोतलेश्या (स्त्री०) मत्सर भाव युक्त लेश्या। छह लेश्याओं में तृतीय लेश्या।

कपोतहस्त: (पुं०) अंजली बद्धता।

कपोताञ्जनं (नपुं०) सुरमा, अंजन।

कपोतारि: (पुं०) बाज।

कपोल: (पुं०) १. गाल, गण्डस्थल, गण्डमण्डल। 'कपौलौ घृतवरभूपौ' २. मिथ्या, झूठ, अलीक कल्पना। (जयो० ३/६०)

कपोलक: (पुं०) कपोल, गाल, गण्डस्थल। 'दृशि चैणमद: कपोलकेऽञ्जनकं' (जयो० १०/५९)

कपोल-कलित (वि०) मिथ्याजनित, अलीकता युक्त, कल्पना जन्य। 'कुत्सितेषु सुगतादिषु क्रमाद्धा कपोल-कलितेषु च भ्रमात्।' (जयो० २/२६) कपोलकलितेषु-मिथ्याकल्पितेषु। (जयो० वृ० २/२६)

कपोलपालि: (वि०) गण्डस्थलाग्रभाग, कपोल भाग। (जयो० १३/७१)

कपोलभित्ति (स्त्री०) कनपटी, चौड़ा फैला हुआ गण्डस्थल।

कपोलमूलं (नपुं०) गण्डस्थल भाग। (दयो० ८६)

कपोलराग: (पुं०) गालों की लालिमा, गण्डस्थल रागिमा।

कफ: (पुं०) बलगम, श्लेष्मा।

कफचूर्णिका (स्त्री०) लार, थूक।

कफक्षय: (पुं०) कफ रोग, श्वांस रोग फेंफड़े का रोग।

कफणि: (स्त्री०) कोहनी [केन सुखेन फणति-स्फुरति-क+फण्+इन्, क+फण्+इन]

कफघ्न (वि०) कफ नाशक।

कफज्वर: (पुं०) बलगम से उत्पन्न होने वाला ज्वार/बुखार।

कफल (वि०) [कफ+लच्] कफ प्रवाह, कफप्रवृत्ति।

कफारि: (स्त्री०) सोंठ, अदरक।

कफिन् (वि०) [कफ+इनि] कफ पीड़ित, कफग्रस्त।

कफोणि (स्त्री०) कोहनी, केहुनाठ। कुक्षि-रोपित-कफोणितयाऽरं प्राप्य सा दधिशरावमुदारम्' (जयो० १०/१०५)

कबन्ध: (पुं०) १. बिना शिर का धड़। [कं मुखं बध्नाति-क+बन्ध्:अण्] २. पेट, उदर। ३. मेघ। ४. धूमकेतु, ५. राहु, ६. जल, ७. कबन्ध, शिरोहीन नामक राक्षस।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कबरी (स्त्री०) केश, बाल। (वीरो० ५/१२, ७/९) (जयो० ११२/११)

कबित्थः (पुं०) कैंथ तरु।

कम् (अक०) प्रेम करना, अनुरक्त होना, कामना करना, इच्छा करना।

कमठः (पुं०) [कम्+अठन्] कूर्म, कच्छप, कछुआ। (जयो० वृ० २४/१६) २. बांस, ३. जलघट। ४. पार्श्वनाथ पर उपसर्ग करने वाला देव।

कमठ-पिष्ठः (पुं०) कछुएं की पीठ।

कमठी (स्त्री०) कच्छपी, कूर्मी।

कमठोपसर्गः (पुं०) कमठ का उपसर्ग।

कमण्डलुः (पुं०) जलपात्र, साधु नारियल से बने हुए पात्र में शुद्धि हेतु जल रखता है। लकड़ी का भी यह बनाया जाता है। (कस्य जलस्य मण्डं लाति-क+मण्ड+ला+कु)

कमण्डलुधर (वि०) कमण्डलु को धारण करने वाला।

कमण्डलुमुद्रा (स्त्री०) अञ्जलीबद्ध मुद्रा, दोनों हथेलियों के मिलाने पर कनिष्ठिकाओं को बाहर निकालने की प्रक्रिया।

कमपि (अव्य०) कुछ भी। (जयो० वृ० १/१४)

कमन (वि०) [कम्+ल्युट्] कामुक, लम्पट, विषयाभिलाषी, मनोरम, अभिरूप, सुन्दर।

कमनः (पुं०) कामदेव, मदन। १. अशोक वृक्ष। २. ब्रह्मा। कमनः कामुके चाभिरूपे चाशोक-कामयोः 'इति वि' (जयो० २६/४७)

कमनीय (वि०) रमणीय, सुन्दर, मनोरम। (दयो० ६६)

कमर (वि०) [कम्+अरच्] विषयाभिलाषी, लालची, कामुक।

कमलं (नपुं०) १. कमल, सरोज, नीरज, पद्म, अरविंद, अम्भोज, वारिज, शतच्छदं, कुड्मल, जलज। (सम्० ७१, सुद० ३/२३) २. चडसीदीलक्खेहि कमलं णामेण णिद्दिट्ठं' (ति०प० ४/२९८) ३. तोष-सन्तोष-विशदाम्बरा च मञ्जुजलतारा कमलान्वयिभ्रमर-विस्तारा। (जयो० २२/१९) कमलेन-संतोषण-'कमलं जलजे तीरे क्लोम्नि तोषे च भेषजे' इति वि' (जयो० वृ० २२/१९) कमलानां वारिजानाम्।

कमल-सारस पक्षी (जयो० वृ० २२/१, ६/८२)-शतच्छद-जयो० १७/७१।

जल-तांबा, दवा, औषधि, मूत्राशय।

आत्ममल-कमलं कस्यात्मनो मलं रागद्वेषादिरूपं (जयो० वृ० २८/३)।

कमलः (पुं०) सारसपक्षी।

कमलकं (नपुं०) [कमल+कन्] लघु पद्म, छोटा वारिज।

कमलंकरिष्णु (वि०) एक को अलंकृत करने वाली।

कमलकन्दः (पुं०) शल्यद्रुम, करहाट। करहाटोऽब्जकन्देऽपि शल्यद्रौ कुसुमान्तरे। इति वि० (जयो० वृ० २१/२६)

कमलकोमलता (वि०) कमल की सुकुमारता। (जयो० ३/२७)

कमलखण्ड (नपुं०) पद्म समूह, कमल समु दाय।

कमलजः (पुं०) नक्षत्र विशेष।

कमलजन्मन् (पुं०) पद्मयोनि।

कमलजात (वि०) पद्म उत्पत्ति।

कमल-नयनं (नपुं०) अम्बुज लोचना, पद्म नेत्र। (जयो० वृ० १७/१७)

कमलनालकुलबाहु (पुं०) मृणालतुल्य कोमल भुजा, अत्यन्त सुकुमार भुजदण्ड। (जयो० १४/१८)

कमलमालिका (स्त्री०) पद्ममाला, कमलमाला। (जयो० ७/६४)

कमलमुखी (वि०) कमलं-पद्मं तद्वत्मुखं वदनं (जयो० १०/११९)

कमलवासिनी (वि०) १. पद्म में निवास करने वाली। (सुद० ११२) २. आत्म-बल में वास करने वाली। (सुद० ११२)

कमलश्री (स्त्री०) पद्म श्री, पद्म के सदृश शोभा। 'दृष्ट्वा मुनीन्दुं कमलश्रियो भूः। (सुद० २/२५)

कमल-सङ्कोचः (पुं०) कुड्मलबन्ध। (जयो० वृ० १/७१)

कमलसमूहः (पुं०) सरोजवृन्द, पद्म समूह। (जयो० १२/१४०)

कमला (स्त्री०) [कमल+अच्+टाप्] (जयो० ५/१०७, ६/६३) १. लक्ष्मी, श्री के-आत्मनिमलं यस्या सा कमला। आत्म के मल को जो प्राप्त हुई।

कमलाङ्गः (पुं०) प्रमाण विशेष।

कमलाकरः (स्त्री०) अम्भोज दृक्, कमलनेत्र वाली। (जयो० वृ० १६/४०)

कमलात्मन् (स्त्री०) कमला, लक्ष्मी, श्री। 'कमलात्मन् इव विमलो गजैः' (वीरो० ४/४४)

कमलानुरूपा (वि०) लक्ष्मी सदृशा। कमलानि अरविंदानि अनु-पश्चात् रूपं शरीरं यस्याः सा' (जयो० वृ० १/७४)

कमलानुसारिन् (वि०) शोभा का अनुसरण करने वाली। (जयो० वृ०)

कमलानुसारिणी (वि०) कमल का अनुसरण करने वाली। (जयो० वृ० १४/५४)

कमलान्वयि (वि०) कमलों पर मण्डराने वाले। कमलेन सन्तोषान्वयी संयुक्तो, कमलानां वारिजानामन्वयी अनुयायी' (जयो० वृ० २२/१९)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कमलामुखी (वि०) लक्ष्मी सदृश।

कमलावकीर्ण (वि०) कमलों से व्याप्त, पद्मों से घिरे हुए। (जयो० ८/८१)

कमलेक्षणा (वि०) कमलनयना, पद्मनेत्रा। (जयो० १३/८६) 'अधः स्थिताया कमलेक्षणाया'

कमलिनी (स्त्री०) [कमल+इनि+ङीप्] सरोजनी, नलिनी। (जयो० १२/९८) सरसः सुत तामृतं कृतः श्री कमलिन्यै किल यत्पुन सदस्त्रि (जयो० १२/९८)

कमा (स्त्री०) [कम्+णिङ्+अ+टाप्] लावण्य, सौन्दर्य, रमणीयता।

कमितृ (वि०) [कम्+तृच्] लालची, लम्पट, लोभी।

कमोदिनी (स्त्री०) के जले मोदत इत्येव शोला, कैरविणी, 'कुमुदिनी'।

कम्प् (अक०) हिलना, कांपना, जाना। (जयो० वृ० ६/२४) (कम्पते, कम्पंते) चकम्प। (जयो० १२/१२०)

कम्पः (पुं०) [कम्प्+घञ्] चलायमान, हिलना, डुलना, इधर-उधर होना, घबराहट। (जयो० ६/२४)

कम्पकारण (नपुं०) वेपथुनिमित्त, कम्पित (जयो० ७/२०)

कम्पदा (वि०) कांपने वाली, भयाक्रांत होने वाली, घबड़ाने वाली। भवति सम्मिलने बहुसम्पदा विरहिता जगतामपि कम्पदा। (जयो० ९/४७)

कम्पन (वि०) [कम्प्+युच्] हिलने वाला, चलायमान होने वाला, घबड़ाने वाला।

कम्पनः (पुं०) शिशिर ऋतु, सर्दी का समय। कम्पनोऽयं जगधीनां भजते दण्डनीयताम्।

कम्पनकारिन् (वि०) कांपने वाली। (सुद० १३४) (जयो० ७/२६)

कम्पमान कांपता हुआ, थरथराता हुआ, घबड़ाता हुआ। (जयो० वृ० ६/१२३)

कम्पमानकरः (वि०) कांपते हुए हाथ। (जयो० वृ० ६/१२३)

कम्पवती (वि०) कांपती हुई। (जयो० १७/१०)

कम्पाकः (पुं०) [कम्पया चलनेन कायति-कम्पा+कै+क] हवा, पवन, वायु।

कम्पित (वि०) कांपते हुए, हिलते हुए। (जयो० ६/१२३)

कम्पित-हस्तः (पुं०) कम्पितकर, कांपते हुए हाथ। (जयो० वृ० ६/१२३)

कम्प्र (वि०) [कम्प्+र] कम्पायमान, हिलने वाला, थरथराने वाला। (जयो० ६/१२३)

कम्प्रकरः (वि०) कांपते हुए हाथ। तस्योरसि कम्प्रकरा मालां बाला लिलेख नतवदना। (जयो० ६/१२३) 'कम्प्रो वेपमानः करो यस्याः सा कम्पितहस्ता' (जयो० वृ० ६/१२३)

कम्ब् (सक०) जाना, चलना, गमन करना।

कम्बरः (पुं०) चित्र-विचित्र रंग, नाना प्रकार के रंग।

कम्बल (वि०) [कम्ब्+अरन्] रंग-बिरंगा, विविध वर्ण वाला।

कम्बलः (पुं०) [कम्+कल्] ऊनी कम्बल। (जयो० २/१००) 'कन्यका-कनककम्बलान्विति' एषाऽधुना झगिति कम्बलमेति तावत्। (जयो० १८/७०)

कम्बलः (पुं०) सास्ना, बैल की गर्दन के नीचे लटकने वाला चर्म।

कम्बलः (पुं०) मृग विशेष।

कम्बलं (नपुं०) जल, वारि, नीर।

कम्बलिका (स्त्री०) [कम्बल+ई+कन्+टाप्] छोटा कम्बल, शाल, ऊपर ओढ़ने का ऊनी वस्त्र।

कम्बलिन् (वि०) कम्बल से आच्छादित।

कम्बी (स्त्री०) [कम्+बिन्+ङीप्] चम्मच, कलछी।

कम्बु (वि०) विविध रंगों वाला।

कम्बुः (पुं०) १. शंख, सीपी। २. हस्ति, ३. ग्रीवा, ४. शिरा, नस, हड्डी।

कम्बुकंडी (स्त्री०) ग्रीवा, सुराही सदृश ग्रीवा वाली नारी।

कम्बुकः (पुं०) शंख, सीपी। (जयो० १०/४७) 'करद्वयी प्रापित चक्र-कम्बुकः' (जयो० २४/५)

कम्बोजः (पुं०) [कम्ब्+ओज] शंख।

कम्र (वि०) [कम्+र] रमणीय, सुन्दर, मनोरम, २. चाप, धनुकाण्ड (जयो० ६/१०४)

कम्रता (वि०) सरसता।

करः (पुं०) १. हस्त, हाथ। 'करौ समायुज्य तमानमन्त्यम्' (सुद० २/२०) (जयो० १/२१) २. शुल्क, टैक्स चुंगी- 'करस्य बाधापि पयोधरेषु' (समु० ६/६) 'करं परं दास्यति मादृशोऽपि योखिल-लक्ष्मीपतिदर्पलोपी' (जयो० ११/३८) 'क एव रा द्रव्यं ययोस्तौ आत्ममात्रसाधनौ तस्माद्वारौ साधनान्तरहीनतया स्वत एव निर्बलौ स्तः।' (जयो० ११/८५) कर-कल-(सुद० ७९) कर-शान्ति-(सुद० ७९) कर-किरण-(सुद० ७९) कर-शाखा-'इत्यत्र कुमुदवल्याःकरः' (जयो० ६/१२२) 'करः शाखारूपः' कर-उपहार, भेंट 'करत्वे-उपहाररूपेण कलितं' (जयो० वृ० ५/७६) कर-नक्षत्र विशेष।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कर-हस्ति-सुंड।

कर-ओला, हिमकण।

कर-माप विशेष।

करकः (पुं०) [किरति करोति वा जलमत्र कृ+वुन्] १. जलपात्र। भृंगारक (जयो० ४/१३) २. अनार का वृक्ष, दाडिम तरु। 'यदर्क-बिम्बं करकं त्वयापि (जयो० १५/४४) करकोऽस्त्री करङ्के स्यात्कुण्डया चाथ पुमान्खगे। कुसुम्भे दाडिमे हस्ते करका तु घनोपलते।। इति वि (जयो० वृ० १५/४४) ३. जलोपल, कंडक-जलतत्व (वीरो० २०/६) किलात्मसाक्षिन्, करकप्रकाशात् (वीरो० ४/१४)

करकञ्जः (पुं०) हस्तकमल। 'करकञ्जानां हस्तकमलानां राजे।

करकञ्जयुगः (पुं०) करकमल युगल। (जयो० वृ० १२/१२४)

करक-फलं (नपुं०) दाडिम (जयो० वृ० १४/१८)

करकफलकं (नपुं०) दाडिमफल, अनार। (जयो० वृ० १८)

करकमलद्वितयः (पुं०) कलाब्जयुग्म, उभय कर कमल। (जयो० २०/८६)

करकस्वभावः (पुं०) जलधारण रूप स्वभाव मधुर स्वभाव। (जयो० १५/१३)

कर-कंटकः (पुं०) नख, नाखून।

करकण्डकः (पुं०) टोकरी, डिब्बी (वीरो० २०/१२)

कर-कमलं (नपुं०) हस्त कमल।

कर-कलशः (पुं०) अञ्जलि।

कर किसलयः (पुं०) कोपल समान हस्त।

करक्रीडनकः (पुं०) हस्तगत खिलौना, हाथ का खिलौना, झुनझुना। (जयो० ३/६९)

कर-कुड्मलं (नपुं०) कर युगल, हस्त युग्म। 'भूम-कर. कुड्मलं व्रजति बाले' (जयो० ६/३०) 'करयो र्हस्तयोः कुड्मलं यस्य' (जयो० वृ० ६/३०) 'कर-कुड्मले-मुकुलिते करयुगले (जयो० वृ० १२/१०१)

करकोपनिपातः (पुं०) हिमपात, ओला. वृष्टि। (दयो० ८६)

कर-कौशलः (पुं०) हस्त कला प्रवीण। 'करस्य कौशलं चातुर्यम्' (जयो० वृ० २/११४)

करकृत (वि०) किरणक्षेपक, करप्रक्षेप। (जयो० १८/३८)

करग्रहः (पुं०) कर/शुल्क ग्रहण।

करग्रहणं (नपुं०) १. शुल्क ग्रहण, कर लगाना, कर लेना। (दयो० ११०) २. हथलेवा-विवाह में वर वधू का एक दूसरे के हाथ में हाथ लेना। पाणिग्रहण (जयो० १२/५८)

करग्रहोदारः (पुं०) पाणिग्रहण (सुद० ३/४८)

करग्राहः (पुं०) कर/हाथ के ग्रहण करने वाला पति।

करङ्कः (पुं०) १. अस्थिपंजर, हाड़ पींजरा। २. पात्र विशेष, नारियलपात्र।

करचारः (पुं०) हस्त संचालन (जयो० २६/५५) करस्य हस्तस्य चार-आलिगंन विशेष। (जयो० वृ० ८/

करजः (पुं०) नख, नाखून। (जयो० १४/१९)

करजकिरणं (नपुं०) नख किरण, नख प्रभा। स्वकीय नखानां किरण (जयो० १४/१९)

करजक्षत (वि०) नखक्षत्त (जयो० १६/५९)

करजालं (नपुं०) प्रकाश समूह, किरण प्रभा।

करजित (वि०) हस्तजित, अपने हाथ को जीतने वाला।

करञ्जः (पुं०) [कं शिरो जलं वा रञ्जयति] करञ्जवृक्ष।

करञ्जिका (स्त्री०) खरी वृक्ष, करञ्जतरु। (जयो० वृ० १७/५४)

करटः (पुं०) १. गण्डस्थल, हस्तिगण्ड। २. काक-'मधुरसा करटस्य हि निम्बिका' (जयो० २५/२१) करटस्य काकस्य (जयो० वृ० २५/२१) ३. कुसुम्भ पुष्प। ४० नास्तिक-ईश्वर को मान्य न करने वाला।

करटकः (पुं०) १. काक, कौवा, २. गीदड़।

करटुः (पुं०) पक्षी विशेष।

करत्राणं (नपुं०) पुरुषार्थ हीन, नपुंसक, असमर्थ। हे सुबुद्धे न नाऽहं तु करत्राणां विनामवाक्। (सुद० ७९)

करणं (नपुं०) परिणाम, व्यसाय, प्रवृत्ति, कार्यान्विति, करना अनुष्ठान करना। (जयो० ६/८३) 'करणा परिणामाः' (धव० १/१८०)

अधःकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण (सम्य० ४९)

२. कारक विशेष-'साधकतमंकरणं (जैनेन्द्र व्याकरण १/२१३८) अतिशय साधक कारक को करण कहते हैं। करणानुयोग (जयो० वृ० १/६) ३. कृत्य कार्य, धार्मिक, अनुष्टान। ४. इन्द्रिय-पञ्चेन्द्रिय करण। 'करणानां स्पर्श-रसनादीनामिन्द्रियाणाम्' (जयो० वृ० १/३४)

करणग्रामः (पुं०) इन्द्रिय समुच्चय, इन्द्रिय विषय। उपसंहृत्य च करणग्रामं कार्या स्वात्मविचारणा (सुद० ९६)

करणजन्य (वि०) इन्द्रिय विषयक।

करणत्राणं (नपुं०) सिर, मस्तक, शरीर का प्रमुख हिस्सा।

करणपरिणामः (पुं०) अधः प्रवृत्ति आदि परिणाम/विषय। (जयो० वृ० ६/८३)

करणश्रुतं (नपुं०) करणानुयोगशास्त्र।

सुस्थिति समय-रीतिमात्मनः,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सद्गतिं परिणतिं तथा जनः।
द्रष्टुमाशु करणश्रुतं श्रयेत्
स्वर्णकं हि निकषे परीक्ष्यते।। (जयो० २/४७)

करणसत्यं (नपुं०) आगमानुसार सम्यक् उपयोग, सम्यक् प्रतिलेखन।

करणाख्यता (वि०) करणलब्धि युक्त। 'सम्यक्त्वतः प्रक्करणाख्यतोऽतः' (सम्य० ४९)

करणानुयोगः (पुं०) चतुर्गति सूचक अनुयोग, 'करणानां स्पर्शन-रसनादीनामिन्द्रियाणामनुयोगः' (जयो० वृ० १/३४) जिनवाणी का द्वितीय अनुयोग करणानुयोग है। इसमें अर्थाक्तिगम्य सिद्धान्त तथा लोक अलोक आदि का वर्णन गुम्फित है। इस अनुयोग का प्रतीक पुस्तक है। अतः सरस्वती विशिष्ट अध्ययन के लिए अपने द्वितीय हाथ में पुस्तक धारण करता है। (जयो० हि०१९/२६) 'करे द्वितीयेऽञ्चति पुस्तकम्' द्वितीयः करणादिः स्यादनुयोगः स पत्र वै। त्रैलोक्य-क्षेत्र-संख्यानं कुलपत्रेऽधिरोपितम्। (महापु०२/९९)

करणापर्याप्तकः (पुं०) इन्द्रिय/शरीर की रचना में कमी।

करणीय (वि०) करने योग्य। (दयो० ६०)

करणोपशामना (स्त्री०) क्रिया विशेष से उपासना, यथाप्रवृत्ति रूप उपासना।

करण्डः (पुं०) [कृ+अण्डन्] डिब्बी, टोकरी, पिटारा। चिदेकपिण्डः सुतरामखण्डः चण्डो गुणानां परमः काण्डः। (भक्ति ३१) 'भो तिष्ठेत्करण्डं गतः' (सुद० १२७)

करण्डिका (स्त्री०) संदूक, पिटारा, बांस निर्मित टोकरी।

करतलं (नपुं०) हथेली, हस्त सुकुमार भाग। (दयो० ८७)

करतल-कण्डूति (स्त्री०) हाथों की खुजली 'करतलयोः कण्डूतिं मर्जनमुद्धरति' (जयो० वृ० ६/६१)

करतलाहत (वि०) हस्ताहत, प्रताडित। 'करतलेनाहतं ताडितं सत्कन्दुकम्' (जयो० वृ० २५/१०)

करता (वि०) मधुरता। (जयो० २०/७४)

करतालः (पुं०) हस्तताल, खरताल, एक छोटा हाथ में लेकर बजाने वाला खर खर शब्द करने वाला वाद्य। तालियां बजाना।

करद्वयः (पुं०) हस्त युगल, दोनों हाथ। 'करद्वय-कुड्मलताम्' (सुद० २/२५)

करद्वयी (वि०) दोनों हाथ वाली। (वीरो० ५/२५) 'स्फुटमाह करद्वयीसमस्यामिह' (जयो० १२/१२१)

करधनी (स्त्री०) सप्तकी, मेखला। (जयो० वृ० १५/७६)

कर-निगालनं (नपुं०) हस्तधावन, हस्तप्रक्षालन, हाथ का धोना। 'करयोर्निगालनं धावनं तस्मिन्' (जयो० वृ० १२/१३२)

करन्धयः (वि०) हस्त चुम्बन वाला।

करपत्रं (नपुं०) आरा, करोंत, क्रकच। 'विभो करपत्रमिवेन्धनम्' (जयो० ९/३३)

करपत्रिका (स्त्री०) कर/हाथ से उछालना।

कर-पल्लवः (पुं०) १. सुकुमार हाथ, कोमल कर, २. अंगुली। कर-पल्लवयोः प्रसूनता समधारीह सता वपुष्मता। (सुद० ३/२१)

कर-पल्लव-लालित (वि०) उत्तम पल्लव/पत्र वाली लतिका। (सुद० ३/१७)

करपट्टिकाततिः (स्त्री०) रोटी, चपाती। (दयो० १८)

करपातः (पुं०) १. शुल्क समादान, कर देना, चुंगी देना। (जयो० १३/२७) २. किरणक्षेप, किरणप्रसार।

करपालः (पुं०) १. असि, तलवार, २. कुदाली।

करपालिका (स्त्री०) कुदाली, फावड़ा।

करपीडनं (नपुं०) पाणि पीडन, हस्त-मर्दन। 'करपीडनमेष बलिकायाः' (जयो० १२/८८)

करपुटः (पुं०) सम्पुट, हस्त सम्पुट, अंजलीबद्धता।

करपृष्ठं (नपुं०) हथेली का ऊपरी भाग। हस्तपीठ।

करप्रवालः (पुं०) करपल्लव, हस्त पल्लव, सुकुमार हस्त, प्रवाल युक्त/लालिमा सहित हस्त।

कर-प्रसारः (पुं०) १. हस्त प्रसार, हस्त-विकास, फैले हुए हाथ। २. राजस्वविस्तार, राज्य विस्तार के लिए कर/चुंगी/अधिभार।

करभः (पुं०) [कृ+अभच्] १. उष्ट्र (जयो० २१/२७) ऊँट, २. हस्ति शावक, ३. सुगन्धित, ४० हस्तोपरितल।

करभकः (पुं०) [करभ+कन्] ऊष्ट्र, ऊँट।

करभिन् (पुं०) हस्ति, करि, हाथी।

कर-भूषणं (नपुं०) कंगन, कड़ा।

करम्ब (वि०) [कृ+अम्बच्] मिश्रित, मिला हुआ, विचित्र, रंग-बिरंगा।

करम्भः (पुं०) [कर+रम्भ+घञ्] मोइन युक्त भोज्यपदार्थ, दही मिश्रित आटा।

करयुग-संयोगः (पुं०) अञ्जली, हस्त सम्पुट। (जयो० १०/१०१)

करयुग-सम्पुटः (पुं०) करकमलयुगल कलाब्जयुग्म, अञ्जलीङ्कित। (जयो० २०/८५)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

करऋहः (नपुं०) नख, नाखून।

करवारः (पुं०) १. तलवार, आस, खड्ग। 'कुरुते करवार एतस्य' (जयो० ६/६८) २. कर एव वारो-बालकः (जयो० वृ० ६/६८)

कर-वारिरुह (पुं०) हस्त-कमल, पद्म सदृश कर/हस्त। 'कर एव वारिरुह तस्मिन् करकमले((जयो० वृ० १२/५५)

करवालः (पुं०) तलवार, असि (जयो० ६/८०) 'कर वालवारिधारा यमुनास्य' (जयो० ६/१०७)

करवालजालः (पुं०) १. असिवर, २. किरण समूह। (जयो० १५/६६)

करवीरः (पुं०) असि, तलवार।

कर-व्यापारः (पुं०) १. कृत कर्म, २. हस्त-व्यापार, हाथ बढ़ाना। क्षणादुदीरयन्नेवं करव्यापारमादरात् (सुद० ७८)

करशाखा (स्त्री०) अंगुली, करशिखा। (जयो० १८/९४)

करशिखः (पुं०) कर शिखा, अंगुली। (जयो० १८/९४)

करशीकरः (पुं०) १. जलबिन्दु, २. हस्तिसुंड पर प्रवाहित जलकण।

करशूकः (पुं०) नख, नाखून।

कर-सन्निपातः (पुं०) १. हस्तप्रयोग, हाथ का स्पर्श, २. रश्मिसंसर्ग। (जयो० १७/८९) ३. कर-निर्धारण, राजस्व निर्धारण। 'बभूव राज्ञा कर-सन्निपातः' (जयो० १७/८९)

कर-संयोजनं (पुं०) १. पाणिग्रहण, विवाह। समयात् स महायशाः स्थितिं करसंयोजन-कालिकीमिति। (जयो० १०/५) २. कर निर्धारण।

कर-संयोजन-कालिकी (स्त्री०) पाणिग्रहण समयोचिता, विवाहकालिक। (जयो० १०/५)

कर सम्पर्कः (पुं०) १. हस्तग्रहण, हथलेवा, २. किरण संसर्ग। (जयो० १२/६२)

करसादः (पुं०) क्षीणप्रभा, हतकिरण, क्षतकान्ति।

करसूत्रं (नपुं०) कंगन, विवाह सूत्र।

करस्थ (वि०) हाथ में स्थित। (जयो० २/१४०)

करस्थ-कञ्जं (नपुं०) हस्तस्थित क्रीडा कमल। 'करस्थं यत्कञ्जं' (जयो० वृ० २/१४०)

करस्वामिन् (पुं०) १. किरण/तेज युक्त शिव।

करस्वनः (पुं०) तालियां, करताल शब्द, करतलध्वनि।

करहाटः (पुं०) [कर+हट्+णिच्+आ] शल्यद्रुम, कमलकन्द करहाटोऽब्जकन्देऽपि शल्यद्रौ कुसुमान्तरं' इति वि०

कराग्र (वि०) कर में अग्रभाग। (जयो० २१/२६) (वीरो० ८/६)

कराधिकत्व (वि०) १. प्रबल रूपत्व, रूप की अधिकता। २. रश्मिरूप, किरण प्रभालता। ३. हस्त प्रबलता। 'कराधिकत्वेन यथोत्तरं तराम्' (जयो० ३/९३) 'कराणां रश्मीनां हस्तानां चाधिकत्वेन प्रबलरूपत्वेन' (जयो० वृ० ५/९३)

कराधराङ्घ्रिः (स्त्री०) कर, अधर एवं चरण। (जयो० ५/८८) 'करौ चाधरौ च अङ्घ्री च' (जयो० वृ० ५/८८)

कराम्बुरुहः (पुं०) हस्त कमल, पद्म सदृश हाथ। 'मुकुलितात्मक-राम्बुरुहद्वयः'

कराल (वि०) [कर+आ+ला+क] भीषण, भयावह, भयंकर, भयदायक, सुभैरवैः सैन्यरवैः, २. उत्तुंग, उन्नत, ऊँचा। कराल-वाचाल-वक्त्रैरिव पृच्चकार' (जयो० ८/६)

कराल-वाचालः (पुं०) भयंकर आक्रमण।

करालम्बः (पुं०) हस्ताधार, हाथ का सहारा। (वीरो० ५/३७) 'करालानि भयदायकानि च वाचालानि वाग्बहुलानि' (जयो० वृ० ८/६)

करालिकः (पुं०) १. वृक्ष, तरु, २. असि। 'कराणां करसदृश-शाखानां आलिः श्रेणी यत्र'

करावलम्बार्थ (वि०) हस्तावलम्बन देने के लिए, हाथ के आधारभूत बनने के लिए। (जयो० १४/५७) 'करावलम्बार्थ-मिहायातां'

कराशी (स्त्री०) अधिभार की आशा, अंश भाग की अभिलाषा। 'करस्य नाम पृथिव्याः षष्ठांशस्या शीर्षस्य स कराशी' (जयो० २२/९०)

करिका (स्त्री०) [कर+अच्+ङीप् कन्+टाप्] खरोंच।

करिणी (स्त्री०) [कर+इनि+ङीप्] हथिनी।

करिणी (वि०) करने वाली। (सुद०)

करिन् (पुं०) [कर+इनि] हस्ति, गज, हाथी। (जयो० ६/२४)

करिकुंभः (पुं०) हस्ति, मस्तक, हस्तिकुम्भ।

करिकुलं (नपुं०) हस्ति समूह, गजकुल।

करिकुल-परिहरणं (नपुं०) गजकुल को पराजित करना। 'कारिकुलं हस्तिसमूहस्तस्य परिहरणं' (जयो० १२/१०७)

करि-वार्जनं (नपुं०) हस्ति गर्जन, गज चिंघाड़।

करि दंतः (पुं०) हाथी दांत।

करिदंष्ट्रः (पुं०) हस्ति दंत।

करिपः (पुं०) महावत, हस्ति संचालक।

करिपुरं (नपुं०) हस्तिनापुर नगर विशेष। करिपुर के राजा जयकुमार। (जयो० ९/४९)

करिपोतः (पुं०) हस्तिशाव, हस्तिशावक, छोटा हाथी।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

करिबन्धः (पुं०) हस्तिबन्ध, हाथी के बांधने का साधन।

करिमत्तः (पुं०) हस्ति उन्माद।

करिमाचलः (पुं०) सिंह।

करिमुखः (पुं०) गजमुख, गणपति, गणेश।

करिराट् (पुं०) हस्तिराज, एरावत, हाथी।

करिराज (पुं०) हस्तिराज, उत्तम हाथी, करिवर, श्रेष्ठगज। 'करिराडिव पूरयन्महीमपि' (सुद० ३/६)

करिवरः (पुं०) उत्तम हाथी, ऐरावत इन्द्र, हस्ति।

करिवरेन्द्रः (नपुं०) ऐरावत हाथी।

करिवाहनं (नपुं०) १. हस्ति वाहन। हाथी पर सवार। २. सूर्य। 'करिवाहनं नाम सूर्यमेव' (जयो० वृ० २०/४८)

करि-वैजयन्ती (स्त्री०) हस्ति ध्वज, हस्ति पर लगा ध्वज।

करिस्कंधः (पुं०) हस्ति यूथ, हाथियों का झुण्ड, करि-समूह।

करिष्णु (वि०) सम्पादयत्री, करने वाली, (जयो० ३/१०१)

करीन्द्रः (पुं०) एरावत, गजराज।

करीरः (पुं०) [कृ+ईरन्] कैर वृक्ष, कांटेदार वृक्ष, १. अंकुर।

करीशः (पुं०) हस्ति, गजराज, एरावत। (जयो० ८/४१)

करीश्वरः (पुं०) गजराज, एरावत हस्ति।

करीषः (पुं०) [कृ+ईषन्] कंडा, सूखा गोबर, उपले।

करीषङ्कषा (स्त्री०) [करीष+कष्+खच्] तेज वायु, प्रचण्ड पवन, तीव्र हवा।

करीषिणी (स्त्री०) [करीष+इनि+ङीप्] लक्ष्मी, सम्पदाधिकारिणी देवी।

करुण (वि०) दयनीय, मार्मिक, चिन्तनीय, विचारणीय। 'करोति मनः आनुकूल्याय, कृ+उनन्=करुण।

करुणः (पुं०) १. दया, कृपा, अनुकम्पा। २. रसवृक्ष, वनखण्ड (जयो० वृ० २१/३२) 'करुणस्तु रसे वृक्षे' इति (जयो० वृ० २१/९२) ३. करुण शोक, रंज, विलाप।

करुणरसः (पुं०) नौ रसों में एक रस, जिसमें इष्ट-वियोग, बन्धन, वध, व्याधि, मरण और परावर्तन का भय रहता है, इसमें शोक, विलाप, म्लालना और रुदन का समावेश होता है।

करुणा (स्त्री०) दया, अनुकम्पा, कृपा, कोमलभाव, मैत्रीभाव, सामञ्जस्य जिसमें दूसरे के दुःख-शान्त करने का भाव रहता है। (सम्य० ७७)

करुणाकर (वि०) अनुकम्पा करने वाला, दयाशील।

करुणाधर (वि०) दयादृष्टि धारक।

करुणानिधिः (स्त्री०) दया का सागर।

करुणान्वित (वि०) दया सहित। (जयो० २१/३२)

करुणामय (वि०) कृपाशील, दयालु।

करुणापरायणं (नपुं०) करुणाशील। (वीरो० १९/२३)

करुणाविमुख (वि०) कृपा रहित, दया रहित।

करुणापरत्व (वि०) करुणाशील (वीरो० २२/२५)

करुणासु-परायणः (पुं०) करुणा में तत्पर। (जयो० १३/४७)

करुणैकशाणः (नपुं०) ०दयापरक, ०दयायुक्त। पुनः प्रतिप्रातरिदं ब्रुवाणः, बभूव भद्रः करुणैकशाणः।' (समु० ३/३३)

करेटः (पुं०) [करे+अट्+अच्] नाखून, नख-अंगुली का नख।

करेणुः (पुं०) ०हस्ति, ०गज, ०हाथी, ०करि। ०कृ+एणु+करेणु-के-मस्तके रेणुं प्रक्षेपते।
'परः वरेणात्मनि रेणुभारं भूयः क्षिपन् सङ्कलितादरेण। निरुक्तवान् सम्यगिहेभराजः, करेणुरित्याह्वयमात्मनीनम्।' (जयो० १३/१०३)
'करेणस्तु बसायां स्त्री कर्णिकारेभयो, पुमान् इति विश्वलोचनं, (जयो० १३/१०३)

करेणुः (स्त्री०) हथिनी।

करेणुजानि (पुं०) हस्ति, हाथी। मन्दबिन्दुपदंन कारणानि द्विपतां दुर्यशसे करेणुजानिम्। (जयो० १२/८०)

करेणुभूः (पुं०) हस्ति विज्ञान प्रवर्तक।

करोटं (नपुं०) [क+रुट्+अच्] १. खोपड़ी, मस्तक, खप्पर। २. कपाल, कटोरा, पात्र।

करोटिः (स्त्री०) कपाल, खोपड़ी, कटोरा, पात्र, भिक्षापात्र।

करोपलब्धिः (स्त्री०) पाणिग्रहण, विवाह। (जयो० १२/५७)

करोपलब्धिकालः (पुं०) विवाह समय। 'करोपलब्धिकालो विवाहसमयः सम्यक् शोभनोऽभूत्' (जयो० वृ० १२/५७)

करोपलम्भनश्चक्रबन्धः (पुं०) विवाह-वर्णन करने वाला चक्रबन्ध/सर्ग/अध्याय। (जयो० वृ० १२/१४७)

कर्कः (पुं०) [कृ+क] १. केंकड़ा, २. अग्नि, ३. जलकुम्भ, ४. दर्पण, ५. श्वेत अश्व, ६. कर्कराशि विशेष। (जयो० १७/५६)

कर्कटः (पुं०) [कट+कट्+इन्] ककड़ी। १. केंकड़ा। (वीरो० ७/११)

कर्कटी (स्त्री०) [कर+कट्+ङीप्] ककड़ी।

कर्णन्दुः (स्त्री०) १. बन्धुवर्ग, २. कमल। 'कर्कन्दुः साक्षरे शके वारिजाते गुदामये।
कुमुदं कैरवे क्लीबं कृपणे कुमुदन्यवदिति कोषा। (जयो० वृ० ६/९६)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कर्कन्दुगणः (पुं०) १. बन्धुवर्ग, २. पद्यसमूह। १. कर्कन्दूनां साक्षराणं गणे, २. कर्कन्दूनां कमलानां गणः। कुमुदाशयः कैरववर्गो विकसति। (जयो० वृ० ६/९६)

कर्कन्धुः (पुं०) [कर्क-कण्टकं दधाति-धा+कू] उन्नाव वृक्ष।

कर्कर (वि०) [कर्क+रा+क] १. कठोर, दृढ़, शक्तिशाली, २. हथौड़ा, ३. दर्पण, ४. हड्डी, ५. खप्पर। ६. चमड़े का पट्टा।

कर्कराक्षः (वि०) हिलती पूंछ वाला पक्षी, खंजन पक्षी।

कर्करांगः (पुं०) खंजन पक्षी।

कर्करांधुकः (पुं०) अन्धक्कूप।

कर्कराटुः (पुं०) कटाक्ष, तिरछी दृष्टि। [कर्क हास रटति प्रकाशयति कर्क+रट्+कुञ्]

कर्करालः (पुं०) [कर्कर+अल्+अच्] चूर्ण कुंतल, घुंघराले केश।

कर्कराशिः (स्त्री०) कर्कराशिः। (जयो० वृ० १७/५६)

कर्करी (स्त्री०) छिद्रयुक्त पात्र।

कर्कश (वि०) [कर्क+श] कठोर, दृढ़, शक्तिशाली। (जयो० १२/५४) १. निष्ठुर, क्रूर, क्रोधी, निर्दय, दया रहित, २. प्रचण्ड, प्रबल (जयो० १३/८) 'रोमांच भरेण कर्कशौ'।

कर्कश (वि०) कठोरपरिणामी, निर्दय स्वभावी। (जयो० वृ० १७/३३)

कर्कशिवा (स्त्री०) [कर्कश+कन्+टाप्] अरण्य बेर, जंगलीबेर, झडबेर, ०चनबेर।

कर्किः (स्त्री०) [कर्क+इन्] कर्क राशि।

कर्कोटः (पुं०) [कर्क्+ओट] कर्कोट सर्प।

कर्चूरः (पुं०) [कर्ज्+ऊर] सुगन्धित तरु।

कर्ण् (अक०) १. छेद करना, सुराख करना, भेदना। २. सुनना।

कर्णः (पुं०) कान, [कर्ण्यते आकर्ण्यते अनेन-कर्ण्+अप्] श्रवण, श्रवणेन्द्रिय, कर्णेन्द्रिय, पांच इन्द्रियों में अन्तिम इन्द्रिय/करण। शरीर की पहचान का एक अवयव। 'कर्णौ सवर्णौ प्रतिदेशमेष' (जयो० १/६२)

कुत्सित ऋण, कुत्सित ऋण को दूर करने के लिए (जयो० वृ० २०/७४)

एक योद्धा विशेष। (कर्णरज, वीरो० ९/१९) 'स कर्ण-वत्कम्पकरं च योगिन्'

कर्णकञ्जं (नपुं०) कर्णपुष्प, कर्णभूषण। कमल रूपी कर्णभूषण। (जयो० १७/६६)

कर्ण-कण्डूति (स्त्री०) कर्णखर्जन, कान की खुजली। 'कर्णस्य कण्डूति खर्जनम्' (जयो० ६/८९)

कर्णक्ष्वेडः (पुं०) कर्ण में गूंजना, निरंतर कान में आवाज होना।

कर्णगोचर (वि०) कर्ण में सुनाई पड़ना, कर्ण श्रवण।

कर्णग्राहः (पुं०) कर्णाधार, कर्णधार।

कर्णजप (वि०) पिशुन, चुगलखोर।

कर्णजपः (पुं०) निन्दा करना, झूठी बात कहना।

कर्णजापः (पुं०) कलंक लगाना, निन्दा करना।

कर्णजित् (वि०) श्रवण विजेता, अर्जुन, पाण्डुपुत्र अर्जुन।

कर्णत्वर (वि०) दुत्सित ऋण। (जयो० २०/७४)

कर्णदेशः (पुं०) कर्णप्रान्त, कर्णभाग। 'स्वामि-कर्णदेशेऽप्यपूरयद्' (जयो० ९/९४)

कर्णधारः (पुं०) कर्णप्रान्त, कर्णभाग, कर्णदेश, २. कर्णतक खिंचे हुए। 'तरल-तरीपविशिष्टोऽनुकर्णधाराशुगेन सन्तरति।' (जयो० ६/६६) ३. नौकासञ्चालक (जयो० वृ० ६/६६) चालक, मल्लाह।

कर्णधारिणी (स्त्री०) १. हथिनी, २. सञ्चालिका।

कर्णपथः (पुं०) कर्णमार्ग, कर्णप्रान्त, कर्णदेश, कर्णभाग, श्रवणगत श्रवणपरास। (जयो० ४/५३) 'येन कर्णपथतो हृदुदारमेत्य' (जयो० ४/५३)

कर्णपरम्परा (स्त्री०) जनश्रुति, श्रवणश्रुति, लोक परम्परा।

कर्णपालिः (स्त्री०) कर्णफूल, कान की लौंग।

कर्णपाशः (पुं०) मनोरम कर्ण।

कर्णपुटः (पुं०) कर्णमार्ग, श्रवण पथ। 'स्तवीमि या कर्णपुटेन गत्वा' (जयो० ११/७६)

कर्णपूरः (पुं०) १. शिरीषवृक्ष, अशोक वृक्ष। (जयो० २१/३०)

कर्णपूर-परिणामः (पुं०) १. शिरीष वृक्ष के प्रकार। (जयो० वृ० २१/३०) २. कर्णपूराणां-शिरीषाणां 'कर्णपूराणां-कर्णभूषणानां (जयो० वृ० २१/३०)

कर्णपूरकः (पुं०) कर्णाभूषण, कर्ण के गोलाकार भूषण, बाली। २. अशोक वृक्ष, शिरीषवृक्ष। ३. नीलकमल।

कर्णप्रान्तः (पुं०) कर्णदेश, कर्णभाग, श्रवणपथ।

कर्णभूषणं (नपुं०) श्रवणशृंगार, कर्णालंकरण, अवतंसोत्पल। (जयो० वृ० १०/६५)

कर्णभूषा (स्त्री०) कर्णाभूषण।

कर्णमूलं (नपुं०) कर्ण प्रान्त, कान का मूल हिस्सा।

कर्णराज (पुं०) कर्ण राजा (वीरो० ९/१९)

कर्णरोगोपहार (वि०) कर्ण/श्रवण रोग का नाशक। 'ओं ह्रीं अर्हं अणंतोहि जिणाणं इत्यादिना मन्त्रेण कर्णरोगोपहारो भवति। (जयो० वृ० १९/६१)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कर्णवंशः (पुं०) मचान, बांसों का बना मंच।
कर्णवर्जित (वि०) श्रवण विहीन।
कर्णवर्जितः (पुं०) सर्प विशेष।
कर्णविवरं (नपुं०) कर्णप्रान्त, कर्णछिद्र, श्रवण मार्ग।
कर्णविष (स्त्री०) कान का मैल।
कर्णवेधः (पुं०) कर्णछेदन।
कर्णवेष्टः (पुं०) कर्णाभूषण, कर्ण के वृत्ताकार भूषण।
कर्णवेष्टनं (नपुं०) कर्णाभूषण।
कर्णशष्कुली (स्त्री०) कान का बहिर भाग, सम्पूर्ण कर्ण परिधि।
कर्णशूलः (पुं०) श्रवण रोग, कर्ण पीड़ा, कर्ण कष्ट।
कर्णश्रव (वि०) उच्च स्वर।
कर्णश्रावः (पुं०) कानों का बहना, कानों से मवाद निकलना।
कर्णहीन (वि०) कर्णरहित, श्रवणरहित, चतुरिन्द्रिय जन्तु।
कर्णहीनः (पुं०) सर्प।
कर्णाकर्णि (वि०) कानों कान, एक कर्ण से दूसरे कर्ण तक। 'कर्णे कर्णे गृहीत्वा प्रवृत्तं कथनम्'
कर्णाटः (पुं०) १. कर्णाट राजा 'कर्णावटन्ति गच्छन्ति कर्णाटा भवन्ति' (जयो० ६/८५) ३. कर्णाटक देश (जयो० वृ० ६/८५)
कर्णाटी (स्त्री०) कर्णाटकी स्त्री।
कर्णान्दूकः (पुं०) कर्णाभूषण। (जयो० १८/१०७)
कर्णोलङ्करणं (नपुं०) १. कर्णाभूषण। २. श्रवण रुचिपूर्वक।
कर्णिक (वि०) [कर्ण+इकन्] १. कानों वाला, २. पतवार धारक।
कर्णिकः (पुं०) केवट।
कर्णिकारः (पुं०) [कर्णि+कृ+अण्] कनेरवृक्ष, कनियार वृक्ष।
कर्णिकारं (नपुं०) अमलतास वृक्ष, कनेर वृक्ष।
कर्णिन् (वि०) [कर्ण+इनि] कानों वाला, कर्ण युक्त।
कर्णी (स्त्री०) [कर्ण+ङीप्] पंख युक्त बाण।
कर्णीरथः (पुं०) डोली, स्त्रियों को ले जाने वाला वाहन।
कर्णेजपः (पुं०) पिशुन, चुगलखोर। (वीरो० १/१८) 'कर्णेजपं यत्कृतवानभूस्त्वम्' (वीरो० १/१८)
कर्णोत्पलः (पुं०) कर्णफूल। (वीरो० ९/३७)
कर्तनं (नपुं०) [कृत्+ल्युट्] काटना, कतरना, व्यत्ययन (जयो० २१/१३)
कर्तनी (स्त्री०) [कर्तन+ङीप्] कैंची।
कर्तरिका (स्त्री०) १. कैंची, २. चाकू, ३. कटार, छोटी तलवार। (मुनि० ८)
कर्त्तरी (स्त्री०) कैंची। (वीरो० १७/४)
कर्त्तव्य (सं०कृ०) [कृ+तव्यत्] १. कार्य का सम्पादन, उचित होना। (जयो० १/१०९) २. कतरने योग्य।
कर्त्तव्य (सं०कृ०) [कृ+तव्यत्] आवश्यक करणीय कार्य, किन्तु परोपरोधकरणेन कर्त्तव्याध्वनि किमु न सरामि।' (सुद० ९२) 'कर्तव्यता भव्यताकामी' (सुद० ७३)
कर्त्तव्यकार्यः (पुं०) करणीय कार्य। (जयो० १६/४)
कर्त्तव्यपथं (नपुं०) कार्य योग्य मार्ग (दयो० १८) 'तथापि कर्तव्यपथाधिरोह' (समु० ३/७)
कर्त्तव्यपूर्तिः (स्त्री०) पूर्णता, कर्त्तव्यसंहति। (दयो० १/१६)
कर्त्तव्यविमूढ (पुं०) कार्य में आसक्त होना। (सुद० ९३)
कर्त्तव्यशास्त्रं (नपुं०) हित संहिता शास्त्र (जयो० २/१)
कर्त्तव्यशीलता (वि०) कर्मवर भाव, किंकरता। (जयो० वृ० २०/७४)
कर्त्तव्यसंहति (स्त्री०) कर्तव्यपूर्ति, कार्य की सम्पूर्णता। (दयो० १०६)
कर्त्तव्यहानि (स्त्री०) कर्तव्यनाश (वीरो० १६/१५)
कर्तृ (वि०) [कृ+तृच्] कर्ता, निर्माता, करने वाला, सम्पादक, रचनाकार, तत्कर्ता स्यात्किमु नात:। (जयो० सुद० ११४)
कर्ता (वि०) करने वाला, जगत् का कोई ईश्वरादि कर्ता धर्ता होता तो फिर जौ के लिए जौ बौना व्यर्थ हो जाता, क्योंकि वही ईश्वर के बिना ही बीज के जिस किसी भी प्रकार से जौ को उत्पन्न कर देता। फिर कार्य को उत्पन्न करने के लिए उसके कारण-कलापों के अन्वेषण की क्या आवश्यकता रहती? (वीरो० १९/४२)
यथार्थ में इस संसार का कोई कर्ता या नियन्ता ईश्वर नहीं है। एक मात्र समय की ही ऐसी जाति है कि जिसकी सहायता से प्रत्येक वस्तु में प्रतिक्षण नवीन नवीन पर्याय उत्पन्न होती रहती हैं और पूर्व पर्याय विनष्ट होती रहती है। इसके सिवाय संसार में कोई कार्यदूत अर्थात् कार्य कराने वाला नहीं है। न कोऽपि लोके बलवान् विभाति समस्ति चैका समस्य जातिः। यतः सहायाद्भवतादभूतः परो न कश्चिद्भुवि कार्यदूतः।। (वीरो० १८/२)
कर्त्री (स्त्री०) [कर्तृ+ङीप्] चाकू, कैंची, कर्तुं-तुमन्-करने के लिए (सम्य० ४१)
कर्दः [कर्द्+अच्] कीचड़, मिलान, पङ्क।
कर्दम (पुं०) [कर्द्+अम्] पङ्क, कीचड़, मलिन, मल, पाप। 'कर्दमे हि गृहिणोऽखिलाञ्जलाः' (जयो० २/१९)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कर्दम-बाहुल्य (वि०) कीचड़ की बहुलता, पङ्किलत्व, फिसलन की बहुलता। (जयो० ११/४)

कर्दमयुक्त भूमि: (स्त्री०) कर्दमित धरा, पंक से युक्त धरा। (जयो० वृ० २३/६३)

कर्दमिधरा (स्त्री०) कर्दम सहित भू-भाग, पंक बहुल भू। (जयो० २३/६७)

कर्पट: (पुं०) १. जीर्ण, पुराना वस्त्र। २. कपड़े का टुकड़ा, धजी, धज्जी, चिंदी।

कर्पटिक (वि०) [कर्पट+ठन्] पुराने कपड़ों से आच्छादित।

कर्पणं (नपुं०) [कृप्+ल्युट्] आयुध विशेष, अस्त्र विशेष।

कर्पर: (पुं०) [कृप्+अरन्] कड़ाही, पात्र, ठप्पर, ठीकरा।

कर्पास: (पुं०) कपास वृक्ष।

कर्पासत्वच: (पुं०) तूल, रुई। (जयो० वृ० ३/३)

कर्पूर: (पुं०) [कृप्+ऊर्] कपूर, हिमसार, घनसार। (जयो० वृ० ११/२१) 'कृष्णागुरुचन्दन-कर्पूरादिकमय' (सुद० ७२)

कर्पूर-गंध: (पुं०) घनसार सुरभि।

कर्पूरतैलं (नपुं०) कपूर तैल।

कर्पूरवास: (पुं०) कपूर गन्ध।

कर्पूर-सुरभि: (स्त्री०) कपूर गन्ध।

कर्पर: (पुं०) [कृ+विच्-कर्-फल+अच्] दर्पण, शीशा-कीर्यमाण: फल: प्रतिबिम्बो यत्र।

कर्बुर (वि०) चितकबरा, रंग-बिरंगा।

कर्बुर: (वि०) चितकबरा, रंग-बिरंगा।

कर्बुरं (नपुं०) कृष्णवृन्तवृक्ष, औषधिलता। कर्बुरा कृष्णवृन्ताणां जले हेम्नि च कर्बुरम्' इति वि (जयो० २१/३३)

कर्बुरासा: (पुं०) १. सुवर्ण, २. जल समूह। (जयो० ३/७६)

कर्बुर: (पुं०) १. धतुरा, २. अशुभपरिणति, ३. पिशाच, ४. स्वर्ण, ५. जल।

कर्बुरित (वि०) [कर्बुर+इतच्] रंग-विरंगा।

कर्मठ (वि०) [कर्मन्+अठच्] प्रवीण, चतुर, निपुण, परिश्रमी। संलग्नशील।

कर्मठ: (पुं०) धार्मिक विधि विशेषज्ञ, निदेशक।

कर्मन् (नपुं०) [कृ+मनिन] कर्तुरीरिसततमे वर्तते, ०कर्म, ०कार्य, ०व्यवसाय, ०पद, ०कर्त्तव्य ०धार्मिक कृत्य। क्वचित् पुण्यापुण्यवचन: कुशलाकुशलं कर्म (आप्त मीमांसा ८) नृराडास्तां विलम्बेन भुवि लम्बेन कर्मणा। (सुद० ७८) उक्त पंक्ति में 'कर्म' का अर्थ कार्य, काम है।

धार्मिक कृत्य-सम्पठन्ति मृगचर्म शर्मणे चौर्णवस्त्रमथवा सुकर्मणे। (जयो० २/८९)

कर्मफल-'को दोषस्तव कर्मणो मम स वै सर्वे जना यदवशे' (सुद० ११०) फलं सम्पद्यते जन्तोर्निजो- पार्जित- कर्मण: (सुद० १२५) 'कर्माख्ययापुद्‌गलमङ्गिनात्तमङ्गी तिजीवंतदिराभ्युपात्तम्' (समु० ८/७) कर्मो से युक्त जीव का नाम अङ्गी और उस अङ्गी के द्वारा प्राप्त किए हुए पुद्‌गल का नाम कर्म है। वे घाति और अघाति हैं। भाग्य, गति, सक्रियता, अनुष्ठान आदि कर्म के नाम हैं।

आत्म परिणाम, योग लक्षण भी कर्म है-'आत्म-परिणामन योग भावलक्षणेन क्रियते इति कर्म:' (त० वा० ५/२४) कर्म क्रिया का भी नाम है, 'देशात् देशान्तर प्राप्तिहेतु: परिस्पन्दात्मक: परिणामोऽर्थस्य कर्म' (न्याय०वृ०७/२८१) कर्म-आजीविका के रूप में भी प्रचलित है।

क्षत्रियाणां प्रवर्त्थमेतद्वितयमर्माङ्कितम्। कृषिकर्म च वाणिज्यं, वैश्यानां भूतवृनये।। (हित०सं०वृ०९) प्रत्येक वर्ग के अलग-अलग कर्म हैं-

१. क्षत्रिय कर्म-रक्षा भाव।

२. वैश्यकर्म-वाणिज्य।

३. शूद्रकर्म-हस्त-शिल्प-कौशल।

४. ब्राह्मण-कर्म-ज्ञानदान।

कर्मक: (पुं०) सेवक, भृत्य, कार्मिक। (जयो० २१/२५९) 'कामस्यादेश कारकेण' (जयो० ११/१२)

कर्मकरभाव: (पुं०) कर्तव्य परायण। (जयो० २०/७४)

कर्मकर्तु (पुं०) १. कर्म कर्ता, २. कर्ता कर्म से युक्त पद।

कर्म-करी (स्त्री०) भृत्या, सेविका। किंकरणी, कर्मकारिणी, कर्मचारिणी, नौकरानी। (जयो० ११/३९)

कर्म-कलङ्क: (पुं०) कार्य दोष, भाग की प्रतिकूलता- 'प्रधृतकर्मकलङ्कहराध्वने' (समु० ७/१७) 'वागुत्तमा कर्मकलङ्कजेतु:' (सुद० १/२)

कर्मकाण्ड: (पुं०) श्रोत्रिय, वैदिकब्राह्मण, वैदिक क्रिया करने वाले। (जयो० ३/१६)

कर्मकाण्डप्रतिपादकशास्त्रं (नपुं०) वैदिकशास्त्र, अनुष्ठानविधि शास्त्र। (जयो० वृ० ३/१६)

कर्मकार: (पुं०) शिल्पकार, कारीगर, वास्तुविद।

कर्मकारिन् (वि०) काम को करने वाला।

कर्मकारिणी (स्त्री०) सेविका, भृत्या (जयो० ११/९९)

कर्मकार्मुक: (पुं०) धनुप विशेष।

कर्मक्रिया (स्त्री०) निम्नकार्यकारक।

कर्म-कीलक: (पुं०) रजक, धोबी।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कर्मक्रीडकः (पुं०) कामी पुरुष।

कर्मकृत् (वि०) आजीविका करने वाला।

कर्मकृतिः (स्त्री०) पाप कर्मों की त्वचा। 'कर्माणां दुरितानां कृत्तिस्त्वचा'।

कर्मक्षपका (वि०) कर्मक्षपक। (जयो० वृ० २७/५)

कर्मक्षम (वि०) कार्य में योग्य, कर्तव्यनिष्ठ।

कर्मक्षयः (पुं०) कर्म/अष्ठकर्म नाशक सिद्ध। (सुद० ९६)

कर्मक्षयकारणं (नपुं०) कर्म नाश का कारण। (सुद० ९५)

कर्मक्षयसिद्धः (पुं०) कर्म का क्षय करके सिद्ध होने वाला, कर्मविमुक्त सिद्धात्मा।

कर्मक्षेत्रं (नपुं०) कर्मप्रधान स्थान, कर्मभूमि।

कर्मगृहीत (वि०) कार्य को ग्रहण करने वाला।

कर्मघातः (पुं०) १. कर्म को छोड़ना, कार्य से विमुख, २. अष्ठकर्म का नाश।

कर्मचारिणी (स्त्री०) सेविका। (जयो० वृ० ११/९९)

कर्मचेतना (स्त्री०) अन्य का अनुभव करना। 'तत्र ज्ञानादन्यत्रेदमहं करोमीति चेतनं कर्मचेतना' (समयसार अमृत टी० ४/८)

कर्मचेष्टा (स्त्री०) कार्य की गति, कर्त्तव्यभाव।

कर्मज्ञ (वि०) कर्म कर्ता, धार्मिक अनुष्ठान कर्ता।

कर्मजा (स्त्री०) कर्म से उत्पन्न, गुरु बिना उत्पन्न बुद्धि। 'उवदेसेण विणा तवविसेसलाहेण कम्मजा तुरिमा। (ति०प०४/१०२१)

कर्मजाबुद्धिः (स्त्री०) कर्मज बुद्धि। औषधि सेवन के बल से जो प्रज्ञा उत्पन्न होती है। 'ओसह-सेवा बलेणुप्पण्ण-पण्णा वा' (धव० ९/८२) कर्मजाप्रज्ञा (स्त्री०) कार्मज बुद्धि।

कर्म-जातिः (स्त्री०) कार्य का उत्पत्ति।

कर्मज्योतिः (स्त्री०) कार्य का प्रकाश।

कर्मठः (पुं०) शूरवीर, शक्ति सम्पन्न, बलिष्ठ। 'कर्मठ कर्मशूरः कर्माणि घटते' (जैन०ल०३२०)

कर्मत्यागः (पुं०) कर्तव्य त्याग, कर्म छोड़ना।

कर्मत्यागिन् (पुं०) कर्म/अशुभ कर्म का त्याग करने वाला।

कर्मत्व (वि०) कर्म में रहने वाला धर्म।

कर्मदलिक (वि०) कर्म का विघातक, कर्म विदीर्णक।

कर्मद्रव्यं (नपुं०) कर्म रूपता युक्त द्रव्य, पुद्गलद्रव्य को प्राप्त कर्म।

कर्मद्रव्य पुद्गलपरावर्तनं (नपुं०) कर्म रूप, पुद्गल द्रव्यों का परावर्तन।

कर्मद्रव्यभावः (पुं०) अज्ञानादि भाव, ज्ञानावरणादि द्रव्य कर्म में अज्ञानादि उत्पन्न करने की शक्ति।

कर्मद्रव्यसंसारः (पुं०) अष्ठकर्म रूप पुद्गलों का संसरण।

कर्मदुष्ट (वि०) दुराचारी, पापी, अधम।

कर्मदोषः (पुं०) दुर्व्यसन, पाप, अशुभ परिणाम।

कर्मधर (वि०) कर्म का धारक, कार्य करने वाला।

कर्मधारयः (पुं०) १. समास, विशेष। 'परस्पर विशेष-विशेष्यतया कर्मधारय-समासः' (जयो० वृ० ५/४७)

कर्मध्यानं (नपुं०) १. कार्य के प्रति दृष्टि। २. अशुभ प्रवृत्ति का ध्यान, आर्तरौद्र प्रवृत्ति की ओर दृष्टि।

कर्मध्वंसः (पुं०) १. आठ कर्मों का नाश। २. कार्य में बाधा, निराश, नाश।

कर्मनामन् (नपुं०) कृदन्त संज्ञा।

कर्मनारकः (पुं०) नरक गति के कर्म का आना। कम्मणेरइओ णाम णिरय-गदि-सहगद-कम्म-दव्व-समूहो' (धव० ७/३०)

कर्मनिष्ठ (वि०) कर्त्तव्यनिष्ट।

कर्मनिर्हरणं (नपुं०) कर्माभाव। कर्माणां निर्हरणं (जयो० वृ० २/२२)

कर्मनिषेकः (पुं०) आबाधा काल से रहित कर्मों की स्थिति। 'आबाहूणिया कम्मट्ठिती कम्मणिसेगो' (षटखंडागम)

कर्मपथः (पुं०) कार्य दिशा।

कर्मपाकः (पुं०) कर्म की परिपक्वता।

कर्मपुरुषः (पुं०) कर्मयोगी, क्रियाशील व्यक्ति। 'कर्म अनुष्ठानं, तत्प्रधान पुरुषः कर्मपुरुषः कर्मकरादिक' (जैन ल०३२१)

कर्मप्रकृतिः (स्त्री०) कर्म की प्रकृति। अभयनंदी की रचना।

कर्मप्रवादः (पुं०) एक पूर्वश्रुत, जिसमें श्रुतज्ञान सातवा पर्व। बन्ध, उदय, उपशम एवं निर्जरा रूप अवस्थाओं का निर्देश किया जाता है, जिसमें अनुभव एवं प्रदेशों के आधारों तथा जघन्य, मध्यम और उत्कृष्ट स्थिति का निर्देश हो।

कर्मफलं (नपुं०) कृतकर्मों का परिणाम। (सम्य० ४१)

कर्मफलचेतना (स्त्री०) कर्म फल का अनुभव। 'वेदंतो कम्मफलं सुहिदो दुहिदो हवदि जो चेदा' (समयसार ४/९) 'उदयागतं कर्मफलं वेदयन्' (सम०४१९)

कर्मबन्धः (पुं०) शुभाशुभ कर्मों का बन्ध।

कर्मबन्धनं (नपुं०) जन्म-मरण रूप बन्धन, अशुभ-भावों की तल्लीनता।

कर्मभावः (पुं०) अशुभ कर्म का अनुभवन।

कर्मभूमिः (स्त्री०) शुभ-कर्म रूप उपार्जन युक्त भूमि। (जयो० २/७९) 'षट्कर्मदर्शनाच्च' षण्णां कर्मणां असि-मसि-कृषि-

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विद्या-वणिक्-शिल्पानामत्रैव दर्शनाच्च कर्मभूमिव्यपदेशः।' (त० वा० ३/३७)

कर्ममङ्गलं (नपुं०) विशुद्धि रूप कारण मांगलिक कारण, दर्शनविशुद्धि आदि कारण।

कर्ममलीयसत्व (वि०) कर्म से मलिन (भक्ति०५)

कर्ममास: (पुं०) तीस दिन-रात का महिना।

कर्ममीमांसा (स्त्री०) कर्म विवेचन का सूत्र।

कर्ममुक्त (वि०) कर्म रहित। (भक्ति० ९)

कर्ममूल (नपुं०) कर्म का आधार।

कर्मयुग: (पुं०) कर्मभूमि का युग।

कर्मयोग: (पुं०) आत्मपरिष्पन्दन का योग, सक्रिय चेष्टा, उद्यम, प्रयत्नशीलता 'कर्मणोकृतो योग: कर्मयोग: (स०सि०२/२५) 'योग: आत्मप्रदेशपरिष्पन्द:' (त० वा० २/२५) 'कर्म' कार्मणं शरीरं, कर्मैव योग: कर्मयोग:। (त०श्लो०२/२५) 'सुखं च दु:खं जगती जन्तो: स्वकर्मयोगाद् दुरितार्थमन्तो' (सुद० १११)

कर्मरङ्गतरु: (पुं०) १. कर्म रंग वृक्ष, २. कर्मरङ्गतरौ भव्य: इति वि० ३. भव्यतरु। (दयो० वृ०२१/२८)

कर्मराशि (स्त्री०) कर्मसमूह। (भक्ति०३३)

कर्मवर्गणा (स्त्री०) कर्मबन्ध की भेदरूप वर्गणा। कर्मरूप आकर (सम्य० ३४) अट्ठकम्मक्खंधवियप्पा' (धव० १४/५२)

कर्मविपाक: (पुं०) कर्म परिपाक, कर्मोदय। 'व्योम्नो यथा कर्मविपाकजात:'।

कर्मशत्रु (पुं०) कर्मारि। (जयो० १) (भक्ति०२७)

कर्मशाला (स्त्री०) कारखाना।

कर्मशील (वि०) कर्मवीर, शूरवीर, उद्यमी, परिश्रमी, क्रियाशील।

कर्मशूर (वि०) परिश्रमी, उद्यमी।

कर्मसंग (वि०) कर्म की संगति, आसक्ति की ओर प्रवृत्ति।

कर्मसचिव: (पुं०) सचिव, मन्त्री, कार्मिक।

कर्मसाक्षिन् (वि०) प्रत्यक्षदर्शी, साक्षात् देखने वाला, गवाही देने वाला।

कर्मसिद्ध: (पुं०) कर्मकुशल।

कर्मस्थानं (नपुं०) कर्मक्षेत्र, कार्यालय।

कर्मस्थिति: (स्त्री०) कर्मों की स्थिति, एक कर्म स्थिति।

कर्महानि (स्त्री०) कर्मों का उपशम।

कर्महीन (वि०) कर्मक्षीण, कर्मरहित।

कर्माचरणं (नपुं०) लौकिक सुखप्राप्ति का आचरण। (जयो० वृ० २/४)

कर्माधार: (पुं०) कर्म का आश्रय।

कर्माधिकार: (पुं०) कृतकर्मों का अधिकार।

कर्मानुदय: (पुं०) कर्म का उदय। (समु० ८/१७)

कर्मानुग् (वि०) कर्मानुगामी। (जयो० ७/४)

कर्मानुगत्व (वि०) कर्म के अनुसार गमन करने वाला। (सुद० १२१)

कर्मानुगामी (वि०) कर्म के अनुसार विचरण करने वाला।

कर्मानुरूप (वि०) कार्य के अनुरूप, कार्यानुसार।

कर्मानुसार: (पुं०) कार्य के अनुसार। (वीरो० १४/३०)

कर्मान्त: (पुं०) १. कर्म/कार्य की समाप्ति। २. काष्ठागार, धान्यागार, व्यवसाय।

कर्मान्तक (वि०) कार्य को समाप्त करने वाला।

कर्मान्तर (वि०) १. कर्म के अनुसार विचरण करने वाला। २. प्रायश्चित्त, विरोध, ३. कार्य में भिन्नता।

कर्मान्तिक (वि०) अन्तिम कर्म वाला।

कर्मान्तिक: (पुं०) भृत्य, सेवक।

कर्मात्यन् (वि०) सक्रिय, क्रियाशील।

कर्माय: (पुं०) सावद्यकर्म युक्त आर्य। कर्मों से आजीविका करने वाला।

कर्मासक्ति: (स्त्री०) कर्मों/विषयों/इन्द्रियों में तल्लीनता।

कर्मिष्ठ (वि०) परिश्रमी, उद्यमी।

कर्मेन्द्रिय: (पुं०) वचनादिक्रिया रूप कारण। कर्मेन्द्रियाणि वागादीनि वचनादि क्रियानिमित्तानि (ता०वा०२/१९)

कर्मेन्धनं (नपुं०) कर्म रूप ईंधन, अष्टकर्म के कारण रूप लकड़ियां। 'स्वकीय-कर्मेन्धन-भस्मवस्तु' (सुद० २/४०)

कर्मोदय: (पुं०) कर्म का उदय। अप्रशस्तोदय, प्रशस्तोदकर्म (सम्य० ३७) कर्म विपाक का उदय। (भक्ति०२७)

कर्मोदारं (नपुं०) साहसिक कर्म, उदारभाव युक्त कार्य।

कर्मोद्यम: (पुं०) क्रियाशील, उद्यमशील।

कर्मोद्युक्त (वि०) सक्रिय, संलग्न, तत्पर।

कर्वट: (पुं०) [कर्व्+अटन्] १. मंडी, बाजार, विपणयकेंद्र, विक्रय केन्द्र। २. सभी ओर घिरा नगर, कुत्सित नगर। 'पर्वतावरुद्धं कव्वडंणाम' (धव० १२/३३५)

कर्वटक: (पुं०) देखो ऊपर।

कर्वटकथा (स्त्री०) कुत्सित नगर सम्बन्धी कथा।

कर्ष् (अक०) सींचना, जोतना, रेखा बनाना।

कर्ष: (पुं०) सोने के तोलने का १६ मासा वजन। अड्ढाइज्जा धारणा य सुवण्णो।

कर्षक (वि०) [कृष्+ण्वुल्] खींचने वाला, जोतने वाला।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कर्षकः (पुं०) किसान, कृषक, क्षेत्र पालक। 'कर्षकः कर्षणा-सक्ता' जो खेत जोतता है। (पद्मचरित० ६/२०९)

कर्षणं (नपुं०) [कृष्+ल्युट्] खींचना, घसीटना, झुकाना, जोतना, कर्षक या कर्षण। सम्बन्धन (जयो० वृ० १३/६७) २. खेती-(दयो० ३६) 'कर्षणे खात-सम्पात-करणे सिञ्चने पुनः। (दयो० ३६)

कर्षिणी (स्त्री०) [कृष्+णिनि+ङीप्] लगाम लगाना।

कर्षूः (स्त्री०) [कृष्+ऊ] १. हल रेखा, हुड, २. नदी, ३. नगर, ४. कंडे की राख, कृषि, खेती।

कर्हिचित् (अव्य०) [किम्+र्हिल्] किसी समय, कभी भी।

कल् (सक०) १. गिनना, गणना करना, २. शब्द करना, समझना, जानना, ध्यान देना। ३. सम्पादन करना, आदर करना। 'स्वणमेव कलित-दत्तं' (जयो० वृ० २/१०) ४. स्वीकार करना-'कलितं संदधती तदा प्रशस्तम्' (जयो० १०/११३) ५. युक्त होना। 'यत्सुवर्णकलितं ललितं स्याद्' (जयो० ५/४६) ६. अनुष्ठान करना ०कल्पना करना 'कपोल-कलितेषु च भ्रमात्। (जयो० २/२६) ७. बांधना, जकड़ना, बन्धक बनाना। ८. विकलांग करना, विकृत करना।

कल (वि०) [कल्+घञ्] १. मनोहर, मधुर, स्पष्ट, उत्तम, श्रेष्ठ। 'कलं वनेऽसावरिलम्बलेन' (जयो० २४/५५) कलो-मनोहरो-(जयो० वृ० २२/७२) २. कला-(सुद० १/४४)

कलः (पुं०) कल कल शब्द, अस्पष्ट शब्द, मृदुशब्द। 'कल इति कल एवाऽऽगतो वा' (सुद० वृ०७२)

कल-कण्ठ (वि०) मधुर कण्ठ वाला।

कलकण्ठी (स्त्री०) कोयल, हंस।

कल-कलः (पुं०) १. क्षुब्ध युक्त ध्वनि, कोलाहल। 'कलकलेन कृत्वा दुष्टं वदन्तीति' (जयो० १५/१२) २. सुभाषित-वचन-'कलकलप्रायामुक्तिं प्रकुर्वति' (जयो० वृ० १८/३)

कल-कलमिषः (पुं०) कोलाहल के कारण। (दयो० १८)

कल-कलित (वि०) कलायुक्त। (सुद० १/४४)

कलकस्वभावः (पुं०) मधुर स्वभाव। (जयो० १५/१३)

कल-कान्तिकलः (पुं०) मनोहर प्रवाह, कान्ति का सुन्दर प्रवाह। 'उच्चलद-विरद-कल कान्तिकले' (जयो० २२/७२) 'कलो मनोहरो कान्तेः कलः प्रवाहो यत्र यस्मिन्। (जयो० वृ० २२/७२)

कलकूजिका (स्त्री०) छिनार, अपशब्द बोलने वाली स्त्री।

कलकूणिका (स्त्री०) अपवादी स्त्री।

कल-कोकः (पुं०) मधुर शब्द वाली कोयल, कलकण्ठी कोयल। (वीरो० ६/२९)

कलकृत (वि०) मधुर गान।

कलख (वि०) शब्द युक्त।

कलग्रहं (नपुं०) करग्रहण, पाणिग्रहण (जयो० ७/५४)

कलघोषः (पुं०) करग्रहण, पाणिग्रहण। (जयो० ७/५४)

कलघोषः (पुं०) काक, कोयल, कलकण्ठी।

कलघोषिक (वि०) मधुर शब्द करने वाली।

कलङ्कः (पुं०) [कल्+क्विप् कल् चासौ अङ्कश्च] १. दूषण, ०दोष, ०मलिन, ०मैल, ०पाप, ०अपराध, ०कालाक्षर। (जयो० ६/१४) सकलङ्क पृषदङ्कः स क्षयसहितः सहजेन। (सुद० ८७) २. कालिमा, धब्बा, दाग। ३. लोहे की जंग। कलङ्ककला (सुद० ७१)

कलङ्क रूपा (स्त्री०) कुत्सित रेखा, तिरछी रेखा।

कलङ्करेखा (स्त्री०) दूषण रेखा। तस्यैव कलङ्करेखा। (जयो० १५/७०)

कलङ्कलेशः (वि०) दोषवर्जित, दोषरहित, राग-द्वेषादि विहीन। 'भूमावहो वीतकलङ्कलेशः' (वीरो० ३/४) 'कलङ्कस्य दूषणस्य लेशो यस्मात्स दोषवर्जितः। (वीरो० वृ०३/४)

कलङ्कषः (पुं०) [कल+कष्+खच्] सिंह, शेर मृगराज। करेण कषति हिनस्ति।

कलङ्कित (वि०) [कलङ्क+इतच्] लांछित, चिह्नित, दोष युक्त।

कलङ्किन् (वि०) १. कलंक वाले १. के सूर्ये विषये बलकारि मात्रा सा न विद्यते। (जयो० वृ० १५/४१) २. के जले पर्यन्तता सम् द्रसद्भावात् लङ्का नाम नगरी। (जयो० वृ० १५/४१) ३. सदोषी-कलिरूपायामागमाज्ञया कृत्वा कलङ्किनः' (जयो० वृ० १५/४२)

कलङ्की (वि०) सद् विवेक रहित 'क' जल से वेष्टित लंका तुल्य ब्रिटेन शासन।

कलङ्की (स्त्री०) चन्द्रमा।

कलङ्की (पुं०) कल्कि राजा। (जयो० वृ० १५/४१)

कलङ्कुरः (पुं०) जलावर्ण, भंवर। कं जलं लङ्घयति भ्रामयति क+लङ्क+णिच्+उरच्।

कलङ्किन् (पुं०) चन्द्र। (जयो० ३/८९)

कलञ्जः (पुं०) पक्षी विशेष।

कलत्रं (नपुं०) १. चंद्रिका (सुद० ३/१०) २. दुर्गस्थान-श्रोणि-कलत्रं भूभुजां दुर्गस्थानेऽपि श्रोणिभार्ययोः इति विश्वलोचनः

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

(जयो० वृ० ११/३) ३. स्त्री, भार्या, नारीदल (जयो० १४/९६) 'विनिर्वहत्यात्तकलत्र-कल्पम्' (जयो० २७/६०) ४. कूल्हा, नितम्ब। (जयो० वृ० ११/७)

कलत्रकल्पः (पुं०) नारी विधि। (जयो० २७/६०)

कलत्रचक्र (नपुं०) श्रोणिबिम्ब, नितम्बचक्र। (जयो० ११/७) कलत्रमेव चक्रं तस्मिन् श्रोणिबिम्बे((जयो० वृ० ११/७)

कलत्रतुण्डं (नपुं०) वनितावदन, नारीमुख। शरीरमात्रं मलमूत्र-कुण्डं किमेकमेतद्धि कलत्रतुण्डम् (जयो० २७/३६)

कलत्र-दोषः (पुं०) स्त्रीदोष, नारी दोष।

कलत्र-प्रीतिः (स्त्री०) स्त्री का प्रेमभाव।

कलत्र-कल्पः (पुं०) पत्नी का सम्बन्ध। 'द्वयोरवस्थानृकलत्र-कल्पा' (सम्य० ३३)

कलत्रमाला (स्त्री०) स्त्री माला।

कलत्रसन्निधिः (स्त्री०) चन्द्रिका से आलोकित, चन्द्र प्रकाश युक्त। 'शिशुमाखाद्य कलत्रसन्निधेः' (सुद० ३/१०)

अलुत्रहारः (पुं०) नारी का हार।

कलता (स्त्री०) मनोहरता, रमणीयता, मधुर (जयो० २०/७४) (जयो० १३/६०)

कलताभृत (वि०) वाचाल नारी, अधिक बोलने वाली स्त्री, निन्दकनारी।

कल-दोषः (पुं०) शब्द दोष, स्थान दोष।

कलधौतं (नपुं०) रजत, चांदी।

कायबलिन् (वि०) कायबली, देह से बलिष्ठ, तपोपयोग से प्रवृत्त क्रिया।

कायबलप्राण: (पुं०) शरीरचेष्टागत शक्ति। 'देहोदये शरीर नामकर्मोदये कामचेष्टा जननशक्तिरूप: कायबल प्राण:। (गो०जी०टी० १३१)

कायमानं (नपुं०) शरीर का प्रमाण।

काय-मालिन्य (वि०) देहगतमलिनता।

कायमोहिन् (वि०) शरीर के प्रति मोह रखने वाला।

काय-योग: (पुं०) शरीर सम्बन्धी योग, योग के तीन भेदों में से एक योग काय योग है, जिसमें शरीर का स्थिर करने के लिए प्रयत्न किया जाता है।

कायात्मप्रदेशपरिणाम।

वीर्यपरिणति विशेष।

जीवप्रदेश परिस्पन्दन। 'सप्तानां कायानां सामान्यं काय:, तेन जनितेन वीर्येण जीवप्रदेशपरिस्पन्दन लक्षणेन योग: काययोग:' (धव० १/३०८)

कायवध: (पुं०) पृथ्वी आदिक का वध, एकेन्द्रिय स्थावर जीव को पीड़ा।

कायविनय: (पुं०) नम्रतापूर्ण व्यवहार, शरीर को नम्रीभूत बनाना।

कायव्युत्सर्ग: (पुं०) शरीर के ममत्व का त्याग, सर्वत्र संवृताचार।

कायशुद्धि: (स्त्री०) सरलता पूर्ण काय, शरीर के प्रति यत्नपूर्ण प्रवृत्ति। अहेरिव गृहस्थस्थ, कौटिल्यमधिगच्छत: स्यान्मु-नेर्गरुडस्येव, पार्श्वे सरलता तनौ।। (हित०सं०५१) संस्कार-संहति।

कायसंयम: (पुं०) शारीरिक संयम, इन्द्रिय सम्बन्धी संयम।

कायस्थ (वि०) १. शरीरस्थ, शरीर की ओर अग्रसर। २. जाति विशेष।

कायस्थित (वि०) शारीरिक क्रिया में स्थित।

कायस्थिति: (स्त्री०) जीवत्व रूप पर्याय, एक काय को न छोड़कर उसके रहने तक नाना भवों का ग्रहण करना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कायस्वभावः (पुं०) शरीर परिणति, देह के अपवित्रतागत परिणाम, दुःखहेतु।

कायापरीतः (पुं०) अनन्त कायिक जीव।

कायिक (वि०) शारीरिक, देहगत, शरीर सम्बन्धी।

कायिक-अशुभ-योगः (पुं०) शारीरिक कुशील प्रवृत्ति आदि का सम्बन्ध।

कायिक-असमीक्ष्णाधिकरणं (नपुं०) प्रयोजन बिना छेदन-भेदन के कार्यों का करना।

कायिकत्यागः (पुं०) शरीर सम्बन्धी त्याग (दयो० १२२) तत्रापि कायिकत्यागः सुशक्तो भुवि वर्तते। (दयो० १२२)

काथिक-विनयः (पुं०) शारीरिक विनम्रता, भक्तिपूर्वक कायोत्सर्ग आदि करना, उपकरणों का प्रतिलेखन।

कायिकी (स्त्री०) शारीरिक हलन-चलन।

कायिकीक्रिया (स्त्री०) दुष्टतापूर्वक उद्यम करना। 'दुष्टस्य सतः कायेन वा चलनक्रिया कायिकी। (भ०आ०टी० ८०७) 'प्रदुष्टस्य सतोऽभ्युद्यमः कायिकी क्रिया। (स०सि०६/५)

कायोत्सर्गः (पुं०) शरीर के प्रति ममत्व त्याग। (मुनि० १८) (सुद० १३३) वाचाङ्गेन यथोज्झितानि भवता बाह्यानि वित्तादिकन्यन्तस्तोऽपि संस्मेरदिहतकान्येतादृशी ह्याशिका किं तेभ्यो वपुषापि नाम्नि भवतः सम्बन्ध एषा स्थितिर्वस्तुतृवेन ततोऽनुरागकरणं तत्रापिशर्माज्झिति (मुनि० १७) साधुओं के आवश्यक कर्मों में एक आवश्यक कर्म कायोत्सर्ग भी है। कायादिपरदव्वे थिरभावं परिहरत्तु अप्पाणं तस्स हवे तणुसग्गं जो झायदि णिव्विअप्पेण 'कायः शरीरं तस्योत्सर्गः कायोत्सर्गः' कायं शरीरं उत्सृजति ममत्वादिपरिणामेन त्यजतीति कायोत्सर्गः तपो भवेत् व्युत्सर्गाभिधानं तपोविधानं स्यात्। (कार्तिके०४५८)

कायोत्सर्ग-भक्तिः (स्त्री०) शरीर के प्रति ममत्व त्याग सम्बंधी भक्ति। (भक्ति०४९) किन्तु प्रणाशायिजवंजवेषु महेन्द्रजालोपमसम्भवेषु। जिनेशवाचः समु दादरेण कायोऽपि नायं मम किं परेण।। (भक्ति०४९)

कार (त्रि०) यत्न, प्रयत्न, प्रयास, कर्ता, रचयिता, सम्पादन करने वाला, बनाने वाला। 'कारश्च यतियत्नो' इति वि० (जयो० २१/५१)

कारः (पुं०) १. कृत्य, कार्य, चेष्टा। २. पति, स्वामी, मालिक।

कारकर (वि०) कार्य करने वाला।

कारक (वि०) [कृ+ण्वुल] कर्ता, करने वाला, सम्पादन करने वाला।

कारकं (नपुं०) संज्ञा और क्रिया के मध्य रहने वाला सम्बन्ध। २. क्रिया से युक्त द्रव्य। 'कुर्वत एव कारकत्वं, यदा न करोति तदा कर्तृत्वस्यायोगात्' (लघीय० ६३८) 'कारकाणां कर्त्रादीनाम्' (न्यायकु० ५/८४)

कारकहेतुः (पुं०) क्रियात्मक कारण।

कारणं (नपुं०) हेतु, निमित्त, तर्क, जिसके सद्भाव में कार्य होता है। आधार, उद्देश्य, प्रयोजन, उपकरण, साधन। 'यस्मिन् सत्येव च यद्भावः तत्कार्यमितरत् कारणम्' (सिद्धिविनश्चय० १९३) जिसके होने पर जो होता है, वह कार्य और इतर-जिसके सद्भाव में कार्य होता है।

कारणगुणः (पुं०) कारण का गुण।

कारणदोषः (पुं०) वेदनादि भाव, आहार में दोष।

कारणपरमाणु (स्त्री०) पृथिवी, जल आदि के कारणभूत परमाणु। 'धाउ-चउक्कस्स पुणो जं हेऊ ति तं णेयो' (निय०२५) पृथिव्यप्तेजोवायवो धातवश्चत्वारः तेषां यो हेतु स कारणपरमाणुः। (निय०वृ०२५)

कारण-परमात्मन् (पुं०) ज्ञान दर्शन युक्त आत्मा, निवारण आत्मा।

कारणभूत (त्रि०) जो कारण बना हो। (जयो० वृ० १७/५३)

कारणमाला (स्त्री०) एक पुष्प माला, अलंकृत माला।

कारणबन्दनक (त्रि०) अभिलाषा युक्त वन्दना करने वाला।

कारणवादिन् (पुं०) वादी, प्रतिपक्षी, अभियोक्ता।

कारणविहीनः (त्रि०) कारण रहित।

कारणशरीर (नपुं०) कारणों कर मूल रूप।

कारणा (स्त्री०) [कृ०+णिच्+युच्+टाप्] वेदना, कष्ट, व्याधि, पीड़ा।

कारणाभावः (पुं०) कारणों का अभाव।

कारणाभावदोषः (पुं०) संयम का परिपालन न करना, आशंका युक्त होना।

कारणिक (वि०) [कारण+ठक्] १. नैमित्तिक, २. निर्णायक, परीक्षक।

कारण्डवः (पुं०) एक पक्षी विशेष।

कारन्धमिन् (पुं०) [कर एव कारः, तं धमति, कार+ध्मा+इनि] कसेरा, ठठेरा, खनिज विद्या का ज्ञाता।

कारवः (पुं०) कौवा, वायस्।

कारस्करः (पुं०) [कारं करोति-कार+कृ+ट] किंपाकवृक्ष।

कारा (स्त्री०) १. बन्दीगृह, कारावास, बन्दीकरण। (जयो० वृ० ८/६) २. कारिका, गुणयुक्त शिक्षा, सूत्र शिक्षा।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

परोपकारैकविचारहारात्कारागिरादाध्य गुणाधिकारम्। (जयो० १/८६) ३. तुम्बी, गर्दन/ग्रीव का निम्न भाग। ४. पीड़ा, व्याधि, दुःख।

कारागारः (पुं०) कारावास, बन्दीगृह। 'अपराध-कारिजनरोधनार्थं' (जयो० १५/२६)

कारागृहं (नपुं०) बन्दीगृह, कारावास।

काराधिकार (पुं०) करने का अधिकार। (सम्य० २९०)

कारायणं (नपुं०) बन्दीगृह, कारावास। (दयो० ४२)

कारावेश्मन् (नपुं०) बन्दीगृह, कारावास।

कारिः (स्त्री०) [कृ+इञ्] कार्य, कर्म, कलाकार, शिल्पकार।

कारिका (स्त्री०) [कृ+ण्वुल्+टाप्] १. श्लोक व्याख्या, विवरण, व्याख्यानकरण। (जयो० वृ० ५/९५) २. सूत्र-(दयो० २५) ३. कारिका-कारागृह, कारावास, सूत्रशिक्षा। (जयो० वृ० १/८६)

कारित (वि०) दूसरे से कराया जाने वाला। (जयो० ११/११) 'कारिताभिधान परप्रयोगापेक्षम्' (त० वा० ६/८, स०सि०६/८) 'परस्य प्रयोगापेक्ष्य सिद्धिमापद्यमानं' कारितमिति कथ्यते।' (त० वा० ६/८)

कारिन् (वि०) करने वाला। (जयो० १/४)

कारीषं (नपुं०) करीष/कंडे का ढेर, सूखे गोबर का ढेर।

कारु (वि०) [कृ+अण्] कर्ता, अभिकर्ता, शिल्पी, कलाकार, निर्माता, क्रिया। (१) कला, विज्ञान, विधि। 'चारुर्विधो कारुरुतामृतात्मा' (जयो० ११/९२) कारु-क्रिया विभ्राजते (जयो० वृ० ११/९२) कारु-कुशीलन-कर्मणि रतेपु संस्कारधारा।' (जयो० २/१११)

कारुणिक (वि०) [करुणा+ठक्] कृपा युक्त, कृपालु, दयावान् दयालु।

कारुण्यं (नपुं०) [करुणा+ष्यञ्] दया, कृपा, करुणाभाव, अनुकम्पा। सहृदयता, आत्मीयता, अनुग्रहात्मक परिणाम, अनुग्रहमति। 'कारुण्यमौदार्यमियद् हृदा' (समु० ८/२९) सौहार्दमङ्गिमात्रे तु क्लिष्टे कारुण्यमुत्सवम्। (मुद० ४/३५) 'कारुण्यमनुकम्पा दीनानुग्रह इत्यनर्थान्तरम्' (त०भ०७/६) 'दीनानुग्रहभावः कारुण्यम्' (स०सि०७/११) अनुग्रहमतिः सेयं करुणेति प्रकीर्तिता। (ज्ञाना०२७)

कारुण्य-जनित (वि०) करुणा से भरा हुआ।

कारुण्यपूर्ण (वि०) अनुकम्पा युक्त, दयाभाव युक्त। 'कारुण्यपूर्णमिव पृत्कुरुते द्विजाली' (जयो० १८/६९)

कार्कश्यं (नपुं०) [कर्कश+ष्यञ्] कठोरता, कर्कशता, दृढ़ता।

कार्तज्ञता (वि०) कृतज्ञता, प्रत्युपकार (जयो० २०/६४)

कार्तवीर्यः (पुं०) [कृतवीर्य+अण्] कृतवीर्य का पुत्र।

कार्तस्वरं (नपुं०) [कृतस्वर+अण्] सोना, शयन।

कार्तान्तिकः (पुं०) [कृतान्त+ठक्] ज्योतिषी, नैमित्तिक, भविष्य-वक्ता।

कार्तिक (वि०) [कृत्तिका+अण्] कार्तिक मास से सम्बन्धित।

कार्तिकः (पुं०) कार्तिक मास।

कार्तिकाश्रितिः (स्त्री०) कार्तिक मास का आश्रय। (जयो० ४/६६) आश्विनोपलपनेन हि निष्ठा कार्तिकाश्रितिरितो-ऽवशिष्टा।

कार्तिककृष्णाब्धीन्दुः (स्त्री०) चतुर्दशी। (वीरो० २१/२०)

कार्तिकी (स्त्री०) कार्तिक की पूर्णिमा।

कार्तिकेयः (पुं०) १. अनुत्तरोपादिक देव, जो राजा क्रौंच के उपसर्ग द्वारा स्वर्ग प्राप्त हुआ। २. स्वामी कार्तिकेय, जिन्होंने कार्तिकेयानुप्रेक्षा नामक प्राकृत ग्रन्थ की रचना की। (वीरो० १७/२०) ३. शिव पुत्र, शिवनन्दन।

कार्तिकेयानुप्रेक्षा (स्त्री०) कुमार कार्तिकेय की रचना (ई०१००८) इसमें कुल ४९१ गाथाएं हैं, ये सभी शौरसेनी प्राकृत में अनुप्रेक्षा/भावना के विषय को प्रतिपादित करने वाली है, इसमें वैराग्य विषय का समावेश है। इस पर आचार्य शुभचन्द्र ने (१५१६-१५५) में संस्कृत टीका लिखी। इस पर जयचन्द छाबड़ा की भाषा वचनिका है।

कार्त्स्न्यं (नपुं०) [कृत्स्न+ष्यञ्] पूर्णता, समग्रता।

कार्दम (वि०) [कर्दम+अण्] कीचड़ से भरा हुआ, कर्दम युक्त।

कार्पट (वि०) [कर्पट+अण्] आवेदक, अभियोक्ता, अभ्यर्थी।

कार्पटः (पुं०) चिथड़ा, कंथा, लत्ता, चिन्दी।

कार्पटिकः (पुं०) [कर्पट+ठक्] तीर्थयात्री।

कार्पण्यं (नपुं०) [कृपण+ष्यञ्] १. दरिद्रता, निर्धनता, २. कंजूसी, ३. लघुता, हल्कापन।

कर्पासः (पुं०) कपास (जयो० ३/३९)

कर्पासतन्तु (स्त्री०) सूती धागा। (जयो० वृ० ३/३६)

कार्पास् (वि०) [कर्पास+अण्] कपास से निर्मित, रूई से बना। (समु० १/१७)

कार्पासव (वि०) कपास से बना हुआ।

कार्पासिक (वि०) [कर्पास+ठक्] कपास से बना हुआ, रूई से तैयार किया गया।

कार्मण (वि०) [कर्मन्+अण्] १. कार्य करने वाला, काम

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पूर्ण करने वाला। २. कर्म रूप शरीर, कर्म के विकार भूत देह। (सम्य० ३४) 'कर्मणो विकारः कार्मणम्' 'कर्म्मणां कार्यं कार्मणम्' (स०सि०२/३६) 'कर्मेति सर्वशरीरप्ररोहण समर्थं कार्मणम्' (त० वा० २/२५) 'कर्मणामिदं कर्मणां समूह इति वा कार्मणम्' (त० वा० २/३६) जो सब शरीरों की उत्पत्ति का बीजभूत शरीर या कारण है। कर्मों का कार्य कार्मण शरीर है।

कार्मण-काययोगः (पुं०) कार्मण शरीर के द्वारा कृत योग। 'कार्मणकायकृतो योगः' (भव० १/२९९)

कार्मण-बन्धनं (नपुं०) गृह्यमाण कर्म परमाणुओं का परस्पर सम्बन्ध।

कार्मण-वर्गणा (स्त्री०) कर्म परमाणुओं की वर्गणा।

कार्मण-शरीरः (पुं०) कार्मणशरीर की प्राप्ति।

कार्मिक (वि०) [कर्मन्+ठक्] हस्त निर्मित, हाथ से बना हुआ।

कार्मुक (वि०) [कर्मन्+उकञ्] कार्य करने योग्य, पूर्णतः कार्य सम्पादन करने वाला।

कार्य (सं०कृ०) [कृ+ण्यत्] जो किया जाना चाहिए, सम्पन्न होना, कार्यान्वित। २. दण्ड, विचार, अनुष्ठान, प्रयोजन, उद्देश्य, अभिप्राय, आवश्यकता आदि कार्य हैं। क्षेमप्रश्नानन्तरं ब्रूहि कार्यमित्यादिष्टः प्रोक्तवान् सागरार्थः। (सुद० ३/४५) यः क्रीणति समर्थमितीदं विक्रीणीतेऽवश्यम्। विपणौ सोऽपि महर्घं पश्यन् कार्यमिदं निगमस्य।। (सुद० ९१) 'युद्धादिकार्ये व्रजतोऽप्यमुष्य' (सम्य० १५) वहावशिष्टं समयं न कार्यं मनुष्यतामञ्ज कुलस्तु नार्य। (वीरो० १८/३७) 'यस्मिन् सत्येव यद्भाव एव विकारं च विकार तत् कार्यम्' (सिद्धि०वि०वृ०४८७) जिसके होने पर जो होता है, वह कार्य है। कार्य को कारण भी कहते हैं। 'कार्यमितरत् कार्यम्' (सिद्धि०वि०वृ०४८७)

कार्यकर (वि०) ०प्रभावकारी, ०प्रभावशील, ०गुणयुक्त, ०उद्देश्यपूर्ण, ०अभिप्रायजनक। कालं कार्यकरं समर्थयति यत्सर्वज्ञदेवो गुणी। (मुनि० २९) ०कार्यकारी, ०कर्मयुक्त कार्य करने के लिए--गोदोहनाम्भोभरणादि- कार्यकरं पुनर्गोपवरं स आर्य। (सुद० ४/२२)

कार्यकारणं (नपुं०) कार्य और कारण का सम्बंध। 'कारण सद्भावे कार्यसद्भाव विशेषात्' (जयो० वृ० १५/६३) चेत्कोऽपि कर्त्तेति पुनर्यवार्थं यवस्य भूयाद्वपनं व्यपार्थम्। प्रभावकोऽन्यस्य भवन् प्रभाव्यस्तेनार्थ इत्येवमतोऽस्तुभाव्यः।। (वीरो० १९/४२) यदि जगत् के प्रत्येक पदार्थों का कोई ईश्वरादि कर्ता-धर्ता होता तो फिर जौ के लिए जौ का बौना व्यर्थ हो जाता। क्योंकि वही ईश्वर बिना ही बीज के जिस किसी भी प्रकार से जौ को उत्पन्न कर देता। फिर विवक्षित कार्य को उत्पन्न करने के लिए उसके कारण-कलापों के अन्वेषण की क्या आवश्यकता रहती? अतएव यही मानना युक्तिसंगत है कि प्रत्येक पदार्थ स्वयं प्रभावक भी हैं और स्वयं प्रभाव्य भी है अर्थात् अपने ही कारण कलापों से उत्पन्न होता है और अपने कार्य विशेष को उत्पन्न करने में कारण भी बन जाता है। जैसे बीज के लिए वृक्ष कारण है और बीज कार्य है।

कार्य-कारण-भावः (पुं०) कार्य कारण भाव।
वंशे नष्टे कुतो वंश
बाह्यस्यास्तु समु द्भवः।
कार्य-कारण भावेन
स्थितिमेति जवंजवः।। (दयो० वृ०४८)

कार्य-कारिन् (वि०) सार्थकता, (जयो० ४/२३) सन्निमन्त्रणमिहान्य कृतिभ्यः कार्यकार्यपि तु मन्त्रमणिभ्यः। (जयो० ४/२३)

कार्यकारिन् (वि०) 'कर्मान्यदन्यत्र न कार्यकारि, किं वृत्तमोहास्तु दृशे किलारिः। इत्थं वचश्चेन्निगदाम्यतोऽहं ज्ञाने मृषात्वाय न दृष्टिमोहः।। (सम्य० १२०-१२१) सार्थकता, प्रयोजनभूत।

कार्य-कोविदः (पुं०) कर्तव्य ज्ञाता, कार्य का जानकर विज्ञ/विद्वान्। 'कार्ये कर्त्तव्ये कोविदा विद्वांसस्ते' (जयो० २६/३६)

कार्य-गौरवं (नपुं०) किसी कार्य की महानता।

कार्यचणं (नपुं०) ०कार्यसाधन, ०कार्यसम्पादन काम की ०निष्पत्ति, ०कार्यसाधन में चतुर। 'कार्यवित्तः कार्यचणः कार्यसाधने प्रसिद्धः' (जयो० वृ० ९/५९) भवितुमर्हति भूवलयेऽपरः सुमुख कार्यचणः कतमो नरः। (जयो० ९/५९)

कार्य-चिंतक (वि०) ०सतर्क, ०सावधान व्यक्ति, ०चिंतनशील, ०दूरदर्शी, ०सजग, ०जागृत, ०प्रबन्धक, ०अधिकारी।

कार्यच्युत (वि०) कार्यरहित, कर्त्तव्यविहीन, पदच्युत।

कार्यता (वि०) कराने वाली। 'जगतस्तु सबाधकार्यतां नितरां' (जयो० २६/३६) किमुच्यतामीदृशि एवमार्यता स्ववाञ्छितार्थं विदनार्थकार्यता। (वीरो० ९/५)

कार्य-तोष (वि०) कार्य के प्रति संतुष्ट रहने वाला।

कार्यदर्शनं (नपुं०) कर्त्तव्यशोधन, कर्त्तव्य निरीक्षण, कार्य का परीक्षण।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कार्यदूतः (पुं०) कार्य संवाहक, कार्य कराने वाला। 'न कश्चिद्भुवि कार्यदूतः' (वीरो० १८/२)

कार्यनिर्णयः (पुं०) कार्य का निर्णय, कार्य का अन्वेषण।

कार्यनीतिः (स्त्री०) कर्त्तव्य नीति।

कार्यपरमाण् (स्त्री०) अन्त रहित भाग।

कार्य-परायणः (पुं०) कर्त्तव्य परायण, कार्य के प्रति सजग, उद्यमशील, परोपकारी। (जयो० वृ० ३/३)

कार्यपात्रं (पुं०) भृत्यादि कार्य, नौकर-चाकर के कार्य, भृत्यादि की आवश्यकता। (जयो०)

कार्यपुटः (पुं०) निरर्थक व्यक्ति, विक्षिप्त मनुष्य। २. कार्य के प्रति संलग्न।

कार्यप्रद्वेषः (पुं०) कार्य के प्रति अरुचि, आलस, उदासीनता।

कार्यप्रेष्यः (पुं०) दूत, संदेशवाहक।

कार्य-लेशः (पुं०) कर्त्तव्यमात्र, कार्य के प्रति सजग। 'कोऽसीह ते कः खलु कार्यलेशः'

कार्यवशः (पुं०) कार्य के कारण। (दयो० १५) (वीरो० १४/३४)

कार्यवस्तु (नपुं०) कार्य का उद्देश्य, लक्ष्य, प्रयोजन।

कार्यविपत्तिः (स्त्री०) असफला, प्रतिकूलता, दुर्भाग्य।

कार्यशेषः (पुं०) कार्य से मुक्त, सही कार्य से शेष/अवशिष्ट।

कार्यसम्पत्तिः (स्त्री०) प्रयोजन सिद्धि।

कार्यसाधनं (नपुं०) प्रयोजन रूप साधक।

कार्यसिद्धिः (स्त्री०) कार्य की सफलता, उद्देश्यपूर्ति। (जयो० २/३९) कार्यसिद्धिमुपयात्त्वसौ गृही नो सदाचरणतो व्रजन् बहिः। (जयो० २/३५) कार्यसिद्धि--कर्मसाफल्यम्' (जयो० वृ० २/३५)

कार्यहेतु (स्त्री०) एक दूसरे का बाधक कार्य।

कार्यार्थी (वि०) प्रयोजन के लिए।

कार्यानपेक्षि (वि०) स्वाभाविक कार्य की उपेक्षा करने वाला। 'कार्यमनपेक्षत इति कार्यनपेक्षि'। (जयो० १६/४४)

कार्यानुबन्धिन् (वि०) कार्य सम्पादन करने वाला, दृढ़ संकल्पी, कार्यशील। (दयो० ९५) 'यथेच्छमनुतिष्ठन्ति स्व-स्वकार्यानुबन्धिनः। (दयो० ९५)

कार्याभिरत (वि०) कार्यपरायण, कार्य में तत्पर। यतः प्रातः कार्यमुताद्यैव कार्यमद्यापि शीघ्रतः। नगतेऽवसरे पश्चात् कुतश्च न भवेदतः।। (दयो० वृ०७०) पितुराज्ञा शिरोधार्या कार्याऽस्माभिरतो द्रुतम्। (दयो० ७०)

कार्यारम्भः (पुं०) प्रक्रम, प्रारम्भ, उद्यत। (जयो० २/३५, (जयो० ३/१४)।

कार्या रूचिः (स्त्री०) निसर्ग या अधिगम के कारण से उत्पन्न होने वाली श्रद्धा।

कार्यासनं (नपुं०) गद्दी, आसन, स्थान।

कार्येक्षणं (नपुं०) कार्यावलोकन, कार्य निरीक्षण।

कार्योत्पत्तिः (स्त्री०) कार्य की उत्पत्ति, पूर्व पर्याय के कार्य की उत्पत्ति। (जयो० वृ० २६/८७) कार्यस्य उत्पत्तिः कार्योत्पत्तिः।

कार्श्यं (नपुं०) [कृश्+ष्यञ्] दुर्बलता, अल्पता, कृशता।

कार्षः (पुं०) [कृषि+ण] कृषक, किसान, खेतीहर, कृषिकार।

कार्षापणिक (वि०) [कार्षापण+ट्ठन्] एक मूल्य विशेष वाला।

कार्ष्ण (वि०) [कृष्ण+अण्] कृष्णता युक्त, कृष्ण से सम्बंधित।

कार्ष्णायस (वि०) [कृष्णायस्+अण्] कृष्ण अयस्क से निर्मित।

कार्ष्णिः (पुं०) कामदेव।

कालः (पुं०) [कु ईषत् कृष्णत्वं लाति, ला+क, को, कादेशः] १. काल, समय, अवसर, अवधि, अंश, भाग। २. काला रंग का। ३. काल एवं भोग भूमि-कर्मभूमि। (जयो० २/७९) ४. वर्तमान काल-सुद० १/६।

श्यामल, कृष्णता-'काला हि बाला खलु कज्जलस्य' (जयो० ११/६९) ज्ञानाचार के आठ भेदों में एक भेद कालाचार। (भक्ति०८) 'कालः परावर्तन कृत्तकेभ्यः' (वीरो० ७/३८) काल वर्तना है-वट्टणालक्खणो कालो। कालस्स वट्टणा (प्रव०२१/४२)

कालद्रव्य विशेष-जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल ये छह द्रव्य हैं। इनसे विश्व है। काल द्रव्य अन्तिम द्रव्य है, जो कल्पित होता है, फेंकता है या प्रेरित/परावर्तन करता है वह काल/कालद्रव्य है। 'कल्पते क्षिप्यते प्रेर्यते येन क्रियावद्रव्यं स कालः।' (त० वा० ५/२२) समय, अद्धासमय काल: समयः अद्धा इत्येकोऽर्थः। (धव० ४/३१७) 'कालः श्रीमान यं क्लृप्ति कला रसालः' (समु० ८/३) चेत्युद्गलार्द्धः परिवर्तकालोऽव शिष्यतेऽनादितयाशयालोः। (सम्य० ४७)

काल-अभिग्रहः (पुं०) काल सम्बंधी नियम, भिक्षा विषयक अभिग्रह/नियम।

कालंतकि (वि०) काल बिताने वाले, समय व्यर्थ करने वाले। (सुद० ४/४७)

कालकञ्जं (नपुं०) नीलकमल, अरविंद।

कालकुटः (पुं०) शिव।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कालकर्णं (नपुं०) समयावधि, नियत समय।

कालकटं (नपुं०) कल्याण, हित।

कालकष्ठः (पुं०) मयूर, मोर।

कालकर्णिका (स्त्री०) दुर्भाग्य, विपत्ति।

कालकर्णी (स्त्री०) विपत्ति, वज्रपात, दुःख।

कालकर्मन् (नपु०) मरण, मृत्यु, विनाश।

कालकलित (वि०) समय बाधित।

कालकालः (पुं०) किसी प्राणी का जो काल हो।

कालकीलः (पुं०) यमराज।

कालकूटः (पुं०) विष, हलाहल विष, मारक विष, तत्कालिक, प्रभावी विष।

कालकृत (वि०) समय पर किया गया।

कालकृतु (पुं०) मयूर, २. सूर्य।

कालक्रमः (पुं०) समय का क्रम।

कालक्रमोत्तरः (पुं०) काल के क्रम से।

कालक्रियाः (स्त्री०) नियत क्रिया, मृत्यु।

कालक्षेपः (पुं०) काल व्यतीत, विलम्ब, समय का क्षय। (सम्० २/२९) शेष समय। (दयो० ८३) (वीरो० ८/१३) 'सुखेन कालक्षेपं कर्तुमर्हामि' (दयो० ८३)

कालखञ्जनं (नपुं०) १. यकृत, जिगर, हृदय। २. गंगा यमुना नदी।

कालग्रन्थिः (नपुं०) समयचक्र, परिवर्तन, परावर्तन, वर्तना। जीवन की परिस्थितियां। (वीरो० १८/६)

कालचारः (पुं०) समय तक चर्या।

कालचिह्न (नपुं०) मृत्यु के सन्निकट।

कालचोदित (वि०) काल/यम द्वारा आहूत।

कालज्ञ (वि०) समय वेत्ता, काल को जानने वाला।

कालज्ञानाचारः (पुं०) पाठ-पठन का समय, स्वाध्यायादि का समय, ज्ञानाचार के भेदों में एक भेद।

कालत्रयं (नपुं०) तीन काल, तीन समय, तीन बार। 'पर्वण्युपोषिता कालत्रये सामायिकं श्रिता।' (सुद० ४/९३) १. भूत, भविष्यत् और वर्तमानकाल। २. प्रातः दोपहर और सायं इन तीन समय में तीन सन्ध्याएं। तीन सामायिक।

कालदर्शी (वि०) समयज्ञ ज्ञाता, मृत्यु।

कालदण्डः (पुं०) मृत्यु, मरण।

कालदोषः (पुं०) विपरीत काल का प्रयोग। 'कालदोषः अतीतकाल-व्यत्ययः।'

कालधर्मत् (पुं०) विशेष समय के लिए धर्माचरण, निर्दिष्टकाल।

कालधारणा (स्त्री०) समय वृद्धि।

कालनिधिः (स्त्री०) ज्योतिष सम्बन्धी ज्ञान। 'काल नामानि निधौ कालज्ञानम्' सकल ज्योतिः शास्त्रानुबन्धिज्ञानम्' (जैन०ल०३४८)

कालनियोगः (पुं०) भाग्य समावेश, नियति का निर्णय।

कालनिरूपणं (नपुं०) समय निर्धारण, समय की प्ररूपणा।

कालनेमिः (पुं०) समयचक्र, कालचक्र।

कालपक्व (वि०) समय पर पका हुआ, स्वतः स्फूर्त, स्वयमेव परिपक्वगत।

कालपरिवर्तनं (नपुं०) एक काल से दूसरे काल में जन्म।

कालपरिवासः (पुं०) अल्प परि पतन।

कालपाशः (पुं०) यमजाल, मरणजाल।

कालप्रत्यख्यानं (नपुं०) समय पर नहीं होने वाली क्रियाओं का परित्याग।

कालपाशिक (वि०) ०यम तक ले जाने वाला, ०यमलोक पहुंचाने वाला, ०मृत्यु लेने वाला, ०प्राणहर्ता, ०जल्लाद।

कालपुरुषः (पुं०) कर्म-वेदन शील पुरुष।

कालपूजा (स्त्री०) पर्वादि समय की पूजा।

कालपृष्ठ (पुं०) काला हिरण।

कालप्रतिक्रमणं (नपुं०) त्रैकालिक प्रतिक्रमण।

कालप्रभातः (पुं०) शरत्काल, शरद ऋतु।

कालप्रभावः (पुं०) ०समय गत प्रभाव, ०समय गति। आत्मा भवत्यात्म- विचारकेन्द्रः कर्तुं मनाङ् नान्यविधिं किलेन्द्रः। कालप्रभावस्य परिस्तवस्तु यदन्यतोऽन्यत्प्रतिभाति वस्तु।। (वीरो० १८/५) यद्यस्मिन्समये प्रकर्तुमुदितं तत्रोद्गतेतन्मुनिः कालं कार्यकरं समर्थयति यत्सर्वज्ञदेवो गुणी। तावाद्य प्रभवन्ति कल्पतरवः कालप्रभावोदहयं नात्रोत्पत्रजनोऽधुना प्रतिभवेच्छुद्धोप- योगाश्रयः।। (मुनि० २९)

कालबालः (पुं०) श्यामल केश कालानां श्यामतानां बालानां श्रेणी पंक्तिरहित' (जयो० ३/५५)

कालभक्षः (पुं०) काल ग्रस्त।

कालमंगलं (नपुं०) पाप विनाशक मंगल।

कालमानं (नपुं०) समय का प्रमाण।

कालमाश्रितवती (वि०) योग्य समय युक्त। (जयो० ३/११)

कालमासः (पुं०) मास की प्रधानता।

कालमुख (नपुं०) लंगूरों की विशेष जाति।

कालमेषी (स्त्री०) मंजठे की लता।

कालयवन् (पुं०) यवनों का काल।

कालयावनं (नपुं०) देर करना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कालयुति (स्त्री०) काल सम्भालना।

कालयोगिन् (पुं०) मृत्युंजयी।

कालरजनी (स्त्री०) श्यामल रात।

कालरात्रिः (स्त्री०) अंधेरी रात।

कालरोगः (पुं०) विकराल व्याधि, मृत्यु।

काललब्धिः (स्त्री०) सम्यक्त्व के ग्रहण करने योग्य समय। काललब्धि तो छद्मस्थ ज्ञान से बाहर की चीज है। (सम्य० ७३)

काललोकः (पुं०) समय, आवलि आदि। 'काललोकः समयावलिकादिः'।

कालवर्गणा (स्त्री०) लोक प्रमाण विशेष, एक समय से लेकर असंख्यात लोक प्रमाण तक।

कालवादः (पुं०) काल को महत्व देने वाला विचार। 'सव्वं कालो जणयदि भूदं सव्वं विणासदे कालो।' (अंगपण्णत्ति०२७७)

कालविप्रकर्षः (पुं०) कालवृद्धि।

कालप्रकृष्टः (पुं०) काल का व्यधान, लाभ-अलाभ, सुख-दुःख आदि व्यधान, सूर्यग्रहण, चन्द्रग्रहण आदि।

कालविमोक्षः (पुं०) पर्वादि समय पर जीवघात का निषेध।

कालबेला (स्त्री०) दिन का विशेष समय।

कालवृद्धिः (स्त्री०) समय का विकास।

कालव्यतिरेकः (पुं०) प्रत्येक समय की पृथक् पृथक् व्यवस्था। 'अपि चैकस्मिन् समये यकाप्यवस्था भवेन्न साऽप्यन्या। भवति च सापि तदन्या द्वितीय समयेऽपि कालव्यतिरेकः।' (पंचाध्यायी १/१४९)

कालशत्रु (पुं०) यमाराति। (जयो० वृ० ७/३५) * यमराज।

कालशुद्ध (वि०) काल के शुद्ध, पात्र के लिए समयोचित शुद्धता।

कालशुद्धदानं (नपुं०) दान देने के लिए निश्चित समय। 'कालं शुद्धं तु यत्किंचित्काले पात्राय दीयते।' (जैन ल० ३५२)

कालशुद्धिः (स्त्री०) समय की शुद्धता, पर्व आदि पर व्यधान होने पर शुद्धता।

काल-संरोधः (पुं०) बहुत समय तक काम न करना।

कालसदृश (वि०) उपयुक्त, सामयिक।

कालसमवायः (पुं०) काल की समानता। 'कालदो समवाओ-समयो समएण मुहुत्तो मुहुत्तेण समो।' (धव० १/१०१)

कालसमाधिः (स्त्री०) काल की प्रधानता पूर्वक समाधि।

कालसर्पः (पुं०) विषैला सर्प।

कालसंक्रमः (पुं०) एक काल से अन्य काल को प्राप्त होना। 'कालस्य अपुव्वस्स पादुब्भाओ कालसंकमो। (धव० १६/१४०)

कालसंयोगः (पुं०) सुषमादिकाल का सम्बन्ध। 'कालसंयोगपदानि यथा शारदः वसन्तः इत्यादीनि' (धव० १/७८)

काल-संसारः (पुं०) समय चक्र, दिन, रात, घड़ी, घंटादि एवं गति चक्र परिभ्रमण, विविध पर्याय की प्राप्ति।

कालसंस्थानं (नपुं०) कालक्षेत्र, काललोक, संचरण रूप आकार।

कालसामायिकं (नपुं०) अनुकूल-प्रतिकूल समय में समभाव। सामायिक समय में स्थिति।

कालसूत्र (नपुं०) मृत्युकाल।

कालस्तवः (पुं०) पंच कल्याणकों का स्तवन।

कालस्पर्शनं (नपुं०) काल द्रव्य का अन्य द्रव्यों के साथ संयोग।

कालागुरु (पुं०) चंदन। (जयो० ११/४) 'कालागुरोर्लेपन पङ्किलत्वाद्' (जयो० ११/४)

कालाणु (पुं०) काल के अणु रत्न राशि की तरह हैं, जो एक-एक लोकाकाशप्रदेश के ऊपर स्थित हैं।

कालातिक्रमः (पुं०) काल/समय का उल्लंघन। 'अकाले भोजनं कालातिक्रमः' (त० वा० ७/३६)

कालात्ययापदिष्ट (त्रि०) हेतु के विषय प्रत्यक्षादि से बाधित।

कालानुगमः (पुं०) काल की प्ररूपणा। जम्हि जेण वा तत्तव्वं परूविज्जदि सो अणुगमो। (धव० ९/१४१)

कालानुपूर्वी (स्त्री०) समय रूप स्थिति।

कालानुयोग (पुं०) भेद-प्रभेद की प्ररूपणा।

कालान्तर-वर्तिनी (स्त्री०) काल के अनन्तर होने वाली उत्पत्ति।

कालापः (पुं०)[काल+आप्+घञ्] सिर के बाल, २. सर्प फन ३. राक्षस, पिशाच, भूत। ४. कपाल। कालोमृत्युः आप्यते यस्मात्।

कालापकः (पुं०) [कालाप+वुन्] कलाप शिक्षा।

कालावग्रहः (पुं०) अपनी आयु का प्रमाण।

कालिक (वि०) [काल+ठक्] काल सम्बन्धी, कालाश्रित।

कालिका (स्त्री०) कालापन, मसी, स्याही।

कालिकी (स्त्री०) समयोचित, समय के अनुकूल, समयोचित

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

स्थिति। समयात् स महायशाः स्थितिं करसंयोजन-कालिकीमिति। (जयो० १०/५)

कालिक्युपदेशजात (वि०) दीर्घकालिक उपदेश को प्राप्त।

कालिङ्ग (वि०) [कलिङ्ग+अण्] कलिंग देश में उत्पन्न।

कालिङ्गः (पुं०) कलिंग देश का राजा।

कालिङ्गम् (नपुं०) तरबूज।

कालिन्द (वि०) [कलिन्द+अण्] यमुना नदी में प्राप्त।

कालिन्दी (स्त्री०) यमुना नदी। द्विडकीर्तिः कालिन्दी, सुरसरिदस्याथ कीर्तिरुदयन्ती (जयो० ६/४३)

कालिन्दीजलं (नपुं०) यमुना जल। 'कालिन्दीजलमपि श्यामलमिति प्रसिद्धम्' (जयो० वृ० ६/१०७)

कालिमन् (पुं०) [काल+इमनिच्] कालापन, कालिमा।

कालिय (वि०) कालिका नाम।

काली (स्त्री०) [काल+ङीप्] कालिमा, मसी, स्याई।

कालीकः (पुं०) [के जले अलति पर्याप्नोति-क-अल्-इकन्] क्रौञ्चपक्षी।

कालीनः (पुं०) समयगत, समय से सम्बन्धित।

कालीयं (नपुं०) चन्दन लकड़ी।

कालुष्यं (नपुं०) [कलुष+ष्यञ्] १. कालिमा, मलिनता, पंक युक्तता। २. कषायों से उत्पन्न भाव, क्षुभित चित्त, चित्त की व्याकुलता। 'कषायैः क्षुभितं चित्तं कालुष्यम्' (निय०टी० ६६)

कालेय (वि०) [कलि+ढक] कलिकाल से सम्बन्धित।

कालेयकः (पुं०) १. श्वान, कुत्ता, कुक्कर। २. चन्दन।

कालोज्झित (वि०) वर्षादि ऋतु में त्यागने योग्य।

कालोत्तरः (पुं०) उत्तरोत्तर वृद्धि।

कालोपक्रमः (पुं०) काल का बोध।

कालोपयोगः (पुं०) काल का संयोग। कालोपयोगेन हि मांसवृद्धी (सुद० १०२)

कालोपयोग-वर्गणा (स्त्री०) उपयोग काल में निरन्तर अवस्थित।

काल्पनिक (वि०) [कल्पना+ठक्] कल्पना, युक्त, खोटा, विचार शून्य।

काल्याणकं (नपुं०) (कल्याण+वुञ्) मांगलिक कार्य, शुभ प्रसंग का उत्सव। गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान और मोक्ष रूप कल्याणक।

कावः (पुं०) कंकर, कण। (जयो० २/१७)

कावचिक (वि०) [कवच+ठञ्] कवचधारी, बख्तरबंद।

कावूकः (पुं०) १. मुर्गा, कुक्कुट। २. चक्रवाक पक्षी।

कावेरं (नपुं०) केसर, जाफरान।

कावेरी (स्त्री०) एक नदी, जो दक्षिण भारत में बहती है।

काविलः (पुं०) १. एक राजा का नाम। (जयो० ६/४१) २. सुख से धनीभूत।

काविलदेशः (पुं०) काविलदेश।

काविलराज (पुं०) काविलदेश का राजा। (जयो० ६/४२) पुनरनु काविल राजं जनीकया तर्जनीकया कृत्वा। (जयो० ६/४१) 'अयि काविलराजोऽयं' (जयो० ६/४२)

काव्य (वि०) [कवि।ण्यत्] कवि के गुणों से युक्त, छन्दोबद्ध, रचनाकर्म, बन्ध संग्रथित। 'विरोधिता पञ्जर एव भातु निरौष्ठ्यकाव्येष्वपवादिता तु।' (सुद० १/३३)

काव्यकृतिः (स्त्री०) काव्यरचना, छन्दोबद्ध रचना। (वीरो० २२/३४)

काव्य-खण्डः (पुं०) छन्दोबद्धता का अंश।

काव्यगतकला (स्त्री०) काव्य से प्राप्त कला। (वीरो० २२/३५)

काव्यचोरः (पुं०) कविकर्म का चोर।

काव्यतुला (स्त्री०) काव्यतुलना। (वीरो० २/२६)

काव्यपथः (पुं०) काव्य रचना, कविता मार्ग। (समु० १/१२) नाहं कविर्मर्त्यभवी तु अस्मि सरस्वती संग्रहणाय तस्मिन्। ममाप्यतः काव्यपथेऽधिकारः समस्तु पित्री ननु बालचारः। (समु० १/१२) गतिर्ममैतस्मरणैक हस्तावलम्बिनः काव्यपथे प्रशस्ता।' (सुद० १/३)

काव्यमीमांसा (स्त्री०) साहित्यशास्त्र, काव्यगत विशेषताओं को निरूपण करने वाला शास्त्र।

काव्यमीमांसावलम्बी (वि०) साहित्यशास्त्री।

काव्यरचना (स्त्री०) काव्यकृति, काव्यपथ काव्यमार्ग, छन्दोबद्धमार्ग। (वीरो२२/३४)

काव्यरसिक (वि०) काव्य-सौन्दर्य के इच्छुक, काव्यपथ रसज्ञ, छन्दोबद्ध रचना में तल्लीन होने वाले।

काव्यलिङ्ग (नपुं०) काव्यलिङ्गमलंकार हेतु वाक्य में पदार्थ का आभास। सदसि यदपि भूभुजां च मान्यः, सेवक इव खलु भुवो भवान्यः। आत्मानं पश्यतोऽपि तस्य नान्यः, कोऽपि बभूव दृशि ज्ञस्य।। (जयो० २२/२६) उस ज्ञानी राजा की दृष्टि में कोई दूसरा नहीं रहता, सबको समान देखता। 'काव्यलिङ्गं हेतुर्वाक्यपदार्थता'

काव्यशास्त्रं (नपुं०) १. वृद्धसमय। २. कविकृतशास्त्र/रचना। (जयो० वृ० २/५४)

काव्योद्धरणं (नपुं०) काव्य रचना, काव्य बनाना। (समु० १/६)

काश् (अक०) चमकना, रमणीय होना, दिखाई देना, आभास होना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

काश् (सक०) प्रकाशित करना, मुद्रित करवाना, जलाना, प्रज्वलित करना।

काशः (पुं०) [काश्+अच्] घांस, (जयो० ९/३२) कांश विशेष का घांस, जो खेतों में अनावश्यक रूप से उत्पन्न हो जाता है, इसके ऊपरी भाग पर सफेद रुई की तरह गुच्छेदार पुष्प होते हैं, यह चटाई बनाने के काम आता है।

काशम् (नपुं०) काश पुष्प। (जयो० ९/३२)

काशयशः श्रियि (वि०) काश के पुष्प की तरह यश एवं लक्ष्मी वाले। अयि महाशय काशयशः श्रिया परिकृतोऽरि-कृतोऽसि मयाऽधिया। (जयो० ९/३२) 'कस्यात्मन आशाऽ-भिलाषा यत्र तस्य यशसः श्रिया' (जयो० वृ० ९/३२)

काशि (स्त्री०) [काश्+इक्] एक देश का नाम।

काशि (स्त्री०) [काश्+इन्, काश्+अच्+ङीप्] काशी नगरी, जिसे वाराणसी, बनारस भी कहते हैं, यह गंगा किनारे स्थित गोमुखी आकृति की रमणीय नगरी है। (जयो० ५/३५)

काशिका (स्त्री०) काशिका नामक वृत्ति, टीका, टिप्पणी। (जयो० ९१) आचार्य पूज्यपाद की वृत्ति पाणिनीय व्याकरण पर वृत्ति 'काशिकानामाष्टाध्याय्या उपरि कृतां वृत्तिं सर्वतोऽपि समन्तादपि धिषणाभिर्बुद्धीभिः ययु' (जयो० वृ० ४/१६) २. नगरी-अमी सर्वे अर्ककीर्त्यादय काशिकां नगरीं। (जयो० वृ० ४/१६)

काशिकाधिकरणः (पुं०) १. राजा अकम्पन। २. अतिवृद्ध। (जयो० वृ० ७/६३) काशिका नगरी अधिकरणं यस्य स काशिकाधिकरणोऽकम्पनः स महान् पूज्य एव, इतोऽस्मत्-पार्श्वे। अथवा कस्य यमस्य याशिकाऽभिलाषा साऽधिकरणं यस्य सः, अतिवृद्ध इयवज्ञा ध्वन्यते' (जयो० वृ० ७/६३)

काशिकानरपतिः (पुं०) काशिराज, राजा अकम्पन राजा। (जयो० ४/१)

काशिकानृपतिः (पुं०) काशिराज, राजा अकम्पन। (जयो० ५/५५) काशिकानृपति-चित्त-कलापी सम्मदेन सहसा समवापि। (जयो० ५/५५) काशिकाया नृपतेः श्री अकम्पनमहाराजस्य' (जयो० वृ० ५/५५)

काशिकापतिः (पुं०) काशिराज (जयो० ४/२१)

काशिन् (वि०) प्रभा, क्रान्ति।

काशिनरपतिः (पुं०) काशिराज अकम्पन।

काशिनरेश (पुं०) काशिराज। (जयो० ४/२८, ५/६)

काशिनृपतिः (पुं०) राजा, काशीराज।

काशिपतिः (पुं०) काशिराज। (जयो० ४/१७)

काशिप्रभुः (पुं०) काशिराज। (जयो० ७/२२)

काशिभूपतिः (पुं०) काशिराज, राजा अकम्पन। (जयो० ५/३५, ५/५६)

काशिभूमिपतिः देखो ऊपर।

काशिराज (पुं०) काशिपति, काशी का राजा। (जयो० वृ० ७/२२)

काशी (स्त्री०) [काश्+इन+ङीप्] काशी नगरी, प्राचीन नगर। 'विस्तृता व्यापन्नवर्त्मवती काशी' (जयो० वृ० ३/८४) २. शिवपूः, काशी मुक्तिश्च। (जयो० वृ० ३/११४) काशिमाशु सकलाः समवापू राजतेऽतिविमला खलु या पूः।' (जयो० ५/५) यस्या सा काशीः स्वर्गपुर्येव वर्तते।' (जयो० वृ० ३/३०) श्रीधरोऽधीश्वरो यस्याः सा काशी रूचिरा पुरी।

काशी (वि०) आत्माभिलाषिणी। 'क' अर्थात् आत्मा की आशा वाली आत्म स्वरूप प्राप्त करने वाली आत्माभिलाषिणी। (वीरो० १४/

काशीदेशः (पुं०) काशीक्षेत्र। (जयो० ९/३०)

काशीनरेशः (पुं०) काशी राजा, श्रीधर राजा का बड़ा भाई। (जयो० वृ० ३/९०)

काशीनगरी (स्त्री०) काशीपुरी। (जयो० ८/६७)

काशीपतिः (पुं०) काशिराज, अकम्पन, शान्तिवर्मा राजा। (जयो० ३/७१)

काशीराज (पुं०) काशिराज अकम्पन राजा।

काशीविशा (पुं०) काशपति।

काशीशसुतः (पुं०) काशिराज का पुत्र। काशीशसुता हेमाङ्ग वाद्या इतो जयकुमारपार्श्वतो (जयो० वृ० ८/५३)

काशीश्वर-तनु (पुं०) काशिराज का पुत्र।

काश्चन (अव्य०) किसी, कोई। स कमप्यद आह काश्चनारं। (जयो० २/१११)

काश्मरी (स्त्री०) एक लता, छोटा पादक विशेष, जो गंध युक्त होता है।

काश्मीर (वि०) काश्मीर देश का उत्पन्न। (जयो० ६/७३)

काश्मीरं (नपुं०) केशर।

काश्मीरज (वि०) काश्मीर में उत्पन्न। (जयो० ६/७६)

काश्मीरजन्मन् (नपुं०) केशर, जाफरान।

काश्मीरपतिः (पुं०) कश्मीर देश का राजा। अयमस्ति रतिप्रतिमे काश्मीर पतिः रतीशमतिः। (जयो० ६/७३)

काश्यं (नपुं०) मदिरा, मद्य, शराब। कुत्सितं अश्यं यस्मात्।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

काश्यपः (पुं०) [कश्यप+अण्] कणादऋषि।

काश्यपी (स्त्री०) [काश्यप+ङीष्] भूमि, भू, धरा, पृथ्वी।

काषः (पुं०) [कष्+घञ्] रगड़ना, खुरचना।

काषाय (वि०) [कषाय+अण्] गेरुआ, लाल रंग में रंगा हुआ।

काष्ठं (नपुं०) लकड़ी, ईंधन की लकड़ी। (जयो० ६/२९) १. लट्ठा, लट्ठ, २. माप विशेष। (वीरो० २/ ३. दिशा (जयो० ६/२९)

काष्ठ-कदली (स्त्री०) जंगली केला।

काष्ठकर्मः (पुं०) काष्ठ सम्बन्धी क्रियाएं, काष्ठ की प्रतिमा। आदिकर्म काष्ठे क्रियन्ते इति निष्पत्तेः' कट्ठेसु जाओ पडिमाओ घडिदाओ दुवय-चउप्पय-अपाद-पाद-संकुलाणं ताओ कट्ठकम्माणि णाम (धव० १३/२०२)

काष्ठकीटः (पुं०) घुग, एक क्षुद्र जन्तु, जो लकड़ी को घुण करता है।

काष्ठ-कूटः (पुं०) खुटबढ़ई, कटफोड़वा।

काष्ठ-कुट्टः (पुं०) कटफोड़वा एक पक्षी।

काष्ठ-कुदालः (पुं०) लकड़ी के कुदाल।

काष्ठतक्ष (पुं०) बढ़ई, सुथार, विश्वकर्मा।

काष्ठतक्षकः (पुं०) बढ़ई, सुनार, विश्वकर्मा।

काष्ठतन्तुः (पुं०) शहतूत का कीट।

काष्ठदारुः (पुं०) देवदारू।

काष्ठद्रुः (पुं०) ढाकवृक्ष, पलाश तरु।

काष्ठनिचयः (पुं०) दारुसम्भार, लकड़ी समूह। (जयो० ४/५१)

काष्ठपुत्तलिका (स्त्री०) कठपुतली।

काष्ठफलकः (पुं०) लकड़ी का तख्ता। (दयो० २/१३)

काष्ठभारिकः (पुं०) लकड़हारा।

काष्ठभारिका (स्त्री०) लकड़हारिन्।

काष्ठमठी (स्त्री०) चिता।

काष्ठमल्लः (पुं०) अर्थी।

काष्ठलेखकः (पुं०) घुण, लकड़ी का कीट।

काष्ठलोहिन् (पुं०) लोह युक्त दण्ड, बांस के दण्ड में जड़ा जाने वाला लोह।

काष्ठवारः (पुं०) लकड़ी की दीवार।

काष्ठसंघः (पुं०) दिगम्बर साधुओं का संघ। (सुद० ४/२६)

काष्ठा (स्त्री०) [काश्+कथन्+टाप्] १. दिशा, प्रदेश, भाग, हिस्सा, २. प्रमाण विशेष-'पञ्चदशाक्षिनिमेषा काष्ठा' (धव० ६/६३) 'पञ्चदशनिमिषैः काष्ठा' (पंचा०वृ०२५)

काष्ठागत (वि०) सम्पूर्ण दिशाओं स्थित। (जयो० ६/२९) काष्ठासु दिक्षु गतानां स्थितानाम् (जयो० वृ० ६/२९) काष्ठाद् इन्धनागत उपलब्धो य' (जयो० वृ० ६/२९)

काष्ठांगारः (पुं०) एक धूर्त मंत्री, जिसने जीवंधर कुमार के पिता का विनाश किया।

काष्ठागारः (पुं०) काष्ठनिर्मित गृह, लकड़ी का घर।

काष्ठाभ्यन्तरः (पुं०) काष्ठा का भीतरी भाग। (दयो० ३२)

काष्ठाम्बुवाहिनी (स्त्री०) लकड़ी का ढोल।

काष्ठासंघः (पुं०) दिगम्बर साधुओं की एक प्राचीन परम्परा का संघ।

काष्ठिकः (पुं०) [काष्ठ+ठन्] लकड़हारा।

काष्ठिका (स्त्री०) पाटा, लकड़ी का टुकड़ा।

काष्ठी (स्त्री०) एक ग्रह।

काष्ठीला (स्त्री०) [कुत्सिता ईषत् वा आष्ठीलेव] केल-तरु, कदली पादप।

काष्ठोलूखलः (पुं०) काष्ठ का ऊखल। (जयो० वृ० २/८०)

काष्ठोदयः (पुं०) समिधा समूह, काष्ठसंग्रह। (जयो० १५/६७)

कास् (अक०) १. चमकना, स्फुरित होना, खांसना।

कासः (पुं०) [कास्+घञ्] खांसी, जुकाम, कफ की प्रवृत्ति बढ़ना। (जयो० १०/६२) 'णमो कुट्ठबुद्धीणं मंत्र जाप से भी यह रोग शांत होता है।

कासकुष्ठ (वि०) कफ से पीड़ित, खांसी से व्याकुल।

कासहृत (वि०) खांसी दूर करने वाला।

कासरः (पुं०) [के जले आसरति- क+आ+सृ+अच्] भैंसा।

कासरी (स्त्री०) भैंसा।

कासारः (पुं०) [कास्+आरन् कस्य जलस्य आसारो यत्र] जोहड़, तालाब, सरोवर। (वीरो० १२/१००)

कासीर-तीरः (पुं०) सरोवर के निकट, सरोवर तट। (वीरो० १२/१)

कासू (स्त्री०) ०कुन्तल, ०भाला, ०एक नुकीला अस्त्र। ०शक्ति। (जयो० ८/३)

कासृतिः (स्त्री०) [कुत्सिता सरणिः] पगडंडी, गुप्तमार्ग।

काहल (वि०) [कुत्सितं हलं वाक्यं यत्र] शुष्क, मुरझाया, उदासीन, खिन्न।

काहलः (पुं०) बिडाल, बिलाव, मुर्गा, कौवा।

काहलं (नपुं०) वाचाल वचन, अस्पष्टवाणी, अव्यक्त वर्ण, असभ्य भाषण।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

काहलत्व (वि०) उच्चारण की स्पष्टता रहित, अव्यक्त वचन वाला।

काहली (स्त्री०) तरुणी, यौवना।

किं (सर्व०) कः (पुं०) कि (नपुं०) क्या।

का (स्त्री०) (अव्य०) (किं०) किं परयस्यपि (जयो० १२/१२८) (सुद० ३/४२) तत्त्वतः कः किं कस्य सिद्धिरने-कान्तस्य। (सुद० ९१) कः (प्रथमा) कः परलोक (सुद० ११) किं का तृतीया में केन, काभ्याम् कैः। केनोद्धृतः स्तम्भ इवापि देव। (सुद० २/१४) यस्या न केनापि रहस्य भावः। (सुद० २/२०)

कं द्वितीया एक वचन

कं लोक (जयो० १/११०) करोत्यनूढा स्मयकौ तु कं न। (सुद० २/२१)

कस्य-(६/१) सुद० ३/४७।

कस्मै: (४/१) सुद० १२५।

किं कर्त्तव्य विमूढः (पुं०) अवाक्। (सुद० ७९)

किंकरता (वि०) कर्तव्यशीलता, सेवकपना। (वीरो० ९/२८) (जयो० २०/७४)

किंकिरारातः (पुं०) [किंकर+अत्+अण्] कीर, तोता, शुक। १. कोमल, २. कामदेव, ३. अशोक तरु।

किं करुणी (वि०) कर्मकारिणी, कर्मचारिणी। (जयो० ११/९९)

किङ्करः (पुं०) भृत्य, नौकर। (जयो० ७/६३)

किङ्करी (स्त्री०) अनुचरी। (जयो० वृ० १०/११)

किङ्करिणी (स्त्री०) दासी, अनुचरी। (सुद० ७५)

किंपाकः (पुं०) किंपाकफल। (जयो० २७/८४)

किंवत् (वि०) निर्धन, तुच्छ, नगण्य।

किं शारूः (पुं०) धान्य बाल का अग्रभाव।

किंशुकः (पुं०) ढाक तरु, टेसू वृक्ष।

किंशुकं (नपुं०) टेसू का पुष्प, पलाश पुष्प। (समु० ६/६) पलाशिता किंशुक एव यत्र द्विरेफवर्गे मधुपत्वमत्र। (सुद० १/३३)

प्रियाल मुनिर्वाचियमे बुद्धे प्रियाला गास्त्यकिंशुके' इति वि० (जयो० २१)

किंशुलकः (पुं०) ढाकतरु।

किङ्कणी (स्त्री०) [किंचित् कणति-कण्+इन्+ङीप्] घुंघरु, आभूषण में लगने वाला क्वणित शब्दात्मक घुंघरू।

किङ्कणिका देखो ऊपर।

किङ्किणीका (स्त्री०) घुंघरु। (वीरो० २/३५)

किञ्च (अव्य०) कुछ, थोड़ा। (जयो० १/२३) किसी (समु० २/३०)

किञ्चित् (अव्य०) ०कुछ, ०थोड़ा सा, ०अल्प, ०बहुत कम। (सुद० १०३) भक्ति०२। 'किञ्चिच्छुभोदर्कवशात्तथैतः' (सुद० ४/१८)

किञ्चित्-कालः (पुं०) कुछ समय, अल्पकाल। किञ्चित्कालमतिक्रम्य द्विगुणत्वमथाञ्चति। (सुद० १२६)

किञ्चिदपरमपि (अव्य०) कुछ अन्य नहीं। (दयो० ९४)

किञ्चिदपि (अव्य०) ०कुछ भी, ०अल्प भी, ०थोड़ा सा भी। (दयो०)

किञ्चिद-वृत्तं (नपुं०) कुछ गोलाकार। (सुद० १२२)

किञ्जलः (पुं०) एक लघु पादप, पानी में खिलने वाला कमलाकार छोटा पुष्प।

किञ्च (अव्य०) कुछ भी। (जयो० वृ० १/२)

किटिः (स्त्री०) [किट्+इन्+किञ्च] सूकर, सुअर।

किटिभः (पुं०) जू, लीख, खटमल।

किट्टम् (नपुं०) कीट, मैल मल। (जयो० २/८१)

किट्टप्रतिपातिः (वि०) कीट विमुक्त। (वीरो० १७/७)

किणः (पुं०) १. अन्न, धान्य कण। २. यश, गुण-नृपतेस्तु मुदे नदी किण-स्थिरतेवाग्निमवर्षपत्रिणः' (जयो० १३/५४) ३. चिन्तन करना-समनुभवंत स्वात्मनः किणम्' (सुद० १२२) 'किणं गुणं विकीर्णधान्यञ्च धरति' स्वीकरोति' (जयो० वृ० ७/९०)

किण-धारिन् (वि०) गुणधारी (जयो० वृ० ७/९०) 'किण-धारिणः किल पुनीत-पक्षिणः।' (जयो० ७/९०)

किण्वं (नपुं०) [कण+क्वन्] पाप।

कित् (सक०) १. चाहना, इच्छा करना। २. चिकित्सा करना।

कितवः (पुं०) धूर्त, झूठा, कपटी, छली। (जयो० १६/७०) २. धतूरा पादप।

किन्तु (अव्य०) जो कि, परन्तु, तथापि (समु० ३/११, जयो० १/१५)

किन्धिन् (पुं०) [किं कुत्सिता धीर्बुद्धिरस्य किं धी+इनि] अश्व, घोटक।

किन्तु किं (अव्य०) किन्तु क्या (जयो० ४/४०)

किंतया (अव्य०) उसमें भी क्या। (सुद० ९८)

किमस्मदीय (वि०) क्या हमारे जैसे। (वीरो० ८/२९) 'किमस्मदीय-बाहुभ्यां प्रियाया गलमालभे।'

किमिति (अव्य०) क्या। 'गम्यतां किमिति सम्प्रति। (जयो० ४/५)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

किमिच्छदानं (नपुं०) इष्ट दान क्या है? (सुद० २/१५)

किमिदानीं (अव्य०) इस समय और क्या? 'किमिदानीं न दानिन् रसं यामि।' (सुद० ७३)

किमिह (अव्य०) और तो क्या? 'किमिह पुनर्न बभूव विषादी' (सुद० ११२)

किमु (अव्य०) क्या? कभी। किमु बीजव्यभिचारि-अङ्कुरः (सुद० ३/८) क्षौद्र किलाक्षुद्रमना मनुष्यः किमु सञ्चरेत्। (सुद० १३०) किमु मस्तकेन चरणं (जयो० २/११५)

किमु न (अव्य०) क्यों नहीं। (सुद० ९२)

किमुत (अव्य०) इधर क्या। (सुद० ८१) क्यों नहीं। (वीरो० १/१०)

किन्न (अव्य०) जैसे कि (सुद० ७८)

किन्नर्हि (अव्य०) क्यों नहीं। (सुद० ८१)

किन्नरः (पुं०) किन्नर नामक देव, गन्धर्वि। किन्नरनाम-कर्मोदयात् किन्नरा। (त० वा० ४/११) नहि किन्नर एष किन्नरो (जयो० १०/७९)

किन्नरी (स्त्री०) १. देवाङ्गना, गन्धर्वणी। (दयो० १०९) कुत्सितनरी किन्नरि (जयो० ११/१३) २. नीच स्त्री अतिमार्दवतो नभश्चरी स्ववभातोव गुणेन किन्नरी। (समु० २/८)

किन्नु (अव्य०) क्यों नहीं, क्या नहीं। सागसोऽप्याङ्गिनो रक्षेच्छक्त्या किन्नु निरागसः। (सुद० ४/४१)

किम्मुचित् (अव्य०) क्या कभी नहीं। (जयो० २/६५)

किन्नेति (अव्य०) क्यों नहीं क्या नहीं। 'किन्नेति चेतसि स भद्रतया विचार्य। (सुद० ४/२४)

कियत् (वि०) कितना बड़ा, कितना बृहद, किन गुणों का, किस गिनती का।

कियद्विधा (वि०) कतिपय प्रकारा, कितने प्रकार का। (जयो० २३/३०)

किरः (पुं०) [कृ+क] सूकर।

किरकः (पुं०) [कृ+ण्वुल्] १. लिपिक, लेखाकार, २. सूकर।

किरणः (पुं०) प्रभा, चमक, कान्ति, चन्द्र, सूर्य, प्रकाश। (जयो० १/१०५)

किरणक्षेपकं (वि०) करकृत, प्रकाश करने वाला। (जयो० वृ० १८/९४)

किरणमय (वि०) प्रकाश युक्त।

किरणमालिन् (पुं०) सूर्य, दिवाकर।

किरणसंसर्गः (पुं०) प्रभावलम्बन। (जयो० १/१०५)

किरातः (पुं०) [किरं पर्यन्तभूमिम अतति गच्छतीति किरातः] चिलात, पर्वतीय जाति के लोग, भील या आदिवासी।

किराती (स्त्री०) चिलाती, भीलनी।

किरिः (पुं०) [कृ+इ] सूकर, ग्रामसूकर , किरिरेव समस्तु हरिर्वस्य (जयो० २३/४९) २. मेघ, बादल उवराह।

किरीटः (पुं०) मुकुट, शिरोपधान। (जयो० १७/६६)

किरीदाच्छादनं (नपुं०) शिरोपधान, मुकुटधारक। (जयो० १७/६६)

किरीटिन् (वि०) [किरीट+इनि] मुकुटधारी।

किर्मीर (वि०) [कृ+ईरन्] चितकबरा, रंग बिरंगा।

क्रियमाण (वि०) किया जाने वाला। (जयो० १/११)

किल (अव्य०) निश्चय या निर्धारण सम्बन्धी अव्यय। निश्चय ही। (जयो० १/७) वीरो० १/५। अवश्य-

अतएव-(सुद० ९९)

अपूर्व-पूर्णाऽऽशास्तु किलाऽपरिघूर्णा (सुद० ९९)

अत्यन्त-एकाकिनं यथाजाते किलाऽऽनन्देन मण्डिता। (सुद० ९७)

जैसा कि 'भोगानात्मनाऽनुभवितुं किल रोगान्, (समु० ५/३)

एवं, प्रकार-किलेत्येव प्रकारा परिस्थितिः (वीरो० २/४१)

वास्तव में-'किलार्य खण्डोत्तम नामधेयम्' (सुद० १/१४)

ऐसा, इस प्रकार का-शयनीयोऽसि किलेति शापित (सुद० ३/२२)

किन्तु-तकाल्लतल्पन किलारि नार्गः (जयो० १/२६)

क्योंकि (जयो० १/२३)

यद्यपि-'प्रवादस्य किल प्रपूर्ति (सुद० १/३५)

परन्तु-किलानकोऽप्येष पुनः प्रवीणः। (सुद० २/२) 'नक्र पर्यन्त-दीर्घोऽहिनील: किल केशपाशः। (सुद० २/८) घृणा, कारण, हेतु, आशा, संभावना आदि में भी किल का प्रयोग होता है।

किलः (पुं०) [किल्+क] क्रीड, क्रीडा, खेल।

किलकिंचितं (नपुं०) उत्तेजना, प्रेम-मिलन पर हास-परिहास।

किल-किलः (पुं०) हर्ष, आनन्द, किलकारी, गुंजन, गुंज।

किलकिलाटः (पुं०) छोंक। किलकिलाटवदङ्गगतं न तु किमु न पश्यसि गोरस-सारिके। (जयो० २४/१३७)

किलकिलायते किलकारी करना, हर्षित करना।

किलाकं (अव्य०) निश्चय ही, वास्तव में। भाग्येन तेनास्तु समागमोऽपि साकं किलाकं यदि नोऽथलोपि। (सुद० २/२२)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

किलानकं (नपुं०) निरुपद्रव, शुभ्र, श्वेत। शशिबिम्बमिरातपत्रकं भवत: प्राभवत: किलानकम् (जयो० २६/१५)

किलायस: (पुं०) लोह परिणाम, कठोर भाव, लोहे से निर्मित। (जयो० वृ० ७/१०३)

किलालक: (पुं०) चूर्ण कुन्तल, केश समूह। कृत्वा करं मृदुनाशुकेन किलालकच्छविलाञ्छितम्। (जयो० १८/१०३)

किलिंजं (नपुं०) [किलि+जन्+ड] १. चटाई, आसन। २. फलक।

किल्विन् (पुं०) [किल्+क्विप्] अश्व, घोड़ा।

किलेत: (अव्य०) इस तरह की। चाण्डालचेतस्युदिता किलेत: सविस्मये दर्शक सञ्चयेऽत:। (सुद० ८/९)

किलैकदा (अव्य०) कभी-कभी, किसी तरह से भी। 'ममैकाकी किलैकदा' (सुद० ८५)

किलैक-लोक: (पुं०) भले-बुरे लोग। 'विरज्यतेऽतोऽपि किलैकलोक:' (सुद० १/१०)

किशलय: (पुं०) [किंचित् शलति-किम्+शल् न कयन्] कोंपल, अंकुर, पल्लव, कुपल (जयो० १२/१०६)

किशोर: (वि०) [किम्+शृ+ओरन] वत्स, बछड़ा, बच्चा, तरुण १६ से कम आयु का युवक। २. अनङ्कुरितकूर्चक, दाढ़ी, मूंछ रहित (जयो० वृ० २/१५३)

किशोरवयस् (पुं०) किशोर वय, युवा। (जयो० २/१५९)

किशोरी (स्त्री०) षोडशी, प्रौढवयस्का, तरुणंगिता, तरुणी। (जयो० वृ० १२/१११)

किष्किन्ध: (पुं०) गिरि, पर्वत विशेष।

किष्कु (वि०) दुष्ट, नीच। १. प्रमाण विशेष, दो हाथ प्रमाण। -'द्विहस्त: किष्कु:' (त० वा० ३/३)

किसलय: (पुं०) पल्लव, अंकुर, प्रवाल, कुपल युक्त कोंपल।

किसलयशकलोदित (वि०) पल्लव खण्ड। किसलायानां सद्योजातपल्लवानां शकलानि खण्डानि तेभ्यो उदितेन (जयो० १४/४२)

कीकट (वि०) दरिद्री, निर्धनता युक्त।

कीकश: (पुं०) अस्थि, हड्डी। (जयो० २५/२०)

कीकसा (वि०) [की-कुत्सितं यथा स्यात्तथा कसति] कठोर, दृढ़, शक्तिशाली।

कीकसं (वि०) अस्थि, हड्डी। (दयो० ४२)

कीकसदाम: (पुं०) हड्डियों की माला। (दयो० ४२)

कीचक: (पुं०) बांस, छिद्र युक्त बांस, खोखला बांस। २. एक जाति विशेष।

कीट: (पुं०) [कीट+अच्] ०कृमि, ०कीड़ा क्षुद्र जंतु।। कीटकादीनां च सा तथा (दयो० १/२३)

कीटक: (पुं०) [कीट+कन्] कृमि, कीड़ा। २. एक जाति विशेष।

कीटानुवेध रहित (वि०) कीट/कृमि के भेद से रहित।

कीदृक् (वि०) कैसा, किस तरह का। (मुनि० १५) किस प्रकार का, किस स्वभाव का। 'क: कीदृक् कार्यपरायण' (जयो० वृ० ३/३)

कीदृग् देखो ऊपर।

कीदृगनार्य: (पुं०) कैसा अनार्य। (जयो० वृ० ४/४८)

कीदृगिति (अव्य०) इस प्रकार का कैसे। ज्ञानवतो भोजनं कीदृगिति कथयति। (जयो० २७/४६)

कीदृगेतदिति (अव्य०) कहीं पर भी। 'कीदृगेतदिति केन वोच्यते' (जयो० २/८३)

कीदृश् (वि०) किस प्रकार का, किस प्रकृति का, कैसा। (जयो० १/९४)

कीदृशासन् (वि०) किस प्रकार का होता हुआ। (जयो० १/५)

कीदृशी (अव्य०) किस प्रकार की, किस स्वभाव की। (जयो० ११/७२)

कीनाश (वि०) ०निर्धन, ०दरिद्र, ०कृपण, ०तुच्छ, ०लघु, ०निम्न, ०नीच, ०पतित, ०अधर्म, ०गिरा हुआ।

कीनाश: (पुं०) यमराज, यम।

कीर: (पुं०) [की इति अव्यक्त शब्दं ईरयति की+ईर्+अच] शुक, तोता। (जयो० ११/६०, समु० ५/८)

कीरसमूह: (पुं०) शुकसन्निचय। (जयो० वृ० १३/४०)

कीरा (वि०) कश्मीर निवासी।

कीर्ण (वि०) [कृ+क्त] व्याप्त, विस्तृत।

कीर्तितन्तु (वि०) स्नेह प्रकट करने वाला। (वीरो० ९/२९)

कीर्तिदेव (पुं०) कदम्बराज। (वीरो० १५/४२)

कीर्तिपाक (पुं०) चौहानवंश का राजा। (वीरो० १५/५) फैला हुआ, फेंका हुआ, क्षिप्त। स्थानं संयमघातकं शठजनै: कीर्णं च दूरात्त्यजेत्। (मुनि० २९) 'यत्र गंधोदसंसिक्ता: कीर्णपुष्पाश्च वीथय:' (जयो० ३/८३) कीर्णानि इतस्तत: क्षिप्तानि (जयो० वृ० ९/८३)

कीर्णि: (स्त्री०) फैलाना, फेंकना, छिपाना, गुप्त करना, ढकना, आच्छादित करना।

कीर्तनं (नपुं०) [कृत्+ल्युट्] वर्णन, स्तुति, विवेचन, गुणगान। (जयो० २/६०)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कीर्तिः (स्त्री०) [कृत+क्तिन्] यश, प्रसिद्धि, ख्याति, प्रभा, कान्ति। (जयो० वृ० १/४५) (जयो० ६/८८) (वीरो० २/२०) नामविशेष (जयो० १/७१) 'कीर्तिः गुणोत्की 'र्तनरूपा' कीर्तन्ते जीवादयस्तत्त्वार्थां यया सा।

कीर्तिगानं (नपुं०) यशोगान। (जयो० २४/८०)

कीर्तिजयी (वि०) यशस्वी।

कीर्तित (वि०) उच्चारण संकेत।

कीर्तिधर (वि०) ख्याति प्राप्त, प्रसिद्धि युक्त।

कीर्तिबहुल (वि०) यशोमय। (जयो० वृ० १/५)

कीर्तिभाज् (वि०) यशस्वी।

कीर्तिमय (वि०) कीर्तियुक्त। (सुद० ८२)

कीर्तिलोदग्री (वि०) भृकुटी चढ़ी हुई। (जयो० १६/८०)

कीर्तिवार्ता (वि०) यशोगान युक्त, संकथा। (जयो० वृ० ३/३५)

कीर्तिवृक्षः (पुं०) यशोवृक्ष। (जयो० वृ० ६/८०)

कील् (सक०) बांधना, बंधन युक्त करना, आधीन करना।

कीलः (पुं०) [कील्+घञ्] कील, लोला, खूंटी। २. आयुध, नोंक युक्त शस्त्र।

कीलकः (पुं०) [कील+कन्] खूंटी, खंभा, स्तम्भ, खील। २. बाण। (वीरो० १७/४२)

कीलनं (नपुं०) बन्धन, बंधना। किमधुना न चरन्त्यसबश्चराः स्वगमिताः किमु कीलनमित्वराः। (जयो० ९/७)

कीलालः (पुं०) [कील+अल्+अण्] अमृत तुल्य पेय पदार्थ।

किलिकिंचितं (नपुं०) रोष, भयादि का मिश्रण।

किल्विषः (पुं०) पाप।

किल्विषकर्मा (वि०) घृणित कार्य करने वाले, पाप बंध युक्त कार्य करने वाले।

किल्विषिकः (पुं०) देव जाति का एक नाम। किल्विषं पापं येषामस्ति ते किल्विषिकाः (स०सि०४/४)

किल्विषिक-भावना (स्त्री०) दोष युक्त भावना।
तित्थयराणं पडिणीओ संघस्स य चेइयस्स सुत्तस्स।
अविणीदो णियडिल्लो, किब्विसियेसुदवज्जेइ।।(मूला ०२/३०)

क्रीड् (अक०) खेलना।

क्रीडनकः (पुं०) खिलौना। (जयो० वृ० १/१०)

कीलिका (स्त्री०) [कील+कन्+टाप्] धुरे की कील, कीला।

कीलिका संहननं (नपुं०) कीलों सहित होना। (त० वा० ४/११)

कीलित (वि०) कीलन, उखाड़ने वाला। सद्यो विनाशमायाति कीलोत्पाटीव वानरः। (दयो० २/१३)

कीश (वि०) नग्न। २. लंगूर, वानर, ३. सूर्य, ४. पक्षी।

कीशकुलोद्भव (वि०) कीश/वानर कुल में उत्पन्न होने वाले (वीरो० ९/२)

कु (अव्य०) त्रुटिपूर्ण कार्यों के संकेत में इसका प्रयोग होता है। ०पापजन्य, ०निन्दनीय, ०अनिष्ट, ०हानिकारक। ०अभावयुक्तनीय, निम्न, ह्रास युक्त। (सम्य० ९२)

कु (अक०) ध्वनि करना, शब्द करना।

कु (पुं०) कवर्ग क, ख, ग, घ, ङ। (जयो० वृ० १/३९)

कुकर (वि०) पाप करने वाला, नीचता करने वाला।

कुकर्मन् (नपुं०) निम्न कार्य, नीच कार्य, अधम प्रवृत्ति। (सम्य० ७५) अक्षाधीनधिया कुकर्म-कलना मा कुर्वतो मूढ! ते। (मुनि० १९)

कुकर्म-कथा (स्त्री०) निम्न कार्य सम्बंधी कथा, नीच/पाप जन्य कहानी। (सुद० ९०) छन्नमित्यविपन्नसमया खलु कुकर्मकथा तु। (सुद० ९०)

कुकर्मकलना (स्त्री०) खोटे कर्मों का बन्ध। (मुनि० १९)

कुकभं (नपुं०) [कुकेन आदानेन पानेन भाति कुक+भा+क] मदिरा, मद्य, सुरा।

कुकीलः (पुं०) पर्वत, पहाड़, गिरि।

कुकुदः (पुं०) अलंकार, विभूषण, आभूषण।

कुकुंदरः (पुं०) नितम्ब का ऊपरी भाग।

कुकुरा (स्त्री०) एक देश, दशार्ह नामक देश।

कुकूलः (पुं०) भूसी, तुष, चोकर।

कुकूलं (नपुं०) छिद्र, गर्त, खाई।

कुक्कुटः (पुं०) १. मुर्गा। २. चिनगारी, ताम्रचूड़। (जयो० १/७८)

कुक्कुटवाक् (नपुं०) मुर्गे की बांग। 'श्रुतकुक्कुटवाक् प्रगेतरां' (जयो० १०/८)

कुक्कुटी (स्त्री०) मुर्गी। ताम्रचूड़।

कुक्कुभः (पुं०) [कुक्कु शब्दं भासते कुक्कु+भास+ड] मुर्गा, कुक्कुट।

कुक्कुरः (पुं०) [कोकते आदत्ते-कुक्+क्विप्] कुक् किंचिदपि गृह्णतं जनं दृष्ट्वा कुरति शब्दायते-कुक्+कुर+क, कुत्ता, श्वान (सुद० ८९) 'श्वा कुक्कुरश्चुकूज शब्दं चकार' (सुद० ४/४२) 'मूला ततः कुक्कुरतामुपेतः' (सुद० ४/१८)

कुगत (वि०) कुगति करने वाला।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कुगतिः (स्त्री०) पाप प्रवृत्ति, बुरा आचरण।

कुगुरु (पुं०) खोटे गुरु, पाखंडी, कुगुरु कुत्सिताचार।

कुगेहं (नपुं०) कुस्थान, पापस्थान।

कुग्रहः (पुं०) अमंगलकारी ग्रह, अनिष्ट ग्रह।

कुड्मलः (पुं०) कोरक भाग, स्तन अग्रभाग, स्तन का श्यामल प्रान्त। (जयो० १७/४३)

कुक्षः (पुं०) उदर, पेट।

कुक्षिः (पुं०) पेट, उदर, गर्भाशय। (जयो० ३/२७) गर्भ का भीतरी भाग। गर्त, गुफा। (जयो० १२/१०९) कुक्षिरमुक्ष्याः पततु पुनर्नाभः

कुक्षिम्भरि (वि०) [कुक्षि+भृ+इन्] पेटू, पेट भरने वाला।

कुच् (सक०) १. कठोर ध्वनि करना, चमकना, झुकाना। २. अंकित करना, चिह्नित करना। ३. टेढ़ा करना, घटाना।

कुचः (पुं०) [कुच्+क] स्तन, उरोज, चूचो। (सुद० १००) कालोपयोगेन हि मांसवृद्धि कुचच्छलात्तत्र समासगृद्धिः। स्त्री के शरीर में काल के संयोग से वक्षस्थल पर मांसवृद्धि होती है, वे कुच कहलाते हैं। 'काठिन्यमेवं कुचयोर्युवत्याः' (सुद० १/३४)

कुच-कुड्मलान्तः (पुं०) स्तनकोरक, स्तन भाग। 'कुचकुड्मलयो स्तनकोरकयोरन्तं प्रान्तं' (जयो० १७/४३)

कुच-कोरकः (पुं०) १. स्तनभाग। २. कमलिनी की कोरक/भाग। 'विकासमस्मिन् मे ऽतीव पद्मिन्याः कुचकोरकः' (सुद० ७९)

कुचगौरवः (पुं०) समुन्नतभाव, स्तन की छवि, स्तन उभार। ('अस्याः किमुचे कुचगौरवन्तु' (जयो० ११/३८)

कुच-मण्डलः (पुं०) कुच भाग। (वीरो० २/४८) 'काठिन्यं कुचमण्डलेऽथ सुमुखे दोषाकरत्वं परं' (वीरो० २/४८)

कुचवती (वि०) स्तनवती। (जयो० १४/९०)

कुचवस्त्रं (नपुं०) निचोल, कंचुकी। (जयो० वृ० १३/६४)

कुचाञ्चलं (नपुं०) निचोल। (वीरो० २१/१७)

कुचाञ्चिततनातटी (वि०) उत्तम शोभा युक्त स्तन वाली। (समु० २/३)

कुचाकारः (पुं०) कुच का आकार। 'कन्दुः कुचाकारधरो युवत्याः' (वीरो० ९/३७)

कुचिताङ्गक (वि०) संकुचित अंग वाला। (वीरो० ९/२५) 'कुटीरकोणे कुचिताङ्गको वत्।'

कुञ्चितदोषः (पुं०) वन्दनाविधि दोष।

कुज्ञान (वि०) कुबोध, खोटा ज्ञान, बोध की कमी, मिथ्याज्ञान। (सम्य० १३७)

कुज्ञानातिग (वि०) मिथ्याज्ञान से रहित, बोध रहित। (जयो० २७/६६) 'कुज्ञानात्पराधीनाद् बोधादतिगं दूरवर्ति। (जयो० वृ० २७/६६) 'कुज्ञानातिगमन्तिमं स मनसा तेनार्जितः सिद्धये' (जयो० २७/६६)

कुङ्कुमित-पत्रं (नपुं०) निमन्त्रण पत्र। (जयो० ११/२४)

कुचेल (वि०) फटे वस्त्रों युक्त।

कुचेलक (वि०) जीर्ण-शीर्ण वस्त्र वाला।

कुचेष्टा (स्त्री०) बुरी दृष्टि, अभद्र व्यवहार। 'इत्यादि सङ्गीति-परायणा च सा नाना कुचेष्टा दधती नरङ्कपा' (सुद० १२३)

कुच्छं (नपुं०) कुमुद।

कुजः (पुं०) [कु+जन+ड] १. वृक्ष, तरु, २. मंगल ग्रह, ३. राक्षस विशेष।

कुजन्मानन्तरं (नपुं०) कुयोनियों में जन्म-मरण। (नपु०३/३२)

कुजम्भल (वि०) चोरी करने वाला।

कुजातिः (स्त्री०) नीच कुल। (जयो० २४/४६) भूमिसम्भूति (वीरो० ६/१५)

कुञ्च् (पुं०) घटाना, सिकोड़ना।

कुञ्चनं (नपुं०) घटाना, सिकोड़ना।

कुञ्चिः (स्त्री०) माप विशेष, मुट्ठि से माप करना।

कुञ्चिका (स्त्री०) कुंजी, चाबी।

कुञ्चाञ्चलं (नपुं०) स्तनवस्त्र, कंचुकी, निचोल, कुचवस्त्र। (जयो० १४/३८)

कुञ्चित (वि०) अनुदार, झुका हुआ, टेढ़ा किया हुआ। (जयो० २/९)

कुञ्जरः (पुं०) [कुञ्जो हस्तिहनु, सोऽस्यास्ति-कुञ्जर+र] करी, हस्ति, हाथी, गज। १. पीपल वृक्ष, (जयो० ३/११०) २. हस्त नामक नक्षत्र। ३. शिरोमणि, अग्रणी। 'वीरकुञ्जरः' (जयो० १९/२७)

कुञ्जरराज (पुं०) हस्ति, हाथी। (जयो० १३/११०) गजराज -दानं ददौ कुञ्जरराज एकः' (जयो० १३/११०)

कुट् (अक०) वक्र होना, कुटिल होना, झुकना, टेढ़ा करना।

कुटः (पुं०) १. जलपात्र, करवा, कलश। २. उच्च स्थान, दुर्ग, किला, कूट, पर्वत।

कुटकं (नपुं०) [कुट+कन्] बिना हरथे का हल।

कुट-कुटी (स्त्री०) रहट, जलानयनदासी। (जयो० २५/९)

कुटङ्कः (पुं०) [कु+टङ्क+घञ्] छत, छप्पर।

कुटङ्ककः (पुं०) [कुटस्य अङ्कः] लता मण्डप, झोपड़ी, कुटिया।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कुटजः (पुं०) वृक्ष विशेष। (वीरो० ४/१८) 'हृष्टास्ततः श्रीकुटजः श्रयन्तु'

कुटपः (पुं०) [कुट+पा+क] कुद्रव, कुडवा, धान्य मापने का साधन। २. वाटिका, बगीची।

कुटरः (पुं०) [कुट्+करन्] मथानी की रस्सी।

कुटलं (नपुं०) [कुट्+कलच्] छत, छप्पर।

कुटिः (स्त्री०) १. कुटिया, झोपड़ी। (जयो० २७/६०) २. मोड़, ३. देह, शरीर, ४. वृक्ष।

कुटिरं (नपुं०) कुटिया, झोपड़ी। (जयो० २७/६०)

कुटिलं (वि०) [कुट्+इलच्] टेढ़ा, मुड़ा हुआ, वक्र, घुमावदार। (दयो० ७४) विभिन्न भाव युक्त। (जयो० ८/५५) भुज भुङ्गतो भीषण एतदीयद्विषहृदे वा कुटिलोऽद्वितीयम्' घुंघराली। (जयो० हि०११/७०) विषम-'विषमान् कुटिलानपि' (जयो० वृ० १२/८२)

कुटिलतारहित (वि०) वक्रता रहित, सरल, शुद्ध, सीधी, निष्पाप, अपाप। (जयो० २/१४३)

कुटिलत्वसूक्त (वि०) शुद्धता युक्त, सूक्त। (सुद० १/२७) (जयो० वृ० ४/२२)

कुटिलिका (स्त्री०) धीरे चलना, दुबक के आना।

कुटी (स्त्री०) १. कुटिया, झोपड़ी। 'सेवकस्य कुटीं रमयन्तु' (जयो० ४/१८)

कुटीरः (पुं०) कुटिया, झोपड़ी। (जयो० २१/५२)

कुटीरकः देखो कुटीरः।

कुटीरकोणः (पुं०) कुटिया का कोना। (वीरो० ९/२५)

कुटुनी (स्त्री०) दूती, कुट्टिनी।

कुटुम्बं (नपुं०) [कुटुम्ब+अच्] परिवार, गृहस्थ, गृहयुक्त। (वीरो० १५/६९)

कुटुम्बिकः (पुं०) [कुटुम्ब+ठन्] पारिवारिक जन, कुल परिवार के लोग। (जयो० वृ० १२/३३)

कुटुम्बिनी (स्त्री०) गृहिणी, गृहस्वामिनी, पत्नी।

कुट्ट (सक०) कूटना, पीसना, बांटना, चूर्ण करना।

कुट्टक् प्रभावः (पुं०) कूटने का प्रभाव। (वीरो० ११/२१)

कुट्टकः (वि०) कूटने वाला।

कुट्टनं (नपुं०) कूटना, पीसना।

कुट्टिनी (स्त्री०) [कुट्टयति नाशयति स्त्रीणां कुलम्'-कुट्ट-णिच्+ल्युट्+ङीप्]। दूती।

कुट्टमितं (नपुं०) [कुट्ट+घञ्] दिखावटी तिरस्कार।

कुट्टाक (वि०) विभक्त किया गया।

कुट्टारः (पुं०) [कुट्ट+आरन्] मैथुन, ऊनी कम्बल।

कुट्टिमः (पुं०) झोंपड़ी, कुटिया।

कुट्टिहारिका (स्त्री०) [कुट्टि+हृ+ण्वुल्+टाप्] सेविका, दासी। कुट्टिं मत्स्यमांसादिकं हरति इति।

कुठः (पुं०) वृक्ष, तरु। [कुठ्यते छिद्यते-कुठ्+क]।

कुठारः (पुं०) कुल्हाड़, परशु, फरसा।

कुठारघातः (पुं०) वज्रपात। (दयो० ४३) (भक्ति०)

कुठारिकः (वि०) लकड़हारा, लकड़ी काटने वाला।

कुठारिका (स्त्री०) [कुठार+ङीप्+कन्+टाप्] फरसा, कुल्हाड़ा।

कुठारुः (पुं०) १. तरु, वृक्ष। २. वानर।

कुठिः (पुं०) १. वृक्ष, तरु। २. पर्वत।

कुडङ्गः (पुं०) कुंज, लतागृह।

कुडवः (पुं०) धान्य माप विशेष।

कुड्मल (वि०) [कुड्+कल, मुट्] मुकुल, खिलता हुआ, प्रस्फुटित होता हुआ। (जयो० वृ० ३/७५)

कुड्मलः (पुं०) कली, खिलना, विकसित होना।

कुड्मलकोमल (वि०) पुष्पकलिकावत्, कोमल। (वीरो० ५/२५)

कुड्मलकल्पः (पुं०) मुकुलविधि, पुष्प खिलने की प्रक्रिया। कुड्मलस्य मुकुलपरिणामस्य कल्पो विधि (जयो० ३/८८)

कुड्मलता (वि०) विकसित होती हुई। (सुद० २/२५)

कुड्-मल-बन्ध लोपी (वि०) १. कमल संकोच, २. पुष्प के बन्ध के लोलुपी कली के इच्छुक, भ्रमर समूह। 'कुड्मलबन्धं कमल-सङ्कोच रूपबन्धनं लोपायतीति।' (जयो० वृ० १/७१)

कुड्मललता (स्त्री०) मुकुलित लता, विकास को प्राप्त हुई, लतिका।

कुड्मलित (वि०) [कुड्मल+इतच्] १. कलियुक्त, २. प्रसन्न, हर्षयुक्त।

कुड्यं (नपुं०) भित्ति, दीवार। (जयो० १०/८९) अर्क संस्कृत-कुड्येषु संक्रांत प्रतिमा नरा। (जयो० १०/८९) 'जिणहरध-रायदणाणं ठविअ-ओलित्तीओ कुड्डा णाम' (धव० १४/४०)

कुड्यदोषः (पुं०) भित्ति का आश्रय लेकर कायोत्सर्ग करना। कुड्यमाश्रित्य कायोत्सर्गेण यस्तिष्ठति तस्य कुड्यदोषः। (मूला ०७/१७१)

कुण्ठ् (अक०) कुण्ठित होना, विकलांग होना, सुस्त होना, अपंग होना, मंदबुद्धि होना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कुण्ठ (वि०) [कण्ठ्+अच्] ठूंठा, सुस्त, आलसी, उदासीन, मंद, मूर्ख, लंठ, दुर्बल।

कुण्ठकः (पुं) [कुण्ठ्+ण्वुल्] लंठ, मूर्ख, मूढ़।

कुण्ठक्रमः (वि०) कुण्ठितक्रम वाला। 'सिंहो हस्तिनमाक्रमेदपि पुरः प्राप्तं न कुण्ठक्रमः। (वीरो० ९/४५)

कुण्ठात्मक (वि०) सुदृढात्मक। (जयो० १७/४८)

कुण् (सक०) सहारा देना, आश्रय देना, सहायता करना।

कुणकः (पुं०) [कुण्+क+कन्] शावक, पशु शावक।

कुणप (वि०) दुर्गन्ध युक्त।

कुणपः (पुं०) शव, मुर्दा।

कुणपीप्राया (वि०) दुर्गन्ध दुराकाग्वती। (जयो० २४/१४२)

कुणिः (स्त्री०) [कुण्+इनि] खजा, लुंजा, हस्त से अपंग, शुष्क हस्त युक्त।

कुण्डगिरिः (पु०) कुण्डलगिरि। महावीर स्वामी का जन्मस्थान। (भक्ति०३७)

कुण्डनं (नपुं०) कुण्डनपुर। (वीरो० ७/७)

कुण्ठित (भू०क०कृ०) [कुण्ठ्+क्त] मूर्खतायुक्त, आलस्य सहित, विकलांग मोथलं। (जयो० १५/९२) 'जगन्नाडनकुण्ठितानाम्' (जयो० १५/५२)

कुण्डः (पुं०) कटोरा, कूंडा, चारों ओर से घिरा हुआ पानी का कुंड। १. अग्निकुण्ड। २. कुण्डग्राम, कुण्डलपुर।

कुण्डपुरः (पुं०) कुण्डग्राम-'कुण्डिनमित्येतत्पदं पूर्व विधत्ते यस्य तन्नाम पुरं कुण्डिनपुर मित्याहु। (वीरो० २/२१)

कुण्डलः (पुं०) [कुण्ड् मत्वर्थे ल] कर्णाभूषण (जयो० ३/१०१) (जयो० १७/२९) कान की बाली। २. गोलाकार कड़ा।

कुण्डलकः (पुं०) कर्णाभूषण।

कुण्डलकान्तशोचि (वि०) कुण्डल कान्ति युक्त। (वीरो० ४/३३)

कुण्डलना (स्त्री०) [कुण्डल्+णिच्+युच्+टाप्] घेरा डालना।

कुण्डलितप्रदेशः (पुं०) कुण्डलाभार प्रदेश। (१३/१५)

कुण्डलिन् (वि०) [कुण्डल+इनि] १. कुण्डलों में युक्त। २. गोलाकार, घुमावदार, कुण्डली युक्त। ३. मोर वरुण।

कुण्डिन् (वि०) घेरा। (वीरो० २/४)

कुण्डिनं (नपुं०) [कुण्ड्+इनच्] कुण्डली।

कुण्डिनपुरः (पुं०) कुण्डग्राम। (वीरो० २/२१) महावीर स्वामी का जन्मस्थान।

कुण्डीर (वि०) शक्तिमान्, बलिष्ट।

कुतः (अव्य०) यह अनिश्चयार्थ की दिशा में प्रयुक्त होने वाला अव्यय है, जिससे कई अर्थ व्यञ्जित होते हैं।

कहां से-'अवलोक्य कुतः किमागतः। (समु० २/२१) 'श्रियो निवासोऽयमहो कुतोऽन्यथा कुतश्च लोकैः कर एष गीयते (जयो० ५/७६)

कैसे-'कुतोऽर्तिरर्हच्छरणं गताय' (भक्ति०२४) (सुद० २/४४) (जयो० ११/२७)

किस(समु० २/२१) कारण से-'कुतः कारणतो जात। भवतामुन्मनस्कता' (सुद० ३/३६)

कुतर्कः (पुं०) भ्रान्तिजन्य प्रमाण।

कुतपः (पुं०) [कु+तप्+अच्] द्विज, ब्राह्मण, सूर्य, अग्नि, अतिथि, वृषभ, सांड, दोहता, भानजा।

कुतलं (नपुं०) कुत्सित भाग। (जयो० ३/३३)

कुतश्च (अव्य०) कहां से, किस कारण से। 'न सन्तु कुतश्चापायाः' (सुद० ७१) 'कुतश्चैष पतितोऽपि सहसैव' (दयो० ८)

कुतः (अव्य०) कहां से। (सम्य० ४५)

कुतोऽन्यथा (अव्य०) अन्यथा किसी भी। त्रैकालिकं चाक्षमतिश्च वेत्ति कुतोऽन्यथा वार्थ इतः क्रियेति। (वीरो० २०/७)

कुतस्यात् (अव्य०) कैसे है? 'कुतः स्यात्पारणा तस्याः' (सुद० ३५)

कुतुकं (नपुं०) [कुत्-उकञ्] उत्सुकता, उत्साह, उमंग, रुचि, आमोद, प्रमोद, हर्ष।

कुतुकोत्क (वि०) विनोद युक्त, आनंद युक्त। सहितः कुसुमश्रिया मधुः कुतुकोत्कैर्भ्रमरैरिवाध्वनिः। (जयो० २१/७२)

कुतुपः (पुं०) [कु+तन्+क] कुप्पी, तेल डालने का साधन।

कुतूहल (वि०) आश्चर्यजनक, आनन्द, उत्साह, उमंग, आकांक्षा प्राप्त, प्रशंसा युक्त, श्रेष्ठ, सर्वोत्तम।

कुतोऽपि (अव्य०) कहीं पर भी, किसी प्रकार का भी, कहीं से भी। 'विपिनेऽस्यकुतोऽपि कौतुकान्मिलिता' (समु० २/८) 'दृशो न वैषम्यगात्कुतोऽपि' (सुद० २/३)

कुत्र (अव्य०) [किम्+त्रल्] कहां, किस बात में, किस विषय में।

कुत्रचित् (अव्य०) एक स्थान पर, कहीं पर।

कुत्रत्य (वि०) [कुत्र+त्यप्] कहां का रहने वाला।

कुत्रापि (अव्य०) कहीं पर भी। (मुनि० ९) वीरो० १४/४३।

कुत्स् (अक०) गाली देना, निन्दा करना, कलंक लगाना।

कुत्सनं (नपुं०) [कुत्स्+ल्युट्] दुर्वचन, घृणा, गर्हा, निन्दा।

कुत्सा (स्त्री०) विघ्न डालना, दोष लगाना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कुत्सित (वि०) [कुत्स्+क्त] ०घृणित, ०निन्दनीय, ०खोटी, ०अपवित्र, ०पापी। वाढं चेत्त्वमिहासि कुत्सितमतिर्युक्ता क्षतिस्ते तदा' (मुनि० २४) 'कुत्सितेषु सुगतादिषु क्रमाद्धा' (जयो० २/२६)

कुत्सित-तलं (नपुं०) कुतल, घृणित भाग। (जयो० वृ० ३/३३)

कुत्सितप्रज्ञ (वि०) कुधी, कुबुद्धिशाली, मतिहीन। (जयो० वृ० ७/४८)

कुत्सितमतिः (स्त्री०) कुमति, प्रज्ञाहीन। (मुनि० १४)

कुत्सितसंस्कारः (पुं०) कुवासना, कदाचरण। (जयो० १९/९५)

कुत्सिताचारणं (नपुं०) निन्दित व्यभिचारादिकार्य, कदाचरण, भ्रष्टाचारी, कदाचारक (जयो० वृ० २/१३१) 'कुत्सिताचरण- केष्वशङ्किताकारिता' (जयो० २/१२६)

कुथः (पुं०) [कु+थक्] कुथा नामक घास।

कुत्ती (स्त्री०) शुनी, कुतिया। (वीरो० १७/३२)

कुदेवः (पुं०) मुक्ति के कारण से रहित देव, राग-द्वेषादि से विभूषित देव।

कुनरेशः (पुं०) क्रूर राजा। (वीरो० २१/१२)

कुदृष्टिः (स्त्री०) १. स्वच्छन्द कथन, दर्पोक्त वचन। २. कुदर्शन (सम्य० १३६) सच्छंद बोलए जिणुत्तमिदि' (रयणसार०३)

कुधी (स्त्री०) कुत्सितप्रज्ञा। (जयो० ७/४८)

कुधर्मः (पुं०) कुत्सित धर्म, संसार परिभ्रमण कारक धर्म।

कुधर्मकांक्षा (स्त्री०) अन्य तीर्थियकों की इच्छा।
रत्तवड-चरग-तावस-परिहत्तादीण मण्णतित्थीणं।
धम्मम्हि य अहिलासो कुधम्मकंखा हवदि एसा।।
(मूला ०५/५४)

कुदेशः (पुं०) पृथ्वीतल। (जयो० ११/२७)

कुद्दारः (पुं०) कुदाली, खुर्पी।

कुद्रङ्गः (पुं०) ऊपर स्थित गृह, कूटस्थ घर।

कुनरुः (पुं०) बिम्बफल। (जयो० ११/९९)

कुन्तः (पुं०) १. भाला, बाण, २. बर्छी। ३. तुच्छजंतु, कृमि, कीड़ा।

कुन्तलः (पुं०) [कुन्त+ला+क] बाल, घुंघराले बाल, सिर के बाल। (जयो० ८/४१) श्रीकुन्तलैः शैवलसावतीर्णा (जयो० ८/४१)

कुन्तयः (पुं०) एक देश।

कुन्तिः (पुं०) एक नृपति विशेष।

कुन्ती (स्त्री०) १. कर्ण की माता।

कुन्दकः (पुं०) कुन्द पुष्प।

कुन्दकारकः (पुं०) कुन्दकलिका। (वीरो० १/४२)

कुन्थुः (स्त्री०) राशि विशेष, पृथिवी में स्थित। 'क पृथ्वी, तस्यां स्थितवानिति निसकात् कुन्थः। (जैन०ल०वृ०३५१)

कुबीजभृ (वि०) मिथ्या बीज युक्त। (वीरो० ११/३७)

कन्थु (सक०) कष्ट सहना।

कुन्थु (पुं०) कुन्थुनाथ, सत्तरहवें तीर्थंकर। (भक्ति०वृ०१९)

कुन्थु जिनः देखो ऊपर।

कुन्थुनाथः देखो ऊपर।

कुन्थुप्रभुः देखो ऊपर।

कुन्थुस्वामी देखो ऊपर।

कुन्दं (नपुं०) १. कुन्द नामक पुष्प। चमेली पुष्प। (दयो० ८६) 'कुन्दं च शीर्षे दरिणां हितन्वम्' (जयो० १/२९) 'कुं शब्दं ददतीति कुन्ददत्यः संलापकर्त्र्यः' (जयो० वृ० ६/९५) 'कमलानि च कुन्दस्य च जातेः' (सुद० वृ०७१) २. कुन्द नामक आयुध-(जयो० वृ० १/२९)

कुन्दकुन्दः (पुं०) आचार्य कुन्द कुन्द। (जयो० वृ० १२/१) समयसार, प्रवचनसार नियमसार आदि पाहुड ग्रन्थों के रचनाकार। मांगलिक स्मरण के रूप में भी आचार्य कुन्दकुन्द का नाम विशेष आदर के साथ लिया जाता है।

कुन्दकुसुमं (नपुं०) कुन्दपुष्प, कमल पुष्प। (जयो० वृ० १६/२९)

कुन्ददती (स्त्री०) चन्द्रमा, शशि, कुमुसबन्धु। (जयो० ६/९५)

कुन्दबन्धुं (नपुं०) कुन्दपुष्प। (जयो० वृ० ३/५१)

कुन्दमः (पुं०) [कुन्द+मा+क] बिल्ली।

कुन्दारविंदं (नपुं०) कुन्द कुसुम। कुन्दनामक कमल, सफेद कमल। (जयो० १६/२४)

कुन्दिनी (स्त्री०) [कुन्द्+इनि+ङीप्] कमल समूह।

कुन्दुः (स्त्री०) चूहा, मूसा। [कु+दट]

कुप् (अक०) क्रोधित होना, उत्तेजित होना।

कुपलः (पुं०) किसलय, कोपल, (जयो० ११/४१) (१२/१०६)

कुपलाख्य (वि०) कु-कुत्सित-पल उन्माद। (जयो० ११/४१) अनर्थ वचन, अनिष्ट शब्द।

कुपात्रं (नपुं०) मिथ्यात्व युक्त. जं रयणत्तय-रहियं मिच्छामय-कहियधम्मअणुलग्गं। जइवि हु तवइ सुघोरं तहावि तं कुच्छियं पत्तं।। कुपात्राय सम्यक्त्व रहित-व्रततपोयुक्ताय' (सा०ध०टी० २/६७) ०अधम/नीच पुरुष।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कुपित (त्रि०) क्रोधित। (सम्० २/३१)

कुपिनिन् (पुं०) [कुपिनी मत्स्यधानी अस्ति अस्य] मछुवा।

कुपिनी (स्त्री०) क्रोधित। (सम्० २/३१)

कुपिनी (स्त्री०) जाल, मछली पकड़ने का जाल।

कुपूय (वि०) [कु+पूय्+अच्] निम्न, पतित, गिरा हुआ, अधम, निन्दनीय, घृणित।

कुप्यं (नपुं०) अपधातु, लोह ताम्रादि धातु। (भक्ति०४०)

कुप्यं (नपुं०) अपधातु मिट्टी के बर्तन। कुप्यं क्षौम-कार्पास-कौशेय चन्दनादि-'कुप्यशब्दो घृताद्यर्थस्तद्भाण्ड भाजनानि वा' (नारद संहिता ६/२०७) सुवर्ण, चांदी के अतिरिक्त कांसा, लोहा, मिट्टी के बर्तन आदि कुप्य कहलाते हैं। ०उर्णिन्, ०काष्ठमंचक, ०मंचिका, ०मसूर आदि। ०रथ, गाड़ी, हल, भी द्रव्य कुप्य हैं।

कुपप्रमाणिक्रमः (पुं०) कुप्य सामग्री का अतिक्रमण, ०अपधातु का अतिक्रमण, ०मिट्टी आदि बर्तन की मर्यादा का उल्लंघन।

कुबुद्धिः (स्त्री०) दुर्बुद्धि, हीनबुद्धि। भक्ति०४० (समु० ८/१२)।

कुबेरः (पुं०) [कुत्सितं बेरं शरीर यस्य स] कोषाधिकारी, धन स्वामी, धनपति। २. वृक्ष, नन्दीवृक्ष। ३. उत्तरदिशा का दिक्पाल। (जयो० वृ० २४/१०६)

कुबेरकः (पुं०) नन्दीवृक्ष।

कुबेरक (वि०) धनद, धन देने वाला। (जयो० वृ० २४/१०६)

कुबेरप्रियः (पुं०) १. धन-धान्य सम्पन्न गृहस्थ। २. कुबेरप्रिय नाम, पुण्डरीक नगरी का एक धनिक। कुबेरस्य प्रियो नाम्ना धनी यतिदत्तिकृद् धाम्नाम्।। (जयो० २३/४४)

कुबेरकाष्ठा (स्त्री०) उत्तर दिशा। कुबेरकाष्ठाऽऽश्रयणे प्रयत्नं दधाति पौष्ये गगनं धुरत्नम्' (वीरो० ६/१६)

कुब्ज (वि०) [कु ईषत् उब्जमार्जनं यत्र] कुबड़ा, कुटिल, वक्र। (जयो० २/१४८)

कुब्जः (पुं०) १. कूब, पीठ का उभार, पीठ का उठा हुआ भाग। २. कुब्जक वृक्ष। (जयो० २४/१०६)

कुब्जकः (पुं०) कुब्जकवृक्ष, अर्जुनवृक्ष। कुब्जो वा अर्जुनो वृक्षो। (जयो० २४/१०६)

कुब्जा (स्त्री०) कुबड़ी स्त्री, एक स्त्री।

कुब्जिका (स्त्री०) [कुब्जक+टाप्] छोटी लड़की, आठ वर्ष की लड़की।

कुभृत् (पुं०) [कु+भृ+क्विप्] पर्वत, गिरि, पहाड़।

कुमारः (पुं०) [कम्+आरन् उपधाया उत्वम्] छह वर्ष के बाद का बालक। (जयो० २/१३) कुमार, बालक, पुत्र, युवराज।

कुमारः (पुं०) कुमार। बालकः परकरोपलेखकः संलिखत्यथ कुमार एककः। (जयो० २/१९) आत्मजः

कोपवानत्र भरतस्य क्षमापतेः।

समञ्जसि श्री कुमार दीपतुत्थकथां तथा।। (जयो० ७/३९)

कुमारकः (पुं०) [कुमार+कन्] युवा, युवक बच्चा।

कुमारकालः (पुं०) कुमार समय। कौमार समय।(जयो० वृ० १७/५८)

कुमारकार्तिकेयः (पुं०) कार्तिकेयानुप्रेक्षा नामक प्राकृत काव्य रचनाकार।

कुमारवयः (पुं०) कुमारावस्था, बालकपन। (दयो० ६५) कुमारयति-क्रीड़ा करना, खेलना।

कुमारश्रमणः (पुं०) तरुण श्रमण। (वीरो० ८/४१)

कुमारिक (वि०) कुमारी, लड़की। कुमार अवस्था को प्राप्त दस बारह वर्ष की पुत्री।

कुमारिन् देखो कुमारिक।

कुमारिका (स्त्री०) [कुमारी+ठन्+टाप्] तरुणी, कन्या, अविवाहित पुत्री, दस-बारह वर्ष की लड़की। (वीरो० ५/२६) 'कुमारिकाणामिति युक्तमेव विभाति'

कुमारी (स्त्री०) तरुणी, कन्या (जयो० वृ० ३/८६) 'विषा नाम कुमारी कुमारवयोऽतिक्रमणेन द्वितीयाश्रम सन्धारण' (जयो० ६५)

कुमाली (स्त्री०) कन्या, तरुणी। 'र-लयोर भेदात्' (जयो० १२/९६)

कुमुद (वि०) [कु+मुद+क्विप्] कुमुदा कृपणादीनामाशयः' अमित्र, दयाहीन। (जयो० वृ० ६/९६)

कुमदं (नपुं०) 'कौ मोदते इति कुमुदम्' सफेद कुमुदिनी, रात्रि में चन्द्रोदय होने पर खिलने वाली। कैरव-(जयो० वृ० ६/९६) ४/८३। 'कं निशासु कुमुदैः समवेतम्' (जयो० ४/६३) 'कं जलं प्रमुदितैः विकसितैः कुमुदैः कैरवैः समवेतमस्तु' (जयो० वृ० ४/६३) कौमुदं तु परं तस्मिन् कलावति कलावति। (सुद० ९०) हे कलापति! जैसे कलावान् चन्द्रमा को देखकर कुमुद प्रमोद को प्राप्त होता है, उसी प्रकार सुद र्शन को देखकर प्रमोद युक्त हूं। रक्त कमल को भी कुमुद कहा गया है।

कुमुदः (पुं०) १. कुमुद नामक दैत्य। कुमुद नाम-दैत्य-स्यावाग्भवनदशासौ शोच्या शोचनीयास्ति (जयो० १८/३०) १. विष्णु, २. कपूर, ३. वानर जाति, ४. नाग विशेष।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कुमुद-बन्धु (नपुं०) कुमुद का मित्र चन्द्र। 'कुमुदानां बन्धुः कैरवविकासकारकश्चन्द्रः' (जयो० वृ० ३/५)

कुमुदवती (स्त्री०) [कुमुद+मतुप्+ङीप्] कैरविणी, कुमुदिनी लता।

कुमुदिनी (स्त्री०) कैरविणी, कमलिनी।

कुमुद्वती (वि०) १. कुत्सित हर्ष युक्त। (जयो० वृ० १५/३९) २. कुमुदिनी सहित।

कुमुद्वती (स्त्री०) कुमुदिनि, कमोदनी। (दयो० ५२ (सुद० ८६) कुमुदलता (जयो० वृ० १५/७२)

कुमुदशिवः (पुं०) कमलिनियों का सौभाग्य। 'कुमुदानां शिवं विकास सौभाग्यं' (जयो० ६/१२)

कुमुदोदयः (पुं०) श्वेतकमल विकास। (वीरो० २१/२७)

कुमोदकः (पुं०) [कु+मुद्+णिच्] विष्णु।

कुंकुमं (नपुं०) रोली, अबीर। निशा सुधा कुंकमतां प्रयातः (समु० ८/५)

कुम्भः (पुं०) [कुं भूमिं कुत्सितं वा उम्भति पूरयति-उम्भ+अच्] १. घट, घड़ा, जलपात्र, कलश (जयो० ३/७२) २. कुम्भराशि, ३. कुम्भस्थल, हस्तिमस्तक।

कुम्भकः (पुं०) [कुम्भ+कन्] स्तम्भ का आधार, कलशसम, २. वक्षस्थल। (सुद० १००)

कुम्भक (वि०) कलश वाले।

कुम्भक कल्पः (पुं०) १. कुम्भकविद्या, २. कुम्भविधि दार्शनिक पद्धति। कुम्भ के सदृश पृथुल। 'सत्कुचो भवति कुम्भकल्पः' (जयो० ५/४२) कुम्भ एव कुम्भकस्तत्कल्पः कलश इव पृथुलाकारः' (जयो० वृ० ५/४२)

कुम्भकमञ्चवर (वि०) कुम्भ का अनुकरण करने वाले। (सुद० १००) सुदृढं हृदि कुम्भकमञ्चवरं किन्न यतस्त्वं प्रभवे शुचिराट्। (सुद० १००)

कुम्भकारः (पुं०) कुम्भं करोति-कुम्हार। (जयो० वृ० ११/३७) (जयो० वृ० ७/८)

कुम्भ-कारिणी (वि०) कुम्भ बनाने वाली, घर निर्मात्री।

कुम्भकृत (पुं०) कुम्भकार, कुम्हार। (वीरो० १९/४४) तान्यथेन्त्व परितोषयन् धृति कुम्भकृत्युपरते क्व वाः स्थितिः। (जयो० २/९८)

कुम्भनी (स्त्री०) पृथिवी, भू, भूमि। 'सुचिरं शुचिरद्य कुम्भनी' (जयो० २६/५४)

कुम्भ-बद्ध (वि०) भूंगड़ों का घट, चने से युक्त घट। (समु० ५/८) मुच्यमान इह साञ्चणकानां कुम्भबद्ध- कपिवच्च-निदानात्। (समु० ५/८)

कुम्भयुगः (पुं०) कुम्भराशि का योग। (जयो० १/३३)

कुम्भयुग्मः (पुं०) कुम्भराशि का युगल। (जयो० १/३३)

कुम्भयोनिः (स्त्री०) कुम्भ में जन्म।

कुम्भवासी (स्त्री०) कुट्टनी, दूती।

कुम्भलग्नं (नपुं०) कुम्भ राशि का योग।

कुम्भस्थलं (नपुं०) हस्ति मस्तक, गिर श्री। (जयो० वृ० ६/२२)

कुम्भा (स्त्री०) [कुत्सितं उम्भति पूरयति इति उम्भ्+अच्+टाप्] वेश्या, वारांगना।

कुम्भिका (स्त्री०) [कुम्भ+कन्+टाप्] १. वेश्या, २. लघु पात्र।

कुम्भिन (पुं०) [कुम्भ+इनि] हस्ति, करि, हाथी।

कुम्भिलः (पुं०) [कुम्भ+इलच्] सेंध लगाकर चोरी करने वाला, २. साला, ३. काव्य चोर।

कुम्भी (स्त्री०) [कुम्भ+ङीप्] लुटिया, छोटा पात्र।

कुम्भीपाकः (पुं०) ०कुम्भ में पकाया जाने वाला, ०घड में पकाया जाने वाला।

कुम्भीकः (पुं०) पुन्नाग वृक्ष।

कुम्भीरः (पुं०) [कुम्भिन्+ईर्+अण्] घड़ियाल, मगर।

कुम्भीरकः (पुं०) चोर।

कुम्भोपम-कुचवति (स्त्री०) घटकल्प-सुस्तनि (जयो० वृ० १२/१२४) उन्नत स्तन वाली स्त्री।

कुयुक्तिः (स्त्री०) खोटी उक्ति। (सम्य० ९२) ०मिथ्या कथन।

कुर् (अक०) शब्द करना, ध्वनि करना।

कुरंकरः (पुं०) [कुरं इति अव्यक्त शब्दं करोति-कुरं+कृ+क]। सारस पक्षी।

कुरङ्ग (पुं०) [कु+अङ्गच्] मृग, हिरण।

कुरङ्गनेत्रं (नपुं०) मृगाक्षी, कुरङ्गस्य नेत्रे इव नेत्रे यस्याः' (जयो० १७/१०)

कुरङ्गमः (पुं०) कुरङ्ग, मृग, हिरण।

कुरङ्गरङ्कः (पुं०) मृगाङ्क। (वीरो० २/१३) चित्तेऽध्वनीनस्य विलप्य-शङ्कामुत्पादयन्तीह कुरङ्गरङ्काः। (वीरो० २/१३)

कुरटः (पुं०) मोची।

कुरंटः (पुं०) [कुर्+अंटक+किन्] सदाबहार, कटसरैया।

कुरंडः (पुं०) [कुर्+अण्डक्] अण्डकोष का रोग।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कुरक्षण (नपुं०) १. दुर्व्यसनाजन्य। २. पृथ्वी रक्षक। (जयो० १/४५)

कुररः (पुं०) [कु-क्रूरच्] क्रौंच पक्षी।

कुररी (स्त्री०) क्रौंच पक्षी।

कुरलः (पुं०) कुल्ला, गण्डूष। (जयो० १/८१)

कुरवः (पुं०) सदाबहार, कटसरैया।

कुरीना (स्त्री०) शब्द समूह। 'कूनां शब्दानां रीना कुरीनाश्च' (जयो० ५/९५)

कुरानं (नपुं०) ग्रन्थ, मुसलिम शास्त्र। (वीरो० १९/१०)

कुरीरं (नपुं०) [कृ+ईरन्] ओढ़नी।

कुरुः (पुं०) १. कुरु क्षेत्र, कुरुभूमि, २. कुरुवंशी नरेश जयकुमार।

कुरुक्षेत्रं (नपुं०) कुरुभाग। (जयो० ३/२८)

कुरुदेशः (पुं०) कुरुक्षेत्र, कुरुभाग, कुरुप्रदेश। (जयो० ६/७८)

कुरुदेशाधिपः (पुं०) कुरुदेश का राजा। तनये मन एतस्मिन् कुरु कुरुदेशाधिपेऽन्वित वाक्।

कुरुनरेशः (पुं०) कुरुराजा, जयकुमार। (जयो० ३/२८)

कुरुभूमिः (स्त्री०) कुरुक्षेत्र। (जयो० ७/८२)

कुरुभूमिभुक्तिः (स्त्री०) कुरु भूमि का भोग करने वाला जयकुमार। संप्रयुक्तमृदुसूक्तमक्तया पद्ययेव कुरुभूमिभुक्तया। (जयो० ७/८२)

कुरुराट् (पुं०) १. कुरुराज, कुरुवंशी, जयकुमार। (जयो० २६/४२) २. दुर्योधन।

कुरुराज देखो कुरुराट्।

कुरुहः (पुं०) तरु, वृक्ष, पादप। 'कौ पृथिव्यां रोहंति समुद्भवन्तीति कुरुहा' (जयो० १३/६०)

कुरुवंशी (वि०) कुरुवंशवाला, जयकुमार।

कुर्कुटः (पुं०) [कुरु+कुट्+क] मुर्गा, कुक्कुट।

कुर्चिका (स्त्री०) कूची।

कुर्वत् (कृ+शतृ) करता हुआ।

कुलं (नपुं०) १. परिवार, कुटुम्ब, वंश, गच्छ, समु दाय। कुलस्य-वंशस्य। (जयो० वृ० १/१८) ३.समूह, समु दाय, दल, झुंड, संग्रह। कुलं गच्छसमु दायः, 'राजीवकुल-प्रसादकृद्‌द्यामा' (जयो० ६/१७) ३. आवास, स्थान घर, गृह। ४. आचार्य की शिष्य परम्परा।

कुलः (पुं०) निगम, संघ, अध्यक्ष।

कुलक (वि०) [कुल+कन्] अच्छे कुल का, कुल श्रेष्ठ 'कुलस्तु कुलश्रेष्ठो' इति विश्वलोचनः (जयो० वृ० ४/१६)

कुलकः (पुं०) श्रेणी, शिल्पियों का अग्रणी।

कुलकं (नपुं०) संग्रह, समूह, श्लोक समूह, पांच से पन्द्रह तक के श्लोक समूह।

कुलङ्कर (वि०) कुल निर्माता, कुलकर। (वीरो० ११/५) 'कुलानि कुर्वन्तीति कुलङ्कराः वंशनिर्माताः' (जयो० वृ० २/८) सन्निवेद्य च कुलङ्करैः कुलान्येतदाचरणमिङ्गितं बलात्। (जयो० २/८)

कुलकज्जलः (पुं०) कुलकलंक।

कुलकष्टकः (पुं०) कष्टदायक कुल।

कुलकथा (स्त्री०) कुलीन स्त्री संबंधी कथा।

कुलकन्यका (स्त्री०) उच्चकुलीन कन्या।

कुलकरः (पुं०) मनु, कुलों की व्यवस्था में कुशल। (जयो० वृ० १२/९) 'कुलकरणम्मि य कुसला कुलकरणामेण सुपसिद्धा' (ति०प०४/५०९) 'आर्याणां कुलसंस्त्यापकृतः कुलकरा' (म०वृ०३/२११)

कुलकान्ता (स्त्री०) कुलीन स्त्री, अच्छे घर की स्त्री। सुकृतांशुकृताशयेन वा कुलकान्ताकुलमाप्तसंत्वाम्।

कुलकोक्ति (स्त्री०) ०काशिकावृत्ति, ०श्रेष्ठोक्ति। कीदृशीं काशिका? पाणिना हस्तेन नीया प्रापणीया यासौ कुलकोक्ति श्रेष्ठोक्तिः इयमतिसन्निकटप्राप्तेति रूपाः तस्या। पाणिनीया पाणिनि सम्बंधिनी या कुलोकिः कुलकस्तु कुल श्रेष्ठे इति वि० (जयो० ४/१६)

कुलज (वि०) राजवंश में उत्पन्न राजपुत्र। कुले राजवंशे जाताः कुलजाः शोभनाः कुमारा नवयुवका (जयो० वृ० ५/१)

कुलक्षयः (पुं०) कुल नाश, वंश नाश, कुटुम्ब नाश।

कुलगिरिः (पुं०) कुलाचल, पर्वत।

कुलतिथिः (स्त्री०) महत्त्वपूर्ण तिथि, अष्टमी, चतुर्दशी आदि।

कुलटा (स्त्री०) [कुल+अट्+अच्+टाप्] स्वैरिणी, स्वेच्छाचारिणी, इत्वारिका, व्यभिचारिणी। (दयो ४०, जयो० २/१४३)

कुलटापतिः (पुं०) जारिणी स्त्री का पति, भ्रष्टपति।

कुलटाहृदयं (नपुं०) इत्वारिका हृदय, व्यभिचारिणी स्त्री का हृदय। 'कुलटाया इत्वरिकाया हृदयेऽवशिष्टमवस्थितम् या कुलटा रात्रौ निर्भयं व्यचरंताः सूर्योदये सति भीता जाता इति भावः। (जयो० वृ० १८/३१)

कुलतः (अव्य०) [कुक-तसिल्] जन्म से।

कुलता (वि०) कुलीनता। 'यत्र मनाङ् न कलाऽऽकुलताया विकसति किन्तु कला कुलतायाः'। (सुद० ७६)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कुलत्थः (पुं०) कुलथी, दाल विशेष।

कुलतिलकः (पुं०) वंश यश, कुल कीर्ति।

कुलदीपः (पुं०) श्रेष्ठिकुल के दीपक। 'कुलदीपयशः प्रकाशिते' (सुद० ३/११)

कुलदुहित् (स्त्री०) कुलीनकन्या, योग्य पुत्री।

कुलधर (वि०) कुलधारक, ०कुलकर।

कुलधरः (पुं०) कुलकर मनु। प्रतिश्रुत आदि।

कुलदेवता (पुं०) कुल परम्परा का देव, जिनदेव। (जयो० वृ० १२/१)

कुलन्धर (वि०) [कुल+धृ+खच्] कुल/परंपरा स्थापित करने वाला।

कुलधर्मः (पुं०) कुल परम्परा।

कुलधारक (वि०) कुल को धारण करने वाला।

कुलधारकः (पुं०) पुत्र।

कुलधूर्यः (पुं०) कुल का आधार, वयस्क पुत्र।

कुलनन्दनः (पुं०) पुत्र, सुपुत्र।

कुलनन्दन (वि०) कुल को आनन्दित करने वाला।

कुलनायिका (स्त्री०) कुलीन स्त्री।

कुलनारी (स्त्री०) कुलीन स्त्री।

कुलपरम्परा (स्त्री०) वंश परम्परा।

कुलपतिः (पुं०) कुल प्रमुख, प्रधान, कुल पालक, कुलरक्षक।

कुलपरिभाषा (स्त्री०) कुलरीति।

कुलपांसुका (स्त्री०) कुलटा स्त्री, व्यभिचारिणी।

कुलपादपः (पुं०) वंशमहीरुह, वेणुवृक्ष, बांस का वृक्ष। (जयो० २५/३०)

कुलपालनार्थ (वि०) कुल के पालन हेतु। (दयो० १०)

कुलपालिः (स्त्री०) सती स्त्री।

कुलपालिका (स्त्री०) कुलरीति पालक स्त्री, सती।

कुलपुत्रः (पुं०) कुलीन सुत, अच्छे कुल का पुत्र।

कुलपुत्री (स्त्री०) श्रेष्ठपुत्री, कुलीन पुत्री।

कुलपुरुषः (पुं०) कुलीन पुरुष, उत्तमजन। सम्माननीय व्यक्ति।

कुलपूर्वकः (पुं०) पूर्व पुरुष, पुराण पुरुष।

कुलप्रवर्तकः (पुं०) मनु, कुलकर। (जयो० वृ० १२/८४)

कुलबधू (स्त्री०) कुलीन स्त्री, कुलीन भार्या। (वीरो० २/२७)

कुलबाला (स्त्री०) कुलीन बालिका।

कुलभूषणः (पुं०) मुनि नाम (वीरो० १५/३०) (सुद० ८७) कुलभूषण नामक श्रमणी।

कुलभृत (वि०) कुल धारक, कुलीन को आनन्द देने वाला। 'कुलभृतां' 'कुलीनानां नन्दनमानन्ददायकः' (जयो० वृ० ९/५१)

कुलभृत्या (स्त्री०) गर्भिणी स्त्री की परिचर्या।

कुलमर्यादा (स्त्री०) कुल की प्रतिष्ठा, कुल का सम्मान।

कुलमार्गः (पुं०) कुल परम्परा, वंश रीति।

कुलमात्मगात्रं (नपुं०) कुल परिवार का हिस्सा। (सुद० ११७)

कुलयोषित् (स्त्री०) कुलीन स्त्री। (वीरो० १७/२)

कुलबधू (स्त्री०) कुलीन स्त्री, सदाचरणशीला नारी।

कुलविद्या (स्त्री०) परम्परागत ज्ञान, क्रमागत ज्ञान। शिष्य परम्परागत विद्या।

कुलविप्रः (पुं०) कुल पुरोहित।

कुलवृद्धः (पुं०) परिवार का अनुभवी व्यक्ति।

कुलव्रतः (पुं०) प्रतिज्ञा।

कुलश्रेष्ठिन् (पुं०) अग्रणी, प्रमुख, मुखिया, प्रधान, वंश का आदरपात्र।

कुलशाली (वि०) कुलीनता युक्त। (जयो० वृ० १/८१)

कुलसंख्या (स्त्री०) परम्परा की प्रतिष्ठा, कुल की परम्परा।

कुलसन्ततिः (स्त्री०) वंश परम्परा, वंशगत सन्तान।

कुलसंभवः (वि०) प्रतिष्ठित कुल में उत्पन्न।

कुलसेवकः (पुं०) परिचायक, उत्तम सेवक, अच्छा सेवक।

कुलस्त्री (स्त्री०) प्रतिष्ठित स्त्री, कुलगृहिणी कुल स्वामिनी, मालकिन, (दयो०

कुलस्थितिः (स्त्री०) कुल मर्यादा, वंश की विशषता।

कुलाकुल (वि०) कुल की व्याकुलता युक्त।

कुलाङ्गना (स्त्री०) कुलीन स्त्री। सदाचारिणी नारी।

कुलाङ्गारः (पुं०) कुलनाशक।

कुलाग्रणी (वि०) कुलीन, शिरोमणि, अग्रणी, वंश का सर्वोन्नत व्यक्ति। जयकुमार। कुलस्य कल्पानिव नाग् कुलानताप निष्पापतया कुलाग्रणी (जयो० २८/१२)

कुलाचलः (पुं०) पर्वत, गिरि। (जयो० २८/१२)

कुलाचारः (पुं०) कुल परम्परा, वंश विधान, परिवार की परम्परा। * रीति-रिवाज, कुल व्यवस्था।

कुलाचार्यः (पुं०) कुल का मुखिया, कुल का पुरोहित। * संघ का आचार्य, संघ शिरोमणि।

कुलानुकूलाचरणं (नपुं०) कुल के अनुसार आचरण, वंशानुगत आचार। (जयो० वृ० १/८०)

कुलानुसारिन् (वि०) कुल का अनुसारी, परम्परा का निर्वाहक। (समु० ६/८) कुलक्रम के अनुसार शीलान्वता सम्प्रति यत्र नारी, शीलं सुसन्तान कुलानुसारि (समु० ६/८)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कुलाय: (पुं०) [कुलं पक्षिसमूह: अयतेऽत्रकुल+अय्+घञ्] पक्षियों का घोंसला, नीड, २. स्थान, ३. शरीर। पात्र। (जयो० वृ० १५/१२)

कुलायस्थानं (नपुं०) नीडस्थान, घोंसलों की जगह। (जयो० १५/१२) ०शरीर स्थान, ०पात्र स्थान।

कुलायिका (स्त्री०) [कुलाय+ठन्+टाप्] पिंजरा, चिड़ियाघर।

कुलाल: (पुं०) [कुल+कालन्] कुम्हार, प्रजापति। (जयो० वृ० ११/३७)

कुलालशालाग्नि: (स्त्री०) कुम्हार की दीप्तशाला, जलती हुई कुम्हार की भट्टी। (दयो० २२) ०आवा।

कुलावतंस: (पुं०) कुल का आभूषण। 'अथोत्तमो वैश्यकुलावतंस' (सुद० २/१) * श्रेष्ठ अलंकार।

कुलि: (पुं०) [कुल+इन्] हस्त, कर, हाथ।

कुलिक (वि०) [कुल+ठन्] उत्तम कुल का।

कुलिक: (पुं०) स्वजन, अपने कुटुम्बी।

कुलिङ्ग: (पुं०) [कु+लिङ्ग+अच्] पक्षी, खग।

कुलिन् (वि०) [कुल+इनि] कुलीन, उच्चकुलोद्भव।

कुलिंद: (पुं०) [कुल+इन्द] एक देश विशेष।

कुलिर: (पुं०) [कुलि+इरन्] केंकड़ा, कर्कराशि।

कुलिश: (पुं०) [कुलि+शी] इन्द्र का वज्र, वज्रायुध।

कुली (स्त्री०) [कुलि+ङीप्] बड़ी साली, पत्नी की बड़ी बहिन।

कुलीन (वि०) उच्चकुल में उत्पन्न, श्रेष्ठ कुलजात, श्रेष्ठकुल। सद्वंशज। 'कुलकालमात्रपरायण: सन् (जयो० १७/१२३) कुलमित्यंकं भूतं नलतां लकार रहितां' (जयो० वृ० १७/१२३) १. भूस्थित श्रेष्ठकुल संभव (जयो० वृ० ५/८७) तत्र तेन कृता न स्यादविशेषात्कुलीनता। कुलीनस्य हि संस्कारश्चेदन्योन्यसमाश्रय:।। (हित०सं०२२) प्रशस्त संस्कार वाला। २ पृथ्वी में लीन (जयो० वृ० १/८१) ३. कुलशाली- (जयो० वृ० १/८१)।

कुलीनचरणं (नपुं०) १. उच्चकुल का चरित्र कुलीनमुच्च-कुलसम्भवं चरणं चरित्रम्। (जयो० वृ० ५/२१) २. पृथ्वी का मूल 'कौ पृथिव्यां लीनं चरणं मूलं येषां तेषु कुलीनचरणेषु' (जयो० वृ० ५/२१)

कुलीनता (वि०) उच्चकुल उत्पन्न हुआ। (हित०सं०२२)

कुलीनत्व (वि०) कुलशाली, उच्च कुलत्व गत। (सुद० १०६) अकारि निर्जरकृतया तया तु, नाहा कुलीनत्वमधारि जातु। (सुद० १०१)

कुलीननारी (स्त्री०) कुलीनाङ्गना, उच्चकुल की स्त्री। (जयो० १७/३३)

कुलीनवंशज (वि०) अच्छे कुलवाली। (सुद० ११३)

कुलीनस्थिति (स्त्री०) कुलीन वंश की स्थिति। (सुद० ११३)

कुलीना (स्त्री०) सत्कुलोत्पन्ना, अच्छे कुल में उत्पन्न हुई। ततोऽत्र सन्देशपदे प्रलीना बभूव तस्मै न पुन: कुलीना। (जयो० १/६७)

कुलीनाङ्गना (स्त्री०) कुलीननारी, सदाचरणयुक्त स्त्री। (मुनि० २०)

कुलीर: (पुं०) [कुल+ईरन्] केंकड़ा, कर्कराशि।

कुलेन्दु: (स्त्री०) कुलचन्द्र, भरतान्वयचन्द्र। (जयो० ७/१३)

कुलेश्वर: (पुं०) प्रधान, प्रमुख, मुखिया, अध्यक्ष।

कुलोत्कट (वि०) उच्चकुलोद्भव, उच्चकुल में उत्पन्न।

कुलोत्पन्न (वि०) उच्चकुल में उत्पन्न।

कुल्माषं (नपुं०) [कुल+क्विप्-कुल् माषोऽस्मिन्] कांजी।

कुल्माषक्षेत्रं (नपुं०) धान्य विशेष का स्थान, कुलश्री, मूंग, उड़द आदि का स्थान।

कुल्य (वि०) कुल, वंश, कुटुम्ब।

कुल्य् (अक०) नहर बहना। कुल्यायते (जयो० वृ० १०/२) विवाह-वर्णनात्मक-काव्यरसस्य कुलाययते। (जयो० वृ० १०/२)

कुल्यराट् (पुं०) ऋतु की शोभा। कुल्येषु कुलीनेषु राजत 'इति' (जयो० १३/६६)

कुल्या (स्त्री०) कृत्रिम नदी, नहर। (सुद० २/४७) 'कृत्रिमां नदीं' (जयो० वृ० ११/१) 'कुले सञ्जाता कुल्या सहोदरी ताम्'

कुल्यु: (वि०) युक्त, सहित। 'सधर्मिणं वीक्ष्य विवेकुल्य:' (सम्य० ३६)

कुवं (नपुं०) १. पुष्प, २. कमल।

कुवलं (नपुं०) कुमुद, कमल। १. मोती, २. जल, नीर। (वीरो० ८/१६) मौक्तिक-कुवलं तत्फले मुक्ताफलेऽपि बदरीफले 'इति विश्लोचन:'।

कुवलत्व (वि०)(जयो० १५/२८) विकसित, पुष्पित। (वीरो० ८/१६)

कुवलयं (नपुं०) नीलकमल, कुमुद, पृथ्वी। 'कौ पृथिव्यां वलयमिव' (दयो० १/२)

कु-वलयं (नपुं०) भू-मण्डल। (वीरो० २२/१४)

कुवलयानंद: (पुं०) कमल विकास, कुमुद का खिलना। कुर्त कुवलयानन्दं सम्बद्धुं च सुखंजनै:। (दयो० १/२)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कुवलयिनी (स्त्री०) [कुवलय+इनि+ङीप्] कुमुदिनी, नील कमलिनी।

कुवलाञ्चित (वि०) महाबलशाली। महाबलीत्थं कुवलाञ्चितोर-श्चोरोऽपिप्रियः सज्जनचित्तचोरः। (समु० ४/१०)

कुवलाली (स्त्री०) १. मौक्तिक माला 'स्वकुलक्रमेणेहिता वाञ्छिता मौक्तिकमाला' (जयो० २०/३७) २. कुमुद समूह।

कुवलोपहारः (पुं०) १. कुमुदों का उपहार, २. मौक्तिक भेंट। (जयो० २५/२८)

कुवाद (वि०) [कु+वद्+अण्] १. निन्दक वचन, मिथ्यावचन, २. अधम, निम्न वचन।

कुवासना (स्त्री०) विषयवासना, मिथ्यावासना, कुत्सित संस्कार। (जयो० १९/९५)

कुवादिन् (वि०) मिथ्यावचनी, निन्दक, कुआलोचक। २. सफेद झूठ बोलने वाला। 'दुरभिनिवेश-महोद्धुर-कुवादिनामेव दन्तिनामदयाम्।' (वीरो० ४/४३) कुवादिनः कुत्सितं वदन्तीति ये तेषाम' (वीरो० वृ० ४/४३) भवन्ति ते किन्तु यशोवृषादिविनाशनायास्ति कृतः कुवादी। (समु० ३/३३)

कुविकः (पुं०) कुविक नामक देश।

कुवित् (वि०) विचारहीन दुर्बुद्धि। (जयो० २/१२४)

कुविद् (वि०) ज्ञानहीन।

कु-विद् (वि०) भूमि विशेष, भूज्ञाता, पृथ्वी को जानकर। (जयो० २७/३७) कुवित् लो: पृथिव्या बुद्धिर्यस्य तदस्ति। (जयो० वृ० २७/३७)

कुविंदः (पुं०) तन्तुवाय, जुलाहा।

कुविधा (स्त्री०) कुत्सित पद्धति। (सम्य० ६३) (जयो० ३/१७)

कुवेणी (स्त्री०) [कु+वेणु+इन्+ङीप्] मत्स्य टोकरी, मछलियां रखने की टोकरी।

कुवेलं (नपुं०) [कुवेषु जलजपुष्पेषु ईं शोभां लाति-कुव+ई+ला+क] कमल, पद्म।

कुवृत्तः (पुं०) कदाचार, मिथ्या आचरण। (वीरो० ११/३२) (सम्य० १३७)

कुशः (पुं०) [कु+शी+ड] दर्भ, कुश। (जयो० ३/३४) २. कुश नामक बालक, राम का बड़ा पुत्र। (जयो० १३/५९) सहसा सलवाड् कुशाशया दधती कञ्जगति स्थिराशयम्। (जयो० १३/५९) ३. पापात्म, पापिष्ट, मत्त-कुशो मत्तेऽपि पापिष्ठे इति वि० (जयो० २७/३३)

कुशं (नपुं०) कमल पद्म, सरोज, अरविन्द।

कुशल (वि०) [कुशान् लातीति-कुश+ला+क] प्रवण, दत्तचित्त, 'कुशलं सुखनिमित्तं' तल्लीन, प्रवीण, (जयो० १६/६१) 'कुशलसद्भावनोऽम्वुभिवत्' (सुद० ३/३०) चतुर, कल्याण-(जयो० ३/३१, ३/३८) क्षेमपूर्ण। (जयो० ३/३४) प्रस्थितस्य कुशलं शिरस्यनुस्योपभाति पथि पादयोऽस्तु। (जयो० ३/३४) साम्प्रतं कुशलं तेऽवलोकनादञ्जः कुशलतेन चामनाक्। कुशलं मस्तके एवोपभाति लसति कुशांल्लाति गृह्णातीत्यन्वयात्। प्रसन्नचित्त। (जयो० वृ० १२) 'कुशलान् प्रसन्नचित्तान्' (जयो० वृ० ५/१२)

कुशलक्षेम (पुं०) कल्याण की कामना। (जयो० ३/३४)

कुशललक्षण (नपुं०) जल लक्षण। कुशस्य जलस्य लक्षणपरिणामेन। (जयो० २०/६)

कुशलं (नपुं०) कल्याण (जयो० ३/३१) प्रसन्न, दत्तचित्त, हर्ष, आनंद।

कुशलकाम (वि०) कुशलता की कामना।

कुशलता (वि०) क्षेमपूर्णता, चतुरता। (जयो० ९/३२) 'कुशलता कुशलतिरिव। यद्वा कुशलस्य भावः कुशलता क्षेमपूर्णताऽस्ति। (जयो० वृ० ३/३४)

कुश-लता (स्त्री०) कुशतति, दर्भ समूह, कुशस्य लता परम्परा तस्यातिशयेन समर्थितोऽपि (जयो० वृ० ९/३२)

कुशल-प्रतिकुशलं (नपुं०) अत्यंत कुशल, क्षेम परिपूर्ण। (जयो० १२/१३८)

कुशल-प्रश्नः (पुं०) मंगल कामना।

कुशलभावः (पुं०) ज्ञान रूप भाव।

कुशलाशयः (पुं०) जलाशय, सरोवर। (सुद० २/२६)

कुशलिन् (वि०) [कुशल+इनि] प्रसन्न, खुश, हर्ष।

कुशा (स्त्री०) [कुश+टाप्] रस्सी, रज्जु, लगाम।

कुशावती (स्त्री०) नगरी नाम विशेष।

कुशास्त्रं (नपुं०) खोटे शास्त्र, आचार विहीन शास्त्र। जातु नात्र हितकारि सन्मनो भ्रंशयेदपि तु तन्त्रवर्त्मनः। तत्कुशा-स्त्रमलमन्यर्तामति कः श्रेयदवहितं महामतिः। (जयो० २/६६)

कुशिक (वि०) [कुश+उन्] तिरछे नेत्र युक्त, भेंगे नेत्र वाला।

कुशिका (स्त्री०) कुदाली। (जयो० ३/८८)

कुशी (स्त्री०) [कुश+ङीप्] हल की फाली।

कुशील (वि०) शील रहित, कुत्सितशील, विवेकहीन। 'कुत्सितशीलः कुशीलः' (भ०आ०टी० १६५०)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कुशीलकर्मन् (वि०) खोटा कर्म करने वाला, विवेक विहीन कर्म वाला।

कुशीलवः (पुं०) [कुत्सितं शीलमस्य कुशील+व] नट, भाट, नर्तक। (जयो० २/११२)

कुशीलवकर्मन् (नपुं०) [कुशीलवो नटस्तस्य कर्म नर्तनम्' नर्तन] भाट, नट क्रिया। (जयो० वृ० २/१११)

कुशीलवा (वि०) यश-बढ़ाने वाले (वीरो० २/२६)

कुशुम्भः (पुं०) [कु+शुम्भ+अच्] कमण्डलु, जलपात्र।

कुशूलः (पुं०) [कुस+ऊलच्] कोठी, भण्डार। २. गर्त विशेष, जो प्रमाणांगुल से निष्पन्न एक योजन प्रमाण लम्बे एवं चौड़े गर्त स्थान।

कुशूला (स्त्री०) कुम्भ निर्माण का साधन। (जयो० वृ० २१/३७)

कुशेशयं (नपुं०) [कुशे+शी+अच्] १. कुमुद, कमल, पद्म। निलम्बिनीना मृदुपादपद्मैः प्रस्तारितानीति कुशेशयानि। (वीरो० ४/१५) दर्शन केलिकुशेशय तु स्वे' (जयो० १०/६३) २. दर्भशयन, दाभशय्या, दाभ की चटाई। 'कुशेशय त्रयि निशासु मौनम्' (जयो० २२/५०) ३. रुईदार गद्दा- 'कुशेशयाभ्यस्तशया शयाना या नाम पात्री सुकृतोदयानाम्। (सुद० २/१०)

कुशेशयः (पुं०) सारस पक्षी।

कुष (सक०) ०फाड़ना, ०निचोड़ना, ०खींचना, ०निकालना, ०बाहर करना, ०फेंकना, ०विदीर्ण करना, ०परीक्षा लेना, निरीक्षण करना।

कुषाकुः (पुं०) [कुष+काकु] १. सूर्य, वह्नि, २. बन्दर, लंगूर।

कुष्टात्मन् (वि०) कोढ़ वाला (राम० ६/३८)

कुष्ठः (पुं०) [कुष+कथन] कोढ़।

कुष्ठनिवारणं (नपुं०) कोढ़ मिटाना, कोढ़ दूर करना। णमो घोरगुण-परक्कमाणं कुष्ठादिनिवारणे प्रमाणम्। (जयो० १९/७५)

कुष्ठित (वि०) [कुष्ठ+इतच्] कुष्ठ से पीड़ित, कोढ़ ग्रस्त।

कुष्ठिन् (वि०) [कुष्ठ+इनि] कोढ़ी।

कुष्माण्डः (पुं०) कुम्हड़ा, कद्दू, लौकी, तुमड़ी। 'कु ईषत् उष्मा अण्डेषु बीजेषु यस्य।'

कुस् (सक०) आलिंगन करना, गले लगाना, घेरना।

कुसितः (पुं०) [कुस्+क्त] सम्पन्न देश।

कुसीदः (पुं०) साहूकार।

कुसीदा (स्त्री०) [कुसीद+टाप्] सूदखोरिनी, सूद लेने वाली स्त्री।

कुसीदायी (स्त्री०) सूद लेने वाली।

कुसुमं (नपुं०) [कुष्+उम] पुष्प, प्रसून, सुमन, फूल। (जयो० ३/५१) 'कामोऽदृश्यो वर्तते, अनङ्गात् अथवा कुसुमेषु, कौः पृथिव्या सुमा सोमा तस्या इषुः शल्य रूपोऽस्ति।' (जयो० ६/८७)

कुसुमगुणं (नपुं०) पुष्प पराग।

कुसुमगुणितदाम (स्त्री०) पुष्पमाला। 'कुसुमैर्गुणितं प्रारब्धं यद् दामं माल्यं। (जयो० वृ० १०/१३)

कुसुमचापः (पुं०) कामदेव, मदन।

कुसुमचित (वि०) पुष्पसमूह।

कुसुमतुल्यं (नपुं०) पुष्प सदृश। (जयो० वृ० ३/५३)

कुसुद ामं (नपुं०) पुष्प माल्य, सुमनमाल्य, कुसुममाला। (जयो० १२/१२)

कुसुमपरागं (नपुं०) पुष्प पराग।

कुसुमपुरं (नपुं०) पाटलीपुत्र का नाम।

कुसुमप्रेमी (वि०) पुष्प प्रेमी। (जयो० वृ० ११/९०)

कुसुम-बर्ध्द (नपुं०) पुष्प समूह।

कुसुमल (वि०) पुष्पावली, पुष्प पंक्तियां।

कुसुमलता (स्त्री०) पुष्प लता।

कुसुमवती (स्त्री०) रजस्वला स्त्री।

कुसुमवर्षी (स्त्री०) पुष्पवर्षी। (जयो० १४/२०)

कुसुमवासः (पुं०) पुष्प निवास, पुष्प गन्ध पुष्पशोभा।

कुसुमल-वासः (पुं०) पुष्पावली, पुष्पसमूह। कुसुमं लातीति कुसुमलः चासौ वासो निवासः-पुष्पावली विभूषितो। (जयो० वृ० २२/४३)

कुसुम-शयनं (पुं०) पुष्प शय्या।

कुसुम शय्या (स्त्री०) पुष्पासन, फूलों की सेज।

कुसुम-स्तवकः (पुं०) गुलदस्ता, पुष्पगुच्छक। (दयो० वृ०५५)

कुसुमस्रक् (पुं०) पुष्पमाला, कुसुममाला। (सुद० ७२)

कुसूमस्रज देखो ऊपर।

कुसुमप्रक्षेपणी (वि०) पुष्प बरसाने वाली। 'कुसुमानि तेषां स्रजं माला क्षिपतीति क्षेपणी क्षेपणकर्त्री।' (जयो० वृ० ३/८९)

कुसुमश्री (स्त्री०) पुष्प शोभा, प्रसून सुषमा। (समु० २/१४) नवयौवन-भूषिता यदा कुसमश्रीर्हि वसन्तसम्पदा। (समु० २/१४)

कुसुमाञ्जनं (नपुं०) भस्म से निर्मित अंजन, सुगंधित पुष्पों से बनाया गया अंजन/चूर्ण।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कुसमाञ्जलि (स्त्री०) पुष्पसमान अञ्जली, श्रद्धासुमन। हरिताङ्कुरतति समर्चनालक्षण। (जयो० १२/५७) मृदु पादभुवीष्टदेवतानां समभूत्सा कुसुमाञ्जलिः सुमाना। (जयो० १२/१०४)

कुसुमाधिषः (पुं०) चम्पक लता।

कुसुमायित (वि०) कुसुम से युक्त, काम युक्त। (वीरो० ८/२०)

कुसुमायुधः (पुं०) काम, मदन। 'प्रयाणवेलां कुसुमायुधस्याप्येहो' (जयो० १४/२)

कुसुमायुधसेना (स्त्री०) कामदेव की सेना। 'कुसुमायुधः कामस्तस्य सेना।' (जयो० वृ० ६/११५)

कुसुमावचयः (पुं०) ०पुष्प संचयन, ०पुष्पसंकलन ०पुष्पचयन, ०फूलों का चुनना। (दयो० ६३) 'कुसुमावचयं सरजस्कदृशः' (जयो० १४/१२) 'कुसुमानां पुष्पाणामवचयः' संकलनं (जयो० वृ० १४/१२)

कुसुमित (वि०) [कुसुम+इतच्] फूलों से युक्त, पुष्पों से सुशोभित, कौसुम्भराग संयुक्त। (जयो० १८/१४)

कुसुमेष्वरातिः (पुं०) महादेव, शिव। (जयो० १/३५)

कुसमोच्चिचीषा (वि०) कुसुम संचयन की इच्छा। 'कुसुमं पुष्पं तस्योच्चिचीषा गृहीतुमिच्छा' (जयो० वृ० १४/२७)

कुसुमोज्ज्वल (वि०) पुष्पों की उज्ज्वलता।

कुसुमोत्तमवाटी (स्त्री०) पुष्पों की सुन्दर कटिका। भामिनी गुणवृतेव सुशाटी याऽपि शील कुसुमोत्तमवाटी' (समु० ५/१८)

कुसूलः (पुं०) भण्डार, अन्नागार।

कुसृति (स्त्री०) [कुत्सिता सृतिः] ठगी, छल भाव।

कुस्तुभः (पुं०) [कु+स्तुंभ्+क] १. समु द्र, २. विष्णु।

कुश्रुत (वि०) १. कु श्रवण, २. कुशास्त्र।

कुश्रुतज्ञानं (नपुं०) मिथ्यादर्शन से युक्त ज्ञान। 'मिथ्यादर्शनोदय-सहचरितं श्रुतज्ञानमेन कुश्रुतज्ञानम्' (पं०चा०व०४१)

कुहः [कुह्+णिच्+अच्] कुबेर, धनपति।

कुहकः (पुं०) [कुह्+क्वुन्] ठक, चालाक।

कुहकं (नपुं०) चालाकी, ठगी।

कुहककार (वि०) कपटी, छल करने वाला।

कुहकचकित (वि०) भ्रमित, भयभीत युक्त।

कुहनः (पुं०) [कु-हन्+अच्] मृषा, शीशे का बर्तन। २. इन्द्रजालिक आश्चर्य, मिथ्या।

कुहना (स्त्री०) दंभ, मिथ्या, मृषा, झूठ।

कुहरं (नपुं०) गुफा, गह्वर, गर्त, (वीरो० १२/४१)

कुहरः (पुं०) प्रदेश, स्थान। (जयो० वृ० १४/६८) 'व्यक्तोऽतो त्रलिवद्धनाभिकुहरः' भंवर के समान त्रिवलियों से युक्त नाभि रूपी प्रदेश है। 'नाभिकुहरस्तुण्डिका प्रदेशः' (जयो० वृ० २४/१३५)

कुहरितं (नपुं०) १. कोयल शब्द। ध्वनि। कूक। २. संभोग कालीन शब्द। (जयो० वृ० २१/३१)

कुहू (स्त्री०) [कुह्+कु] १. कोयल का शब्द। पिक कूक। (जयो० १४/६३) 'कुहुः करोतीह पिकद्विजाति स एप संखध्वनिराविभाति' (वीरो० ६/१९) २. अमावस्या दिवस।

कुहुरवः (पुं०) कूक, शब्द ध्वनि विशेष।

कुहुशब्दः (पुं०) कुहु कुहु ध्वनि।

कू (सक०) ध्वनि करना, कलरव करना।

कूकः (वि०) ध्वनि, शब्द, कलरव। (सुद० ८१)

कूची (स्त्री०) ब्रुश, कूंची।

कूज् (अक०) गूंजना, शब्द होना, कूकना, बजना। 'अलाश्चकूजुः केकारवञ्चकुरित्यर्थः' (जयो० वृ० २/८) 'चुकूजाऽकूज-दित्यर्थः' (जयो० वृ० १०/२१)

कूजः (पुं०) कूजना, ध्वनि करना।

कूजनं (नपुं०) [कूज्+ल्युट्] कूजना, ध्वनि करना, कुहू कुहू करना।

कूजित (वि०) ध्वनित, शब्दायमान। (दयो०)

कूट (वि०) [कूट्+अच्] मिथ्या, अलीक, १. अचल, स्थिर।

कूटः (पुं०) १. भ्रम, धोखा, छल, २. कूटना, जलाना, कष्ट उत्पन्न करना। 'कूट्यते दह्यते अमुना परः परिणामान्तरंगोति कूटम्' (जैन०ल०३६३) २. चूहादानी, मृगक जाल। ३. शिखर गिरि का ऊपरी हिस्सा। 'मेरु कुलसेल विंझ-सज्झादि-पव्वया कूडाणि णाम' (धव० पु०९ ८/४९५) ४. ढेर, राशि, समूह।

कूटकं (नपुं०) चालाकी, धोखाधड़ी।

कूटकार (वि०) झूठा, आलीकवादी, मिथ्यावादी।

कूटकृत् (वि०) ठगी विद्या करने वाला। झूठे लेख लिखने वाला।

कूट-कार्षापणः (पुं०) झूठा कार्षापण।

कूट-खड्गः (पुं०) गुप्ती, छोटी तलवार।

कूटग्राहः (पुं०) पिंजरा, जीवों को पकड़ने का उपकरण। 'कूटेन जीवान् गृह्णातीति कूटग्राहः' (जैन०ल०वृ०३६३)

कूटछद्मन् (पुं०) ठग, धोखेबाज।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कूटतुला (स्त्री०) पासंग युक्त तुला, तोलने के कांटे एवं नापने के साधनों को हीन या अधिक रखना।

कूटतुलामानं (नपुं०) कूट तुलामान, अचौर्यव्रत का अतिचार। कूटतुला कूटमानं-तुला प्रतीता, मानं कुडवादि, कूटत्वं न्यूनाधिकत्वं न्यूनया ददाति अधिकया गृह्णाति' (श्रावक प्रज्ञप्ति टी० २६८)

कूटधर्म (वि०) मिथ्याधर्म, झूठ युक्त धर्म।

कूटपालकः (पुं०) १. हस्तिवात ज्वर, पित्तदोष युक्त ज्वर। २. कुम्हार, कुम्हार का अबा।

कूटपाशः (पुं०) फंदा, जाल।

कूटपुरुषः (पुं०) कृत्रिम पुरुष, पुतला। (जयो० २/३१)

कूटबन्धः (पुं०) फंदा, जाल।

कूटमानं (नपुं०) झूठा माप, झूठा तोल।

कूटयन्त्रं (नपुं०) पक्षिजाल।

कूटयुद्धं (नपुं०) कपट युक्त लड़ाई। अन्याभिमुखं प्रमाणकमुपक्रम्योपघातकरणं कूट युद्धम्। (जैन०ल०३६३)

कूटलेखः (पुं०) बनावटी लेख, झूठा लेख।

कूटलेखकरणं (नपुं०) मिथ्या लेख लिखना, झूठा लेखन कार्य करना।

कूटलेखक्रिया (स्त्री०) सत्याणुव्रत का अतिचार, असद्भूतपदार्थ का मुद्रण करना, वंचनार्थ लिपि लिखना। 'वंचनानिमित्तं लेखनं कूटलेखक्रिया। (त०मू०७/२६)

कूटशः (अव्य०) [कूट+शस्] समूह में।

कूटशाल्मलिः (पुं०) सेमल वृक्ष की जाति।

कूटशासनं (नपुं०) मिथ्यापत्र, झूठापत्र, फर्जी दस्तावेज।

कूटसाक्षिन् (पुं०) झूठी गवाह।

कूटसाक्षिक (नपुं०) झूठी गवाह, मात्सर्यभाव से असत्य भाषण, द्रोह में युक्त झूठ कथन। सत्याणुव्रत का अतिचार। 'कूटसाक्षिकं उत्कोच-मत्सराभिभूत प्रमाणीकृतः सन् कूटं वक्तीति' (श्रा०पु०टी० २६०)

कूटसाक्ष्यं (नपुं०) असत्य भाषण।

कूटस्थ (वि०) शिखर पर स्थित, उच्च भाग पर खड़ा हुआ। (जयो० २४/३८) 'कूटं प्राक्पर्वतस्य शिखरे तिष्ठतीति' (जयो० १८/६०)

कूटस्थता (वि०) मायाचार, छलकपटता। कूटैः मायाचारैः सह तिष्ठतीति (जयो० वृ० २४/३८)

कूटस्थानं (नपुं०) उच्चस्थान, ऊँचा भाग, शिखर।

कूटस्वर्णं (नपुं०) खोटा सोना।

कूण् (सक०) बोलना, कहना, वार्तालाप करना।

कूणिका (स्त्री०) सींग।

कूणित (वि०) [कूण्+क्त] आच्छादित, आवृत, मंद हुआ।

कूद्दालः (पुं०) [कु+दल+अण्] पर्वतीय आवनूस।

कूपः (पुं०) [कुर्वन्ति मण्डूका अस्मिन् कु+एक] १. कूप, कुंआ। (दयो० ४७) 'कूपे निपत्य तेनात्मविनाशः' 'नितान्त-मानन्दसुधैककूपान्' (भक्ति०२) १. अन्धकार (जयो० ७/१०१) कूपोऽन्धुगर्तमृण्मान-कुपते' इति वि १. छिद्र, रन्ध्र, छेद, गर्त, २. कुप्पी।

कूपकः (पुं०) [कूप्+कन्] कुंआ, छिद्र। * नलकूप।

कूप-कच्छपः (पुं०) १. कुएं का मेंढक। २. अनुभवहीन, विचारशून्य।

कूपयन्त्रं (नपुं०) रहट, पानी निकालने का साधन।

कूपयन्त्रघटी (स्त्री०) रहट की घटिया।

कूपा (स्त्री०) छोटा कुंआ।

कूपारः (पुं०) सागर, समु द्र, उदधि।

कूपी (स्त्री०) [कूप+ङीष्] कुइया, छोटा कुंआ।

कूबर (वि०) १. सुन्दर, रुचिकर, २. कुबड़ी।

कूबरः (पुं०) गाड़ी का धुआं।

कूबरी (स्त्री०) १. कम्बल, २. कूबड़ी।

कूरः (पुं०) [कौ भूमौ उर्व वयनं लाति-ला-क] भोजन।

कूर्चः (पुं०) [कुर्+चट्] गुच्छा, समूह, गट्ठर, घास का पूरा मोरपंख।

कूर्चनं (नपुं०) खुरचना, क्षोदनत। (जयो० २/१५६)

कूर्चिका (स्त्री०) [कूर्चक+टाप्] कूंची, चित्र बनाने की कूची, प्रेंसिल, ब्रुश, कली, फूल।

कूर्द् (सक०) कूदना, उछलना, छलांग लगाना, खेलना। (सुद० ४/२६)

कूर्दनं (नपुं०) [कूर्द+ल्युट्] उछलना, कूदना, खेलना, क्रीड़ा करना।

कूर्दित (वि०) क्रीड़ा करने वाला (सुद० ४/२६)

कूर्पः (पुं०) भौंह के बीच का हिस्सा।

कूर्परः (पुं०) १. कच्छप, कूर्म। २. कुहनी, कोहिनी। ३. ककोणिदेश (जयो० १५/८३)

कूर्मः (पुं०) [को जल ऊर्मिः वेगोऽस्य] कच्छप, कछुवा।

कूर्मपुराणः (पुं०) अष्टादश पुराण में एक पुराण में एक पुराण (दयो० ३१)

कूर्मिक (वि०) कच्छपा, कर्मठा। (जयो० २४/१६)

कूर्मावतारः (पुं०) विष्णु अवतार।

कूर्मोन्नतः (पुं०) त्रिषष्टि शलाक। पुरुष योनि। कछुए के समान उन्नत।

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कूर्मवत् (वि०) कछुए की तरह। (जयो० वृ० १/६)

कूलं (नपुं०) [कूल+अच्] ०किनारा, ०तट, ०ढलान, ०उतार, ०छोर, ०कोर, ०तालाब तट। निदाघकालेऽप्यतिकूलमेव प्रसन्नरूपा वहतीह देव। (वीरो० २/१५)

कूलचर (वि०) किनारे घूमने वाला, नदी के तट पर भ्रमण करने वाला।

कूलङ्कष (वि०) [कूल+कष्+खच्] खोखला करने वाला, तट काटने वाला।

कूलङ्कषा (स्त्री०) नदी, सरिता।

कूलन्धय (वि०) [कूल+धे+खश्] चूमता हुआ।

कूलमुद्वह (वि०) [कूल+उद्+वह्+खश्] किनारे की ओर ले जाने वाला।

कुहण्डकः (पुं०) भंवर।

कूलानुसारिणी (स्त्री०) नदी, सरिता। (वीरो० ३/३३)

कूष्माण्डः (पुं०) [कु ईषत् ऊष्मा अण्डेषु बीजेषु यस्य] पेठा, कुम्हला, तुम्बी, भूरा कुम्हडा, भूरा कद्दू।

कूहा (स्त्री०) [कु ईषत ऊह्यतेऽत्र कु+उह्+क] कुहरा, हिमपात। धुंद।

कृ (सक०) १. ०करना, ०गढ़ना, २. ०तैयार करना, ३. ०बनाना, निर्माण करना, ४. उत्पन्न करना, रचना। (जयो० १/६) कुरुते (सम्य० ७८) क्रियते (सम्य० ७१) कुर्यात् (सम्य० ७२)

कर्तुं (सुद०) चकार (सुद० ७८) रदेषु कर्तुं मृदुमञ्जनंच। (वीरो० ५/११) कुर्वन् (वीरो० ५/१) 'कुर्वन् जनानां प्रचलात्प्रभाव:' (वीरो० ४/११) सुभगा हि-कृता (जयो० ३/५८) कुरु-सुद० २/४०। 'कृत्वाऽर्हदिज्याविधिं' (सुद० वृ०६८) 'सुरश्चिन्तां चक्रं मनसि' (जयो० २/१४३) चक्रे-अचिन्तयत् कौतुकं कौ तु कस्मान्न कृतवान् कृतवाञ्छनः' (जयो० ३/६८) 'कृतवान् उत्पादितवानेव' (जयो० ३/८५) कुर्वन् स विराम-(जयो० ३/९२) कायेन कुर्वतामेव-'हित०२।

कृकः (पुं०) [कृ+कक्] गला, कण्ठ।

कृकणः (पुं०) तीतर पक्षी।

कृकलासः (पुं०) छिपकली, गिरगिट।

कृकवाकुः (पुं०) [कृक+वच+अण्] मुर्गा, मोर, छिपकली।

कृकाटिका (स्त्री०) [कृक+अट्+अण्+टाप्] गर्दन का पिछला भाग।

कृच्छ (वि०) कष्ट देने वाला, पीड़ा कर, दुष्ट, पापी, कृतघ्नी।

कृच्छः (पुं०) कष्ट, दुःख, विपत्ति।

कृच्छं (नपुं०) कष्ट, दुःख, विपत्ति।

कृच्छ्रकार्य (नपुं०) सिद्धकार्य, समस्त कार्य। (सुद० ९२)

कृच्छप्राण (वि०) कष्टपूर्वक निश्वास लेने वाला।

कृच्छसाध्यः (वि०) कष्टसाध्य। (जयो० २/६१)

कृत् (सक०) काटना, कुतरना, विभक्त करना, नष्ट करना।

कृत् (वि०) [कृ+क्विप्] कर्ता, निर्माता, बनाने वाला, उत्पन्न करने वाला, रचित। (जयो० १/१७) 'कृतं धातुतः संज्ञाकरणार्थं प्रत्ययं भजन् जानन् सन् गुणिता सम्पादिता'

कृतं (नपुं०) उत्पन्न, तीनों कालों में उत्पन्न। आत्मना यत् क्रियते प्रक्रियते तत् कृतम्। (भ०आ०टी० ८११)

कृत (वि०) [कृ+क्त] किए गए, अनुष्ठित, निर्मित, निष्पन्न, उत्पादित। 'कृतान् प्रहारान् समु दीक्ष्य' (सुद० ८/५)

कृतक (वि०) [कृत+कन्] निर्मित, रचित, सम्पन्न, सज्जित, तैयार किया गया। (जयो० १/३५)

कृतकः (पुं०) १. झूठ, अलीक, असत्य। २. कंस 'कृतके सभयं सततमिङ्गित' (सुद० ११२)

कृतकर्म (वि०) करने योग्य कार्य।

कृतकार्य (वि०) कार्यकुशल, कृतकृत्य। शाणतो हि कृतकार्य आयुधी। (जयो० २/६१)

कृत-कौशल (वि०) सम्पादित कार्य, निष्पन्न कार्य। 'कृतं सम्पादितं कौशलं सामर्थ्यं दधत्' (जयो० २/८९)

कृतकृत्य (वि०) कृतार्थ, सन्तुष्ट, परितृप्त।

कृतकायः (पुं०) शरीरदार।

कृतक्षण (वि०) प्रतीक्षा करने वाला।

कृतघ्न (वि०) अकृतज्ञ, अपकारी। कृतघ्नोनेव देहाय, दातुं भुक्तिमपीत्यसौ।

कृतघ्नी (वि०) अपकारी। (वीरो० २/३२) (सम्० ९/९)

कृतचार (वि०) गमन क्रिया, गति करने वाला। कृतः प्रारब्धश्चारोपगमनं (जयो० १५/३)

कृतचूडः (वि०) किए गए चूडा/मुण्डन संस्कार वाला।

कृतज्ञ (वि०) आभारी, ऋणी। कृतं परोपकृतं जानाति। (वीरो० १७/३) उपकार मानने वाला। (सुद० ७९) कृतज्ञाऽहमतो भूयौ (सुद० ७९)

कृतज्ञता (वि०) उपकार भाव (वीरो० १८/३८) किसी का भला करने पर उपकार भाव वाला। प्रत्युपकार (जयो०वृ० २०/६४) 'त्यागिताऽनुभविता कृतज्ञता' (जयो० २/७४)

कृततीर्थ (वि०) तीर्थ दर्शन वाला।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कृततीर्थसेवः (पुं०) धर्मतीर्थ की सेवा। दिनादि अत्येति तटस्थ एव स्वर्गक्तितोऽसौ कृततीर्थ सेवः' (सुद० १११)

कृतदासः (पुं०) सेवक, भृत्य बनाना।

कृतधी (वि०) दूरदर्शी, शिक्षित, बुद्धिमान।

कृतनिश्चय (वि०) ०निश्चय किया गया, ०दृढ़ प्रतिज्ञ, ०संकल्पशील, बनाया गया, ०अच्छी तरह निश्चय किया गया।

कृतप्रचार (वि०) उत्पन्न करने वाला। 'अनेक धान्यार्थकृतप्रचारा।' (सुद० १/८)

कृतप्रभाव (वि०) प्रभाव युक्त। (जयो० १३/३५)

कृतप्रयत्नः (पुं०) प्रयत्न जन्य। (वीरो० १४/३२)

कृतप्रयाण (वि०) प्रयाण करने वाला। (वीरो० २१/९) 'सोमं शरत्सम्मुखमीक्षमाणा स्वयं वर्षा तु कृतप्रयाणा' (वीरो० २१/९)

कृतप्रतिकृतं (नपुं०) आक्रमण करना, बदला लेना।

कृतप्रतिज्ञ (वि०) प्रतिज्ञा युक्त, निदान वाला, संकल्प युक्त।

कृतबुद्धि (वि०) ज्ञानी, पंडित, विद्वान्।

कृतम् (अव्य०) पर्याप्त, इतना ही, मात्र, केवल।

कृतमङ्गला (स्त्री०) मांगलिक कार्य करने वाला। 'अथ प्रभाते कृतमङ्गला सा' (सुद० २/१२)

कृतमुख (वि०) विज्ञान, प्रज्ञ, बुद्धिमान।

कृतयुग (वि०) सुखोत्पादक युग। जेण य जुगं णिविट्ठं पुहईए सयलसत्त सुह-जणणं। तेण उ जगम्मि घुट्ठं तं कालं कयजुगं णाम।। (पउम०च०३/११८)

कृतयुग्म (वि०) एक राशि विशेष, चार का भाग देने पर जिस संख्या में चार अवस्थित रहे अर्थात् चार से जो अपहृत हो जाती है व शेष कुछ नहीं रहता है उसे कृतयुग्म राशि कहते हैं। चदुहि अवहिरिज्जमाणे जम्हि रासिम्हि चत्तारि ट्ठांति तं कदजुम्मं! (धव० ३/२४९)

कृतवर्मन् (पुं०) कृतवर्मन् राजा।

कृतवान् (वि०) किया गया, सम्पन्न, पूर्ण हुआ। (वीरो० २२/३४) उत्पन्नसमनस्कारैः प्रस्थानं कृतवानवात्! (जयो० ३/१०६)

कृतविद्य (वि०) विद्वान्, प्रज्ञ, यज्ञ, शिक्षक।

कृतवेतन (वि०) वेतन वाला, वैतनिक।

कृतवेदिन् (वि०) कृतज्ञ, आभारी।

कृतवेश (वि०) वेश युक्त, भूषण सहित, विभूषित।

कृतशंस (वि०) प्रशंसा कृत, प्रशंसा की जाने वाला। 'अहंतामुत सतां कृतशंसः' सद्मनि न्यवसदर्गिवतंस'।

कृतशर्मपूर्तिः (स्त्री०) सुख सम्पदा की पूर्ति। (समु० ५/११)

कृतशोभ (वि०) विभूषण सहित, शोभाशील।

कृतशौच (वि०) शुचिता युक्त, पवित्रता सहित, सुन्दर, उत्तम, श्रेष्ठ।

कृतश्रम (वि०) श्रम साध्य, परिश्रम करने वाला, अध्येता, अध्ययनशील।

कृतसंकल्प (वि०) दृढ़ संकल्प, निश्चय युक्त।

कृतसंकेत (वि०) नियत संकेत, निश्चित संकेत युक्त।

कृतसंज्ञ (वि०) चेतन प्राप्त।

कृतसंनाह (वि०) कवचधारी।

कृतसापत्निका (वि०) द्वितीय ब्याहस्युक्त, दूसरी पत्नी वाला।

कृतसूचिः (स्त्री०) संकेतपद्धतिः 'कृता सूची संकेतपद्धतिः' (जयो० ६/९१)

कृतहस्त (वि०) दक्ष, चतुर, योग्य, कुशल, पटु।

कृतहस्तक (वि०) प्रवीण, प्रज्ञ, श्रेष्ठ।

कृतहस्तता (वि०) दक्षता प्राप्त।

कृताकृत (वि०) पूरा नहीं किया गया।

कृताङ्क (वि०) चिह्नित, लाञ्छित।

कृताञ्जलिः (वि०) विनम्रभाव वाला। कृतोऽञ्जलौ हस्तसंयोग अत्यादरः (जयो० ६/७५) हस्तपुट युक्त, हाथ जोड़ने वाला।

कृतान्त (वि०) विध्वंसकारी। १. पापकर्म, अशुभकर्म, प्रारब्ध, २. उपसंहार।

कृतान्त (वि०) पक्वाहार, पचा हुआ भोजन।

कृतापराध (वि०) अपराध करने वाला, अपराधी, दोषी। (सुद० २/२६)

कृताभय (वि०) सुरक्षित, भय रहित।

कृताभिषेक (वि०) अभिषिक्त, राज्य अभिषेक युक्त।

कृताभ्यास (वि०) अभ्यास जन्य, अध्ययनशील।

कृतार्थ (वि०) प्रयोजन युक्त, उद्देश्य सिद्ध। 'कृतार्थतां सकलजीवनतां गता' (जयो० वृ० २३/८०) सफल, धन्य धन्य, प्रस्पष्टलक्षण, कृतकृत्य। 'नीताश्च कृतार्थतां भवद्भिः' (जयो० १२/१३९) 'पदेन हावादिगणः कृतार्थः' (जयो० १६/४२) 'कृतार्थ प्रस्पष्टलक्षणो बभूव' (जयो० वृ० १६/४२)

कृतार्थन् (वि०) की गई प्रार्थना वाला। (वीरो० १३/३९)

कृतार्थिन् (वि०) कृतार्थी, कृतज्ञता वाला। (वीरो० १८/१)

कृतावान (वि०) बना लिया (सुद० १३४) (जयो० २४/९४)

कृतिः (स्त्री०) [कृ+क्तिन्] उत्पादन, निर्माण, रचना, अनुष्ठान,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कार्य, कर्म, काम, स्वीकृत वचन। (सुद० ११३) सूक्तं समुक्तवानेवं तत्र निम्नोदितं कृति-(सुद० ११३)

कृतिकर (वि०) कृतिकार, रचनाकार।

कृतिकर्म (वि०) करणीय कार्य। 'तल्पं कल्पय केवलं संकल्पय कृतिकर्म' (जयो० १८/८९)

कृतिन् (वि०) विद्वान्, प्रज्ञ, बुद्धिमत। (जयो० वृ० १/४२) चतुर, योग्य, प्रवीण, सक्षम, विशेषज्ञ, आज्ञाकारी।

कृते कृतेन (अव्य०) के कारण, के लिए।

कृतेक्षण (वि०) दृष्टिपात। (जयो० १३/४)

कृतोऽपि (अव्य०) किसी से भी। 'भयाढ्यो न कृतोऽपि भीतिः' (सुद० १/२३)

कृतोचितानुचित (वि०) उचित अनुचित का विचार। (जयो० २३/५७)

कृत्तिः (स्त्री०) [कृत्+क्तिन्] १. त्वच, त्वचा, चमड़ा, खाल। 'दुष्टा प्रवृत्तिः खलु कर्मकृत्तिस्तत्त्वं' (जयो० २७/५) 'कर्मणां दुरितानां कृत्तिस्त्वचा' (जयो० वृ० २१/५) २. क्षुरिका, कतरनी। (वीरो० १/३६) परस्पर द्वेषमयी प्रवृत्तिरेकोऽन्य जीवाय समानकृत्तिः' (वीरो० १/३६) 'समात्ता समु त्थापिता कृत्तिश्छुरिका' (वीरो० वृ०१/३६) ३. भोजपत्र, ४. कृत्तिका नक्षत्र, कृत्तिका मण्डल।

कृत्तिका (स्त्री०) [कृत्+तिकन्] तृतीय नक्षत्र कृत्तिका नक्षत्र।

कृत्नुः (वि०) [कृ+क्त्नु] करने वाला, योग्यता प्राप्त।

कृत्नु (वि०) कलाकार, कारीगर।

कृत्य (वि०) [कृ+क्यप्] १. करने योग्य, किया जाना चाहिए। २. उचित, उपयुक्त, युक्तियुक्त, तर्कसंगत।

कृत्यं (नपुं०) कर्त्तव्य, कार्य, (वीरो० १६/१८) 'स्वमात्रामतिक्रम्य कृत्यं च कुर्यात्- १. व्यवसाय, व्यापार, २. कार्यभार। ३. उद्देश्य, प्रयोजन, लक्ष्य।

कृत्यकृत् (वि०) कर्त्तव्य स्मरणशील। (जयो० २/७२)

कृत्या (स्त्री०) कार्य, करनी।

कृत्याकृत्य (वि०) कृतकृत्य होने वाली। (जयो० वृ० २३/७९)

कृत्याकृत्यवेदिनी (वि०) कृत्यकृत्य का अनुभव करने वाली। (जयो० वृ० २३/७९)

कृत्रिम (वि०) [कृ+क्ति+मप्] काल्पनिक, बनावटी। 'कारणेन निर्वृत्तः कृत्रिमः' (जैन०ल० ३६६)

कृत्रिमपुत्रः (पुं०) गोद लिया गया पुत्र।

कृत्रिमभावः (पुं०) विकल्प भाव।

कृत्रिमभूमिः (स्त्री०) निर्मित स्थान।

कृत्रिममित्रं (नपुं०) आजीविका युक्त मित्र, १. बाह्य व्यवहार युक्त मित्र।

कृत्रिमवनं (नपुं०) उद्यान, आराम, बगीचा, वाटिका।

कृत्रिम-शत्रुः (पुं०) विरोध करने वाला व्यक्ति, विरोध युक्त मनुष्य। 'विरोधो विरोधयिता वा कृत्रिमः शत्रुः' (नीति० वा० २९/३४) 'कारणेन निर्वृत्तः कृत्रिमः। यः शत्रुर्विरोधो भवति तस्य विरोधो क्रियते स विराध उच्यते, शत्रुर्यः पुनर्विजीषोरुपेत्य विरोधं करोति सोऽप्यकृत्रिमः शत्रुः। (नीति० वा० ३२१)

कृत्वस् (अव्य०) संख्यावाचक शब्दों की गुणात्मकता को प्रकट करने वाला अव्यय। चार गुणा, पांच गुणा, दशगुणा आदि।

कृत्सं (नपुं०) [कृत्+स] १. जल, वारि। २. समूह, ओघ, समु दाय।

कृत्सः (पुं०) पाप, अघ, अशुभ प्रवृत्ति।

कृत्स्न (वि०) [कृत्+क्स्न] पूर्ण, सकल। 'कृत्स्नं स्यादुदरे जले' इति वि (जयो० १८/१६) 'कृत्स्नकर्मविप्रमोक्षो मोक्षः' (त०सू०१०/२)

कृदन्त (वि०) १. कृतप्रभाव, हितकारी प्रभाव। २. कृत्प्रत्यये च प्रभावो यस्यास्सा' (जयो० १५/३५) ३. धातुओं के अन्त में प्रत्यय जोड़कर संज्ञा, विशेष आदि शब्दों को बनाया जाता है, उन्हें कृत् प्रत्यय कहते हैं और उनके योग से बने शब्दों को कृदन्त कहते हैं। कृ धातु में तृच् प्रत्यय से कर्तृ। कृत् और तृच दोनों प्रत्यय हैं और 'कर्तृ' शब्द कृदन्त है। 'धातुभ्यः प्रत्ययकरणं च कृत् तद्धिते च कृत्प्रत्यये च प्रभावो यस्यास्सा' (जयो० वृ० १५/३५)

कृप् (अक०) कृपा करना, करुणा करना।

कृपः (पुं०) अश्वत्थामा का मातुल।

कृपण (वि०) [कृप्+क्युन् न स्यणत्वम्] ०खिन्न, उदासीन, ०दयनीय, निर्धन, कंजूस, अभागा, असहाय, विवेकशून्य, निम्न। यो गाढमुष्टिः कृपणो जयस्य (जयो० ८/५६) ०अधम। 'कृपण' अर्थात् किसी भी वैरी को प्राण दान देने वाला नहीं था।

कृपणं (नपुं०) उदासीनता, दुर्दशा।

कृपण-कर्म (पुं०) १. उदासीन मनुष्य, २. कंजूस।

कृपणता (वि०) १. उदासीनता, २. कंजूस भाव युक्त।

कृपणत्व (वि०) कादर्य, कंजूसी। (जयो० वृ० २/११०)

कृपणधीः (स्त्री०) विवेकशून्य, हृदयगत निम्नभाग, शून्य मन वाला, छोटे दिल का।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कृपण-बुद्धिः (स्त्री०) विवेकशून्य, अल्पज्ञ।

कृपणभावः (पुं०) कंजूसी का भाव, विवेक में अल्प भाव।

कृपणवत्सल (वि०) कृपालु, दयालु।

कृपा (स्त्री०) करुणा, दया, अनुकम्पा। (दयो० ५८) 'तिमांशुः कृपयाऽस्य तावदुदिता सम्वर्तते साधुता' (मुनि० १/१) 'यवनृपात्र कृपा त्रपमाणके भवतु' (जयो० ३/११) 'सा तु जीवानुकम्पनम्'। (क्षत्र चू०५/३५) कृपया (तृ०ए०) 'ते कृपया कान्तां रजनीं गत्वा' (सुद० वृ०९९)

कृपाङ्कुरः (पुं०) हरी घास, दया रूप दूर्वा। 'कृपाङ्कुराः सन्तुं सतां यथैव खलस्य लेशोऽपि मुदे सदैव।' (सुद० १/९) 'यत्कृपाङ्कुरमास्वाद्यगावो जीवन्ति नः स्फुटम्।' (दयो० १/४)

कृपाणः (पुं०) [कृपां नुदति-नुद्+ड संज्ञायां णत्वम्] खड्ग, असि, तलवार। (जयो० ८/५५) 'पाणौ कृपाणोऽस्य नु केशपाश' (जयो० ८/५६) 'कृपाणो जातो मध्यस्थमाकारं उदासीनरूवं वा जमाम' (जयो० वृ० ८/५६) 'कृपणं शब्द के मध्य के अकार को आकार रूप में प्राप्तकर 'कृपाण' शब्द बन गया।
'कण्ठे कृपाणं प्रकरोतु कोपी' (दयो० २/१२)

कृपाणकः (पुं०) असि, खड्ग, तलवार, यवनृपात्र कृपा त्रपमाणके भवतुमय्युप युक्तकृपाणके' (जयो० ९/११) कृपाण एव कृपाणको येन तस्मिन् (जयो० वृ० ९/११)

कृपाणपुत्री (स्त्री०) क्षुरी, क्षुरिका, छोटी गुप्ती। मूर्ध्नि मिलिन्दावलिच्छलेन कृपाणपुत्रीं क्षिपदिव तेन। (जयो० १५/५१) कृपाणपुत्रीं क्षुरिकां (जयो० वृ० १४/५१)

कृपाणमाला (स्त्री०) असि समूह, खड्ग समु दाय। 'रणाङ्गणे पाणिकृपाणमाला' (जयो० ८/८) कृपाणानां खड्गानां माला सैव' (जयो० वृ० ८/८)

कृपाणिका (स्त्री०) [कृपाण+कन् टाप्] छुरिका, बर्छी, गुप्ती, क्षुरी।

कृपाणी (स्त्री०) छुरी, क्षुरिका, असि पुत्री असिपुत्रिका। 'अतभिप्रेता कृपाणी क्षुरिका मम हृदे चित्तायापि भवत्यहो-' (जयो० ५/९७) 'वाणी कृपाणीव न कर्कशार्यास्मि' (जयो० १७/३३) 'वाणी या मर्मच्छेदकरी कृपाणी असिपुत्रिका' (जयो० वृ० १७/३३) 'वाणी कृपाणीव च मर्म भेत्तुम्' (वीरो० १/३८) समस्तु दुर्दैवभिदे कृपाणो- (समु० १/५)

कृपानुभावः (पुं०) कृपा दृष्टि, दयाभाव।

कृपान्वित (वि०) कृपालु (वीरो० १४/३७) (जयो० वृ० १२/४८)

कृपालता (स्त्री०) दयाभाव, दयादृष्टि, समभाव दृष्टि रूप लता। (सुद० १३६) 'कृपालतातः आरब्धं तस्येदं मम कौतुकम्' (सुद० १३६)

कृपालु (वि०) [कृपां लाति-कृपा+ला आदाने] करुणाजन्य, करुणा सहित, दया युक्त, सदय।

कृपालुता (वि०) जीवदया भाव युक्त, करुणापूर्ण। 'कृपालुतायां जीवदयायां' (जयो० १/२१)

कृपावती (वि०) दयालु (वीरो० १२/२७)

कृपावान् (वि०) दयावत, दयालु।

कृपाशनिः (पुं०) कृप रूप वज्र। कृपा सर्वसाधारणेषु उत्पद्यमाना दयैव अशनिर्वज्रस्तस्य' (जयो० वृ० ३/१९)

कृपाशील (वि०) प्रकृतप्रसाद, करुणाशील। (जयो० वृ० २४/१२२)

कृपी (स्त्री०) [कृप्+ङीष्] १. कृपा पात्री। २. कृप की भागिनी, द्रोण की भार्या।

कृपीटः (पुं०) प्याऊ (वीरो० १२/२७)

कृपीसुतः (पुं०) अश्वत्थामा।

कृपीपति (पुं०) द्रोण राजा।

कृपीटं (नपुं०) [कृप+कीटन्] जंगली लकड़ी, २. जल, ३. उदर।

कृमि (वि०) कीट समूह, कीट युक्त।

कृमि (स्त्री०) रोग विशेष, उदर जन्य कीट।

कृमिकुलं (नपुं०) कीट कुल, कीट समूह।

कृमिकोषः (पुं०) रेशम का कोया, रेशम का यूथ।

कृमिजं (नपुं०) अगर की लकड़ी।

कृमिजा (स्त्री०) लाल रंग, जो लाक्ष के कीड़ों से उत्पन्न होता है।

कृमिण (वि०) कीटयुक्त, कीड़ों से भरा हुआ।

कृमिपर्वत (पुं०) बांमी, कीटों द्वारा निर्मित मिट्टी का एक ढेर।

कृमिफलः (पुं०) गूलर वृक्ष।

कृमिरागः (पुं०) मल एवं लार की राग। १. कृमिच रंग, वस्त्र रंगना। कृमीणां रागो रञ्जकरसः कृमिरागः'

कृमिरागकम्बलः (पुं०) कीट तन्तुओं से निर्मित कम्बल। 'कृमिभुक्ताहारवर्णतन्तुभिरुतः कम्बलः कृमिराग कम्बलः' (भ०आ०टी० ५६७)

चाम्पेयः (पुं०) स्वर्ण, सोना। (जयो० १४/२४) १. चाम्पेयश्चम्पके नागकेशरे पुष्पकेशरे स्वर्णे क्लीव इति विश्वलोचनः। (जयो० वृ० १४/२४)

चाम्पेय रुचिः (स्त्री०) १. स्वर्ण प्रभा, स्वर्ण कान्ति। चाम्पेयस्य

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सुवर्णस्य रुचिरिव रुचि:। (जयो० वृ० १४/२४) २. चम्पक पुष्प कान्ति। चम्पकपुष्पाणां दाम माला रुचिं (जयो० वृ० १४/२४)

चाय् (सक०) १. निरीक्षण करना, पहचानना, देख लेना। २. पूजा करना।

चार: (पुं०) [चर्+घञ्] १. घूमना, परिभ्रमण करना। २. गति, मार्ग, प्रगति। (सम्य० २२) संचार (वीरो० २/१)

चारक: (वि०) [चर्+णिच्+ण्वुल्] भेदिया, ग्वाला, दूत। १. अश्वारोही, सवार। २. चारको बन्धनगृहम्-बन्धनगृहं। बन्दीगृह।

चारण: (पुं०) [चर्+णिच्+ल्युट्] भ्रमणशील, तीर्थयात्री १. नर्तक, भांड, स्तुतिपाठक (जयो० वृ० ३/१७) गन्धर्व, गवैया, भाट। २. ऋद्धि विशेष। चरणं गमनम् तद् विद्यते तेषां ते चारणा:'

चारणऋद्धि: (स्त्री०) अतिशय गमनशील ऋद्धि, जिसके प्रभाव से साधु अतिशय युक्त गमन समर्थ होते हैं। 'अतिशायिचरणसमर्थाश्चारणा:'

चारणार्द्धिक (वि०) चारण ऋद्धिधारी (समु० ४/१८)

चारतीर्थ: (पुं०) दूतशिरोमणि। (जयो० ७/६२)

चारदृक् (पुं०) गुप्तचर, दूत। चारा गुप्तचरा एव दृष्टि:। (जयो० वृ० २३/३)

चारित्रं (नपुं०) १. आचरण, शुद्ध विचार, विशुद्ध आचरण, (सम्य० ८४) मोह-क्षोभ रहित आत्मा का परिणाम। पुण्य-पाप का परिहार, विरतिभाव। चरत्यनिन्दितमनेति चरित्रं क्षयोपशमरूपम्, तस्य भावश्चारित्रम्। (जैन०ल० ४३७) २. सच्चरित्रता, ख्याति, रीति, अच्छाई, उचिताचरण सदाचरण, विशिष्ट आचार। ३. पञ्चाचार रूप में प्रसिद्ध चरित्र, ज्ञानाचार, दर्शनाचार, चरित्राचार, तपाचार और वीर्याचार।

चारित्रधर्म: (पुं०) प्राणातिपातनिवृत्ति रूप धर्म।

चारित्रपण्डित: (पुं०) पञ्चविध चारित्र में से किसी एक में प्रवीण।

चारित्रबाल: (पुं०) चारित्र से रहित प्राणियों को चारित्रबाल कहा जाता है।

चारित्रशक्ति: (स्त्री०) चारित्र स्तवन, विशुद्धाचरण का गुणगान। पञ्चाचार में चारित्राचार भी एक भक्ति का रूप है। जो महाव्रती, समितिपालक, गुप्तियों से गुप्त पञ्चविध चारित्र के धारी होते हैं, उनके चारित्रगुणों की भक्ति चारित्रभक्ति है। (भक्ति संग्रह वृ० ७-९०)

चारित्रमोह: (पुं०) चारित्र मोहनीय कर्म। (सम्य० १२०)

चारित्रमोहनीय (वि०) चारित्र मोह वाला जो बाह्य और आभ्यन्तर क्रियाओं की निवृत्तिरूप चारित्र को मोहित करता/विकृत करता है।

चारित्रवार्द्धि: (स्त्री०) चरणानुयोग की वृद्धि। (जयो० १९/२७)

चारित्रविनय: (पुं०) समिति, गुप्ति आदि में प्रयत्नशील रहना, चारित्र का श्रद्धान करना, इन्द्रिय एवं कषाय के व्यापार का निरोध करना। इन्द्रिय-कषायाणां प्रसर निवारणं इन्द्रिय कषाय-व्यापारनिरोधनं इति चारित्राविनय:।' (कार्तिकेयानुप्रेक्षा टी० ४५६)

चारित्रसंवर: (पुं०) चारित्र का संवरण, चारित्र में लगने वाले नवीन कर्मों को रोकना।

चारित्राचार: (पुं०) पापक्रिया की निवृत्ति रूप परिणति। हिंसादिनिवृत्ति परिणतिश्चारित्राचार:। (भ०आ०टी० ४१९) 'पापक्रियानिवृत्ति-परिणतिश्चारित्रचार:' (भ०अ०टी० ४६)

चारित्राराधना (स्त्री०) तेरह प्रकार के विशुद्ध चारित्र का आचरण, इन्द्रियसंयम और प्राणि असंयम का परित्याग।

चारी (वि०) विचरणशील। 'स्वभावत: सद्विभवाय चारी। (जयो० २७/१)

चारु (वि०) रमणीय, मनोहर, सुन्दर, निरोग। (सुद० १२१) (जयो० वृ० १/६९) एकोऽस्ति चारुस्तु यस्य सा रुग्दारिद्र्यमन्यत्र धनं यथारुक् (सुद० १२१) २. प्रगल्भ, प्रतिष्ठित, अभीष्ट, प्रिय, मनोज्ञ। 'वचश्च चारु प्रवरेषु तासां' (जयो० १६/४४) ३. उत्तम-मुनीश: सच्चारुचकोर चन्द्रमस् (समु० ४/२०)

चारुकुच: (पुं०) उन्नत कुच, उभरे हुए कुच। 'चारु कुचौ यस्या सा' (जायो०वृ० १२/१२१)

चारुघोण (वि०) सुन्दर नाक वाला।

चारुतर (वि०) आत्मकल्याण से युक्त। तत: सदा चारुतरं विधातुं विवेकिनो हृत्सततं प्रयातु।

चारुदत्त: (पुं०) नाम विशेष। (वीरो० १७/२) (सुद० १२१)

चारुदर्शनं (नपुं०) प्रियदर्शन, लावण्यावलोकन।

चारुदृष्टि: (स्त्री०) चंचल दृष्टि, चपल दृष्टि।

चारुधारा (स्त्री०) शची, इन्द्राणी

चारुनेत्र (वि०) चंचलनेत्र, सुन्दर दृष्टि वाणी।

चारुपरिवेश: (पुं०) सुन्दर प्रसाधन, अच्छे परिधान, रमणीय वस्त्राभूषण।

चारुफला (स्त्री०) अंगुर लता।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चारुलोयणा (वि०) सुंदर नेत्रों वाली।

चारुवर्धना (वि०) लावण्ययुक्त मुख।

चारुवक्त्र (वि०) सुन्दरता बढ़ाने वाली।

चारुव्रता (वि०) उन्नत व्रत करने वाली।

चारुशिला (स्त्री०) रत्न, कीमती पत्थर।

चारुशील (वि०) कान्त प्रकृति, सदाचरण युक्त।

चारुहासिन् (वि०) मधुर मुस्कान वाली।

चार्चिक्यं (नपुं०) [चर्चिका+ष्यञ्] उपटन, लेप, सुगन्धित प्रसाधन।

चार्म (वि०) [चर्मन्+अण्] चमड़े से निर्मित, चर्माच्छादित।

चार्मण (वि०) चमड़े से ढका हुआ।

चार्मिक (वि०) चमड़े से निर्मित।

चार्मिणं (नपुं०) [चर्मिन्+अण्] कवचधारियों का समूह।

चार्वाक: (पुं०) लोकायत दर्शन। [चारु लोकसम्मतो वाको वाक्यं यस्य] जो पृथ्वी आदि भूततत्त्वों को मानता है। (जयो० वृ० २६/९३) वीरो० २०/१६

चार्वी (स्त्री०) [चारु+ङीप्] १. सुंदर स्त्री, २. ज्योत्स्ना, ३. बुद्धि, प्रज्ञा, ४. प्रभा, कान्ति, दीक्षित। ५. कुबेर की प्रिया।

चाल: (पुं०) [चल्+ण] छत, १. गृहों के समूह, २. नीलकण्ठ पक्षी। ३. चलना, संचालन करना। (सम्य० २२)

चालक: (पुं०) [चल्+ण्वुल्] दुर्दान्त हाथी।

चालनं (नपुं०) [चल्+णिच्+ल्युट्] चलना फिरना, घूमना, संचरण, परिभ्रमण, हिंडन।

चालनी (स्त्री०) चलनी, छनणी आटा छानने का उपकरण।

चालनीसमान: (पुं०) चलनी के समान। दिए गए सूत्रार्थ का चलनी के समान विस्मृत होना।

चालयति - चलायमान करता है। (जयो० ६/६२)

चालयतिका (भू०) चलाया गया। चालयतिका भिषकर्त्री सती चालस्य छद्मनो यतिका विश्रमो यत्र। (जयो० वृ० ६/६२)

चालित (भू०क०कृ०) [चल्+क्त] चलाया गया, प्रकम्पित, प्रस्तारित। (जयो० वृ० ६/७७, सुद० ३/२३)

चालितवती (वि०) आगे चलने वाली। (जयो० ६/३२)

चाष: (पुं०) [चष्+णिच्+अच्] नीलकण्ठ पक्षी।

चि (सक०) १. चुनना, संचय करना, बीनना, इकट्ठा करना, २. जड़ना, खचित करना, मढ़ना, भरना।

चिकित्सक: (पुं०) वैद्य, डाक्टर, निदानक, व्यथाहर (जयो० २६/१०१) * भिषक।

चिकित्सा (स्त्री०) [कित्+सन्+अ+टाप्] उपचार, निदान, स्वस्थ करना, औषध सेवन करना। (दयो० १/८) (जयो० १६/८) (वीरो० ११/)

चिकिल: (पुं०) [चि+इलच्] पङ्क, कीचड़, कर्दम।

चिकीर्षा (स्त्री०) [कृ+सन्+अ+टाप्] कामना, वाञ्छा, इच्छा, भावना, अभिलाषा।

चिकीर्षित (वि०) [कृ+सन्+क्त] इच्छित, अभिलषित, चाहत वाञ्छित, इच्छुक।

चिकुर (वि०) [चिइत्यव्यक्त शब्दं करोति चि+कुर्+क] चंचल, चलायमान, अस्थिर, कम्पमान, स्थिर नहीं रहने वाला।

चिकुर: (पुं०) १. सिर केश, सिर के बाल। (जयो० १८/९४) २. पर्वत, पहाड़। ३. रेंगने वाला सर्प।

चिकुर निकर: (पुं०) बालसंमूह, केशराशि। (जयो० १८/९४)

चिकूर: (पुं०) केश, बाल।

चिक्क: (पुं०) [चिक् इति अव्यक्त शब्देन कायति शब्दायते-चिक्+कै+क] छछूंदर।

चिक्कण (वि०) चिकना, चमकदार, स्निग्ध, तैल युक्त, फिसलन युक्त।

चिक्कवणता (स्त्री०) चिकनापन। (समु० ८/१०)

चिक्कणा (स्त्री०) सुपारी वृक्ष।

चिक्कस: (पुं०) [चिक्क्+असच्] जौ का आटा।

चिक्का (स्त्री०) चिकना, स्निग्ध।

चिक्किर: (पुं०) [चिक्क्+इरच्] मूसक, चूहा।

चिक्किनलिद (वि०) ताजगी, तरावट, तरी।

चिच्चित् (वि०) चिन्ता युक्त। (जयो० ८/८३)

चिञ्चा (स्त्री०) १. इमली का पेड़। २. घुंघची तरु।

चिष्टिक: (पुं०) पीपीलिका, चींटी। (जयो० वृ० ५/६२)

चिट् (सक०) भेजना, प्रेषित करना।

चित् (सक०) १. देखना, अवलोकन करना। २. जानना, समझना, सतर्क करना।

चित् (स्त्री०) [चित्+क्विप्] १. विचार, मन, प्रज्ञा, बुद्धि, समझ, ज्ञान, समझदार, प्रत्यक्षस्थित (जयो० ३/२२) २. आत्मा, जीव, चेतना, (जयो० २६/९२)

चित (भू०क०कृ०) [चि+क्त] एकत्रित, संग्रह किया हुआ, संचित, प्राप्त, गृहीत।

चितनिशा (स्त्री०) गहन अन्धकार, मन का आवरण। (सुद० ७२) 'हति: स्याच्चितनिशाया:'

चितसम्मति (स्त्री०) ०गहन सम्मति ०प्रत्यक्ष विचार ०बुद्धिजन्य विचार। (विरो० २०/८)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चिता (स्त्री०) [चित+टाप्] चितिका, चिता जहां मुर्दे को लकड़ियों के ढेर में रखा जाता है।

चितिग्निः (स्त्री०) शव को अग्नि।

चितिः (स्त्री०) [चि+क्तिन्] १. ढेर, समूह, पुंज। २. चिता, ३. आयताकार स्थान। ४. अम्बार, टाल।

चितिका (स्त्री०) [चिता+कन्+टाप्] १. चिता, २. करधनी।

चित्त (वि०) [चित्+क्त] चित्त दिया गया, प्रत्यक्ष किया गया, देखा गया, सोचा गया, मनन किया गया। २. अभिप्रेत, इच्छित, वाञ्छित, अभिलषित। (सम्य० ४५)

चित्तं (नपुं०) १. देखना, २. मनन करना, मन लगाना, विचार, चिन्तन। 'चित्तं तिकालविसयं' आत्मनः परिणाम-विशेषः। ३. अभिप्राय, उद्देश्य। ४. आत्मा (जयो० १/२२) * ५. मन, विचार, हृदय (सुद० १०४) 'मनाङ् न चित्तेऽस्यपुनर्विकारः (सुद० ९९) ६. निर्मुक्त-वल्गन-विमोचलनं तुरङ्गं स्वैरं निरङ्कुशमिवातिशयान्मतङ्गम्। श्रीपञ्जरादरणवाच्च विचारपूर्णं चित्तं जनः स्ववशमानयतात्तु तूर्णम्।। (दयो० ४०)

चित्तचारिन् (वि०) दूसरे की इच्छा पर चलने वाला।

चित्तजः (पुं०) चित्त में उत्पन्न प्रेमभाव, आवेश, रति।

चित्तजन्मन् (पुं०) प्रेम, रति, आवेश।

चित्तज्ञ (वि०) मन की बात जानने वाला।

चित्तधारक (वि०) चित्त/मन लगाने वाला, 'सुखमालभतां चित्तधारकः परमात्मनि' (सुद० १२८)

चित्तनाशः (पुं०) अचेत अवस्था, बेहोशी।

चित्तनिवृत्तिः (स्त्री०) संतोष, प्रसन्नता। शांतवृत्ति।

चित्तपरिणतिः (स्त्री०) मति, बुद्धि। (जयो० वृ० ६/८३)

चित्तप्रसाद (वि०) आनन्द, हर्ष।

चित्तप्रसन्नता (वि०) हर्षभाव युक्त।

चित्तभा (स्त्री०) मनोवृत्ति, प्रकाशकार्त्री, चित्तदीप्ति। मच्चित्तभानामसुदेवतापि' (जयो० २२/८३) चित्तभा मम चेतसि प्रकाश कर्त्री, सूर्यकान्तसदृशी। (जयो० वृ० २०/८३)

चित्तभित्ति (स्त्री०) मन की परत।

चित्तभू (पुं०) कामदेव। 'प्रेरितः सपदि चित्तभुवा यदञ्चति। (जयो० ५/४)

चित्तभेदः (पुं०) ०मन मुटाव, ०विचार मतभेद, ०असंगति, ०अस्थिरता।

चित्तमोहः (पुं०) मन में मोह, मुग्धता भाव, प्रेमभाव, आसक्ति भाव।

चित्तलेश (वि०) तत्पर चित्त वाले, मन में मोक्ष चिन्तन करने वाले। प्रवर्त्तनायोद्यताचित्तलेशतः सङ्कम्प्यते सन्नु मुदे गणेशः। (भक्ति० ११)

चित्तविक्षेपः (पुं०) उदासमन, व्याकुल मन।

चित्तवित्तः (पुं०) हृदयगत भाव। (जयो० ७/८२)

चित्तविधिः (स्त्री०) मनोवृत्ति, मनोदशा। (सुद० ३/४२)

चित्तविप्लवः (पुं०) मानसिक क्लेश, व्याकुलता, मूर्च्छाभाव, आसक्ति भाव, असंतोष, चित्त भ्रंश, उन्मत्तता।

चित्तविभ्रमः (पुं०) मानसिक क्लेश, चित्तभ्रंश, उदासीनता।

चित्तविश्लेषः (पुं०) मित्रता का अभाव, मैत्री भंग।

चित्तवृत्तिः (स्त्री०) मन की विचारधारा, रुचि, भावना, स्वभाव, मन का अभिप्राय।

चित्तवेदना (नपुं०) मानसिक असंतोष, मनोमालिन्य, मन में कुढ़ता, कष्ट, चिन्ता, उद्वेग, व्याकुल भाव।

चित्तवैकल्यं (नपुं०) मन की व्यग्रता।

चित्तहारिणी (वि०) चित्ताकर्षिणि, चित्त को आकर्षित करने वाली। जनानां चित्तहारिण्यो गणिका इव भित्तिका। (जयो० ८/८०)

चित्तानुरक्तिः (स्त्री०) मानसिक अनुराग। 'वित्ताद्यर्जनहेतवे च य इमे चित्तानुरक्तिस्तवाः' (मुनि० २२)

चित्तानुवर्तिन् (वि०) अनुरंजनकारी, अनुराग युक्त।

चित्तापहारक (वि०) आकर्षक, मनोनुकूल, मनोज्ञ, सौन्दर्ययुक्त, मनोहारी, मोहक।

चित्तापहारिन् (वि०) आकर्षक, मनोज्ञ, मनोनुकूल, मनोहारी।

चित्तभोगः (पुं०) मानसिक प्रसन्नता, मनस्कार। (जयो० वृ० ३/१०६)

चित्तासङ्गः (पुं०) चित्ताकर्षक, अनन्य, अनुराग, अत्यधिक प्रेम, प्रीतिभाव।

चित्तोल्लासः (पुं०) मानसिक शान्ति, हर्ष, आनन्द, मन में प्रसन्नता। (जयो० वृ० ९/७८)

चित्तोल्लिखित (वि०) हृदयांकित, मन में उत्कीर्ण, हृदय में प्रविष्ट। (वीरो० वृ० २/१३)

चित्र (वि०) [चित्र्+अच] १. उज्ज्वल, स्वच्छ, साफ, स्पष्ट, २. चितकबरा, विचित्र, नाना रूप वाला। (जयो० ६/११०) ३. आश्चर्यजन्य, विस्मयकारी, इत्येतच्चित्रमाश्चर्यकरणं न हि (जयो० ११/१७)

चित्रः (पुं०) चित्र, रंग, वर्ण।

चित्रं (नपुं०) छायाचित्र, चित्रकारी, आलेखन। १. नानाकार (जयो० वृ० ३/७९)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चित्रं (अव्य०) अहो! कैसा विस्मय। क्या अद्‌भुत बात।

चित्रकः (पुं०) तिलक। (जयो० ६/३०)

चित्रकरुचिः (स्त्री०) तिलक शोभा। 'चित्रक नाम तिलकं तस्य रुचिं शोभां व्रजति। (जयो० वृ० ६/३०)

चित्रकण्ठः (पुं०) कबूतर।

चित्रकथालापः (पुं०) रोचक कथा श्रवण, मनोरंजन कथा सुनना।

चित्रकम्बलः (पुं०) नाना प्रकार के वर्णों वाली झूल, हाथी की झूल, रंगों से परिपूर्ण कालीन, गलीचा।

चित्रकरः (पुं०) चित्रकार, अभिनेता।

चित्तकर्मन् (नपुं०) सजाना, अलंकृत करना, चित्र बनाना, प्रदर्शन करना, जादूगरी दिखलाना।

चित्रकायः (पुं०) चीता, चित्तल।

चित्रकारः (पुं०) रंगकर्मी।

चित्रकूटः (पुं०) पर्वत विशेष।

चित्रकृत् (पुं०) चित्रकार, चित्रकर्मी, रंगकर्मी।

चित्रक्रिया (स्त्री०) चित्रकारी, कलाकृति।

चित्रखचित (वि०) चित्र से युक्त, चित्रित, चित्र में बने हुए। 'चित्रेषु खचितानि लिखितानि' (जयो० वृ० ५/१०)

चित्रग (वि०) विचित्र, उल्लिखित, चित्रांकित।

चित्रगत (वि०) चित्र में अंकित, उल्लिखित।

चित्रगुप्तः (पुं०) यमराज का लेखाधिकारी।

चित्रगृहं (नपुं०) १. रंगशाला, नाट्यशाला। २. विचित्र गृह।

चित्रचेष्टा (स्त्री०) मूर्त चेष्टा, चित्र रचना। प्रसरन्मृदुपल्लवेष्टया सुलताङ्गीकृतचित्रचेष्टा। (जयो० १०/१४) 'चित्रस्य युवति प्रतिमूर्तेश्चेष्टा' (जयो० वृ० १०/१४)

चित्रजल्पः (पुं०) विविध वार्तालाप, नाना प्रकार से कथन।

चित्रता (वि०) शबलता। (जयो० ६/३८)

चित्रत्वच् (पुं०) भूर्जतरु।

चित्रदण्डकः (पुं०) कर्पास पादप, कपास का पौधा।

चित्रन्यस्त (वि०) चित्रित, रेखांकित।

चित्रपक्षः (पुं०) तीतर।

चित्रपटः (पुं०) आलेख, तस्वीर, छायाकृति, छायांकन।

चित्रपद (वि०) विविध रूप मे विभक्त, ललित पदावली, सुन्दर पदावली।

चित्रपादा (स्त्री०) मैना, सारिका।

चित्रपिच्छकः (पुं०) मयूर, मोर।

चित्रपृष्ठः (पुं०) चटिका, चिड़िया।

चित्रफलकं (नपुं०) चित्रपटल, चित्र रखने का काष्ठफलक।

चित्रबर्हः (पुं०) मयूर।

चित्रभानु (पुं०) १. सूर्य, वह्नि। चित्रभानुरिनेऽनले इति विश्व-लोचनः' इन सूर्य इत्यर्थः (जयो० २४/९९) (जयो० १५/२५)

चित्तिस्थिति (स्त्री०) १. परमात्मस्थिति (जयो० २/१२२) २. मदार पादप, ३. भैरव।

चित्रभित्तिः (स्त्री०) चित्र युक्त भित्तियां, विविध चित्रों से खचित दीवाल। चित्र भित्तिषु समर्पितदृष्टौ तत्र शश्वदपि मानवसृष्टौ। (जयो० ५/१९)

चित्रमण्डलः (पुं०) सर्प विशेष।

चित्रमाला (स्त्री०) एक राजपुत्री, चक्रपुर के राजा अपराजित की पुत्री। (समु० ६/१८)

चित्रमृगः (पुं०) चितकबरा हिरण।

चित्रमेखलः (पुं०) मयूर, मोर, चित्रबर्ह, चित्रपिच्छक।

चित्रयोधिन् (पुं०) अर्जुन का एक नाम।

चित्ररथः (पुं०) सूर्य, रवि। १. नाम विशेष।

चित्रल (वि०) चितकबरा।

चित्रलेख (वि०) सुन्दर रूप रेखा वाला, अत्यन्त सुंदर रेखा।

चित्रलेखकः (पुं०) चित्रकार।

चित्रलेखा (स्त्री०) नाम विशेष, प्रसिद्ध राजकन्या।

चित्रविचित्रं (स्त्री०) नाना प्रकार के वर्ण वाला।

चित्रविद्या (स्त्री०) चित्रकला।

चित्रसंस्थ (वि०) चित्रित।

चित्रहस्तः (पुं०) हाथ की विचित्र स्थिति।

चित्रा (स्त्री०) [चित्र्+अच्+टाप्] १. नक्षत्र विशेष, २. चित्रा नामक स्वर्ग अप्सरा। (जयो० वृ० १८/७४)

चित्रामः (स्त्री०) मैना, सारिका।

चित्राख्यात् (पुं०) विचित्र शोभा। चित्रो विचित्र इति ख्यातो या भा किरणः। (जयो० वृ० २२/१६)

चित्रान्नं (नपुं०) पीत, लाल वर्णादि युक्त अन्न, पीले चावल।

चित्रानुरूपः (नपुं०) नानावर्ण। (जयो० २५/१२५)

चित्रापूपः (पुं०) विविध व्यञ्जनों से परिपूर्ण पुएं, पुड़ी।

चित्रार्पित (वि०) चित्रित।

चित्रारंभः (वि०) चित्रित।

चित्रोक्तिः (स्त्री०) सुष्ठुवचन युक्त कथन/उपदेश।

चित्रोदतः (पुं०) पीत-चावल, पीले अक्षत।

चित्रोल्लिखित (वि०) चित्रयुक्त। 'बभूव चित्रोल्लिखितेव गोचरा' (जयो० २३/३३)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चिद् (पुं०) चैतन्य, जीव। (सम्य० ३१)

चिद्गुणं (नपुं०) चैतन्य गुण, चेतना लक्षण। बोध: स्फूर्जति चिद्गुणो भवति य: प्रत्यात्मवेद्य: सदा। (मुनि० १४)

चिद्गुणलब्धि: (स्त्री०) चैतन्य गुण की प्राप्ति। भव्यानितास्ताविकवर्त्म नेतुं नमामि तांश्चिद्गुणलब्धये तु। (भक्ति० १)

चिद्विलासी (वि०) ज्ञानानन्दस्वभावी। नित्योऽहमेक: खलु चिद्विलासी। (भक्ति० २६)

चिदंकश: (पुं०) ज्ञान का अंश। (सम्य० १०९)

चिदात्मत्व (वि०) चैतन्यत्व। जीवा सन्ति चरा: किलैवमचरा सर्वे चिदात्मत्वत:। (मुनि० १३)

चिदानन्द: (पुं०) चैतन्य स्वरूप आत्मा, ज्ञानस्वाभावी आत्मा। (सुद० १२१)

चिदानन्दसमाधि: (स्त्री०) ज्ञानानन्द समाधि, उत्कृष्ट सम्यक् भाव। (सुद० ४/३)।

चिदेकपिण्ड: (पुं०) एक ज्ञान शरीरी आत्मा। चिदेकपिण्ड: सुतरामखण्ड: (भक्ति० ३१)

चिन्त् (अक०) सोचना, विचार करना, हृदार्तिमेतार्मनुचिन्तयन्त:' (वीरो० १४/१४) ०चिन्तन करना, ०मनन करना, ०चिन्ता करना। 'तव आनन्दाय एव वयं चिन्तयाम: (वीरो० ५/७) 'तदेतदाकर्ण्य पिताऽप्यचिन्तयत्' (सुद० ३/४२) २. मन लगाना, ध्यान देना। वस्तुतो यदि 'चिन्त्येत चिन्तेत: कीदृशी पुन: ३. खोज करना, याद करना। (जयो० १०/३०) ४. सम्मान करना।

चिन्तयात्-संचय करें। (मुनि० २७)

चिन्तनं (नपुं०) विचारना, सोचना, (सम्य० ११५) ध्यान लगाना, एकाग्र करना। (जयो० वृ० १/३४) इति तच्चिन्तनेनैवाऽऽकृष्ट: सागरदत्तवाक्। (सुद० ३/४३)

चिन्ता (स्त्री०) [चिन्त्+णिच्+अङ्+टाप्] चिन्तन, (सम्य० ११६) मनन, ध्यान, विचार। चित्ते चिन्ता ध्यानकरणम्। (जयो० वृ० १/२२) चित्ते चेष्टवियोगानिष्टसंयोगजनिता चिन्ता भवेत्। (जयो० वृ० १/२२) २. दु:ख (जयो० वृ० ९/५) चिन्तनं चिन्ता (स०सि० १/१३) 'चिन्ता अन्त:करणवृत्ति:' (त० वा० ९/२७)

चिन्ताकर्मन् (नपुं०) चिन्ता करना, चिन्तनशील कार्य, मनन करने योग्य कर्म, ध्यान देने लायक कर्म।

चिन्ताज्ञानं (नपुं०) चिन्तन करने योग्य ज्ञान, ज्ञानादित्रयात्मक रत्नत्रय का ज्ञान।

चिन्तातुर: (पुं०) चिन्ता से व्याकुल। (दयो० १९)

चिन्तातुमनस् (वि०) चिन्ता से व्याकुल मन वाला। अनेन चिन्तातुरमानसा तु सा विपद्य च व्याघ्रि अभूदहो रुषा। (समु० ४/८)

चिन्तापर (वि०) चिन्तनशील, ध्यान करने वाला।

चिन्ताभाव: (पुं०) चिन्तन परिणाम, चिन्तन भाव।

चिन्तामणि: (पुं०) काल्पनिक रत्न। (जयो० ८/९१) चिन्तामुक्त करने वाला रत्न। चिन्तारत्न, जिससे मनोकामना भी पूर्ण होती है। वसुधैककुटुम्बिनाथ साऽऽगादुतचिन्तामणिमार्श्रित: विचारात्। (जयो० १२/८७) सर्वेभ्य: सर्वस्वदायकेन राज्ञा दरिद्रतायै चिन्तामणिर्दत्त इति भाव:। (जयो० वृ० १२/८७) भाग्यतस्तमधीयानो विषयाननुयाति य:। चिन्तामणिं क्षिपत्येष काकोड्डायनहेतवे।। (सुद० १२८)

चिन्तारत (वि०) चिन्ता युक्त, चिन्तन में तत्पर, आत्म-चिन्तन में लीन। सम्विग्न: स्वतनोश्च साधुरधुना स्वात्मीय चिन्तारत:। (मुनि०वृ० १८)

चिन्तारत्नं (नपुं०) चिन्तामणि। (दयो० १०१)
दुर्लभं नरजन्मापि नीतं विषयसेवया।
चिन्तारत्नं समुत्क्षिप्तं काकोड्डायनहेतवे।। (दयो० वृ० ९/१)

चिन्तावेश्मन् (नपुं०) परिषद् गृह, मन्त्रणाभवन।

चिन्ताहर (वि०) चिन्ता को हरण करने वाला।

चिन्ताहारी (वि०) चिन्ताहरण करने वाला।

चिन्तिडी (स्त्री०) इमली वृक्ष।

चिन्तित (वि०) [चिन्त्+क्त] विचार किया हुआ, सोचा गया, चिन्तन किया गया।

चिन्तिति: (स्त्री०) सोच, चिन्तन, विचार, मनन, ध्यान।

चिन्त्य (स०कृ०) [चिन्त्+यत्] चिन्तन करने योग्य, सोचने योग्य।

चिन्मय (वि०) [चित्+मयट्] १. आत्मिक, तात्त्विक, बौद्धिक।

चिन्मयं (नपुं०) परमात्मा, विशुद्धज्ञानमय।

चिपट (वि०) चिपटी नाक वाला।

चिपट: (पुं०) चपटा किया गया।

चिपिटक: (पुं०) चिउड़ा, पोहे, चावल के पोहे।

चिबु (स्त्री०) ठोडी।

चिबुकं (नपुं०) ठोडी।

चिमि: (स्त्री०) तोता।

चिर (वि०) [चि+रक्] दीर्घकालीन, बहुत समय से चला आया। (सुद० १००)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चिरकार (वि०) दीर्घकालीन, दीर्घसूत्री, परम्परागत।

चिरकारिक (वि०) दीर्घकालीन, दीर्घसूत्री।

चिरकारिन् (वि०) प्राचीनतम्, बहुत समय का।

चिरकालः (पुं०) बहुत समय, प्राचीन काल, दीर्घसमय, लम्बा अन्तराल।

चिरकालिक (वि०) चिरकाल से चला आया, बहुप्रतीक्षित।

चिरकालीन् (स्त्री०) बहुत समय से समागत। (मुनि० ३०)

चिरजात (वि०) पूर्व में उत्पन्न, बहुत समय से उत्पन्न हुआ।

चिरक्षुधित (वि०) बहुत भूखी, बहुत क्षुधा वाली। (दयो० २०)

चिरञ्जीव (वि०) दीर्घायु वाला।

चिरञ्जीविन् (वि०) दीर्घजीवी।

चिरटंकारः (पुं०) लम्बा उद्घोष।

चिरतपस्वी (वि०) अधिक तप वाला।

चिरदानं (नपुं०) ०अत्यधिक दान ०उचित दान, ०अपरिमित वस्तु का देना।

चिरदानी (वि०) अत्यधिक दान देने वाला।

चिरध्यानं (नपुं०) बहु समय तक ध्यान।

चिरनमन् (वि०) अधिक नम्रशील, प्रणतभाव।

चिरपरिचित (वि०) बहुत समय से परिचय वाला।

चिरपाप (वि०) अधिक पाप, पाप की बहुतायत।

चिरपुण्यं (वि०) उचित पुण्य, शुभभाव की अधिकता।

चिरपुष्पः (पुं०) बकुल का फूल।

चिरभ्रान्तिः (स्त्री०) चिरकालीन भ्रान्तियां, बहुत समय के भ्रम। (मुनि० ९०) स्वाध्यायः परमात्मबोध दियादेक उश्चिरभ्रान्तिहृत्। (मुनि० ३०)

चिरमेहिन् (पुं०) गधा, गर्दभ।

चिररज (वि०) दीर्घ कालीन रज युक्त, दीर्घकालीन कर्म युक्त।

चिररजनी (स्त्री०) लम्बी रात।

चिरत्न (वि०) [चिरे भवः-चिर+त्न] पुराना, प्राचीन।

चिरन्तन (वि०) [चिरम्+ल्युट्-तुट् च] पुराना, पुरातन, प्राचीन।

चिरविप्रोषित (वि०) दीर्घ समय से बाहर रहने वाला, प्रवासी।

चिरसंचित (वि०) बहुत समय से संगृहीत, चिरोच्चित। (जयो० वृ० १/७५)

चिरसुप्त (वि०) बहुत समय से सोया हुआ। (दयो० ३०)

चिरस्थ (वि०) चिरस्थायी, बहुत समय तक रहने वाली।

चिरस्थायिन् (वि०) चिर समय तक रहने वाली, स्थायी, टिकाऊ दृढ़। (जयो० ६/७५)

चिरायुस् (वि०) लम्बी आयु/उम्र वाला।

चिरारोधाः (पु०) अधिक रोग, दृढ़ घेरा, चक्राकार रोक।

चिरिः (पुं०) तोता।

चिरोच्चित (वि०) चिरसंचित, बहुत समय से संगृहीत। चिरेण बहुकालेन उच्चिता, संगृहीतोऽसिः। (जयो० वृ० १/७५)

चिर्भटी (स्त्री) [चिर+भट्+अच्+ङीप्] ककड़ी, भटकचरिया।

चिल् (सक०) वस्त्रधारण करना, परिधान पहनना।

चिलमीलिका (स्त्री०) १. जुगनू, २. विद्युत, ३. चमकीला हार, गले का आभूषण।

चिलाति (पुं०) राजा, कोटिवर्ष के स्थान का राजा (वीरो० १५/२०)

चिल्ल् (अक०) ढीला होना, शिथिल होना।

चिल्लः (पुं०) चील, गृद्ध पक्षी।

चिल्लिका (स्त्री०) [चिल्ल्+इन्+कन्+टाप्] झींगुर।

चिह्नं (नपुं०) [चिह्न+अच्] अंक (जयो० वृ० ६/२१) लांछन, निशान, पहचान, प्रतीक, लक्षण, संकेत, इंगित, आकार।

चिह्नकारिन् (वि०) चिह्न लगाने वाला, दाग लगाने वाला। डरावना।

चिह्नधर (वि०) लक्षण धारी।

चिह्नपत्रं (नपुं०) चिह्न युक्त पत्र, मुद्रित पत्र।

चिह्नलोकः (पुं०) आकार, संस्थान, द्रव्य, गुण और पर्यायों के आकार। जं दिट्ठं संठाणं दव्वाण गुणाण पज्जयाणं च। चिण्हलोगं वियाणाहि अणंतजिणदेसिदं (मूला० ७/५०)

चिह्नितं (वि०) लांछित, लक्षण वाला, पहचान वाला, मुद्रांकित, संकेतित।

चीच्चक्रु (भू०) चीत्कार करने लगे।

चीच्चीत्कार-(भूतकालिक)-चीत्कार करने लगे। (जयो० ८/५)

चीत्कारः (चीत्+कृ+घञ्) भयंकर गर्जन, तीव्र गर्जना, अधिक कोलाहल, विशेष क्रन्दन। स्फीत्कारचीत्कारपरम्। (जयो० २७/१८)

चीत्कृत (वि०) चिंघाड़ वाला। अथो रथानामपि चीत्कृतेन छन्नः प्रणादः पटहस्य केन। (जयो० ८/२३)

चीनः (पुं०) [चि+नक्-दीर्घः] चीन देश।

चीनांशुकं (नपुं०) चीन में निर्मित वस्त्र।

चीनाकः (पुं०) [चीन+अक्+अण्] कपूर।

चीरं (नपुं०) १. वस्त्र, परिधान, कपड़ा। (सुद० २/११) (वीरो० ३/४१) २. धजी, चिथड़ा, फटा कपड़ा। ३. वल्कल। ४. चारलड़ी वाला हार। ५. दर्पण, सीसा

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चीरपरिग्रहः (वि०) वस्त्रधारी, वल्कलधारी।

चीरिः (स्त्री०) १. अक्षी आवरण, आंख की पट्टी। २. झींगुर, ३. झालर, गोट।

चीरिका (स्त्री०) झींगुर।

चीर्ण (वि०) पालित, अनुष्ठित, बनाया गया, अधीत, विभाजित।

चीलिका (स्त्री०) झींगुर।

चीव् (सक०) पहनना, ओढ़ना, ग्रहण करना, लेना, पकड़ना।

चीवरं (नपुं०) १. वस्त्र, परिधान, कपड़ा, २. चिथड़ा, फटा वस्त्र, जीर्ण वस्त्र। ३. वल्कल। ४. भिक्षुक परिधान।

चीवरिन् (पुं०) भिक्षुक।

चु (पुं०) चवर्ग। (जयो० वृ० १/३९)

चुक्क (पुं०) चूक, छूटना।

चुक्कारः (पुं०) [चुक्क्+अच्] सिंह दहाड़, सिंह गर्जना।

चुक्रः (पुं०) [चक्र्+रक्] अमल वेंत।

चुक्रं (नपुं०) अम्लता, खटास।

चुक्रा (स्त्री०) इमली का वृक्ष।

चुक्रिमन् (पुं०) [चुक्र+इमनिच्] खट्टापन।

चुचुकः (पुं०) घुंडी, अव्यक्त शब्द।

चुञ्चुः (पुं०) प्रख्यात, प्रसिद्ध।

चुण्टा (स्त्री०) पोखर, छोटा कूप।

चुत् (अक०) चूना, टपकना, रिसना।

चुता (स्त्री०) गुदा।

चुद् (सक०) १. भेजना, प्रेरित करना, हांकना, धकेलना। २. प्रश्न करना, प्रस्तुत करना, प्रोत्साहित करना, निर्देश देना, फेंकना।

चुन्दी (स्त्री०) [चुन्द्+अच्+ङीष्] दूती, कुटनी।

चुप् (अक०) चुप रहना, चलना, चुपचाप खिसकना।

चुबकः (पुं०) ठोडी।

चुम्ब् (सक०) चूमना, चुम्बन करना, आलिंगन करना। अधरोष्ठं चुम्बति (जयो० वृ० १२/७७)

चुम्बः (पुं०) चूमना, चुम्बन।

चुम्बकः (वि०) [चुम्ब+ण्वुल्] १. चूमने वाला, कामासक्त, कामुक।

चुम्बकः (वि०) चुम्बक पत्थर, चकमक।

चुम्बतितरा (वि०) चूमता हुआ, चूमने में तत्पर हुआ। (जयो० वृ० ४/५६)

चुम्बनं (नपुं०) वटक, चूमना। (सुद० ९९) 'अतो वटकं चुम्बनमपि देहि' (जयो० १२/१२४) (सुद० १२३) 'सातिरेक-चुम्बनादिचेष्टोप देष्टुश्च' (जयो० ० १/७८)

चुम्बनदानं (नपुं०) वटक दान, चूमने का आदान-प्रदान परस्पर में चुम्बन करना। (जयो० १२/१२४)

चुम्बिः (स्त्री०) चूमा, चूमना। 'क्षीरोदपूरोदर-चुम्बितीरे' (सुद० २/११)

चुम्बिचन्द (वि०) चन्द्र की तरह चुम्बन। (जयो० २६/१३)

चुम्बित (वि०) चूमा गया, आलिंगन किया गया, चुम्बन किया गया। सुकपोले समुपेत्य चुम्बितः। (सुद० ३/११) सञ्जायते चुम्बितं (सुद० वृ० १०३)

चुर् (सक०) लूटना, चुराना, वहन करना, रखना, अधिग्रहण करना, धारण करना।

चुरा (स्त्री०) १. चोरी, चौर्यकर्म। (जयो० १६/२५) (जयो० २/१२५) २. चवर्ग एव रा धनं यस्याः सा चुरा। चतुरता, चिपुणता। (जयो० वृ० ११/७८)

चूरादूरः (पुं०) अचौर्य, अचौर्यव्रत। चोरी से दूर रहने वाला साधु नित्यं पादपकोटरादिषु वशेदन्यानपेक्षिष्ववथा- प्युद्भिन्ना-दितयोज्झितेषु च चुरादूरे चरः सर्वथा। (मुनि० ३)

चुरिः (स्त्री०) [चुर्+कि] लघु कूप।

चुलूकः (पुं०) [चुल्+उकज्] हथेली भर जल, ०चुल्लु।

चुलुकायते-चुल्लु में समा गया। (जयो० १/१०२)

चुलुकिन् (पुं०) [चुलुक+इनि] सूंस, उलूपी।

चुलुम्प् (अक०) झूलना, डोलना, हिलना, दोलायमान होना, आन्दोलित होना।

चुलुम्पः (पुं०) [चुलुम्प्+घञ्] पुचकारना, बच्चों को प्यार देना।

चुलुम्पा (स्त्री०) [चुलुम्प+टाप्] बकरी।

चुल्ल् (अक०) खेलना, क्रीड़ा करना।

चुल्लि (स्त्री०) चूल्हा। (दयो० ९३)

चुल्ली (स्त्री०) चूल्हा।

चूचुकं (नपुं०) घुण्डी, शब्द विशेष। (सुद० २/४५)

चूडकः (पुं०) [चूडा+कन्] कूप, कुंआ।

चूडा (स्त्री०) १. बालों की चोटी, चुटिका। २. कलगी, मोर का उपरिभाग। ३. मुकुट, उष्णीष। ४. सिर, शिखर, चोटी, कूट, चौबारा। ५. **चूलिका**-अनुयोग विषयों का संग्रह।

चूडाकरणं (नपुं०) मुण्डन संस्कार।

चूडाकर्मन् (नपुं०) मुण्डन संस्कार।

चूडामणिः (स्त्री०) मुकुटमणि, शिरमोरमणि, शीर्षफूल।

चूडार (वि०) शिखा युक्त, कलगीदार।

चूडारत्नं (नपुं०) चूडामणि, शीर्ष फूल, श्रेष्ठ अलंकरण।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चूतः (पुं०) १. आम्रतरु, २. कामदेव।

चूतं (नपुं०) गुदा।

चूतकः (पुं०) आम्रतरु। चूतकरस्याम्र वृक्षः (जयो० १०/११७)

चूतदार (वि०) आम्रदायिनी। (जयो० १२/१२७)

चूतोचित (वि०) आम्र सदृश। चूत इवोचितश्चूतोचितः (जयो० १६/३८)

चूरचूरा (स्त्री०) चूरमा, बाटी का शर्करा युक्त चूरा। (जयो० वृ० ६/१२)

चूर्ण् (सक०) पीसना, चूर्ण करना, मसलना, रगड़ना। चूर्णयाञ्चकार (जयो० वृ० ७/१०८)

चूर्णः (पुं०) चून, आटा, सुगन्धित द्रव्य, चन्दन चूरा। चूर्णस्य पिष्टविशेषस्य (जयो० वृ० १६/४६) चूर्णो यव-गोधूमादीनां सक्तुकणिकादि।

चूर्णं (नपुं०) चूना, खड़िया, सेटक।

चूर्णकः (पुं०) सत्तू, आटा, चूना।

चूर्णकार (वि०) चूना बनाने वाला।

चूर्णखण्डः (पुं०) रेत समूह, कंकण।

चूर्णनं (नपुं०) [चूर्ण+ल्युट्] कुलचना, पीसना।

चूर्णदोषः (पुं०) आहार उत्पादन के दोष।

चूर्णपारदः (पुं०) सिंदूर, अबीर।

चूर्णपिण्डः (पुं०) भोज्य वस्तु की प्राप्ति।

चूर्णमुष्टिः (स्त्री०) चूर्ण की मुष्टि। 'वशीकारकचूर्णमुष्टिः' (जयो० १६/४६) चूर्णस्य पिष्टविशेषस्य मुष्टिरिव मोहनाय जयेत्। (जयो० वृ० १६/४६)

चूर्णिः (स्त्री०) [चूर्ण+इन्] चूरा, चूर्ण किया गया।

चूर्णिका (स्त्री०) [चूर्ण+ठन्+टाप्] सत्तू, पिसा हुआ धान्य। अतिसूक्ष्माऽतिस्थूल-वर्जितं मुद्ग-माष-राजमाष-हरि-मंथ-कादीनां दलनं चूर्णिका (त० वा० ५/२४)

चूर्णित (वि०) चूर्ण किया गया, पीसा गया, चूर-चूर किया गया।

चूलः (पुं०) केश, बाल।

चूला (स्त्री०) चोटी, शिखर, कूट, छत, गृह का ऊपरी भाग, पर्वतशृंखला। २. धूमकेतु शिखा।

चूलिका (स्त्री०) १. चोटी, शिखर, ऊपरी भाग। (दयो० १८, वीरो० २/११) २. अनुयोग-ग्रन्थ के सूचित अर्थों की विशेष प्ररूपणा प्राकृत में विश्लेषण। जाए अत्थपरूवणाए कदाए पुव्वपरूविदत्थम्मि सिस्साणं णिच्छमो उप्पजदि सा चूलिया त्ति होदि। (धवल) ११/४०) २. गणना भेद, ३. रेखा (जयो० १२/५) 'मस्तकचूलिकाभ्यदारैः' (जयो० १२/५)

चूलिकाङ्गं (नपुं०) गणनाभेद-चौराशीलाख नयुतों का एक चूलिकाङ्ग।

चूष् (सक०) पीसना, चूसना। चुचूष सद्यश्चतुरस्तमत्यादरेण चूतोचितकं सूदत्या। (जयो० १६/३८) चुचूषास्वादितवान् (जयो० वृ० १६/३८)

चूषणं (नपुं०) [चूष्+ल्युट्] चूसना, चोंखना। (जयो० १२/१२७)

चूषा (स्त्री०) १. चूसना, २. मेखला, ३. चमड़े की तंग।

चूष्यं (नपुं०) [चूष्+ण्यत्] चूसने योग्य पदार्थ।

चेकितानः (नपुं०) शिव।

चेटः (पुं०) [चिट्+अच्] विट, भृत्य।

चेटकः (पुं०) चेटक राजा, वैशाली राजा। वैशल्या भूमिपालस्य चेटकस्य समन्वयः पूर्वस्मादेव वीरस्य मार्गमालौकि-नोऽभवत्।। (वीरो० १५/१९)

चेटिका (स्त्री०) सेविका, दासी, चेटी। (जयो० वृ० १२/१११) (सुद० १५/१९) विवाहित पत्नी के अतिरिक्त रखी हुई अन्य स्त्री। पत्नी पाणिगृहीता स्यात्तदन्या चेटिका मता।। (लाटी सं०)

चेटी (स्त्री०) दासी, सेविका। (सु० ९२) इत्युक्ताऽथ गता चेटी श्रेष्ठिनः सन्निधिं पुनः। (सुद० ७७)

चेतकोऽपि (अव्य०) कोई भी चेतना (वीरो० १९/४२) (सम्य० १३४)

चेतन (वि०) सजीव, जीवित, अन्तःकरण, मन, आत्मा, सचेत।

चेतनकः (पुं०) चेतनता, ज्ञानात्मक, प्रज्ञा, ज्ञान, बुद्धि। (वीरो० १४/२६) (जयो० २५/५५)

चेतनत्व (वि०) चेतनता।

चेतना (स्त्री०) ज्ञान, संज्ञा, बुद्धि, मति, प्राण, तत्त्व। (सुद० १९) विचार-'इहास्या इति चेतनाऽ भवत्। (समु० २/१४) (सम्य० १४३)

चेतनात्मन् (पुं०) विचारभृत। (जयो० २४/१८)

चेतस् (नपुं०) [चित्+असुन्] १. चेतना, चित्त ज्ञान, २. मन, आत्मा, हृदय। (सुद० १०३, जयो० ३/१) अन्तःकरण (जयो० ४/४४) ३. विचार, चिन्तन, मनन। वाढं चेत्त्वमिहासि कुत्सितमतिर्युक्ता क्षतिस्ते तदा। (मुनि० १४) को जानाति कदा तदेतु विलयं तस्मात्स्वतश्चेद् भवेत् (मुनि० १११) हृदय (जयो० ३/५४)

चेतदा (वि०) चैतन्यता, आत्म भावत्व। (जयो० वृ० १/२२)

चेतपततः (पुं०) चित्त रूपी पक्षी।

चेतभु (पुं०) प्रेम।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चेतविकारः (पुं०) क्षोभ, राग, द्वेष, मन का संवेग।

चेता (स्त्री०) हृदय, चेतना। (सुद० १/४३)

चेतोमत् (त्रि०) [चेतष+मतुप्] जीवित।

चेतोवृत्तिः (स्त्री०) मनश्चेष्टा। (जयो० ६/९०)

चेद् (अव्य०) यदि, फिर भी, यद्यपि, तो भी। (भक्ति० २५)

चेदात्मन् (पुं०) चैतन्य आत्मा (मुनि० १३)

चेदि (पुं०) चेदि नामक वंश।

चेद्यथा (अव्य) जैसा कि (सुद० १३४)

चेय (वि०) [चि+यत्] संग्रह करने योग्य।

चेल् (अक०) हिलना, क्षुब्ध होना, कांपना, चलना।

चेलं (नपुं०) [चिल+घञ्] वस्त्र, कपड़ा, १. दुष्ट, क्रूर।

चेलक (वि०) वस्त्रधारी।

चेलाञ्चलः (पुं०) वस्त्र प्रान्त, वस्त्र का हिस्सा। चेलानां वस्त्राणामञ्चलैः वस्त्रप्रान्तः' (जयो० १४/८७)

चेलालङ्कारः (पुं०) वस्त्राभूषण। (सुद० ११५)

चेलिका (स्त्री०) [चेल+कन्+टाप्] चोली, अँगिया।

चेष्ट् (अक०) हिलना, चेष्टा करना, सक्रिय होना, संघर्ष करना, प्रयत्न करना, अनुष्ठान करना, व्यवहार करना, गतिशील होना।

चेष्टकः (पुं०) [चेष्ट्+ण्वुल्] रतिबंध, संभोग की पद्धति।

चेष्टनं (नपुं०) [चेष्ट्+ल्युट्] गति, चेष्टा, प्रयत्न, प्रयास, अनुष्ठान, सक्रिय।

चेष्टा (स्त्री०) १. गति, प्रयत्न, प्रयास, अनुष्टान, संघर्ष। अनेकवारं पुनरित्यथेष्टा समस्ति संसारिण एव चेष्टा। (सम्य० ४६) २. **आज्ञा**- 'सेवकस्य चेष्टा सुखहेतुः' (सुद० ९२) ३. व्यवहार-'चेष्टा स्त्रियां काचिदचिन्तनीया' (सुद० १०७)

चेष्टित (भू०क०कृ०) [चेष्ट्+क्त] क्रियाशील, गतिशील, कर्मक्रिया, व्यवहार प्रक्रिया।

चेष्टितं (नपुं०) [चेष्ट्+क्त+ल्युट्] चेष्टा, कर्म, गति, क्रिया, 'मदनोदारचेष्टितम्' (सुद० ८३)

चेष्टोपदेष्टु (वि०) चेष्टावाला, प्रयत्नशील, प्रयासरत। (जयो० वृ० १/७८)

चैतन्यं (नपुं०) [चेतन+ष्यञ्] चेतना, प्राण, जीव, जीवन, संवेदन, प्रज्ञा, संज्ञा। (मुनि० २६)

चैतन्यता (वि०) चैतन्य से तन्मयता, आत्म तल्लीनता। (मुनि० २६)

चैत्तिक (त्रि०) [चित्त+ठक्] मानसिक, बौद्धिक।

चैत्यः (पुं०) स्मारक, धार्मिक स्थान, गृह में पूजा स्थान, अर्हद् बिम्बस्थान। (जयो० २४/४) देवालय, जिनालय, मन्दिर। 'चैत्यनामर्हद्बिम्बानां' (जयो० २४/४) 'चितेः लेप्यादिचयनस्य भावः कर्म वा चैत्यम्'

चैत्यगृह (नपुं०) चैत्यालय।

चैत्यनिकेतनं (नपुं०) अर्हद्बिम्बस्थान, चैत्यालय 'चैत्यानामर्हद्-बिम्बानां निकेतनं स्थानं (जयो० वृ० २४/४) वर्षेषु वर्षान्तर पर्वतेषु, नन्दीश्वरे यानि च मन्दरेषु, जले स्थले क्वाप्युदले गुहानां, चैत्यानि वन्दे जिनपुङ्गवानाम्। (भक्ति० ३४)

चैत्यशक्तिः (स्त्री०) चैत्यालयों की अर्चना/वन्दना।

स्वमुद्रया शान्तिमुदाहरन्ति,
साम्यं जना आशु समाचरन्ति।
यतः किलातोपरुषोः स्थलानां,
चैत्यानि वन्दे जिनपुङ्गवानाम्।' (भक्ति० ३६)

चैत्यप्रशंसा (स्त्री०) चैत्य में स्थित बिम्ब की स्तुति।

चैत्यवर्ण (नपुं०) चैत्य प्रशंसा।

चैत्यवृक्षः (पुं०) सिद्धार्थ तरु, कृत-कृत्य तीर्थंकरों की प्रतिमाओं से पवित्र किए गए वृक्ष।

चैत्यालयः (पुं०) देवालय, मन्दिर मूर्ति के पवित्र स्थान।

चैत्यावर्णवादः (पुं०) कुयुक्ति पूर्वक प्रतिमाओं की निन्दा।

चैत्यासनं (नपुं०) प्रतिबिम्ब की तरह आसन, पद्मासन, ध्यानावस्था का आसन।

चैत्रः (पुं०) [चित्रा+अण्] १. चित्रा नक्षत्र, २. चैत्र मास (समु० ६/२७) बाल्यं विहायापि विवाहयोग्या लतेव चैत्रे भ्रमरेण भोग्या। (समु० ६/२७)

चैत्ररथं (नपुं०) कुबेर का उद्यान। [चित्ररथ+अण]

चैत्रशुक्लं (नपुं०) चैत्रमास का शुक्ल पक्ष।

चैत्रशुक्लपक्षत्रिजया (स्त्री०) चैत्रशुक्ला त्रयोदशी। अन्तिम तीर्थंकर महावीर का जन्म दिन। चैत्रशुक्लपक्षत्रिजयायां सुतमसूत सा भूपति जा या। वैशाली गणराज्य के कुण्डपुर के राजा सिद्धार्थ का राजकुमार, रानी प्रियकारिणी त्रिशला का पुत्र।

चैत्रिः (पुं०) [चैत्री विद्यतेऽस्मिन्] चैत्रमास, चैत का महिना।

चैत्री (स्त्री०) [चित्रा+अण्+ङीष्] चैत्री पूर्णिमा।

चैद्यः (पुं०) शिशुपाल। [चेदि ष्यञ्]

चैलं (नपुं०) वस्त्र, छोटा वस्त्र।

चौक्ष (वि०) [चक्ष्+घञ्] पवित्र, स्वच्छ, साफ, सुन्दर, रमणीय, रुचिकर, हितकर, दक्ष, कुशल।

चोचं (नपुं०) [कोचति आवृणोति-कुच्+अच्] १. वल्कल, छाल, २. खाल, चर्म, ३. नारियल।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चोन्य (वि०) आश्चर्य, विस्मय।

चोटी (स्त्री०) [चुट्+अण्+ङीप्] छोटा लहंगा।

चोडा (स्त्री०) [चोडति सवृणोति शरीरम् चड्+अच्+ङीष्] चोली, अंगिया।

चोदना (स्त्री०) [चुद्+ल्युट्, स्त्रियां टाप्] फेंकना, निर्देश देना, उत्साहित करना, प्रोत्साहन देना, स्फूर्ति देना, आगे करना, हांकना, बढ़ाना। २. उपदेश, विधि।

चोद्यं (नपुं०) [चुद्+ण्यत्] आक्षेप, प्रश्न, आश्चर्य। निर्वेद्य चोद्यं चतुरा तु राजिका मनोविनोदं नयति स्म भूभुजः। (जयो० २३/८३)

चोरः (पुं०) [चुर्+णिच्+अच्] चोर। (सम्य० २८)

चोरिका (स्त्री०) चोरी, लूट।

चोरिन् (वि०) चुराया गया।

चोलः (पुं०) १. चोल देश, चोलवंश। २. चोली, अंगिया।

चोलकः (पुं०) [चोल+कै+क] वस्त्रस्त्राण, छाल, वल्कल।

चोलकिन् (पुं०) [चोलक+इनि] वस्त्रस्त्राण से सुरक्षित सैनिक, कवच, ढाल।

चोली (स्त्री०) चोली, अंगिया।

चोषः (पुं०) [चुष्+घञ्] चूसना।

चोष्यं (क्र०वि०) चूसना।

चौबीसी (वि०) चौबीस की संख्या वाला, चौबीस तीर्थंकरों की संख्या (भक्ति० १८)

चौरः (पुं०) [चुर्+णिच्+अच्, चुरा+ण] चोर, लुटेरा। (जयो० १५/८१) 'एकत्राङ्कित चौरसाधु पतिभि,'

चौरकथा (स्त्री०) चोर सम्बन्धी कथा, चोरों का वर्णन, चोरों की चर्चा। 'चोराणां चौरप्रयोग-कथनं चौरकथाविधानम्' (नियः ता०वृ० ६७)

चौरचरटः (पुं०) चोर भय। (जयो० वृ० १/३९)

चौरप्रयोगः (पुं०) चोरों की चर्चा, चोरों की अनुमोदना।

चौरयुति (स्त्री०) चोरों की संगति। (जयो० वृ० २८/५७)

चौर-लुण्टाकः (पुं०) चोर लुटेरा। (जयो० १/३०)

चौर-संयुतिः (स्त्री०) चोरों की संगति। (जयो० वृ० २८/५७)

चौरप्रिया (वि०) चोरों का विरोधी। (समु० ६/७०)

चौरार्थदानं (नपुं०) चोर द्वारा लाए गए अर्थ संग्रहण।

चौराहृतगृह (वि०) चोरी के अर्थ का ग्रहण करने वाला।

चौर्य (नपुं०) [चोर+ष्यञ्] चोरी, लूट, चुराना, अदत्त (जयो० २/१२५), स्वयं ग्राह्य वस्तु, बिना पूछे वस्तु लेना। (सम्य० २७) 'अदत्तस्य स्वयं ग्राह्यो वस्तुनः चौर्यमीर्यते' संक्लेशपरिणामेन प्रवृत्ति यत्र तत्र तत्॥ (हरिवंश पु० ५८/११) शरीरादिकों में अहंकार/ममकार लिए हुए पर-वस्तुओं का हथियाना, जबरन, अपनाना। (सम्य० वृ० २८)

चौर्यप्रयोगः (पुं०) चोरी का प्रयोग, अनुमोदना। (मुनि० २१)

चौर्यरत (वि०) अदत्तादान रहित, चोरी से रहित। (जयो० वृ० २८/५७)

चौर्यानन्दः (पुं०) रौद्रध्यान, खोटा ध्यान, चोरी करके हर्षित होना। परद्रव्यहरणे तत्परता प्रथमं रौद्रम्। (मूला०वृ० ५/१९९)

चौर्यानन्दी (वि०) रौद्रध्यान का एक भेद-हिंसानन्दी, मृषानन्दी, चौर्यानन्दी और परिग्रहानन्दी। (मुनि० २२)

चैव (अव्य०) तो भी, ऐसा भी (सुद० ७२)

चौहानवंशभृत् (वि०) चौहानवंश वाला, कीर्तिपाल नामक राजा। चौहान वंशभृत् कीर्ति-पालनाममहीपते देवी महीबलाख्याना बभूव जिनधर्मिणी। (वीरो० १५/५१)

च्यवनं (नपुं०) [च्यु+ल्युट्] उद्वर्तन, मरण, आना, अवतरण, गति, च्युतिः च्यवनं चूक-कृत्ये ममाभूच्च्यवनं तदेतत्। (भक्ति० ३८)

च्यवतः (वि०) अवतरित, च्युत होने वाले, होता हुआ, आया हुआ। (सम्य १०८)

च्यवन्त (वि०) १. च्युत होते हुए गिरते हुए। श्रद्धानतश्चा-चरणाच्च्यवन्तः संस्थापिता संतु पुनस्तदन्तः। (सम्य० ९५) २. हानि, वञ्चना, मरण, उद्वर्तन करते हुए।

च्यावित (वि०) भ्रष्ट कराए गए, च्युत कराए गए, कदलीघात, विषभक्षण, वेदना, रक्तक्षयादि से खण्डित आयु वाला शरीर। कदलीघातेन पतितं च्यावितम्।

च्यु (अक०) गिरना, नीचे आना, बाहर आना, एक पर्याय से दूसरी पर्याय को प्राप्त होना, शरीर त्यागना, नष्ट होना, छोड़ना, निकलना।

च्युत् (अक०) गिरना, निकलना, नीचे आना, छूटना, नष्ट होना, गिरना। 'पक्वफलमिव स्वयमेवायुषः क्षयेण पतितं च्युतम्।

च्युत (भू०क०कृ०) [च्यु+क्त] गिरा, आया हुआ, निकला हुआ। च्युतं त्यागं विनायुष्क क्रमक्षयगतात्मकम्। 'निरूपराग शुद्धात्मानुभूतिच्युतस्य मनोवचन काय व्यापार-कारणम्। (सम्य० १३५)

च्युतगत (वि०) बाहर निकला हुआ, गिरकर आया हुआ।

च्युताधिभार (वि०) पदच्युत किया गया।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

च्युतात्मन् (वि०) आत्मभाव से रहित दुष्टात्मा वाला।

च्युतिः (स्त्री०) [च्यु+क्तिन्] गिरना, पतन, अवतरण, आना, निकलना, रिसना, झरना, टपकना।

छ

छः (पुं०) चवर्ग का दूसरा व्यञ्जन, इसका उच्चारण स्थान तालु है।

छः (पुं०) [छो+ड] १. अंश, खण्ड, भाग, हिस्सा, प्रदेश। २. सूर्य (जयो० २८/१) छा-छोदन क्रिया छश्च छोदकार्कयोः इति वि।

छगः (पुं०) [छ यजादौ छेदन गच्छति-छ+गम+ड] बकरा।

छगलः (पुं०) बकरा, छाग, अजापुत्र। (दयो० ४४) (जयो० २५/३५, २५/१२)

छगलं (नपुं०) नील वस्त्र।

छगलकः (पुं०) बकरा।

छगी (स्त्री०) बकरी।

छज्जा (स्त्री०) वलभीतल (जयो०`० १०/६१)

छटा (स्त्री०) [छो+अटन्+टाप्] १. प्रभाव, कान्ति, प्रकाश, दीप्ति, किरण समूह। २. पुञ्ज, ढेर, ०राशि, ०ओघ। ३. रेखा, पंक्ति, लकीर। ४. आभा, ०शोभा, ०अलंकार (जयो० २/२३) ५. विचारधारा, अविच्छिन्न। धारा येषां ते प्राणाचार्यः बभूवुः। (जयो० वृ० ३/१६)

छत्रः (पुं०) [छादयति अनेन इति- छद्+णिच्-त्रन्] कुकुरमुत्ता, खुंभी।

छत्रं (नपुं०) आतपत्र, छाता। (जयो० वृ० २६/१५) १. छत्राकार योग।

छत्रत्रयः (नपुं०) तीन छत्र। चांदी या स्वर्ण निर्मित भगवान् के मस्तक के ऊपर सुशोभित होने वाले तीन छत्र। त्रिगुणं वपराप्य घूर्णते क्षयजिच्छत्रतया जगत्पतेः। (जयो० २६/६१)

छत्रधर (वि०) १. छत्र धारक। २. छत्र ग्रहण करके चलने वाला।

छत्रधार (वि०) छत्र ग्रहण करके चलने वाला।

छत्रधारणं (नपुं०) १. आतपत्र लेकर चलना, छत्र लेना छाता रखना। २. बच जाना, उड़ जाना, ३. प्रगमन करना, भटकना।

छत्रपुरी (स्त्री०) पुष्कल देश की नगरी। (वीरो० ११/३५) जिसका शासक अभिनन्दन था।

छत्रा (स्त्री०) कुकुरमुत्ता।

छत्रातिछत्रं (नपुं०) योग दृष्टि, जिसमें एक के ऊपर एक छत्र के सद्भाव के समान आकार से योग साधना की जाती है। 'छत्रात् सामान्यरूपात् उपर्यन्यान्यछत्रभावतोऽतिशायि छत्रं छत्रातिछत्रम्। (जैन०ल० ४४६) छत्रायते-छत के समान प्रतीत होना--अधस्थ-विस्फारि-फणीन्द्र दण्ड-श्छत्रायते वृत्ततयाऽप्यखण्डः। (वीरो० २/३)

छत्रिकः (पुं०) [छत्र+ठन्] छाता लेकर चलने वाला।

छत्रिन् (वि०) छाता रखने वाला।

छत्वरः (वि०) [छद्+ष्वरच्] गृह, आवास, पर्णकुटीर।

छद् (सक०) ढकना, पर्दा करना, आवरण करना, छिपाना, आच्छादित करना।

छदः (पुं०) [छद्+अन्] आवरण, चादर।

छदं (नपुं०) [छद्+ल्युट्] आवरण, पर्दा, चादर। 'प्रणष्टदण्डानि सितातपत्रच्छदानि रेजुः पतितानि तत्र।' (जयो० ८/३८) छदानि आवरणानि शूकानि। (जयो० वृ० ८/३८)

छदनं (नपुं०) १. आवरण, चादर। २. पत्र, पर्ण, ३. म्यान, खोल, संदूक, करण्य, डिबिया।

छदपत्रं (नपुं०) तेजपत्र।

छदिः (स्त्री०) १. छप्पर, छत का ऊपरी भाग। (जयो० १२/९१) गृहस्योपरिभाग। २. सञ्छादनवृत्ति, आच्छादन भाव, छिपाने का भाव। (जयो० वृ० २३/२८)

छद्मन् (नपुं०) [छद्+मनिन्] १. छिपाव, गोपन। (जयो० वृ० ६/६२) छल, कपटवश, धोखा देने वाला आवरण। २. बहाना, व्याज। (जयो० १/८३) ३. जालसाजी, चालाकी, धूर्तता, ठगी। ४. आत्म आवरण रूप कर्म, घातिया कर्म। 'छादयत्यात्मनो यथावस्थितं रूपमिति छद्म ज्ञानावरणादि-घातिकर्म-चतुष्टयम्।' (जैन०ल० ४४६)

छद्मतापसः (पुं०) वेशधारी, तपस्वी, पाखण्डी साधु।

छद्मदृक् (स्त्री०) १. छल दृष्टि। २. व्याज दृष्टि। 'छद्म छलं यस्याः सा चासौ दृक् दृष्टिश्च। (जयो० वृ० १/८३)

छद्मनामः (पुं०) उपनाम।

छद्मभावः (पुं०) व्याज, बहाना।

छद्मवेशः (पुं०) कृत्रिम वेश। (जयो० वृ० ७/४)

छद्मस्थः (वि०) छद्म में स्थित, कर्मावरण जन्य। (सम्य० ७३) ज्ञानावरण दर्शनावरण में स्थित। 'छद्म ज्ञान-दृगावरणे, तत्र तिष्ठन्तीति छद्मस्थाः। (धवला० १/१८८) 'छदुम णाम आवरणं तम्हि चिट्ठदि त्ति छदुमत्थो। (धव० १०/२९६)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

छद्मस्थमरणं (नपुं०) मनःमर्ययज्ञान वाले तक का कारण, चार क्षयोपशमिक वाले का मरण, छद्मस्थ संयतों का मरण।

छद्मिन् (वि०) [छद्मन्+इनि] ठगी करने वाला, छल करने वाला, कपट भावी।

छन्द् (सक०) प्रसन्न करना, संतुष्ट करना।

छन्दः (पुं०) [छन्द्+घञ्] अभिलाषा, इच्छा, वाञ्छा, चाह, इच्छानुकूल आचरण, चेष्टा। (जयो० वृ० २/५३)

छन्दना (स्त्री०) इच्छाकार पूर्वक ग्रहण।

छन्दस् (नपुं०) [छन्द्+असुन्] १. इच्छा अभिलाषा, वाञ्छा, चाह, स्वेच्छाचरण। २. रचना, काव्य छन्द, वृत्त।

छन्दकृत् (वि०) पद्यात्मक रचना करने वाला।

छन्दगत (वि०) छन्द सम्बन्धी, रचना, कृति सम्बन्धी।

छन्दभङ्गः (पुं०) छन्दशास्त्र के नियम का उल्लंघन।

छन्दयुगलः (वि०) छन्द समूह, युगलछन्द।

छन्दशास्त्रं (नपुं०) रचनाधर्मिता का शास्त्र, वृत्तास्त्र।

छन्दसी (वि०) छन्द वृत्ति युक्त।

छन्दोऽनुग (वि०) आज्ञानुसारिणी। (जयो० २७/२१)

छन्दोऽनुवर्ती (वि०) आज्ञानुसारी।

छन्दोबन्धः (पुं०) प्रबन्ध रचना। (दयो० पृ० ५३)

छन्दोभिधः (पुं०) छन्द नाम।

छन्दोऽभिश्चालः (पुं०) गेयात्मक पद्य का पद्धति, गीत विशेष पद्धति। छवि-रवि-कलरूपाषायात् साऽऽर्हतीतिनः स्विदपायात्। (स्थायी) वसनाभरणैरादरणीयाः सन्तु मूर्त्तयः किन्तु न हीयान्। तस् गुणः सुगुणायाश्छविरवि-कलरूपा पायात्। (सुद० वृ० ७५)

छन्न (वि०) [छद्+क्त] ढका हुआ, आवृत, लुप्त, गुप्त, आच्छादित, आवरित, आच्छन्न। रहस्यपूर्ण। (सुद० ९०) रजोऽन्धकारे जडजाधिनाथश्छन्नं न किं गोपतिरेष चाथ (जयो० ८/७)

छन्नदोषः (पुं०) आलोचना, प्रायश्चित्त।

छन्ना (वि०) प्रलुप्ता, लुप्त हो गई। छन्ना किलोच्चै स्तनशैलमूले। (जयो० ११/४९)

छन्नी-भवत्व (वि०) निष्प्रभ होता हुआ, छिपता हुआ। नियमेन तिरोभावितुं किल गतवान्। (जयो० ८/५०)

छमण्डः (पुं०) [छम्+अण्डन्] अनाथ, मातृपितृविहीन।

छर्द् (अक०) वमन करना, कै करना।

छर्दः (पुं०) [छर्द्+घञ्] वमन।

छर्दिः (स्त्री०) वमन करना।

छर्दिका (स्त्री०) [छर्दि+कन्+टाप्] वमन करना।

छर्दित (वि०) १. वमन करने वाला। २. घृतादि को गिराने का दोष वाला।

छर्दिदोषः (पुं०) आहार करते समय वमन से अन्तराय। छर्दिर्वमनमात्मनो यदि भवति। (मूला० ६/७६)

छर्दिस् (स्त्री०) वमन करना।

छलः (पुं०) छल, कपट, धूर्तता, वचन विघात। 'पशुतां छलेन' (वीरो० १४/२७) वचनविघातोऽर्थविकल्पोपपत्त्या छलं वाक्छलादि। ब्याज, बहाना। 'लोम-लाजिच्छलात्सैषा' (जयो० ३/४८) छलात्—व्याजात् (जयो० वृ० ३/४८) कालोपयोगेन हि मांसवृद्धि कुचच्छलात्तत्र समात्तगृद्धिः। (सुद० १०२)

छलं (नपुं०) १. छल, कपट, धोखा, बहाना ब्याज। २. योजना, उपाय। ३. दुष्टता। ४. दम्भ।

छलच्छिदं (नपुं०) मायाचार, कपटभाव। (दयो० वृ० २३)

छलनं (नपुं०) [छल्+ल्युट्] कपट करना, मायाचार करना, ठगना।

छलयति-धोखा देता है, ठगता है।

छलरहित (वि०) दम्भातीत, दम्भ रहित, कपट रहित। (जयो० वृ० २३/९०)

छलिकं (नपुं०) [छल+इनि] ठग, उचक्का।

छल्लि (स्त्री०) १. छाल, वल्कल। २. फैलने वाली लता। ३. सन्तान, प्रजा, सन्तति।

छवि (स्त्री०) [छयति असारं छिनत्ति तमो वा-छो वि+किच्च वा ङीप्]

* आकार, (जयो० वृ० २४/४१)
* प्रतिमूर्ति, प्रतिबिम्ब (जयो० ३/८१)
* कान्ति, शोभा, प्रभा (जयो० १०/४०)
* मुद्रा, आकृति (सुद० ७०)

राग-द्वेषरहिता सति सा छविरविरुद्धा यस्य।

* प्रकाश, दीप्ति, तेज।
* छाल, त्वच्, खाल।
* शरीर-'छविः शरीरं त्वक् वा' (त०भा० ७/२०)
* अलंकार छविः अलंकार **विशेषः**।

छविकर (वि०) प्रभा फैलाने वाला।

छविच्छलं (नपुं०) प्रतिबिम्ब के बहाने। (जयो० २४/५८)

छवि-दर्शिनी (वि०) कान्त्यवलोकिनी, सौंदर्य को देखने वाली। (जयो० १०/४०)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

छविभाक् (वि०) छवि धारक, छविं शोभां विभर्ति। (जयो० ११/१३)

छविरविकलरूप (वि०) निर्विकारता, निर्दोष मुद्रा। (सुद० ७५)

छविलाञ्छित (वि०) प्रभा से चिह्नित, कान्ति से परिपूर्ण। (जयो० १८/१०३)

छह संख्या विशेष, पट्। (भक्ति० ९)

छाग (वि०) बकरा, अज। (वीरो० १/३१)

छागं (पुं०) बकरी का दूध।

छागभोजनं (नपुं०) भेड़िया।

छागणः (पुं०) कंडा, करीष, उपलं।

छागमुखः (पुं०) कार्तिकेय।

छागल (वि०) बकरी से प्राप्त होने वाला।

छागलः (पुं०) बकरा। (जयो० २६/१०३)

छाणशः (पुं०) छौंक, बघार।

छात (वि०) विभक्त, काटा गया।

छात्रः (पुं०) [छत्रं गुरोर्वैगुण्यावरणं शीलमस्य-छत्र+ण] विद्यार्थी, शिष्य, अध्ययनशील व्यक्ति।

छात्रकर्मन् (नपुं०) छात्र क्रिया, छात्रकर्त्तव्य।

छात्रखण्डं (नपुं०) छात्र समूह।

छात्रगण्डः (पुं०) श्लोक का प्रारंभिक पद, काव्य का एक अंश।

छात्रदर्शनं (नपुं०) निकला गया नवनीत, एक दिन का निकाला गया नैनू, मक्खन।

छात्रा (स्त्री०) शिष्या।

छादं (नपुं०) [छद्+णिच्+घञ्] छप्पर, छत।

छादनं (नपुं०) १. आवरण, आच्छदन, ढकना, प्रवारण आदि। (जयो० वृ० २३/२८) अनुद्भूतवृत्तिता छादनम् प्रतिबन्धहेतुसन्निधान्। संवरण, स्थगन। २. परिधान, वस्त्र, आंचल, ३. पत्र।

छादनकर्मन् (नपुं०) आच्छादन क्रिया, संवरण क्रिया।

छादन वस्त्रं (नपुं०) अञ्चल, आंचल, चुन्नी। (जयो० १७/४३)

छादयितुं (हे०कृ०) गोप्तुम् (जयो० १३/४३) ढकने के लिए, आच्छादन के लिए।

छादित (वि०) प्रसारित, आच्छन्न, आवृत, ढका हुआ, प्रवारित। (जयो० २७/२८) छाया-छादित-सरणी गुणेन विविनाश्रियः श्रीमान् (जयो० १/८९)

छाद्मिकः (पुं०) [छद्मन्+ठक्] धूर्त, ठक, कपटी।

छान्दस् (वि०) [छन्दस्+अ चा] १. वेदज्ञ, वेदाध्ययनशील, २. छन्दोबद्ध रचना, छन्दशास्त्र। छन्द एव छान्दसं छन्दशास्त्रं (जयो० वृ० २/५३)

छायविधिः (स्त्री०) छाया विधि। प्रतिभाति गिरीश्वरः स च सफलच्छायविधिं सदाचरन्। (वीरो० ७/२९)

छाया (स्त्री०) १. कान्ति, प्रभा, प्रणाली, प्रतिमूर्ति, प्रवृत्ति। सौन्दर्य लावण्य। (जयो० ३/११३, २२/४८) छाया कान्तिर्धर्माभावात्। २. छप्पर, छत, (जयो० २२/८२) ३. परछाई, छवि, छांह, छांव। स्वल्पपापल्लवच्छाया (सुद० ११२) ४. पुद्गल का एक गुण (त०सू० ५/२४) 'छाया प्रकाशावरणनिमित्ता।' छाया प्रकाश का आवरण है। छाया तमोरूपा सा छन्ना प्रलुप्ता भवति (जयो० वृ० ११/४९) ५. मनुष्य का प्रतिबिम्ब। ६. वर्णादिविकार। छ्यति छिनत्ति वाऽऽतपमितिच्छाया। ७. प्रतिच्छन्दमात्रः छिद्यते, छिनत्त्यात्मनमिति वा छाया।

छायागतिः (स्त्री०) छाया का गमन।

छायाग्रहः (पुं०) दर्पण, शीशा।

छायाछादित (वि०) छाया से प्रवारित, (जयो० १/८९)

छायातनयः (पुं०) सूर्यपुत्र शनि।

छायातरुः (पुं०) सघन छाया वाला वृक्ष।

छाया द्वितीय (पुं०) छायाधारी, एक मात्र छाया वाला।

छायानुपातगतिः (स्त्री०) छाया के पीछे नहीं चलना, पुरुष अपनी छाया के पीछे नहीं चलता।

छायापथः (पुं०) पर्यावरण।

छायाभृत् (पुं०) चन्द्र, शशि।

छायामानः (पुं०) चन्द्र।

छायामित्रं (नपुं०) छाता, आतपत्र, छतरी।

छायामृगधर (पुं०) चन्द्र, इन्दु, शशि।

छायायन्त्रं (नपुं०) धूपघड़ी, काल बोधक यन्त्र।

छायावन्त (वि०) छाया युक्त, छायावान छाया से सहित। (वीरो० २२/२९) छायावन्तो महात्मानं पादपा इव भूतले। (वीरो० २२/२९)

छायाविहीन (वि०) अच्छाय, परछाई रहित।

छाली (स्त्री०) बकरी, अजा (जयो० ११/३२) (जयो० वृ० १११/३)

छिः (स्त्री०) [छो+कि] गाली, अपशब्द।

छिक्का (स्त्री०) छींक, छींकना।

छिछी (स्त्री०) घृणित शब्द।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

छिति (स्त्री०) भूतल, पृथिवी। (समु० १/२२)

छितिपरायणः (पुं०) १. पृथिवी प्रवीण, २. तलवार में निपुण। (समु० १/२२)

छित्तिः (स्त्री०) [छिद्+क्तिन्] काटना, खण्ड करना, विनाश करना। येनाम्रो जनिरायतिः सकुशला पश्चायतच्छित्तये। (जयो० २५/६६)

छित्तय-विनाशाय (जयो० वृ० २७/६६)

छित्वर (वि०) [छि+ष्वरप्] १. काटना, खण्ड करना, विनाश, मारना, विदीर्ण करना। २. शांत करना, सुधारना।

छिद् (सक०) काटना, फाड़ना, विदीर्ण करना, नाश करना। जीतना (समु० ८/७९) 'मोहमल्लमच्छिनत् इत्युदारात' (भक्ति० ३०)

छिदकं (नपुं०) १. वज्र, आयुध विशेष। २. हीरा, हीरक।

छिदा (स्त्री०) [छिद्+अङ्+टाप्] विभाजन, विनाश, खण्ड।

छिदि (स्त्री०) [छिद्+इन्] छेदन, कुल्हाड़ा।

छिदिभृत् (पुं०) श्वेत, सच्छिद्र। (जयो० १०/२७)

छिदिरः (पुं०) [छिद्+किरच्] कुल्हाड़ा।

छिदुर (वि०) विभक्त करने वाला, काटने वाला।

छिद्यमान (वि०) विभक्त किया गया, छेदा गया। (सम्य० १२९)

छिद्रं (नपुं०) [छिद्+रक्] बिल, गर्त, गड्डा, छेद, विवर, रन्ध्र, गह्वर (जयो० वृ० २४/४७) दरज, कटाव, दरार। (वीरो० २/११)

* दोष, सूराख। (वीरो० वृ० २/११)

छिद्र (वि०) छेदा हुआ, कटा हुआ, विभक्त, छिद्र युक्त।

छिद्रकुट (वि०) घड़े के नीचे छेद।

छिद्रकर्ण (वि०) छिदे हुए कानों वाला।

छिद्रगत (वि०) छिद्रयुक्त, दोष युक्त।

छिद्रघट (वि०) छेद वाला घड़ा।

छिद्रदर्शन (वि०) दोष प्रदर्शन।

छिद्रपूरणं (नपुं०) १. बिल भरण छिद्र, पूरना। २. दोषापकरण, कलहनिवारण। नीरपूर इव संचरन् स त्वा छिद्रपूरणविधौ विचारवान्। (जयो० ७/५६)

छिद्रानुजीविन् (वि०) दोष निकालने वाला, कलह करने वाला।

छिद्रानुसन्धानिन् (वि०) छिद्रान्वेषी, दोषी, दूसरे पर आरोप लगाने वाला।

छिद्रानुसारित्व (वि) दोष निकालने वाला। कौटिल्यमेतत्खलु चापवल्ल्यां छिद्रानुसारित्वमिदं शरल्याम्। (सुद० १/३४)

छिद्रान्तरः (पुं०) बेंत।

छिद्रात्मन् (वि०) दोष प्रकट करने वाला।

छिद्रान्वेष (वि०) दोष निकालने वाला।

छिद्रान्वेषी (वि०) दोष व्यक्त करने वाला।

छिद्रित (वि०) [छिद्र+इतच्] रन्ध्र युक्त, विवर सहित, छेद से परिपूर्ण, छिदा हुआ, बिंधा हुआ।

छिन्न (भू०क०कृ०) [छिद्+क्त] विभक्त, कटा हुआ, खण्डित, विकीर्ण, टूटा हुआ। (सम्य० १३९)

छिन्नकर्मन् (वि०) कर्म विमुक्त हुआ।

छिन्नकषाय (वि०) कषाय रहित।

छिन्नक्षोभ (वि०) राग-द्वेष रहित।

छिन्नकेश (वि०) कटे हुए केश वाला, मुण्डित।

छिन्नतप (वि०) तप से रहित।

छिन्नतरु (वि०) कटा हुआ वृक्ष।

छिन्नतेज (वि०) क्षीण तेज वाला।

छिन्नदान (वि०) दान में अन्तराय।

छिन्नदोष (वि०) दोष रहित।

छिन्नधर्म (वि०) धर्म च्युत, धर्म विमुख।

छिन्ननिमित्त (वि०) त्रैकालिक ज्ञान का कारण।

छिन्नपाप (वि०) पाप से रहित।

छिन्नपुण्य (वि०) क्षीण पुण्य वाला, विदीर्ण पुण्य।

छिन्नफल (वि०) गिरा हुआ फल।

छिन्नभिन्न (वि०) क्षत-विक्षत।

छिन्नमस्तक (वि०) कटे हुए सिर वाला।

छिन्नमूल (वि०) विमूल विनष्ट वाला, सर्वस्वक्षीण, रिक्त, अभाव।

छिन्नमोह (वि०) मोह रहित। 'छिन्नः प्रणष्टो मोहो मुग्धभावो' (जयो० वृ० १०/९६)

छिन्नश्वास (वि०) दमा युक्त।

छिन्नसंशय (वि०) संशय रहित।

छिन्नस्वप्न (वि०) परस्पर के सम्बंध से रहित स्वप्न, तीर्थंकर की माता को दिखने वाले स्वप्न।

छुछुन्दरः (पुं०) एक जन्तु, जो मूषक की जाति का होता है।

छुछुन्दरी (स्त्री०) एक जन्तु।

छुद्रघंटिका (स्त्री०) किंकिणी (वीरो० ६/२९)

छुप् (सक०) १. काटना, विभक्त करना, उत्कीर्ण करना। २. लीपना, पोतना, अवगुण्ठित करना, मिलाना।

छुरणं (नपुं०) [छुर्+ल्युट्] लीपना, सानना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

छुरा (स्त्री०) [छुर्+क+टाप्] चूना, अरास।

छुरिका (स्त्री०) [क्षुर+क्वुन्+टाप्] ०छुरी, ०चाकू, ०कृपाण पुत्री। (जयो० १४/५१) (वीरो० १/३६)

छुरित (भू०क०कृ०) [क्षुर+क्त] खचित, जडित, आच्छादित किया।

छुरी (स्त्री०) [क्षुर्+ङीष्] चाकू, छुरी।

छृद् (सक०) जलाना, चमकना, वमन करना। छर्दति, छर्दयति।

छेक (वि०) १. शहरी, नागरिक। २. बुद्धिमान् नागर।

छेकानुप्रास (पुं०) जहां एक ही बार वर्णों की आवृत्ति होती है या एक ही बार घटने वाली समानता।

शिरीष-कोशादपि
कोमले ते पदे वदेति प्रघणं तदंते।
अस्माकमश्माधिकहीर-
वीरपूर्णं कुतोऽलङ्कुरुतोऽथ धीर।। (जयो० ३/२५)

छेदः (पुं०) [छिद्+घञ्] काटना, १. तोड़ना, भंग करना, नाश करना। २. छिन्न, ०विराम, ०गतिरोध, ०समाप्ति, ०लोप, ०अभाव, ०खण्ड, ०टुकड़ा, ०भाग, ०हिस्सा, ०निराकरण। ३. अशुद्ध उपयोग। ४. अतिचार, दोष। ५. अवयवों अपनयन। कर्णनासिका दीनामवयवानामयनयन छेदः। (स०सि० ७/२५) ६. अहापन प्रव्रज्याहापनं छेदः। अपवर्तन, अपहार

७. छेद-प्रायश्चित्त, आलोचना का भी नाम है। अवस्थान का नाम भी छेद है। स्वस्थ भाव का च्युत होना भी छेद है। 'स्वस्थभावच्युत लक्षणः छेदो भवति।' (प्रव०सा०च० ३/१०)

छेदगतिः (स्त्री०) छेद को प्राप्त होना ०छेदस्थान, ०निराकरण की अवस्था। छिन्नानां गतिः छेदगतिः। (त०वा० ५/२४)

छेदक (वि०) तक्षण, नाशक। नष्ट करने वाली। जन्म-जरा-मृत्यु-रूप-सन्ताप-त्रितयोच्छेदकस्य जिनेन्द्र एव चन्द्र। (जयो० वृ० २४/७०) परस्य शत्रोस्तक्षकः छेदकश्च जायते। (जयो० वृ० ६/१०४)

छेदनं (नपुं०) [छिद्+ल्युट्] १. खण्ड करना, विदीर्ण करना, नाश, घात, विनाश, विभक्त करना, विभाग करना, टुकड़े करना। २. अनुभाग, खण्ड, भाग, हिस्सा, अंश। छेदनं कर्मणः स्थितिघातः।

छेदनक्रिया (स्त्री०) नाशक क्रिया, विनाशक बाधा।

छेदवर्तिः (स्त्री०) संहनन विशेष, सेवार्त्त संहनन। छठा संहनन, जिसमें हड्डियां परस्पर छेद से युक्त हो, कीलों से भी सम्बद्ध न हो। वह प्रायः मनुष्यों के होता है और सदा तेलमर्दन आदि की अपेक्षा करता है।

छेदस्पृष्टः (पुं०) छेदवर्ति संहनन, सेवार्त्त संहनन।

छेदार्हः (पुं०) प्राश्यचित्त विशेष, श्रामण्य अवस्था में कुछ अंश का छेद करना।

छेदिः (पुं०) बढ़ई, सुथार, विश्वकर्मा।

छेमण्डः (पुं०) अनाथ।

छेलकः (पुं०) बकरा, छाग, अज।

छैदिकः (पुं०) बेंत, दण्डा।

छेदोपस्थापकः (पुं०) अट्ठाईस मूलगुणों में प्रमादयुक्त साधु। मूलगुणेसु पमत्तो समणो छेदोवट्ठावगो होदि। (प्रव० ३/९)

छेदोपस्थापनं (नपुं०) व्रत विनाश पर पुनः विशुद्धि करना, चारित्र में दोष लगने पर पुनः महाव्रतों में स्थापित किया जाना।

छेदोपस्थापना (स्त्री०) छेदोपस्थापन शुद्धि संयम। दोषों का उचित प्रतिकार।

छो (सक०) काटना, खण्ड करना, विदीर्ण करना।

छोटिका (स्त्री०) [छुट्+ण्वुल्+टाप्] चुटकी।

छोटित (वि०) गिराने वाला, छोड़ने वाला।

छोटित दोषः (पुं०) भोज्य सामग्री को गिराते हुए आहार करना।

छोरणं (नपुं०) [छुर्+ल्युट्] त्याग करना, छोड़ना।

ज

जः (पुं०) चवर्ग का तृतीय व्यञ्जन, इसका उच्चारण स्थान तालु है। जकार (जयो० वृ० १/५४)

जः (पुं०) १. जन्म, उत्पत्ति, २. जनक, ३. विष्णु, ४. कान्ति, प्रभाव, आभा।

ज (वि०) वंशज, कुलज, जन्मज, उद्भूत, उत्पन्न हुआ। समास के अन्त में या शब्द के अन्त में 'ज' लगने पर वह शब्द उत्पत्ति का बोध कराने लगता है।
जैसे-वंश+ज=वंशज, वंश में उत्पन्न।
वारिज-वारि में उत्पन्न होने वाला कमल।
अण्डज-अण्डे से उत्पन्न।

जकारः (पुं०) 'ज' वर्ण, जिसका उच्चारण स्थान तालु है। (जयो० १७/१८७)

जकुटः (पुं०) १. मलयपर्वत, २. श्वान, कुत्ता।

जक्ष् (सक०) उपभोग करना, खाना।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जक्षणं (नपुं०) [जक्ष+ल्युट्] उपभोग, भक्षण, भुंजन।

जगज्जयी (वि०) विश्वविजेता, लोकजयी। (जयो० ११/२२)

जगज्जिगीष (वि०) विश्व विजेता, लोकजयी। (जयो० १४/३१)

जगज्जेता (वि०) विश्वजयी, लोकजयी। जित्वाऽक्षाणि समानसंदिह जगज्जेता स आत्मप्रियः। (वीरो० १८/२७)

जगत् (वि०) संसार, लोक, विश्व। (सुद० ४/१४) (जयो० १/१०) किं किमस्ति जगति प्रसिद्धिमत्कस्य सम्पदथ कीदृशी विपद्। द्रव्य नाम समये प्रपश्यतां नो वितर्कविषया हि वस्तुता।। (जयो० २/४९) भयंकरा सा जगतोऽथ रात्रि (सम्य० १/१)

२. चेतन-अचेतन द्रव्य समुदाय का नाम जगत् है। द्रव्यों के समुदाय को जगत् कहते हैं। 'जगत् चेतनाचेतनद्रव्य-संहतिः।' (भ०आ०टी० ८२) चराचर का समुदाय भी जगत् है। 'ईशिता तु जगतां पुरुदेवः। (जयो० ४/४९)

जगत्कर्तृ (पुं०) सृष्टिकर्ता।

जगत्चक्षुः (पुं०) सूर्य।

जगत्तत्त्वं (नपुं०) विश्व के पदार्थ। जगत्तत्त्वं स्फुटीकर्तुं मनोमुकुरमात्मनः' (वीरो० १०/१५)

जगत्तिलकः (पुं०) संयम का शिरोमणि। (पु० १/९७)

जगत्पूत (पुं०) सम्यक् गुरु, सच्चे गुरु। (जयो० १/१०४)

जगत्समस्त (वि०) सम्पूर्ण लोक (जयो० वृ० १/१५)

जगतश्छायाः (स्त्री०) संसार प्रणाली। जगतः शरीरधारिणः प्राणिसत्छाया प्रतिमूर्ति। (जयो०)

जगती (स्त्री०) भूमि, पृथिवी। (जयो० १३/२४)

जगतीतलं (नपुं०) भूतल, पृथिवीतल। (समु० ८/१३) (भक्ति० ३१) कस्यापि प्रार्थनां कश्चिदित्येवमवहेलयेत्। मनुष्यतामराप्तश्चेद्यथा त्वं जगतीतले।। (सुद० १३४)

जगतीश्वरः (पुं०) नृप, राजा।

जगतीरुहः (पुं०) तरू, वृक्ष।

जगद्गुरु (पुं०) ऋषिराज। (जयो० १/३३)

जगद्व्यापिन् (वि०) विश्वव्यापी (वीरो० १०/३९)

जगदंल (नपुं०) जगत् में अन्तर। (सुद० ४/१)

जगदन्तः (पुं०) संसार के भीतर। (सुद० ८१)

जगद्विभूषणं (नपुं०) संसार का अलंकरण। (सुद० ३४)

जगद्धितं (नपुं०) लोक कल्याण (सुद० २/२६)

जगदम्बिका (स्त्री०) देवी। जगतां प्राणिनामम्बिका प्रतिपालिके यमि तस्या देव्या। (वीरो० १/३५)

जगदाह्लादक (वि०) संसार को आनन्दित करने वाला। (वीरो० ८/७)

जगदीशसुतः (पुं०) भरत। ऋषभ को जगदीश कहा गया, उनका पुत्र भरत। जगदीशस्यादीश्वरस्य सुतो भरतचक्रवर्ती। (जयो० वृ० २३/८९)

जगदीश्वरः (पुं०) ऋषभदेव। (हित०सं० ६) धर्मश्चार्थश्च कामश्च, मोक्षश्चेति चतुष्टयम्। साध्यत्वेन मनुष्यस्य समाह जगदीश्वरः।। (लि० ६)

जगदेकतात (पुं०) जगत् के अद्वितीय गुरु ऋषभ को जगत् का गुरु कहा गया क्योंकि उन्होंने सर्वप्रथम जगत् के प्राणियों के हितार्थ असि, मसि, कृषि, वाणिज्य, शिल्पादि का कथन किया था।

जगदेकदेवः (पुं०) आदीश्वर ऋषभदेव, नाभेयज, आदिब्रह्म। जगतां सर्वेषां जीवानामेको देवः, प्रकाशगत। ऋषभः (जयो० वृ २७/१)

जगदेकविभूषणं (नपुं०) एकमात्र अद्वितीय आभूषण स्वरूप। भूषणैर्भूषयामास जगदेकविभूषणम्। (वीरो० ७/३७)

जगदेवः (पुं०) जगन्नग, संसार का देव। (जयो० १/१०)

जगत्पालः (पुं०) विश्वम्भर। (वीरो० ५/२३)

जगन्नगः (पुं०) जगदेव। (दयो० १/१०)

जगन्नाथः (पुं०) विश्व का स्वामी, ऋषभदेव का एक नाम।

जगन्मोहकर (वि०) जगत् को मोह उत्पन्न करने वाला। यन्त्रं जगन्मोहकर स्वभावात्समङ्कितं मन्मथमन्त्रिणा वा। (जयो० ११/५८)

जगन्मोहिनी (स्त्री०) लक्ष्मी (सुद० १/४०)

जगन्निवासः (पुं०) परमात्मा, संसार का स्थान, लोक का आधार।

जगन्मान्य (वि०) विश्व मान्यता वाला। (वीरो० २२/७)

जगनुः (स्त्री०) अग्नि, आग।

जगप्रसूत (वि०) जग की उत्पत्ति। (वीरो० १७/१)

जगराः (पुं०) कवच।

जगराग्र (पुं०) कवच प्रान्त। (जयो० ७/१०७)

जगल (वि०) [जः जातः सन् गलति-गच्+अच्] चालाक, धूर्त।

जगलं (नपुं०) १. कवच, २. गोबर।

जग्ध (वि०) [अद्+क्त] भुंगित, खादित, खाया हुआ।

जग्धिः (स्त्री०) [अद्+क्तिन्] भोजन, खाना।

जघनं (नपुं०) [हृ+अच्, द्वित्वम्] श्रोणी, नितम्ब। (जयो० वृ० ३/६०) १. कूल्हा, चूतड़, पुट्ठा, २. स्त्रियों का पेडू, ३. सेना का पिछला भाग, सुरक्षित भाग।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जघनमूल (नपुं०) श्रोणिपूरी भाग, ऊरुस्थल। (जयो० १७/११३)

जघनस्थली (वि०) नितम्बप्रदेश वाली। (जयो० वृ० २४/२)

जघनाघातः (पुं०) श्रोणिपुर घात, नितम्बाघात। 'जघनैः श्रोणिपुरो भागैर्योसावाघातः' (जयो० वृ० २४/८४)

जघन्य (वि०) [जघने भव+यत्] सबसे पीछे, अन्तिम। १. अधम, नीच, गिरा हुआ। २. **व्रताहित**-अत्यन्त दुष्ट, पतित, क्षुद्रपरिणामी। 'गन्तोषयन् खट्टिको जघन्यः।' (वीरो० १६/१६) ३. सर्वसाधारण लोग। (दयो० वृ० ११८)

जघन्य-अन्तरात्मा (पुं०) जिवभक्तगुण ग्रहण में अनुरक्त, आत्मनिन्दा से युक्त, अविरत सम्यग्दृष्टि।

जघन्य-अन्तर्मुहूर्तः (पुं०) एक प्रमाण विशेष, एक समय अधिक आवली।

जघन्य अपहृत (वि०) बाह्य साधनों से युक्त।

जघन्यपदं (नपुं०) पतित पद।

जघन्यपात्रः (नपुं०) शीलवान्, मिथ्यादृष्टि पुरुष, अविरत सम्यग्दृष्टि जीव, व्रतरहित व्यक्ति। 'व्रतेन रहित सुदृशं जघन्यम्'। (सागार धर्मामृत ८/४४) 'जघन्यं शीलवान् मिथ्यादृष्टिश्च पुरुषो भवेत्। (महापुराण २०/१४०) 'अविरइसम्माइट्ठी जहण्णपत्तं उ अक्खियं समये।'

जघन्यभावः (पुं०) क्षुद्रभाव, दुष्ट परिणाम, बुरे विचार।

जघन्यस्थितिः (स्त्री०) एक समय प्रमाण वाली स्थिति।

जघ्निः (वि०) आक्रमणकारी।

जघ्नु (वि०) आक्रमण करने वाला, प्रहार करने वाला।

जङ्गम् (नपुं०) जंग, अयस्क/लोह पर लगने जंग।

जङ्गम (वि०) [गम्+यङ्+अच्] १. जीवित, चर, जीवधारी। चलायमान, हिलने-डुलने वाला। २. अपने बच्चे। निजमङ्गजमङ्ग जङ्गमं सहसोत्थापय धृष्ट। (जयो० १३/९५)

जङ्गमप्रतिमा (स्त्री०) अरिहंत प्रतिमा। मोक्षगमनकाले 'एकस्मिन् समये जिनप्रतिमा जङ्गमा कथ्यते' (दर्शन० ३५)

जङ्गलं (नपुं०) [गल्+यङ्+अच्] मरुधरा, मरुभूमि, मरुस्थल, जल से रहित प्रदेश, मारवाड परियात्रादि प्रदेश।

जङ्गालः (नपुं०) मेढ़, बांध, सीमा, चिह्न।

जङ्गुलं (नपुं०) [गम्+यङ्+डुल] विष, जहर।

जङ्घः (पुं०) जंघा, पिण्डली, टखने से लेकर घुटने तक का भाग। अबालभावतो जङ्घे सुवृत्ते विलसनोः। (जयो० ३/४६)

जङ्घा (स्त्री०) [जङ्घन्यते कुटिजं गच्छति-हृ+यङ्+अन्] जांघ, पिण्डली।

जङ्घाकारिक (वि०) धावक, हरकार, संदेशवाहक।

जङ्घाचारणा (स्त्री०) एक ऋद्धि विशेष, जिसके प्रभाव से पृथिवी के चार अंगुल ऊपर आकाश में घुटने मोड़े बिना बहुत योजन तक गमन करने में समर्थ कराने वाली ऋद्धि।

जङ्घात्राणं (नपुं०) जंघा रक्षक कवच, आज क्रिकेट खेल में जो पेड पहना जाता है।

जङ्घासदृशी (वि०) जंघाओं के समान। (जयो० वृ० ११/२०)

जङ्घिल (वि०) [जङ्घा+इलच्] प्रधावक, फुर्तीला, तीव्रगति वाला।

जज् (अक०) लड़ना, युद्ध करना।

जट् (अक०) जुट जाना, तत्पर होना।

जटा (स्त्री०) [जट्+अच्+टाप्] १. शाखा, जड़, २. शतावरी पादप। ३. लम्बे बालों का झुण्ड, आपस में चिपके हुए केश समूह।

जटावीरः (पुं०) शिव।

जटाधरः (पुं०) शिव।

जटाजूट (त्रि०) जटाओं युक्त।

जटाज्वालः (पुं०) दीपक, लैंप।

जटायुः (पुं०) [जटं संहनमायुः यस्य] १. श्येनी और अरुण का पुत्र। २. एक पक्षी।

जटाल (त्रि०) [जटा+लच्] जटाधारी, घुंघराले केशवाला। (सुद० ३/१४)

जटिः (स्त्री०) गूलर पादप, संघात।

जटिन् (वि०) जटाधारी।

जटिल (वि०) [जटा+इलच्] १. जटाधारी। २. अव्यवस्थित, कठिन, व्याप्त। ३. अभेद्य, सघन।

जटिलः (पुं०) सिंह।

जठर (वि०) [जायते जन्तुर्गर्भो वास्मिन्-जर-अर-ठान्तदेशः] १. कठोर, सख्त, दृढ़।

जठरः (पुं०) उदर, पेडू, गर्भाशय, उदर मध्यभाग (जयो० १३/६०)

जठर-ज्वाला (स्त्री०) उर भूख, उदराग्नि।

जठर-यंत्रणा (स्त्री०) शूल, गर्भावास का कष्ट।

जठर-यातना (स्त्री०) गर्भ पीडा।

गठरव्यथा (स्त्री०) उदरशूल।

जठर-वह्निः (स्त्री०) जठराग्नि

जठर-वह्निधरः (पुं०) उदर। जठरवह्नि धरतीति जठरवह्निधरमुदरम्। (जयो० वृ० ९/३७)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जठर-व्याधि (स्त्री०) उदरपीड़ा, गर्भ पीड़ा, गर्भाशय दुःख।

जठराग्नि: (स्त्री०) पेट में स्थित अग्नि, आहार को पचाने वाली अग्नि।

जड (वि०) [जलति घनीभवति-जल्+अच्] १. मूर्ख, अज्ञ, अनभिज्ञ, अज्ञानी। (जयो० वृ० २/१४८) अस्मिन्निदानीमजडेऽपि काले रुचिः शुचिः स्यात्खलु सन्तमाऽऽले। (सुद० १/६) २. ठिठुरा हुआ, जमा हुआ। ३. गतिहीन, मन्दर, अपंग। ४. निश्चतन, चेतना रहित, विवेकशून्य। (जयो० १/४७), ५. उदासीन, संज्ञाशून्य।

जडकर्मन् (स्त्री०) उदासीन जन्य काम।

जडजं (नपुं०) १. जलज, कमल, २. जडता युक्त (जयो० १/४७)

जडजात (वि०) जडता को प्राप्त होने वाले। जडस्य अज्ञस्य जातम् (जयो० १/५८) (सुद० ५/२) १. जहाज तोड़ने वाले। क्रियते विप्रवरैरिहादरो जडजातस्य समुत्सवतः। (सुद० ३/२)

जडजाधिनाथः (पुं०) १. मूर्खनाथ, मूर्खाधिपति। 'जडजानां मूर्खाणा वाधिनाथः स्वामी'' (जयो० वृ० ८/७) २. **कमलनाथ**- जडजानां कमलानां अधिनाथः स्वामी (जयो० वृ० ८/७)

जडता (वि०) [जड+तल्+टाप्] मूर्खत्व (जयो० २/१४६) अज्ञान, मूर्खता, आलस्यपना, बुद्धिहीनता, विपरिणाम, **निर्विचार** 'जडतया विपरिणामतया निर्विचारतया' (जयो० वृ० १/८५) 'शुमनस्ता जडतायाश्च भवत्यन्तः' (सुद० ८१)

* **अज्ञता**-'जडतायाः अपकारिणीमतः' (सुद० ३/३२)

जडत्व (वि०) मूर्खता, अज्ञानता।

जडतातिगत (वि०) अज्ञानता से दूर हुआ, वारि से दूर, विज्ञ बना। (जयो० ६/११०) 'जडतातो अति गतो दूरवर्ती भवन्नपि' (जयो० वृ० ६/११०)

जडतापकरणं (नपुं०) १. ग्रीष्म ऋतु ज्येष्ठ मास। 'जडः प्रकर्षश्चासौ तापश्च जडतापस्तस्य करणाय ज्येष्ठो गुरुः ज्येष्ठमासः' (जयो० २२/१७) २. मूर्खता को दूर करने वाली। जडताया मूर्खभावस्य करणाय विनाशनाय। (जयो० वृ० २२/१७)

जडधी (स्त्री०) जडमति, मंदबुद्धि। पापिष्ठेन दुरात्मना जडधिया मायाविना लोभिना। (मुनि० १८) वृद्धो वराको जडधी रयेण जातोऽमुना विभ्रमसंगुतानाम्। (वीरो० ४/२३)

जडधीश्वरः (पुं०) मूर्ख। (वीरो० ९/८९)

जडप्रसङ्गः (पुं०) मूर्ख की संगति, मूर्खसमागम। (वीरो० ५/१०) गतस्य जीवस्य जडप्रसङ्गम्। (वीरो० १८/३)

जडराशि (स्त्री०) जडता की प्रमुखता, मूर्खता का योग। (सुद० ३/४६)

जडान्तकरणं (नपुं०) विमूढमन। (जयो० वृ० २/१४२)

जडाशयः (पुं०) निर्विवेक, विवेक का अभाव, ज्ञानता का अभाव। (सुद० १/६) मूर्खहृदय महामूर्ख-कोई नवयुवती स्वयंवर मंडप में नवयुवकों को छोड़कर सबसे अन्त में बैठे हुए बृद्ध मनुष्य का वरण करे तो उसे महामूर्ख कहा जाएगा।

जडाशयत्व (वि०) मूर्खता युक्त, अज्ञानता करने वाला, विवेकता से विमुख हुआ। (समु० ६/४०)

जडिमन् (पुं०) [जड+इमनिच्] १. जड़ता, मन्दता, बुद्धिहीनता। २. मूर्च्छा, आसक्ति, संज्ञाहीनता।

जतु (नपुं०) [जायते वृक्षादिभ्यः जन+उ+त] लाख।

जतुकं (नपुं०) [जतु+कन्] लाख, महावर।

जतुका (नपुं०) [जतुक+टाप्] १. लाख, चमगादड़।

जतुकी (स्त्री०) [जतुक+ङीष्] चमगादड़।

जतुपरिणतिः (स्त्री०) लाख का परिणमन। (जयो० वृ० १२/१०६)

जत्रु (नपुं०) [जन्+रु] हंसुली, ग्रीवा हड्डी।

जन् (अक०) उत्पन्न होना, पैदा होना, जन्म होना, निकलना, फूटना, घटना। (जयो० वृ० १/२३)

जनः (पुं०) [जन्+अच्] १. प्राणी, मनुष्य। (जयो० वृ० १/१४) पुरुष, व्यक्ति-'भो भो जना वीरविभोर्गुणौघा -नसोऽनुकूलं स्मरतामोघा। (सुद० १/४) 'मुक्तौ जनः संसरणात्सुभोगः' (जयो० १/२२) २. जीवित प्राणी, जन्तु, जनस्य (सम्य० १५५) जनः (सम्य० १५४)

जनकः (पुं०) १. पिता, जन्मदाता, तात। (जयो० वृ० ३/११६) 'रश्मिवेग-जनकोऽप्यथ माता' (समु० ५/२४) २. पूज्य, बड़े-सोऽस्मेत्कञ्जनकायासौ राज्ञे राजा जिनाय य। (सुद० ४/२०)

जनक (वि०) [जन्+णिच्+ण्वुल्] पैदा करने वाला, जन्मदाता, उत्पन्न करने वाला।

जनकात्मजा (स्त्री०) जनक राजा की पुत्री सीता। (जयो० १३/५९)

जनकसुता (स्त्री०) सीता। (सुद० ८८)

जनकारिन् (वि०) कल्याणकारी।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जनघोषः (पुं०) जनता का स्वर, जन जन की पुकार।

जनचक्षुस् (नपुं०) सूर्य, दिनकर।

जनङ्गामः (पुं०) चाण्डाल।

जनता (स्त्री०) [जनानां समूहः] प्रजावर्ग, सर्वसाधारण जन। (जयो० १२/५७) 'जनतायाः प्रजावर्गस्य मोदसिन्धुः' (जयो० ५/३४) भूरञ्जन (जयो० १)

जनतानन्दजनकः (पुं०) जनता के आनन्द का आधार, प्रजा के आनन्द का हितैषी-'जनतायाः लोकसमूहस्य आनन्दं जगतीत्यानन्दजनकः सम्मदकरः' (जयो० वृ० २/१४३)

जनतावशगा (वि०) प्रजा का हितैषी, प्रजा का मन-पसन्द। 'जनताया वशगा भवनि यथा जनतायाः प्रसत्तिः स्यात्। (जयो० वृ० ४/११)

जनत्रा (स्त्री०) आतपत्र, छतरी, छाता।

जनदेवः (पुं०) नृप, राजा।

जनधनं (नपुं०) प्रजाधन।

जननं (नपुं०) [जन+ल्युट्] जन्म, उत्पत्ति, प्रसूति, प्रसव, सृजन, उत्पादन।

जनन (त्रि०) उत्पन्न करने वाला, जन्मदाता। १. जीवन, अस्तित्व, उदय।

जन-नायकः (पुं०) नृप, राजा। विभूतिमत्त्व दधताऽप्यनेन महेश्वरत्वं जननायकेन। (जयो० ३/१३)

जननिः (स्त्री०) [जन्+अनि] माता, मां, अम्मा, अक्का, आई।

जननी (स्त्री०) १. माता (समु० ३/११) 'जनयति प्रादुर्भावयत्यपत्यमिति जननी' सन्तान को जन्म देने वाली स्त्री। २. करुणा, दया। ३. चमगादड़, ४. लाख, लाक्षा।

जननीजनतीय (वि०) मातृतुल्य धाय। (सुद० ३/२१)

जननीमुदः (पुं०) मातृचित्तविनोद। (वीरो० ५/४१) सुपल्लवाख्यानतया सदैवाऽनुभावयन्त्यो जननीमुदे वा। देव्योऽन्वगुस्तां मधुरां निदानाल्लता यथा कौतुकसम्बिधाना।। (वीरो० ५/४१)

जनपदः (पुं०) १. राष्ट्र, नगर, साम्राज्य, राजधानी। २. जनसमुदाय। देश का एक प्रदेश/हिस्सा। जनसाधारण, प्रजा।

जनपदिन् (पुं०) राजा, नगराधिपति।

जनप्रवादः (पुं०) जनश्रुति, जनवाद, लोकापवाद, किंवदन्ती।

जनप्रिय (वि०) लोक प्रिय, जन हितेच्छु, जन-पसन्द, लोक रंजन का धारक।

जनभूमि (स्त्री०) नगर भूमि, वन भूमि। (जयो० १३/४२)

जनमतः (वि०) लोक अभिप्राय, लोगों की विचारधारा, जनादेश।

जनमञ्चः (पुं०) जन समुदाय, लोक समूह। (जयो०)

जनमर्यादा (स्त्री०) सर्वमान्य रीति, लोक पद्धति, लोकधारा।

जनमान्य (त्रि०) सकल सम्मत, सर्व सम्मत, सभी लोगों द्वारा मानी गई। (दयो० १/१४)

जनमोदः (पुं०) लोक आमोद, जनता का परम हर्ष।

जनमेजयः (पुं०) एक नृप, राजा, हस्तिनापुर का अधिपति।

जनयितृ (वि०) जन्म देने वाला, सृष्टिकर्ता।

जनयित्री (स्त्री०) [जनयितृ+ङीष्] माता, जननी।

जनरञ्जनं (नपुं०) लोक हर्ष, जन आमोद। जनकसुतादिक-वृत्तवचस्तु जनरञ्जनकृत्केवलमस्तु। (सुद० ८८)

जनवादः (पुं०) जनश्रुति, लोककथन, लोकापवाद।

जनव्यवहारः (पुं०) लोक प्रचलन, लोक व्यापार।

जनशीषः (पुं०) जन शिरोमणि। (जयो० ९/७५)

जनश्रुत (वि०) विख्यात।

जनश्रुतिः (स्त्री०) किंवदन्ती।

जनसङ्घट्टनं (नपुं०) जनसमूह, जनसमुदाय। 'जनानां संघट्टनं समर्दोऽस्ति' (जयो० १३/१५)

जनसन्निवेशः (पुं०) जन समूह। (वीरो० १८/११)

जनसमुदायः (पुं०) १. कारक, छावनी, सैनिक पड़ाव स्थान-'कटकं जनसमुदायं दधामि (जयो० वृ० १२/१२४) २. स्वजनचक्र, सुजनचक्र (जयो० वृ० ६/४८)

जनसमूहः (पुं०) १. लोक सम्प्रदाय। (दयो० १०) राज्ये संतुष्टस्य जनसमूहस्य (जयो० वृ० १/१९) २. व्रज (जयो० वृ० ५/८)

जनसाक्षी (वि०) कहावत, किंवदन्ती। जन एव साक्षी ज्ञाताऽस्ति (जयो० ६/११८)

जनसेवी (वि०) जनता का सेवक। (वीरो० १८/१२)

जनातिग (वि०) असाधारण, असामान्य, अतिमानव।

जनापवादः (पुं०) लोक निन्दा, लोकापवाद। (जयो० १/६७)

जनाधार (पुं०) जनसमूह।

जनाधिपः (पुं०) नृप, राजा।

जनाधिनाथः (पुं०) राजा, अधिपति।

जनान्तः (पुं०) शून्यस्थान, एकान्त निर्जन।

जनान्तिकं (नपुं०) गुप्त संवाद।

जनार्दनः (पुं०) विष्णु।

जनाकीर्णः (वि०) जनसमुदाय।

जनाश्रयः (पुं०) लोकाधार, जन सहारा, जनस्थान। (जयो०

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

३/७२) 'कलत्रं हि सुवर्णोरुस्तम्भं कामिजनाश्रयम्' (जयो० ३/७२) चम्पापुरी नाम जनाश्रयं तं श्रियो निधाने सुतरां लसत्तम्। (सुद० १/२४)

जनि: (स्त्री०) [जन्+इन] १. जन्म, उत्पत्ति, सृजन, प्रसूति। (सम्य० ४५) २. स्त्री, माता, पत्नी। ३. **पुत्रवधू**, स्नुषा।

जनिका (स्त्री०) [जनि+कन्+टाप्] १. पुत्रवधू-जनीवजनिका वधूत्वा (जयो० वृ० ४/५४) २. रूपवती नारी (जयो० ६/४१) पुनरनु काविल राजं जनीकया तर्जनीकया कृत्वा (जयो० ६/४१)

जनिभू (वि०) उत्पन्न करने वाली, जन्म देने वाली। (सुद० ११२)

जनित (वि०) [जन्+णिच्+क्त] उत्पन्न किया गया, प्रसूतित। (जयो० वृ० १/२२, २/३७)

जनितृ (पुं०) [जन+णिच्+तृच्] जनक, पिता।

जनित्री (स्त्री०) जननी, माता।

जनी (स्त्री०) नारी, स्त्री, महिला। (जयो० १६/४६) 'रजनीव जनी महीभुज।'

जनीका (स्त्री०) पत्नी, नारी। (जयो० ६/४१ जननशीला वीरो० ६/४०)

जनीजन: (पुं०) प्रमदासमूह, नारी समूह। (जयो० १०/५८)

जनीजन (पुं०) वृद्ध स्त्री। (सुद० ३/११) कुलदीपयश: प्रकाशितेऽपतमस्यत्र जनीजनैर्हिते। (सुद० ३/११)

जनीमनस् (पुं०) स्त्रीमन, नारी स्वभाव। रविर्धनु: प्राप्य जनीमनांसि किल प्रहर्तुं विलसमांसि। (वीरो० ९/२८)

जनीसमाज: (पुं०) स्त्री समाज, नारी वर्ग। (वीरो० ६/१७)

जनीस्वनीति: (स्त्री०) स्त्रियों की चेष्टा, नारी पद्धति। (वीरो० ६/२२)

जनु (स्त्री०) [जन्+उ] जन्म, उत्पत्ति, प्रसूति, प्रसव। (सुद० वृ० ७०)

जनुज (वि०) उत्पन्न करने वाली, जन्म देने वाली। (जयो० वृ० १२/१३३)

जनुर्मृत्यु (स्त्री०) जन्म मरण। (दयो० १०७) लाभालाभौ जनुर्मृत्युर्यशोऽपयश एव च। (दयो० १०७)

जनुरुत्सव: (पुं०) जन्मोत्सव। (भक्ति० २२) श्रीह्रीभिरासेवित-मातृकाय देवै: सुमेरौ जनुरुत्सवाय' (भक्ति० २२)

जनुस् (नपुं०) [जन्+उसि] जन्म, उत्पत्ति, प्रसूति, उत्पादन जीवन। 'अनुबुध्य जनुर्जिनेशिन:' (जयो० १२/१३८) (वीरो० ७/३)

जनुष्मता (वि०) जन्मता, उत्पत्तिपना। (दयो० ३९)

जनु:सर्थि (वि०) जन्म की सार्थकता, उत्पत्ति का महत्त्व, जन्म लेने का प्रयोजन। (सुद० ११५) तस्यैव साधोर्वचस: प्रमाणाज्जनी जनु: सार्थमिति ब्रुवाणा' (सुद० ११५)

जनेन्द्र: (पुं०) नृपति, अधिपति।

जनेश्वर: (पुं०) नृपति, अधिपति, राजा। (जयो० वृ० १२/८९)

जनेश्वरी (स्त्री०) ज्ञानी। (सुद० ८९) भोजने भुक्तोज्झिते भुवि भो जनेश्वरि। (सुद० ८९)

जनैक-बन्धु: (पुं०) प्राणिमात्र का एक मात्र मित्र। (सुद० १/३)

जनोघ: (पुं०) जन समुदाय।

जनोदाहरणं (नपुं०) यश, कीर्ति।

जन्तु: (पुं०) प्राणी, मनुष्य, जीव। (सम्य० ५३) 'संसार स्फीतये जन्तोर्भाव:' (सुद० ४/१२) सुखं च दु:खं जगतीह जन्तो: (सुद० वृ० १११)

जन्तुबध: (पुं०) प्राणिवध, प्राणियों का घात। त्वमेकदा विन्ध्यगिरेर्निवासी भिल्लस्त्वदीयाप्रियुगेदेकदासी। तयोरगाज्जीव नमत्यधेन निरन्तरं जन्तुबधाभिधेन।। (सुद० ४/१७)

जन्तुमात्र: (पुं०) प्राणि मात्र। (वीरो० १४/३७)

जन्तुविरहित (वि०) जीव रहित, चैतन्य प्राणि रहित। (हि० ४३)

जन्तूत्पत्ति: (स्त्री०) जीवोत्पत्ति। (सुद० १३०)

जन्मन् (नपुं०) [जन्+मनिन्] जन्म, उत्पत्ति (जयो० वृ० १/१५) १. उद्गम, मूल, जीव। २. कर्म के कारण, चार गति रूप उत्पत्ति।। प्राणग्रहण जन्म। (भ०आ०टी० २५) जन्म कर्मवशाच्चतुर्गतिषूत्पत्ति:।'

जन्मकील: (पुं०) विष्णु।

जन्मकुण्डली (स्त्री०) जन्मपत्रिका।

जन्मकृत् (पुं०) जनक, पिता।

जन्मगत (वि०) जन्म से प्राप्त।

जन्मक्षेत्रं (नपुं०) जन्म स्थान।

जन्मतिथि: (स्त्री०) जन्म दिन, जन्म का समय।

जन्मद: (पुं०) जनक, पिता।

जन्मदात्री (वि०) जन्म देने वाली। (समुद० ३/१२, जयो० ११/५४)

जन्मदिनं (नपुं०) जन्मतिथि, जन्म लेने का दिन।

जन्मदिवस: (पुं०) जन्मतिथि।

जन्मन् (नपुं०) उत्पत्ति। (जयो० वृ० १/३)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जन्मनक्षत्रं (नपुं०) जन्म का ग्रह।

जन्मनामन् (नपुं०) जन्म के समय रखा गया नाम।

जन्मपत्रं (नपुं०) जन्म पत्रिका, जन्मकुण्डली। (जयो० १५/६९)

जन्मपत्रिका (स्त्री०) जन्मपत्र, जन्मकुण्डली।

जन्मप्रतिष्ठा (स्त्री०) जन्मस्थान, १. मातृस्थान।

जन्मभाज् (पुं०) जीवित प्राणी।

जन्मभाषा (स्त्री०) मातृभाषा।

जन्मभूमिः (स्त्री०) मातृभूमि।

जन्मभृत् (पुं०) जीवित प्राणी। कस्मै जन्मभृतेऽप्यपद्रवकरं न स्यात् प्रभुर्भज्यताम्। (मुनि० १३)

जन्मयात्रा (स्त्री०) जीवन यात्रा। (वीरो० १८/७१)

जन्मयोगः (पुं०) जन्मपत्र, जन्म की गणना।

जन्मरोगिन् (वि०) जन्म से रोगी होने वाला।

जन्मलग्नं (नपुं०) जन्म समय।

जन्मवत् (वि०) जन्म की तरह। (जयो० १/२३)

जन्मवर्त्मन् (नपुं०) योनिस्थान, उत्पत्ति स्थान।

जन्मवार्ता (स्त्री०) जन्म लेने की कथा।

जन्मशोधणं (नपुं०) जन्म परिपालन, जन्म की सार्थकता।

जन्मसाफल्यं (नपुं०) जीवन का उद्देश्य, जीवन का लक्ष्य, जीवन की सफलता।

जन्मसंस्कारः (पुं०) प्रारम्भिक संस्कार, जन्म के समय के उचित नियम। (जयो० ११/५५)

जन्मस्थानं (नपुं०) १. जन्मभूमि, स्वदेश। २. गर्भाशय।

जन्माभिर्षयः (पुं०) जन्माभिषेक, तीर्थंकर बाल का प्रथम स्नान जो सुमेरु पर्वत की पांडुक शिला पर किया जाता।

जन्माभिषेक देखो ऊपर।

जन्मिन् (पुं०) जीवनधारी, प्राणधारी।

जन्मोत्थ-कथा (स्त्री०) जन्मवार्ता। निजीयपूर्वजन्मवार्ता। (जयो० वृ० २३/३३)

जन्य (वि०) [जन्+ण्यत्] १. जन्म लेने वाला, जनित, उत्पन्न, कुल से सम्बंधित। २. **वारयात्रिक**-बराती, वर के शोभा बढ़ाने वाले आगन्तुक कुटुम्बी (जयो० वृ० १२/१३४) ३. यान, वाहन, यात्रा का साधन। (जयो० ६/३९)

जन्यः (पुं०) १. बराती, वरयात्री, वर/दुल्हे के संगे सम्बंधी। २. जनश्रुति, किंवदन्ती।

जन्यं (नपुं०) १. उत्पत्ति, सृष्टि, जात, जन्म। २. बाजार, मेला, मण्डी। ३. अपमानजनक शब्द। ४. संग्राम, युद्ध।

जन्यजनः (पुं०) १. वार यात्रिक, बाराती। (जयो० १२/१२३) २. संवाहक लोक (जयो० ६/३३) जन्यानां जनः समूहो जन्यजनः संवाहकलोकः (जयो० वृ० ६/३३)

जन्यहस्तं (नपुं०) १. बरातियों के हाथ, प्रेमभाव। 'जन्यानां वारयात्रिकाणं हस्तपु' (जयो० वृ० १२/१३४) २. वधु/बहुत की सेविका/परिचारिका। ३. सुख, आनन्द। ४. यानवाहका। (जयो० वृ० ६/३९) उचितं चक्रुरिलापतिमितरं जन्या नयन्तस्ताम्। (जयो० वृ० ६/३९)

जन्युः (पुं०) जन्म, उत्पत्ति, प्राणी। १. बह्नि, आग, २. ब्रह्मा।

जप् (सक०) जपना, स्मरण करना, गुन गुनाना, मन्त्र उच्चारण करना, कहना, बोलना, प्रार्थना करना।

जपा (स्त्री०) जपा पुष्प। (सुद० ७६)

जपः (पुं०) [जप्+अच्] जपना, स्मरण करना, उच्चारण, कहना, दुहराना, प्रार्थना (जयो० वृ० ६/६४)

जपपरायणः (पुं०) मन्त्र साधाना में रत।

जपमाला (स्त्री०) मन्त्र जपने की माला। (जयो० वृ० १७/८२)

जपमालिका (स्त्री०) मन्त्र की माला।

जपाशं (नपुं०) जपा पुष्प, कामना करना। (जयो० वृ० ६/६४)

जप्य (वि०) [जप्+यत्] जपने योग्य, प्रार्थना करने के योग्य।

जभ्/जम्भ् (अक०) जंभाई लेना, उबासी लेना।

जम् (अक०) खाना, जीमना, भोजन करना।

जमदग्निः (पुं०) नाम विशेष, भृगुवंश में उत्पन्न ब्राह्मण।

जम्पती (पुं०) पति-पत्नी।

जम्पती-कहती हुई, कहने वाली, बोलती हुई। 'प्रत्यात्रजन्तामथ जम्पती तौ' (सुद० २/२४)

जम्बालः (पुं०) [जम्भ्+घञ्] काई, सेवार, कीचड़।

जम्बालिनी (स्त्री०) नदी विशेष।

जम्बीरः (पुं०) [जम्भ्+ईरन्] नींबू।

जम्बीरः (नपुं०) चकोतरा।

जम्बुकः (पुं०) १. गीदड़, २. अधम पुरुष। (दयो० ९६)

जम्बू (स्त्री०) [जम्+कु] जामुन, जामुन का वृक्ष। (सुद० १/१९) (जयो० वृ० १२/१४)

जम्बू (पुं०) जम्बुकुमार, एक नाम विशेष।

जम्बूकुमारः (पुं०) अर्हद्दास श्रेष्ठी का पुत्र राजपुरी नगरी के सेठ का पुत्र। श्रेष्ठिनोऽप्यर्हद्दासस्य।

जम्बू तरुः (पुं०) जामुन वृक्ष। (वीरो० वृ० १५/२५)

जम्बूद्वीपः (पुं०) मनुष्य लोक के ठीक मध्य में स्थित एक लाख योजन प्रमाण का एक द्वीप। (जयो० वृ० २३/४३)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जम्बूद्वीपप्रज्ञप्तिः (स्त्री०) भोगभूमि और कर्मभूमि के क्षेत्र का वर्णन करने वाला ग्रन्थ।

जम्बूद्रुमः (पुं०) जम्बुवृक्ष। (वीरो०

जम्बूपदः (नपुं०) जम्बूद्वीप। (सुद० १/११)

जम्बूपददः (पुं०) जम्बूद्वीप। (जयो० २४/७)

जम्बूपुर (पुं०) जम्बु नामक नगर। (जयो० २३/५५)

जम्बूलः (पुं०) एक वृक्ष विशेष।

जम्बूवृक्षः (पुं०) जम्बूद्रुम, जामुन का पेड़। (दयो० ५१)

जम्भः (पुं०) [जम्भ्+घञ्] दात। दन्त। जम्भो दन्तेऽपि जम्भीर इति विश्वलोचने' (जयो० वृ० १४/१८) २. खाना, ३. खण्ड, टुकड़ा, अंश, भाग, ४. तरतकस ५. ढोढी, ५. जम्भाई, उबासी।

जम्भजृम्भितं (नपुं०) दन्त परिवर्धन। जम्भानां दन्तानां जृम्भितं परिवर्द्धमानम् (जयो० १४/१८)

जम्भरसः (पुं०) नीबू। (जयो० २६/८०)

जम्भराज (स्त्री०) दन्तपंक्ति, प्रधानदन्त। जनयन्ति तदुज्झिताः स्म लाजा निपतन्तोऽग्निमुखे तु जम्भराजाः। (जयो० १२/७१)

जम्भारिः (पुं०) १. अग्नि, इन्द्र।

जम्भीरः (पुं०) नीबू।

जय् (जि) (सक०) जीतना, सफलता प्राप्त करना, विजय प्राप्त करना। जयेत्-प्रशंसेत्-प्रशंसा करना। (जयो० ९/१२) जयन्ति-जीतते हैं। (जयो० ३/८६) जयन्ति स्वीकुर्वन्ति (जयो० वृ० ३/८६)
जयतमाम्-विजयताम् (जयो० ९/६३) सोऽजयज्जयनृपः कृपाशनेः (जयो० ३/१९) कः सौम्यमूर्तीति जयेति सूक्तिः। (जयो० ५/१०२) जयपाय-जीतने के लिए (सुद० २/४३) 'तस्याः कृशीयानुदरो जयाय' जयतु (सम्य० ५३)
जीयात्-(सुद० ११७)
जेतुं-(सुद० २/४५)
जयन्तः-(सुद० १/१७)

जयः (पुं०) [चि+अच्] १. जय, विजय, जीत, सफलता। (जयो० १/६५) २. **उत्कर्ष**-गृहिणो धर्मस्तस्यास्त। जयमुत्कर्ष संलभते (जयो० २/७२) १. **स्वदक्षसिद्धिजय**-'जयकुमार (जयो० १/२) २. **जयनशील**-हस्तिनापुर का शासक।

जयकारः (पुं०) जयघोष। (जयो० वृ० १२/९)

जयकुमारः (पुं०) हस्तिनापुर का शासक। (जयो० १/१३) (जयो० १/५) 'स जयकुमारनामा हस्ति पुराधिराजः'

जयकुमारनृपः देखो ऊपर।

जयकुमारनृपतिः (पुं०) हस्तिनापुर नरेश। (जयो० वृ० १/१५)

जयक्कणिः (स्त्री०) विष्णुचन्द्र नरेश की भाभी-
विष्णुचन्द्रनरेशस्याग्रजजाया जयक्कणिः।
नित्यं जिनेन्द्रदेवार्चा कुर्वती समभादियम्।। (वीरो० १५/४९)

जयकोलाहलः (पुं०) जयघोष।

जयघोषः (पुं०) जयनाद।

जयढक्का (स्त्री०) विजय का ढंका, विजयसूचक वाद्य।

जयध्वनिः (स्त्री०) जयघोष।

जयदेवः (पुं०) जयकुमार (जयो० ८/४७)

जयनं (नपुं०) [जि+ल्युट्] १. जीतना, दमन करना, विजय प्राप्त करना। २. जीन, हाथी-घोड़े की पलान, झूल। 'जयनं तु जये वाजि जवन गजप्रभृति' कञ्चुके' इति विश्वलोचनः' (जयो० १३/३८)

जयनशील (वि०) जयवंत, विष्णु। (जयो० १७/२)

जयनादः (पुं०) जयघोष।

जयनृपतिः (पुं०) राजा जयकुमार, हस्तिनापुर का राजा। (जयो० ३/१९)

जयन्त (वि०) जययुक्त। (जयो० २२/४३)

जयन्ती (स्त्री०) १. अकम्पित गणधर की माता। २. पताका (जयो० ८/१५) (वीरो० १४/९)

जयन्ती-जीतती हुई (सुद० २/१२)

जयवन्त-जीतने वाली, जीतने वाला।

जयपत्रं (नपुं०) जयघोष पत्र।

जयपुत्रकः (पुं०) एक पासा।

जयमङ्गलः (पुं०) राजकीय हस्ति।

जयमहीपतिः (स्त्री०) हस्तिनापुर नरेश जयकुमार। (जयो० १/११३) जयघोष अभिलेख।

जयमाला (वि०) विजयमाला।

जयवर्मा (पुं०) राजा विशेष।

जयराजः (पुं०) जयकुमार नामक नृपति।

जयराट् (पुं०) जयराज, जयकुमार राजा, हस्तिनापुर नरेश। (जयो० १७/३७)

जयवाहिनी (स्त्री०) १. शची, इन्द्राणी, २. विजययान यात्रा।

जयवन्त (वि०) विजयशील। (सम्य० १५३)

जयशब्दः (पुं०) जयध्वनि, विजयघोष।

जयस्तम्भः (पुं०) विजय स्तम्भ, कीर्तिस्तम्भ।

जयहस्ति (पुं०) जयनामक हाथी।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जया (स्त्री०) दुर्गा, अम्बिका। १. एक वचन, जिसके सिद्धान्त कथन किया जाए। २. पोदनपुरी के राजा प्रजापति की रानी। (वीरो० ११/१७)

जयिन् (वि०) जेतु शीलमरण-विजेता।

जयेच्छु (वि०) विजयाभिलाषी, जय/विजय का इच्छुक। (जयो० ८/४६)

जयैषिणी (वि०) विजयाभिलाषिणी, विजय की कामना करने वाली। (जयो० ६/११६)

जयोक्ति (स्त्री०) जयकार, जयध्वनि, जयघोष। जयनाद-(जयो० १२/९)

जयोदयः (पुं०) जयोदय नामक महाकाव्य, जिसमें २८ सर्ग हैं। जो हस्तिनापुर नरेश के विजय अभियान से लेकर वैराग्य तक के चित्र को चित्रित करने वाला है इसके रचनाकार महाकवि भूरामल आचार्य ज्ञानसागर हैं। इसको सं० १९८३ की सावन सुदी पूर्णिमा के दिन पूर्ण किया गया। (जयो० १/१) लोकधराङ्कात्मकसंगणिते विक्रमोक्तसंवत्सरे हिते। श्रावणमासमितिं प्रति याति पूर्णं निजपर-हितैकजाति।। (जयो० २८/१०९) लोकाः त्रयः धराः पृथिव्यः अष्टौ नय-आत्मा चैक इत्थमङ्कानां वामतो गतिरिति नियमात् परिवर्तिते १९८३ तमे हितकरे। श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलोपाह्वयं वाणीभूषण-वर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीचयम्। तत्काव्यं लासतात् स्वयं विधि श्री लोचनाया जयराजस्याभ्युदयं दधद् वसु दृगित्याख्यं च सर्गं जयत्।।

जयोदयप्रकाश (पुं०) जय कुमार के अभ्युदय का कथन। (दयो० १/१)

जय्य (वि०) [जि+यत्] जीतने योग्य, प्रहार्य।

जरठ (वि०) [जृ+अठच्] १. कठोर, ठोस, २. अधिक वय का परिपक्व।

जरठः (पुं०) पाण्डुनरेश।

जरण (वि०) [जृ+ल्युट्] बूढा, क्षीण, निर्बल, वृद्ध।

जरणार्थ (वि०) परिपाक के लिए। (सुद० १२०)

जरत् (वि०) [जृ+शतृ] वृद्ध, क्षीण काय, निर्बल, जीर्ण।

जरत्कुमारः (पुं०) कृष्ण को मारने वाला (मुनि० २४) (वीरो० १७/४२)

जरत्गवः (पुं०) बूढ़ा बैल।

जरती (स्त्री०) वृद्धा, बुढ़िया, अधिक उम्र की नारी। (जयो० ४/५७)

जरती-जरती (स्त्री०) वार्धक्यपालित स्त्री, वृद्धा स्त्री। (जयो० १०/२७)

जरसान्वित (वि०) वृद्धत्व प्राप्त। (जयो० १८/४१)

जरन्तः (पुं०) वृद्ध पुरुष।

जरद्गव (वि०) वृद्ध बलीवर्द, बूढ़ा बैल (जयो० २३/६७) (दयो० २०/)

जरसाञ्चित (वि०) वार्धक्यविभूषित। (जयो० ९/७२)

जरा (स्त्री०) [जृ+अङ्+टाप्] बुढ़ापा, वृद्धावस्था। (जयो० १/३६) वयो हानि, वय जीर्णता। (वीरो० ९/७) जीर्यन्ति विनश्यन्ति रूप-वयो-बल-प्रभृतयो गुणा यस्यामवस्थायां प्राणिनः सा जरा। (भ०आ०टी० ७१)

जराजीर्ण (वि०) वयोवृद्ध, निर्बलता, क्षीणता।

जरायिक (वि०) जर से निकला। जरायुरेव जरः तत्र आयः जरायः जरायो विद्यते येषां ते जरायिकः-'गो-महिषी-मनुष्यादयः सावरण-जन्मानः'

जराधीनः (पुं०) वार्धक्यापन्न, वृद्धावस्था। (जयो० ७/४६)

जरायु (नपुं०) मांस एवं रुधिर का जाल। जालवत्प्राणि-परिवरणं विततमांस-रुधिरं जरायुः कथ्यते। तत्र कर्मवशादुत्पत्त्यर्थ माय आगमनं जरायः, जरायुरेवः जरः।

जरायुज (वि०) जरायु में उत्पन्न होने वाला। 'जरायौ जाता जरायुजाः' यत्प्राणिनामानायवत् जालवत् आवरणं प्रविततं पिशितरुधिरं तद्वस्तु वस्त्राकारं जरायु'-जरायौ जाता जरायुजाः।

जरासन्धः (पुं०) नाम विशेष। (वीरो० १७/४२)

जरित (वि०) [जरा+इतच्] वृद्ध, बूढ़ा, क्षीण, निर्बल।

जरिन् (वि०) वृद्धा, बूढ़ी। (जयो० १२/११)

जरी (वि०) वृद्ध स्त्री।

जरूथं (नपुं०) मांस।

जर्जर (वि०) [जर्ज्+अर] बूढ़ा, वृद्ध, निर्बल, क्षीण।

जर्जरित (वि०) [जर्जर्+णिच्+क्त] छिन्नाभिन्न, विद्ध। जीर्ण-शीर्ण, फटा-पुराना, विदीर्ण, अयोग्य, क्षार-क्षर, घिसा-पिटा, क्षीण, हीन। कुसुमेषोः शर-जर्जरितापि या जनता स्वयमितस्तयापि। (जयो० १४/३९)

जर्जरीक (वि०) [जर्जर्+ईक] बूढ़ा, वृद्ध, क्षीण, असमर्थ, अयोग्य, छिन्नभिन्न, विदीर्ण, विखण्डित।

जर्तुः (स्त्री०) योनि।

जल (वि०) [जल्+अक्] शीतल, ठंडा, जड़। स्फूर्तिहीन, निर्बल।

जलं (नपुं०) वारि, अम्बु, पानी, नीर। (जयो० १/५) उदक।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जया (स्त्री०) दुर्गा, अम्बिका। १. एक वचन, जिसके सिद्धान्त कथन किया जाए। २. पोदनपुरी के राजा प्रजापति की रानी। (वीरो० ११/१७)

जयिन् (त्रि०) जेतु शीलमरण-विजेता।

जयेच्छु (वि०) विजयाभिलाषी, जय/विजय का इच्छुक। (जयो० ८/४६)

जयैषिणी (वि०) विजयाभिलाषिणी, विजय की कामना करने वाली। (जयो० ६/११६)

जयोक्ति (स्त्री०) जयकार, जयध्वनि, जयघोष। जयनाद-(जयो० १२/९)

जयोदयः (पुं०) जयोदय नामक महाकाव्य, जिसमें २८ सर्ग हैं। जो हस्तिनापुर नरेश के विजय अभियान से लेकर वैराग्य तक के चित्र को चित्रित करने वाला है इसके रचनाकार महाकवि भूरामल आचार्य ज्ञानसागर हैं। इसको सं० १९८३ की सावन सुदी पूर्णिमा के दिन पूर्ण किया गया। (जयो० १/१) लोकधराङ्कात्मकसंगणिते विक्रमोक्तसंवत्सरे हिते। श्रावणमासमितिं प्रति याति पूर्णं निजपर-हितैकजाति।। (जयो० २८/१०९) लोकाः त्रयः धराः पृथिव्यः अष्टौ नय-आत्मा चैक इत्थमङ्कानां वामतो गतिरिति नियमात् परिवर्तिते १९८३ तमे हितकरे। श्रीमान् श्रेष्ठिचतुर्भुजः स सुषुवे भूरामलोपाह्वयं वाणीभूषण-वर्णिनं घृतवरी देवी च यं धीचयम्। तत्काव्यं लासतात् स्वयं विधि श्री लोचनाया जयराजस्याभ्युदयं दधद् वसु दृगित्याख्यं च सर्गं जयत्।।

जयोदयप्रकाश (पुं०) जय कुमार के अभ्युदय का कथन। (दयो० १/१)

जय्य (वि०) [जि+यत्] जीतने योग्य, प्रहार्य।

जरठ (वि०) [जृ+अठच्] १. कठोर, ठोस. २. अधिक वय का परिपक्व।

जरठः (पुं०) पाण्डुनरेश।

जरण (वि०) [जृ+ल्युट्] बूढा, क्षीण, निर्बल, वृद्ध।

जरणार्थ (वि०) परिपाक के लिए। (सुद० १२०)

जरत् (वि०) [जृ+शतृ] वृद्ध, क्षीण काय, निर्बल, जीर्ण।

जरत्कुमारः (पुं०) कृष्ण को मारने वाला (मुनि० २४) (वीरो० १७/४२)

जरत्गवः (पुं०) बूढ़ा बैल।

जरती (स्त्री०) वृद्धा, बुढ़िया, अधिक उम्र की नारी। (जयो० ४/५७)

जरती-जरती (स्त्री०) वार्धक्यपालित स्त्री. वृद्धा स्त्री। (जयो० १०/२७)

जरसान्वित (वि०) वृद्धत्व प्राप्त। (जयो० १८/४१)

जरन्तः (पुं०) वृद्ध पुरुष।

जरद्गव (वि०) वृद्ध बलीवर्द, बूढ़ा बैल (जयो० २३/६७) (दयो० २०/)

जरसाञ्चित (वि०) वार्धक्यविभूषित। (जयो० ९/७२)

जरा (स्त्री०) [जृ+अङ्+टाप्] बुढ़ापा, वृद्धावस्था। (जयो० १/३६) वयो हानि, वय जीर्णता। (वीरो० ९/७) जीर्यन्ति विनश्यन्ति रूप-वयो-बल-प्रभृतयो गुणा यस्यामवस्थायां प्राणिनः सा जरा। (भ०आ०टी० ७१)

जराजीर्ण (वि०) वयोवृद्ध, निर्बलता, क्षीणता।

जरायिक (वि०) जर से निकला। जरायुरेव जरः तत्र आयः जरायः जरायो विद्यते येषां ते जरायिकः-'गो-महिषी-मनुष्यादयः सावरण-जन्मानः'

जराधीनः (पुं०) वार्धक्यापन्न, वृद्धावस्था। (जयो० ७/४६)

जरायु (नपुं०) मांस एवं रुधिर का जाल। जालवत्प्राणि-परिवरणं विततमांस-रुधिरं जरायुः कथ्यते। तत्र कर्मवशादुत्पत्त्यर्थ माय आगमनं जरायः, जरायुरेवः जरः।

जरायुज (वि०) जरायु में उत्पन्न होने वाला। 'जरायौ जाता जरायुजाः' यत्प्राणिनामानायवत् जालवत् आवरणं प्रविततं पिशितरुधिरं तद्वस्तु वस्त्राकारं जगदु'- जरायौ जाता जरायुजाः।

जरासन्धः (पुं०) नाम विशेष। (वीरो० १७/४२)

जरित (वि०) [जरा+इतच्] वृद्ध, बूढ़ा, क्षीण, निर्बल।

जरिन् (वि०) वृद्धा, बूढ़ी। (जयो० १२/११)

जरी (वि०) वृद्ध स्त्री।

जरूथं (नपुं०) मांस।

जर्जर (वि०) [जर्ज्+अर] बूढ़ा, वृद्ध, निर्बल, क्षीण।

जर्जरित (वि०) [जर्जर्+णिच्+क्त] छिन्नाभिन्न, विद्ध। जीर्ण-*शीर्ण, फटा-पुराना, विदीर्ण, अयोग्य, क्षार-क्षर, घिसा-पिटा,* क्षीण, हीन। कुसुमेषोः *शर-जर्जरितापि या जनता* स्वयमितस्तयापि। (जयो० १४/३९)

जर्जरीक (वि०) [जर्जर्+ईक] बूढ़ा, वृद्ध, क्षीण, असमर्थ, अयोग्य, छिन्नभिन्न, विदीर्ण, विखण्डित।

जर्तुः (स्त्री०) योनि।

जल (वि०) [जल्+अक्] शीतल, ठंडा, जड़। स्फूर्तिहीन, निर्बल।

जलं (नपुं०) वारि, अम्बु, पानी, नीर। (जयो० १/५) उदक।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

१. पूजन के समय चढ़ाने वाला प्रासुक जल। (सुद० ५/२१) जीवन, वन, गो, पय, विष, अमृत, शिव, भुवन, तोय। पयः कीलालममृतं जीवनं भुवनं वनम् तोयं जीवनमविषम्' इति धनञ्जय इत्यमरः (जयो० वृ० १४/७९) 'अनामिषाशनीभूयाद्वस्त्रपूतं पिबेज्जलम्' (सुद० ४/४३)

जलकण्टकः (पुं०) मगरमच्छ।

जलकपि (पुं०) सूंस, सुंसुमार।

जलकपोतः (पुं०) जल कबूतर।

जलकरङ्कः (पुं०) १. श्री फल, नारिकेल, नारियल, २. बादल, मेघ, ३. कमल। ४. तरङ्ग।

जलकल्कः (पुं०) पङ्क, कीचड़।

जलकाकः (पुं०) जलकौआ।

जलकान्तः (पुं०) वायु, पवन।

जलकान्तारः (पुं०) वरुणदेव।

जलकिराटः (पुं०) मगरमच्छ, घड़ियाल।

जलक्रीडा (स्त्री०) जलकेलि। (जयो० वृ० २०/८९)

जलकुक्कुटः (पुं०) जलमुर्ग, मुर्गानी।

जलकुन्तलः (पुं०) काई, सेवाल, सेवारज।

जलकूपी (स्त्री०) झरना, कूप, कुआं, तालाब, भंवर।

जलकूर्मः (पुं०) शिंशुमार, सूंस।

जलकेलिः (स्त्री०) जलक्रीडा, जलविहार। शिव मोक्षते सुखे जले इति (जयो० १४/६०) शिवकेलि।

जलकोशः (पुं०) सेवारज, सेवाल, काई।

जलङ्गमः (पुं०) [जल+गम्+खच्] चाण्डाल।

जलगत (वि०) जल से प्राप्त।

जलगुल्मः (पुं०) १. कच्छप, कछुवा। २. बावड़ी।

जलचर (वि०) जल के विचरण करने वाले जन्तु।

जलचारणं (नपुं०) जल में चलने की ऋद्धि, जीव विराधना से रहित जल में गमन। 'जलमस्पृश्य जलोपरि गमनं जलचारणत्वम्' (जैन०ल० ४५८)

जलचारिन् (वि०) जल में विचरण करने वाले जलतन्तु।

जलजः (पुं०) शङ्ख।

जलज (वि०) जल में उत्पन्न होने वाले।

जलजं (नपुं०) कमल, वारिज, पद्म। (जयो० ३/१००)

जलजन्तु (नपुं०) जलचर जीव। (दयो० ४२)

जलजात (वि०) जल में उत्पन्न हुए कमल। (जयो० १/५८)

जलजिह्वः (पुं०) मगरमच्छ।

जलजीवः (पुं०) १. जलजन्तु, २. मछवाह, मछुआरा।

जलजीविन् (पुं०) मछुआरा, मछवाह।

जलज्योतिः (स्त्री०) जल तरङ्ग।

जलतरङ्गः (पुं०) १. एक वाद्य विशेष। २. जल की लहरें।

जलताडनं (नपुं०) जल का पीटना, जल का अपव्यय।

जलत्यज (वि०) अम्बुदादातुं-जल पिलाने के लिए। (जयो० १२/१३१)

जलत्रा (स्त्री०) छाता, आतपत्र।

जलत्रासः (पुं०) जलातङ्क रोग, पालन कुत्ते के काटने पर होने वाला रोग, हड़कायापन।

जलदः (पुं०) मेघ, बादल, वारिमुच। (जयो० वृ० १२/५१)

जलदा (स्त्री०) जल देवी। (जयो० १२/१२१)

जलदाया (वि०) जल पिलाने वाली। (जयो० १२/१२१)

जलदानं (नपुं०) प्याऊ। (जयो० २०/२)

जलदानत्व (वि०) जलप्रदान करने वाली, नीरद भाव वाली।

जलदर्दुरः (पुं०) वाद्य यन्त्र।

जलदेव (पुं०) जलदेव।

जलदेवता (पुं०) जलदेवता।

जलदेवी (स्त्री०) जलपरी।

जलद्रोणी (स्त्री०) डोलची।

जलधरः (पुं०) मेघ, बादल।

जलधारा (स्त्री०) पानी की धार।

जलधिः (पुं०) समुद्र, सागर। (सुद० २२)

जलधीश्वरा (स्त्री०) नन्दिनी, समुद्र पुत्री (सुद० १/२) (वीरो० २/१७)

जलनकुलः (पुं०) ऊद बिलाव।

जलनरः (पुं०) जल पुरुष।

जलनिधिः (पुं०) समुद्र, सागर। (वीरो० ४/५१)

जलनिर्गमः (पुं०) १. नाली, २. जलप्रपात, झरना, निर्झर।

जलनीतिः (स्त्री०) काई, सेवारज, सेबाल।

जलपटलं (नपुं०) मेघ, बादल।

जलपतिः (पुं०) समुद्र, सागर।

जलपथः (पुं०) जलयात्रा।

जलपात्रं (नपुं०) मणिका, सुराही। (जयो० वृ० २/१३३)

जलपारावतः (पुं०) जलकपोत।

जलपित्तं (नपुं०) अग्नि, आग।

जलपुष्पं (नपुं०) कमल।

जलपूरः (पुं०) जल की बाढ़, पानी का विस्तार से फैलाव। वारिगण। (जयो० २०/३२)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जलपृष्ठजा (स्त्री०) काई, सेवारज।

जलप्रदानं (नपुं०) जल तर्पण, जल चढ़ाना।

जलप्रलयः (पुं०) बाढ़ से विनाश, जल से विनाश।

जलप्रवाहः (पुं०) जल की गति, जलधारा। (जयो० ६/७५)

जलप्रान्तः (पुं०) नदी का तट, किनारा।

जलप्रायं (नपुं०) जल बहुल प्रदेश। (जयो० १२/१३९)

जलप्रायप्रदेशः (पुं०) जल की बहुलता वाला प्रवेश।

जलप्रियः (पुं०) चातक पक्षी, मछली।

जलप्लवः (पुं०) ऊदबिलाव। १. जलप्रवाह (वीरो० २/१५)

जलप्लावनं (नपुं०) बाढ़, जलप्रलय।

जलबन्धुः (स्त्री०) मछली।

जलबालकः (पुं०) विन्ध्य गिरि।

जलबालिका (स्त्री०) विद्युत, बिजली।

जलबिंदुः (पुं०) समुद्र, जलनिधि। (जयो० ९/४१)

जलबिडालः (पुं०) ऊदबिलाव।

जलबिम्बः (पुं०) जलतरङ्ग, बुलबुला।

जलबिम्बं (नपुं०) जल तरङ्ग, बुलबुला।

जलबिल्वः (पुं०) सर, सरोवर, तालाब, चौकोर, तालाब। १. कछुआ, २. केंकड़ा।

जलभू (वि०) जल में उत्पन्न।

जलभूः (पुं०) १. मेघ, बादल। २. कपूर, जल का स्थान।

जलभक्षिका (स्त्री०) जल में रहने वाला कीट।

जलमण्डूकं (नपुं०) १. मेंढक, जल दुर्दर। २. वाद्य यन्त्र।

जलमार्गः (पुं०) पनाला, नाली, जलप्रणाली।

जलमुच् (पुं०) मेघ, बादल। (समु० ७/२५)

जलमूर्तिः (पुं०) शिव।

जलमूर्तिका (स्त्री०) ओला, हिमकण, बर्फ।

जलयन्त्रं (नपुं०) नलकूप, पाताल कूप से जल निकालने का साधन।

जलमन्दिरं (नपुं०) जलगृह, फव्वारा युक्त भवन, जल के बीच स्थित भवन।

जलयात्रा (स्त्री०) जलक्रीड़ा, जलकेलि, नौकायन।

जलयानं (नपुं०) जहाज, पोत, जलपोत। (जयो० १३/३४) (दयो० वृ० ६/६६)

जलरङ्कुः (पुं०) जलकुक्कुट, जलमुर्गा।

जलरण्डः (पुं०) १. भंवर, जलावर्त। २. जलकण, जलबिन्दु। ३. जलसर्प।

जलरुण्डः (पुं०) जलावर्त, भंवर।

जलरसः (पुं०) नमक, लवण, समुद्री नमक, सांभर नमक।

जलराशिः (पुं०) समुद्र, उदधि, सागर।

जलराशिजा (स्त्री०) सरस्वती, भारती। (जयो० १९/३४)

जलरुहः (पुं०) कमल, पद्म, सरोज।

जलरुहं (नपुं०) अरविंद, सरोज, पद्म।

जलरूपः (पुं०) मगरमच्छ।

जललताः (स्त्री०) लहर, तरङ्ग।

जलवमथु (वि०) पयोनिपीत, जल में फूत्कार, बुलबुला। (जयो० वृ० १३४/१००)

जलवादः (पुं०) पानी की बहुलता। (दयो० १०)

जलवायस् (पुं०) जल निवास।

जलवाहः (पुं०) मेघ, बादल।

जलवाहिनी (स्त्री०) पानी की मोरी, नालिका, नाली।

जलविषुवत् (नपुं०) शारदीय विषुवत् [२२ या २३ सितम्बर]।

जलवृश्चिकः (पुं०) झींगा मछली।

जलव्यालः (पुं०) पानी का कार्प, जल सांप।

जलशयः (पुं०) विष्णु।

जलशयनः (पुं०) विष्णु।

जलशयिन् (पुं०) विष्णु।

जलशाला (स्त्री०) प्याऊ। (जयो० वृ० ६/८६)

जलशूकं (नपुं०) काई, सेवारज।

जलशूकरः (पुं०) मगरमच्छ।

जलशोषः (पुं०) अनावृष्टि, कम बरसात।

जलसम्वाहिका (स्त्री०) जल खींचने वाली। (जयो० ११/९७)

जलसन्ततिः (स्त्री०) जलप्रवाह। (वीरो० ७/३४)

जलसर्पिणी (स्त्री०) जोंक।

जलसिञ्चित (वि०) जल से सींचा गया। (सुद० ३/)

जलसूचिः (स्त्री०) १. जोंक, सुंसुआर।

जलस्रुति (स्त्री०) जलप्रवाह। (वीरो० १८/३२ (जयो० १४/४५)

जलस्थानं (नपुं०) सरोवर, तालाब, जलाशय।

जलस्तम्भनवृत्ति (स्त्री०) जल रोकना, जलवृष्टि रोकने की ऋद्धि। (जयो० १३/३७)

जलहं (नपुं०) जलमन्दिर, जलमहल, फव्वारा।

जलहस्तिन् (पुं०) जलहाथी, गेंडा।

जलहारिणी (स्त्री०) पनाला, नालिका।

जलांश (वि०) अर्ण अंश, जलकण शीकर। (वीरो० ४/१६, भक्ति० ६)

जलाञ्चलं (नपुं०) १. झरना, निर्झर, जलप्रपात। २. काई, सेवाल।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जलाञ्जलिः (स्त्री०) चुल्लुभर पानी। (वीरो० १/३१)
जलाटन: (पुं०) सारस।
जलाटनी (स्त्री०) जोंक।
जलायितत्त्व (नपुं०) जल तत्त्व (वीरो० २०/६)
जलाशय: (पुं०) सरोवर, तालाब। (सुद० १/१८)
जलाशयं जलाधारं जलदे तु जलाशयं इति वि (जयो० वृ० २१/३३)
जलाष्टक: (पुं०) घड़ियाल, मगरमच्छ।
जलात्यय: (पुं०) शरद, पतझड़।
जलाधिदैवत: (पुं०) वरुणदेव।
जलाधिप: (पुं०) वरुणदेव।
जलानयनदासी (स्त्री०) रहट, कुटकुटी। (जयो० २५/९)
जलाम्बिक: (पुं०) कूप, कुआं।
जलार्क: (पुं०) सूर्य प्रतिबिम्ब।
जलाजीवानार्थ (वि०) जल से आजीविका चलाने वाला। (जयो० १/३७)
जलावगाह: (पुं०) जल में तैरना। (जयो० १४/८०)
जलित्व (वि०) जलधारित्व, नीरधारी (जयो० २०/७७)
जलभिघ (वि०) तडागादिक, तालाब आदि। (जयो० वृ० १/७४)
जलार्णव: (पुं०) वर्षाऋतु।
जलार्थिन् (वि०) प्यासा।
जलार्द (वि०) गीला।
जलूका (स्त्री०) जोंक।
जलेन्द्र: (पुं०) वरुणदेव। १. समुद्र।
जलेन्धन: (पुं०) वड़वाग्नि।
जलेभ: (पुं०) जलहस्ति।
जलेश: (पुं०) वरुणदेव।
जलेशय: (पुं०) मछली।
जलोत्सर्जनं (नपुं०) जलदाय। (जयो० वृ० ६२/१२१)
जलौक: (पुं०) जोंक। (जयो० ४/२०) (समु० १/१९)
जलोदभव: (पुं०) कमल। (जयो० ४/५९) ०नीरज।
जलोद्वेलनं (नपुं०) जलप्रवाह। (जयो० ११/३)
जल्प् (अक०) बोलना, कहना। (जयो० २/१५५) संलाप करना, गुनगुनाना, प्रलाप करना। जल्पन्ती।
जल्प: (पुं०) [जल्प्+घञ्] १. भाषण २. कलकलरव (जयो० वृ० १८/५८) ३. प्रवचन, वार्तालाप, संवाद, विचार, (सुद १/१२) वितण्डावाद (जयो० वृ० १८/५८) ४. वाद-विवाद। वाक् युद्ध। (सम्य० ३३) ०साध्य के विषय में दूसरे को तिरस्कृत करना।
जल्पका (वि०) व्यर्थ का बोलने वाला, बातूनी, गप्पी, मुखरी, वाचाल।
जल्पित (वि०) भाषित। (जयो० ५/२७)
जल्ल: (पुं०) मल, शरीर पर पसीने से जमने वाला मल, मलपरीषह। 'सर्वाङ्गमलो जल्ल:' शरीरमलं जल्ल:।
जल्लौषधि: (स्त्री०) मल परीषह, एक ऋद्धिविशेष, जिसके प्रभाव से मल को दूर किया जाता है।
जव (वि०) ०स्फूर्तिमान् तंदुरुस्त, ०चुस्त। ०स्फूर्ति, ०तेजी। जवेन (तृ०ए०) (सुद० २/४२) जवात्-त्वरितमेव (जयो० १९/५)
जवञ्जय (वि०) अत्यधिक शीघ्रता। (वीरो० ९/१६) संहति-यत्क्रियते जवञ्जये (समु० ९/१३)
जवलेविका (स्त्री०) जलेबी, एक मिष्ठान्न, रस से परिपूर्ण वर्तुल। भङ्ग विभङ्गरकारो मिष्ठान्न भेद:। (जयो० २४/७७) (जयो० ९/६०)
जवन (वि०) स्फूर्ति, तेजी, गतिशीलता, शीघ्रगामी।
जवनं (नपुं०) वेग, गति, चाल।
जवनिका (स्त्री०) [जूयते आच्छदयते अनया जु+ल्युट्+ङीप्+ जवनी+कन्+टाप्] १. पर्दा, आवरण, २. दृश्य, सदृक का एक अंश, प्राकृत में रचित सदृक रचना का एक वर्ग।
जवनी (स्त्री०) पर्दा, कनात।
जवशील (वि०) वेगशील। जवत एव वेगादेव (जयो० वृ० ६/२६)
जवस: (पुं०) [जु+असच्] घांस।
जवा (स्त्री०) [जव+टाप्] जपा पुष्प। अडहुल।
जवाहर (नपुं०) एक रत्न।
जवाहरलालनेहरू (पुं०) भारत के प्रथम प्रधानमंत्री। (जयो० १८/८४) नवम्बर १४ सन् १८८९ प्रयाग आनंद भवन।
जविवाह: (पुं०) घोड़ा, घोटक, अश्व। (जयो० १३/२६)
जष् (सक०) मारना, क्षति पहुंचाना, घायल करना।
जस् (सक०) १. मुक्त करना, छोड़ना, २. प्रहार करना, मारना। ३. अपमान करना।
जह् (सक०) छोड़ना- जहाति (सुद० १२०) (जयो० १/८)
जहक: (पुं०) १. समय, २. सर्प की केंचुली।
जहत् (वि०) त्यागने वाला। जहासि-छोडते हो। (सुद० ३/३८)
जहानक: (पुं०) [हा+शानच्+कन्] महाप्रलय।
जहु: (हा+उण्) शावक, वत्स, बछड़ा।
जह्नु (पुं०) एक नृप विशेष। (जयो० ६/३३)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जह्य (वि०) छोड़ने योग्य। (सुद० ४/४२)

जह्नकन्या (स्त्री०) गंगा। (जयो० ६/३३)

जा (सक०) जाना, पहुंचना, ग्रहण करना, उत्पन्न होना। (जयो० २/११) जातु (सुद० ९४) प्राप्त होना, (जाति-सुद० १०४) जायते- (जयो० २/१४)

* समझना, ज्ञात होना। (जयो० १/१) बुधो विपदे जातु। (सुद० ८९)

जाकियव्वा (स्त्री०) सत्तरस नागार्जुन की पत्नी। (वीरो० १५/३८)

जागरः (पुं०) [जागृ+घञ्] १. जागना, सचेत रहना। २. कवच, बख्तर।

जागरणं (नपुं०) [जागृ+ल्युट्] जागना, सचेत रहना, सतर्कता।

जागरा (स्त्री०) [जागृ+अ+टाप्] जागरण, सचेतनता।

जागरित (वि०) [जागृ+क्त] सचेत हुआ, जागा हुआ।

जागरितृ (वि०) जागरणशील, प्रबुद्धशील, निन्द्रा विमुक्त। सतर्क, सचेत।

जागर्तिः (स्त्री०) जागरण, सचेतता।

जागुडं (नपुं०) [जगुड+अण्] केसर, जाफरान।

जागृ (अक०) जागना, सचेत रहना।

जाघनी (स्त्री०) [जघन+अण्+ङीप्] १. पूंछ, २. जांघ।

जागृतिः (स्त्री०) उत्थान, विकास। (जयो० ५/७०)

जाङ्गल (वि०) जंगली, अनाड़ी, असभ्य, बर्बर।

जाङ्गलः (पुं०) तीतर पक्षी, बटेर।

जाङ्गलं (नपुं०) विष, ज़हर।

जाङ्गुलिः (पुं०) विषवैद्य।

जाङ्घिकः (पुं०) [जङ्घा+ठञ्] १. दूत, २. ऊँट।

जाजिन् (पुं०) [जज्+णिनि] योद्धा, सैनिक।

जाठर (वि०) उदरवर्ती, पेट सम्बन्धी।

जाठरः (पुं०) पाचनशक्ति।

जाड्यं (नपुं०) [जड+ष्यञ्] १. जडता, निष्क्रियता, मूर्खता, आलसीपना। (वीरो० ९/१८) २. शीतलता, जाड़ा- (वीरो० ९/१८)

जात (भू०क०कृ०) १. जन्म लिया गया, पैदा किया हुआ, उगा हुआ, निकला हुआ। २. उद्भूत, उत्पन्न 'ततश्च रजकी जाता' (सुद० ४/२८) ३. नियुक्त (जयो० १२/११५)

जातः (पुं०) पुत्र।

जातं (नपुं०) प्राणी, जन्तु, जीवधारी।

जातगीतिः (स्त्री०) कुण्डलीक करणनीति उत्पन्न करने की स्थिति। जातानां जन्मवतां बालकानां गीतिं जातनां पदार्थानां गीतिं स्पष्टीकरणं। (जयो० वृ० १८/५१)

जातकाम (वि०) आसक्त।

जातपक्ष (वि०) पंख निकलने वाला।

जातपाश (वि०) बंधन वाला, बेड़ी युक्त।

जातप्रत्ययः (वि०) विश्वास करने योग्य।

जातमन्मथ (वि०) कामरञ्जित को प्राप्त, प्रेमभाव को प्राप्त हुआ।

जातमात्र (वि०) सद्योजात, तत्काल उत्पन्न।

जातरूप (वि०) सुन्दर, उज्ज्वल जन्म का रूप, दिगम्बर रूप, निर्ग्रन्थ रूप, नग्न रूप। (जयो० २८/४)

जातरूपधर (वि०) दिगम्बर रूप धारी।

जातवेदः (पुं०) वह्नि, अग्नि।

जाता (भू०क०कृ०) उत्पन्न हुई। 'रतिरिव रूपवती या जाता' (सुद० १/४१)

जातिः (स्त्री०) [जन्+क्तिन्] जन्म, उत्पत्ति। (जयो० १२/६१ प्राप्ति (सम्य ५२) १. गोत्र, परिवार, कुल, वंश, वर्ग, समुदाय। २. **वर्ग विभाजन**-मनुष्यजातिरेकैव नामकर्मोद-योद्भवा। वृत्तिभेदाः हि तद्भेदाच्चातुर्विध्यमिहा श्नुते। (हित० संपादक वृ० २०) ३. जायफल, ४. अंगीठी, ५. श्रेणी, वर्ग, प्रकार, भेद। ६. छन्द की एक विशेषता। ७. चमेली पुष्प, मल्लि। (जयो० वृ० ३/७५) ८. जिनवचन-जातिं श्री जिनवाचमेव निगदेद्यस्याः प्रमादाद्यति रात्मानं प्रति वेत्ति सत्कुलमथोद्योगं गुरोः सम्प्रति।। उस श्री जिनवाणी को ही जाति कहते हैं, जिसके प्रसाद से यति आत्मा को जानते हैं और गुरु का उद्योग समीचीन कुल है। मिथ्या उत्तर देने का नाम-

* मिथ्योत्तर यातिः यथाऽनेकान्त विद्विंषाम्।

* जातिः मातृसमुत्था-माता के वंश से जाति का प्रादुर्भाव। 'मातृपक्षो जातिः' माता का पक्ष (वीरो० १७/२६)

* जीवादि का सादृश्य परिणाम 'जातिजीवानां सदृश-परिणामः' (धव० ६/५१)

* भेदकल्पना आचारमात्रभेदेन जातीनां भेदकल्पनम्।

* साधर्म्य और वैधर्म्य से प्रत्यवस्थान होना।

जातिकथा (स्त्री०) निन्दा या प्रशंसा को उत्पन्न करने वाली कथा। उत्पत्ति सम्बंधी कथा।

जातिकुसुमं (नपुं०) चमेली का पुष्प।

जातिकुमुसस्रगं (नपुं०) मल्लिमाला। (जयो० वृ० २०/९५)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जातिकोशः (पुं०) जायफल।

जातिकोशी (स्त्री०) जावित्री, जायफल की छाल।

जातिछन्दः (पुं०) मात्रिकछन्द या वर्णिकछन्द। 'मात्रिकछन्दो जातिर्निर्णक छन्दश्च वृत्तमिति' (जयो० २२/८१) १. **जन्म मे सदाचरण युक्त** 'जात्या जन्मना वृत्तेन स्वाचरणेन च लसन्तो' (जयो० वृ० २२/८१)

जातिधर्मः (पुं०) धर्म कर्त्तव्य, धर्म आचरण, सदाचरण प्रवृत्ति।

जातिध्वंसः (पुं०) विशेषाधिकार की हानि।

जातिपत्री (स्त्री०) जावित्री।

जातिब्राह्मण (पुं०) जन्म से ब्राह्मण, नाम से ब्राह्मण।

जातिभ्रंशः (पुं०) जातिच्युत।

जातिभ्रष्ट (वि०) जातिच्युत, जाति से पृथक् किया गया।

जातिमात्रं (नपुं०) कर्त्तव्यपद, जीवन प्राप्ति।

जातिलक्षणं (नपुं०) जाति का स्वरूप, जन्मसम्बंधी विशेषताएं, वंशज स्वरूप।

जातिवाचक (वि०) जाति का प्रकट करने वाला वचन।

जातिविद्या (स्त्री०) मातृपक्ष की विद्याएं।

जातिविरोधिन् (वि०) जातिगत विरोध करने वाला। (१५/१०)

जातिवैरं (नपुं०) जातिगत द्वेष, स्वभाविक शत्रुता।

जातिवैरिन (वि०) जन्मविरोधी। सहजा सह जातिवैरिभिर्हदि मैत्री यदिमेर्धताङ्गिभिः' (जयो० २६/८३)

जातिशब्दः (पुं०) जातिबोधक वचन, ०वर्ग युक्त शब्द।

जातिसंकरः (पुं०) जातिगत द्वेष, दो परस्पर जाति के योग से उत्पन्न दोष।

जातिसम्पन्न (वि०) कुलागत विशेषता।

जातिसारं (नपुं०) जायफल।

जातिस्थाविरः (पुं०) साठ वर्ष का व्यक्ति।

जातिस्मर (वि०) जन्म का स्मरण।

जातिस्मरणं (नपुं०) पूर्व जन्म का स्मरण। (जयो० २३/१०)

जातिस्मृति (स्त्री०) जाति का स्मरण। (वीरो० ११/२३) (जयो० २३/११)

जातिस्वभावः (पुं०) जातिगत लक्षण।

जातिहीन (वि०) जाति से बहिष्कृत।

जातिहुङ्गित (वि०) वेश्यादि से उत्पन्न।

जातीयकता (वि०) जाति युक्त (वीरो० १८/४८)

जातीयता (वि०) जाति सम्बन्धी। (वीरो० २२/१८)

जातु (अव्य०) १. कभी, सर्वथा, किसी प्रकार, संभवतः, कदाचित्, किसी समय, एकवार, किसी दिन। २. जीव। (सम्य ११७/७४)।

जातुचित (वि०) रंचमात्र, किञ्चित् भी, कुछ भी। 'न जातुचिदभूल्लक्ष्यस्तत्कृतोपद्रवे पुनः' (सुद० १३५)

जातुधानः (पुं०) पिशाच, राक्षस।

जातुष (वि०) लाक्षादिघटित। (जयो० २७/३८) लाख से ढका हुआ।

जात्य (वि०) [जाति+यत्] एक ही जाति का, एक कुल से सम्बंधित।

जान-समझें।

जानकी (स्त्री०) जनक की पुत्री सीता।

जानन्ति -जानती हैं, समझती हैं। (सुद० १०७)

जानन्तु-वे समझे, वे सब जाने। (जयो० वृ० १/२०)

जानपदः (पुं०) [जनपद+यम्] ग्रामीण। १. देश, २. विषय, ३. उक्ति विचार।

जानासि-जानते हो (सुद० ४/४०)

जानु (नपुं०) [जन्+अण्] घुटना, जंघा, ऊरु। (दयो० ३९) 'वापीं तदा पीनपुनीरतजानुः' (सुद० १०१)

जानुचितलम्बबाहु (स्त्री०) घुट ने तक लम्बी भुजाएं। (वीरो० ३/११)

जानुज (वि०) जानने वाला। (सुद० ३/४)

जानुजसत्त (वि०) जानने वाला पक्षी।

जानुजाधिपति (पुं०) वैश्यराज। (सुद० ४/३)

जानुदध्न (वि०) घुटनों तक ऊँचा, घुटनों का गहरा।

जानुफलकं (नपुं०) घुटने की फाली।

जानुमण्डलं (नपुं०) घुटने की फाली, ऊरुवृत, जंघाकार। (जयो० ११/२७)

जानुसन्धि (स्त्री०) घुटनों का जोड़।

जानीहि-समझें जाने। (जयो० वृ० (सुद० २/४०), २/३)

जापः (पुं०) [जप्+घञ्] १. जपना, स्मरण करना, याद करना, प्रार्थना करना, स्तुति करना। २. प्रार्थना, जाप, स्मरण, मंत्रोच्चारण।

जाबालः (पुं०) [जबाल+अण्] रेवड़, बकरों का समूह।

जाबालोपनिषदः (पुं०) अथर्ववेद का छग सूत्र। (दयो० २२/

जामदग्न्यः (पुं०) [जमदग्नि+यञ्] पराशुराम, जमदग्नि का पुत्र।

जामा (स्त्री०) [जम्+अण्] १. पुत्री, २. स्नुषा, ३. पुत्रवधू।

जामातृ (पुं०) [जायां माति मिनोति वा] १. दामाद, जमाता। (दयो० ७३) जामातरमुज्ज्वलान्तर। (जयो० १०/३) २. स्वामी, मालिक। ३. सूरजमुखी का फूल।

